भारतीय कहावत संग्रह
(Proverbs of India)

संपादक

विश्वनाथ दिनकर नरवणे

त्रिवेणी-संगम-भाषा विभाग

भारतीय कहावत संग्रह

(Proverbs of India)

संपादक
विश्वनाथ दिनकर नरवणे

प्रथम खंड

त्रिवेणी संगम—भाषा विभाग

विशाल भारत की
विराट जनता
की
सेवा में
सादर समर्पित.

अनुक्रमणिका

प्रस्तावना–कहावतों की दुनिया में–भूमिका–अभियान

१ अंधों में काना राजा। १
२ अधजल गगरी छलकत जाय। ८
३ अधिक लाड़ प्यार से आदमी बिगड़ता है। १४
४ अनधिकार चेष्टा। १८
५ अपना छोड़ दूसरे की अभिलाषा। २४
६ अपना दोष समझ में नहीं आता, दूसरों का दिखाई देता है। ३१
७ अपना पूत पराया टटींगर। ३९
८ अपना हाथ जगन्नाथ। ४७
९ अपनी गली में कुत्ता शेर। ५३
१० अपनी नाक काटकर दूसरे को अपशकुन। ५८
११ अवसर निकल जानेपर कोई काम करना व्यर्थ है। ६१
१२ अशर्फियाँ लुटें और कोयलों पर मुहर। ६९
१३ आँखों का अंधा, नाम नयनसुख। ७६
१४ आँखों पे पलकों का बोज नहीं होता। ८६
१५ आप मरे, जग परलो। ८८
१६ आप हारे, बहू को मारे। ९०
१७ आम फले नेओ चले, अरंड फले इतराए। (अच्छे नम्र ओछे उद्दंड।) ९५
१८ आय के अनुसार खर्च। १०२
१९ इधर के रहे न उधर के। १०५
२० उँगली दी, तो पहोंचा पकड़ा। १०९
२१ उखली में सिर दिया तो मूसलों का डर क्या? ११५
२२/अ उधिआइल सतुआ पितरन के दान। ११९
२२/आ झूठा समाधान। १२४
२३ उभय संकट। (एक संकट से दूसरे संकट में।) १२७
२४ उभय संकट। (दोनों तरफ संकट) १३२
२५ उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे। १४२
२६ उल्टा न्याय। १४५
२७ ऊँट के मुँह में जीरा। १६४
२८ एक अनार सौ बीमार। १६७
२९ एक आवे के बरतन। १७१
३० एक करे, सजा दूसरे को। १७५
३१ एक तो करेला, दूसरे नीम चढ़ा। १८४
३२ एक पंथ दो काज। १९६
३३ एक हाथ से ताली नहीं बजती। २००
३४ एकादशी के घर शिवरात्रि। २०२
३५ ऐन मौके पर धोखा। २०६
३६ कभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर। २१०
३७ कष्ट कोई करे, लाभ किसी और को। २१६
३८ कहाँ राजा भोज, कहाँ कंगला तेली। २२८
३९ कहे खेत की, सुने खलिहान की। २३४
४० काम को पीछे, खाने को आगे। २३८
४१ काम थोड़ा, आडम्बर बहुत। २४७
४२ किसी का घर जले, कोई तापे। २५१
४३ कुम्हार के घर बासन का काल। २५६
४४ कैसी यह जोड़ी! (समेल) २६१
४५ कैसी यह जोड़ी! (बेमेल) २७३
४६ कृतघ्न। २७८
४७ गधों से हल चले तो बैल कौन बिसाए? २८७
४८ ग़रज़ ख़त्म, हक़ीम जहान्नुम में। २९२

४९ गरजते हैं, वो बरसते नहीं। २९९
५० गाँव का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध ३०२
५१ गाछ में कटहल, होठों में तेल। ३०७
५२ गाड़ी देख कर लाड़ी के पाँव फूले। ३१६
५३ गुड़ दिये मरे तो ज़हर क्यों दीजे ? ३१९
५४ घटना कहाँ, परिणाम कहाँ। ३२३
५५ चमारों के कोसे ढोर नहीं मरते। ३२८
५६ चिकने घड़े पर पानी। ३३१
५७ चोर का भाई गठरी चोर। ३३५
५८ चोर का मन बुक्चे में। ३३९
५९ चोर को चोर पहचाने। ३४२
६० चोरी का गुड़ मीठा। ३४५
६१ छोटा मुँह, बड़ी बात। ३४९
६२ जन्मजात स्वभाव नहीं बदलता। ३५३
६३ जात के दुश्मन जात। ३७७
६४ जिस का काम उसी को साजे। ३८१
६५ जिस का खाइये, उस का गाइये। ३८८
६६ जिस के सिर पर पड़ती है, वही जानता है। ३९२
६७ जीते न पूछे, मुए धड़धड़ पीटे। ३९९
६८ जैसा देवता, वैसी पूजा। ४०३
६९ जईसन माई, ओइसन जाई। ४११
७० झूठा आडम्बर ! (vain show) ४१६
७१ टके की बुढ़िया, नौ टका सिर मुँड़ाई। ४६९
७२ तेली का तेल जले, मशालची का दिल जले। ४७७
७३ दुःख कहाँ, इलाज कहा। ४८०
७४ दूध का जला छाछ फूँक फूँक कर पीता है। ४८३
७५ दूर के ढोल सुहावने। ४८८
७६ दूसरों की सामग्री पर मौज उड़ाना। ४९१
७७ नयेपन में उपहासात्मक काम। ५०१
७८ नाच न जाने, आँगन टेढ़ा। ५०७
७९ नाम बड़े, दर्शन खोटे। ५११
८० पहले पेट, बाद में सब कुछ। ५१७
८१ पास कुछ हो, तो लोग आएंगे। ५२२
८२ बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद ? ५३१
८३ बगल में बच्चा, गाँव में ढंढोरा। ५४२
८४ बड़ी मेहनत, थोड़ा लाभ। ५४६
८५ बड़ों की वृथा नकल। ५५०
८६ बड़ों के झगड़े मे छोटों का विनाश। ५५६
८७ बिल्ली ! और दूध की रखवाली। ५५९
८८ बेकार की बेतुकी बातें। ५६४
८९ भगवान जिसे बचाए, उसे कौन मार सके ? ५६९
९० महान लोग अपने पथ पर चलते रहते हैं। ५७३
९१ मान न मान, मैं तेरा मेहमान। ५७६
९२ मियाँ की दौड़ मस्जिद तक। ५८२
९३ मुख में राम, बगल में छुरी। ५८८
९४ मुख्य वस्तु से अन्य बातें अधिक। ५९६
९५ वक्त पड़े बाँका, तो गधे को कहे काका। ६०२
९६ विनाशकाले विपरीत बुद्धिः ६०६
परिशिष्ट / सूची ६११

संदर्भ-ग्रन्थों की सूची हम द्वितीय खंड के अन्त में दे रहे हैं।

■

आधारस्तंभ

भारत के विविध प्रदेशों से कहावतो का संकलन, चयन, तथा उनके हिन्दी और अंग्रेजी में अनुवाद की बात सहज, सरल और सहल तो थी ही नहीं। इस भगीरथ प्रयत्न को निबाहने में, इस गोवर्धन पर्वत को उठाने में जिनके पावन हाथ लगे हैं, उन मेरे सहयोगियों का निर्देश मैं अनिवार्य समझता हूँ। वे सब प्रसिद्धिपराङ्मुख हैं, फिर भी उनके प्रति मेरी जो श्रद्धा है, उसे प्रदर्शित किए बिना मुझसे रहा नहीं जाता। अतः उन महानुभावों के नाम क्रमशः दे रहा हूँ।

पंजाबी – डॉ. सोहिंदरसिंग बेदी, दिल्ली.
उर्दू – अॅडव्होकेट विनायक महाराज, पुणे.
सिंधी – डॉ. एम्. के. जैतली, दिल्ली.
काश्मीरी – डॉ. प्राणनाथ त्रिसल, श्रीनगर.
मराठी – डॉ. एस. एम्. परळीकर, पुणे.
प्रा. सौ. वीणा ज. देव, पुणे.
गुजराती – प्रा. डी. एन्. पंडित, सुरेंद्रनगर.
प्रा. भूदेव पंडया, महुवा.
बांग्ला – श्री. एस्. बी. जोशी, एम्. ए.
नैशनल लायब्ररी, कलकत्ता.
श्री. दिनेश आचार्य, एम्. ए.
नैशनल लायब्ररी, कलकत्ता.
असमीया – श्री. चित्र महंत, गौहाटी.
ओड़िआ – डॉ. निळकंठ रथ, पुणे.
प्रा. शंकरलाल पुरोहित, कटक.
तेलुगु – डॉ. सी. सुब्रह्मण्य शास्त्री, आंध्र विश्व विद्यालय
डॉ. के. राजशेषगिरी राव, आंध्र विश्व विद्यालय
प्रा. एस्. भास्कर राममूर्ती, विशाखापट्टणम्.
तमिळ – डॉ. एन्. सुन्दरम्, मद्रास.
मलयाळम् – प्रा. आर. के. राव, एर्नाकुलम्.
कन्नड – प्रा. एम्. के. भारतीरमणाचार्य, बंगलोर.
प्रा. एच. जी. सूर्यनारायण राव, म्हैसूर.
संस्कृत – डॉ. सुरेश लढ्ढू, पुणे.
प्रा. डॉ. सिन्धू भिंगारकर, पुणे.

ऋणनिर्देश

* भारतीय व्यवहार कोश के प्रकाशन के बाद १९६४ में जब हमने भारतीय कहावत संग्रह के संकलन का श्रीगणेश किया, तब हमारे सामने आर्थिक कठिनाइयों के पहाड़ खड़े थे। परंतु हमारे परम हितैषी श्री. अरविंद मफतलाल ने आवश्यकतानुसार हमें अर्थसहाय देकर हमारी चेतना और गति को अक्षुण्ण रखा, इस लिए हम उनके आभारी हैं, ऋणि हैं। दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने भी इस सेतुबंध में अपने सिकता-कण डाले हैं। उनको हमने आदर के साथ स्वीकार किया है।
* कहावत संग्रह की सामग्री जुटाने के लिए हम लगातार दस वर्ष तक भारत के सभी आँचलों में भ्रमण करते रहे। हमारी यह यात्रा रेल मंत्रालय की सक्रिय सहानुभूतिसे सुकर और सुखद हुई। उन्होंने हमारे लिए विनामूल्य यात्रा की सुविधा प्राप्त करा दी और इस राष्ट्रीय प्रकाशन में अपना उत्तर दायित्व निभाया। भाषा–भगिनिओं के इस सम्मिलन पर उन्होंने जो आस्था दिखाई उस के लिए हमें उनपर गर्व है।
* ग्रंथ का मुद्रण प्रारंभ हुआ और महाराष्ट्र राज्य साहित्य संस्कृति मंडलने इस बहुभाषिक यज्ञ में अपनी समिधाएँ समर्पित कीं और इस अग्नि को प्रज्वलित रखा। मंडल के अध्यक्ष श्री. लक्ष्मण-शास्त्री जोशी तथा सभी सभासदों को हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं।
* कलकत्ते का राष्ट्रीय ग्रंथालय, पुणे विद्यापीठ ग्रंथालय तथा स्थान स्थान पर जिन छोटे मोटे ग्रंथालयोंने हमे संदर्भ-ग्रंथ उपलब्ध करा दिए उन सबके हम परम आभारी हैं।
* सोलह भाषाओं के इस ग्रंथ के मुद्रण का उत्तरदायित्व अपने सिरपर लेना और उसे निभाना यह कोई मामूली बात नहीं हैं। पुणे के कल्पना मुद्रणालयने यह बीड़ा उठाया और आज प्रथम खंड का मुद्रण सुचारू रूपसे पूरा भी किया है। उनको बधाई देते हुए आगे चलकर उनसे अधिक सहयोग की हम आशा करते हैं।
* जयंत वैद्यने प्रारंभिक मुद्रितों का परिशीलन कर के हमारा बोझ काफी हल्का किया इस लिए हम उनसे उपकृत हैं।
* कलात्मक मलपृष्ठ, अंतपृष्ठ बनाकर ग्रंथ की सुंदरता में चार चाँद लगानेवाले चित्रकार श्री. दिलीप शिवलकर को हम धन्यवाद देते हैं।
* जिन्होंने भारतीय कहावत संग्रह के तीनों खंडों का मूल्य अग्रिम भेजकर त्रिवेणी संगम के प्रति प्रेम और विश्वास प्रकट किया, उनके सामने हम हमेशा नतमस्तक रहेंगे। उन्हीं सज्जनोंने तो हमे बल दिया और हमारे हौसले बढ़ाए।
* अनगिनत लोगों के प्रेम, सहानुभूति और आशीर्वादोंने हमें शक्ति और प्रेरणा दी है। उन सब के लिए हमारे मन में जो अटूट श्रद्धा है, उस की अभिव्यक्ति के लिए कोशकार होते हुए भी हमारे पास शब्द नहीं हैं। प्रार्थना एक ही है कि लक्ष लक्ष लोगों का प्रेम और समर्थन हमें प्राप्त हो, ताकि हम नित्य नये आविष्कार के साथ आप की सेवा में उपस्थित हो सकें।

—विश्वनाथ नरवणे

ध्वनि–विचार

भारत की सोलह भाषाओं की विशेष ध्वनियों को अंकित करने के लिए जिन अक्षरों का उपयोग इस ग्रंथ में किया है, उनकी सूची वर्णन के साथ उच्चारण की सुविधा के लिए हम यहाँ दे रहे हैं।

स्वर–विचार

संशोधित देवनागरी	वर्णन
अ॑	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, अर्धविवृत।
अॅ	प्रसारित ओष्ठ, अग्र, अर्धविवृत।
आ॑	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, अर्धसंवृत।
ऑ	गोलाकार ओष्ठ, पश्च, अर्धविवृत्त
उ॑	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, संवृत, ह्रस्व।
ऊ॑	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, संवृत, दीर्घ।
ऎ	प्रसारित ओष्ठ, अग्र, अर्धसंवृत, ह्रस्व।
ऒ	गोलाकार ओष्ठ, पश्च, अर्धसंवृत, ह्रस्व।

व्यञ्जन–विचार

क़	अघोष, अल्पप्राण, पश्चात्-कोमल-तालव्य, स्फोटक स्पर्श।
ख़	अघोष, कोमल–तालव्य, संघर्षी।
ग़	सघोष, कोमल–तालव्य, संघर्षी।
ग॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, कोमल-तालव्य, स्पर्शी।
च़	अघोष, अल्पप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी।
छ़	अघोष, महाप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी।
ज़	सघोष, अल्पप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी
ज॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, कठिन–तालव्य, स्पर्शसंघर्षी।
झ़	सघोष, महाप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी।
ड़	सघोष, अल्पप्राण, मूर्धन्य, उत्क्षिप्त।
ढ़	सघोष, महाप्राण, मूर्धन्य, उत्क्षिप्त।
ड॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, मूर्धन्य, स्फोटक स्पर्श।
फ़	अघोष, दन्त्यौष्ठ्य, संघर्षी।
ब॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, द्वयौष्ठ्य, स्पर्श।
ऱ	सघोष, दन्तमूलीय, लुण्ठित।
ळ	सघोष, मूर्धन्य, पार्श्विक।
ऴ	सघोष, मूर्धन्य, संघर्षी।
ँ	चंद्रबिन्दु। नासिकोच्चारणा निदर्शक चिन्ह।
्	हलन्त – स्वर के लोप निदर्शक चिन्ह।

नया जोड़

कृपया निम्नलिखित कहावतें और सुभाषित निर्देशित गुटों में सम्मिलित कर लीजिए।

गु. क्र.

१ **ENGLISH** A figure among ciphers.

११ **तेलुगु** मुटलुडिगिन तर्वात समर्त सारे.

हिन्दी अनु. मासिक धर्म के रुक जाने पर रजस्वलानेग (पठौना)।

Eng. tr. The function for maturity is celebrated after the menopause.

१२ **संस्कृत** अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन् विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम्।

हिन्दी अनु. तनिक लाभ के लिए बड़ी हानि उठानेवाले तुम मुझे महामूर्ख लगते हो।

Eng. tr. About to lose much for a small gain, you appear to me a big fool.

३९ **ENGLISH** Which way to London ?—A poke full of plums.

५० **संस्कृत** मलये भिल्लपुरन्ध्री चंदनतरुकाष्ठमिन्धनं कुरुते।

हिन्दी अनु. मलय पर्वत पर भीलनी चंदन की लकड़ी इन्धन के रूप में जलाती है।

Eng. tr. On the Malaya mountain a sylvan woman uses the precious sandalwood for fuel.

५५ **ओड़िआ** जाहाकु कहिब ' मर मर ', से पाइब देबीर बर।

हिन्दी अनु. जिसे कहोगे ' मर मर ', वह पाए देवी का वर।

Eng. tr. If you curse one to death. he will be blessed by the Goddess.

संस्कृत काकस्य शापात् म्रियते न धेनुः।

हिन्दी अनु. कौए के शाप से गाय नहीं मरती।

Eng. tr. A cow does not die of a crow's curse.

६२ **ओड़िआ** ढिंकि स्वर्गकु गले मध्य धान कुटिब।

हिन्दी अनु. ढेंकी स्वर्ग में जाएगी, तो वहाँ भी धान कूटेगी।

Eng. tr. The husking pedal husks paddy even in the heaven.

६६ **तेलुगु** कापुल चदुवुलु कासुल नष्टं, बापल सेद्यं भत्यं नष्टं.

हिन्दी अनु. किसान की पढ़ाई पैसों का नाश, ब्राह्मण की खेती अन्न का नाश।

Eng. tr. The education of farmers is waste of money, the cultivation by Brahmins is waste of food.

७८ **ओड़िआ** **खाइ न जाणि, भातर दोष; देई न जाणि, पातर दोष।**

हिन्दी अनु. खाना न जाने, भात का दोष; परोसना न जाने, पत्तल का दोष।

Eng. tr. He doesn't know how to eat, but blames the rice; he doesn't know how to serve, but blames the leaf-plate.

९६ **तमिऴ** **केडु-कुडि शोर केळादु.**

हिन्दी अनु. विनष्ट होनेवाला परिवार किसी की बात नहीं मानेगा।

Eng. tr. A decaying family will not listen to advice.

शुद्धिपत्र

पूरी सावधानी बरतने पर भी यत्र तत्र कुछ अशुद्धियाँ रही हैं। पहले ढाइ सौ पृष्ठों तक बिन्दी के साथ ऱ्हस्व और दीर्घ 'उ' कार चिह्न (़ु, ़ू) उपलब्ध न होने के कारण जो त्रुटियाँ रहीं उन को हम शुद्ध रूप में यहाँ दे रहे हैं। प्रूफ-संशोधन में अनवधानता के कारण जो कतिपय गलतियाँ बाकी रही होंगी, उन के लिए हम पाठकों से क्षमा माँगते हैं।

पृष्ठ क्र.	भाषा	अशुद्ध	शुद्ध
चौबीस	हिन्दी	बचा-खुच	बचा-खुचा
पचीस	English	ncient	ancient
सतहत्तर	इतालियन	Ouando	Quando
७	अंतिम पंक्ति	EEng. tr ven	Eng. tr. Even
१२९	मराठी	चुलीतून	चु़लीतून
१३०	तमिळ	अलुकिऱाय	अलु़किऱाय
१३९	तमिळ	को़लुनन्	कोलु़नन्
१६१	तमिळ	अलुगिऱ्पोदु	अलु़गिऱ्पोदु
		अलुगिऱ्दा	अलु़गिऱ्दा
१६४	कश्मीरी	पाजुन	पाजु़न
१६६	तेलुगु	चूरुनीळ्ळा	चू़रुनीळ्ळा
१८४	मलयाळम्	केलुवेर्रि	केलु़वेर्रि
१८७	कश्मीरी	चूर	चू़र
२०१	तमिळ्	अेलुंबुमा	अेलु़ंबुमा
२१२	कश्मीरी	पांछ	पां़छ
२४६	तेलुगु	रोजुल्लो	रोजु़ल्लो
२६६	मराठी	विंचू	विंचू़
२३२	ओड़िआ	बाडँशकणि	बाउँशकणि
५३२	हिन्दी	गधे का	गधे को

संकेत चिह्न

कों	कोंकणी	भो.	भोजपुरी
गो	गोवा	मुँ.	मुँगेर जिला
चंपा.	चंपारन जिला	मुज.	मुजफ्फरपुर
दर.	दरभंगा जिला	राज.	राजस्थानी
पट.	पटना जिला	व	वऱ्हाड
फा.	फारसी	शाहा.	शाहाबाद जिला
भाग.	भागलपुर जिला	संब.	संबळपुरी

■

कहावतों की दुनिया में।

(In the World of Proverbs·)

" It may be true what some men say;
it must be true what all men say. "

भूमिका

भारतीय व्यवहार कोश के संकलन और संपादन के सिलसिले में कई बार भारतवर्ष की यात्रा करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ था। भारत की भाषाभगिनियों से साक्षात् संपर्क हो जाए, नागर तथा देहातियों के बोलने का ढंग हम अपनी कर्णेंद्रियों में समा लें, भिन्न भिन्न लोगों के बोलने का तरीका जान सकें तथा अपने मन का आशय अभिव्यक्त करने के लिए वे जिन शब्दों या शब्द-समुच्चय का प्रयोग करते हैं, उनसे परिचय करा लें आदि हमारी भारतयात्रा के कतिपय प्रमुख उद्देश्य रहे। इन भारतयात्राओं के फलस्वरूप ही सबको भारतीय भाषाओं का परिचय करा देने-वाले तथा सभी भाषाओं की समानार्थी व्यावहारिक शब्दावली का परिचय करा देनेवाले 'भारतीय व्यवहार कोश' का निर्माण हुआ। मगर तब तक यात्रा करने की आदत हो गई, लत लग गई, और अब इस व्यसन से छुटकारा पाना बहुत कठिन हो गया है।

इस देश की सभ्यता, संस्कृति को ठीक प्रकार से समझना है, तो विभिन्न प्रदेशों में रहनेवालों का निजी परिचय परमावश्यक है। किसी मानवसमूह का व्यवहार, रहन–सहन, क्रोध, लोभ, प्रेम, ईर्षा आदि भावों को ठीक प्रकार से जानने के लिए उनकी बोली भाषा का परिचय आवश्यक है। उस भाषा में प्रकाशित साहित्य ही से उन लोगों की जीवनधारणा का हमें परिचय हो सकता है। उनका मन्तव्य जिन शब्दों या शब्द समुच्चय से मुखरित होता है, उसको जानने से ही उनके विचारों की गहराई या छिछलापन हम जान सकते हैं। अतः भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य है।

अब भाषाओं के अध्ययन का अग्रक्रम स्वीकार करने के बाद धीरे धीरे उन भाषाओं के सभी प्रमुख पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता उत्पन्न होती है। 'भारतीय व्यवहार कोश' द्वारा भारतीय भाषाओं की शब्दावली और नित्य व्यवहृत वाक्यों से परिचय हुआ है।

वाक्यरचना जानने के लिए तुलनात्मक व्याकरण का अध्ययन भी आवश्यक बन जाता है। यह सब जानने के बाद भी उस भाषा का यथायोग्य आकलन तभी संभव है जब हम उस भाषा के मुहावरों और कहावतों के संबंध में भी पर्याप्त ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। अंग्रेजी में कहते हैं, Usage beats grammar– अर्थात् भाषा का व्यावहारिक प्रयोग उसके व्याकरण को हमेशा परास्त करता है।

कहावत की तुलना कई भाषाओं में वेदों से की गई है। कन्नड़ में कहा जाता है – "गादेय मर्म बन्नरितवनु वेदद मर्मवन्नरितवन्नु" – जो जाने कहावत का मर्म सो जाने वेद का मर्म। – "गादे

वेदक्के समान "– कहावतें वेद के समान हैं। "वेद सुळ्ळादरू गादे सुळ्ळागदु "– वेद भी झूठे साबित हो सकते हैं, पर कहावत झूठ नहीं हो सकती। एक मलयाळम् कहावत में कहावतों के बारे में अत्यधिक विश्वास प्रकट हुआ है "पळंच्चोळिळल् पतिरिल्ल" – अर्थात् कहावत में भूसा नहीं भरा होता। अगर वेदों ने अज्ञान के अंधेरे में भूले भटके, छटपटाते मानव को प्रकाश दिया है तो कहावतें भी जीवन में मनुष्य की पथप्रदर्शक हो सकती हैं इसमें कोई संदेह नहीं है।

कहावतें प्रायः सभी मानव-व्यवहार को समेट लेती हैं। जीवन के सभी रंगों में रंग जाती हैं। कहावतों में किसी समूह विशेष की बुद्धिमत्ता का परिचय मिलता है। कभी पैनी, नुकीली टिप्पणी तो कभी सारगर्भित वक्रोक्ति और व्यंग्योक्ति से वे दिल बहलाती हैं। मनुष्य स्वभाव के विविध पहलुओं पर रोशनी डालने की कहावत की क्षमता बेजोड़ है। कभी हल्कीसी ठेस या कभी विनोद-पूर्ण दृष्टान्त से वह जब मटकाती हुई मानव-जीवन के गहरे सिद्धान्तों को हमारे सामने खोल देती है तो हम दंग रह जाते हैं। किसी आशय को सीधे ढंग से न कहते हुए, किसी उपमा, उत्प्रेक्षा, अर्थांतरन्यास, या दृष्टान्त का सहारा जब वह लेती है, तब तो उसके कल्पनाविलास का, प्रतिमा-निर्मिति की क्षमता का एक अटूट आनंद हमें मिलता है। किसी कामचोर पेटू लड़के के बारे में प्रश्नोत्तर रूप में यह कहावत देखिए – "नाम क्या ?" – "शक्करपारा।" "रोटी कितनी खाए ?" "दस बारा।" "पानी कितना पीए ?" – "मटका सारा।" "काम करने को ?" – "मैं लड़का बेचारा।" कैसा मजेदार व्यंग्य भरा हुआ है इस कहावत में! कहावत एक साधारण जन-उक्ति है, जो किसी विशेष घटना-शृंखला को सिद्धांत के ढाँचे में ढालती है। वह एक प्रसंग-विशेष के साथ लगाया हुआ सामूहिक तत्त्व है, जिससे वह घटना और उसकी प्रतिक्रिया समान हो जाती है।

कभी कहावत की जन्मदात्री कोई कहानी होती है, और उस कहानी का निचोड़ या सार उस कहावत में समाया हुआ रहता है, जो उस मनुष्य-समूह का पथप्रदर्शक होता है। अब सार, विविध उपमाओं, अलंकारों के द्वारा प्रदर्शित होता है और उस कहानी की घटना से मिलती जुलती सभी घटनाओं के समय तुरन्त अपनी ज़बान पर तिर आता है। किसी विशेष घटना का सामान्य अनुमान करने की जो प्रक्रिया है और उससे जो सूत्र बनता है वही कहावत है। अब यह कहावत देखिए – "कर तो डर, न कर खुदा के गजब से डर।" कहानी इस प्रकार है—

किसी एक जगह दो साधु थे। उन दोनों में ईश्वर के अस्तित्व पर बहस शुरू हुई। उसका कोई अंत नज़र में नहीं आता था। तब एक साधु ने कहा "कर तो डर, न कर तो भी डर।" दूसरा बोल उठा, "महाराज मैंने यदि कुछ किया ही नहीं, तो क्यों डरूँ ?" पहला साधु बिना कुछ कहे चला गया। कुछ दिन बीते और राजमहल में चोरी हुई। चोर चुराए हुए माल में से कुछ न कुछ किसी साधु को दिया करते थे। अब वे उस दूसरे साधु के पास आ गए, जो कि उस समय ध्यानमग्न था। चोरों ने एक सोने का हार साधु के गले में डाल दिया और वे चले गए। साधु ध्यानमग्न था इसलिए उसको इस बात का पता तक न चला। दूसरे दिन राजा के सिपाहियों ने साधु के पास हार देखा तो वे उसे पकड़कर ले गए। उसे चोर समझकर फाँसी की सज़ा दी गई। सिपाही साधु को वधस्तंभ की ओर ले जा रहे थे कि रास्ते में वह पहला साधु मिला। उसे देखते ही पहले साधु ने कहा, "भाई, मैंने जो कहा वह सच निकला या नही ?" और उसने कहावत का दूसरा भाग

दुहरा दिया – "ईश्वर के कोप से डर।" – मतलब यह कि हमको तो अच्छी करनी ही करनी चाहिए किन्तु वह हम न करें तो भी ईश्वर से डरकर ही रहना चाहिए।

हमारी कामनाएं हमेशा जल्द पूरी नहीं होतीं। कामनापूर्ति का क्षण पास आता है, पर कभी कभी अंतिम यश नहीं मिलता। कामना और उसकी पूर्ति में अंतर रहता है। यह भाव प्रदर्शित करनेवाली अंग्रेजी की कहावत–There's many a slip' twixt the cup and the lip– के पीछे एक बड़ी रोचक कहानी है।

अरब देश में पुराने ज़माने में गुलामी की प्रथा थी। एक मालिक अपने गुलामों के साथ बड़ी निर्दयता का व्यवहार करता था। उसने उनको अपने अंगूरी बाग में काम में लगा दिया। वह जुल्म जबरदस्ती तथा मारपीट से उनसे काम करवा लेता था। मगर हम तो जानते हैं अत्याचार अधिक देर तक नहीं चल सकता। एक उर्दू शायर ने ठीक ही कहा है, "आहें मजलूम गुल करेगी उसे। जुल्म का कब चिराग जलता है।" – पीड़ित लोगों की आहें एक दिन जुल्मका चिराग बुझा देगी।

पीड़ितों के मुँह से शापवाणी निकली। "इतनी जोरोजबरदस्ती से तुम यह अंगूरी बाग हमसे बनवा ले रहे हो, लेकिन इन अंगूरों से बनी शराब तुम्हारे मुँह में नहीं पड़ेगी।" यह सुनकर मालिक बौखला उठा। आगे चलकर जब पहली भट्टी की शराब तैयार हुई, तब उसने उसी गुलाम से पहला प्याला भरवाया और व्यंग्य से कहा, "देखो बच्चू, अब मैं तो शराब पीनेवाला हूँ। तेरा शाप विफल होगा।" तिसपर गुलाम ने कहा, "साहब, प्याला होठों तक जाने में काफी अड़चनें हैं।"

इतने में वहाँ ऐसी खबर आ धमकी कि उस बगीचे में जंगली सूअर घुस गए हैं। बगीचा पूरा चौपट न हो इसलिए मालिक ने भाला उठाया और वह फुर्ती से बगीचे की ओर चल पड़ा। पहला प्याला वैसा ही भरा पड़ा रहा। सूअर से लड़ते लड़ते वह मारा गया और गुलाम की शापवाणी सही साबित हुई।

इसी प्रकार गुजराती की एक कहावत "अग्रे अग्रे विप्र जटाळो ते जोगी, अने वच्चेनो जे कन्द, ते आरोगे आनन्द" के पीछे बड़ी ही रोचक कहानी है।—

एक गाँव में एक ब्राह्मण और एक जोगी भीख माँगते माँगते एक घर के सामने आए। घरवाली ने दोनों को मिलाकर एक जड़मूल के साथ पूरा ईख का डंडा दिया और कहा कि आपस में बाँट लो। ईख लेकर दोनों चल दिए, पर बाँटते समय दोनों में झगड़ा हुआ। ऊपर का पन्नेवाला भाग और जड़मूल किसको मिलना चाहिए और बीचवाला रसदार भाग किसको?—कोई निर्णय नहीं हो पाता था। इतने में वहाँ से एक बनिया जा रहा था। उसको दोनों ने बुलाया और उसको पंच बनाकर झगड़ा सुलझाने को कहा।

बनिया ने इक्षुदंड हाथ में लिया और कहा, "देखिए, शास्त्र में लिखा है कि अग्रे अग्रे विप्र होता है। तब यह ईख का चोटीवाला भाग ब्राह्मण होगा तो यह ब्राह्मण का देता हूँ। जोगी के जटाएँ होती हैं, तो नीचे का मूलियोंवाला भाग जटिल समझना चाहिए। वह मैं जटावाले जोगी को देता हूँ। अब जो बीचवाला कंदयुक्त भाग है वह मेरे पल्ले आ गया, वह मैं ले जाता हूँ।"

इसी प्रकार की कथा पंचतंत्र में भी है जो दो बिल्लियों के मक्खन के लिए झगड़ने की है,

जहाँ न्याय बंदर ने पूरा मक्खन खाकर किया है। पंचतंत्र की बहुत सारी कहानियों से ऐसे सार-रूप सूत्र निकलते हैं जो सदियों से लोगों की ज़बान पर कहावत बनकर रह गए हैं।

जिसके पास ऐसी उक्तियों का संग्रह कंठस्थ हो, और जो उनका ठीक उपयोग करना जानता हो, वह एक अच्छा वक्ता और नामी वकील बन सकता है। बेशक कोई गैरलागू, अनुचित कहावत बेमौके पर बोल देगा तो उसका बेड़ा ज़रूर गर्क हो जाएगा।

युग युग की कसौटी पर घिसकर अपना अस्तित्व चिरंजीव किए हुए ये सूत्र बहुतों की चतुराई और एक की बुद्धि के द्वारा जन साधारण के हृदय में स्थान पाए हुए हैं, ज़बान पर नित्य खेलते रहे हैं। इन्हीं सूत्रों को कहते हैं कहावतें।

जनमानस के एक एक स्तर को खोलने की कहावत की क्षमता अपार है। कहावतों के छोटे छोटे वाक्यों में विशाल आशय भरा रहता है। मानो ये कहावतें गागर में सागर भर देती हैं। कोई भी उनका जन्मदाता हो, हेतु को पहचानकर विस्तृत को संक्षिप्त बनाने की उनकी क्षमता, बुद्धिमत्ता अद्भुत है।

कई कहावतों का मतलब सरल और स्पष्ट होता है तो कई कहावतों को समझने में मस्तिष्क को थोड़ी तकलीफ देनी पड़ती है। किन्तु जब अर्थ स्पष्ट हो जाता है, तब उस समयसूचकता का और ही गहरा प्रभाव पड़ जाता है।

* * *

प्रादेशिक वचनों तथा उक्तियों का अज्ञान दिन प्रति दिन बढ़ रहा है। यद्यपि कहावतों का प्रयोग बुजुर्ग, देहाती, वृद्ध महिलाएँ करती हैं, नगरों में उनका प्रयोग कम होता जा रहा है। जैसे जैसे शिक्षा का प्रचार अधिक लोगों में होगा, हमें डर है कि कहावतों का प्रयोग कम होता जाएगा। शहरों में बसनवाले सुविद्य लोग कहावतें कम उपयोग में लाते हैं। अपना मन्तव्य प्रदर्शित करने के लिए उनको अधिक शब्दसमुच्चय उपलब्ध होता है, और अपनी शिक्षा के कारण वे कठिनतम भाव को शब्दों के माध्यम से व्यक्त कर सकते हैं। ऐसे समय अनपढ़ देहाती आदमी वर्षों से चलती आई हुई कहावत का सहारा लेता है। उसके मन का सारा भाव कहावत प्रकट कर देती है।

कहावतें या लोकोक्तियाँ मानवजाति के अनुभवों की सुंदर अभिव्यक्ति हैं। जैसे कोई व्यंग्य-चित्रकार अपनी तूलिका की दो चार रेखाओं से इतना बड़ा आशय प्रस्तुत करता है कि जिसे अखबार के दो चार अग्रलेखों से भी स्पष्ट नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार कहावत चंद शब्दों के माध्यम से बहुत बड़ा आशय खोलकर सुननेवालों के सामने रख देती है। किसी समाज विशेष की भाषा में प्रचलित कहावतों के आधार पर उस समाज की सभ्यता, रीतिरिवाज, धर्म तथा नीतिविषयक कल्पनाओं का पता लगाया जा सकता है। डॉ. कन्हैयालाल सहल ने ठीक ही कहा है, " कहावतें मनुष्य-स्वभाव और उसके व्यवहार कौशल के सिक्के के रूप में प्रचलित होती हैं और वर्तमान पीढ़ी को पूर्वजों से उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त होती हैं। " – वेदों की तरह अपौरुषेय इस साहित्य भंडार को बनाए रखना चाहिए।

ऐसा न हो कि ज़माने की चक्की में पीसकर कहावत कहीं ओझल हो जाए, नेस्तनाबूद हो जाए। कहावतों में समाया हुआ कल्पनाविलास का अक्षय भंडार हाथ से निकल न जाए, हम उससे वंचित न हो जाएँ एतदर्थ हमने नगर नगर, डगर डगर घूमकर कहावतें बटोरने का यह प्रयास किया है।

कहावतों का वर्गीकरण

इस कोश में कहावतों का वर्गीकरण उस कहावत में आए हुए प्रमुख शब्दों के आधार पर नहीं, प्रत्युत उससे जो आशय प्रकट होता है उसके अनुसार किया है। यदि कहावतों का शब्दों के आधार पर वर्गीकरण किया जाता तो समानार्थी कहावतों में आशय एक ही होते हुए भी भिन्न भिन्न दृष्टान्तों के कारण उनके अलग अलग गुटों में जा बैठने का डर था। उसके साथ ही एक ही कल्पना विभिन्न भाषाओं की कहावतों में किस प्रकार व्यक्त होती है यह दिखाने का हमारा प्रयास भी विफल हो जाता। जैसे मराठी की कहावत है – " लेकी बोले सुने लागे " – बेटी को डाँटकर बहू को चेतावनी। इस कहावत को यदि हम रिश्तेदारों में डाल दें, तो इसकी समानार्थक उर्दू कहावत – ' गधे को मारकर ताज़ी को इशारा। ' को हमें जानवरों में डालना होगा। किन्तु दोनों का आशय ' एक को फटकारना और दूसरे को समझाना ' यही होने के कारण दोनों कहावतें एक ही समानार्थक कहावतों के वर्ग में आई हैं।

हां! कभी कभी एक ही कहावत में दो आशय लिपटे हुए रहते हैं। जैसे मराठी की कहावत देखिए – " मोठ्या लोकांचे गाडगे भोकाचे " अर्थात बड़ों के मटकों में छेद। इसके दो अर्थ हैं : ' झूठा आडंबर ', और ' नाम बड़े, दर्शन खोटे। ' अतः यह कहावत दो वर्गों में सम्मिलित की गई है। तेलुगु की यह कहावत गौर करने योग्य है – " दुन्नक वेसिन आमुदालु आसादि-किच्चिन अप्पु तिरिगिरादु " – अर्थात बिना जोते बोए गए एरंडी के बीज उपज नहीं देते और चांडाल को दिया हुआ धन वापस नहीं आता। इस कहावत का प्रथमार्ध खेतीविषयक कहावतों में जाएगा और उत्तरार्ध नीच जातिविषयक कहावतों में जाएगा।

तेलुगु कहावतों में वर्गीकरण की दृष्टि से पेचीदा सवाल खड़ा करनेवाली एक कहावत है। " नीरु पल्लमेरुगु निजमु देवुडेरुगु " – अर्थात पानी नीचे की ओर बहता है; भगवान सत्य समझता है। इस कहावत के प्रथमार्ध का द्वितीयार्ध से कोई संबंध नहीं है। प्रथमार्ध में एक प्राकृतिक सिद्धांत है और द्वितीयार्ध में भगवान का सर्वदर्शीत्व कहा है। इस कहावत को प्राकृतिक विषयों में रखा जाए या ईश्वरविषयक कहावतों में सम्मिलित करें या सत्य-असत्य के विचार में समेट लें? ऐसे प्रसंग में समस्या खड़ी होती है कि ऐसी कहावतों को किस गुट में बाँधा जाए। ऐसे समय हमने अपनी विवेक-बुद्धि को जो उचित लगा वही किया है। कभी दोनों गुटों में लगाया है तो कभी अधिकतर जिस आशय को वह प्रकट करती है, उस कहावतमाला के साथ उसको पिरोया है।

एक ही कहावत एक ही भाषिक प्रदेश की दो भिन्न बोलियों के क्षेत्रों में पृथक् आशय लेकर प्रयुक्त की जाती है। तब तो हमने उसका स्थान भगवान की इच्छा पर छोड़ दिया है। उदाहरण के लिए मराठी में एक मुहावरा है – " खाल्ल्या घरचे वासे मोज़णे " – अर्थात जिसका खाना उसी के घर के बल्ले गिनना याने कृतघ्न बनना। यही मुहावरा कोल्हापुर के इलाके में विपरीत संदर्भ में प्रयुक्त होता है। कोई खूब खा पीकर भी दुबला पतला रहता है, तो उसके संदर्भ में इसका प्रयोग किया जाता है। भगवान हमें बचाए! हम इस प्रयोग को गलत या सही नहीं कह सकते। किसी कहावत के कहने से अगर दो चार लाख लोगों को एक ही भाव महसूस होता है, तो उसे ग़लत भी नहीं कह सकते।

कहावतों का अनुवाद

एक ही आशय की सभी भाषाओं की कहावतें हमने एक साथ दी हैं। सभी कहावतों में एक ही दृष्टान्त तो है नहीं। हर भाषा की कहावत अपने साथ कुछ निजी प्रतिभाविलास को लेकर आती है। नई नई उपमाएँ, नए नए भाव! उनको ठीक ठीक समझे बिना उनका साहित्यिक मूल्य हम नहीं जान सकेंगे – उस साहित्यिक आनंद से हम वंचित ही रहेंगे। ऐसा न हो कि कहावतों का पहाड़ खोदकर हम आत्मानंद का चूहा भी न निकाल सकें। इस लिए हमने हर एक कहावत का हिन्दी और अंग्रेज़ी में अनुवाद दिया है।

यह अनुवाद अधिकतर शब्दशः देने का प्रयास किया है। मूल कहावत के अनुप्रास, यमक या तुकबन्दी को अनुवाद में ज्यों के त्यों लाने में हम असमर्थ रहे हैं। हमारा लक्ष्य मूल दृष्टान्त को स्पष्ट करने का रहा है। जहाँ बन सका हमने तुकबन्दी भी संजोई है। जैसे हिन्दी कहावत – "टके की बुढ़िया नौ टका सिर मुँड़ाई।" से मिलती जुलती तमिळ कहावत – "सुण्डकाय कालपणम्, सुमक्कूलि मुक्काप्पणम्" का अंग्रेज़ी अनुवाद हमने इस प्रकार किया है – A quarter worth berry and three quarters to carry– यहाँ berry और carry की तुकबन्दी ठीक बैठी है। असमीया कहावत– "आसुक बा ना आसुक बर, सिंथि परे तो भर।" का हिन्दी अनुवाद– 'आए न आए वर, मांग में सिंदूर भर।' या मराठी कहावत – "पाहुण्याचे पाहुणे, कोंडिबाचे मेहुणे" का हिन्दी अनुवाद – 'मेहमान का मेहमान, कोंडिबा का सालेजान।' इस प्रकार प्रास के साथ सुंदर अनुवाद भी हुए हैं। किन्तु यह संयोग की बात है। कोशिश तो मूल कहावत को उसके अनुस्यूत दृष्टान्त के साथ सबके सामने हिन्दी और अंग्रेज़ी के माध्यम से रखने की है। प्रयास तो यह अवश्य रहा है कि अनुवाद में किसी भी कहावत का पूरा पूरा आशय प्रकट हो जाए।

प्रायः सभी भारतवासियों के मनोभाव, रीतिरिवाज़, लोकभ्रम, नीति-अनीति की कल्पनाएँ, ईश्वर विषयक धारणाएँ, कुटुम्ब-पद्धति तथा पापपुण्य के संबंध में विचार समान होने के कारण प्रादेशिक कहावतों के हिन्दी अनुवाद की समस्या उतनी जटिल नहीं थी। परंतु भारतीय विचारों, धारणाओं, विधियों या कल्पनाओं को अंग्रेज़ी शब्दों में अंकित करना बड़ी कठिन बात है। जैसे "सुहागन" का अंग्रेज़ी अनुवाद क्या किया जाए? सुहागन कहने पर हमारे सामने जो चित्र तिर आता है, वह married woman से तो नहीं आ सकता। दो चार तलाक़ लेने के बाद पाँचवीं शादी करनेवाली औरत तो हमारे लिए सुहागन नहीं है। 'सुहागन' या मराठी के 'सवाशीण' शब्द से स्त्री के प्रति जो आदर और सम्मान के भाव हमारे मन में अपने आप उत्पन्न होते हैं, उस विवाहिता स्त्री के पीछे शुचिता या मांगल्य का जो वलय खड़ा हो जाता है, वह किसी विदेशी भाषा के अनूदित शब्द से उत्पन्न नहीं हो सकता। यह तो इस धरती की सभ्यता की देन है। ऐसे समय पर हमने टिप्पणी देकर आशय को बनाए रखने का लूला प्रयास ही किया है। भला अंग्रेज़ी में हम 'कोख' कैसे भर सकते हैं?

इतालियन कहावत तो कहती है कि "Traduttori, traditori" अनुवादक बड़े गद्दार होते हैं। फिर भी हमारे अनुवादकों ने कोशिश की है कि वे मूल कहावत को सच्चाई और प्रामाणिकता से अनुवाद में ला दें। अपनी ओर से भरसक प्रयत्न करने पर भी यदि सामग्री में उथल-पुथल हो गई हो तो हम वाचकों से क्षमा चाहते हैं।

अभियान

पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि जलमन्नं सुभाषितम् ।
मूढैः पाषाणखण्डेषु रत्नसंज्ञा विधीयते ॥

विश्व में तीन ही वास्तविक रत्न हैं : पानी, अन्न और कहावत (सुभाषित) । मूर्ख लोग पत्थरों के टुकड़ों को व्यर्थ ही रत्न मानते हैं ।

इस द्विपदी के द्वारा संस्कृत भाष्यकारों ने सुभाषित – कहावत का यथोचित गौरव किया है ।

जीवनयापन के लिए जिस प्रकार अन्न और जल परमावश्यक है, उसी प्रकार सुस्थिर, प्रगत, वैभवशाली, चारित्र्यसंपन्न जीवन के लिए कुछ पथप्रदर्शक तत्त्व भी अनिवार्य हैं। कहावतें इन तत्त्वों से भरपूर रहती हैं ।

मानवसमाज की आयु अब हज़ारों वर्षों की हुई है। इस यात्रा में उसने कई चढ़ाइयाँ और ढलान पार किए हैं। आदि मानव की जंगली स्थिति में अपने निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत जीवनयापन से लेकर कुटुंब–पद्धति, छोटी मोटी पारिवारिक संस्थाएँ, संप्रदाय, कुछ विशेष जीवनतत्त्वों के अनुयायिओं की धर्म विषयक कल्पनाएँ, राष्ट्र इत्यादि सीढ़ियों को पार करके आदमी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का व्यापक, विशाल एवं सर्वसंग्राहक स्वप्न देख रहा है। हमारे विचारकों तथा तत्त्वज्ञों ने "कृण्वन्तो विश्वं आर्यम्" की महत्त्वाकांक्षी घोषणा के साथ सारे विश्वभर के मानव को 'आर्य' – ज्ञानी – बनाकर एक ही सामाजिक अनुशासन–सूत्र में बाँधना चाहा। अमरीकी विद्वान और राजनीतिज्ञ वेंड्ल् विल्की ने अपने "One World" प्रबंध में ऐहिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर एक विश्व की कल्पना की है। आज भी विचार, तत्त्वज्ञान और आचार के बीच बड़ी खाई दिखाई देती है। मज़हबी तनाव, पथप्रदर्शक तत्त्वों के कशमकश, देश देश के आपसी मनमुटाव, वर्णद्वेष, जातिव्यवस्था इत्यादि अहंकार को पनपानेवाले तत्त्वों से ऊपर उठकर विश्वबंधुता तक मनुष्य कब पहुँचेगा यह हमें मालूम नहीं। परंतु इतिहासपूर्व अवस्था से विश्वकुटुंब तक के विचारों की जो यात्रा उसने की, उसमें उसने काफी कुछ देखा है, अनुभव किया है। विचार और वास्तविकता में जो अंतर होता है, उसे कम करने का उसने प्रयास किया है। भले बुरे दिन देखे हैं। इन अनुभवों के आधार पर मानवसमूह की भावनाओं को प्रदर्शित करनेवाले सूत्र तैयार किए, इतना ही नहीं विचारकों और समाजनेताओं के भावभरे कहकहों से यह सूत्र यकायक फूट पड़े, जो सदियों से दीपस्तंभ के समान मानवसमाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

प्रारंभ में लिखने की कला तो थी ही नहीं। लिखना पढ़ना जब वर्जित था तब भाष्यकारों ने व्याख्यानों, भाषणों, प्रवचनों द्वारा लोगों को सिखाया। उनके कथनों में जो विचारसूत्र मिले वे लोगों ने कंठस्थ किए और अगली पीढ़ी को दिए। एक मुँह से दूसरे मुँह में, एक हृदय से दूसरे हृदय में, एक दिमाग से दूसरे दिमाग में, इस प्रकार वे सूत्र कहावत का रूप धारण कर समूचे भाषाभाषियों के मुँह में स्थिर हुए।

In ancient days, tradition says,
When knowledge much was stinted,
When few could teach, fewer preach
And books were not yet printed,
What wise men thought, by prudence taught,
They pithily expounded;
And proverb's sage, from age to age
In every mouth abounded.

समाज के विद्वानों को अपने अनुभवों से ज्ञान प्राप्त हुआ, वह इतना विपुल है कि वह समूचे मानववंश का अक्षय कोश बन गया है। कहावतों के रूप में अपने मौलिक विचारों का अक्षय भंडार समाजहितैषी लोग मानव-वंश के हित के लिए छोड़ गए हैं। अनुभवों के आधार पर कहे हुए उनके सुभाषित जैसे वचन कितने ही ऐतिहासिक, भौगोलिक, सामाजिक स्थित्यंतरों, परिवर्तनों के बाद आज भी ताज़ा हैं।

इन कहावतों का आदान-प्रदान बिना किसी रोक-टोक के होता रहता है। विचारों के प्रवास के लिए कोई प्रादेशिक या भाषिक बंधन न होने के कारण यह निश्चित रूप से बताना बड़ा ही कठिन है कि कई कहावतों से प्रस्फुटित विचारों की निश्चित जन्मभूमि कौनसी है? कहाँ से कोई विशेष कहावत आई? किस माध्यम से उसे गति मिली, उसने कहाँ और कैसे जड़ जमाई? एक ही आशय की कहावत भिन्न भिन्न भाषाओं—यूरोपीय, एशियाई, आफ्रिकी आदि में भी पाई जाती है। कभी कभी तो एक ही दृष्टान्त के साथ। उदाहरणार्थ अंग्रेज़ी की कहावत—' Barking dogs seldom bite " — की समानार्थक गुजराती कहावत है, — " भसतो कूतरो करडतो नथी " — भूँकता कुत्ता काटता नहीं। उसी प्रकार मराठी की एक कहावत — " उथळ पाण्याला खळाळी फार " — की समानार्थक अंग्रेज़ी कहावत है — " Shallow water makes much noise. " — आशय भी एक, दृष्टान्त भी मिलता जुलता। किसने यह चौर्यकर्म किया होगा? चोर कोई नहीं। किसी घटना के घटित होने पर या किसी विचार या सिद्धांत के बारे में आदमी की प्रतिक्रिया सब जगह समान होती है इसका परिचय इन बातों से हमें मिलता है। इस लिए ऐसी कहावतों को हम वैश्विक कहावतें (Universal proverbs) कहते हैं।

भारतीय भाषाओं पर संस्कृत का वैचारिक प्रभाव होने से उनपर संस्कृत वचनों के दृष्टान्तों का प्रभाव अवश्य दिखाई देता है। उदाहरणार्थ—" निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते। "— वृक्षविहीन प्रदेश में एरंड ही महावृक्ष। इसी अर्थ की और इसी बिंब के द्वारा यही भाव अंकित करनेवाली कहावतें सभी भाषाओं में पाई जाती हैं। मराठी—" ओसाड गावी एरंड बळी "; गुजराती— " उज्जड गाम मां एरंडो प्रधान ", असमीया—" गछ नोहोवा ठाइत एराइ बिरिख। "; तेलुगु —

"चेट्टु लेनि वूळ्ळो आमुदपु चेट्टे महावृक्षम्"; मलयाळम्–"मरमिल्ला नाट्टिल आवणक्कु महामरम्।"–इन सब कहावतों का शब्दशः अर्थ एक ही है : उजड़े गाँव में एरंड ही महावृक्ष। हाँ, इसी आशय को प्रकट करनेवाली अपनी अपनी देशज कहावते हैं ही।

गाँववालों की कहावतें अपने अपने देशज दृष्टांतों के साथ आती हैं। वे अधिक पैनी, नुकीली होने के कारण जनमानस में अधिक गहराई तक पैठ जाती हैं। उदाहरणार्थ उपरिनिर्दिष्ट संस्कृत कहावत का आशय वहन करनेवाली भिन्न भिन्न भाषाओं की कहावतें देखिए। हिन्दी – "अंधों में काना राजा।" मराठी – "वासरांत लंगडी गाय शहाणी" – बछड़ों में लंगडी गौ सयानी। या तेलुगु कहावत – "गोवु लेनि वूळ्ळो गोड्डु गेदे श्री महालक्ष्मि" – बिना गाय के गाँव में बाँझ भैंस ही महालक्ष्मी। ये और इससे मिलती जुलती अन्य अनेक कहावतें हमारी प्रादेशिक बुद्धिमत्ता की परिचायक हैं। रोज़ के व्यवहार में इन देशज कहावतों का गहरा प्रभाव रहता है। नागरी जीवन या पंडितों की सभा में यद्यपि संस्कृतोद्भव कहावतों का प्रयोग होता है, हमारे ग्रामीण विभागों में अधिकतर देशज कहावतों का ही प्रभाव होता है। हो सकता है कि देहाती कहावतें कभी कभी थोड़ी अशिष्टता, अश्लीलता की ओर झुकती हुई दिखाई देती हों, फिर भी उनकी चोट अचूक होती है। ग्रामीण जीवन से जो लोग परिचित हैं, उन्हें इस बात पर न आश्चर्य होगा न घृणा। अपने आसपास जो वायुमंडल रहता है, जहाँ हमारा व्यवहार चलता है, उसी से हम अभिव्यक्ति के लिए उपमा चुनते हैं। गाँववालों का संबंध हमेशा पशु, जानवर, खेतीविषयक औज़ार, खाद, बादल, वर्षा, सिंचाई, जुताई, बुआई, फसल, सूर्य, चंद्र, ग्रह, नक्षत्र आदि विषयों से होता है। अतः उनके दृष्टान्त भी इन्हीं से संबंधित रहते हैं।

वायुमंडल का प्रभाव

भौगोलिक परिस्थिति, खान-पान, रीति-रिवाज, त्योहार-जशन तथा प्रादेशिक रहन-सहन का भी प्रभाव कहावतों पर बराबर पड़ जाता है। किसी एक आशय को प्रकट करने के लिए जो दृष्टान्त या बिंब हम उठाते हैं, जुटाते हैं, वह हमारे इर्द-गिर्द जो वायुमंडल होगा, उसी से मिलता है। तभी वह लोकस्वीकृति भी पाता है। बाङ्ला, असमीया, ओड़िआ, मलयाळम् भाषी प्रदेशों में रहनेवाले बहुत सारे मत्स्यभक्षक होने के कारण वहाँ की कहावतों में बार बार मछली का उल्लेख आता है। किसी अयोग्य व्यक्ति को कोई अच्छी चीज़ प्राप्त हो जाए तो जो स्थिति उत्पन्न होती है, उसका वर्णन बाङ्ला कहावत इस प्रकार करती है– "अराँधुनीर हाते पड़े कै माछ काँदे, ना जानि राँधुनी मोरे केमन क'रे राँधे ?" – अनाड़ी रसोइन के हाथ में पड़कर रोहू मछली रोती है, पता नहीं मुझे यह रसोइन कैसे रांधेगी ? यह तो बंदर के हाथ में मुक्तामाला या Pearls before swine, के समान बात हो गई।

ससुर के घर में भारतीय दामाद के बहुत लाड़ प्यार होते हैं, ताकि वह अपनी बेटी को सुखी रखे। उसमें भी एकाध सास बड़ी चतुर होती है, वह दामाद की आवभगत का दिखावा तो खूब पेश करती है। बाङ्ला की इस कहावत में फिर मछली का उल्लेख है ही।

"आड़ेर मुड़ा घृतेर मुड़ा, दाओ जमाइयेर पाते,
रुइयेर मुड़ा काष्ठ-मुड़ा, फेलो आमार पाते।"–

– घी से भारी 'आड़' मछली दामाद को परोसो और 'कई' मछली जो लकड़ी जैसी है, मेरी थाली में डालो। (वास्तव में आड़ मछली सूखी और कई मछली घी से भरी हुई होती है।) इस प्रकार भिन्न भिन्न जाति की मछलियों का प्रयोग बाङ्ला कहावतों में हुआ है। "तुइ खलसे, मुइ खलसे, एकइ बिलेर माछ, तोर मरणे मरबो आमि, कोमर धरे नाच।" तू भी 'खलसा' मछली, मैं भी 'खलसा' मछली, एक ही पोखर की मछलियाँ; तू मरे तो मैं भी मरूँगी, मेरी कमर पकड़कर नाच।

मेहनत कोई करता है और लाभ दूसरे को होता है। एक करे काम, दूसरे का हो नाम। इस आशय को प्रकट करने के लिए असमीया ने मछली का सहारा लिया– "जाके मारे खालैर नाम" बंसी ने मछलियाँ फँसा लीं और स्तुति टोकरी की। ओड़िआ की कहावतों में मछली का उल्लेख बहुत बार आता है। "चिंगुड़ि चिपिले मुण्डरे पित।" – चिंगुड़ि (छोटी मछली) को दबाते ही सिर-दर्द होता है। यह मछली बहुत पित्त-कारक होती है। प्राकृतिक परिवर्तनों के कुछ लक्षण पहले ही दिखाई देते हैं। ओड़िआ कहावत के अनुसार जब मेघ बरसते हैं और पानी बरसता है तब गड़िशा मछलियाँ उछलने लगती हैं। – "गरजंति मेघ, बरषंति पाणि, उठंति गड़िशा वेळकाळ जाणि।"

पेट भरने पर अत्यंत स्वादिष्ट वस्तु भी रुचिहीन लगती है यह भाव प्रकट करने के लिए भी देखिए मछली प्रयोग में आई है। बाङ्ला – "पेट भरले भाजा माछ घसि-घसि लागे।" – पेट भरा हो तो भूनी मछली भी गोबर जैसी लगती है। हिन्दी में भी पोठिया मछली का उल्लेख है– "अघाया बगुला पोठिया तीत।"–पेट भरने पर बगुले को पोठिया जैसी स्वादिष्ट मछली भी कड़वी लगती है। मराठी भाषियों ने अपने 'उंबर' जैसे एक मिष्टान्न को दृष्टान्त के लिए उठाया है – "भरल्या पोटी उंबर कडू" – पेट भरने पर 'उंबर' भी कडुआ लगता है। केरळ प्रदेश के निवासी भी मत्स्यभोजी हैं। इस लिए मछली से उन्हें विशेष प्रेम है। 'मियाँ की दौड़ मस्जिद तक।' अपनी अपनी मर्यादा प्रकट करनेवाली इस कहावत के लिए मलयाळम् कहावत ने मछली का दृष्टान्त लिया है। – "चेम्मीन् तुळ्ळियालुं मुट्टिनुमीते पोङ्ङा" – झींगा (एक छोटी मछली) उड़े भी तो घुटने तक।

इन समुद्रावर्ती प्रदेशों में नदियाँ और खाड़ियाँ बहुत हैं। इनमें नौकाएँ चलती हैं और यातायात यापार आदि नावों में चलता है। अतः नावों का उल्लेख भी कहावतों में अटल है। पूर्व बंगाल, जहाँ पर काफी छोटी मोटी नदियाँ बहती हैं, की यह कहावत देखिए – "भाँगा नौकाइ, बाङ्गालेर गोंसाइ।" – टूटी नाव ही बंगाली का सहारा।

भारत के दक्षिणांचल में कई प्रकार का चावल उपजता है, और उनकी आजीविका का प्रमुख अन्न चावल ही है। इसी लिए वे चावल को अन्न बोलते हैं। तमिळ कहावतों में बार बार चावल आता है "तविट्टे नंबिप्पोगच् शंबा अरिशियै नाय् कोण्डु पोयिट्टु" – भूसा लाने गई और संबा चावल को कुत्ता ले गया। तुच्छ वस्तु बचाने की चिंता में कीमती चीज़ खो बैठी। "अशर्फियाँ लुटे कोयलों पर मुहर" वाली बात हो गई। इसी को अंग्रेज़ कहते हैं – "Penny wise pound foolish."

कश्मीर की विशेषताएँ हैं – ऊँचे ऊँचे पहाड़ और केसर। दोनों कहावतों पर अपनी छाप जमाए हुए हैं। अत्यधिक कष्ट करने पर भी परिणाम में नहीं के बराबर फल प्राप्त होना, यह भाव व्यक्त करने के लिए हिन्दी की कहावत है "खोदा पहाड़, निकली चुहिया।" कश्मीरी में इसी

अर्थ की कहावत में पर्वत का उल्लेख है ही। – "संगर चटिथ् यंगर" – आधा पर्वत लांघ आए मिले केवल चीड़ के फल।

"बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद।" हिन्दी की इस कहावत से मिलती जुलती अन्यान्य भाषाओं की जो कहावतें उपलब्ध हैं, उनमें कश्मीरी की कहावत में 'केसर' का उल्लेख है। – "खर् क्याह् जानि ज़ाफ़ुरानुक् कदुर्।" – गधा क्या जाने केसर का मोल। दुनिया भर में केसर की पैदावार केवल दो जगह होती है – कश्मीर और स्पेन में। उपर्युक्त अर्थ की कश्मीरी कहावत में चावल का भी उल्लेख है, क्योंकि वहाँ भोजन में चावल अधिक खाया जाता है। कश्मीर के नित्य आहार के विषय में एक कहावत प्रचलित है – "आओ कश्मीर अलबत्ता, खाओ कळ्हम का साग भत्ता।" – कश्मीर में आइए और चावल और कळ्हम की सब्ज़ी खाइए।

मूल्यवान और महत्त्वपूर्ण वस्तु का मूल्यांकन सर्वसाधारण व्यक्ति नहीं कर पाता, इस आशय की भिन्न भिन्न प्रदेशों की कहावतों पर भौगोलिक परिस्थिति और वायुमंडल का काफी प्रभाव है। मराठी की कहावत है – "गाढवाला गुळाची चव काय?" – गधा क्या जाने गुड़ का स्वाद? महाराष्ट्र में गुड़ बहुत पैदा होता है और तरकारी तथा मिष्टान्न में उसका प्रयोग होता है। असमीया, ओड़िआ, मलयाळम् भाषी प्रदेशों की कहावतों में नारियल को मूल्यवान माना गया है और उसका उल्लेख कई स्थानों पर आया है। असमीया की कहावत है "बान्दरे कि जाने नारिकलर मोल।" बन्दर क्या जाने नारियल का स्वाद? ओड़िआ की कहावत में किसान को अनाड़ी की जगह पकड़ा है। – "चषा कि जाणे पइड़ पाणि, पिइले बोलइ थिरि तोराणि।" – किसान क्या जाने डाभ के पानी का स्वाद? पीते ही कहा 'यह तो चावल का पानी है।' तमिळ और मलयाळम् की कहावतों में भी यही भाव प्रकट हुआ है कि "कुत्ते को नारियल का क्या मोल?"

जब तक भाषा जीवित और प्रवाही है, तब तक उसके साथ अनेक प्रकार के विचारप्रदर्शक वाक्य बहते आएँगे। मुक्तता से आदान-प्रदान, लेन-देन चलेगा। एक भाषा की कहावतों का प्रभाव दूसरी भाषा पर होगा। कहावतें इधर उधर जाएँगी। जनसामान्य की पसंदगी की मुहर उनपर लगेगी और वे उस भाषा की कहावतों में घुलमिल जाएँगी। इस लिए किसी एक भाषा में होनेवाली कहावतों की संख्या कहना असंभव है। जानपद भाषाओं में नित्य नई नई कहावतें सुनने को मिलती हैं। इन सबकी गिनती-सूची अब तक नहीं बनी, न बनना संभव है। किसी भी भाषा की कहावतों की गिनती पूरी हुई है ऐसा मानकर खाता बंद नहीं किया जा सकता। कभी पूरा न होनेवाला और नित्य नए अनुसंधान को चुनौती देनेवाला यह काम है। जैसे जैसे अनुभव की कक्षाएँ बढती जाएँगी, वैसे वैसे उन अनुभवों की अभिव्यक्ति के लिए नए दृष्टान्त, नए बिंब उपयोग में लाए जाएँगे। उदाहरणार्थ तमिळ की एक कहावत है, "आलै इल्लाद ऊरिले इलुप्पुप्पुचै सर्क्करै" – जिस गाँव में शक्कर कारखाना नहीं, उसमें इलुप्पु पुष्प ही शक्कर। अब इस कहावत की आयु बहुत लंबी नहीं लगती। इसके चेहरे से ही यह आधुनिक लगती है।

साधु-संतों के वचन

विचारवंतों, साधुसंतों, धर्मात्माओं के वचन जनमानस में स्थान लेते हैं और पथप्रदर्शक तत्त्व के रूप में समाज में चलते हैं। समाज उनको स्वीकार करता है और उनको कहावत का स्थान प्राप्त

होता है। हिन्दी में तुलसी की चौपाइयाँ, कबीर या रहीम के दोहे लोगों को कंठस्थ रहते हैं। कभी किसी घमंडी को समझाने का मौका आता है तो 'भाई सब दिन समान नहीं होते' यह कहकर एकाध कबीर का दोहा आदमी बोल देता है।

"मिट्टी कहे कुम्हार को तू क्या रौंदे मोंहीं। इक दिन ऐसा आएगा कि मैं रौंदूँगी तोही ॥"

मराठी में तुकाराम, रामदास, ज्ञानेश्वर आदि महात्माओं की उक्तियाँ उनके मुख से निकलते ही नहीं मरी थीं। आज भी वे लोगों को प्रकाश दिखला रही हैं। चैतन्य महाप्रभु, रामकृष्ण, विवेकानंद आदि महामानवों के वचन हमेशा समाज को संजीवनी देते रहे हैं। पूर्वी भारत में डाक, खना और मलूकादास के वचन कहावत का रूप धारण कर बैठे हैं। तत्त्वज्ञ सॉक्रेटीस, प्लेटो, ॲरिस्टॉटल, ल्यूथर आदि लोगों के उपदेश कहावतों का रूप धारण कर बैठे हैं।

* * *

किसी देश की बुद्धिमत्ता, चातुर्य और चेतना उस देश की कहावतों से सहजता से जानी जा सकती है। लॉर्ड बेकन का कहना है, "The genius, wit and spirit of a nation are discovered in it's proverbs." उस देश या राष्ट्र का इतिहास, संस्कृति, रीति-रिवाज, नीति अनीति विषयक कल्पनाएँ, मत, संप्रदाय, लोकप्रचलित विश्वास आदि विषयों पर कहावतें रोशनी डाल सकती हैं।

यूनानी कहावतों में बार बार उनके गौरवशाली इतिहास का उल्लेख आता है। वह भूमि बड़े बड़े पौराणिक आशयों का बोझ ढोती है, इस लिए उस देश की कहावतों में पौराणिक घटनाओं का ज़िक्र आता है। उसके साथ साथ होमर, हिसिअड, आर्किलोकस, कवयित्री सॅफो जैसे यूनानी कवियों की पंक्तियाँ बार बार दोहराई जाती हैं।

भारतीय दृष्टिकोण में प्रायः पशुत्व के निदर्शक गुणों का गौरव करना उचित नहीं समझा जाता। मनुष्य को पशु की अवस्था से ऊपर उठाकर देवत्व की ओर ले जाने का प्रयास रहता है। इस लिए प्रतिशोध, ईर्ष्या, झूठ आदि दुर्गुणों की सराहना नीतितत्त्व-सूचक सूत्रों में नहीं की जाती।

इतालियन कहावतों में प्रतिशोध (revenge) की भावना की सराहना देखकर हमें बड़ा आश्चर्य होता है – Vendetta, boccon di dio – बदला भगवान का निवाला। सर्व मानवजगत को प्रेम का संदेश देनेवाले ईसाई संप्रदाय के प्रधान धर्मगुरु के सान्निध्य में पली इस भाषा में यह भाव कैसे पुष्ट हुआ? – Aspetta tempo e luogo a far tua vendetta, che la non si fa mai ben in fretta – बदला लेने के लिए ठीक समय और स्थान की प्रतीक्षा करो। ऐसी बातों में उतावलापन अच्छा नहीं है।

इतालियन समाजजीवन की परिचायक और भी कई कहावतें हैं।

फ्रेंच भाषा की कहावतें बड़ी ढंगदार, साहित्यिक मूल्यों से भरपूर तथा नपीतुली होती हैं। उन – की नोक भाले की तरह पैनी होती है। फ्रेंच स्वभाव के अनुसार दृष्टान्त बड़े रसीले रंगीले होते हैं। फ्रेंच कहावत काटती भी है तो इतनी मृदुता से कि आदमी को कब वह आहत हुआ इसका पता भी नहीं चलता।

पश्चिम और पूर्व के देशों की कहावतों का तुलनात्मक अध्ययन करके उनपर उस समाज-जीवन का प्रभाव किस प्रकार पड़ा है यह हमारे आगामी प्रकाशन का विषय होने के कारण उस –

पर हम अधिक चर्चा न करते हुए अपने प्रतिपाद्य विषय की ओर बढ़ते हैं।

कहावत की परिभाषा

कहावत की परिभाषा कई लोगों ने कई प्रकार से की है। सब परिभाषाओं का निचोड़ तो यही होगा कि कहावत ऐसा प्रादेशिक वचन या उक्ति है जो सदियों से एक ही आशय को लेकर चलती आई है। लोगों में चलती पुर्जी है और प्रायः जो सीधे ढंग से आशय न व्यक्त करते हुए, आशय को किसी अलंकार में, किसी उपमा, उत्प्रेक्षा, दृष्टान्त की साड़ी पहनाकर सामने आती है। उसमें अभिधा की अपेक्षा कभी लक्षणा और प्रायः व्यंजना की प्रधानता होती है। उदाहरणार्थ जिसपर आ बीतती है, वही उसकी वेदना को जानता है। यह भाव प्रदर्शित करने के लिए देखिए कैसे कैसे रोज़मर्रा के दृष्टान्त खड़े किए जाते हैं। भोजपुरी की कहावत चिलम का सहारा लेकर कहती है, " जानेली चिलम जिनका पर चढ़ेला अंगारी। " अंग्रेज़ी की कहावत जूतियों का दृष्टान्त कहकर यही आशय प्रकट करती है। " It is the wearer who knows where the shoe pinches. " संस्कृत तो एक सार्वकालीन, वैश्विक सिद्धान्त घरेलू उदाहरण के साथ प्रकट करती है। " नहि वन्ध्या विजानाति गुर्वीं प्रसववेदनाम्। " – बाँझ प्रसवपीड़ा को नहीं जान सकती। भारतीय भाषाओं की जननी, प्रेरणास्रोत संस्कृत होने के कारण इस दृष्टान्त का प्रभाव बहुत सारी भाषाओं की कहावतों पर दिखाई देता है। अन्यान्य भारतीय भाषाओं ने यह आशय प्रकट करने के लिए भिन्न भिन्न प्रतिमाएँ खड़ी की हैं। तामिळभाषी कहते हैं – ' कावडी का भार ढोनेवाला ही जाने। ' तेलुगु-भाषी और एक नित्यपरिचित सुंदर दृष्टान्त देते हैं – ' जिसे खुजली हो वही खुजलाएगा। ' कन्नड़ में भी यही अनुभव दोहराया है। ' परदुःखेनापि दुःखिता विरलाः। ' दूसरों की पीड़ा जाननेवाले साधु लोग विरले ही होते हैं।

इस प्रकार भिन्न भिन्न रूपकों, दृष्टान्तों के माध्यम से एक ही आशय प्रकट करनेवाले हज़ारों उदाहरण भारतीय कहावत संग्रह के तीनों खंडों में देखने को मिलेंगे।

अरस्तू की भाषा में कहना हो तो ये प्राचीन पांडित्य के खंड हैं, टुकड़े हैं – Fragments of elder wisdom—यह सच भी है क्योंकि कहावत ऐसे युग की देन है, जब मानव भविष्यकथन, जादूटोना आदि से छुटकारा पाकर तर्क और बुद्धि के युग के निर्माण में लगा हुआ था।

डच भाषा में कहावत है जो कहावत का वर्णन इस प्रकार करती है। " कहावतें दैनंदिन अनुभव की पुत्रियाँ हैं। " कहावत का कितना वास्तविक वर्णन यहाँ हुआ है। जीवन में प्रतिदिन के व्यवहार में जो अनुभव आते हैं उनका निचोड़ ही तो कहावतें हैं। ठीक ही तो कहा है – Proverbs are the daughters of daily experience.

हीब्रू भाषा में कहावत का बड़ा ही रोचक वर्णन आता है, " जिस प्रकार बगीचे में फूल, भोजन में व्यंजन, पोशाक में जेवरात और आकाश में सितारे, उसी प्रकार भाषण में कहावतें संजोई रहती हैं। " कहावतों से भाषण या बातचीत अधिक प्रभावी और परिणामकारी होती है। सामनेवाले को समझाना आसान हो जाता है। साथ साथ भाषा भी प्रगल्भ बनती है।

अरबी भाषा में कहावत को नमक की तरह अत्यावश्यक समझा है। " भोजन में जैसे नमक, वैसे भाषण में कहावत। " नमक के बिना खाना बेजायका, रुचिहीन बनता है, उसी प्रकार कहावत

के बिना भाषण अतीव रुक्ष बन जाता है। अरबी की एक दूसरी कहावत में कहावत को शब्दों का दीपक माना गया है।

तमिळ् भाषा ने कहावत को बड़ा ऊँचा स्थान दिया है। "स्वर्ग और पृथ्वी का विनाश हो सकता है, लेकिन महान लोगों के वचन विनष्ट नहीं हो सकते।"

बाइबल ने तो महान लोगों के वचनों को अंकुश के रूप में देखा है। "The words of the wise are as goads"–Bible.

महाकवि टेनिसन ने कहावत का वर्णन बड़े सुचारु रूप से किया है। Jewels five-words long that on the stretched forefinger of all time sparkle for ever! यह पाँच शब्दों का रतन काल की खुली तर्जनी पर सदा चमकता रहता है।

होवेल ने एक सुनीत (sonnet) में कहावत का वर्णन इस प्रकार किया है।

The people's voice the voice of God we call; And what are the proverbs but the people's voice? Coined first and current made by common choice? Then sure they must have weight and truth withal!

कहा भी जाता है कि जनता की आवाज़, खुदा का नक्कारा। Vox populee vox le – और कहावत भला क्या है? लोगों की अनुभव भरी आहें। पहले एक उद्‌गार निकला और बाद में लोगों ने उसको दोहराया और बस उसकी कहावत बन गई।

संस्कृत में प्रायः सुभाषित शब्द से ही पथप्रदर्शक वाक्यों का भाव प्रकट होता है। वे (सुभाषित) ऐसी उक्तियाँ हैं जिनसे सुननेवालों का सुसंस्कार हो और वह इन्हीं उक्तियों के आधार पर सामने आनेवाली छोटी–मोटी समस्याओं को हल कर सके। कोई अनोखा अतिथि आया तो क्या करना चाहिए? मन में संभ्रम पैदा होता है कि उसे सहारा दें या न दें! अंतर्मन में कहीं सुने हुए संस्कृत वचन का स्मरण होता है। "अज्ञात कुलशीलस्य वासो देयो न कस्यचित्।" – अज्ञात व्यक्ति को घर में नहीं पैठने देना चाहिए। – बस, शंका का निवारण हो गया। संभ्रमावस्था में ऐसी उक्तियाँ काम आती हैं।

सयामी भाषा में कहावत को कहते हैं 'सुपहासित', जो 'सुभाषित' का अपभ्रष्ट रूप है और इसी अर्थ में उसका प्रयोग होता है।

मलाय भाषा में 'उपमान' शब्द का प्रयोग है। संस्कृत का प्रभाव दक्षिणपूर्वी भाषाओं की संज्ञाओं पर काफी दिखाई देता है। किसी घटना के तथ्य को उपमा के द्वारा प्रदर्शित करना यही भाव है। उसी प्रकार 'लक्षण' शब्द भी कहावत के लिए चलता है।

अरबी और आफ्रिकी भाषाओं में भी 'कहावत' को 'उपमा' माननेवाली संज्ञाएँ हैं। अरबी 'मथाल' या 'तमथाल', ईरानी भाषा में 'अम्साल' या 'मसाल', उर्दू और काश्मीरी के 'कहावत' के समानार्थी शब्द "मिसालें' इन सब शब्दों का अर्थ उपमा – simile ही होता है। हीब्रू का शब्द 'मशल' और एक आफ्रिकी प्रमुख भाषा स्वाहिली के 'मेथाली' 'मिस्ली' शब्द भी मिसाल के अपभ्रष्ट रूप हैं जिनका मतलब भी उपमा या साम्य ही है। तेलुगु के 'सामेतलु' का अर्थ भी उपमाएँ होता है।

तुर्की में जो 'अतलर सोझू' शब्द प्रयोग में है, उसका शब्दशः अर्थ है दादा या नाना की

उक्तियाँ। मतलब है पुरखों के अनुभवभरे वचन।

चीनी भाषा में 'कहावत' के लिए दो पर्याय दिखाई देते हैं। साहित्यिक या ग्रंथ-भाषा में 'येन' या 'येन यु' का प्रयोग होता है, जिसका अर्थ है सुशोभित वचन या चमकते वाक्य। किन्तु चीन की बोली भाषा में 'कहावत' को कहते हैं 'शु-हुआ' जनता की बोली। यद्यपि चीनी भाषा में दोनों शब्द एक ही अर्थ में प्रयोग में लाए जाते हैं, फिर भी हमारी दृष्टि में उनमें सूक्ष्म अंतर है। 'येन' है कहावत और 'शु-हुआ' है मुहावरा।

जापानी भाषा के 'कोतोवझा' शब्द का वास्तविक अर्थ है– 'प्रभावशाली वाक्य' या 'परिणामकारी उक्ति'। जिस उक्ति का सुननेवाले पर तुरन्त गहरा प्रभाव पड़ जाता है ऐसे वाक्य। योरोपीय भाषाओं के 'कहावत' के लिए जो पर्यायवाची शब्द हैं, वे बहुत सारे लातिन भाषा के *proverbium* (प्रॉव्हर्बिअम) से मिलते जुलते दिखाई देते हैं। अंग्रेज़ी के *proverb* शब्द से तो हम परिचित हैं। इतालियन भाषा में *proverbio* शब्द का प्रयोग होता है। ग्रीक भाषा *paroemia* (पॅरोमिआ) शब्द से कहावत का अर्थ सूचित करती है। जर्मन भाषा में *sprichwörter* शब्द से कहावत का अर्थ प्रदर्शित होता है। जो spratch – बोली, भाषण और wort – शब्द – उच्चारित शब्द, बोला गया शब्द, से बना हुआ है। स्पॅनिश *refran* (रेफ्रां) का मतलब है बार बार 'प्रयोग में आनेवाले वाक्य'। स्वीडिश में शब्द है *ordsprak* जो ord – शब्द तथा sprak – भाषा, से बना हुआ है।

रूसी भाषा के *poslovitsa* – पोस्लोविझ्ना शब्द का मूल स्लाव भाषा में है। slovo – शब्द को उपसर्ग लगाया पो, जिसका मतलब हुआ by-word या कहावत। पोलिश भाषा का शब्द *przyslowie* बड़ा ही अर्थवाही है – पगडंडी का शब्द अर्थात् जनसाधारण की उक्ति।

भारतीय भाषाओं में भी इसी आशय के शब्द 'कहावत' के लिए पाए जाते हैं। हम ऊपर देख चुके हैं कि कश्मीरी, उर्दू, तेलुगु आदि भाषाओं में दृष्टान्त या उपमा के पर्यायवाची शब्द कहावत के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं। किसी आशय को सीधे ढंग से न कहते हुए उसकी समानान्तर उपमा के सहारे कहना।

बाङ्ला, असमीया, ओड़िआ के शब्दों में 'प्रवचन, प्रवाद' में उक्ति की ओर संकेत है। ओड़िआ का 'कहावत' का समानार्थी देशज, जानपद शब्द है 'पहळि'

हिन्दी का 'कहावत', गुजराती का 'केहवत' और मराठी का 'म्हण' ये तीनों शब्द समानार्थी हैं। कन्नड़ के 'गादे' का मतलब भी उक्ति है।

तमिळ और मलयाळम् के क्रमशः 'पळमोऴि', 'पळंचोऌ' शब्द उसी अर्थ को सूचित करते हैं।

कहावतों का वैश्विक महत्त्व

हमने अब तक के विवेचन में यह देखा कि किसी भी भाषा में 'कहावत' अपना एक अनन्यसाधारण स्थान रखती है जिससे उस भाषा और साहित्य का सौंदर्य अधिक वृद्धिंगत होता है। ऐसी कहावत के विषय में अन्यान्य भाषाओं में कहावतें हैं, उनका परीक्षण और निरीक्षण करना बड़ा ही लाभदायक होगा। दुनिया भर की भाषाएँ 'कहावत' को किस मापदण्ड से आँकती हैं, यह

देखने से उनका आंतर्देशीय महत्त्व हमारे मस्तिष्क में दृढ़मूल होगा।

बास्क भाषा में कहा है कि कहावत में असत्य कुछ भी नहीं होता तो बोस्निअन भाषा कहावत को 'अंधेरे में शब्ददीप' मानती है।

अंग्रेज़ी में तो 'कहावत' की अपार महिमा सैंकड़ों कहावतों में गाई गई है। नमूने के लिए दस बारह अंग्रेज़ी कहावतों का उल्लेख पर्याप्त होगा। अंग्रेज़ी तथा अन्य भाषाओं के कई लेखकों के कहावत के बारे में लिखे हुए वाक्य आज जनउक्ति का रूप धारण कर बैठे हैं।

A good maxim is never out of season. – अच्छा वचन कभी भी असामयिक नहीं होता। All the good sense of the world runs into proverbs. – दुनिया की सब भलाई कहावतों में ग्रथित है। अब और एक महत्त्वपूर्ण कहावत देखिए जो जनसाधारण से संबंध रखती है। Proverbs are the wisdom of the streets. – कहावतें सड़क (के आदमी) की बुद्धिमानी हैं।

मेरी कोरोली ने एक स्थान पर लिखा है कि जूते में पैर जितनी सहजता से समा जाता है, उससे भी अच्छी तरह कहावत दिमाग में समा जाती है। यहाँ जूते का व्यावहारिक दृष्टान्त देकर कहावत का कैसा सुंदर वर्णन किया है!

थॉमस फुलर ने अपने 'Worthies of England' ग्रंथ में कहावत का यथोचित वर्णन किया है। वे कहते हैं, A proverb is much matter decocted into few words. – फुलर का यह कथन कहावत का सही स्वरूप हमारे सामने प्रकट करता है। अच्छी कहावत की यह कसौटी है कि वह बहुत बड़ा आशय चंद शब्दों में व्यक्त करे। गागर में सागर भर दे। बहुत–सी सामग्री का निचोड़ निकालकर सामने रखे। कविसम्राट और महान आंग्ल नाटककार शेक्स्पियर ने तो अपने नाटकों में कई बार कहावतों की महत्ता का अपने नाटकों के पात्रों द्वारा वर्णन किया है। 'मच अडू अबाउट नथिंग' में वह कहता है– Patch grief with proverbs. – कहावतों से अपने दुःखों का इलाज करो, शमन करो। मनोविकृति पर संगीत का अवश्य इलाज होता है, किन्तु कहावत दुःखों के लिए अक्सीर इलाज है यह मालूम न था।

दूसरे एक नाटक में शेक्स्पियर ने कहावतों का रौद्र और क्षोभक दर्शन कराया है। भूखे, नंगे लोग अपना क्षोभ कहावतों के द्वारा प्रदर्शित कर रहे हैं। कहावतों का अपने लक्ष्य पर अचूक तीर चलाना इसमें वर्णित है।

> "Hang 'em '
> They said they were an hungry, sighed forth proverbs
> That hunger broke stone walls; that dogs must eat;
> That meat was made for mouths;
> That, the Gods sent not corn for the rich man only,
> With these words they vented their complainings."

भूख के मारे संतप्त लोग यह कहते हुए अपने क्रोध को व्यक्त कर रहे थे कि "भूख पत्थरों की दिवारें तोड़ेगी।" "कुत्तों को (भी) खाना मिलना चाहिए।" "भगवान ने केवल अमीर के लिए अनाज नहीं भेजा है।"

डिज़रेलीसाहब का कहना है कि कहावतें नैतिक आचरण की अलिखित नियमावली हैं। Proverbs were anterior to books and formed the wisdom of the vulgar, and in earliest ages were the unwritten laws of morality. किताबों में न समाई हुई यह जनसाधारण की बुद्धिमत्ता पुराने ज़माने में कायदे की तरह काम आती थी। डिज़रेली-साहब की वेवक्त की शहनाई पर यह कड़ी चोट देखिए, The wise make proverbs and fools repeat them – सयाने लोग कहावतें बनाते हैं और मूर्ख उन्हें दोहराते हैं। ठीक समय पर कहावत का प्रयोग न करनेवालों को मूर्ख ही कहना चाहिए।

थॉमस कार्लाइल का मन्तव्य है कि किसी भी तत्त्वज्ञान को लेकर चलनेवाली पद्धति से भी अधिक आध्यात्मिक बल कहावत में होता है।

ब्रायन वॉलर तो कहावत पर कितने फिदा है यह उनके सुनीत में दिखाई देता है। न उनको सुलानेवाली लोरी चाहिए, न हैरान करनेवाली पड़ोसी की बातचीत। उन्हें चाहिए एक सुंदर सार-गर्भित कहावत, जनउक्ति, एक सुंदर वचन।

> " I said that I loved the wise proverb,
> brief, simple and deep;
> For it I'd exchange the great poem
> that sends us to sleep.
> I would part with the talk of a neighbour.
> that wearies the brain,
> Like the rondo that reaches the end
> and beginneth again."

कहावत की ओर वक्रता से देखनेवाली उक्तियाँ भी ध्यान देने योग्य हैं। लॉर्ड चेस्टरफील्ड के कथनानुसार पढ़े-लिखे, प्रगत, सफेदपोश लोगों को कहावतों और अशिष्ट जनउक्तियों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने बेटे को उपदेश किया है, A man of fashion never has recourse to proverbs and vulgar aphorisms. हमें भी यह डर है कि इस देश के पढ़े-लिखे लोग कहावतों को भूल जाएंगे। हमें आशा है कि कम से कम हमने क्या भुला दिया उसका ज्ञान तो इस ग्रंथ से प्राप्त होगा।

आयरीश भाषा में कहावत के विषय में पिछली शताब्दी के बहुत सारे लेखकों ने अपने विचार प्रकट किए हैं। The wisdom of the proverb can not be surpassed.– कहावतों के सयानापन से बढ़कर सयानापन, चातुर्य नहीं हो सकता। पाठकों को यह कथन अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होगा। परंतु कहावतों के प्रेम में पड़े हुए की थोड़ीसी ज्यादती क्षमा करने योग्य है।

स्कॉटिश भाषा में कहावत का प्रातिनिधिक स्वरूप छोटेसे वाक्य में प्रकट किया है। As the people, so the proverb – जैसे लोग वैसी उनकी कहावतें। इसमें एक सुंदर. चेतावनी स्कॉटलंड के लोगों ने दी है। Don't quote your proverb till you bring your ship into port. (Don't disclose your identity.) कहावतों द्वारा आदमी पहचाना जाता है। इस लिए जब तक अपना जहाज बंदरगाह में ठीक तरह से नहीं पहुँच जाता तब तक अपना परिचय न दो। नाविकों को कई प्रकार की अड़चनें पार करनी पड़ती हैं। बंदरगाह के लोगों तथा

कर्मचारियों से सामंजस्य रखना आवश्यक होता है। इस लिए स्कॉटिश भाषा में उपर्युक्त चेतावनी दी गई है।

फ्रेंच भाषा कहावतों से भरपूर है। फ्रान्सिसियों का कहना है कि कहावतें स्मरण में रखने लायक वाक्य होते हैं।

जर्मन भाषा की एक उक्ति कहावत का वास्तविक स्वरूप खोल देती है। "मृत्यु और कहावत को 'संक्षेप' से प्रेम होता है।"—कहावत में शब्दों का आडंबर नहीं होता। वह अपना मन्तव्य संक्षेप में कह देती है। दूसरी एक बड़ी सूचक जर्मन कहावत कहती है कि "जब ग़रीब कहावत बनाता है, तो वह स्वयं उसे कभी नहीं तोड़ता।" ग़रीबों की, अनाथों की उक्तियाँ सदासर्वकाल एक जैसी रही हैं, चाहे ग़रीबी से झगड़ने के उनके मार्ग में परिवर्तन आ गया हो।

किसी एक अवस्था का जब हम खुद अनुभव करते हैं, तब उस समयोचित कहावत का अर्थ हमें अधिक स्पष्ट होता है। अपने अपने अनुभव की बात है।

लातिन भाषा ने कहावत के विषय में जो कहा है, वह तो जनतंत्रवादियों का सदियों से घोष-वाक्य रहा है। Vox populee vox le. – जनता की आवाज़, ईश्वर की आवाज़ है। ईश्वर मनुष्यों के मुँह से बोलता है। सब लोगों की एक साथ, संघटित, सामूहिक ध्वनि को धुतकारने की किसी को भी हिम्मत नहीं होगी। इस आवाज़ के सामने प्राचीन और अर्वाचीन काल में बड़े बड़े तानाशाह उखड़ गए, धराशायी हो गए। इस सत्य का अनुभव हमने अपने जीवनकाल में भी किया है। इस सदी में यूरोप, आशियाई देशों और साक्षात भारत में भी जनशक्ति के विराट रूप के दर्शन हमने किए हैं। अत्याचारियों तथा तानाशाहों को जनता की एकमुखी आवाज़ ने ज़मीन में गाड़ दिया और लोकतंत्र का झंडा लहराता रखा। इस का कारण यही है कि यह ईश्वर की ध्वनि थी। नर के मुख से नारायण बोल रहा था। इतनी बड़ी शक्ति नरनारायण की पीड़ित आहों में है। यह कहावत तो मानवसमाज के लिए लातिन भाषा की एक महान देन है। सदियों से उसका प्रभाव रहा और आगे चलकर सदियों तक रहेगा। महान लातिन पंडित सिसेरो ने कहावतों को 'नमक की डालियाँ' 'नोन की खान' कहा है। जब चाहे उसमें से थोड़ा-सा नमक निकालकर भाषण में चाहे जहां डाल दो, भाषण या संभाषण बड़ा रोचक, स्वादिष्ट होगा। अरबों ने भी कहावत की नमक से तुलना की है।

स्पॅनिश भाषा कहावतों की दृष्टि से बड़ी समृद्ध भाषा है। उस भाषा में कहावत का गौरव होना स्वाभाविक है। उनके विचार में 'कहावत एक बोधवाक्य है' और वह "सत्य से भरा छोटा वाक्य होते हुए भी, दीर्घकाल चलने के कारण लम्बा हो गया है।" उसका छुटपन और दीर्घकालीन उपयोग, इन दोनों विशेषताओं को विरोधाभास से स्पष्ट किया है। डॉन क्विक्ज़ोट और सॅङ्को पान्ज़ा के दरमियान जो संभाषण पाए जाते हैं, उनमें कहावतों का भरपूर प्रयोग किया हुआ दिखाई देता है क्योंकि क्विक्ज़ोट का यह विश्वास है कि ऐसी कोई कहावत नहीं जिसमें थोडा-सा भी झूठ हो और मनुष्य के सामूहिक अनुभव की अभिव्यक्ति होने के कारण वह सत्य ही होनी चाहिए। लंबे अनुभव को ग्रथित करनेवाले छोटे वाक्य कभी झूठ नहीं हो सकते।

स्विस और जर्मन दोनों भाषाओं में कहावतों को बड़ी आलंकारिक भाषा में सराहा गया है। "स्मरण में रखी सुंदर कहावत बटुवे में रखे हुए सोने के टुकड़े के समान है।" दूसरी जगह

कहावत का वर्णन इस प्रकार मिलता है – ' कहावत परिंदे की चोंच से भी छोटी होती है। ' छोटी अवश्य पर चोंच की तरह पैनी ।

' कहावत एकदम सस्ती कीमत में आपको बड़ा सबक सिखाएगी। ' यह कहावत का वर्णन वणिक के लेन-देन के हिसाब से भी बड़ा लाभदायक है ।

रूसी साहित्य में कहावतों का प्रचुर मात्रा में प्रयोग दिखाई देता है । यद्यपि समाजव्यवस्था में परिवर्तन लाने का भरसक प्रयास इस सदी में होता रहा फिर भी पुरानी कहावतें आज भी प्रयुक्त हैं । कई नए दृष्टान्त आ गए, किन्तु आशय वही रहा । आखिर कहावतों को रूसी लोग ' जनता के सिक्के ' मानते हैं । उनका यह दृढ़ विश्वास है कि " कहावत से बुद्धि बढ़ती है, और बुद्धि से कहावत चलती है । " एक ज़माना था जब झार का शब्द ही ' कहावत ' बनता था। शासक की उक्तियाँ गुलामी मनोवृत्ति के देश में हमेशा नीतितत्त्व बनती थीं । मगर सामाजिक और राज-नीतिक परिवर्तन के साथ उन उक्तियों का खोखलापन प्रकट होता है । कैसा भी हो, ऐसे परिवर्तन-शील देशों में भी कहावत बनी रहती है क्योंकि वहाँ का " किसान एक कहावत के लिए मॉस्को तक पैदल गया था ! "

कहावतों की मीमांसा–परिक्रमा में यदि हम बाइबल में किए हुए कहावतों के मूल्यांकन को थोड़ी देर के लिए निहारें तो अनुचित नहीं होगा ।

प्रारंभ में ही ठीक समय पर कहे हुए वाक्य को चांदी के चित्र में सोने के सेब की जगह बिठाया है। एक भविष्यवाणी भी बाइबल में है – " And Israel shall be a proverb and a by-word among all people. " इस्रायल का शब्द (बाइबल का कथन) संपूर्ण मानवजाति की कहावत बनेगा। इस भविष्यकथन में कितना तथ्य है, इसकी जाँच हम पाठकों पर छोड़ देते हैं ।

आगे चलकर ईसा ने जो कहा है इससे हमारी आशंका को बल मिला है। " These things have I (Jesus) spoken unto you in proverbs, but the time cometh when I shall no more speak unto you in proverbs. " (St. John xvi) ईसा मसीह को सैंकड़ों वर्ष पूर्व यह आशंका हो गई कि आगे चलकर पढ़े-लिखे लोग कहावत को नहीं अपनाएँगे । कहावत के प्रति उन्हें प्रेम नहीं रहेगा, या उनको यह अनुभव हुआ कि अनपढ़ अज्ञानी लोगों को केवल ' सूत्रों ' से सिखाना असम्भव होगा ।

हीब्रू भाषा ने कहावत को तत्त्वज्ञानियों के कथन का भावार्थ कहा है और हीब्रू भाषियों की यह धारणा है कि कहावतों के आधार पर मनुष्य का जीवन खड़ा है।

चीन भी भारत की तरह विशाल बहुभाषी देश है। चीनी लोग कहावत की महत्ता माननेवाले हैं । वे तो यहाँ तक मानते हैं कि जिसने कहावतों की किताब पढ़ी, उसकी ज़बान साफ-सुथरी हो गई । कहावत के बारे में एक और अजीब-सी बात चीनी भाषा में मिलती है। ' शुद्ध सत्य कथन करने-वाली कहावत आत्मविरोधी होती है । '

इस वचन को अनुभव की कसौटी पर घिसना होगा । हाँ, कई कहावतों में स्वयंविरोध का आभास अवश्य होता है, परंतु तथ्य नहीं छिपा रहता । यह भी हो सकता है एकाध कहावत दूसरी किसी कहावत में संकलित अनुभव से बिल्कुल विरोधी, विपरीत अनुभव सामने रखती हो । ऐसे समय किसको सच माना जाए यह संदेह भी पैदा हो सकता है। ' गीता ' अहिंसा का भी पाठ पढ़ाती है और

' तस्मात् युद्धाय युज्यस्व ' कहकर युद्ध के लिए उद्युक्त भी करती है।

हर एक व्यक्ति की जीवन की ओर देखने की दृष्टि भिन्न होने के कारण कभी कभी दो व्यक्तियों के एक ही घटना की ओर देखने के दो भिन्न दृष्टिकोण हों तो उन्हें स्वाभाविक ही कहना चाहिए। इसके फलस्वरूप, दो एक दूसरी के विरुद्ध खडी होनेवाली कहावतें जन्म लेती हैं। उदाहरण के लिए अंग्रेज़ी की कहावतें देखिए – " Every man is the architect of his own fortune. " – हर आदमी अपने भाग्य का विधाता है। " No man can make his own hap. " अपना भाग्य कोई नहीं बना सकता। " जेनी दियानत पाक, तेने शानी धाक ? " – जिसकी नियत शुद्ध हो, उसको काहे का डर ? और " जेनी दियानत पाक, तेना हाथ मां खाक " – जिसकी नियत साफ उसके हाथ में राख अर्थात् उसका विनाश होगा। ऐसी एक दूसरी के प्रतिकूल कहावतें अनुभव-वैचित्र्य के कारण देखने को मिलती हैं। एक चीनी कहावत का मतलब है कि हर एक कहावत अपनी विरोधी कहावत को चुनौती देती है। अन्ततोगत्वा यह कहना आवश्यक है कि ऐसी विरोधी कहावतों की जोड़ियाँ विश्वभर की कहावतों में बहुत विरला हैं।

जापानी भाषा में भी कहावत को ईश्वर की आवाज़ माना गया है।

ईरानी (पर्शियन) भाषा ने कहावत को भाषा का आभूषण माना है, तो तुर्की भाषा में साफ साफ कहा गया है कि " जो कहावतों के उपदेशानुसार न चलेगा, वह जीवन में ज़रूर गलतियाँ करेगा। "

तुर्की भाषा में और एक मज़ेदार कहावत है। " लोमड़ी सौ कहावतें कहेगी, उनमें से निन्यानवे मुर्गी के बारे में होंगी। " जिसका जिस विषय पर ध्यान रहता है, वह उसी के बारे में सोचता है। ' चोर की नज़र गठरी पर। ' इस अर्थ की सभी भाषाओं की कहावतें भारतीय कहावत संग्रह के प्रथम खंड में संग्रहीत की गई हैं।

कुछ आफ्रिकी भाषाओं में भी कहावत की काफी प्रशंसा की गई है। इबो भाषा में एक सुंदर दृष्टान्त प्रस्तुत करते हुए कहावत का भाषण में स्थान दिखाया है।

" शब्दों का भोजन करने के लिए कहावत एक पत्तल है। " शब्दान्न के लिए कहावत की पत्तल का सहारा आवश्यक है। इसी भाषा में कहावत को शोरबा – रस कहा गया है।

कोंगो भाषा कहावत को देश की परिचायक मानती है, तो नंडी में कहावत को द्व्यर्थी समझा गया है। ओझी भाषा मूर्ख पर कहावत का कोई असर नहीं होता ऐसा अभिप्राय व्यक्त करती है। " मूर्ख से कहावत कहें, तो उसे उसका अर्थ स्पष्ट कर दिखाना होगा। " इसी ओझी भाषा में फिर ग़रीबों के हाल, उनकी मर्यादाओं आदि का सुंदर ढंग से, बड़ी खूबी से वर्णन किया गया है। " ग़रीब जब कोई उक्ति कहेगा, तो वह देशविदेशों में नहीं फैलनेवाली। " वह बेचारा कितनी भी सुंदर बात कहे, उसकी ओर कोई ध्यान नहीं देगा। निर्धन की इस मजबूरी से संबंधित सभी भारतीय भाषाओं की कहावतें भारतीय कहावत संग्रह के द्वितीय खंड में संग्रहीत की गई हैं।

योरुबा भाषा में कहावत के लिए और एक अनोखा दृष्टांत देखने को मिलता है।

" कहावत बातचीत का घोड़ा है। जब बातचीत ठंडी होने लगती है तो कहावत उसमें जान भरती है। बातचीत और कहावत एक दूसरी का पीछा करती रहती हैं। " योरुबा भाषी उसे बातचीत का सबसे अच्छा तरीका मानते हैं, जिसमें कहावतें प्रचुर मात्रा में बिखरी हुई हों।

इस प्रकार लोकोक्ति या कहावत का आदर विश्वभर की सभी भाषाओं ने किया है। कहावतों का चुलबुलापन बातचीत में, भाषण में अजीब रंग भरता है।

कहावतों के विशेष गुण

विनोद, विवेक, बुद्धिमानी और कल्पकता से भरपूर ये कहावतें सदियों से बहते हुए कालप्रवाह के साथ बहते बहते यहाँ तक पहुँची हैं। कहीं वे रास्ते में डूब नहीं गईं, ओझल नहीं हुईं। तर्क और अनुभव की कसौटी पर घिसकर उन्होंने अपनी उपयुक्तता इतनी साबित कर रखी है कि समय के पलटते पन्ने उन्हें मिटा न सके।

कालचक्र की चक्की में पीसी जाने पर तो वे अधिक रुचिकर बन गई हैं। सोना अग्नि में तपकर बाहर आने के बाद और ही चमकने लगता है। लोगों के मुँह में रहा हुआ यह प्राचीन साहित्य अपने विशेष गुण अवश्य रखता है। कहावत में तीन विशेष गुण होते हैं। कहावत या उक्ति छोटी चाहिए ताकि उसे ध्यान में रखने में सुविधा रहे और एक ही दम में कही जा सके। वह आशय-घन, सारगर्भित होनी चाहिए, नहीं तो उसे कौन याद करेगा? तीसरी बात वह नमकीन या चटपटी होनी चाहिए।

" Three things must epigrams; like bees, have all it 's sting, it's honey and it's body small. " – Archbishop Trench.–कहावतों में मधुमक्खी के समान डंख चाहिए, मधु चाहिए, और वह छोटी भी होनी चाहिए। देखिए ये छोटी छोटी कहावतें कितनी आसानी से मुँह में बैठ जाती हैं। " जैसा देवता, वैसी पूजा " – अपनी अपनी योग्यता के अनुसार आव भगत होगी। " जैसी करनी, वैसी भरनी " – हम जैसा काम करेंगे, उसके अनुसार हमें अच्छा या बुरा फल मिलेगा। " जैसा बोओ, वैसा काटो " – अच्छा बोओगे, तो अच्छी फसल निकलेगी। ऐसी ही छोटी छोटी कहावतें अन्य भाषाओं में भी हैं।

इन तीन गुणों के साथ साथ उसमें तुकबंदी भी होती है तो मानो दूध में शक्कर मिलती है और कहावत याद करने के लिए और भी सहल हो जाती है। मराठी की कहावत–' आला भेटीला, धरला वेठीला '–मिलने आया, काम में लगाया। बाङ्ला ' परेर खाइ, घरेर गाइ '–खाऊँ पर का, गाऊँ घर का। तेलुगु–' मीकु माट, माकु मूट। '–तुमको गालियाँ, हमको गठरियाँ। इस कहावत में अनुप्रास भी है और तुकबंदी भी। ' नोसट नामालु, नोट बंडबूतुलु ' – भाल पर ऊर्ध्वपुंड्र, मुँह में गालियाँ। ढोंगी या पाखंडी का यह वर्णन कितना चटपटा है।

बाङ्ला की यह छोटी–सी कहावत देखिए कितनी आशयघन है, " घुँटे पोड़ें, गोबर हासे। " – उपला जले, गोबर हँसे। बेचारे गोबर को यह मालूम नहीं कि कल उसे भी उपला बनकर जलना है। इसलिए आज वह उपले की खिल्ली उड़ा रहा है।

Brevity is the soul of wit. संक्षिप्तता तो कहावत का प्राण है। ' Such beef, such broth' या ' Bear this, bear all.' Like master, like scholar. ' ' Silence is golden. ' ' Money makes the mare go. ' छोटी छोटी कहावतों के ये कुछ नमूने हैं।

अन्त्यानुप्रास या तुकबन्दी के कारण कहावत की काव्यात्मकता बढ़ती है और गीत की पंक्तियाँ या दोहे चौपाइयाँ, जिस प्रकार आसानी से याद रहती हैं, उसी प्रकार ये कहावतें भी कंठस्थ हो

जाती हैं। मराठी–" देवाची करणी, नारळांत पाणी "–भगवान की करनी और नारियल में पानी। गुजराती–" बायडी जोय लावतो, माय जोय आवतो "–पत्नी देखती है क्या लाया और माँ देखती है सकुशल तो आया। माँ और पत्नी के देखने या अपेक्षा में जो अंतर है, वह कितनी स्पष्टता से बताया है। कन्नड़ की ये दो उक्तियाँ देखिए,–" ऊटक्के मुंदु, दंडिगे हिंदु " – खाने को आगे, लड़ने को पीछे। " कासू हाळु, तलेयु बोळु "–पैसा भी गया, सिर भी मुंड़ाया। इसी प्रकार तेलुगु, तमिऴ, मलयाळम्, बाङ्ला आदि सभी भाषाओं में तुक साधा हुआ दिखाई देता है। तेलुगु–" ऎवरि कंपु वारि किंपु "–अपनी बदबू हर एक को पसंद आती है। " कथ कंचिकी, मनमिंटिकी "–हम घर पहुँचते हैं तब तक अफवाह कांची तक पहुँचती है। बाङ्ला–" पुरुषेर माया, गाछेर छाया "–पुरुष की माया, वृक्ष की छाया। " यतो दोष, नन्न घोष। " – जितना दोष, नन्द घोष (का)। जाते जाते छोटी-सी तुकबन्दी में तेलुगु ने एक आरोग्य का नुस्खा भी पेश किया है। " पप्पु पैत्यमु, चारु शैत्यमु "–दाल पित्तकारक, रसं शीतकारक। अंग्रेज़ी की प्रासादिक कहावतों के चंद उदाहरण अयोग्य नहीं होंगे। " Good mind, good find " ": Truth may be blamed, but can not be shamed. " " Little strokes fell great oaks. "

कई कहावतों में तुक़बन्दी जमाने के आवेश में मतलब की तरफ ध्यान ही नहीं रहा है। तुक-बन्दी के लिए तुकबन्दी। कहावत में तो कोई अर्थ या आशय ही नहीं; केवल शब्दों की खींचातानी। तेलुगु का यह उदाहरण " कापुरं गुट्टु, रोगं रट्टु " – गृहस्थी छिपी, बीमारी खुली। या बाङ्ला की यह कहावत देखिए–" चाइलाम जीरा, पाइलाम हीरा। " – चाहा जीरा, पाया हीरा। कितना ही मथने के बाद भी इन कहावतों से कोई नवनीत नहीं निकलता।

हज़ारों छोटी छोटी कहावतें अनुभव का अमृतकुंभ भरकर चलती हैं। परंतु कुछ बहुत लंबी कहावतें परिहास की सामग्री प्रस्तुत करती हैं। मराठी की यह कहावत देखिए कितनी लंबी है।– ' अडक्यांचे तेल आणले, सासूबाईंचे न्हाणे झाले, मामंजीची शेंडी झाली, उरले सुरले झाकून ठेवले, ते येऊन मांज़राने सांडले, वेशीपर्यंत ओहोळ गेला आणि पाटलाचा रेडा वाहून गेला. " – टके का तेल लाया गया, सासजी का नहाना हुआ, ससुरजी की चोटी में लगाया, बचा-खुच-ढककर रखा, उसे बिल्ली ने आकर गिराया, सिंहपौर तक बहता गया, और चौधरी का भैंसा उसमें बह गया। बाप रे बाप ! एक दम में कहावत पढ़ते पढ़ते दम घुट गया। अतिशयोक्तिपूर्ण लंबी कहावत का यह नमूना देखा। अब गुजराती भाषा की लंबी कहावत देखिए।

" सुन्नुं रुप्पुं सोनी चोरे, ने नंग बदले जडियो, मोडो आवी अवेणुं मागे, ए सुथार ने कडियो, एटला पासे क्यारे जइए के पुरा होइए गरजी, कपडुं चोरी पैसा माँगे ए जात नो दरजी। "

इस कहावत में सुनार, मीनागीर, बढ़ई, राजगीर या मिस्त्री और दर्जी के (अव) गुण बताए हैं। ऐसे लोगों के पास निरुपाय होने पर ही जाइए ऐसा उपदेश भी किया है।

संस्कृत के बहुत सारे सुभाषित बहुत लंबे होते हैं। इसका कारण यह है कि वे आम जनता की बोली में प्रायः कभी नहीं आए। पंडितों, विद्वानों तक ही सीमित रहे। वे श्लोक या तत्सम रचनाएँ छन्दोबद्ध होने के कारण, यद्यपि उनका निशाना अचूक रहता है, तो भी तत्काल प्रभावित करने की क्षमता उनमें कम है।

कहावत का प्रभाव सुननेवालों पर तत्काल न पड़ जाए, और उसको समझने के लिए सुननेवाले

को अगर काफी देर तक सिर खुजलाना पड़े, तो सारा मज़ा ही किरकिरा हो जाता है। जैसे चुटकुला और उसकी पहुँच की हँसी में अन्तर नहीं होना चाहिए। ' Humour and it's recognitory laughter must be like crash of thunder with flash of lightning. ' मेघगर्जन और विद्युत्नर्तन दोनों का साथ साथ होना आवश्यक है।

कहावत की परिभाषा और उसका सर्वसाधारण स्वरूप हमने अब तक देखा। आगे चलकर कहावतों के विविध पहलुओं का विचार करने के पूर्व पाश्चात्त्य विद्वानों तथा प्राचीन ग्रीक पंडितों ने कहावत के बारे में जो कहा है उसे यहाँ उद्धृत करना उचित होगा। ग्रीस के महान विचारक और वक्ता ॲरिस्टॉट्ल् (अरस्तू) कहते हैं " Remnants, which on account of their shortness and correctness, have been saved out of the wreck and ruin of ncient philosophy. " अरस्तू को कहावतों का आद्य संकलक माना जाता है।

" Short sentences, into which, as in rules, the ancients have compressed life. " – Agricola.

" Well known and well used dicta framed in somewhat out-of-the-way form or fashion. " – Erasmus.

" Edge tools of speech, which cut and penetrate the knots of business and affairs. " – Bacon.

" Short sentences drawn from long experience. " – Cervantes.

" The wit of one man, and wisdom of many. ' – Earl Russel.

इसी प्रकार और भी विद्वानों ने कहावत के बारे में अपने विचार प्रदर्शित किए हैं।

कृत्रिम कहावतें

आजकल कई लोग कुछ अपने दिमाग से निकाले हुए नए दृष्टान्तों को लेकर कहावतें बनाना चाहते हैं और अपने को आधुनिक युग के प्रणेता के रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं। किन्तु कहावत की सब से बड़ी कसौटी यह है कि उसपर जनता की पसंदगी की मुहर लगनी चाहिए। लोगों ने उसको स्वीकार करते हुए उसे अपनी बोली में समा लेना चाहिए। उसके उच्चारण से लाख लाख लोगों को उसी आशय का साक्षात्कार होना चाहिए। अन्यथा वह केवल बनानेवाले के प्रतिभाविलास का परिचायक एक वाक्यमात्र रहेगा। उसमें संजोया हुआ दृष्टान्त और आशय त्रिकालाबाधित वैश्विक सिद्धान्त होना चाहिए। तभी उस बनावटी कहावत को असली कहावत का पद सदियों बाद प्राप्त होगा। कई बातें पुरानी होनी ही चाहिए। पकौड़े गरम गरम ताज़ा अच्छे लगते हैं, किंतु अचार पुराना होना चाहिए। मदिराप्रेमी मानते हैं कि मदिरा जितनी पुरानी या संस्कारित हो उतनी ही अच्छी लगती है।

बनी बनाई कहावत का क्या हाल होता है उसका एक उदाहरण देखिए। मराठी में एक चलती कहावत है "अडला नारायण गाढवाचे पाय पकडी." – अड़चन में फँसा नारायण (भगवान) गधे के पाँव पकड़े। – एक सज्जन ने एक मासिक पत्रिका में इसी तर्ज की एक नई कहावत छाप दी। – " अडला देश युनोचे पाय धरी. " – अड़चन में फँसा देश युनो के पाँव पकड़े। – अब इस कहावत को जनसाधारण की स्वीकृति मिलनेवाली नहीं है, क्योंकि इसमें जो दृष्टान्त

दिया गया है उससे समाज के सर्वसाधारण लोग अपरिचित हैं, और दूसरी बात यह है कि यह दृष्टांत तात्कालीन है सार्वकालीन नहीं। हमने अपने सामने 'लीग ऑफ नेशन्स' को खतम होते देखा है। 'युनो' की क्या अवस्था होगी कौन जानता है? लेकिन चलती कहावत में जो नारायण और गधा है, वे दोनों सदासर्वकाल रहेंगे और दोनों सब से परिचित होने के कारण वह कहावत सैंकड़ों वर्षों से लोगों के होठों पर विराजमान है।

आर्चबिशप ट्रेंच का कहना है कि बनावटी हीरे असली हीरों की बराबरी नहीं कर सकते। उसी प्रकार टकसाली कहावत बनाने की चेष्टा करना बड़ी धृष्टता है, औद्धत्य है। " To be a deliberate proverb maker is really the highest form of impertinence. "

लुप्त-प्रयोग कहावतें

प्रायः सभी अच्छी कहावतें सार्वदेशिक और सार्वकालीन सत्य को प्रकट करती हैं। किन्तु कुछ कहावतें सभी जगह ठीक नहीं बैठतीं। वे केवल उस देश या प्रांत विशेष के रीति-रिवाज़ों को लेकर चलती हैं, इस लिए उनका दूसरे प्रदेशों में प्रभाव नहीं होता। कुछ ऐसी भी कहावतें हैं, जिनका समय के बीतने से रहन-सहन, पोशाक, आहार आदि में जो परिवर्तन आ गया, उसके कारण कोई प्रभाव नहीं रहा। दूसरे महायुद्ध के पूर्व रहन-सहन, पोशाक से आदमी का पेशा, व्यवसाय पहचाना जा सकता था। बढ़ई, कुम्हार, गड़रिया, प्राध्यापक और छात्र की पोशाक में अंतर रहा करता था। पोशाक से पंडित, कारीगर, नट पहचाने जाते थे। अब तो कपड़े और केशरचना उभयलिंगी होने के कारण स्त्री और पुरुष में भी कोई दर्शनी भेद नहीं रहा। अंदरूनी फर्क़ तो कुदरत ने बनाया है और उसका सारा अनुशासन अपने हाथों में रखा है, वरना मनुष्य उसको भी उथल-पुथल कर देता।

ऐसे परिवर्तनों के कारण नए संदर्भ में कई कहावतों का कोई मूल्य नहीं रहता।

यह हिन्दी की बड़ी रोचक कहावत देखिए – " नई बहुरिया करइला में झोर। " – बहू नई थी, पाकशास्त्र से अनभिज्ञ थी। उसने करेले की तरकारी में शोरबा रखा। तरकारी रसदार बनाई। पुराने जमाने में करेले की तरकारी रसदार नहीं बनती थी। केवल तेल में तलकर बनती थी। तब तो नई बहू का दोष दिखाने के लिए यह कहावत ठीक थी। अब तेल बहुत महँगा हो गया और तरकारी में तेल की जगह पानी बढ़ गया। जो तरकारियाँ कभी रसदार नहीं बनती थीं, उन्हें भी पानी उँड़ेलकर रसदार बनाया जा रहा है। अब यह कहावत अप्रासंगिक हो गई।

" नया मुसलमान ज़्यादा पियाज़ खाय। " – धर्म परिवर्तन करके जो नया नया मुसलमान बनता है, वह कट्टरता दिखाने के लिए मुसलमानी पद्धति का अधिक उत्साह से आचरण करता है, इस लिए तो नया मुल्ला सारा दिन जोर से अल्ला, अल्ला पुकारता रहता है। – अब जहाँ तक प्याज़ खाने का सवाल है, सबके आहार में काफी परिवर्तन आ गया है। पहले हिंदू प्याज़ नहीं खाते थे, उस समय की यह कहावत है। अब तो हिंदू, मुसलमान, ईसाई और सब संप्रदायों के लोग बड़े चाव से प्याज़ खाते हैं। नएपन में उपहासात्मक काम करनेवालों पर व्यंग्यबाण चलानेवाली यह कहावत अब कोई विशेष मतलब नहीं रखती।

" सात पाकेर बिये, चोद्द पाकेर ओ खोलेना " – सात फेरों का विवाह चौदह फेरों से भी नहीं

टूटता। बाङ्ला की यह कहावत हमारे विवाह-बंधन की दृढ़ता, अटूटता प्रदर्शित करती है। इस कहावत का सामाजिक और भावनिक मूल्य ध्यान में लेकर कुटुम्ब की स्थिरता का विचार सराहते हुए भी यह कहना पड़ता है कि जब हमने विवाह-विच्छेद, तलाक को वैधानिक रूप से मान्यता दी है, तो इस कहावत का वैधानिक मूल्य अब समाप्त हो गया है।

" धोंया या (जा) र सय ना, से रांधुनी हय ना। " – जिससे धुआँ नहीं सहा जाता, वह रसोइन नहीं बन सकती। बाङ्ला की इस कहावत का आशय स्पष्ट है। कष्ट सहे बिना कोई काम नहीं हो सकता। किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए उसके साथ जो अड़चनें आती हैं उनका सामना करना होगा। यह आशय तो सदासर्वकाल सत्य है। " No p ins, no gains. " परंतु बाङ्ला का यह दृष्टांत जहाँ लकड़ी कोयले का चूल्हे जलाने के लिए उपयोग होता है, वहीं ठीक है। इस नैसर्गिक ईंधन की जगह शहरों में गैस और बिजली का प्रयोग होता है। अतः वहाँ इस दृष्टांत का अब उतना प्रभाव नहीं दिखाई देता। फिर भी भारत जैसे देश के लाखों गाँवों में जहाँ ईंधन के लिए लकड़ी ही जलती है, वहाँ तो यह कहावत अपना प्रभाव दिखा सकती है।

मराठी संस्कृति की द्योतक नौ गज़ की साड़ी, ब्राह्मण महिला सकच्छ, लांग के साथ पहनती थी। किन्तु अब यह प्रथा क़रीब करीब ओझल हो गई है। अगली पीढ़ी में शायद ही कोई नौ गज़ की सकच्छ साड़ी पहनी हुई स्त्री दिखाई देगी। अतः मराठी की यह कहावत – " ब्राह्मणाची बाई, काष्ट्याशिवाय नाहीं. " – ब्राह्मण की नारी काछ बिना नहीं। – मृत हो जाएगी। उसकी उस प्रकार की प्रतीति नहीं होगी। अब तो लांग के साथ साड़ी पहनी हुई मराठी स्त्री देखनी है तो वैसे स्थान खोजने पड़ेंगे, अर्थात् म्युज़ियम के चित्रों, नाटकों या दूरदर्शन (टी. वी.) पर या मंगलागौरी व्रत या तीजत्योहारों के समय नारियाँ जब लोकगीत, लोकनृत्य के साथ गाती हैं तब कहीं ऐसी नारी के दर्शन हो सकते हैं।

यह लातिन कहावत आज किसी काम की नहीं रही है।—" Magna civitas, magna solitudo. " – बड़ा शहर, बड़ा आराम। आज बड़े शहरी जीवन में जो दौड़-धूप है, उसमें आराम कहाँ? शांति कहाँ?

सदा सत्य कहावतें

विश्व में चाहे जितने परिवर्तन होते रहे, मनुष्य का व्यक्तिगत तथा सामूहिक जीवन हमेशा किसी न किसी प्रकार के नीतितत्त्वों पर खड़ा रहा। वैश्विक सिद्धांतों की नींव पर उसने अपने व्यक्तित्व को पनपता रखा। उत्क्रांति की ओर बढ़ता हुआ मानव, अपने व्यवहार की परिधि बढ़ाता रहा और मनुष्य और मनुष्य के बीच बढ़ते हुए संबंधों को सुचारु रूप से चलाने के लिए उसे कुछ सार्वत्रिक सिद्धांतों को बनाते जाना पड़ा। मानवीय व्यवहार का पथप्रदर्शन करनेवाले ये तत्त्व चिरंजीव होकर विश्वभर के मानव के सदा सर्वकाल घोष वाक्य बन कर रहे। फिर इन मानवहितैषी तत्त्वों के लिए काल और प्रदेश की मर्यादाएँ नहीं रहीं। विश्व में भिन्न भिन्न स्थानों पर रहनेवाले सभी मानवसमूहों ने उन्हें अपनाया।

मनुष्य को आत्मिक तथा सामाजिक उन्नति के लिए क्या करना चाहिए क्या न करना चाहिए; पाप क्या है, पुण्य क्या है, धर्म-अधर्म आदि से संबंधित बातें उसी प्रकार मनुष्य के व्यवहार में

संतुलन लानेवाली नीति-अनीति जैसी बातें ईश्वर के अस्तित्व और सार्वभौमत्व को स्वीकार करनेवाली धारणाएँ सब जगह समान रही हैं। सत्य का स्वीकार और असत्य की उपेक्षा; श्रद्धा का अनुमोदन और पाखंड, दांभिकता का उच्छेदन ऐसी मौलिक बातों पर, सर्व धर्म, विचार, मत, संप्रदाय के जनसमूहों में तात्त्विक एकता रही। इस लिए आशा है कि कभी न कभी सारे मानवसमूहों को एक बुनियादी विचार के आधार पर एकत्रित किया जा सकेगा।

इन गुणों के साथ कुछ दुर्गुण भी सब समाजों और व्यक्तियों में समान दिखाई देते हैं। "घर घर मटियाले चूल्हे।" "काबूल में क्या गधे नहीं होते?" स्वार्थ, ईर्ष्या, आदि दुर्गुण भी सब स्थानों पर होते हैं। भगवान के हर मंदिर के सामने शैतान का भी डेरा होता है।

सर्वशक्तिमान भगवान

ईश्वर सर्व शक्तिमान है। वही चराचर सृष्टि के व्यवहारों का नियंत्रक है। ईश्वर एक वैश्विक धारणा है। इस लिए विश्व की सभी भाषाओं में ईश्वर की सार्वभौम सत्ता को सूचित करनेवाली कहावतें मिलती हैं। "भगवान जिसे बचाए, उसे कोई नहीं मार सकता।" जैसी कहावत भी है और इसके ठीक विपरीत "भगवान जिसे मारना चाहे उसे कोई नहीं बचा सकता" जैसी कहावत भी है। ईश्वर की व्यापक सत्ता से संबंधित यह धारणा श्रद्धा में से उत्पन्न हुई है।

"साहिब मेरा बनिया, बनज करे ब्योपार। बिन डंडी बिन पलड़े, तोले जग संसार॥" तराज़ू बिना सारे विश्व का संतुलन रखनेवाला मेरा भगवान कितना महान है।

"अलख पुरख की माया, कहीं धूप कहीं छाया।" – ईश्वर की लीला अगाध है, कहीं धूप होती है, तो कहीं छाया।

हिंदुओं का भगवान जितना महान है, मुसलमानों का अल्ला और ईसाइयों का God भी उतना ही महान है, सर्वशक्तिमान है। "अल्ला हो अकबर" का यही भावार्थ है। "खुदा रज़्ज़ाक है बंदा कज़्ज़ाक है।" – ईश्वर देता है, भक्त चुराता है। देनेवाला तो वही आसमाँवाला है।

"What God will, no frost can Kill." "The nest of the blind bird is made by God."

यह कहावत "अजगर के दाता राम।" से या 'बाजू टूटे बाज़ को साहब चारा देई।" जैसी कहावतों से मिलती जुलती हैं।

"God gives his anger by weight, but his pity without measures." – भगवान अपना गुस्सा तोल तोल के देता है, किंतु उसकी करुणा इतनी असीम होती है कि उसको नापा नहीं जा सकता। अब यह आयरिश कहावत देखिए "All good has an end save the goodness of God." – अर्थात दुनिया की सभी अच्छी बातें समाप्त हो सकती हैं लेकिन भगवान की अच्छाई का अंत नहीं है। अनंत दयालु महाप्रभु की कितनी सुंदर तस्वीर इस कहावत में खींची गई है।

भगवान की माया के दो अनोखे चित्र पंजाबी की जिन कहावतों में देखने को मिलते हैं वे इस प्रकार हैं – "वेखो रब दे रंग, किधरे दुध मलाइयाँ, किधरे भुंजे भंग।" – देखो ईश्वर के रंग, कहीं दूध मलाइयाँ, कहीं भूनी भंग।" यह भेद ईश्वर के दरबार में भी क्यों है? इसका उत्तर

कर्मवाद के सिद्धांत में मिलता है कि पूर्व जन्म में जो कर्म किए जाते हैं उनका फल इस जन्म में भुगतना पड़ता है – " यथा कर्म तथा फलम् "। अब पंजाबी की यह दूसरी कहावत देखिए –

" पहले सी असि नीम जुलाहे, फिर बण गए दरजी। हौले हौले हो गए सय्यद, देखे खुदा की मरजी॥ " – पहले था मैं आधा जुलाहा, फिर बन गया दर्जी। धीरे धीरे फिर बना धर्मगुरु, देखो खुदा की मर्जी॥ ईश्वर ने चाहा तो आदमी कहाँ से कहाँ पहुँचता है।

कश्मीरी भाषा भी भगवान को अनाथों का तारणहार मानती है। " अन्य् सुँज क्वलय ख्वदा-यस् हवालॅ। – अंधे की बीबी खुदा के हवाले। वही उसकी रक्षा करेगा। सिंधी कहावत में भी यही भाव प्रकट हुआ है। " अंधे जी जोइ, अल्लाह जी अमानत। " भगवान हर एक प्राणी को उसकी आवश्यकतानुसार देता है। भगवान का यह न्याय सिंधी की इस कहावत में भी प्रकाशित हुआ है – " कीलीअ खे कणु, हाथीअ खे मणु " – चींटी को कण हाथी को मण।

मराठी की कहावतें भी मानव की इन्हीं श्रद्धाओं को दुहराती हैं। " देव तारी त्यास कोण मारी. " या गुजराती भाषा की " राम रक्षे तेने कोण भक्षे " जैसी कहावतों में यही भाव प्रकट हुआ है कि भगवान जिसे बचाए, उसे कोई नहीं मार सकता। मराठी में भगवान और माता को एक जैसा माना गया है " देवाची दया, आईची माया. " ईश्वर की दया और माँ का प्यार दोनों समान। आखिर हम माता, पिता और गुरु को देवता ही मानते हैं, जैसे मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्य देवो भव। माता पिता और गुरु के बारे में सारे भारतीयों के मन में परमादर की भावना दिखाई देती है।

बाङ्ला भाषियों की ईश्वर के प्रति श्रद्धा कोई निराली नहीं है। " ईश्वरेर बिधि, फलबेइ गो दिदि। " – ईश्वर की इच्छा के अनुसार ही सब कुछ होगा। " काजीर गरु, खोदा रखवाला। " काजी की गाय का भगवान ही रखवाला। असमीया की " केओं नाइ जार, ईश्वर सहाय तार। " – जिसका कोई नहीं उसका भगवान ही सहायक। ओड़िआ की " अरक्षितकु दइव साहा। " और तमिऴ भाषा की " अगदिक्कु आगायम् तुणै " – अनाथ के नाथ स्वर्ग (भगवान), आदि सभी कहावतें यही भाव मुखरित करती हैं कि असहाय के सहायक, अनाथ के नाथ, गरीब के दाता भगवान ही हैं। असमीया की एक कहावत " मने खोजे रजा हब, विधिये निदिये खुजि खाब। " – मन चाहे राजा बने, विधाता की इच्छा माँग के खावे, मराठी की कहावत से बिलकुल मिलती जुलती है। – " मनात वाटे हत्ती घोडे पालखीत बैसावे, देवाजीच्या मनात त्याला पायी चालवावे." – उसके मन में था कि हाथी, घोड़ों पर या पालकी में बैठकर घूमे, किन्तु भगवान की इच्छा थी कि उसे पैदल ही चलावें। भाव यह कि ईश्वर की इच्छा के सामने मनुष्य की इच्छा की एक नहीं चल सकती।

ईश्वर की दृष्टि सब स्थानों पर पहुँचती है। विश्वभर की सभी बातों पर उसका ध्यान रहता है। मनुष्य की सीमित दृष्टि और भगवान की सर्वगामी दृष्टि में जो अंतर है, वह एक छोटी-सी विरोधाभासात्मक तमिऴ कहावत बड़ी खूबी से प्रकट करती है। " नोक्क नोक्कुव नोक्कामुन् नोक्कुवन." – जिसको देखने के लिए हम तरस रहे हैं, उसने हमको पहले ही देखा है। अनुप्रास भी कितना मोहक है।

" ईश्वरेच्छा बलीयसी। " संस्कृत के इस वचन का अनुभव तेलुगु, कन्नड़, मलयाळम् आदि

भारतीय भाषाओं की कहावतों में देखने को मिलता है। जिस भगवान ने हमें पैदा किया है वह हमारी चिंता करेगा ऐसा विश्वास सब लोगों में है।

कन्नड़ – " हुट्टिटसिद देवरु हुल्लु मेयिसुवने ? " – जिसने जन्म दिया वह भगवान खाना नहीं देगा क्या ? मलयाळम् – " वाकीरिय दैवं इरयुं कल्पियक्कुं. " – जिस परमात्म ने मुँह दिया, वह खाना भी देगा।

भगवान पर विश्वास करो और अपना काम करते रहो यही सीख इन कहावतों से मिलती है। " ईश्वरेच्छा बलीयसि। " – भगवान की इच्छा ही निर्णायक है, शक्तिशाली है। आदमी कितना भी चाहे, ईश्वर की इच्छा के विना कुछ नहीं कर पाता। अंत में ईश्वर की इच्छा से ही सब कुछ होता है, यह सनातन सिद्धान्त एक कहानी के द्वारा बाङ्ला कहावत प्रस्तुत करती है। " यारे (जारे) ना देय मौला, कि करबे तार आसफद्दौला ? " जिसे मौला न दे, असफउद्दौला क्या कर सकता है ? कहावत का संकेत अवध के दानी नवाब असफउद्दौला की ओर है।

अवध के नवाब असफउद्दौला बड़े ही दानी थे। यहाँ तक कि लोग कहते थे कि जिन्हें भगवान का सहारा न मिला उन्हें असफउद्दौला पनाह देता है। रोज़ाना हज़ारों भिखारी उनकी ड्योढ़ीर। ख़ैरात पाते थे। एक दिन एक भिखारी का ईमान, निष्ठा अजमाने के लिए नवाब ने उसको एक रोटी दी, जिसमें एक सोने की मुहर छिपाकर रखी थी। भिखारी अंधा था। उसको जब वह रोटी अधिक वज़नदार लगी, तब उसको लगा कि वह रोटी बासी है। इसलिए उसने वह रोटी दूसरे भिखारी को दे दी। दूसरे दिन जब वह भिखारी आया तब नवाब सलामत ने मुहर के बारे में पूछा। बेचारा भिखारी क्या कहता ! उसे कुछ मालूम ही न था। मुहर दूसरे भिखारी के पास चली गई थी। भगवान ही उस अंधे भिखारी को कुछ देना नहीं चाहता था, तो असफउद्दौला भी कुछ कर न सका।

भगवान की सर्वोपरि सत्ता का सुलभ परिचय इस कहानी में गूँथा हुआ है।

यूनानी कहावत में भी भगवान की न्यायप्रियता के प्रति कितना अटूट विश्वास प्रकट हुआ है। " भगवान की चक्की चलने में देर लगती है पर जब चलती है तब पीस डालती है। " अंग्रेज़ी की यह कहावत, " God moves with laden feet, but strikes with iron hands "– ईश्वर भारी पाँवों से चलता है, पर लोहे के हाथों से मारता है। – ईश्वरीय न्याय की परिचायक है।

ईश्वर का अस्तित्व कभी कभी हमारी समझ में भी नहीं आता। वास्तव में वह हमारे आसपास चराचर में व्याप्त है, पर उसका अनुभव करनेवाले बहुत कम होते हैं। " Many meet the God, but few salute him. " इस विश्व के व्यवहार का कोलाहल इतना बड़ा है कि उसमें ईश्वर की आवाज़ सुनने को फ़ुर्सत किसको मिलती है ? अपने व्यस्त जीवनक्रम में कुछ क्षण एकाग्र चित्त होकर ईश्वर से नाता जोड़ने का प्रयास करें भी, तब क्या होगा यह अपने अपने अनुभव की बात रहेगी। फ्रेंच कहावत है " Le bruit est si fort, qu'on n'entend pas dieu tonner." – ध्वनि इतनी कर्णकर्कश है कि उसमें भगवान की आवाज़ सुनाई नहीं देती। एक बड़ी रोचक जर्मन कहावत है " Gotf ist ein Glaubiger der keine bosen schulden macht. " – God is a creditor who has no bad debts. अंग्रेज़ी की कहावत है, " God looks to clean hands, not to full ones. "

परमात्मा के करुणामय चित्र को ठीक प्रकार से हमारे मनःचक्षु के सामने अंकित करनेवाली एक सुंदर स्पॅनिश कहावत को यहाँ उद्धृत करना हम उचित समझते हैं। भगवान केवल कठोर नहीं है, दयालु भी है – " No hiere Dios con dos manos. " भगवान कभी दोनों हाथों से नहीं मारता। (एक हाथ वह ज़ख़्म की मरम्मत के लिए सुरक्षित रखता है।)

इस समय अमृतसर के सुवर्णमंदिर में रक्खे सिक्ख गुरु गोविंदसिंग के दो बाणों की याद आए बिना नहीं रहती। बाणों के छोर में सोना लगा पड़ा है। सब बाणों में गुरु सोना लगाते थे। लड़ाई में इन बाणों से कोई आहत हुआ तो ज़ख़्मों के इलाज के लिए उसे सोना मिलेगा, और अगर उसकी मृत्यु हुई तो उसकी अंत्यविधि (funeral rites) के लिए सोना काम आएगा। शत्रु के प्रति कितनी सहिष्णुता का भाव ! ऐसा उदाहरण विश्वभर में प्रायः कहीं नहीं दिखाई देगा।

नीतितत्त्वों के दीप

अब तक उस करुणामय प्रभु के बारे में मनुष्य की क्या भावना है यह हमने भगवान से संबंधित लोकोक्तियों से देखा। अब मनुष्य का मनुष्य से जो व्यवहार चलता है, उसको ठीक प्रकार से चलाने के लिए भी कुछ नीतितत्त्व चाहिए। क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए उसका विचार भी इन्हीं कहावतों के सूत्रों में मिलेगा। उसका परिशीलन भी आवश्यक है। सच्चरित्रता से युक्त सफल जीवन के निर्माण के लिए जीवन के मार्ग पर चेतावनी देनेवाले ऐसे फलक चाहिए। नैतिक आचरण में सत्य-असत्य का विचार सर्वप्रथम आता है।

सत्य-असत्य

दुनिया का ऐसा कोई धर्म या विचारप्रणाली नहीं जिसने सत्य का महत्त्व न माना हो, और जो असत्य का पक्षपाती रहा हो। ईश्वर और उसकी बनाई हुई चराचर सृष्टि ही एक महान सत्य है, तो सत्य को न मानने से क्या होगा। किस आधार पर मनुष्य अपना व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन खड़ा कर सकेगा। " झूठ का मुँह काला, सच्चे का बोलबोला। " यह अगर सच है, तो मिथ्या वचन से अपना मुँह कौन काला बना लेगा ? " झूठे की नैया डूबे भँवर में, सच्चे का बेड़ा पार है। " झूठ बोलनेवाला डूब जाता है और सच की नाव पार हो जाती है। आजकल के पाखंड और ढोंगबाज़ी के युग में असत्य की महिमा क्षण भर बढ़ती हुई दिखाई देगी, और निराशा से लोग यह भी बोल उठेंगे, " झूठ बोलनेवालों को पहले मौत आती थी, अब बुखार भी नहीं आता "। अपने इर्द-गिर्द चलने वाले व्यवहार से हमें ऐसा प्रतीत भी होता है कि ' झूठ ' क बाज़ार गर्म है, और ' सत्य ' लज्जित होकर कोने में बैठा है। लेकिन अन्ततोगत्वा ' सत्य ' की ही विजय होती है ' सत्यमेव जयते ', झूठ का बेड़ा हमेशा गर्क़ होगा। " सच्चे के आगे झूठा रो मरेगा। "

कभी कभी सत्य कटु होता है किंतु वह कभी अपने आपके बारेमें लज्जित नहीं होता। चालबाज़ी तिकड़बाज़ी को पोशाक चाहिए, सत्य नंगा रहना पसंद करेगा – " Craft must have clothes but truth loves to go naked. " झूठ बहुत दूर तक नहीं चल सकता क्योंकि " A Lie has no legs. " स्विस भाषा की कहावत का सच के अमरत्व पर कितना विश्वास है " सच को गाड़ने के लिए सैंकड़ों मन मिट्टी भी कम है। "

स्पॅनिश भाषा का कहना है कि " La mentira tiene cortas las piernas. " – झूठ चलेगा मगर बहुत दूर तक नहीं। स्पेनवालों ने भी ' सच ' को भगवान की बेटी माना है। " La verdal hija de Dios. "

" Tell the truth and shame the devil. " अंग्रेज़ी की यह उक्ति कितनी सुंदर है ! " A Lie stands upon one leg but Truth upon two. "

कभी कभी परिस्थिति से विवश होकर झूठ बोलना भी पड़ा, तो वह आपत्धर्म मानकर कम से कम झूठ बोलना चाहिए, जितना कि आटे में नमक। धर्मराज को भी थोड़ा-सा झूठ बोलना पड़ा था। उनसे द्रोणाचार्य ने पूछा, " क्या अश्वत्थामा का निधन हो गया ?" इसपर उन्होंने ' हाँ ' कहा था और साथ साथ " नरो वा कुंजरो वा " कहकर संशय से लाभ उठाना चाहा। मगर इस झूठ का फल भी उन्हें भुगतना पड़ा। उनका रथ, जो कि धरती से कुछ ऊपर चलता था, धरती पर चलने लगा और उनके लिए स्वर्ग के द्वार खुलने में भी देर हो गई। पंजाबी भाषियों का भी यही विश्वास है। " पल्ले है ही सच ताँ कोठे चढ़ के नच " – अपने पास सच है तो अटरिया पर जाके नाच। – किसका डर है ? सत्य का पुजारी हमेशा निर्भय रहता है।

बदले हुए ज़माने की ओर इशारा करते हुए कश्मीरी की यह कहावत जरा टेढ़ी चाल चलती है " पोज़ वनुँनु पान् ज़न् नटान् अपुज़् । "–सत्य बोलोगे तो शरीर काँपेगा (कष्ट होंगे), झूठ बोलो तो आनंद आ जाएगा। वक्रोक्ति के साथ कही हुई यह कहावत है । अंत मे वे भी यही कहते है " पोज़ुय पज़ान् पोतुस् " – अंत में सत्य ही प्रस्थापित होगा।

सिंधी में भी सत्य का चिरंतनत्व और झूठ का खोखलापन ही दिखाया है " कूड़ जी पाड़ ठिकिरि अते। " – झूठ की जड़ ठीकरे पर खड़ी है । ठीकरे की मिट्टी मुलायम नहीं होती। अतः वहाँ झूठ पनपेगा कहाँ से ? – " सच जी ॿेड़ी लुॾे लुॾे, कीन कड़हि सा ॿुडे ॿुडे। " – सत्य की नाव हिले-डुले पर कभी न डूबे।

मराठी ने झूठ की आलोचना बड़े कठोर शब्दों में की है। " खोट्याचें कपाळी गोटा. " – झूट के सिरपर पत्थर (गिरेगा)। गुजराती ने झूठ की क्षणभंगुरता को आग्रह के साथ प्रतिपादन किया है। " जुठाना आवरदा चार घडी " – झूठ की आयु चार घड़ी। सत्य के साथ हमेशा परमात्मा रहते हैं।

बाङ्ला भाषा सत्य का गौरव करते हुए कहती है कि " सत्येर दुयारे आगड़ नेइ। " – सत्य के द्वार में कोई सांकल नहीं। सत्य में छिपाने लायक कुछ भी न होने के कारण उसके क़िवाड़ हमेशा खुले रहते हैं। सत्य के गौरव के साथ साथ आज के व्यावहारिक जगत में ' सत्यमेव जयते ' के घोष-वाक्य के ठीक नीचे कितना सफ़ेद झूठ बोला जाता है और सब पढ़े-लिखे मान्यवर लोग सच से कैसे परे होते जा रहे हैं, इस बात पर बाङ्ला ने आसूँ बहाते हुए बड़े व्यंग्य के साथ कहा है " सत्यवादी दुइजन, मूर्ख ओ बालकगण। " – अब सत्य बोलनेवाले केवल दो ही बचे हैं, पागल और बालक। कितनी बड़ी चोट है इस ज़माने की रीति पर।

असमीया तो सत्य और असत्य के बारे में और ही कठोर है। " वेश्यार पराचित आछे मिछार पराचित नेइ। " – वेश्यापन या व्यभिचार का प्रायश्चित हो सकता है पर झूठ के लिए कोइ प्रायश्चित नहीं। उसकी सज़ा भुगतनीही पड़ेगी। उर्दू के एक शेर में कहा गया है,

: रात को खूब पी ली, सुब्ह को तौबा कर ली। रिन्द के रिन्द रहे, हाथ से जन्नत भी न गई।। " –
रात में मनचाही मदिरा पी ली, सुबह प्रायश्चित्त किया। बस! यहाँ मदिराप्रेमी भी रहे और वहाँ स्वर्ग भी हाथ से न गया। लेकिन झूठ के लिए तो कोई 'तौबा' नहीं। फल भुगतना ही पड़ेगा। ओड़िआ भाषा की उक्ति है कि "सच और नीम पहले कडुआ होता है, पर बाद में बड़ा गुणकारी होता है।"

दक्षिण की भाषाओं में भी सत्य की महिमा वर्णित है और झूठ की निर्भत्सना। एक बात सच है कि सत्य को प्रस्थापित हो जाने तक बहुत लम्बा संघर्ष करना पड़ता है। अनेक प्रकार की कसौटियों पर घिसकर अन्त में सत्य चमकता है, और झूठ जलता है। "मेय्कोण्डु विळिक्किरदु, कोण्डु पोरिगिरदु" – सत्य हँसता रहेगा, असत्य को रोना पड़ेगा।

नैतिक आचरण

नैतिक आचरण, धर्मपरायणता, गुण–दोष मीमांसा, पाप–पुण्य जीवन के कर्तव्य आदि विषयों में दुनिया के भिन्न भिन्न समाजों में कुछ समान धारणाएँ दिखाई देती हैं। इसलिए उनकी कहावतों से भी व्यवहार के निर्देशक समान सूत्र फूट पड़ते हैं। जैसे हमने देखा कि सत्य की सराहना और असत्य की निर्भत्सना दुनिया के सभी लोगों ने की है, उसी प्रकार व्यभिचार, अत्याचार, अपहरण आलस्य, लोभ, आदि तो वैश्विक दुर्गुण हैं। प्राणिमात्र के लिए दया का भाव, दान, समर्पण की भावना, विनय, धैर्य, आदि तो सब स्थानों पर महान गुण ही माने गए हैं। हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। कुराने शरीफ की एक आयत में कहा है कि "ऐ ईमानवालो, वह बातें करते ही क्यों हो जिन्हें तुम पूर्ण नहीं कर सकते?" "An ounce of action is better than a ton of promise."

अपनी जीवननैया को सफलता से पार करना है, तो कहावतों में दी हुई चेतावनी को ध्यान में रखना होगा। इस पतवार का सहारा हम अगर छोड़ दें, तो न जाने यह निरंकुश नाव किस पत्थर पर जाकर टकराएगी। "Who will not be ruled by the rudder, will be ruled by the rocks."

हम अगर धनवान हैं, बलवान हैं, परंतु हमने अगर सद्गुणों की पूजा नहीं की तो यह जीवन जानवर के समान हो जाएगा। गुणों के अभाव में केवल सुंदर शरीर और रूप का कोई महत्त्व नहीं रहता। गुजराती की कहावत के अनुसार "गुणविना रूप ते जळविना कूप" – विना गुण के रूप मात्र विना जल के कुएँ के समान है, उस का तृषाशमन के लिए कोई उपयोग नहीं है। ईश्वर की दया से सुंदर शरीर प्राप्त हुआ, परंतु मन कुविचारों के कारण शुद्ध न हो, तो जीवन विफल है। यह भाव हिन्दी की यह द्विपदी बड़े ही रोचक दृष्टांत के साथ प्रदर्शित करती है। "मन मलीन सुंदर तन कैसे। विषरस भरा कनक घट जैसे।।" वाह, वाह! अतीव सुंदर! बार बार पढ़ने लायक! सुंदर शरीर में मलिन मन ज़हर से भरे हुए सोने के प्याले के समान है। शुद्ध मन ही निग्रही और दृढ़ हो सकता है। विवेकानंदजी ने भी यही कहा है, "स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन चाहिए" "Sound mind in sound body." तमिळ में भी इसी बात पर बल दिया है कि सद्गुणों द्वारा ही वास्तविक सौंदर्य बढ़ता है। "नौवियुम् वाळक्कैयुम् अळगल्ल, नरगुणम् ओन्रे अळगु"–

यौवन और भौतिक समृद्धि ही सौंदर्य नहीं, सद्गुण ही सौंदर्य है।

सच्चरित्र मनुष्य ही समाज में गौरव प्राप्त करता है। समाज का नेतृत्व करने का अधिकार उसी को प्राप्त होता है। तमिळ की एक कहावत में जो अभिप्राय व्यक्त हुआ है उसे देखिए – " पुण्णियम् इल्लाद वळिकाट्टि वीण् " – चरित्रहीन नेता किसी काम का नहीं।

बाङ्ला की एक कहावत का भी यही अभिप्राय है कि, बाहरी ठाठ-बाट खूब जमाया पर मन यदि साफ न हो तो सब व्यर्थ है। " मन ना मुड़ाले, मुड़ाले केश, गुरु ना चिनिले भ्रमिले देश; मन बोझे ना तीर्थ करे, मिछे काजे घुरे मरे। " – मन नहीं मुँड़ाया, केवल केश मुँड़ाए, गुरु न पाया केवल यात्रा करते रहे। विना जाने बुझे तीर्थ करे वह मिथ्या काम में घूमकर मरे। " सर को काहे मूँड़िये, मन को काहे न मूँड़िये जा में हजार विकार। "

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ऊँचा माना जाता है। जीवन में गुरु न हो और वह चाहे जितना बड़ा विद्वान या मनस्वी भक्त हो, उस का ज्ञान अधूरा माना जाता है।

महाराष्ट्र के महान संत नामदेव को अपने ज्ञान पर बड़ा गर्व हो गया। उन्हें ऐसा अहंकार हो गया कि अध्यात्म की सारी सीढ़ियाँ मैंने पार की हैं। परमेश्वर का वास्तविक रूप मैंने ही जाना है ऐसा अनुभव उन्हें होने लगा। एक बार सब संत एक स्थान पर इकट्ठा हुए थे तो संत गोरा कुम्हार ऊठकर एक एक के सिर पर टकोर मारने लगे। किसी की समझ में कुछ न आया। धीरे धीरे वे नामदेव के पास आए और उन्होंने नामदेव के हजामत किए हुए सिर पर टकोर मारी और एकदम बोल उठे–" यह मटका कच्चा है। " नामदेव गुस्से में आए तो उन्हें समझाने के लिए बुजुर्ग संतों ने कहा कि तुम ने गुरु नहीं किया है, इसलिए तुम्हारा ब्रह्मज्ञान अभी कच्चा है। नामदेव ने पूछा कि भला ऐसा कौन है जो मेरा गुरु हो सकता है? उन्होंने कहा, " बन्धु नामदेव, तुम उस शिव मंदिर में जाओ। वहाँ विसोबा खेचर रहते हैं, उन्हें अपना गुरु करो। " नामदेव वहाँ चले गए और मंदिर में पहुँचते ही क्या देखा कि विसोबा खेचर शिवलिंग पर पैर जमाए-सोए थे। नामदेवजी को बड़ा क्रोध आया। यह शिवलिंग पर पाँव रखकर सोनेवाला बैरागी मेरा गुरु कैसे हो सकता है? उन्होंने विसोबा को जगाया और पूछा, " क्या तुम्हें शिवलिंग पर पाँव रखते हुए लज्जा नहीं आती? " विसोबा ने कहा, " भाई, तुम्हें एतराज़ है, तो मेरे पाँव उठाकर और किसी स्थान पर रख दो। " नामदेव ने आगे बढ़कर उनके पैर उठाए और दूसरी जगह रख दिए। वहाँ भी विसोबा के पैरों तले शिवलिंग उभर आया। जहाँ कहीं वे पाँव उठाकर रख देते, पाँव के नीचे शिवलिंग उभर आता। आखिर थककर वे खड़े रहे तब विसोबा खेचर ने पूछा, " क्यों बेटे, थक गए न? जहाँ ईश्वर नहीं ऐसा कोई स्थान नहीं मिला न? " नामदेव समझ गए। उनका अहंकार चूर चूर हो गया। उन्होंने विसोबा के पाँव पकड़े और उनको अपना गुरु माना।

विना गुरु के ज्ञान अधूरा रहता है। इसी अर्थ की कई कहानियाँ भारत भर में प्रचलित हैं।

भारतीय संस्कृति ने ऐहिक वैभव को तुच्छ माना है। आध्यात्मिक उन्नति की ओर हमारा ध्यान अधिक रहा। इसलिए हमने " ब्रह्म सत्यं, जगन् मिथ्या " का घोष किया। तमिळ की कहावत है– " नुरै औत्तुदुवे तरैयिट्ट पवुशु " – इस विश्व की समृद्धि फेन के समान है।

ऐहिक सुखोपभोग के कारण लोभ, लालसा बढ़ती है। उस के लिए अधिकाधिक सामग्री जुटाने की होड़ में मनुष्य मानवता को भूल कर चाहे जितने पाप करने पर तुल जाता है और अन्त में विनाश

की खाई में गिर जाता है। बाङ्ला की " अति आश, सर्ब्बनाश " कहावत में यही विचार अंकित है। किया हुआ पाप छिपाए नहीं छिपता, वह एक न एक दिन प्रकट होकर ही रहता है। यह भाव ज़रा सी जानपद, ग्रामीण बोली की कहावत में बड़ी आक्रमकता से प्रदर्शित हुआ है, " पानी में हगा ऊपर आता ही है। " – हत्या के बारे में अंग्रेज़ी में यही कहा है " Murder will be out." हत्या कभी छिपी नहीं रहती, वह प्रकट हो ही जाती है। बाङ्ला – " धर्मेर कल वातासे नड़े, पाप करले धरा पड़े। " – धर्म की तराज़ू हवा से हिलती है। किया हुआ पाप ऊपर आता है।

दान-महात्म्य

दूसरों पर उपकार करना, दूसरों की मदद करना, दान के द्वारा ग़रीबों को अर्थ सहाय्य देना इत्यादि बातें मानव-संस्कृति की प्रगति के लक्षण मानी जाती हैं। अपने दातृत्व से महाभारत के महारथी कर्ण विश्व के सब से बड़े दानवीर बन बैठे हैं। दान की अपार महिमा सब भाषाओं में वर्णित है। तेलुगु – " पुण्यं कोद्दी पुरुषुडु, दानं कोद्दी बिड्डलु " – पुण्य के अनुसार पति और दान के अनुसार पुत्र मिलते हैं। अच्छा पति और अच्छे पुत्र प्राप्त हों तो स्त्री का जीवन सफल हो जाता है।

अंग्रेज़ी की निम्नलिखित कहावत में एक ही साथ आचरण के तीन पाठ पढ़ाए हैं – " Alms giving never impoverished, stealing never enriched, and prosperity never made wise. " दान करने से, देने से कभी कोई भिखारी नहीं होता; चोरी करने से कोई धनवान नहीं होता; समृद्धि से सयानापन नहीं आता। डेन्मार्क की डॅनिश भाषा में दान के विषय में दो बड़ी अर्थपूर्ण कहावतें कही गई हैं। इनमें केवल उपकार की भावना नहीं, हल्की-सी स्वार्थ की भावना भी दिखाई देती है। मगर वह स्वार्थ परमार्थ से भी श्रेष्ठ है। " आप दान दीजिए ताकि आप के बच्चों को दान माँगना न पड़े। " भाव यह कि दान के कारण पुण्य प्राप्त होगा, और उस पुण्य के कारण बाल बच्चे समृद्ध होंगे, जो फिर दान कर सकेंगे। दूसरी कहावत बहुत दूर की नहीं सोचती " आज दान करो, ताकि तुम कल भी दान दे सकोगे। " यह तो तुरत दान महापुण्य वाली बात हो गई। इतालियन कहावत – " L'ultimo vestito ee lo fanno senza tasche." – हमारे आखरी वस्त्र (कफ़न) में जेब नहीं होती। इस कहावत में कितना चुभनेवाला अनुभव अजीब ढंग से कहा है। पढ़नेवाले हर किसी के दिल तक टेंस पहुँचेगी। अभिप्राय है कि हम साथ कुछ नहीं ले जा सकते। दान किए जाओ। रूसी कहावत कहती है कि " सोने के पंख होते हैं, पर वे स्वर्ग को छोड़कर और सब जगह ले जाते हैं। " अर्थात सोने का मोह न करो। इसी विषय के बारे में जर्मन कहावत का कथन मनन करने योग्य है। " Der Geiz sammlet sich arm, die Milde giebt sich reich." – दान करने से मनुष्य और अधिक धनवान होता है। और लोभ से (संचय से) वह दरिद्र बनता है। उदार और दानी सज्जनों के पीछे ईश्वर हमेशा खड़ा रहता है। उनको किसी बात की कभी कमी न हो इसलिए साक्षात् भगवान को सतर्क रहना पड़ता है। अंग्रेज़ी की कहावत का यही सार है – "The charitable gives out at the door, and God puts in at the window." – दानी दरवाजे से दान देता है, तो ईश्वर वही दान खिड़की से (फिर अंदर) डालता है। " Spend and God will send." – करो दान तो देगा भगवान।

* * *

जीवन में हम जैसा काम करेंगे उसी के अनुसार फल मिलेगा। इसलिए अच्छे ही काम करने चाहिए तभी अच्छे फल मिलेंगे। हिन्दी की " जैसी करनी, वैसी भरनी। " की समानार्थक कहावतें सभी भाषाओं में हैं। हिन्दी की ही यह ज़रा-सी पटाका कहावत देखिए – " आग खाएगा सो अंगारे हगेगा। " अंग्रेजी में भी यह भाव सीधी तरह से कहा है, " As he brews, so he must drink. " " As he sows so he must reap. " मराठी – " करावे तसे भरावे "– जैसा करो वैसा पाओ। और गुजराती " वावे तेवु लणे " – जैसा बोओ वैसा काटो। ये दोनों कहावतें ' कर्मानुसार फल ' की बात को ही दोहराती हैं।

पाप और पुण्य

पाप और पुण्य के विषय में भी काफी चर्चा कहावतों में अनादि काल से हुई है। पाप और पुण्य की कल्पनाओं में थोड़ा सा परिवर्तन हुआ है। उसकी कोई निश्चित व्याख्या नहीं की जा सकती। आदमी अपने स्वार्थ के लिए पाप-पुण्य की मौलिक कल्पनाओं में परिवर्तन करता जाता है। पाप-पुण्य के विचार को समूल ढोंग माननेवाले भी कई लोग हैं। किन्तु सर्वसाधारण व्यक्ति के व्यक्तिगत चरित्र तथा सामाजिक निरोग जीवन के लिए कुछ बातें त्याज्य होती हैं, और कुछ बातें स्वीकार्य होती हैं। इन्हीं को पाप और पुण्य या सरल भाषा में बुराई और भलाई कहते हैं। " Who swims in sin, shall sink in sorrow. "– जो पाप में तैरेगा, वह दुख में डूबेगा।

कई खलजन जानबूझकर बुराई करने पर तुले हुए रहते हैं। कभी स्वार्थ के लिए, लाभ के लिए तो कभी खेल खेल में बुराइयाँ करते जाते हैं। कई लोग अज्ञान से अनजाने कोई पाप कर बैठते हैं। इन भिन्न भिन्न स्थितियों में जो पाप-पुण्य घटित होते हैं उनके संबंध में नीचे कुछ विचार प्रस्तुत किए गए हैं।

बाङ्ला कहावत है। " अज्ञाने करे पाप ज्ञान हले हरे, सज्ञाने करे पाप संगे संगे फेरे। " – अनजाने किया पाप ज्ञान होते ही निकल जावे, जानबूझकर किया हुआ पाप हमेशा साथ रहे। सोए हुए को जगाया जा सकता है, सोने का बहाना किए हुए को जगाया नहीं जा सकता। सोने का बहाना किए हुए को कैसे जगाएँ? बाङ्ला – " अज्ञानेर पाप ज्ञाने जाय, ज्ञानेर पाप तीर्थे जाय, तीर्थेर पाप म'ले ओ जाय ना। " ज्ञान होने पर अनजाने में किया पाप क्षम्य है, जानबूझकर किए पाप का तीर्थ या पवित्र क्षेत्र में जाने से क्षय होगा, लेकिन तीर्थ में किया हुआ पाप मरकर भी नहीं मिटता। जो बुराई करने के बाद पश्चात्तापदग्ध होकर ईश्वर से क्षमायाचना करता है, उसके लिए सद्‌गति का द्वार खुल जाता है। अंग्रेज़ी में भी यही सिद्धान्त है – " He that after sinning mends, recommends himself to God "– जो पाप करने के बाद सुधारना चाहता है, प्रायश्चित्त करना चाहता है, वह ईश्वरीय कृपा के योग्य बनता है।

पाप करके, अनीति के मार्ग से कमाया धन पल्ले नहीं पड़ता। उसका उपभोग पापी खुले आम नहीं कर सकता। इसलिए उस धन को छिपाने की चिंता में वह धन ही संग्राहक को खाने लगता है। यह भाव सभी भारतीय भाषाओं में विशेष रूप से पाया जाता है। " चोरी का माल मोरी में " जाएगा। सिंधी, मराठी, बाङ्ला आदि भाषाओं में कहा है कि पापी का धन प्रायश्चित्त में जाएगा। सिंधी– " पाप की माया प्राछत जाइ। " मराठी– " पाप्याचे धन, प्रायश्चित्तास अर्पण. " बाङ्ला

"पापेर धन प्रायश्चित्ते जाय।" कन्नड – "पापि गळिसिद्दु परर पालु" – पापी की कमाई दूसरों के पेट में। सब जगह एक भाव है। "Ill gotten ill spent." ओड़िआ ने "पाप का धन प्रायश्चित में जाय" कहते हुए और भी एक बात कही है – "अधर्म वित्त बढ़े बहुत, गला बेळे जाए मूळ सहित।" – पाप का धन बढ़े बहुत, जाने लगे तो जाए मूल सहित।

पाप पुण्य के अंतर्गत सारे मानवीय व्यवहार का विचार कहावतों ने किया है। ऐसा करते समय कभी कभी परस्पर विरोधी विचार भी प्रदर्शित हुए हैं। सारा मानव-जीवन विरोधाभास से भरा हुआ है। अपनी कमाई पर निर्भर रहकर ही जीवन यापन करना चाहिए। कर्ज़ नहीं लेना चाहिए। कर्ज के कारण आदमी का विनाश हो जाता है। तमिळ – "कडन् इल्लाद कंजि काल् वयिरु" – कर्जरहित कंजी पाव पेट भर ही सही। संत तुकाराम ने तो कहा है कि भीख मांगना भी लज्जा की बात है। "भिक्षापात्र अवलंबिणे, जळो जिणे लाजिरवाणे।" भीख मांगकर निर्वाह करना! आग लगे ऐसे तुच्छ जीवन में। हमने दान की महिमा गाई है, किन्तु दान लेनेवाला न हो तो दानियों के पुण्य का क्या होगा? कर्ज के बारे में तो उपभोगवादी 'चार्वाक' ने कहा है "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत" कर्ज़ लेकर भी घी पिओ, मज़े में रहो। तेलुगु कहावत कहती है– "अप्पु चेसि पप्पु कूडु" – कर्ज़ लो और दाल रोटी खाओ। यह तो जीवन की आवश्यकता के लिए कर्ज़ की बात हो गई, लेकिन अमन-चैन या गुलछर्रे उड़ाने के लिए कर्ज़ लेने के पक्षपाती कम नहीं होंगे।

"कर्ज़ की पीते थे हम, और कहते थे कि हाँ। रंग लाएगी हमारी फ़ाकामस्ती एक दिन॥"

धर्माचरण, सदाचरण के लिए पथप्रदर्शक कई सूत्र हर भाषा में मिलते हैं। व्यभिचार छिनालपन के विरोध में बहुत कुछ कहा गया है। विश्वभर की कहावतों को देखने पर ऐसा दिखाई देता है कि स्त्री के व्यभिचार अथवा पुरुषों के प्रति असाधारण व्यवहार की चर्चा बहुत हुई है। प्रायः यह दिखाई देता है कि पुरुषों को बहुत सारे नीतिनियमों से छूट दी गई है।

मराठी के एक नाटक में एक संवाद है। पुरुष कहता है – "मैं कुलीन हूं, क्योंकि मैं पुरुष हूं"। पराई स्त्री से संबंध को दुनिया की सभी सभ्यताओं ने केवल त्याज्य ही नहीं, अपितु पाप भी माना है "अनार्या परदारव्यवहारः।" किन्तु ऐसे व्यवहार के लिए पुरुषों को बहुत कम दूषण दिया जाता है और स्त्रियों की ज़रा–सी गलती पर कड़ी अलोचना होती है। स्त्री को जाति के बाहर फेंका जाता है। जीवन से उठाया जाता है। उससे इतना भयंकर सलूक किया जाता है कि वह कहीं की नहीं रहती। इतना होने पर पुरुष ही उल्टी शिकायत करता है, "हम आह भी भरते हैं, तो होते हैं बदनाम। वो कत्ल भी करती है तो चर्चा नहीं होता।"

योग्यायोग्य धर्माचरण और पापपुण्य की टिप्पणियाँ करनेवाली निम्नलिखित कहावतें देखिए।

वाङ्ला – "नष्ट गुया दखिन वाये, नष्ट झि दोचारिणी माये, नष्ट बहू परेर घरे, पुत्र नष्ट परदार करे।" – सुपारी का पेड़ दक्षिण की हवा से नष्ट हो जाएगा। यदि माँ दुराचारिणी हो तो बेटी का विनाश होगा। बहू अगर दूसरों के घर में रही तो बिगड़ जाएगी। पर स्त्री से संग करने से बेटे का पतन होगा।

छिनाल नारी का लक्षण 'डाक' की उक्तियों में भी पाया जाता है। वाङ्ला – "नियड़ पोखरी दूर के जाय, याते बेळे गीत गाय। पथिक रे चाहे आड़दृष्टि, डाक बोले सेइ से नष्टि।" – निकट की पोखरी छोड़ (पानी के लिए) दूर जाए, जाते समय गीत गाए, राही को तिरछी नज़रसे देखे,

डाक बोले ऐसी नारी छिनाल है।

स्त्री के सतीत्व के बारे में काफी चर्चा साहित्य में दिखाई देती है। कम से कम भारतीय नारी के लिए सबसे अधिक मूल्यवान उसका चरित्र, सतीत्व ही माना गया है। जिसका चरित्र बिगड़ गया है, जो अपना सतीत्व खो बैठी है ऐसी नारी लोगों की आँखो में गिर जाती है। उसकी परिवारिक और सामाजिक प्रतिष्ठा भी समाप्त हो जाती है।

दुःख की बात यह है कि जिस स्थान से वह गिर जाती है, उस स्थान को फिर से पाना उसके लिए असम्भव हो जाता है।.तमिऴ–" अरैक्कासुक्कु अऴिद करपु आयिरम् पोन् कोडुत्तालुम् किडैयादु। "– दो पैसे के लिए बिका गया सतीत्व सहस्र सुवर्णमुद्रा देने पर भी वापस नहीं आता। कलंक लग गया सो लग गया। बूँद से गई सो हौज से भी वापस नहीं आ सकती। एक बार कमान से छूटा हुआ तीर और बंदूक से चली गोली वापस नहीं आती। गौ के थन से निकला हुआ दूध वापस कांछ में भरना असंभव है। आधुनिक दृष्टान्त के साथ हम यों कह सकते हैं कि एक बार ट्यूब से निकला हुआ टूथपेस्ट (दंतमंजन) फिर अंदर नहीं भरा जा सकता। इस लिए विश्वभर की सभी भाषा ओं की कहावतों में चरित्र (कैरेक्टर) को सब से प्रधान स्थान दिया गया है। अंग्रेज़ी कहावत के अनुसार – " If money is lost, nothing is lost; if time is lost, something is lost; if character is lost, everything is lost " पैसा नष्ट हुआ तो कुछ भी नष्ट नहीं हुआ, समय नष्ट हुआ तो थोड़ा-सा ही नष्ट हुआ, और चरित्र नष्ट हुआ तो सब कुछ चौपट हो गया। इसी अर्थ की डच भाषा की उक्ति का दर्शन भी कराया जा सकता है। "Goed verloren, niet verloren; moet verloren, veel verloren; eer verloren, meer verloren; zeil verloren, al vərloren" – पैसा गया, कुछ न गया; धैर्य गया, कुछ तो भी गया; सम्मान गया, बहुत कुछ गया, और मेरी आत्मा गई तो सब कुछ गया। अरबों ने कहा है " तुम्हारी जिंदगी का एक एक दिन तुम्हारी तवारीख़ (इतिहास) का एक एक पृष्ठ है, उसे साफ-सुथरा रखना ज़रूरी है।

* * *

दूसरों की बुराई चाहनेवालों पर विपदा आती है। दूसरों को दुःख देना, दूसरों के अनिष्ट की इच्छा करना कभी किसी संस्कृति ने अच्छा नहीं माना है। भोजपुरी क्षेत्र की यह कहावत देखिए " अनका पर ढेप चलावे तऽ अपना पर बज्जर खसाय " – दूसरे पर ढेला फेंकोगे तो अपने पर वज्र चलेगा। " तू गोर खोद मोंको मैं गाड़ आऊँ तो को। " – तू मेरे लिए कबर खोदेगा, तो मैं तुझे ही उसमें गाड़ दूँगा। मराठी में कहते हैं " इच्छी परा ते येई घरा " – दूसरों के बारे में जो सोचो (बुरा) सो अपने ही घर आएगा। गुजराती की एक कहावत देखिए कितनी ठोस है –" रांड कहिये त्यारे छीनाल सांभळवी पड़े " – किसी को रांड कहो तो छिनाल सुनना पड़ेगा। दूसरों को गालियाँ दो तो बुमरैंग के समान और तीक्ष्ण उलाहने तुम्हारे पास वापस आएँगे। " If you say what you like, then you will have to hear what you don't like. " – आप चाहे सो बोलेंगे, तो आप ना चाहें सो सुनना पड़ेगा। इसलिए हमें चाहिए कि हम अपनी ज़बान पर पूरा काबू रखें। जर्मन कहावत कहती है – " Besser mit dem Fusse gestrauchelt als mit der Zunge. " जिह्वास्खलन से पदस्खलन अच्छा है। पाँव फिसलने से तुम्हे शारीरिक दुःख होगा पर जीभ के फिसलने से न जाने क्या क्या अनर्थ होंगे। इसलिए तो ईरानी भाषा में बोलने

को चांदी कहा है और चुप्पी साधने को सोना कहा है। अंग्रेज़ी की " Silence is golden." कहावत का भाव भी यही है। उर्दू में एक अच्छा सबक पेश है " ज़बान शिरीं मुल्कगीरी ज़बान टेढ़ी मुल्क बाँका। "– मीठे वचन जगत् जीतेंगे और कडुवे वचन दुनिया से शत्रुता मोल लेंगे। कश्मीरी ने तो जीभ को तलवार से भी अधिक धारदार माना है। " शमशेरि हुन्द् ज़ख़ुम् बलि, ज़ेवि हुन्द् ज़ख़ुम् छुनुँ बलान्। "– तलवार का घाव भर आएगा, जीभ का घाव नहीं भरेगा। सिंधी ने अपनी कहावत, " तरारि जो फटु छुटो वञे, ज़िबान जो फटु न छुटे। " में यही भाव प्रकट किया है। इस विषय पर गुजराती भाषा का कथन आलंकारिक परंतु नित्य व्यवहार में अनुभव देनेवाला है। " बापनी बैरी कहेवा करता मा कहीये तो पाणी पाय " – बापकी लुगाई (पत्नी) कहने के बदले माँ कहो तो पानी पिलाएगी। किसी को सम्मानित करके काम निकालना अच्छा होता है। बाप की पत्नी और माँ में वास्तविक कोई अंतर नहीं है, परंतु पहला संबोधन अखरता है। ' माँ ' शब्द में ही वह जादू है कि कोई भी स्त्री उसको माँ कहने पर कहनेवाले की ओर वात्सल्य से ही देखेगी। बाङ्ला भाषा संबोधन की और एक बारीकी प्रस्तुत करती है। " तुइ बलते यतक्षण, तुमि बलते ओ ततक्षण। " ' तू ' बोलने में जितना समय लगता है, ' आप ' बोलने में उतना ही समय लगता है। मुँह में शुभ भाषा हो, मधुरध्वनि हो, जिससे सारा संसार तुम जीत सकोगे। ओड़िआ कहावत भी जीभ की भयावहता प्रकट करती है – " तुंड, करे लंडभंड। " – मुँह ही (आदमी की) बेइज़्ज़ती, अपमान करता और करवाता है। वास्तव में मुख में शुभ शब्दों की कभी कमी नहीं होनी चाहिए। " तुंडकु कि हुळहुळि दुकाळ ? " मुँह में क्या मंगलध्वनि का अकाल हो सकता है।

इस सारे कथन का यह अभिप्राय नहीं कि हम केवल मीठा कहें और उसके विपरीत आचरण करें। तब तो वह " मुख में राम, बगल में छुरी " वाली बात हो गई। उक्ति और कृति में भयानक अंतर आ जाए तो वह भी अनैतिक (immoral) माना जाएगा। मराठी – " लोका सांगे ब्रह्मज्ञान, आपण कोरडा पाषाण " – दूसरों को ब्रह्मज्ञान सिखाता है, जब स्वयं सूखे पत्थर के समान है। उस ब्रह्मज्ञान के सरोवर में कहनेवाले का हृदय स्नात नहीं है, वह पत्थर की तरह कठोर ही है।

" हाथ सुमरनी, बगल कतरनी, पढ़े भागवत गीता रे। औरों को तू ज्ञान सिखावे, आप पड़े तू रीता रे॥ "

* * *

सब चराचर सृष्टि के बारे में हमारी सामूहिक नैतिक धारणा का केन्द्रबिंदु यह होना चाहिए कि समता का भाव, उच्च नीच का भेद न मानते हुए सब के प्रति विशाल सहिष्णुता का भाव सबमें उत्पन्न हो। प्रगत मानवतावादी विचारों का यही वास्तविक अधिष्ठान है। अंग्रेज़ी में कहा है – " We are all Adam's children, but silk makes the difference. " हम सब ईश्वर की संतान हैं, किन्तु हमारी पोशाक ने आपस में यह फर्क किया है। कोई रेशम पहनता है, तो कोई पटसन, जिससे यह अंतर पड़ता है। बाकी विवस्त्र अवस्था में सब समान हैं।

अपने खेल के लिए ईश्वर ने किसी को राजा बनाया किसी को पियादा। लेकिन शतरंज के इस खेल के बाद सब एक साथ एक ही संदूकची में पहुँच जाते हैं।

नीतितत्त्वों का पालन करनेवाले, स्वयं अपने जीवन में नित्यप्रति उनका परिचय देनेवाले लोगों का व्यक्तित्व ही सब लोगों के सामने एक आदर्श खड़ा करता है। सैंकड़ों प्रवचनों से जो

काम नहीं हो सकता, वह स्वयं कर दिखाने से होता है। इसलिए अंग्रेज़ी की एक कहावत में कहा गया है—Example is better than precept. ऐसे सदाचारी व्यक्ति सज्जनों के लिए सहारा बनते हैं और दुष्टों तथा अनाचारियों के लिए भयप्रद होते हैं। यही भाव तमिळ की इस कहावत से निखरता है, " नल्लोर नडक्कै तीयोरुक्कुत्त् दिगिल् " – सज्जनों का व्यवहार दुष्टों के लिए भयप्रद होता है।

विवेक, सयानपन, बुद्धिमानी।

कहावतें जीवनानुभव का निचोड़ होने के कारण जीवन के अंग अंग को स्पर्श करते हुए, जीवन का अर्थपूर्ण परिशीलन करके हमारे सामने विवेक और बुद्धिमत्ता की सारी बातें कह देती हैं। अखिल विश्व का सयानपन इन छोटे छोटे सूत्रों में ठूस ठूस कर भरा हुआ है। धूर्त और चतुर विचारों से भरा हुआ यह भंडार हम ज़रा खोलके देखने का प्रयास करेंगे तो स्तिमित रह जाएँगे। कहावतों में बहता हुआ विचार-स्वतंत्रता का उद्घोष, अपनी बात पर अडिग रहने का आग्रह, बार बार उन बातों को दोहराकर ' मस्तिष्क-प्रक्षालन ' (brain-washing) करने की उनकी क्षमता अपार है। मनुष्य हृदय के स्पंदन स्पंदन को, सूक्ष्मतम कंपन को अंकित करके उनकी क्रिया – प्रतिक्रिया का अवलोकन करने के बाद निकाले हुए सिद्धांतों को हमारे सामने रखा है।

माता, पिता, बन्धुजन, बच्चों की देखभाल, पढ़ना, लिखना, किताबें, उन्नति और वैभव या परागति और विपत्ति-वासनाओं का नियमन आदि बातों पर विवेकपूर्ण अभिप्राय हमें कहावतों में मिलेंगे। सूचनाओं और चेतावनियों से पुष्टगर्भ इन कहावतों के अध्ययन से सफल जीवन-यापन के लिए सामग्री मिल सकती है। उसका उपयोग किस प्रकार करना यह तो अपने अपने बस की बात है। हिन्दी की एक कहावत में क्या क्या करने से आदमी की अधोगति होगी यह कहा गया है। " आहार चुके वह गए, ब्योहार चुके वह गए, दरबार चुके वह गए, ससुराल चुके वह गए। " अब देखिए ' इक लख पूत, सवा लख नाती, उस रावण के दीया न बाती। ' में कैसा उचित उपदेश रामायणकालीन एक कथा का स्मरण दिलाते हुए किया है। रावण का इतना बड़ा परिवार था। भाईबंधु, पुत्रपौत्रों के होने के बावजूद भी मृत्यु के समय और पश्चात् दीप जलाने के लिए भी कोई नहीं रहा। घमंडी रावण की यह गत हुई। धन, प्रतिष्ठा, सामर्थ्य आदि सभी नश्वर हैं, यह समझकर बड़ा ही नम्र और विनीत भाव मन में रहे।

" जिनकी नौबत की सदा से गूँजते थे आसमाँ, चुप पड़े हैं मकबरों में, हूँ या हाँ कुछ भी नहीं। "

जिनकी जयजयकार की ध्वनि से सारा विश्व कंपित होता था, ऐसे बड़े बड़े शक्तिशाली धुरंधर आज अपनी कबरों में चुपचाप पड़े हैं। उनकी तो आवाज़ बंद हो ही गई, पर उनके लिए दुख के दो आँसू भी कोई नहीं बहाना चाहता। जिनकी गोर पर रंगबिरंगे फानूस जला करते थे, उन की तुरबत पर टिमटिमाता दिया भी नहीं है।

एक समय एक ही काम ठीक ध्यान लगाकर करना चाहिए, एक साथ कई काम करने गए तो कोई भी काम अच्छा न होने का डर रहता है। बाङ्ला की यह कहावत " दु नौकाय पा दिले, पड़बे शेषे अगाध जले। " – दो नावों पर पाँव रखने पर अथाह जल में गिरना होगा, अनुभव के आधार पर अचूक मार्गदर्शन करती है। हिन्दी में वचन है " चलत फिरत धन पाइये, बैठे देगा

कौन ?" अपनी रोज़ी कमाने के लिए हाथ-पाँव हिलाने पड़ेंगे। बैठे बैठे कोई आकर रोटी देगा यह आशा व्यर्थ है। वाङ्ला – "चललेइ चल्लिश बुद्धि, ना चललेइ हतबुद्धि।" – चले तो बुद्धि (अनुभव) चालीस गुना बढ़ेगी, न चले तो बुद्धि नष्ट हो जाएगी, सूख जाएगी। संस्कृत वचन "चराति चरतो भगः" में भी यह भाव है। चलनेवाले का भाग्य चलता है। * * *

स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता का उद्घोष सभी भाषाओं ने किया है। अपना काम हम स्वयं करें तब अच्छा होता है। दूसरों को सौंपे हुए काम का भरोसा नहीं होता। "अपना हाथ जगन्नाथ।" मराठी में कहा है "जो दुसऱ्यावरी विश्वासला त्याचा कार्यभाग बुडाला" – जो दूसरों पर निर्भर रहा, उसका कार्य नष्ट हुआ ही समझो। कश्मीरी भाषा ने यह भाव बड़े रोचक ढंग से कहा है – "चन्दस् ह्युह नुँ वान्दव् व्वन्दस् ह्युह नुँ तिरुँथ" – अपनी जेब जैसा बन्धु नहीं और अपने हृदय समान तीर्थ नहीं। कोई चीज स्वयं अपने हाथों से किए बिना, उसका तंत्र और मंत्र ध्यान में नहीं आता। "खुद मुए बिना स्वर्ग नहीं देखा जा सकता।" – इस आशय तथा इसी दृष्टान्त की कहावत सभी भाषाओं में है। "He who depends on others, dines ill and sups worse." जो दूसरों के भरोसे रहता है, उसको दोपहर या रात का भोजन नहीं मिलता। तेलुगु– "अरचेतिलो वैकुंठमु" – वैकुंठ अपने ही हाथ में है। इस आशय की भारतीय भाषाओं की सभी कहावतें हमने प्रथम खण्ड के आठवें अध्याय में दी हैं।

यूरोपीय भाषाओं में यह आत्मनिर्भरता का भाव (self reliance) किस प्रकार प्रस्तुत किया है यह देखेंगे। कवि स्पेन्सर ने अपनी कविता में यह विचार इस प्रकार प्रस्तुत किया है – "Unhappy wight born to disaster's end, That doth his life in long dependence spend." फ्रेंच कहावत भी अपने बल पर निर्भर न रहने से क्या होता है यह इस प्रकार बताती है। "Qui s'attend a l'e'cuelle d'autrui dine souvent par coeur." – जो दूसरों की (मांस काटने की) छुरी पर निर्भर रहेगा, उसको भोजन केवल कल्पना में ही करना पड़ेगा। स्पॅनिश कहावत – "Qui escudella dalt/i espera, freda la menja" – जो दूसरे की थाली की प्रतीक्षा करेगा, उसे ठंडा मांस मिलेगा। पोर्तुगाली बड़े विनोदी ढ़ंग से इस आशय को प्रकट करते हैं। "Manda o omo ao moco, o moco ao gato, e o gato ao rabo." – मालिक ने नौकर को हुक्म दिया, नौकर ने बिल्ली को आज्ञा की और बिल्ली ने अपनी पूँछ को। स्वयं कोई करना नहीं चाहता, दूसरों को हुक्म देता जाता है। मराठी में एक बढ़िया मुहावरा है "ऊँटपर सवार होकर बकरियाँ हाँकना।" डेन्मार्क की कहावत ने इस उक्ति के समानान्तर भाव को प्रदर्शित करने के लिए एक निराले दृष्टान्त का सहारा लिया है। "Den der venter paa dod mands skoe kommer laenge til at gaae barfodet" जो मरे हुए की जूतियों का (जूतियाँ मिलने का) इन्तज़ार करेगा, उसे बहुत दूर तक नंगे पाँव जाना पड़ेगा। "God helps those who help themselves ' – जो स्वयं अपनी सहायता करता है, उसकी ईश्वर भी मदद करता है। इसी का अनुवाद सभी यूरोपीय भाषाओं में देखने मिलता है। उर्दू में भी कहा जाता है – "हिम्मत-ए-मर्दा, मदद-ए-खुदा।"

काम स्वयं करना चाहिए और वह ठीक समय पर करना चाहिए। "कल करे सो आज कर और आज करे सो अब"। इसी आशय की अंग्रेजी कहावत है – "Don't put off till to-

morrow what you can do to-day " इसी आशय को वहन करनेवाली किन्तु नित्यानुभव की चोट जिसमें जोरदार है ऐसी स्पॅनिश कहावत चिंतन और मनन करने योग्य है। " Por la calle de despues se va a la casa de nunca " – 'आज करें, कल करें' के रास्ते आदमी 'कभी नहीं' के घर पहुँचता है।

एक बार हमने Silence is golden कहा है, किन्तु व्यवहार में तो बोलना ही पड़ता है। न बोलने से काम कैसे निपटाएंगे? न बोलनेवाला बेचारा भूखों मरेगा। मराठी में कहते हैं – " बोलक्याची गाज़रे विकतील न बोलणाऱ्याची केळी विकणार नाहीत " – बोलनेवाले के गाजर बिकेंगे, न बोलनेवाले के केले भी नहीं बिकेंगे। अथवा गुजरातियों का, जो कि चोटी के व्यापारी माने जाते हैं, यही अनुभव है " बोलताना बोर वेचाय, ना बोले तेनी खारेक पण न वेचाय " – बोलनेवाला बेर भी बिका देगा, न बोलनेवाले का खजूर भी पड़ा रहेगा, नहीं बिकेगा। इसलिए तो हम देखते हैं, सब्जीवाले, फेरीवाले, ज़ोर ज़ोर से चिल्ला-चिल्लाकर अपने माल की ज़ाहिरात करते रहते हैं। इतालियन कहावत है – " Chi parla semina, chi tace raccoglie." – जो बोलेगा सो बोएगा, जो चुप बैठेगा सो फल भुगतेगा (उसका काम बिगड़ेगा)।

संगति का प्रभाव

हर व्यक्ति या प्राणी पर, वह जिस वायुमंडल में रहता है, जिसके साथ रहता है, उसका प्रभाव तो अवश्य पड़ता है। आदमी जन्म लेता है, तब बिलकुल निर्गुण होता है। भारतीय दर्शन के अनुसार वह पूर्वजन्म के जो कुछ संस्कार लेकर आया होगा वह बात निराली है, अन्यथा वह तो अच्छे – बुरे संस्कार संगति के कारण ही पाता है। इस मनुष्य जीवन में संगति का बड़ा ही महत्त्व है। A man is known by the company he keeps – मनुष्य की अच्छाई, बुराई, गुणावगुण उसके संबंधियों या मित्रों पर निर्भर करते हैं। " ओछे के संग बैठके सुघड़ों की पत जाए। " – नीच व्यक्ति के साथ व्यवहार करने से अच्छे लोगों की कीमत कम हो जाती है। " असङ्गसङ्ग दोषेण सत्याश्च मतिविभ्रमः। "– बुरी संगति में फँसने पर निश्चय ही बुद्धि विचलित हो जाती है। यशोदायी जीवन के लिए बुद्धि का संतुलन परमावश्यक है।

" सोना कहे सुनार से 'उत्तम मेरी जात' काले मुँह की घुंगची तुले हमारे साथ। " तिसपर घुँगची कटाक्ष करती है, " हम लालों की लालड़ी, लाल हमारा रंग; काला रंग जब से हुआ, तुली नीचे के संग। " " पयोऽपि शौंडिकीहस्ते वारुणीत्यभिधीयते। " शराब बेचनेवाले के हाथ में होनेवाला दूध भी शराब ही माना जाता है। रहीम ने भी कहा है– " दूध कलारी कर गहे मद समझे सब ताहि। " भोजपुरी क्षेत्र की कहावत में इसी प्रकार का सिद्धान्त है " कलवारक लड़िका भूखे मरे, लोक कहे जे दारू पीले अछि। " – बेचारा कलार का लड़का भूख से बेज़ार है, छटपटा रहा है और लोग समझते हैं उसने शराब पी होगी। यह सहवास का नतीजा है। " जहाँ गदहन के बिटोर तहाँ लात के सनसनाहट " गधों की यारी में लातों की ही सनसनाहट होगी। पंजाबी – " कमीने दी यारी अटुए दा डंग। " – नीच की दोस्ती बिच्छू का डंख। दूसरी पंजाबी कहावत " कोयल्यां दी दलाली विच मूँह काला। " मराठी कहावत से मिलती जुलती है, " कोळशाच्या दलालीत हात काळे " – कोयले की दलाली में हाथ काले। मराठी की कहावत " सुक्या-

बरोबर ओले जळते. " और सिंधी की कहावत "सुकनि गडु आला बरनि।" दोनों का मतलब एक ही है – सूखे के साथ गीला भी जलता है। जैसे कुसंगति का बुरा असर होता है वैसे सत्संगति का भी अच्छा परिणाम निकलता है। तमिळ की कहावत "शंगिले वारत्ताल तीर्तम्" और तेलुगु की "शंखुलो पोस्ते तीर्थम्" एक ही आशय समान दृष्टान्त के द्वारा प्रकट करती हैं। पानी जब शंख से निकलता है तब पवित्र जल माना जाता है। स्थान माहात्म्य का यह उदाहरण है। कन्नड़ में भी "शंखदल्लि बंदरे तीर्थ" कहावत प्रयोग में है। पानी जब गोमुखी से निकलता है तब तीर्थ मानते हैं; और नाली में बहता है, तो गन्दा माना जाता है। कन्नड़ की कहावत नित्य के व्यवहार में से एक प्रसंग उठाती है और कहती है "मल्लिगे हूविनिंद बाळेय नारु पवित्रवायितु" – फूल के कारण केले का तंतु पवित्र हुआ। दक्षिणांचल में केले के तंतु में पुष्प पिरोकर माला बनाते हैं। जब पुष्पमाला भगवान को चढ़ाई जाती है, तब फूलों के साथ यह तंतु भी भगवान के स्पर्श से पावन हो जाता है। फूलों के साथ उसे भी मुक्ति मिलती है। मलयाळम् कहावत – "पू कोत्त नारिनुं मणमुण्टाकुं।" – (फूलों की संगति में) पुष्पमाला का धागा भी महकेगा।

जिस प्रकार कालिदास की नगरी के तोते भी कविता पाठ करते थे, तानसेन की नगरी के गधे भी सुस्वर रेंकते थे, उसी प्रकार तमिळ कहावत के अनुसार "कंबन वीट्टुक कट्टुत् तरियुम् कवि पाडुम्" – कंबन के घर का गाय बाँधने का खूँटा भी गीत गाएगा। उत्तर भारत के लोगों में तुलसी की रामयण जितनी प्रचलित है, उतनी ही कविवर कंबन की रामायण दक्षिण भारत में, विशेषतः तमिळनाडु में, प्रचलित है।

गुजराती में (कु) संगति का प्रभाव समझानेवाली एक बहुत मज़ेदार कहावत है। दैनंदिन व्यवहार से एक छोटा-सा अनुभव उठाकर व्याकरण के लिंगविचार का उपयोग करके एक चुटकुला कह दिया है। नारी के संग रहने से पुरुष का अस्तित्व कैसे समाप्त होता है यह बात एकदम हल्की-सी चुभन के साथ कही है – "दाळनी सोबतथी चोखो नर मटी नारी बन्यो" – दाल की संगत से चावल नर की नारी हो गई। श्लेष इस प्रकार है – दाल (चाहे मूँग की हो या अरहर की) स्त्री है और चावल पुरुष (पुल्लिंग)। मगर दोनों को मिलाकर जो चीज़ बनती है वह 'खिचड़ी' स्त्रीलिंगी है। इस प्रकार दोनों के इकट्ठा आने पर नर का अस्तित्व समाप्त हुआ और बची केवल "खिचड़ी" स्त्री। संगति की प्रभाववाली भारतीय भाषाओं की कहावतें हम भारतीय कहावत संग्रह के द्वितीय खण्ड में दे रहे हैं।

भारतीय भाषाओं की तरह यूरोपीय भाषाओं में भी संगति के परिणाम का निर्देश करनेवाली कई कहावतें प्रचलित हैं। किन्तु अंग्रेज़ी कहावत "Who keeps company with a wolf will learn to howl" – जो भेड़िये के साथ रहेगा, वह गुर्राना सीखेगा – की समानार्थी और भेड़िये का ही दृष्टान्त लेकर चलनेवाली दो तीन भाषाओं की कहावतें दे रहे हैं जिससे विचारों की समानता पर प्रकाश डाला जा सकता है। जर्मन "Wer mit den Wolfen ist, musz mit den Wolfen heulen." – जो भेड़ियों के साथ रहेगा, उसे गुर्राना पड़ेगा। इतालियन "Chi vive tra lupi, impara a urlare" स्पॅनिश – "Quien con lobos anda, à aullar se ensena." या डच कहावत – "Dei met wolven omgaan wit, moet

mede huilen." सब का मतलब एक ही है कि भेड़ियों के साथ रहें तो गुर्राना होगा। चीनी कहावत है कि "जो कुत्ते के साथ सोएगा वह मक्खियाँ लेकर उठेगा।"

सत्संग और कुसंग का विचार पाश्चिमात्य तथा पौर्वात्य समाजधुरीणों ने महत्त्व का माना है इसलिए हम देखते हैं कि हर बालक के माता-पिता अपने बच्चे को कुसंगति से बचाना चाहते हैं।

एकता

दुनिया भर के विद्वान विचारकों ने 'एकता' पर बल दिया है। संगठन की शक्ति को सबने माना है। जो काम एक या दो व्यक्तियों से संपन्न नहीं होता, वह बहुतों की सम्मिलित शक्ति से सफल हो सकता है। यह त्रिकालाबाधित सत्य है कि सुसंगठित अनुशासनबद्ध समाज ही बलशाली होकर अपनी विजिगिषु ध्वजा को आसमान में लहरा सकता है। इसलिए उन्नति और विकास की ओर चलनेवाला हर मानवसमूह व्यक्ति व्याक्ति के बीच एकात्मता के बंधन दृढ़ करता जाता है। जिस समाज के व्यक्तियों में यह एकात्मता की भावना प्रबल रहती है, वह समाज सर्वांगीण उन्नति की ओर तेज़ी से बढ़ता है। 'Union is strength" – एकता में शक्ति है। संस्कृत की कहावत है – 'संघे शक्तिः कलौ युगे।' राजस्थानी कहावत है – "घण जीतै हो लछमणा।" – हे लक्ष्मण संगठन में महाशक्ति होने के कारण 'लंका' पर विजय प्राप्त होगी। "United we stand, divided we fall." 'एकता' से हम खड़े रहेंगे, विघटन से हमारा पतन होगा। उर्दू में ठीक ही कहा है "जमात से करामत।" गुजराती भाषा जीवसृष्टि का एक उदाहरण देकर एकता की महानता कथन करती है। "झाझी कीडिओ सॉप ने ताणे।" – बहुतसी चीटियाँ मिलकर साँप को खींच कर ले जाती हैं। तेलुगु की कहावत और एक प्रति दिन का अनुभव पेश करती है – "हर घर से एक फूल लेकर भगवान के लिए पुष्पमाला बनेगी।" एक एक बूंद जोड़ने से तालाब भरता है। राजस्थानी लोग व्यापार विषयक बातों में चतुर होने के कारण – "कोड़ी-कोड़ी कर्यां लक लागै।" – कौड़ी कौड़ी जमाकर (पैसों का) ढेर हो जाता है यह बात उन्हें अच्छी तरह मालूम है। अंग्रेज़ी की कहावत "Little and oft fill the purse." – थोड़ा थोड़ा बार बार जमा करने से थैला भरता है जो जर्मन कहावत "Wenig und oft macht zulekt viel." – थोड़ा थोड़ा जमा करने से ढेर होता होता है, से मिलती जुलती है। इतालियन कहावत के अनुसार "एकत्रित बूंदों से पहाड़ भी टूट सकते हैं।"

कौरव पांडव आपस में चाहे लड़े-भिडें, पर कोई तीसरा शत्रु के रूप में आएगा तो उसका मुकाबला हम सौ और पाँच मिलकर करेंगे यह महामंत्र युधिष्ठिर ने "वयं पञ्चाधिकं शतम्" कह-कर दिया है।

चेतावनियाँ

सयानापन या बुद्धिमानी की बातें भिन्न भिन्न भाषाओं में किस प्रकार कही गई हैं इसके कुछ नमूने देखना अतीव मनोरंजक सिद्ध होगा। इन कहावतों में परिणाम के बारे में सचेत रहने के लिए चेतावनियाँ दी हैं। गलती करने के पहले आदमी को कहावत इस प्रकार सचेत करती है कि उससे गलती न होने पाए और घोर परिणाम से वह बच जाए। इस प्रकार का प्रबोधन करना ही

कहावतों का प्रमुख काम है। अग्रिम सूचनाएँ देकर उसे गलत रास्ते पर जाने से बचाना चाहिए। वह गुनाह करे और फिर उसके परिणाम स्वरूप सज़ा भुगते इसमें क्या आनंद है ? एक उर्दू शायर ने जो शिकायत की है वह विचार करने योग्य है।

" सरे महशर में पूछूंगा अल्लाह से पहले। क्या रोका भी था मुजरिम को खता से पहले ? "

मुसलमान मत के अनुसार सब मृत व्यक्तियों की रूहों (आत्मा) को इन्साफ के दिन कबर से निकालकर खुदाउन तालान् के सामने पेश किया जाता है। इस समय हमारा यह कसूरवार उपरिनिर्दिष्ट शेर कहेगा और अल्लाह से पूछेगा कि (तुम खुद को इतना शक्तिमान, सर्वज्ञ समझते हो तो) गुनाह करने से पहले ही तुमने मुझे क्यों नहीं रोका ? (अब जोकि मुझे सज़ा करने जा रहे हो, तो पहले रोका होता तो नतीजा भुगतने की नौबत न आती।) किंतु अल्लाह भी जो काम नहीं करता, ठीक यही काम अच्छी कहावतें करती हैं। जीवन के छोटे छोटे व्यवहारों का परिशीलन करके " दूध का दूध, पानी का पानी " हमारे सामने रख देती हैं। * *

" लेखनी पुस्तकं रामा परहस्ते गता गता। कदाचित् पुनरायाता भ्रष्टा मुष्टा च चुम्बिता ।। "

लेखनी, पुस्तक और सुंदरी दूसरे के हाथ में पड़ गई तो गई। कदाचित् वापस आए भी तो टूटी हुई, फटी हुई और चुम्बन ली हुई। आशय स्पष्ट है। ओड़िया कहावत का अभिप्राय देखिए– " गीत नाश जाए बाटे, पाणि नाश जाए फाटे, स्त्री नाश जाए हाटे। " – गीत रास्ते पर, पानी दरार में, और स्त्री बाज़ार में गुम हो जाएगी। – पुराने ज़माने में प्रायः महिलाएँ खुलेआम बाज़ार में नहीं जाया करती थीं। आज भी भारत के कई प्रदेशों में ' परदा ' चलता है। नारियाँ चार दीवारी के बाहर नहीं जातीं। परंतु आजकल आम तौर पर महिलाएँ केवल बाज़ार में ही नहीं तो नौकरी करने दफ्तरों में भी जाती हैं। उनके सभा सम्मेलनों तथा पार्टियों में शामिल होने से पुरुष और स्त्री के लिए समान अधिकार, समान दर्जा अवश्य प्राप्त हुआ है । अच्छाइयों के साथ कुछ बुराइयाँ, संकट भी खड़े अवश्य होंगे। शायद स्त्री की सुरक्षितता कम हो गई होगी। परंतु परिवर्तनशील प्रगत समाज को इन बुराइयों का सामना करके स्त्री को प्रतिष्ठा प्राप्त करा देनी पड़ेगी। तमिळ् कहावत की चेतावनी है, " अळुगिर आणैयुम शिरिक्किर् पेण्णैयुम् नंबकूडादु। " रोनेवाले पुरुष और हँसनेवाली स्त्री का विश्वास न करो। यही विचार अन्य भाषाओं की कहावतों में प्रकट होता है। तमिळ् की दूसरी एक कहावत में जो उपदेश दिया गया है वह आज के संदर्भ में सांप्रदायिक-सा लगेगा। – " तुट्टुक्कु ओरु कुट्टि विट्रालुम्, तुलुक्कुकुट्टि मात्तिरम् आगादु " – एक पैसे में भी मिले, तो भी मुसलमान लड़की नहीं लेनी चाहिए। इस देश में हिंदू और मुसलमानों के बीच सदियों से झगड़ा रहा है, हिंदुओं को प्रदीर्घ काल मुसलमानों के अत्याचार का शिकार होना पड़ा है। शायद यह उक्ति एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया होगी। तमिळ् में और एक सूचना ज़मानत देनेवाले के बुरे हाल देखकर की हुई है। – " तुणैपोनालुम् पिणैपोगादे " – किसी के सहायक बनो, पर ज़ामीन न रहो। तेलुगु की इस कहावत का उपदेश जँचता नहीं। " एर कोमटिनि, नल्ल ब्राह्मणिणि नम्मेरादु। "– गोरे वैश्य और काले ब्राह्मण का विश्वास न करो।–इसमें ऊपर ऊपर से वर्ण (रंग) भेद से संबंध है ऐसा प्रतीत होगा, पर संकेत जातिसंकर की ओर है। एक खेतीविषयक तेलुगु कहावत है – " ध्वंसनारायणुडितो कमंत चेस्ते पालिकि पंदुम् पल्लेरु गायलु "— विध्वंसक के साथ खेती करने में हमारे हाथ गोखरु ही लगेंगे। इस कहावत में यह

सूचित किया हुआ है कि खेती में साजिश किससे करनी चाहिए।

बाङ्ला की कहावत है, " आगे ना बुछिले बाछा यौवनेर भरे, आखिरे काँदते हबे अझोर झरे। " – पहले तो बच्चू जवानी के नशे में समझे नहीं, बाद में फूट फूटकर रोना पड़ेगा। जो ज्यादतियाँ हम युवावस्था में करेंगे उनके लिए वृद्धावस्था में रोना पड़ता है। दूसरी एक बाङ्ला की कहावत में यह बताया है कि किन किन बातों को कभी अपनाना नहीं चाहिए । " चोर सेवक, चोरा गाइ, खल पड़सी, दुष्ट भाई, दुष्टा नारी, पुत्र जुयार – बले डाक करो परिहार। " – चोर नौकर, दूध न देनेवाली गाय, दुर्जन पड़ोसी, दुष्ट भाई, कुटिल पत्नी और जुआरी बेटा, इन सबको दूर रखना चाहिए, ये सब त्याज्य हैं ऐसा ' डाक ' का कहना है। व्यवसाय के संबंध में मराठी में भी ऐसी एक व्यंग्यपूर्ण कहावत है, " सोनार, शिंपी, कुलकर्णीअप्पा, यांची संगत नको रे बाप्पा. " – सुनार, दरजी और करसंकलन अधिकारी (पटवारी) इन तीनों से बचके रहना चाहिए। उनका साथ अच्छा नहीं होता।

" अज्ञात कुलशीलस्य वासो देयो न कस्यचित् " इस संस्कृत वचन में बड़ी अनुभव की बात कही है। अपरिचित व्यक्ति को घर में नहीं पैठने देना चाहिए। न जाने आनेवाला अतिथि कैसा होगा। एक बार घर में आने दिया तो घर में ही डेरा जमा ले तो मुसीबत होगी। " चञ्चुप्रवेशात् मुशल प्रवेशः। " – चोंच समाने को जगह दी तो मूसल समाएगा। अंग्रेज़ी की कहावत— " Give bread to the poor but bar the door. " गरीब को रोटी ज़रूर दो, पर दरवाज़े से अंदर न आने देना, यही बात कहती है " कासा दो पर वासा न दो। "

चीनी कहावत सूचित करती है " खरबूजे के खेत में जूते का फीता मत बांधो। तालवृक्ष के तले टोपी मत निकालो। " खरबूजे – मतीरे के खेत में बेलों का जाल बिछाया रहता है और तालवृक्ष के तले ऊपर से तालफल सिर पर गिरने का डर रहता है।

डॅनिश भाषा का कहना है कि " ऐसी कोई बात अपने दोस्त से न कहो जो तुम्हारे शत्रु तक नहीं पहुँचनी चाहिए। " यह कथन आश्चर्यकारक, विचित्र-सा लगेगा। परंतु शत्रु तक जो बात नहीं जानी चाहिए, उसको सावधानी से छिपाए रखना चाहिए। मित्र को भी नहीं बतानी चाहिए, अन्यथा " God save me from my friend ! " कहने की बारी आएगी।

विदेशी भाषाओं की और कुछ उक्तियाँ विचार करने योग्य हैं। इतालियन – " Le vesti degli avvocati sono fodrate dell' ostinazion dei litiganti. " - असीलों के हठ के कारण वकीलों के चोगों में किनार लगती है। दूसरी एक मनुष्य स्वभाव का वर्णन करनेवाली इतालियन कहावत है, " Nella prosperita'non fumano gli altari "— समृद्धि में किसी वेदी से धुआँ नहीं निकलता। गिरजा घर में वेदी के समान चबूतरा होता है। वहाँ भगवान की दुआ माँगने के लिए जो आते हैं वे धूपदीप जलाते हैं। बात सरल है कि समृद्धि में कोई ईश्वर को याद नहीं करता। संकटों में फँसने पर परमात्मा की याद आती है। हिन्दी की कहावत में भी कहा गया है – " दुख में सभी सुमीरन करैं, सुख में करै न कोय। " स्पॅनिश कहावत ने इशारा दिया है – " Quien con ropa agena se viste, en la calle se queda en cueros. " – जो दूसरों के कपड़े पहनकर बज़ार में झूमता है, उसपर सड़क के बीचोबीच विवस्त्र हो जाने की बारी आती है। ' हैती ' बोली की कहावत में कहा है कि " नदी पार करने के पूर्व माता मगरमच्छली को गालियाँ न दो। " हो

सकता है नदी पार करने में वह बाधा डाले । उसे प्रसन्न रखना आवश्यक है ।

इतालियन कहावतों में पुस्तकों के बारे में काफी चर्चा की हुई है । '' Non v' e' il peggior ladro d'un cattivo libro.'' – बुरी किताब से बढ़कर भयानक चोर दूसरा कोई नहीं। बच्चों के हाथों में अच्छी संस्कारक्षम किताबें जाएँ यही आवश्यक बात है । इतिहास पर कटाक्ष करनेवाली और एक इतालियन कहावत देखिए । – '' Los muertos abren los ojos a' los vivos.'' – मरे हुए आदमी जीवित व्यक्तियों की आँखें खोलते हैं । चरित्रग्रंथ तथा इतिहास पर यह कड़ी चोट है ।

एक स्पॅनिश कहावत सामनेवाले को अपनी जगह रखने का इलाज बताती है । – '' Una spada tien l' altra nel fodro.'' – (बाहर निकली हुई) एक तरवार दूसरी (सामनेवाले की) तरवार को म्यान में रखती है । प्रतिकार की क्षमता रखनेवाला आक्रमण होने ही नहीं देता । इस कहावत का अनुभव व्यक्तिगत तथा राजनैतिक व्यवहार में हम अक्सर प्राप्त करते हैं । इसी आशय के बहुत निकट दूसरी एक स्पॅनिश कहावत है जो एक जागतिक अनुभव के आधार पर सिद्धांत प्रस्तुत करती है । – '' Qui porte e'pe'e, porte paix. '' – जिसके हाथ में तरवार उसके हाथ में शांति । सारे युद्ध शांति के लिए ही हुए हैं न ! एक जर्मन कहावत इस मत का प्रतिपादन करती है कि बच्चों को कड़े अनुशासन में रखकर उनसे पढ़ाई करवा लेनी चाहिए ।— '' Es ist besser das Kind weine denn der Vater.'' – बाप के रोने के बदले बच्चे का रोना अच्छा । यदि बच्चा अनपढ़ बेकार रहा तो बाप को रोना पड़ेगा । इससे कड़ी निगरानी के कारण बच्चे को बचपन में रोना भी पड़ा तो ठीक बात है ।

जर्मन कहावत कीमती सबक पढ़ाती है – '' बहुत ही विचार करने के बाद शाप दो, लेकिन आशीर्वाद तुरंत दो । '' किसी का भला जल्दी करो, बुरा करने में देर लगाओ । शायद कुछ विचार करने के बाद दूसरे का बुरा करने की इच्छा समाप्त होगी ।

स्वार्थ

स्वार्थ मनुष्य जीवन का एक अविभाज्य भाग है । ऐसी तो कोई बात नहीं है कि सभी प्रकार का उपदेशामृत पीने के बाद सब लोग साधु बन जाते हैं । निजी स्वार्थ से लेकर परिवार, जाति, समाज, देश, राष्ट्र ऐसी सीढ़ियाँ पार करते करते मानवकल्याण की कामना करने के विशाल स्वार्थ तक जब व्यक्ति पहुँचता है तब वह देवत्व, ईश्वरत्व का साक्षात्कार करता है । साधारण लोग तो अपने व्यक्तिगत स्वार्थ में मगन रहते हैं । जब तक एक का स्वार्थ दूसरे के स्वार्थ से नहीं टकराता, तब तक सब कुछ मज़े में चलता है । परंतु जैसे ही किसीको हानि पहुँचना प्रारंभ होता है, आपस में कटुता, मनमुटाव उत्पन्न होना शुरू होता है, जिसकी परिणति लड़ाई, झगड़े, फसाद में हो जाती है । अपने स्वार्थ के लिए दूसरों से ईर्ष्या करते हुए उनको क्षति पहुँचाने पर आदमी तुल जाता है । सामूहिक जिम्मेदारियों को भुलाकर अपनी तरक्की के लिए मनुष्य औरों को डुबो देना चाहता है । अपने जैसा दूसरों को भी जीवित रहने का हक है, इस बात को आसानी से भूल-कर, दूसरों के जीवन में बाधाएँ खडी कर देता है । ' Live and let live. ' हम भी जीएँ, तुम भी जीओ का उदारता का भाव स्वार्थांध आदमी की आँखों से विनष्ट हो जाता है । यह बात सत्य

है कि हर एक व्यक्ति में यह बात अनादि काल से रही है। इस लिए इस विषय में जो कहावते हैं वे बहुत कुछ कह देती हैं।

भोजपुरी क्षेत्र की कहावत है " आहाँक दालि चाउर हमर टोकना, आउ दुनू गोटे करू भोजना।"– आपका दाल चावल और मेरा बरतन, आओ दोनों मिलकर भोजन करें। वाह भाई ! यह अच्छी साजिश है, जिसमें दूसरे का खाना हम खाएँ और अपने को कोई क्षति या कष्ट न उठाने पड़ें। मराठी में इसी तरह की कहावत है – " तुम्हारा चिउड़ा और हमारा भूसा, आओ फूंक फूँक कर खाएँगे।" कश्मीर की शुद्ध स्वार्थ प्रकट करनेवाली यह कहावत देखिए, " आखय् तॅ ओन्‌धम् क्याह ? यिमुँयेय् तुँ ख्याव्हाम् क्याह् ? " – " तुम मेरे पास आओ तो क्या लाओगे ? मैं तुम्हारे पास आऊँ तो क्या खिलाओगे ? " मतलब देने की बात ही नहीं है सब लेने की ही बात है। गोवा प्रदेश की मराठी बोली कहती है – " खोरें आपणा दिकाने ताणता " – फावड़ा अपनी दिशा में मिट्टी खींचता है। तमिळ की एक कहावत में कितना कठोर, निर्दय, खून को जमानेवाला स्वार्थ भरा है। उसके भी दर्शन हम करें – " अम्मैयार् ॲेप्पोऴुदु सावाळं ? कंबळी ॲेप्पोळुदु नमक्कु मिच्चमागुम् ? " – मेरी पत्नी कब मरेगी ? कब उसका कंबल मुझे मिलेगा ? एक कंबल के लिए अपनी स्त्री की मृत्यु की कामना करनेवाले ऐसे पतिदेव को दूर ही से प्रणाम। मराठी में एक लोकगीत है, संत एकनाथ महाराज का लिखा हुआ। जिसमें ऐसी स्वार्थपरायणता की पोल खोल दी गई है। एक स्त्री देवी भवानी से प्रार्थना करती है कि " मेरी सास बहुत कर्कशा है, उसे समाप्त कर। मेरे ससुर बाहर गाँव चले गए हैं, उन्हें वापस न आने दे। मेरी ननद का बच्चा बहुत सताता है, उसे खुजलीरोग होने दे। अंततोगत्वा मेरे पतिदेव को भी खतम कर और संसार का मज़ा लूटने के लिए मुझ अकेली को जीने दे।" यह एक व्यंग्यगीत है।

असमीया की कहावत है – " काछि गालै टाने।" – हँसिया अपनी ओर खींचता है। इस कहावत की प्रतिध्वनि विश्वभर की कहावतों में गूँजती है। हर कोई कुछ न कुछ अपनी ओर खींचता है। गुजराती की कहावत किसी और बिंब के साथ आशय को प्रकट करती है। " हर कोई अपनी अपनी रोटी के नीचे अंगार खींचता है।" भारतीय भाषाओं की स्वार्थ विषयक सभी उक्तियाँ और वचन हम ' भारतीय कहावत संग्रह ' के द्वितीय खंड में दे रहे हैं।

इसी आशय की यूरोपीय भाषाओं की कहावतों का अनुसंधान युपयुक्त होगा। अंग्रेज़ी – " All men row galley way " (i. e. everyone draws towards himself.) या " Every miller draws the water to his own mill. " – हर चक्कीवाला पानी अपनी चक्की की ओर खींचता है। इतालियन कहावत तो सही सही इस का अनुवाद – सा लगती है। – " Ognun tira l'acqua al suo molino. " फ्रेंच कहावत – " Chacum tire l'eau à son moulin. " का मतलब वही है। स्पॅनिश भाषा ने उपरिनिर्दिष्ट कहावत में और थोड़े शब्द जोड़ दिए हैं। " Cada uno quiere llevar el agua a' su molino. " हर कोई सारा पानी अपनी चक्की की ओर खींचना चाहता है और पड़ोसी के खेत को सूखा रखना चाहता है।

डॅनिश भाषी भी अपनी ओर कुछ न कुछ खींचते ही हैं। " Enhver vil rage Ild ad sin Gryde. " हर एक अपनी देगची के नीचे आग को खींचता है।

यह सारा डच कहावत के अनुसार " Zelf is de Man. " – (केवल) मैं ही मनुष्य हूँ, इस

भावना के कारण होता है। 'अहं' के सिवा और कोई नहीं। फ्रेंच कहावत एक और व्यावहारिक न्याय के द्वारा यही राग आलापती है। – " J'aime mieux un raisin pour moi que deux figues pour toi. " – तुम्हें दो अंजीर मिलने के बजाय मुझे एक अंगूर मिले तो अच्छा।

आत्मवंचना

मनुष्यस्वभाव बड़ा विचित्र होता है। किसी अच्छी बात करते समय भी उसके मन में स्वार्थ की भावना होती है। वह ठीक समझता है की दान करना अच्छा है, इस लिए वह दान करेगा। परंतु दान में ऐसी चीज़ें देगा जो अपने काम की न हो, और लेनेवाले को भी उनका कुछ लाभ या उपयोग न हो। कभी जो बात हाथ से ज़रूर निकल जानेवाली हो, या अप्राप्य हो उसे भगवान को अर्पण करके पुण्य जोड़ना चाहता है। इस दांभिकता के कारण न तो वह भगवान को प्रिय होता है, न बहुजनों का स्नेह जीत सकता है। ऐसे वंचकों के बारे में बहुतसी कहावते हैं। " मुई बछिया बामन को दान। " – मरी बछिया देने से लाभ ही क्या? न देनेवाले को पुण्य न लेनेवाले को लाभ। दान का झूठा दिखावा, मन को क्षणिक संतोष कि दान दिया है। लेकिन ऐसे आदमियों को चैन कहाँ? दिल तो कोसता रहेगा। मराठी ने " ब्राह्मण को सड़ी सुपारी ' दे दी और सिंधी ने " अंधा छोकरा और खोटा पैसा गुरुद्वारे में " दे दिया। " उधियाइल सतुआ पितरन के दान " दे कर भोजपुरीवालों ने पितरों को तुष्ट किया। कन्नडिग कहते हैं, " ओटकद हूवु देवरिगे " और तेलुगु के मधुरभाषी कहते हैं – " अन्दनि पूलु देवुनिकि अर्पण " – दोनों का आशय एक ही है कि जो अप्राप्य फूल है, वह भगवान को समर्पण। अगर फूल समीप होते, आसानी से चुने जाते, तो ये महाशय भगवान को थोड़े ही समर्पित करनेवाले थे। यही भाव बाङ्ला में है " गाछे फूल श्रीकृष्णाय नमः। " पेड़ के फूल श्रीकृष्ण को अर्पण। कैसी अजीब पूजा है इन पाखंडियों की। उन्हीं के सामने सवाल खड़ा हो गया कि इस सड़े केले का क्या करें? घर में नौकरानी नहीं, बान्दी नहीं! कोई बात नहीं, भगवान को चढ़ा दें।

इसी प्रकार झूठा संतोष प्राप्त करनेवलों का और भी एक तरीका होता है। जो कुछ आपत्ति आए उसे इष्टापत्ति में परिवर्तित कर देना इन लोगों के बाएँ हाथ का खेल होता है। किसी अनुचित घटना का अपने अनुकूल अर्थ लगाकर उस क्षति या अवगुण को गुण में बदल देकर लोगों को झाँसे मे रखना यह इन लोगों का खेल होता है।

" फिसल पड़े की हर गंगा। " – गंगाजी के किनारे चलते हुए पाँव फिसलकर गंगा में गिर पड़े तो कह दिया " हर गंगे! " – फिसलकर गिरने का दुख नहीं उल्टा गंगास्नान का पुण्य कमा लिया। इसी को अंग्रेज़ी में कहते हैं " Making virtue of the necessity. " मराठी भी इस वंचना में पीछे क्यों रहेगी? " सहज़ पडे दण्डवत घडे. " – सहसा गिर गए तो कहा साष्टांग प्रणिपात।

एक बार हम सड़क से गुज़र रहे थे और सामने से एक फौजी आ रहा था। हमने माथा खुजलाया तो वह समझा सेल्युट किया। खटाक से उसने सलाम किया। मेरा सर खुजलाना अनायास सलाम में परिवर्तित हुआ। तेलुगु के " पटवारीसाहब गड्ढे में गिरे तो कहने लगे भाई मैं मशक्कत कर रहा हूँ। " कन्नड का पहलवान गिरने पर क्या कहता है यह भी सोचने की बात

है। "जट्टि कुेळगे बिद्दरू अदू ओंदु पट्टु अंद" – जब पहलवान गिर गया तो कहने लगा कि "यह भी एक दाँव है।" मलयाळम् में ऊपरवाली कहावत से मिलती जुलती कहावत है और दूसरी हैं "वीगेटं विष्णुलोकं।" – जहाँ गिर गया वही स्वर्ग।

वंचकों की और भी एक जाति है। इस जाति के लोग अपने काम के समय बडी नरमी से, अदब से, विनयपूर्ण बातें करेंगे, कसमें खाएँगे, परंतु बात बन जाने पर सब कुछ भूल जाएँगे। सारे आश्वासन, सारी मनौतियाँ कहीं की कहीं तितर बितर हो जाएँगी। ऐसा व्यवहार वे केवल मनुष्य से करेंगे ऐसी बात नहीं। ईश्वर को भी धोखा देने के लिए तैयार। संकट में होंगे तो प्रार्थना, मिन्नतें चलेंगी, संकट के टलने पर भगवान को उठाकर बोरे में डाल देंगे। "ग़रज सरी 'र वैद वैरी।" – कहावत राजस्थानी है पर वर्णन सब का है। यही कहावत मराठी में इसी प्रकार है। "गरज़ सरो वैद्य मरो." – गरज़ ख़त्म, हकीम जहन्नुम में जाय, उन्हे क्या परवाह। "बिपत पड़ी जब भेट मनाई, मुकर गया जब देनी आई।" ऐसा थोड़े ही है कि काम निकलने पर मुकर जानेवाले किसी विशेष प्रदेश में होते है, वे सब जगह होते हैं। "काबुल में भी गधे होते हैं।" पंजाबी की कहावत है "कोठा उसऱ्या तरखाण विसऱ्या।" – मकान पूरा होते ही बढ़ई को भुला दिया। बाङ्लावाले नदी पार हो गए तो माझी को गाली दी (साला)। – "गाड पेरोले पाटनि शाला।" – नाँव किनारे लग गई, अपना काम बन गया तो माँझी को गालियाँ। गुजराती की कहावत तो खास गाँववालो की बोली बोल देती है। "भणीभणी ने ऊतर्यां गुरुजीनां मोंमा मूतर्यां।" – पढ़लिखकर पार भये तो गुरुजी के मुँह में मूतने लगे। पढ़ाई चलती रही तब तक गुरु का आदर किया, सम्मान किया। उसके बाद गुरु की आवश्यकता नही रही तो घोर अपमान किया। काम के समय लोग बेटा बनके आते हैं, काम हो जाने पर बाप बनके ऐंठते हैं।

"उपाध्यायश्च वैद्यश्च ऋतुकाले वराङ्गना। सूतिका दूतिका चैव कार्यान्ते तृणवत्स्मृताः॥"

उपाध्याय, वैद्यराज, ऋतुकालप्राप्त वनिता, सूतिका और नौकरानी, कार्य समाप्त होने के बाद इन सब की कीमत तृण के समान हो जाती है। इस संस्कृत वचन में कुछ थोड़े लोगों को शामिल किया है, किन्तु यह बात सब के बारे में सत्य है। यह तो एक कठोर सत्य है कि आवश्यकता समाप्त होने पर कोई किसीको नहीं पूछता। इस आशय को वहन करनेवाली भारतीय भाषाओं की बहुत सारी कहावतें और वचन हमने भारतीय कहावत संग्रह के प्रथम खंड में दिए हैं।

यूरोपीय तथा अन्य देशों की कहावतों में भी वंचक मन का यह आविष्कार हुआ है। अंग्रेजी में ' River past, and God forgotten." – नदी के पार हुए तो ईश्वर को भूल गए। जब तक नाव में थे, भगवान की प्रार्थना करते थे "हे प्रभु, बेडा पार लगा देना।" – अब क्या ज़रूरत पड़ी है। पहुँच गए न किनारे बिना किसी तकलीफ के। स्पॅनिश– "El rio pasado, el santo olvidado." – नदी पार करने पर संत-महंतों को भुला दिया। इतालियन – "Passato il punto, gabbato il santo." – संकट टल गया तो संतों का उपहास किया।

"The vows made in adversity are forgotten in prosperity." इस विषय में एक यूनानी कथा है। मन्द्राबुलस सामियन को देवी की कृपा से एक सोने की खान का पता चला। तत्काल देवी की कृपा से प्रभावित होकर एक सोने का घेटा उस पर चढ़ाने का उसने वचन दिया। देवी के बताए हुए रास्ते से वह खदान तक पहुँचा तब तक सोने के बदले चाँदी का घेटा बन गया।

सोना हाथ में आते ही उसने सोचा कि अब पित्तल का घेटा चढ़ावे तो क्या बुरा है? सोना लेकर वापस आने तक लेना–देना सब कुछ वह भूल गया था।

स्पॅनिश कहावत का कहना है कि "जो कुछ गुम हो गया हो, भगवान के नाम छोड़ दो।" – इस विषय के बारे में भी एक रंजक कहानी है। एक बूढ़े ने मृत्युशय्या पर लेटे लेटे वसीयतनामा तैयार किया। अपनी सब चीज़े परिवार के लोगों को बाँट दी। कई दिनों से उसकी एक गाय गुम हो गई थी। उसके बारे में बूढ़े ने वसीयत में लिखवाया कि यदि वह मिल जाए तो बच्चों को दे दो, न मिली तो भगवान के नाम छोड़ दो – ईश्वर को अर्पण कर दो। मनुष्य स्वभाव का यह स्पॅनिश नमूना कोई निराला नहीं है। अपने अंतिम क्षणों में भी मनुष्य कितना घटिया ढकोसला खड़ा कर देता है!

ढोंगी, पाखंडी

जनसाधारण की धर्मपरायणता, ईश्वरनिष्ठा, कर्मकांडप्रियता का लाभ उठाकर लोगों को ठगनेवाले बहुतसे पाखंडी जहाँ तहाँ देखने मिलते हैं। विशेषतः अनपढ़, अज्ञानी लोगों के बीच अपना आडंबर रचाकर उनको लूटनेवाले ये नकली साधु परले दर्जे के समाजकंटक माने जाने चाहिए। भारत जैसे अंधश्रद्ध लोगों के देश में ऐसे लोगों का धंधा तेजी से चलता है। लोगों के श्रद्धाभावों को आवाहन करके उनको अपने चंगुल में फँसाकर उनके घरबार परिवार का सत्यानाश करनेवाले ये ढोंगी साधु मानवजाति के कलंक हैं। हर एक आदमी किसी न किसी बात पर मजबूर होता ही है। कभी परीक्षा में उत्तीर्ण न हुए, कभी रोज़गार न मिला, कभी अपनी प्रेयसी या प्रियतम ने धोखा दिया, व्यापार-उदीम न चला, ब्याह नहीं हुआ, हुआ भी तो बच्चे नहीं हुए, कुलदीपक की आस अधूरी रही, किसी से झगड़ा, किसी का सामाजिक या राजकीय क्षेत्र में महापतन, ऐसे अनेक कारणों से आदमी लाचार, असहाय, किंकर्तव्यमूढ़ हो जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण न होने के कारण बभूत, गंडा, तावीज के सहारे परमात्मा का कृपाप्रसाद पाने के लिए ऐसे बने बनाए भगवान के ठेकेदारों के पास पहुँचता है। ऐसे दांभिक लोगों ने तो सच्चे साधुसंतों को बदनाम किया है। झूठे होने के कारण उनका आडंबर बहुत ज़्यादा रहता है। कहावतों ने ऐसे लोगों पर ज़ोरदार हमले किए हैं। उनकी पोल खोलते हुए, उनके बनावटी मुखड़े को फाड़कर, उनके नकली कपडों को चीरकर, उनकी दाढ़ी-जटाओं को उखाड़कर उनका असली कमीना रूप प्रस्तुत किया है। खुले आम यह कहकर "लंबा टीका मधुरी बानी, दगाबाज़ की यही निशानी।" लोगों को सचेत किया है। "मुख में राम, बगल में छुरी।" रखनेवाले इन समाजकंटकों पर कुठाराघात किया है। यह "ज़ाहिर में रहमान और बातिन में शैतान।" कड़ी से कड़ी सज़ा के काबिल हैं। पंजाबी कहती है इनके "मुँह मोमन्दाँ ते अंदर काफराँदा।" – चेहरा साधु का, मन काफर का। सिन्धी का बयान कोई निराला नहीं है, केवल दृष्टांत निराला है – "कव्व में कांउ, ब़ाहिरी ब़ोली हंज जी।" – भीतर तो कौआ है, बाहर हंस की बोली बोल रहा है। सावधान! कहीं उसके झाँसे में न आना। गुजराती – "पगे माछला मारे, ने मोढे राम पोकारे" – पैरों से मछली मारता है, मुँह से रामनाम की रट लगाता है। ऐसे दांभिक, झूठे आडंबरवाले लोगों की स्थिति का वर्णन बाङ्ला भाषा उचित शब्दों में करती है "कपटप्रेमे लुकोचुरि मुखे मधु हृदे छुरी" – कपटप्रेम की आँखमिचौली तो देखो,

मुख में मधु, छाती में कटारी। ऐसा ही वर्णन तमिळ् में है। – " कैयिले सेपमाले कक्कत्तिले कन्नक्कोल् " हाथ में जपमाला और बगल में चाकू (छुपाया हुआ)। " चदिवेदि रामायणमु पडगोट्टेदि देवालयम् " – इस तेलुगु कहावत में ढोंगी और पाखंडिओं की खिल्ली उड़ाई है। इधर रामायण पढ़ना और उधर मंदिरों को गिराना। तेलुगु की दूसरी एक कहावत पातिव्रत्य का झूठा दिखावा खड़ा करनेवाली स्त्रियों पर चोट करती है। – " पगलु कोंगु लागिते ची अंदट, रात्रि चीकटिलो कन्नु गीटादट। " – दिन में आँचल खींचने पर छी बोली, रात में उसने आँख मारी। यह तो दिन में ब्रह्मचारी, रात में व्यभिचारी-सी बात हो गई। बाङ्ला की भी स्त्री की नकली शुचिता पर आघात करनेवाली एक कहावत इस प्रकार है – " सकल दिन हाटे बाटे, रात हले घोमटा आँटे। " – दिन में घूमे गली बाज़ार में, रात हुई तब घुँघट खींचा। अंग्रेज़ी में ऐसी मक्कार की स्थिति को इस प्रकार प्रदर्शित किया है – " A fair face, and a foul heart. " आयरीश कहावत है – " A dimple in the chin, a devil within. " – ठुड्डी पर गड्ढी और भीतर शैतान। कितनी सुंदर है यह कहावत! इस आशय को प्रकट करनेवाली और कई कहावतें अंग्रेज़ी में हैं। यहाँ केवल उदाहरण के लिए एक दो दे रहे हैं। " मधु तिष्ठति जिव्हाग्रे हृदये तु हलाहलं। " – जीभ में शहद और दिल में ज़हर। इस संस्कृत वचन का आशय उसी दृष्टांत को लेकर प्रदर्शित करनेवाली कहावतें अधिकांश यूरोपीय भाषाओं में हैं। लातिन कहावत— " Mel in ore, verba lactis Fel in corde, fraus in factis. "- मुख में मधु, दुग्धयुक्त शब्द, परंतु हृदय विष से भरा हुआ और धोखे की चाल। ऐसे दुमना लोगों से समाज को और उनके संपर्क में आनेवाले सबों को धोखा रहता है। फ्रेंच कहावत भी इसी दृष्टांत को सम्मुख रखती है। " Langue de miet et coeur de fiel. " – मधुयुक्त जिव्हा और विषभरा हृदय। पोर्तुगाली कहावत में भी यही भाव है। " Boca de mel, coracao de fel. " – शहद से भरा मुँह और विषैला हृदय। डॅनिश में कहते हैं – " Tidt er Gift og Galde under Honningtate." मधुभरा (मधुर) भाषण प्रायः विष और निष्ठुरता को छिपाता है। चीनी भाषा में यही भाव है – " मधुमक्खी के मुँह में मधु और डंखमें विष भरा हुआ रहता है। "

विचार और आचार में अत्यधिक अंतर रखनेवाले, कथनी से विपरीत करनी करनेवाले भी तो ढोंगी और पाखंडी ही गिने जाते हैं। बाङ्ला की कहावत – " बिचारे पंडित, आचारे भूत। " – विचार पंडित के और आचार भूतसा किसीका हो तो उसका विश्वास नहीं किया जा सकता। हिंदी की कहावत " अंदर छूत नहीं बाहर काहे 'दूर दूर'। " हमारी छूवाछूत की कल्पनाओं पर कुठाराघात करती है। मनुष्य के बनाए आपसी भेदों के आधार पर, जन्म के कारण किसी को नीच जाति का मानना और उसे 'दूर दूर' कहकर धुत्कारने से क्या होगा! यदि मन निर्मल न रहा तो बाहरी छूवाछूत ढोंग है। किंचित विनोदी ढंग से हमारी भक्ति का छिछलापन बाङ्ला की कहावत ने प्रकट किया है। " माला जपोम् टपर टपर, काने आइसे दइ-चुड़ार खबर। " – जपमाला फटाफट खींचता है परंतु कान लगे हैं दहीचिउड़े की बात पर। व्यंग्योक्ति द्वारा भक्ति का झूठा दिखावा रचनेवालों पर यह गहरी चोट है।

पाखंड, ढोंग, झूठ का समर्थन करनेवाली कोई भाषा नहीं। फिर भी विश्वभर में मिथ्या आडंबर की चलती दिखाई देती है। युक्तायुक्त, सत्यासत्य, वास्तविकता और आभास पहचानने का विवेक,

बुद्धि का संतुलन जिनमें होता है वे ऐसे हानिकारक तत्त्वों के पीछे नहीं दौड़ते। कर्म के तत्त्व को अपनाकर अपना काम ईमानदारी से करते रहते हैं।

निर्धन-गरीब

जो विद्या से वंचित रहता है, वह दुनिया के बहुत से आनंद और खुशिओं से वंचित रहता है। निर्धन का हाल उससे भी बुरा होता है। वह लंगड़ा, लूला, अपाहिज बन जाता है। सब प्रकार के दोष उसके माथे पर मढ़ दिए जाते हैं, उससे कोई नाता जोड़ना नही चाहता। वह कहीं भी जाए, उसको लोग धुत्कारते हैं। केवल उसके पास पैसा नहीं होता इस लिए उसके सारे गुण धूमिल हो जाते हैं। 'सर्वे गुणाः कांचनमाश्रयन्ते।' – जिसके पास धन हो उसीको सारे गुण चिपक जाते हैं, और जिसके पास धन न हो उसके गुण भी कंकर के समान त्याज्य समझे जाते हैं। निर्धन-गरीब की मजबूरी, असहायता देखकर उसके शापित जीवन पर दया आती है। जब एक को सर छुपाने के लिए छप्पर नहीं रहता तो दूसरे के संगमरमर के महल अखरने लगते हैं। एक को एक समय का नाश्ता तक नसीब नहीं होता तो दूसरे को अधिक खाने से बदहज़मी का रोग होता है। एक को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है तो दूसरी ओर शराब के जाम भर भरके खाली हो रहे हैं। अमीरों के कुत्तों पर मखमल की झूल डाली जाती है, तो मुफ्लिस की जोरू नंगी रहती है। ईश्वर की दृष्टि में सब समान हैं, तो यह अन्याय कैसे? गुलछर्रें उड़ाने के लिए सवारियाँ चलती हैं, पर गाँवों में मृत्युशय्या पर अपनी आयु के अंतिम क्षण गिननेवाले मरीज़ को अस्पताल ले जाने के लिए कोई साधन मयस्सर नहीं होता, इस लिए मृत्यु के पहले ही उसे चारों के कन्धों पर मिलों का फासला तय करना पड़ता है। सदियों से यह बात चलती आई है। दुनिया की सभी भाषाओं की कहावतों ने इस अंतर को, इस हृदयद्रावक सत्य को अंकित किया है। "ग़रीब की जोरू को सब भाभी बना लेते है." ताकि उससे मनमानी दिल्लगी की जा सके। वह बेचारा पहले ही सहमा हुआ है, क्या कर सकता है। पत्नी की बेइज्ज़ती खुली आँखों से देखता रहता है। दुनिया के कठोर व्यवहार को हिंदी के इस वचन ने कितनी विदारकता से प्रस्तुत किया है। – "धनवंती के काँटा लागा, दौड़े लोग हजार। निर्धर गिरा पहाड़ से, कोई न आया कार ॥" – एक धनवान की स्त्री के पाँव में काँटा चुभ गया, तो उसकी सहायता के लिए हज़ारों लोग दौड़ आए और एक ग़रीब आदमी पहाड़ से गिरा, इतनी बड़ी दुर्घटना हुई, पर कोई उधर फटका तक नहीं। पैसे को देखकर दया और करुणा उफन आती है, और निर्धन को देखकर करुणा ठिठुर जाती है। हम यश प्राप्त करके धन जोड़तें है, तो हमारे सगे-संबंधी बनने के लिए सब तैयार होते हैं, परंतु दैववशात् हम बाज़ी हारकर सब कुछ खो बैठे तो भगवान बचाए, हमारे साथ दूर से भी कोई संबंध नहीं रखना चाहता "बनी के सौ साले, बिगड़ी का एक बहनोई भी नहीं।" ग़रीब पर आपत्ति आती है, तब भी लोग त्यौहार मनाते हैं। इतना कठोर व्यवहार प्रदर्शित करनेवाली यह काश्मीरी कहावत देखिए "ग़रीबस् च़ायि च़्रर तु मंदिन्यन् ताम् कोहोस् ज़ेशनाह्।" ग़रीब के घर चोरी हुई, तो लोगों ने मध्यान्ह तक जशन मनाया। दूसरों की मुसीबत पर आनंद से झूमनेवाले ये असंस्कृत लोग न जाने किस संस्कृति में पले होंगे। ग़रीब के पास जो कुछ थोडासा था, वह भी जब चोरी हो गया तब लोगों को चाहिए कि वे उसकी मदद करें। किन्तु लोग जब इसके ठीक उल्टे उसके ज़ख्म पर

नमक छिड़कने का काम करते हैं तो कहना चाहिए कि यह तो बेरहमी की हद हो गई।

निर्धन पर अन्याय हुआ भी तो वह बेचारा क्या कर सकता है? गुस्सा करने से क्या लाभ, उसकी कोई तो सुन ले! तेलुगु कहावत के अनुसार "पेदवानि कोपमु, पेदविकिचेट्ट।" ग़रीब का गुस्सा उसीके होठों के लिए खतरा। क्रोध में अपने ही होंठ काटेगा। ग़रीब और अमीर की एक ही कृति पर पृथक् पृथक् भाष्य होते हैं। भिन्न भिन्न अर्थ निकाले जाते हैं। सभा में, "अमीर ने पादा तो सेहत हुई, ग़रीब ने पादा तो बेइज्ज़ती हुई।" – वास्तव में दोनों ने ऐसी कृति की है कि जिसपर मनुष्य का बस नहीं चलता। जैसे छींक आ गई तो छींकना चाहिए, पाद आ गया तो पादना चाहिए। उसे रोका नहीं जा सकता। लेकिन अमीर ने पादा तो आरोग्य के लिए और ग़रीब ने पाद दिया तो लोंगों की बेइज्ज़ती के लिए ऐसा उसपर आरोप लगाना यह तो दोहरा मापदंड हुआ। किन्तु यह होता है, दुनिया का यही व्यवहार है।

गुजराती कहावत एक और दृश्य खड़ा करती है। "पैसावाळानी बकरी मरी ते बधा गामे जाणी, ग़रीब नी छोकरी मेरी ते कोइए न जाणी।" – धनवान की बकरी मरी तो सारे गाँव को पता लगा और ग़रीब की छोकरी मरी तो किसीको कुछ पता ही नहीं। गाँववालों के हिसाब से धनवान की बकरी का मूल्य ग़रीब की छोकरी से भी अधिक था। यह तो विकृत मनोवृत्ति का चिन्ह समझना चाहिए। असमीया की कहावत – "अमीर की नौका बिना पानी भी चले, और ग़रीब की नौका पानी में भी न चले।" में यही भाव है। ठीक इसी कठोर सत्य के दर्शन ओड़िआ कहावत में होते हैं। – "गरीब के घर रोग और अमीर के घर भोग (विलास)।" कन्नड की कहावत भी यही कहती है। – "दोड्डवनु उंडरे मद्दु बडवनुंडरे हेसिगे" अमीर खाएगा तो वह दवा, और ग़रीब खाएगा तो वह कूड़ा। फिर वही दोहरा मापदंड।

धनहीन के लिए कोई चारा नहीं, गति नहीं। मलयाळम् कहावत के अनुसार – "पणमिल्लात्तवन्-पिणं" – निर्धन मृत के समान है। जीवित रहते हुए भी मरा हुआ। उसका अस्तित्व किसीको भासमान नहीं होता। द्रव्यहीनता का घोर परिणाम एक संस्कृत सुभाषित में वर्णित है। उसको पढ़कर शरीर पर रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

माता निन्दति, नाभिनन्दति पिता, भ्राता न संभाषते,
भृत्यः कुप्यति, नानुगच्छति सुतः कान्ता च नालिङ्गते।
अर्थप्रार्थनशङ्कया न कुरुते ऽ प्यालापमात्रं सुहृत्,
तस्माद्रव्यमुपार्जयाशु सुमते द्रव्येण सर्वे वशाः॥

पास में पैसा न हो तो माता निन्दा करती है, पिता भी स्तुति नहीं करते, भाई बोलने के लिए तक तैयार नहीं होता, नौकर भी गुस्सा होते हैं, बेटा बात तक नहीं सुनता। इतने से क्या हुआ। पत्नी, जिसे अर्धाङ्गिनी कहा जाता है, वह आलिङ्गन भी नहीं देती। शायद यह पैसा माँगेगा यह सोचकर, मित्र बात करना टालते हैं। इस लिए हे सुबुद्धिवान पुरुष, पैसे कमाने का मार्ग ढूंढ़ ले क्योंकि पैसों से सब वश हो जाते हैं।

द्रव्यहीनता, निर्धनता के कारण आदमी पर क्या क्या आ बीतती है, उसका सम्यक् दर्शन हम भारतीय कहावत संग्रह के द्वितीय खंड में दी हुई कहावतों से कर सकेंगे।

निर्धनता का भयानक रूप देख लिया अब पैसा, धन का खेल कैसे होता है यह भी देखेंगे

पैसा

आजकल के ज़माने में जब कि अर्थप्रधान समाजरचना सारे विश्वभर में मान्य हो गई है, धनराशि को प्रतिष्ठा का सर्वोत्तम साधन माना जाता है। किसी युग में धन से बढ़कर सद्गुणों को अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त थी। गुणीजनों का स्थान सर्वोच्च माना जाता था। धनी और शासक गुणों के सामने झुकते थे और बुद्धिमान या धर्माचरण करनेवालों की राय हर बात में ली जाती थी। किसी भी प्रकार के सामाजिक या धार्मिक उत्सवों में ऐसे विद्वत्जनों को अग्रपूजा का मान मिलता था। उनकी चरणधूलि लोग शिरोधार्य मानते थे। मगर युग में परिवर्तन आ गया। गुणों की महिमा, विद्वता की महिमा घटी और संपत्ति का मान बढ़ गया, पैसे का खेल बढ़ गया। पैसे ने अपने वश में सब कुछ कर लिया और अब विद्याव्यासंगियों पर उसके सामने झुकने की बारी आई है। एक युग था जब कि ऋषियों, मुनियों, आचार्यों की इच्छा मात्र से किसी अच्छे कार्य के लिए उनके कदमों पर धनराशि आ पड़ती थी। राजाओं और धनपतियों के कोश उनके संकेत पर खाली किए जाते थे। अब ज़माना पलट गया है। गुणवानों को, विद्वानों को अपने संकल्प के लिए लाचार होकर धनपतियों की ड्योढ़ी पर जूतियां घिसनी पड़ती हैं। शासकों को भी धनपतियों के इशारे पर चलना पड़ता है। यह जादू है पैसे का। पैसा क्या नहीं कर सकता ? काम की गाड़ी कहीं भी अटक जाए, तो पैसे का रोगन डालिए, गाड़ी चालू। पैसे की पहुँच बहुत दूर तक है। अर्थव्यवस्था के बिना किसी कार्य की योजना तक नहीं की जा सकती, कार्यवाही तो बहुत दूर। धन एक बड़ी शक्ति है। उसे अच्छे काम में लगाइए तो समाजकल्याण राष्ट्रकल्याण या धर्मकल्याण के कई काम सफल होंगे। उस शक्ति को बुरे काम में लगाइए तो रिश्वत के ज़रिए वह सारे समाजजीवन को खोखला कर देगी। सारी अर्थव्यवस्था को उथल पुथल करके सारे समाज के घटकों को दुर्गुणों की खाई में, दुराचार के गड्ढे में धकेल देगी। आज के युग की घोषणा है येन केन प्रकारेण धन बटोरते रहो क्योंकि एक विनोदी संस्कृत उक्ति के अनुसार – " टका धर्मः टका कर्मः टका हि परमं तपः। यस्य गेहे टका नास्ति, स नरः टकटकायते ॥ "

आम लोगों की बोली में हिन्दी कहावत है – " दाम करे काम, बीबी करे सलाम। " बीबी भी तब सलाम करती है, आज्ञा का पालन करती है, जब दाम काम में लगा हुआ रहता है। पैसे की शक्ति का व्यावहारिक दर्शन और एक हिन्दी कहावत में होता है। – " माया तेरे तीन नाम, परसू, परसा परसराम। " यहाँ माया शब्द धन के स्थान पर आया है। परशराम जब निर्धन था, तब उसे लोग केवल ' परसू ' करके पुकारते थे। थोड़ीसी पूंजी पास में ग्रथित हुई, तो लोग थोड़ी नरमी से ' परसा ' कहने लगे। जब काफी धनराशि उसके पास जमा हुई तो लोगों के आदर में वृद्धि हुई और उसे वे ' परसराम ' नाम से पुकारने लगे। आगे चलकर मालूम नहीं कि कब ' परसराम ' का परसराममहोदय या परसरामशेठ बनेगा। लक्ष्मी का खेल है। राजस्थानी की कहावत संपत्ति या सोने का प्रभाव इस प्रकार उपस्थित करती है – " सोनो देखअर मुनीरो मन हाल। " – सोना देखकर मुनी का मन भी डिग जाता है। सोने के लालच में सब कुछ हो सकता है यह भाव प्रदर्शित करनेवाली महाराष्ट्र के देहातियों की एक अश्लील कहावत है। यह एक कहावत जो प्रभाव डालती है, वह दसों कहावतों से भी नहीं डाला जा सकता। इतनी नुकिली, नोंकदार है कि बोलने पर इतनी

बड़ी टिप्पणी लिखने की ज़रूरत भी न पड़े। अशिष्ट कहावतों की चर्चा हम आगे चलकर करनेवाले हैं। परंतु वह कहावत ही क्या जो ठीक समय पर याद न आए और अपना प्रभाव न दिखावे! चाहे वह नागरी हो या देहाती। मराठी की वह कहावत है – " सोन्याची बुळ्ळी पाहिली की दगडाच्या देवही गांड वासतो. " सोने का लंड देखने पर पत्थर के देवता भी गांड खोलकर खड़े रहते हैं। पैसे के प्रभाव का कितना नग्न चित्रण इस कहावत में हुआ है! किसीका चारित्र्यहनन करना हो, तो रुपयों की आवाज़ सुनाओ, चीज़ आप के सामने आ धमकेगी। फारसी कहावत कहती है कि प्यार भी पैसे पर, सोने पर निर्भर है। – " ज़र नेस्त इश्के टें टें " – तुम्हारे पास सोना नहीं तो तुम्हारा प्यार, शृंगार सब फिज़ूल है। आजकल के लड़के और लड़कियाँ वह " लैला मजनू " " शिरीं फरहाद " वाली मुहब्बत थोड़ी ही करते हैं ? बाक़ायदा धंधा-रोज़गार, ज़मीन-मकान, सोना-चांदी जेवरात स्कूटर, मोटरकार वगैरह पहले देख लेते हैं, तोल लेते हैं, मोल लेते हैं, फिर सिनेमा से सीखा हुआ प्यार शुरू कर देते हैं।

काश्मीरी की कहावत में शरीफ (सज्जन) की परिभाषा सीधे ढ़ंग से की है। – " अशराफ् गव सुय् यस्, अशरफी आसन् " – शरीफ वही है जिसके पास अशर्फियाँ हों। अर्थ स्पष्ट हैं कि जिसके पास सुवर्णमुद्रा हों, वही सज्जन। सिंधी कहावत ने तो रुपये की शक्ति को ईश्वर की शक्ति से भी अधिक माना है। दूसरी एक सिंधी कहावत में नगद नारायण की बात छेड़ी है। " पीर ईसा, पीर मूसा, वड़ा पीर पैसा। " ईसा और मूसा से बढ़कर बड़ा पीर पैसा है। गुजराती की कहावत भी एक व्यावहारिक सिद्धांत का कथन करती है। – " पैसा हाथ मां, तो दोस्त साथ मां " – पैसे हाथ में हों, तो दोस्त साथ आएँगे। " धनवानों के गधे चराना मी अच्छा। " गुजरात भी तो एक व्यापारियों का लक्ष्मी पूजकों का प्रदेश है। वहाँ धन की पूजा की जाती हो तो स्वाभाविक ही है।

बाङ्ला की कहावत है – " रुपोर तीरे पाथर छेंदे। " - चांदी के तीर से पत्थर छेदा जा सकता है। ओड़िआ की एक कहावत का भी यही अभिप्राय है कि पैसा असंभव को संभव बना देता है, " पइसा थिले बाघ गांडि पताए " – पैसा हो तो बाघ भी गांड हिलाए।

तमिळ की कहावतें भी पैसे का लोहा मानती हैं। " पणम् ऒॆनराल पिणमुम् वाय् तिर्क्कुम् "– पैसा कहने पर (पैसे का नाम लेते ही) लाश भी मुँह खोलेगी। धनवान के लाख गुनाह माफ होते हैं और निर्धन के गुण भी दोषों में परिवर्तित होते हैं। इस सत्य का ज्वलंत उदाहरण तेलुगु की कहावत व्यंगोक्ति द्वारा प्रस्तुत करती है। – " सागिनम्म चाकलिवाडितो पोते अदि व्रतमेमो अनुकुन्नारट। " – धनवान स्त्री जब धोबी के साथ भटकने लगती है तो लोग समझते हैं की यह कोई धार्मिक व्रत है। साधारण स्त्री किसी सज्जन के साथ जाती है तो भी लोग कहते है कि दाल में कुछ काला है। धनवान कुकर्म भी करे तो उसको छिपाने के लिए वे पैसों की दीवारें खड़ी कर देंगे। सर्वसाधारण व्यक्ति की धनी आदमी से संबंध रखने की अनिवार्य इच्छा रहती है। लाभ न सही उनके मुँह से उलाहने ही सही। मलयाळम् कहावत है – " अटिकॊण्टालुं मोतिरमिट्ट कै कॊण्टु वेणम् "—मार खाए तो भी अंगूठी पहने हुए हाथ से। सब भारतीय भाषाओं की जननी देववाणी संस्कृत ने भी इस सिद्धांत पर मुहर लगाई है कि धन के साथ सब सद्गुण आते हैं –

यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः । स पण्डितः स श्रुतिमान् गुणज्ञः ।
स एव वक्ता स च दर्शनीयः । सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते ॥

जिसके के पास संपत्ति है वही सबसे गुणवान माना जाता है। जिस के पास धन है वही कुलीन, पंडित, सुशिक्षित, गुणग्राही, वक्ता तथा सुंदर माना जाता है। सभी गुण धन का आश्रय लेते हैं।

पैसा विषयक भारतीय भाषाओं की सैंकडों कहावतें, सुभाषित, वचन, उक्तियाँ 'भारतीय कहावत संग्रह' के द्वितीय खंड में सम्मिलित की गई हैं।

इस समय यह देखना भी उचित होगा कि पैसा, धन, संपत्ति के विषय में विदेशों की कहावतों का क्या कहना है, क्या अभिप्राय है। सारे विश्वभर की भाषाओं ने अर्थशक्ति की महिमा गाई है। अंग्रेज़ी की सबसे अधिक प्रचलित कहावत है – "Money makes the mare go." पैसों से घोड़ी चलती है। घोड़ी तो प्रातिनिधिक है, हर चीज पैसों से ही हासिल होती है यह आशय है। "Money will do more than my lord's letter." मेरे स्वामी के पत्र से भी पैसा काम आएगा। फ्रेंच – "Pour de largent les chiens dansent." – पैसा कुत्तों को भी नचाएगा। फ्रेंच भाषा की और एक कहावत प्रेम से बढ़कर धन की शक्ति को अधिक मानती है – "Amour fait beaucoup, mais argent fait tout." – प्रेम से बहुत कुछ होता है, धन से सब कुछ होता है। जर्मन कहावत का अभिप्राय इस से निराला नहीं है। – "Wo geld redet, da gilt alle Rede nicht." – जहाँ सोने की झनकार होगी, वहाँ विवाद समाप्त होता है। स्पॅनिश की कहावत है – "Mos ablanda el dinero que palabras de caballero." – किसी सज्जन के शब्दों से बढ़कर धन से मनुष्य को अधिक तसल्ली होती है, शान्ति मिलती है।

इतालियन कहावत है – "Il danaro e' un compendio del poter umano." – सारी मानवशक्ति का धन ही सार है। पैसे में ही सारी शक्ति समाई हुई है। पोर्तुगलियों की क्या धारणा है देखें। पोर्तुगीज कहावत पैसे की शक्ति को इस प्रकार प्रकट करती है। – "Dinheiro faz batalha, e nao braco largo." पैसों से लड़ाई जीती जाती है, शस्त्रास्त्रों से नहीं। यह सच भी है कि कितनी भी शारीरिक क्षमता क्यों न हो, लड़ाई के सब साधन उपलब्ध कराने के लिए उसके पीछे पैसों का बल उपलब्ध करा देनेवाली अर्थव्यवस्था चाहिए। डच भाषा में कहा है – "Geldt beheert de wereld." – धन ही दुनिया पर हुकूमत चलाता है।

इस प्रकार दुनिया भर के सभी लोगों ने धन के सामने सिर झुकाकर यही प्रमाणित किया है कि "अर्थस्य पुरुषो दासः।"

सबल

पैसे की शक्ति के साथ दूसरी भी एक शक्ति का सिक्का सब जगह चलता है। वह है शारीरिक बल और सामूहिक ताक़त। संघटित शक्ति के बारे में पहले ही विवेचन किया गया है। बलशाली मनुष्य के सामने दुर्बलों की दाल नहीं गलती। जिनके हाथों में हुकूमत हो, उनके सगे संबंधी तथा आश्रित भी रोब जमाते घूमते हैं। प्रायः यह देखने को मिलता है कि राजाश्रय से जो बल मिलता है, उसका उपयोग दुर्बलों को कुचलने के लिए किया जाता है। न्याय की तराज़ू भी बलवानों की तरफ झुकती है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बड़े बड़े समाजधुरीण और न्यायप्रिय लोग पाशवी बल के शिकार हो गए। अनादि काल से बलवानों ने अपनी ताक़त के भरोसे सत्य तथा न्याय को कुचल डालने की कोशिश की। कौरव पांडवों का संघर्ष, यूरप के धर्मयुद्ध (crusades) प्रथम

और द्वितीय विश्वयुद्ध आदि सभी ताक़त की अजमाइश के उदाहरण हैं। हाँ, यह भी अवश्य हुआ है कि पाशवी शक्ति के सामने हमेशा दैवी शक्ति खड़ी रही है, जिसने बर्बरता से, अत्याचार से मानव को बचाया है। मतलब यह है कि शक्ति शक्ति के बीच भिडंत हमेशा चलती रही। कहते हैं कि "Where drums beat, laws are silent." – जहाँ (युद्ध के) नक्कारे बजते हैं, वहाँ क़ायदे चुप हो जाते हैं। फिर विधिनियमन को पुनर्प्रस्थापित करने के लिए पुनः एक सामूहिक बल खड़ा करना पड़ता है। "जबरदस्त मारे, रोने भी न दे।" "जाके हाथ लोई, ताके सब कोई।" अब जिनके हाथ में अधिकार होता है, सब उनके वश में होते हैं। अब जबरदस्तों की इस टोली से असहायों, दुर्बलों को कैसे बचाएँ? "जिसकी लाठी, उसकी भैंस।" व्यवहार में यही न्याय है। बुजुर्गों ने इस शक्ति की महिमा को पहचाना और कहा –

"बल से राजा राव है, बल बिन बड़ा न कोय। साँच बड़ेरे कह गए बल बिन बड़ा न होय॥"

बल के कारण ही राजा सर्वोपरि है। इसी लिए "हुक्मे हाकिम मर्गेमफाज़ात" – सत्ताधीश की आज्ञा सबको माननी पड़ती है। सिंधी कहावत– "ड़ाढ़ो सो गावो" – जो बलवान है वही श्रेष्ठ है कहकर बल का महत्त्व निवेदन करती है। मराठी ने भी बल का अधिकार मान लिया है। उसकी रोज़मर्रे की एक कहावत है। – "बळी तो कान पिळी" जो बलवान, वही (दूसरों के) पकड़े कान। इसमें बलवान की शक्ति का व्यावहारिक न्याय प्रकट हुआ है। "धिटाई खाई मिठाई, गरीब खाई गचांड्या" – ढीठ खाए मिठाई, गरीब के पल्ले पिटाई। धृष्ट को लाभ होता है और गरीब मारा जाता है, इस दुखभरे सत्य को प्रकट करने में मराठी नहीं हिचकिचाती। यही भाव गुजराती ने निराले ढंग से सामने रखा है, "नरम शिरे टपलां पडे, जीती जाय समर्थ" – नरम सिर पर चपत पड़ती है और समर्थ–बलवान जीतता है। "सो तारी दलील ने एक मारो हुकम" गुजराती की यह कहावत इस बात का परिचय देती है कि बल के सामने विचार, तर्क, विवाद कैसे निष्प्रभ हो जाता है। तुम सौ दलीलें करो, मेरी एक आज्ञा तुम्हारी ज़बान बंद कर देगी। बल का कितना घमंड, कितना गर्व! बाङ्ला और असमीया की कहावतों का यही सार है।– "जार लाठि, तार माटि।" – जिसकी लाठी, उसकी मिट्टी। जिसमें शक्ति हो वही ज़मीन पर कब्ज़ा जमाएगा। विशेषतः देहातों में इसका प्रचुर मात्रा में अनुभव किया जाता है। सरकारी दफ्तर में ज़मीन किसके नाम लिखवाई है, उसकी परवाह कौन करता है। जो बली होते हैं, दूसरे के खेत में जबरदस्ती हल जोतते हैं और बेचारा कमज़ोर किसान डर के मारे चुप रहता है। ओड़िआ की कहावत– "एका ठेंगाकु सहस्रे हांडि।" में एक स्वाभाविक दृष्टान्त के सहारे यही बताया है कि हज़ार मटकों को एक लकड़ी भारी है। सिकंदर को जब उसके सेनानियों ने बताया कि शत्रु की बड़ी भारी फौज आ रही है, तब उसने कहा, "हज़ार भेड़ों से कसाई नहीं डरता।" इस उत्तर में अलिकसुंदर के आत्मविश्वास के साथ घमंड और कसाई के क्रौर्य का भाव भी दृष्टिगोचर होता है। ओड़िआ ने "माड़कु महादेव डरन्ति" – मार से महादेव भी डरते हैं कहकर इस सिद्धांत पर मुहर लगा दी है कि बल के सामने अच्छों अच्छों के हवास उड़ जाते हैं।

स्त्रियों को भी बलशाली पुरुष अधिक पसंद आते हैं, चाहे वह बल शारीरिक हो, या सांपत्तिक। तमिऴ् कहावत है – "ऎळियवनुक्कुप पेण्डाय इरुक्किऱ्दिलुम् वलियवनुक्कु अडिमै आगिऱ्दु नल्लदु" – असहाय की पत्नी बनने की अपेक्षा धनिक की दासी बनना उत्तम है। तेलुगु कहावत

का यही कहना है– " अधमुनिकि आलय्ये कण्टे, बलवन्तुनिकि बानिस अय्येदि मेलु " नीच की जोरू बनने से बलवान की दासी बनना अच्छा। मलयाळम् कहावत– " इल्लत्ते पूच्चय्क्कुं ॲविटेम चेल्लाम्।" – महल की बिल्ली कहीं भी जा सकती है। मराठी की एक कवितापंक्ति इसी बात की याद दिलाती है कि बड़ों के पास की वस्तु का सभी आदर करते हैं। वह पंक्ति है – " समर्थाचे घरचे श्वान। त्यासी सर्वही देती मान।" बलवान के घर के कुत्ते का भी सब लोग आदर करते हैं। उसी प्रकार राजा की बिल्ली को कौन रोक सकता है ?

बड़ों के लिए छोटों की बलि चढ़ती है। " लड़े सिपाही नाम सरदार का।" बलवान की क्षुधा बढ़ती है दुर्बलों को देखकर। संस्कृत वचन है " व्याघ्रस्य चोपवासेन पारणं पशुमारणं।" – बाघ के उपवास के पारण के लिए पशु को मारना पड़ेगा। " अजापुत्रं बलिं दद्यात् देवो दुर्बलघातकः।" बकरे की ही बलि चढ़ाते हैं, क्योंकि देवता भी दुर्बल का घातक होता है।

बलशाली, शूर पुरुष की नज़र में जो शक्ति है, वह बुजदिल, कायर की तरवार में भी नहीं होती। इस अर्थ की अंग्रेजी की कहावत है – " A valiant man's look is more than a coward's sword. " फ्रेंच कहावत में " जीवो जीवस्य जीवनम्।" के ही सिद्धांत को दोहराया है। "Les gros poissons mangent les petits." बड़ी मछली छोटी मछली को खाती है। इस अर्थ की इतालियन कहावत है – " Il pesce grande mangia il picciolo." जो ऊपर की फ्रेंच कहावत का अनुवाद मात्र है। यही दृष्टान्त डच भाषा की कहावत में भी है। ' Groote visschen eten ad kleine. " जर्मन कहावत एक दूसरा बिंब खड़ा करती है। – " Grosze Diebe hangen die kzleinen. " – बड़े चोर छोटे चोरों को फांसी पर लटकाते हैं।

इस प्रकार यूरोपीय भाषाओं में भी सबल और दुर्बल के व्यवहार की चर्चा भारतीय भाषाओं की तरह ही की गई है। इस विषय की भारतीय भाषाओं की कहावतें ' भारतीय कहावत संग्रह ' के द्वितीय खंड में दी गई हैं।

कहावतों में साहित्यिक सौंदर्य

अपने मन के भाव को मनुष्य सीधे सरल शब्दों में भी प्रदर्शित कर सकता है। चाहे आदमी को कोई बुरी बात करने से रोकना हो, साधारण उपदेश हो, एक मनुष्य का दूसरे व्यक्ति से जो संबंध रहता है, उसके अति निकट से लेकर दूर का नाता समझकर उसके व्यवहार पर व्यंग्य करना हो तो उन सब आशयों को किसी उपमा, दृष्टान्त या अन्य भाषालंकारों का सहारा न लेते हुए प्रदर्शित कर सकता है, जैसे यह एक सरल उक्ति है कि " ईश्वर सर्व श्रेष्ठ है "। किन्तु ईश्वर की श्रेष्ठता जब भिन्न भिन्न दृष्टान्तों द्वारा तथा उदाहरणों के साथ सम्मुख रखी जाती है, तब उसका गहरा प्रभाव पड़ जाता है। अभिव्यक्ति की इस प्रतिभासंपन्नता के साथ ही साहित्य का जन्म होता है और उन चुने हुए चंद शब्दों से जो आशयघन उक्तियाँ तैयार होती हैं वे साहित्यिक मूल्यों से भरपूर बन जाती हैं।

मनुष्य की कुशाग्र अवलोकन शक्ति, सचेतन सूक्ष्मग्राही बुद्धिमत्ता, किसी घटना से अपने मन पर प्रभाव करा लेनेवाली संवेदनक्षमता के कारण उसके मनःपटल पर घटी घटना का प्रभाव हो जाने के बाद उस घटना की प्रतिक्रिया सरल शब्दों में न प्रकट करते हुए वह जब चुने हुए शब्दों

के साथ आशय को साहित्यालंकारों में लपेटकर लोगों के सामने रखता है, तब उसकी अभिरुचि और रसिकता पर हमें गर्व हो जाता है। जीवन की तरफ देखने का विशाल दृष्टिकोण, पीड़ितों के आँसू पोंछनेवाली करुणा, ईश्वर या जगन्नियंता के प्रति अटूट श्रद्धा, मानवीय दोषों को खोल देने का साहस, मनुष्य के दोषों पर उपहास के आघात करते हुए उसको सही रास्ते पर ले जाने की तमन्ना, आदि संस्कारक्षम हृदय के सूक्ष्मतम स्पंदन को प्रकट करने के लिए मनुष्य ने वाक्यालंकारों का सहारा लेकर अपनी रसिकता का परिचय कराया है।

ऐसी साहित्यिक मूल्यों से भरी हुई कहावतों की एक एक शीशी खोलकर हम उसकी सुगंध सूँघने का प्रयास करें, उसका साहित्यिक मूल्यांकन करके रसास्वाद ले लें, तो वह बात हमारी रसिक अभिरुचि की परिचायक होगी।

किसी बात में अनावश्यक उतावलापन दिखानेवालों की हँसी उड़ानेवाली भिन्न भिन्न भाषाओं की कहावतों में जो दृष्टान्त प्रयुक्त हुए हैं, उनका परिशीलन बड़ा ही रोचक सिद्ध होगा।

कटहल का गुदा खाते समय होठों पर उसका चेप लगता है और वे चिपचिपे हो जाते हैं। उसको निकाल ने के लिए होठों पर तेल लगाना पड़ता है यह बात भी मानी हुई है। परंतु यह जल्दबाजी कैसी कि "गाछ में कटहल और होठों में तेल।" "आधी रात में जंभाई आवे, शाम से मुँह फैलावे।" यह भी कोई बात है ? कटहल अभी पेड़ पर है और यहाँ महाशय होठों पर तेल लगा रहे हैं।

ऐसी उतावली की खिल्ली उड़ाने में दाक्षिणात्य भाषाएँ भी कुछ कम नहीं हैं। तमिळनाडु का आदमी "काशियल् इरुक्किरवन् कण्णैक् कुत्तक् कांझीपुरत्तिलिरुंद कैय्ये नीट्टिक् कोण्ड पोगिरदा" – काशी में रहनेवाले की आँख पर घूसा मारने चला तो कांजिवरम से मुक्का बांधकर दौड़ने लगा। तेलगु की कहावत में भी यही व्यंग्य है। जैसे "धर्मपुरिलो दोंगिलिंच बोतु धारवाडनुंचि वंगुनि पोयाडट" धर्मपुरी में चोरी करने गया धारवाड से झुक झुककर। इस बेवकूफी को क्या कहें ?

ओड़िआवाले तो "नई न देखुणु नंगळा" – नदी देखने के पहले ही (कपड़े उतारकर) नंगे हो गए हैं. और तमिळवालों ने भी "आरु कादम् अेन्किर्पोदे कोवणत्तै अविळप्पानेन्" – नदी दस मील दूर है, और अभी से लंगोटी ढीली कर रक्खी है। प्यास लगने पर कुआँ खोदना ठीक नहीं है, पर कई बातें ऐसी होती हैं कि जिनके लिए बहुत पहले से तैयारी करना हास्यापद होता है। महाराष्ट्र का ब्राह्मण खामखाह झगड़े पर तुला हुआ है, जब कि झगड़े का कारण अभी दूर है। "बाज़ारात तुरी भट भटणीला मारी"– अरहर की दाल अभी बाजार में है और (वह कैसी बनाई जाय इस बात पर मतभेद होने के कारण) ब्राह्मण ब्राह्मणी को पीट रहा है। यहाँ एक घरेलू दृष्टान्त के सहारे अनावश्यक जल्दबाज़ी पर प्रहार किया है।

हर एक व्यक्ति की योग्यता के अनुसार उसे उपहार या गालियाँ मिलेंगी, यह आशय प्रकट करने के लिए उपमा और दृष्टान्तों की भिन्न भिन्न भाषाओं में झड़ी लगी है। जैसा देवता, वैसी उसकी पूजा होगी इस सिद्धान्त को प्रमाणित करते हुए हिन्दी ने "ईंट की देवी को झामे का परसाद" दिया है। मराठी ने बुरे व्यक्ति को लातों से मारने का भाव "चांभाराच्या देवाला खेटराची पूजा" कहावत में कुछ वादग्रस्त रूप से प्रकट किया है। वास्तव में जातिनिरपेक्ष आशय को जातीय स्वरूप देकर झगड़े की सामग्री जुटा ली है। सदियों से हमारे दिलोदिमाग पर जो जातीयवाद का प्रभाव है उसका यह अटल परिणाम है। वास्तव में चमार का हो, या ब्राह्मण का हो, भगवान तो एक ही

है। गुजराती " थूहर के देवता की जूतों से पूजा करता है। "

तेलुगु भाषियों ने नीच व्यक्ति को कुत्ते की जगह बिठाया है। " कुक्कु श्राद्धानिकि पीति पिंडालु " – कुत्ते के श्राद्ध में मल के पिंड ।

अच्छी चीजों से खाद्यपदार्थ तैयार करने हों तो किसी अच्छे बावर्ची की ज़रूरत होती है। बिर्याणी, जाफरानी पुलाव हो, रोगन जोश या गोश्तावा हो तो कश्मीरी आदमी ज़रूर किसी अच्छे खानसामे को बुलाएगा लेकिन " हूनि माज़स् वातल वाज़ुँ " – कुत्ते के मांस के लिए तो भंगी ही रसोइया बुलाया जाएगा ।

इस प्रकार " यस्य देवस्य यद्रूपं तथा भूषणवाहनम् । " यह भाव भिन्न भिन्न प्रकार से भारतीय भाषाओं ने प्रकट किया है।

अनाधिकार व्यक्ति के हाथ में जब अधिकार आ जाता है तो वह कैसी बेतुकी बातें करता है, अपनी नीचता छिपाने के लिए और बड़प्पन दिखाने के लिए जो बेतहाशा हरकतें करता है उनका वर्णन तेलुगु और कन्नड़ कहावतों ने बड़े मज़ेदार ढंग से किया है। तेलुगु की कहावत " अल्पुनुकु ऐश्वर्यमु वस्ते, अर्धरात्रि गोडुगु तेम्मन्नानाडट " और कन्नड की कहावत " अल्पनिगे ऐश्वर्य बंदरे अर्धरात्रियल्लि कोडे हिडिसिकोंड " में एक ही बात कही है – ओछे को ऐश्वर्य प्राप्त हुआ हो, तो आधी रात में छाता खोलके जाएगा। तेलुगु ने और एक व्यावहारिक किस्सा कहा है " चिंतकायलु अम्मेदानिकि सिरिमान वस्ते वंकिरि विंकिरि कायलु एकायलन्नदट " – इमलियाँ बेचनेवाली अमीर हो जाने के बाद कहती है कि ये (इमलियों की ओर इशारा करके) टेढ़े मेढ़े फल कौन-से हैं ? जिसका जनम इमलियाँ बेचने में गया उसका यह कथन उसके झूठे बड़प्पन का दिखावा मात्र है।

ओड़िआ की कहावत में वहाँ के एक रोग का उल्लेख है। कटक और पुरी जिलों में हाथी पाँव (elephantiasis) की बिमारी का बहुत फैलाव है। इस बीमारी के कारण पाँव हाथी की तरह मोटे हो जाते हैं, साधारण लोग इस व्याधि से ग्रस्त व्यक्ति से दूर रहते हैं। " गोदरीकि श्रीमति कहिले से गोड़कु बुलेइ पकाए " – हाथी पाँववाली को श्रीमती कहने से वह पैर घुमाकर रखती है। उस कुरूपा को जब सम्मान मिला तो वह अकड़ने लगी।

ऊपरिनिर्दिष्ट कहावतों में व्यंग्योक्ति के सहारे मिथ्या अभिमान करनेवालों की कैसी खिल्ली उड़ाई है, हल्की-सी चोट करने के लिए कैसे दृष्टान्त चुने हैं, यह देखकर अपनी भाषाभगिनियों के चातुर्य पर हमें गर्व होने लगता है।

जिस बात की हमें आवश्यकता होती है, उस वांच्छित वस्तु के चिंतन में हम रहते हैं। हमारा सारा ध्यान उसी वस्तु पर केंद्रित रहता है। इस आशय को " चोर की नज़र गठरी पर " या " चमार का ध्यान टूटी जूती पर " इत्यादि कहावतों द्वारा प्रकट किया गया है। परंतु इस विषय से संबंधित कन्नड़ की कहावत उसकी साहित्यिक सुंदरता के कारण हमेशा स्मरण में रहेगी। " तोट्टिलु मारुववनिगे बीदिय हेंगुसरेल्ल बसुरियरे " – पालना बेचनेवाला हर औरत को गर्भवती समझता है।

इसी कन्नड़ भाषा ने अपनी एक कहावत के द्वारा एक मनोरम व्यंग्य प्रकट किया है। केवल उच्च कुल में जन्म पाया इसलिए हम सर्वज्ञ हैं, ऐसा माननेवालों पर व्यंग्योक्तिद्वारा जो प्रहार किया है, उससे सम्हलना उनके लिए असंभव है। एक स्त्री कहती है – " अप्पाभटर सोसेयागि,

तिप्पाभटर मगळागि लवण अेंदरे दोड्डेम्मे सेगणि अेंदंते –" मैं अप्पाभट की बहू और तिप्पाभट की बेटी हूँ, क्या मैं ' लवण ' का अर्थ नहीं जानती ! लवण का मतलब है भैंस का गोबर। वाह वाह ! बहुत खूब ! हे चतुर्वेदी की बहू और द्विवेदी की लड़की तेरा संस्कृत का ज्ञान अगाध है जो तू लवण का अर्थ गोबर बताती है। अपने कुल की आड़ लेकर मिथ्या अहंकार करनेवालों पर यह एक ऐसी चोट है, जो उनको एक पल में अवाक् कर देगी। * * *

अपने पास कुछ हो, तो लोग आएँगे, अन्यथा हमसे दूर रहेंगे। यद्यपि अंग्रेजी की कहावत कहती है कि "God looks to the clean hands, not to the full ones." मनुष्य का व्यवहार इससे विपरीत होता है। वह साफ-सुथरे हाथों को इतना महत्त्व नहीं देता, जितना कि भरे हुए हाथों को। जिसने माया जोड़ी हो और जो कुछ न कुछ देने की क्षमता रखता हो, चाहे दे न दे, उसके पास लोगों का जमघट रहता है। यह व्यावहारिक सिद्धान्त सभी भाषाओं की कहावतों ने बड़े वाक्चातुर्य के साथ साहित्यिक भाषा में प्रकट किया है। हिन्दी की कहावत एक सुंदर दृष्टान्त के द्वारा यह आशय प्रकट करती है। कहावत है "जहाँ गुड़ होगा, वहाँ मक्खियाँ होंगी। "Wasps haunt the honey pot" का मतलब यही है। इस संबंध में सिन्धी कहावत ने मृत्यु के पश्चात् मृत व्यक्ति के संबंध में जो क्रियाकर्म किए जाते हैं, उसका दृश्य खड़ा करके, ब्राह्मणों और कौवों का व्यवहार सम्मुख रखा है – " श्राध पुना ब्रांभणानि चाढ्या कुना, त कांव वेही रुना " – भाद्रपद के पितृपक्ष में श्राद्धकर्म जब पूरे हुए, तो ब्राम्हणों ने घर में पकाना शुरू किया और कौवे रोने लगे। ब्राह्मणों का यजमान के घर का भोजन बंद हो गया और कौवों का पिंड मिलना बंद हो गया। इस मुसीबत का सिंधी ने अपनी कहावत में यथार्थ वर्णन किया है।

बाङ्ला भाषा ने इस मन्तव्य को प्रकट किया है विकट रूप से। " पोष मासे इँदुरेर सात माग।" पौष के महीने में चूहे के सात बीवियाँ होती हैं। धान पका हुआ रहता है तब वह ज़नानखाना रख सकता है। असमीया भाषा ने इसी आशय को मुखरित करने के लिए बड़े सुंदर अनुभवों की योजना की है – " आगैये आछिलों दालिमर पोहारी, सदौवे बुलिछिल बाइ; गछो लेरेछिल, दालिमो शुकाल एतिया सोधोता नाइ।" पहले अनार की बिसात थी तब सब मुझे दीदी कहते थे; अब पेड़ भी मुर्झा गया, अनार भी सूख गए, अब मुझे कोई नहीं पूछता। इसी प्रकार एक गाय की शिकायत असमीया कहावत में व्यक्त हुई है। " आगैये आछिलो दोवनी-मोवनी, गोवाले बुलिछिल आइ। एतिया हलो नेज गोवरी, पालत नापाएँ ठाइ।" पहले मैं दूध देती थी, उस समय ग्वाले मुझे ' माँ ' कहते थे। अब तो मेरी पूँछ पर गोबर चढ़ा है (बूढ़ी हो गई) तो गायों के झुंड में भी मुझे स्थान नहीं है।

तमिऴ का कहना है कि गंजे सिर पर जूएँ भी नहीं रहतीं। संस्कृत के वचन का प्राकृतिक दृष्टान्त कितना लुभावना है – " निर्गलिताम्बुगर्भं शरद्घनं नार्दति चातकोऽपि " – जिस शरद्-मेघ से जलरूपी गर्भ निकल गया है, ऐसे मेघ की प्रार्थना चातक भी नहीं करते। अंग्रेजी – A full purse never lacked freinds. जर्मन भाषा की कहावत भी इस अवस्था का वर्णन सुचारु रूप से किया है – " Siedet der Topf, so bluhet die Freundschaft " – जब तक देगची उबलती रहेगी, दोस्ती खिलती रहेगी।

इसी प्रकार असमीया ने एक प्राकृतिक उपमा के साथ बड़े लोगों की वृथा नकल करनेवालों पर

व्यंग्य किया है। – "चान्दक देखि तेतेलि बेका "– चाँद को देखकर इमली भी टेढ़ी हुई। इमली ने जो चंद्र देखा वह पूनम का नहीं होगा। बीज से लेकर सप्तमी तक का होगा। तभी तो उसका अनुकरण करने में इमली टेढ़ी हुई। इसी आशय को प्रस्तुत करने में तेलुगु ने दो मान्यवर ऐतिहासिक व्यक्तियों का उपयोग किया है। "अक्कन्न मादन्न गार्लु अन्दलमु ऎक्किते, साटिकि सरप्प चेरुबुकट्ट ऎक्किनाड्ट " – अक्कन्ना और मादन्ना को पालकी में चढ़ बैठा देखकर गँवार सरप्पा चढ़ बैठा तालाब की मेड़ कर। अक्कन्ना और मादन्ना तानाशाह के अमात्य थे, उनका पालकी में चढना ठीक था। उनके देखादेखी सरप्पाने चढ़ने का अनुकरण मात्र किया। मान्यवर व्यक्ति के हास्यास्पद उनुकरण का और एक नमकीन उदाहरण तेलुगु ने प्रस्तुत किया है। "वासिरेड्डि वेंकटाद्रि नायुडु तुलाभारं तूगिते करेड्ल कामक्क वंकायल भारं तूगिंदट " – वासिरेड्डि वेंकटाद्रि नायुडु ने सुवर्णतुला की तो करेड्ल कामक्का ने अपनी बैंगनतुला की। जो आदमी अपने को सोने से तोलता है, वह अपने भार का सोना गरीबों को बाँट देता है। यह एक दान की विधि होती है। अब यह सुवर्णतुला देखकर कोई अपने को बैंगन या किसी और घटिया चीज़ से तोलने पर तुल जाए तो वह देखनेवालों के लिए हास्यरस की विपुल सामग्री जुटा देगा।

कभी कभी बहुत गड़बड़ी करनेवाले बातूनी लोग भोले भाले, सीधे सादे होते हैं, और चुपचाप, गुमसुम रहनेवाले बड़े धोखेबाज़ साबित होते हैं। इस अनुभव को प्रकट करने के लिए कन्नड़ की कहावत ने एक सदासत्य प्राकृतिक दृष्टान्त का आधार लिया है। "अलला ऎम्ब अरळि मर नम्ब बहुदु, मेत्त गिरुव कळ्ळिमर नम्बलागदु " – छरमर बोलनेवाले पीपल पर भरोसा हो सकता है, परन्तु गुमसुम रहनेवाले थूहर का विश्वास नहीं किया जा सकता। न जाने चुपके से अपने काँटों में कब फँसा देगा।

"राजन रथवादरू एण्णोयिल्लदे तिरुगदु " – राजा का रथ भी बिना रोगन के नहीं चलता। कन्नड़ की इस कहावत ने रथ के बिंब को प्रस्तुत करते हुए एक वैश्विक सिद्धान्त का निरूपण किया है। आदमी कितना भी बड़ा हो उसके भी पेट होता है, और उस पेट के लिए खाना चाहिए। बिना ईंधन के शरीर-व्यापार सुस्त हो जाएँगे।

ओड़िआ भाषा ने अपने प्रतिभा-विलास से सदावक्र मूर्ख की तुलना ऐसी वस्तुओं से की है कि जो किसी न किसी कारण से वक्र या टेढ़ी बनती है और इस तुलना से मूर्ख को टेढ़ेपन का शिरोमणि प्रमाणित किया है। "गुणघ्रते धनु बंका, चंद्र बंका दिने दिने; तेंतुळि सर्वदा बंका, मूर्ख बंका सबु दिने। "– खींचने पर धनुष्य बाँका होता है, कुछ दिन चंद्र भी वक्र रहता है; इमली सदावक्र होती है और मूर्ख भी हमेशा टेढ़ा होता है। छोटी-सी बात कैसे साहित्यिक ढंग से प्रदर्शित की गई है।

जोड़ियाँ दो प्रकार की होती हैं। एक दूसरे से मेल खानेवालों की जोड़ी हो तो उसमें से कोई आपत्ति नहीं खड़ी होगी। परंतु जब यह जोड़ी पूर्णतः बेमेल होती है, तो अनर्थ का सामान प्रस्तुत करती है। "माटी के घोड़ा, सूत के लगाम " चंपारण्य की इस जोड़ी में दोनों घटिया है, इस लिए मेल ठीक बैठेगा। "छिनाल सास और व्यभिचारी दामाद " हो तो उनकी ठीक पटेगी। "खूब गुज़रेगी जब मिलेंगे दीवाने दो। " परंतु ऐसी जोड़ियाँ भी होती हैं, जिनमें एक के विपरीत दूसरे के गुण होते हैं, तब किसी एक का या दोनों का विनाश अटल होता है। ऐसी जोड़ी को प्रस्तुत करने में तमिळ भाषा ने अपने कल्पना-विलास तथा योजकता का विशेष परिचय दिया है –

" नेरुप्पु आरुम्, मयिरम् पालमुम् " – आग की नदी पर बालों का पुल। इस कहावत ने विरोधाभास का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

हर एक व्यक्ति में अथवा चीज में गुण-दोष तो होते ही हैं, परंतु अपने दोषों की जिम्मेदारी किसी और के माथे पर चढ़ाने की आदत बहुत सारे लोगों में होती है। विशेषतः लोगों की यह प्रवृत्ति होती है कि किसी घटिया वस्तु के सहवास से यह दोष अपने में आया, वरना हम तो निष्कलंक थे। यह भाव सोना और घुँगची के संवाद से हिन्दी ने बड़ी ढंगदार शैली में प्रकट किया है।

" सोना कहे सुनार से उत्तम मेरी जात। काले मुँह की घुँगची तुले हमारे साथ। " – सोने का कहना है मुझमें जो कुछ किल्मिष है, वह उस काले मुँह की घुंघची के कारण है। इस बात पर घुँघची ने सोने को एक तमाचा जड़ा दिया है।

" हम लालों की लालड़ी, लाल हमारा रंग। काला रंग जब से हुआ, तुली नीच के संग। " यह गालियों का आदान-प्रदान बड़ा रोचक है। मराठी की कहावत में यही बात चंदन सान से कहता है – " चंदन म्हणते सहाण बाई तुझी हीन जाती। तुझिया संगे झाली माझ्या देहाची माती। "– चंदन कहे सान से तेरी हीन जाति, तुम्हारे संग हुई मेरे बदन की मिट्टी। चंदन के सान पर घिसने से उसका भूसा हुआ, मरहम हुआ, यह बात सच है परंतु उससे चंदन का जो गुण है वह वृद्धिंगत ही हुआ। उस की सुगंध चारों ओर फैल गई। संगति का प्रभाव कैसा होता है, यह विशद करते हुए हिन्दी के एक वचन ने एक रोचक प्राकृतिक दृष्टान्त सामने रखा है।

" सुआत-बूंद सीपी मुकत, कदली भयो कपूर। कारे के मुख विख भयो, संगत शोभासूर ॥ " कोई चीज योग्य स्थान पर पहुँचती है, तभी उससे सुंदर नतीजा निकलता है, अन्यथा वह हानिकारक बनके रहेगी। स्वाति की बूँद सीपी में गिरे तो उसका मोती बने, कदली पर गिरे, तो उसमें औषधीय कपूर पैदा करे; पर साँप के मुख में गिरने से उसका विष बनेगा। ऐसा दृष्टान्त तो प्रकृति की गोद में पले हुए ही प्रस्तुत कर सकते हैं, चाहे इसका स्त्रोत संस्कृत हो या और कोई भाषा।

शब्दों में जहाँ श्लेष रहता है, वहाँ उस उक्ति के दो या तीन अर्थ निकलते हैं,। ऐसी उक्तियाँ हमको पलभर के लिए गुदगुदाकर एक सुखद अनुभव प्राप्त करा देती हैं। उर्दू की इस उक्ति का वास्तविक अर्थ सरल है – "" आबरू जग में रहे, तो जान जाना पशम है " – इज्जत के सामने ज़िंदगी कोई चीज़ नहीं। पशम का मतलब है बाल। सम्मान के सामने जीवन तो केश जैसा तुच्छ है, यह बात तो स्वागतार्ह है और सरल भी। परंतु इस कहावत का दोहरा मतलब है। -- लखनऊ में ' आबरू ' और ' जान जाना ' नाम के दो शायर हो गए। दोनों में बड़ी हरिफाई चलती थी। एक दूसरे की छेड़छाड़ में शेरों की आतिशबाज़ी चलती थी। उपरोक्त शेर ' आबरू ' का कहा हुआ है जिसमें ' जान जाने 'को पशम कहा है। पूरा शेर-इस प्रकार है–

"जो सती सत पर चढ़े तो पान खाना रस्म है। आबरू जग में रहे तो जान जाना पश्म है ॥"

बाङ्ला भाषा की एक विशेष कहावत है, जिसको बंगाली उच्चारणविधि के साथ पढ़नेपर ही उसमें से दोहरा अर्थ निकलता है और इन शब्दों के खेल पर मज़ा आता है। बाङ्ला में ' बिश्व ' लिखा जाता है और बिश पढ़ा जाता है, जिसका मतलब बीस भी होता है। (बिश्व) बिशकर्मार बेटा बेयाल्लिश कर्मा। " पढ़ने में बीस कर्मा का बेटा बयालीस कर्मा यह बात ठीक है, आँकड़ों का खेल है। परंतु विश्वकर्मा पढ़ने पर बेयालीश कर्मा का कोई मेल नही बैठता। इस कहावत का आनंद

बोलने में है, लिखने में नहीं।

बाङ्ला की एक कहावत में बैंगन को बाबाजी भी और तरकारी भी समझा है। तरकारी तो है ही, पर डंठल के कारण वह वैष्णव जैसी भी लगती है। डंठल की तुलना चोटी से की है।

अपना दोष दिखाई नहीं देता, दूसरे के दोष पर ठीक नज़र बैठती है। यह "अपना टेटर देखे नहीं दूसरों की फुल्ली निहारे" वाली बात समझाने के लिए बाङ्ला भाषा की कहावत ने दो फलों का कृषिप्रधान दृष्टान्त चुना है। अपने लक्ष्य पर वह ठेठ जाके चुभता है। "अनारस बले काँठाल भाई तुमि बड़ खसखसे।" अनारस कहे कटहल से, "भाई, तुम बड़े खुरदुरे हो।" वास्तव में अनारस स्वयं इतना खुरदुरा, कँटीला होता है, वह यदि ऐसा ही दोषारोपण कटहल पर करे तो कहना चाहिए ज़्यादती का कमाल हुआ। मगर व्यवहार में ऐसा होता है। स्वयं जो दोषी होता है, वह दूसरों को उन्हीं दोषों के लिए कोसता है। राजनीतिज्ञों में तो इस बात की होड़ लगी हुई रहती है। दोनों एक दूसरे को झूठा कहते हैं, वास्तव में दोनों चोटी के झूठ बोलनेवाले होते हैं, असत्यभाषणविभूषण होते हैं।

अपने में जो दुर्गुण प्रमुखतः है, उसी के लिए दूसरों को कोसना यह तो विश्वभर के मानव का स्वभाव है। इस लिए सभी भाषाओं में अपनी प्रतिभा की मर्यादाओं में यह भाव प्रकट हुआ है। अंग्रेजी की कहावत है "The frying-pan says to the kettle, 'Avaunt black brows.'" यही दृष्टान्त युरोप की प्रायः सभी भाषाओं में भी है। यूनानी (ग्रीक) भाषा में "गधा मुरगे को बुद्दू कहता है।" और चीनी भाषा की कहावत में "काग सूअर को गंदा कहता है।"

किसी को किसी चीज़ की चाहत हो, और उसे ही उस चीज़ को सम्हालने का काम सौंपा जाय तो उसके लिए तो वह इष्टापत्ति सिद्ध होगी। "बिल्ली! और दूध की रखवाली!" में जो आशय है, वह प्रकट करने के लिए कन्नड़ की एक कहावत का कथन तनिक उल्टा खिसकाकर ग्रहण करना पड़ेगा। उस सुंदर दृष्टान्त में कहा है "बेल्लद सिपाही माडि इरुवे हत्तिर कळुहिसिद हागे" – गुड़ का सिपाही चींटी के पास भेजा गया। यहाँ भक्ष्य अपने पाँव से भक्षक के पास जाता है। भक्ष्य भक्षक के पास जाए अथवा भक्षक भक्ष्य के पास जाए, नतीजा एक ही निकलेगा। खरबूजा छुरी पर गिरे, या छुरी खरबूजे पर गिरे, परिणामतः खरबूजा ही कटेगा।

कभी कभी ऐसा होता है कि आदमी कठिन से कठिन काम कर जाता है, और छोटे, सरल काम में बुरी तरह फँस जाता है और उसे कर नहीं पाता। यह भाव बाङ्ला की एक कहावत ने अचूक लक्ष्यवेधी बिंब खड़ा करके प्रकट किया है – "समुद्र पेरिये गोष्पदे डुबे मरा" – समुद्र पार किया और गोपद या चुल्लूभर पानी में डूब मरा। उर्दू ने शायद अरबस्तान में होनेवाले खजूर के पेड़ का सहारा लिया है "आसमाँ से गिरा और खजूर में अटका।" एक शायर ने बड़ा चमकीला शेर इस भाव को प्रदर्शित करने के लिए लिखा है, "मेरे डूब जाने का बाइस तो पूछो, किनारे से टकरा गया था सफीना।" कवि महोदय ने नाव में सारा सागर पार किया और गन्तव्य स्थान के किनारे से टकराकर उनकी नैया डूब गई। इस बदनसीबी को क्या कहें!

"गाजर की पूँगी बजी तो बजी, नहीं तो खा डाली" – या "लग गया तो तीर नहीं तो तुक्का" इस प्रकार किसी भी अवस्था में संतुष्ट रहनेवाले लोग रहते हैं। "जैसी बहे बयार, पीठ तब तैसी दीजै," इस उपदेश का पालन ठीक प्रकार से करके प्रवाह के साथ बहकर अपना उल्लू सीधा

करनेवाले बहुत सारे होते हैं। जीवन में कोई विशेष सिद्धान्त न रखते हुए हवा के साथ अपनी दिशा तय करके चलने में धन्यता मानते हैं और सुखी भी होते हैं। "अनमिले के त्यागी, राँड़ मिले बैरागी।" औरत न मिली तो खुद को त्यागी कहलाएँगे, और दैववशात औरत मिल गई तो बैरागी बनके बैठेंगे। त्यागी या विरक्त साधु स्त्री नहीं रख सकता, वैष्णव संप्रदाय का बैरागी साधु स्त्री रख सकता है। इस प्रकार जैसी परिस्थिति आ जाए, इसके अनुसार अपने उसूलों को बदल-कर काम निकाल लेना यह कोई विशेष बात नहीं है। नाम तो उनका होता है, जो विपरीत परिस्थिति में अपने सिद्धांतों पर डटा रहता है और संकटों का मुकाबला करता है। "पानी तेरा रंग कैसा, जिसमें मिलावे वैसा।" ऐसे अपना कोई रंग न रखनेवाले व्यक्ति की दुनिया में कोई कीमत नहीं रहती। वह तो "गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास" बन जाता, है किन्तु अन्त में ऐसे लोगों की स्थिति "धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का" जैसी हो जाती है। जो सच्चे बहादुर होते हैं, वे तो परिणाम की चिंता न करते हुए गन्तव्य स्थान की ओर बढ़ते रहते हैं। सच्चा तैराक़ वह नहीं कि जो पानी के साथ बह जाए। "शनावर मौजे-तूफ़ाँ खेज को साहिल समझते हैं"– अच्छा तैराक़ तूफान से सागर में उछलनेवाली लहरों को ही किनारा मानता है। न डरते हुए तूफानी मौजों का मुकाबला करके आवश्यकतानुसार प्रवाह के विरुद्ध तैरने का भी साहस करता है। ऐसे लोगों का नाम रोशन होता है।

अपने आत्मीय व्यक्ति के लिए, प्रिय व्यक्ति के लिए कितने भी कष्ट उठाने पड़े तो भी वे भार-भूत नहीं होते। संबंधी, परिवार के लोगों के लिए उठाई हुई जिम्मेदारियाँ हमारे लिए कष्टप्रद नहीं होतीं। यह भाव विविध बिंबों द्वारा सम्मुख रखा है। "भैंस के सींग भैंस को भारी नहीं होते।" यह बात मराठी, गुजराती आदि भाषाओं में कही गई है। वह समीचीन भी है। परंतु यह भाव हिन्दी की कहावत ने जिस कोमलता या नजाकत से प्रकट किया है, उसका मुकाबला नहीं है। जैसे "आँखों पर पलकों का बोझ नहीं होता।"

कहावतें कोई चीज सीधे ढंग से तो कहतीं नहीं। पापी को पापी भी कहना हो, तो ढंग से कहती हैं, सूचित करती हैं। इस सूचकता का उदाहरण एक बाङ्ला कहावत में हमें मिलता है। "आँधारे आसे, ज्योत्स्नाय जाय, तार नरक हाते हाते पाय" – अंधेरे में आता है; चाँदनी में जाता है, सीधे नरक में पहुँचता है। इस कहावत में व्यभिचार का धिक्कार बड़ी सूचकता से किया है। रात के अंधेरे में व्यभिचारी (स्त्री या पुरुष) अपने वांछित संभोगपात्र के पास आएगा और सवेरा होने के पहले निकल जाएगा ताकि कोई उसे देख न सके। यह चोरी चोरी अवैध रीति से किया हुआ संबंध या शृंगार व्यभिचार ही माना जाएगा और उसके परिणामस्वरूप मरने के बाद उसे स्वर्ग नहीं मिलेगा, नरक मिलेगा।

छोटे व्यक्ति को ज़रा सी अड़चन भी महासंकट-सी लगती है, क्योंकि उसकी मुकाबला करने की शक्ति सीमित रहती है। छोटी-सी मुसीबत आने पर वह बेचारा हैरान हो जाता है। उसका प्रतिरोध करने की क्षमता न होने के कारण, उसे वह छोटा–सा संकट भी बड़ा भयानक, डरावना, अनर्थकारक प्रतीत होता है। उस दुर्बल व्यक्ति की यह अवस्था या नित्यानुभव चंद शब्दों में निःसंकोच सम्मुख रखते हुए मराठी की कहावत अपनी निडर शैली में कहती है – "मुंगीला मुताचा पूर" – चींटी को मूत ही महापूर। कन्नड़ तथा तमिऴ ने इसी उदाहरण को दोहराया है। कन्नड़ भाषा की कहावत

है – " ॲम्मे उच्चि इरुवेंगे जलप्रलयं "– भैंस का मूतना चींटी के लिए बाढ़। तमिळ –" ॲरुंविन् कण्णुक्कु ॲरुमै मूत्तिरम् एगप्पेरुवेळ्ळम् – " चींटी की दृष्टि में भैंस का मूत महापूर-सा।

पहले जीवित रहना चाहिए, अन्य सब बातें तभी मिलेंगी। जिसके लिए कोई चीज़ बनाई जाती है, वही यदि न रहा तो उस चीज़ का क्या उपयोग ? इस लिए मूल आदमी या चीज़ सलामत रहे तो उसके लिए कई बातें लाई जा सकती हैं। इस आशय को हिंदी ने एक सुंदर उदाहरण के साथ प्रकट किया है " सिर सलामत तो पगड़ी पचास। " उर्दू शेर के एक मिसरे में शायर कहता है, " हम ही नहीं रहें तो रहेगा मज़ार क्या ? " जब हम ही मर गए तो हमारी कब्रें बनाने से क्या फायदा ? इसी अर्थ की स्पॅनिश और इतालियन भाषा की कहावतां में एक ही दृष्टान्त ग्रथित है। स्पॅनिश " Si se perdieron los anillos, aqui quedaron los dedillos. " इतालियन – " Se ben ho persol' anello, ho pur anche le dita " - इन दोनों कहावतों का हिन्दी अनुवाद – यद्यपि अँगूठी गुम हो गई, उँगलियाँ तो अभी बाकी हैं। – मतलब है कि जब उँगलियाँ सलामत हैं, तो अँगूठियाँ कई आ सकती हैं।

व्यसनों का गौरव

मनुष्य ऐसी किसी चीज़ की खोज में रहता है, जो उसे थोड़ी देर के लिए क्यों न हो, अपने को भुला दे। पारिवारिक चिंताओं से दूर भागने के लिए, कम से कम उनको भुलाने के लिए उसे किसी न किसी पागलपन की ज़रूरत महसूस होती है। कई लोग ईश्वराराधना में लग जाते हैं, तो कई किसी एक विषय की धुन अपने पर सवार करा लेते हैं। किन्तु अधिकांश लोग बेहोशी लानेवाली किसी नशीली चीज़ के अधीन हो जाते हैं। उस चीज़ के सेवन से वे लोटपोट हो जाते हैं। गांजा, चिलम, शराब, जूआ, तमाकू और वेश्यागमन करके अपने दिल को बहला लेते हैं। इन व्यसनों के अधीन होने पर शायद उनकी प्रतिभा और तेजस्वी बन जाती है। ऐसे नशाबाज़ों ने अपने अपने नशा की सामग्री का ऐसे सुंदर शब्दों में गौरव किया है कि वे वचन साहित्यिक सुंदरता के उत्कृष्ट नमूने बन कर बैठे हैं।

हुक्के का बड़प्पन बताने के जोश में नशाबाजोंने उसे कृष्णकन्हैया बना दिया है – " हुक्का हर का लाड़ला, रखे सबका मान; भरी सभा में यूँ फिरे, जूँ गोपिन में कान्ह। " हुक्काबाज़ों के जमघट में हुक्का एक के हाथ से दूसरे के हाथ फिरता रहता है। इस क्रिया को कृष्ण और गोपियों की क्रीड़ा की उपमा देकर हुक्के को भगवान स्वरूप बना देनेवालों की प्रतिभा को शतशः प्रणाम !

अब इस कहावत में भंग पोस्त, अफीम आदि द्रव्यों की महिमा पढ़िए। " भंग कहे मैं रंगी जंगी, ' पोस्त कहे ' मैं शाहे जहाँ; ' अफीम कहे ' मैं चुन्नी बेगम ' मुझको खाके जाए कहाँ। – भंग पीने पर आँखों के सामने सितारे चमकते हैं, रंगबिरंगे दीप जलते हैं, चरस का दम मारने पर नशाबाज अपने को सम्राट समझने लगता है। अफीम तो कहती है कि मैं आशिकों की लाड़ली बेगम हूँ, मुझे छोड़के वे कहाँ जाएँगे। देखा न एक दम मार दिया तो कैसी रसीली प्रतिभा प्रकट हुई ?

भंग कैसे पीनी चाहिए इस बात पर भंगेड़ी का कथन भी ध्यान देने योग्य है। उसे कुंजवन की गलियाँ याद आती हैं। " भंग तो ऐसी पीजिए, जैसी कुंजगलिन की कीच, घर के जाने मर गए

और आप नशे के बीच।" कीचड़ जैसी घनी भंग पीकर मुर्दे जैसा नशे में पड़े रहने का मज़ा और ही होगा। इन व्यसनों से क्या क्या परिणाम होते हैं, उसका वर्णन मराठी ने भी किया है। – "भंग करी रंग, अफू करी चाळा, तंबाकू बापडा भोळा" – भंग करे रंग, अफीम करे गुस्सा, तमाखू बेचारा भोला (निरुपद्रवी) है। किसका मज़ा कहाँ अधिक लुटा जाता है उसका वर्णन गुजराती की कहावत में भी आता है – "अफीण रंग भुतीया, गांजा रंग सुतिया, दाउ रंग जुतीया" – अफीम का रंग शौर्य में, गांजे का रंग सोने में, नींद में और शराब का रंग जूते (झगडे) में खिलता है। जो व्यसनों में घुटे हुए रहते हैं वे छोटे व्यसनों का धिक्कार करते हैं। गुजराती की यह कहावत देखिए – "छेल व्यसन छींकणी, ने राजवसन हुक्को; गांडु वसन तमाकू, ते ठेर ठेर थुक्को। – सूँघनी का व्यसन तो छैले करते हैं, हुक्का तो शाही शौक है। तमाकू तो कायर, डरपोक खाते हैं और स्थान स्थान पर थूँकते हैं।

किस नशीली चीज़ के साथ क्या क्या खाना चाहिए उसका नुस्खा पेश करके ओड़िआ ने अपने साहित्य भाण्डार में वृद्धि की है। कहावत है – "भांगकु चुड़ाघषा, माउँसकु मद, गन्जाइकि घिस भात, अफिमकु दुध।"– भंग के साथ चिउड़ा, मद्य के साथ मांस, गांजे के साथ घी-भात और अफीम के साथ दूध पीने से शारीरिक हानि कम होती है।

हुक्के की नली या ताड़ी पीना, दोनों के लिए छुवाछूत नहीं यह बताकर तेलुगु ने व्यसनियों में सामाजिक समता का दावा किया है और – "दम्मिडी कल्लु तागि ऊरन्ता गंतुलु" – दमड़ी की सस्ती ताड़ी पीकर सारे गाँव में नाचने-झूमने का उपदेश किया है। कन्नड़ की कहावत ने जूए का घोर परिणाम महाभारत के दृष्टान्त के साथ प्रकट किया है – "पगड़े आडि पांडवरु कवड़े आड़ि हेण्णु मक्कळु केट्टरु" – जूआ खेलकर पांडव हारे और कौड़ी खेलकर लड़कियाँ हारीं। पासे हो या कौड़ी, लॅाटरी हो या रेस, सब तक़दीर की बातें हैं।

शराब के गुणगान में शराब की बोतलों से अधिक स्याही की बोतलें खाली हुई हैं। भर भर के जाम झूम झूम के गीत गाए गए हैं। एक तरफ मदिराप्रेमियों ने मदिरा का गुणगान किया है, तो दूसरी तरफ शराब-खोरी से होनेवाले महाभयंकर परिणामों का वर्णन किया है। नौसादर की दारू से लेकर मुश्की शराब तक और ताड़ी से लेकर स्कॉचविस्की तक हर नशीली मदिरा के हिमायती भी हैं, विरोधी भी। नशाबंदी का प्रचार करनेवालों को इशारा करके लिखा हुआ यह शेर देखिए "हुकमतो हुस्नो ज़र भी नशे हैं, फिर मय के नशे में क्या खराबी है। ऐ बादानोशी को रोकनेवालो, आदमी फितरतन शराबी है।" सत्ता, सौंदर्य और संपत्ति के भी नशे होते हैं, फिर मदिरा की मस्ती में क्या खराबी है ? – ऐ शराबबंदी के प्रचारको, क्या तुम यह नहीं जानते कि आदमी प्रकृतया शराबी है। किसी न किसी नशे में, मस्ती में वह काम करता रहता है। किसी को ईश्वरभक्ति की धुन चढ़ती है, किसीपर देशभक्ति का नशा सवार होता है। चित्तवृत्ति को सतर्क रखने के लिए कोई न कोई धुन चाहिए, चाहे आध्यात्मिक हो, चाहे ऐहिक। अंग्रेजी कहावत के अनुसार साहित्यनिर्मिति के लिए ऐसी उत्तेजक चीज़ चाहिए "When wine sinks, words swim." इसके साथ साथ बड़ी खूबी से जर्मन कहावत शराब के दुष्परिणाम बताते हुए अत्यधिक मद्यपान का धिक्कार करती है। "Im Becher ersaufen mehr als im Meer.' सागर से साग़र (प्याले) में अधिक लोग डूबे हैं।

"जवानी और ऊपर शराब ! दुगनी आग", कहकर नशाबाजों का यह साहित्यप्रलाप हम समाप्त करते हैं।

कुछ कहावतों में अजीब या असंभव बातों के दृष्टान्त दिए गए हैं, फिर भी ऐसी कहावतों में से कुछ कहावतें बहुत ही साहित्य-संपन्न हैं। जैसी तेलुगु की कहावत है – "कुक्कलु एकुलु वडिकिते गुर्रालु चीरलु कडसायि" – कुत्ते सूत कातते तो घोड़े साड़ी पहनते। एक अद्‌भुत बात बन जाए तो दूसरी भी बन जाए। इसी प्रकार कोई अवश्य बात बतानी हो तो अलंकारयुक्त कहावत की रचना करके बताई है। "गधों से हल चले तो बैल कौन बिसाए ?" हिन्दी की इस कहावत की तरह अन्यान्य भाषाओं ने अपने प्रतिभाविलास का प्रदर्शन किया है। मराठी कहावत ने उस भाषा की प्रकृति के अनुसार बिल्कुल सीधे ढंग से बात कही है। "गाढवाच्या लेंड्यांचे पापड बनते तर उडीद कशाला होते." – गधे की लेंड के पापड़ बनते तो उड़द क्यों पैदा किए जाते ? सिंधी कहावत के अनुसार "पहण कूँअरा हुआ त हूंद गिदड़नि खाई छड़िया।" पत्थर अगर नरम होते तो गीदड़ उन्हें खा लेते।

हम किसीकी सराहना करते हैं, उसका गुणगान करते हैं, और वह जब विपरीत अभद्र कृति करता है तो दिल को सदमा पहुँचता है, ठेंस लगती है। ऐसे समय उस अपेक्षाभंग के भाव को हम किसी साहित्यिक अलंकार के द्वारा प्रकट करते हैं। हिन्दी की कहावत "सराहल बहुड़िया डोम घर जाए" में इसी भाव:का आविष्कार हुआ हैं। इस आशय के लिए भी मराठी ने अपनी ठेठ शैली प्रयुक्त की है। "वाखाणला गुरव देवळात हगला।" – बखाना पुजारी मंदिर में हग बैठा। तेलुगु की कहावत भी बड़ी पैनी है। हाँ ! मराठी की जितनी वह संक्षिप्त नहीं, परंतु परिणाम अचूक निकला है। – "मंचिवाडु मंचिवाडु अंटे मदुरेक्कि उच्च पोशाडट" – उसको अच्छा अच्छा कहकर सराहा तो छप्पर से मूत दिया।

गुजराती की कहावत – "देवताना छोकरा कोयला अने छोकरी राखोडी" – अग्नि का बेटा कोयला और बेटी राख, यह प्रदर्शित करना चाहता है कि अग्नि से और क्या नाता जोड़ा जा सकता है ? गुजराती ने और एक जीवनानुभव बड़े रोचक ढंग से प्रकट किया है। कहावत इस प्रकार है "शाक बगडयुं तेनो दिन बगड्यो, अथाणुं बगडयुं तेनुं वरस बगडयुं, बायडी बगडी तेनी जिन्दगी बगड़ी" – तरकारी बिगड़ गई तो दिन बिगड़ जाए, अचार बिगड़ा तो साल बिगड़ जाए लेकिन पत्नी बिगड़ गई (बदचलन हुई) तो जिंदगी उजड़ जाए। तरकारी का एक दिन का सवाल रहता है, अचार का साल भर का। हर साल अचार बनता है परंतु ब्याह तो एक बार ही होता है, इस लिए पत्नी हाथ से गई तो दुनिया उजड़ गई। इस कहावत की वास्तविक चोट तो अंतिम व्यवहार पर है। परंतु कहावत की खूबसूरती है पहली दो सीढ़ियाँ चुनने में।

मनुष्य जन्म के साथ स्वभाव की कुछ ऐसी विशेषताएँ ले आता है, जो कभी नहीं बदलतीं। मृत्यु तक वे उससे चिपकी रहती हैं। इस आशय को प्रकट करनेवाली सैकड़ों कहावतें हमने भारतीय कहावत संग्रह के प्रथम खण्ड में दी हैं। उनमें से बहुत सारी साहित्यिक मूल्यों से भरपूर हैं। भारतीय भाषाओं तथा युरोपीय भाषाओं की इसी अर्थ की कुछ कहावतें साहित्यिक आनंद के लिए यदि हम उठा लें, तो उचित होगा। इन कहावतों में देखने योग्य बात यह है कि कैसे सुंदर सुंदर दृष्टान्त, ठीक बैठनेवाली उपमाएँ उनमें शामिल हैं।

'कुत्ते की टेढ़ी दुम' का उदाहरण तो बहुत सारी भाषाओं में है। परन्तु हिन्दी कहावत ने जो जोंक का दृष्टान्त दिया है, उसका मुकाबला नहीं है। "पिये रुधिर पय ना पिये, लगी पयोधर जोंक।" कोमल अर्थवाही अनुप्रास का यह एक सर्वोत्तम उदाहरण है। जोंक को स्तनसे लगाया तो भी वह अपना रक्त पीने का स्वभाव थोड़े ही छोड़ेगी। वह दूध नहीं पीएगी, रुधिर ही पीएगी। चंपारण्य की इस कहावत से मराठी की कहावत मिलती-जुलती है। "तेल में तरी तब करइला घीव में तरी तब करइला।" घी में तला या तेल में, करेला वही (कड़ुआ) रहेगा। मराठी की कहावत है –"कडू कारले, तुपात तळले साखरेत घोळले तरी कडू ते कडूच" – कड़ुआ करेला घी में तला और शक्कर में घोला तो भी कड़ुआ का कड़ुआ ही रहता है। पंजाबी कहावत में कुत्ते का स्वभाव बताया है – "कुत्ता राज बहालिए चक्की चट्टण जाय।" – कुत्ते को सिंहासन पर बिठाएँ वह चक्की ही चाटने जाएगा। काश्मीरी की कहावत में भीखमंगे का दृष्टान्त है। "मंगुँबुनय् थविज्यन टंगुँबुँनि अन्दर् तति ति करी मंगुँमंग।" भीखमंगे को अगर कोठी में बंद किया जाय, वहाँ भी वह भीख माँगेगा।

सिंधु प्रदेश के रेगिस्तान में ऊँट बहुत चलते हैं, इसलिए इसी आशय के लिए सिंधी भाषा ने ऊँट को चुना है। "उठु पवे कणक में, कंडा चुणि चुणि खाइ।" ऊँट यदि गेहूँ के खेत में जाए, वहाँ भी काँटे ही चुन चुनकर खाए। गुजराती भाषा ने एक प्राकृतिक सिद्धान्त, एक भाषिक सिद्धांत और एक शारीरिक सिद्धांत के साथ विरोधाभास दिखलाकर मनुष्य के लक्षण नहीं बदलते यह सत्य कथन किया है –"बार गाउए बोली बदले, तरुवर बदले शाखा; घडपण मां केश बदले, पण लखण न बदले लाखा।" बारह कोस पर बोली बदलती है, पेड़ों की टहनियाँ बदलती हैं, बुढ़ापे में बालों का रंग बदलता है, पर मनुष्य का स्वभाव कभी नहीं बदलता।

"आदा शुखाले ओ झाल जाय ना"। बाङ्ला की कहावत का यह कथन कितना सत्य है यह अपने अनुभव को टटोलकर देखिए। अदरक सूखने पर भी उसका तीखापन नहीं जाता। इतना ही नहीं तो वह बढ़ता है ऐसा अभिप्राय और एक बाङ्ला की कहावत व्यक्त करती है। "आदा शुखाले झाल बेशी"। असमीया के अनुभव से सब परिचित हैं– "एङ्गार धुले बगा न होय"– कोयला धोने से सफेद नहीं होता। ओड़िआ की कहावतों ने दो मन-मोहक दृष्टान्त चुने हैं। "तुलसी का बिरवा खाद के ढेर में हो, तो भी शुद्ध और पवित्र होता है।" दूसरे एक दृष्टान्त में ओड़िआ कहावत कहती है कि घुँघची पानी में गिरने पर भी अपनी लाली नहीं छोड़ती।

तमिळ् भाषा को चंदन की याद आई। "तेयंदालुम् शंदनकट्टै मणम् पोगादु" – घिसने पर भी चंदन की सुगंध नहीं जाती। चंदन को घिसने पर तो उसकी परिमल दूर तक फैलती है। जलाने पर सारा वायुमंडल सुगंधित होता है। इस सिद्धान्त को प्रस्थापित करने के लिए तमिळ् ने और भी कई उदाहरण दिए हैं। प्राकृतिक तथा प्राणिज दृष्टान्तों के साथ तेलुगु की एक कहावत में जातीय उदाहरण भी हैं – "तिरुपतिकि पोगाने तुरक दासरि काडु" – तिरुपति जाने से मुसलमान वैष्णव नहीं बन जाता। इस कहावत में धर्मभेद का विचार नहीं है। इस कहावत का मुख्य आशय यह है कि जिस संस्कार में मुसलमान पला हुआ होता है, उसके कारण उसका विशेष स्वभाव बनता है। वह स्वभाव, धारणाएँ तिरुपति के बालाजी के दर्शनों से नहीं बदलेंगी।

"नीरुळ्ळि नीरल्लि तोळेदरे नारोदु होदीते" – इस कहावत में कन्नड ने और एक सुंदर

उदाहरण पेश किया है। – प्याज धोने से बू थोड़े ही जाएगी? – नहीं जाएगी क्योंकि प्याज का वह जन्मजात गुणधर्म है। मलयाळम् भाषा नीम का कड़ुआपन किसी भी प्रकार से नहीं हटा सकती, और अपना अनुभव निम्नलिखित कहावत में ग्रथित करती है – "क्षीरं कोण्टु ननच्चालुं वेप्पिन्टे कय्पु विटमो?" – दूध से सींचने पर भी नीम अपना कड़ुवापन छोड़ेगा क्या?

देववाणी संस्कृत का भण्डार तो उपमा, दृष्टान्त आदि अलंकारों से भरा हुआ है। भाषा ही इतनी मीठी है कि उलाहना को भी आदमी सराहना मानता है। एक सुंदर उदाहरण अपने बटुए से निकाला और सारे वायुमंडल को महका दिया – "नहि कस्तूरिकामोदः शपथेन निवार्यते।" सौगंध खाकर इनकार करने पर भी कस्तूरी की सुगंधी छिपी नहीं रहती।"

इस आशय को प्रकट करनेवाली यूरोपीय भाषाओं की कहावतों ने कैसे कैसे दृष्टान्त प्रस्तुत किए हैं यह भी देखें। "जैसा कन भर, वैसा मन भर।" इसलिए उस देगची से हर एक भाषा का एकाध अन्नकण टटोल के देखेंगे।

अंग्रेजी की कहावत के अनुसार "An ass is but an ass though laden with gold" – गधे पर कितना भी सोना लाद दो, वह गधा ही रहेगा। और एक अंग्रेजी कहावत ने एक प्राणिशास्त्र का सिद्धान्त ठीक बिठाया है –" Shall the leopard change its spots or the Ethiopian his colour." क्या चीता अपने शरीर पर धब्बे बदल देगा? क्या निग्रो अपना रंग बदल सकेगा? – अंग्रेजों को अपने रंग पर गर्व होने के कारण वे काले आदमियों की ओर तुच्छता से देखते हैं।

फ्रेंच कहावत कुत्ते को धुलाती है " Lavez chien peignez chien, toutefois n'est chien que chien " – कुत्ते को धुलाओ, कंघी करो, परंतु कुत्ता तो कुत्ता ही रहेगा। जर्मन कहावत ने मेंढक का उपयोग करके यह आशय प्रकट किया है – " Setzt einen Frosch auf goldenen Stuhler hupft doch wieder in den Pfuhl. " मेंढक को सोने की मेज़ पर बिठाया तो भी वह झट से पोखरी में कूदेगा।

स्पॅनिश भाषा की कहावतें हमेशा बड़ी रूपकात्मक रहीं – " Xabonar cabeza de asno, perdimiento de xabon " – साबुन के फाग से गधे का सिर धोने में साबुन का मिथ्याव्यय है। गधा थोड़े ही साफ सुथरा रहेगा, वह झट जाकर कूड़े में लोट जाएगा। इतालियन कहावत है " Chi bestia va a' Roma bestia retorna." – जो जानवर जैसा रोम जाएगा, वह जानवर जैसा ही वापस आएगा।

पोर्तुगाली कहावत ने भी साबुन के सत्यानाश की बात कही है। "Ensaboar a cabeca do asno, perda do sabao." – गधे का सिर धुलाना साबुन का सत्यानाश है। डचों की कहावत का अभिप्राय है – " Het is den moriaan geschuurd." – मूर (सिद्दी–एक अफ्रीकी जाति) को धुलाकर सफेद बनाना (असंभव है)। डॅनिश भाषा ने हमारे परिचित दृष्टान्त को उठाया है – " Kragen er ikke des hvidere, at hun tidt toer sig. " – बार बार धोने से कौआ सफेद नहीं होगा। रूसी भाषा की कहावत में भी 'कुत्ते की टेढ़ी दुम' का उदाहरण है – "कुत्ते की दुम पर कितना भी तेल मलो, वह सीधी नहीं होगी।"

यूरोपीय भाषाओं में तुलना और कल्पनाविलास के कई नमूने देखने को मिलते हैं। कठोर

वास्तविकता का वर्णन विविध प्रकार के बिंबों को संजोकर बड़ी धृष्टता के साथ किया हुआ दिखाई देता है। उनमें छिपी साहित्यिक सर्जना का परिचय मन को विभोर कर देता है। मृत्यु की सूचना भी कितनी अलंकारयुक्त भाषा में कराई है। जर्मन कहावत के अनुसार – " Grau' Haare sind Kirchhofsblumen." – सफेद बाल तो मृत्यु की कोमल कलियाँ हैं, जिनमें से धीरे धीरे मृत्यु-रूपी फल निकलेगा। जरा का सफेद ध्वज मृत्यु के सामने हमारे घुटने टेकने की निशानी है। इस लिए तो सफेद बालों की यद्यपि इज्ज़त होती है, तो भी कोई सफेद बाल नहीं चाहता। " धौले भले हैं कापड़े, धौले भले न बार। "

तुर्कियों ने मृत्यु को ऊँट की उपमा दी है - " मौत एक काला ऊँट है, जो हर दरवाज़े पर रुकता है। " ऐसा कोई घर नहीं जहाँ पर मृत्यु का साया न पड़ा हो। अमीर हो या गरीब, सबल हो या दुर्बल, विद्वान हो या अनपढ़, सयाना हो या मूर्ख, सबको एक-न-एक दिन मृत्यु के वश में जाना पड़ता है। इसलिए तो मृत्यु का फेरा हर घर में आता ही है। यही मृत्यु की अनिवार्यता उपरिनिर्दिष्ट तुर्की कहावत में ग्रथित है।

एक इतालियन कहावत ने, " Il tempo e' una lima sorda " – समय एक ऐसी रेती है, जिस की आवाज़ सुनाई नहीं देती, कहकर इस बात को सूचित किया है कि समय अपना घिसने का काम बिना पता लगाए, अहर्निश कैसे करता रहता है।

पूर्वी देशों में भी साहित्यिक मूल्य धारण करनेवाली कहावतें दिखाई देती हैं। एक चीनी कहावत ने बड़ों की पहचान की कसौटी बड़ी खूबी से सूचित की है " मीनारों की ऊँचाई उनकी परछाइयों से नापी जाती है और महान् लोगों की महत्ता उनके आलोचकों या निन्दकों से। " एक जापानी कहावत ने किसी सुंदरी के लम्बे बालों का वर्णन इस प्रकार किया है – " उसके दुश्मन उसके लम्बे बालों में उलझकर गिर जाएँ तो क्या आश्चर्य ! " अपनी महबूबा के लम्बे बालों का वर्णन एक उर्दू शेर ने अधिक प्रभावी ढंग से किया है। शायर कहता है —

उलझा है पाँव यार का ज़ुल्फे-दराज़ में। लो आज अपने दाम में सैयाद आ गया ॥

लम्बे बालों में मेरी महबूबा का पाँव उलझा हुआ है। (आजतक दूसरों को अपने घने लम्बे केशों के जाल में फँसानेवाला यह शिकारी) आज देखो, खुद उसमें फँस गया है। इस शेर को पढ़ते ही पाठकों की आँखों के सामने वह प्रदीर्घ कुन्तला नारी ज्यों की त्यों खड़ी रहती है।

व्यंग्योक्ति का यह नमूना देखिए। एक अंग्रेजी की कहावत चेतावनी देती है – "Take heed of an ox before, a horse behind, of a monk on all sides " – बैल के सामने साव-धान, घोड़े के पीछे सावधान और पादरी (धर्मप्रचारक) के चारों ओर सावधान। बैल या घोड़ा एक ही दिशा में खतरा पैदा कर सकते हैं, परंतु पादरी सभी स्थानों पर पीड़क होता है, इसलिए उससे हमेशा बचना चाहिए। हर एक भाषा ने अपने अति उत्साही कट्टर धर्मप्रचारकों का मज़ाक उड़ाया है।

स्त्री आत्मनिर्भर नहीं होती, उसे पुरुष के साये की जरूरत होती है। अतः वह परप्रकाशित होती है यह बात चंद्र से उसकी तुलना करते हुए जर्मन कहावत कहती है " Frau und Mond leuchten mit fremden licht." – स्त्री और चंद्र दूसरों के प्रकाश से चमकता है। यूरोप के विद्यमान भाषिक गुटों में जर्मन का स्थान कहावतों की दृष्टि से स्पॅनिश के बराबर है। जर्मन लोगों

का स्वभाव ही पानी का पानी, दूध का दूध कर देने का होने के कारण उनकी कहावतों में भी विचारों की स्पष्टता दिखाई देती है। अब यह कहावत देखिए "Was man Gott opfern will, muss man nicht." – भगवान को जो अर्पण करना है, उसके लिए शैतान की अनुमति लेने की क्या आवश्यता? ईश्वर और शैतान, ईसाई दर्शन की दो कल्पनाएँ हैं। अन्य एक कहावत में मनुष्य को पीड़ा देनेवाली चीज नहीं भाती यह बात एक सुंदर दृष्टान्त के साथ प्रकट की है "Dem Diebe will kein Baum gefallen, darnan er hange." जिस पेड़ पर चोर को फाँसी दी जाएगी, वह पेड़ उसे नहीं भाता।

परिहास

विनोद भी तो जीवन का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। सर्वसाधारण व्यक्ति का जीवन अनेक प्रकार की अड़चनों, कठिनाइयों तथा दुःखो से भरा हुआ रहता है। कई गंभीर प्रश्न उस की परीक्षा लेते रहते हैं। रोटी के सवाल से लेकर, अन्य पारिवारिक, व्यावसायिक सामाजिक या राजनीतिक समस्याएँ उसके मस्तिष्क को कुरेदती रहती हैं। इन चिंताओं से छुटकारा पाने की इच्छा, मुक्ति पाने की तमन्ना, हर एक के मन में रहती है। मनुष्य का जीवनविषयक तत्त्वज्ञान वास्तव में अतीव गंभीर है और उसका व्यवहार कठोर है, परंतु जिंदगी को बनाए रखने के साथ उसको सुसह्य भी बनाना आवश्यक होता है। मनुष्य की विनोदबुद्धि ही उसे गंभीर जीवन से छुटकारा प्राप्त करा देती है। अपने मज़ाकिया खयालातों से वह तफ़रीह का सामान खुद ही पैदा करता है, और खुद का और अपने इर्द गिर्द रहनेवालों का दिल बहलाता है, उनको हँसाता है जिससे कुछ समय के लिए वह अपनी तकलीफों को भूल जाता है। मनुष्य की परिभाषा ही बताती है—"Man is a laughing animal" मनुष्य हँसनेवाला प्राणी है। जीवन के भोजन में परिहास का व्यंजन न होगा, तो जीवन रुचिहीन, अतः दुःसह होगा। अब यह विनोद, साहित्य के अगोपांग में पाया जाने लगा है। पुराने साहित्य में विनोद को विशेष स्थान नहीं था, क्योंकि विनोदी साहित्य के सर्जनकारों को लोग ऊटपटांग, मसखरे समझते थे, और समाज में उनकी कोई इज्ज़त नहीं रहती थी। संत रामदासजी ने कहा है, "टवाळा आवडे विनोद" – मसखरों को विनोद भाता है। अतः पुराने ज़माने के लोगों की यह धारणा थी कि जीवन में गंभीरतापूर्वक पथप्रदर्शन करनेवालों को विनोद से परे रहना चाहिए।

यद्यपि साहित्य में विनोद को स्थान नहीं था, फिर भी बातचीत में विनोद या परिहास के ऊपर रोक नहीं थी। इसलिए मनुष्य अपनी विनोद की भूख को बोली भाषा की किस्से-कहानियों के द्वारा शांत करता रहा। जिसके परिणाम स्वरूप उसकी अर्थवाही उक्तियों में बारबार विनोद की झलक दिखाई देती है। कहावतें आघात से मार्गदर्शन करने की अपेक्षा गुदगुदियों से मनुष्य को घायल कर देती हैं, सबक सिखा सकती हैं। इन मनोरंजन करनेवाली परिहासप्रधान कहावतों के कुछ घूँट अब हम पी लें और उनका रसास्वादन प्राप्त करें।

अचानक कोई घटना घटित होती है तो हिंदी में कहा जाता है – "आई न गई, कौले लग ग्याबन हुई।" खम्भे से सटाकर खड़ी रही और गर्भवती बन गई। बिना किसी कारण के किसीके माथे पर कलंक लग जाता है, तो यह कहावत कही जाती है। किसीको बेवकूफ या उल्लू कहना है

तो सीधी तरह न कहते हुए उर्दू में कहते हैं, " आदमी हो या बेदाल के बूदम "—मनुष्य हो या बिना दाल (फारसी अक्षर 'द') के बूदम ! बूदम में से 'द' निकाल देने से बाकी रहता है बूम, जिस का मतलब हैं 'उल्लू'। शब्दों का खेल है। दूसरी एक उर्दू की कहावत में भी ऐसा ही शब्दों का खेल देखने को मिलता है। – " आदमी हो या संग ए-बे नून "– मनुष्य हो या अनुस्वार रहित संग। संग का अर्थ होता है 'पत्थर'। उसमें से अनुस्वार निकाल दिया तो बचता है, 'सग', जिस का मतलब है 'कुत्ता'। किसीको कुत्ता कहने का यह गोल गोल तरीका है।

एक गुजराती ने रास्ते में एक साधु को देखा और अभिवादन किया – " बावाजी नमोनारायण " तो साधु ने कहा " तारे घेर धामा " – तुम्हारे घर ही डेरा। साधु को ज़रा-सा मान दिया तो गले लग गया। यही अनुभव और भाषाओं की कहावतें भी दे देती हैं। मराठी स्त्री पुरोहित से कहती है, " भटजी तुम्ही लग्न करा, तर भटजी म्हणे बायको तुम्हीच व्हा " – पंडे तुम अब शादी कर लो, पंडे ने तुरंत कहा कि तुम्ही से करूँगा। तुम्ही मेरी बहू बनो। अब किसीका भला सोचने जाते हैं तो वह अपने ही गले में आ पड़ता है।

कुछ बातें इतनी बेतुकी और बेमेल होती हैं कि जिससे अपने आप परिहास की पर्याप्त सामग्री जुट जाती है। बाङ्ला की इस कहावत का कोई आगा पीछा नहीं – " आगे हलेम आमि, परे हलो मा; हासते हासते दादा हलो, बाबा हलो ना। " पहले हुआ मैं, फिर हुई मां, हँसते हँसते भाई हुआ, बाप हुआ ही नहीं। कितना असंबद्ध कथन है। एक बाङ्ला कहावत में तीन बुद्धिमान कहलानेवाले आदमियों की कथा से संकेत है। " तिन सुबुद्धिर कथा, जले जखन आगुन लागे माछ थाके कोथा ? " पानी में आग लगे, तो मछलियाँ कहा जाएंगी यह सवाल उन तीन विद्वानों में से एक को सता रहा था। दूसरे ने उत्तर दिया " भाई, चिंता क्यो करते हो, पानी में आग लग जाय तो मछलियाँ पेड़ पर चढ़ेंगी। " तिसपर तीसरे विद्वान ने कहा, " वाह भाई, मछलियाँ पेड़ पर कैसे चढ़ेंगी ? – वे बैल थोड़े ही हैं। " – अब बताइए इन तीन विद्वानों के व्यवहारज्ञान पर हँसी क्यों न आए। तीनों बातें पूर्णतः असम्भव हैं।

उड़िसा का बाघ यदि गोवध की प्रायश्चित विधि करने की बात करे तो वह " The devil quoting a holy hymn. " शैतान के मुँह में वेदमंत्रवाली बात हो गई। बिल्ली ऊर्ध्वपुंड्र लगाकर ध्यानस्थ बैठ जाए, तो वह चूहे की प्रतीक्षा में बैठी है ऐसा ही सयाने लोग समझेंगे। बकध्यान मछलियों को आकर्षित करने के लिए ही होता है। हाँ, वह बेचारा भी अपने भक्ष्य से नाता और किस तरह जोड़ सकता है ! हिंदी की कहावत कहती है, " बाघ बकरी से यारी करे, तो खाएगा क्या ?"

कन्नड़ की कहावत ने दूल्हे की तीन अवस्थाओं का वर्णन इस प्रकार किया है – " मदुवेगे मोदलु, नविलु, मदुवे निश्चयवाद मेले सिंह, मदुवेयाद मेले कुरि " – ब्याह के पहले मोर, सगाई में शेर, और ब्याह के बाद बकरी। कन्नड़ की और एक कहावत बड़े उपरोध के साथ समझाती है कि अयोग्य व्यक्ति को सम्मान मिलने से क्या अनर्थ होगा। यह विचार वह किस ढंग से कहती है देखें – " कुरुडि मदुवेयादरे मनेय गडिगेगे मूल " – अंधी की शादी हुई, मटके की शामत आई। कन्नड़ में अनगिनत विनोदी कहावतें हैं – " अष्टु कंडिरा अनंतभट्टरे," " अंदरे मुप्पिन कालक्के मूरे हेंडिरू अंदरंते " – " क्यों अनंतभट्टजी, अच्छे तो हैं। " वह बोले, " क्या करें बुढ़ापे में तीन ही पत्नियाँ हैं। " अजीब बात है, कुँवारों को (जवानों को) एक भी औरत नहीं मिल रही है और

अनंतभट्ट इस बात पर विलाप कर रहे हैं कि उनके केवल तीन ही पत्नियाँ हैं।

तेलुगु की यह व्यंग्यपूर्ण कहावत देखिए – "आस्त्य कलिगिन अन्नंभट्टु आलि प्रक्कपड्कोनि अरुणं चदिवाट्ट" – विद्वान अन्नंभट अपनी पत्नी के पास लेटकर वेदपाठ बोलने लगा। विद्वान पर कैसी पैनी चोट है। रात में पत्नी के साथ शृंगार-गीत गाने के बजाय, कुछ कामोद्दिपक बातें करने के बजाय, यह महाशय यदि वेदपठन करने लगे होंगे तो क्या अनर्थ हुआ होगा? प्रायः दूसरे दिन सवेरे उसने पत्नी का बिछाना खाली देखा होगा। वह मायके चली गई होगी। दूसरी एक तेलुगु की कहावत में पूछा गया है – "कोब्बरि चेट्टु ऍंदुकु ऍक्कावुरा अंटे?" – नारियल के पेड़ पर क्यों चढ़े हो? तो जवाब मिला – "दूड गड्डि कि अन्नट्लु" – बछड़े की घास के लिए। नारियल के पत्ते जानवरों को चारा खिलाने के काम नहीं आ सकते यह बात जिनको मालूम है, वे ही इस कहावत का मज़ा अनुभव कर सकते हैं।

तेलुगु भाषा व्यंग्यपूर्ण विनोदी कहावतों से भरपूर है। सारी की सारी कहावतें यहाँ पर उद्धृत करना असंभव है। उनमें से बहुत सारी भारतीय कहावत संग्रह के तीनों खण्डों में विविध विषयांतर्गत सम्मिलित हुई हैं। देखिए, निम्नलिखित कहावत में यजमान की भावनाओं से कैसा खिलवाड़ किया गया है। "तद्दिनानिकि भोजनानिकि पिलिस्ते रोजू मी इंट इल्लागे जरगालनि दीविंचाडट" – श्राद्ध के दिन भोजन के लिए बुलाया तो आशीष दी कि आप के घर में रोज़ ऐसा ही भोजन हो। किसीकी मृत्यु के बाद श्राद्ध दिन मनाया जाता है, तब ब्राह्मणों को मिष्टान्न का भोजन खिलाया जाता है। अब ऐसे ही अवसर बार बार आ जाएँ ऐसी इच्छा करना तो यजमान के ज़ख्मों पर नमक छिड़कना होगा। मराठी की एक कहावत में नारोबा को शुभ बोलने को कहा तो उसकी वाणी से उद्‌गार निकले – "मंडप जल जाए।"

ब्राह्मण बड़े पेट्रू होते हैं, और लोभी भी। इनके इन गुणों पर कहावतों ने काफी फबतियाँ कसी हैं। तेलुगु भाषियों की विनोदप्रियता का यह भी एक नमूना देखिए – "दंडमय्या! बापनय्या! अंटे मी तंड्रिनाटि पात बाकी इच्चि पॊम्मन्नाडट" – ब्राह्मण को अभिवादन किया तो कहने लगा मेरी बाकी दक्षिणा लाओ।

तमिऴनाडु की एक कहावत में एक मच्छर की पीठ पर फोड़ा निकलने की बात कही है और सब उसी की फिक्र में हैं – "कॊशुगिले पिळवै अदिले नीरऴिवू अरुक्किरदु ऍंगे अट्टै, विडुगिर्दु ऍंगे?" मच्छर की पीठ पर फोड़ा निकला है, और मच्छर को मधुमेह भी है, अब यह फोड़ा कैसे काटा जाए। तमिऴ की और एक कहावत में एक मज़ाकिया संवाद पढ़ने को मिलता है – "ऍरुदु ईन्र्दु ऍनराल, तोळत्तिले कट्टु ऍन्किर्दु" – एक ने कहा कि बछड़े ने जन्म दिया है, तो दूसरे ने कहा, अच्छा उसे आँगन में बाँधो। बछड़ा पुल्लिंगी है और छोटा भी, वह कैसे जन सकता है। लेकिन इस फिक्र में दूसरा आदमी नहीं रहा, उसने झट से जने हुए बच्चे को आँगन में बाँधने को कहा।

आदमी जब किसी भी प्रकार दूसरे से नाता जोड़ना चाहता है, तो उसमें से परिहास की काफी सामग्री प्रस्तुत होती है। ऐसे व्यवहार को बादरायण संबंध कहते हैं। संस्कृत का वचन आशयघन है"

"अस्माकं बदरीचक्रं युष्माकं बदरीतरुः। बादरायणसंबंधे यूयं यूयं वयं वयम्॥

मेरी गाड़ी के पहिये बेरवृक्ष के बने हुए हैं, तुम्हारे (बाग में) भी बेर का पेड़ है, अतः तुम्हारा हमारा निकट नाता होगा। इसी प्रकार खींचातान करके संबंध जोड़नेवालों की बाङ्ला कहावतों ने खूब खिल्ली उड़ाई है – " मामार जमिते बियोलोगाइ सेइ सुवादे मामातो भाई " – मामा की ज़मीन पर (किसी और आदमी की) गाय ब्याई, इस लिए वह बछड़ा मेरा ममेरा भाई हो गया। लम्बा-चौड़ा नाता जोड़नेवाली बाङ्ला की एक कहावत है – " मासीमार बकुल फुलेर बोनपो बउयेर बोनाझि – जामाई। " – ममेरी बुआ की सहेली के भतीजे की पतोहू का ममेरा दामात। यह नाता कहते कहते हमारी तो सांस निकल गई।

अतिशयोक्ति हास्यनिर्मिति का एक समर्थ साधन है। परिणामकारिता बढ़ाने के लिए किसी निवेदन में थोंड़ा नमक-मिर्च डालना पड़ता है। कहावत का घाव अचूक और प्रभावी हो जाए इस के लिए उनमें बात थोड़ी बढ़ाचढ़ा कर कह दी जाती है। अब यह बढ़ाचढ़ाना हद से बाहर हो जाता है, तो सुननेवालो में हंसी की लहर दौड़ जाती है। ऐसी अतिशयोक्तिपूर्ण कहावतें सभी भाषाओं में बड़ी रोचकता से अपना स्थान जमाकर बैठी हैं।

भोजपुरी क्षेत्र की कहावत है – " लुच्चा मारलक बटेर, नौ मन गदरी सौ मन तेल " – लुच्चे ने कहा कि उसने एक ऐसी बटेर मारी, जिसमें सौ मन तेल निकला और उस तेल में निकला सौ मन गाद। " ज़मीन और आसमाँ के कुलाबे मिलानेवालों " की उड़ान को कौन रोक सकता है ? चील लड़के को उठा ले जाए या चूहा लोहा खा जाए, उनके बाएं हाथ का खेल है। मराठी भाषियों की मुर्गी और बिल्ली क्या कह रही है सुनिए – " काय बाई तऱ्हा, कोंबडी म्हणते बिलवर भरा, मांजर म्हणते हजामत करा. " – देखो यह अनोखी रीति! मुर्गी कहे, चूड़िया चढाओ, बिल्ली कहे हजामत करो। गप्पे हाँकनेवालों के मुँह में कौन लगाम लगाए ?

गुजराती के गपोड़िए (बातुनी) इस ' इल्म ' में कम थोड़े ही हैं। – " एक पूणी पडी, तेमां बार गाम दटाई गया " – एक पूनी गिर गई और उसके नीचे बारह गाँव गाड़े गए। अब बताइए गुजरातियों की यह पूनी कितनी बड़ी होगी या वे बारह गाँव कितने सूक्ष्म होंगे। " भीखाजीना गाडाने खसखस नी ठेस लागी ने वरीआलीए माथुं फाटयुं " – क्या नजाकत है भीखाजी की गाड़ी को खसखस की ठोकर लगी और सौंफ से टकराकर उसका सिर फट गया। वाह वाह! गुजरात की नज़ाकत ने लखनऊवालों को भी मात कर दिया। एक लखनवी नव्वाब ने कहा था—

" कमर झुक गई मेरी, जुल्फों के बार से। सीना पसीना हो गया फूलों के हार से॥ "

सिर पर जो बाल हैं, उनके बोझ से मेरी कमर झुक गई है और फूलों के हार जो पहने हैं, उनसे तो पसीने से तरबतर हो गया हूँ। कैसा बयान है! इस नाज़ुकखयाली का कोई मुकाबला भी है? है, जरूर है। तमिळ की सुंदरी का प्रियकर उसके उर में है, इसलिए वह गरम खाना नहीं खाती। ऐसा न हो कि हृदयस्थ प्रियकर उस गरमी से झुलस जाए।

बंगाल के ' गप्पीराम ' के शहर में रुपये की सोलह साड़ियाँ मिलती हैं। समस्त भारत की नारियो, वहाँ शीघ्र पहुँच जाओ। असमीया ने इस अतिशयोक्ति अलंकार में चार चाँद लगा दिए हैं। " सातोटा हातीये आलचखन पातिछे, एन्दुरर गातत मेला। " – सात हाथियों की सभा चूहे के बिल में।

भारतीय भाषाओं की कहावतों में परिहास की विपुल सामग्री है, जिससे हँस हंस कर मन तरोताज़ा बन जाता है।

यूरोपीय भाषाओं में भी ऐसी व्यंग्ययुक्त कहावतों की कमी नहीं है जो दिल बहलानेवाली हैं। कई कहावतों ने बहुत गंभीर आशय हल्की-सी विनोदी शैली में प्रकट किया है। अंग्रेजी में सैकड़ों विनोदी कहावतें हैं – " A man may love his house without riding on the ridge." बिना वल्लेपर चढ़े भी आदमी अपने घर से प्रेम कर सकता है। उस प्रेम का दिखावा करने के लिए घर की छतपर चढ़कर चिल्लाने की क्या आवश्यकता है? " When the devil is dead he never lacks a chief mourner." शैतान के मरने पर अफसोस मनानेवालों की कमी नहीं है। एक अंग्रेज़ी की कहावत ने हरजाइयों के व्यवहार पर कुशलता से चोट की है। अंधेरे में क्या छिपा रहता है, कौन जानता है? बाहरी दिखावे से ही मनुष्य पहचाना जाता है। अधिक गहराई में जाने से कभी कभी किसी व्यक्ति संबंधी हमारी धारणा को धक्का लगने का डर रहता है। अज्ञान में ही आनंद है। अंग्रेज़ी की कहावत है – " If the bed could tell all it knows, it would put many to blush." – पलंग यदि उसको ज्ञात सब बातें बता दे तो बहुतों को शरमिन्दा होना पड़ेगा। इतालियन कहावत है " Ouando i furbi vanno in processione, il diavolo porta la croce. " – जब बदमाशों का जुलुस चलता है, तो शैतान क्रूस पकड़ता है। यह भी समेल जोड़ी का उदाहरण है। पोर्तुगालिओ ने अपने अपने व्यवसाय के अनुसार अपने हित में लोग कैसी दुआ माँगतें हैं, यह बताया है। " Vao a missa capateiros rogao a Deos que morrao carneiros. " – चमार जब (चर्च) में प्रार्थना के लिए जाते हैं, तब गौओं के मरने की दुवा माँगते हैं। हिंदी की " चमारों के कोसे ढोर नहीं मरते " – कहावत में चमारों को चमड़ा चाहिए, इसलिए गायों के मरने की इच्छा करते हैं, यही आशय है।

रूसी कहावत ने मूर्खों पर इस प्रकार अभिप्राय दिया है, " मूर्ख लोग बोए या रोपे नहीं जाते, वे स्वयं ही उगते हैं। " इस कहावत में मूर्खों की स्वयंनिर्मित मूर्खता का व्यंग्य से उल्लेख किया है।

डॅनिश भाषा की कहावत ने अंग्रेजी की " Fools rush in, where angels fear to tread." जहाँ जाने से फरिश्ते डरते हैं, वहाँ मूर्ख चला जाता है – कहावत का अभिप्राय ज़रा - सा तोड़ – मरोड़ कर सामने रखा है। "Galne Folk have ey Pas-Bord fornoden." मूर्खों को (कहीं भी जाने के लिए) अनुज्ञापत्र (Pass-port) की ज़रूरत नहीं होती।

स्पॅनिश भाषा, जब कि विविध विषयों की कहावतों में अगुआ है, व्यंग्योक्ति में कैसे पीछे रहेगी? विद्वानों पर व्यंग्य करते हुए कैसा तमाचा मारा है यह देखिए – " Tonto sin saber Latin nunca es gran tonto " – जब तक वह लातिन नहीं जानता वह मूर्खशिरोमणि नहीं बन सकता। दूसरी बात यह है कि मूर्ख या पंडित बनने के लिए यूरोपीय भाषाभाषियों को लातिन का पढ़ना अनिवार्य है। जो स्थान भारत में संस्कृत का है वही युरोप में लातिन का है। " Qui rien ne sait, de rien ne doute. " – जो पूर्णतः अज्ञानी है, उसके मन में कोई शंका नहीं उठती।

इन विनोदी कहावतों का शरसंधान, बिना किसी पक्षपात के, जीवन से संबंधित सभी पेशे, जाति या संप्रदाय के लोगों पर इस तरह चलता है कि मार से छूटना किसीको भी संभव नहीं है। भारत के मिथ्याडंबरी धर्म के ठेकेदारों पर कहावतों ने चोट की है, वैसी पश्चिमी भाषाओं ने भी की है, अतिपूर्वी भाषाओं ने भी की है। अंग्रेज़ी की देहाती कहावत कहती है – "If you have offended

a clergie, kill him, else never have peace with him." – पाद्री से झगड़ा हुआ हो, तो उसे मार डालो, अन्यथा तुम चैन से नहीं जी पाओगे। स्पॅनिश कहावत है – " Por las haldas del vicario sube el diablo al companario."– धर्मगुरु का चोगा पकड़कर शैतान (गिरिजा घर के) घंटा घर (bell-tower) तक पहुँचता है।

हास परिहास के रास्ते से अपने चुलबुलेपन को निखारते हुए कहावतों ने हल्की हल्की चोटें लगाकर अपना मन्तव्य सफलता से सम्मुख रखा है। व्यंग्योक्ति, अतिशयोक्ति के कई उदाहरण हम भारतीय कहावत संग्रह के द्वितीय खण्ड में दे रहे हैं।

स्त्री

" यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। " जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है। इस वचन के द्वारा हमारी संस्कृति में स्त्री को सर्वोच्च बहुमान दिया गया है। जहाँ पर नारी का आदर होता है, उसकी ओर सहानुभूति से देखा जाता है, उसको सम्मानित करके, पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जीवन की गतिविधियों का अनुभव प्राप्त करने का अवसर दिया जाता है, विविध क्षेत्रों में अपनी बुद्धि तथा कार्यकुशलता से अपना दायित्व निबाहने के मार्ग स्त्री के लिए खोल दिए जाते हैं, वह समाजव्यवस्था आदर्श है ऐसा मानना चाहिए। स्त्री का पहला परिचय हमें ' माँ ' के रूप में ही होता है। जिसके गर्भ में नौ मास निवास करने के बाद, उसकी धमनियों से अन्नरस का सेवन करके हमारा पिंड बालक के रूप में विश्व का प्रकाश देखने के लिए सिद्ध होता है। जन्म पाने के पश्चात जब तक हम होश नहीं सँभालते, वही हमारा पालन करती है। भारतीय संस्कृति में माँ की अगाध महिमा कई प्रकार से गाई गई है। जननी का वह अधिकार भी है क्योंकि मातृत्व एक प्रमाणित बात मानी जाती है। " Maternity is a fact, paternity is an opinion. " – के सिद्धान्त के आधार पर मातृसत्ताक समाजपद्धति खड़ी होती है।

जीवन के मार्ग पर स्त्री के विविध रूप हमें देखने को मिलते हैं। सखि या सहचारिणी बनकर संसार के कँटीले रास्तों में वह हमारा साथ देती है, तो प्रेमिका के रूप में वह हमारा भावविश्व लबालब भर देती है। रुग्णावस्था में दाई के रूप में स्त्री का प्रसन्न व्यक्तित्व देखते ही बीमारी भाग जाती है, तो युद्ध पर जानेवाले वीर को विदाई देते समय नारी के दो शब्द उसके हौसले बढ़ाते हैं। युद्धकाल में देश के सभी वीर पुरुष युद्ध के मोर्चे पर जब अपना जौहर दिखाते हैं, तब स्त्रियाँ दफ्तर से लेकर रसोई तक सारी जिम्मेदारियाँ निबाह लेती हैं और देशवासियों का नैतिक अधिष्ठान डिगने नहीं देतीं। इन बातों का अनुभव इस सदी में प्रायः सभी देशों को हुआ है। स्त्री के ये सारे रूप इतने विलोभनीय हैं, कि यह कहना पड़ता है कि स्त्री भगवान की सर्वोत्कृष्ट कारीगरी का जीताजागता नमूना है। जिन बातों के कारण जीवन केवल सुसह्य ही नहीं, अपितु मोहक और दिलचस्प भी बनता है, उनमें स्त्री को प्रथम क्रम देना पड़ेगा।

अब स्त्री की यह जो प्रतिमा हमारे सामने खड़ी है, उसको कहावतों में समर्थन मिलता है या नहीं यह देखना भी उचित होगा। कहावतों को जनमत के प्रातिनिधिक उद्गारों के रूप में माना जाता है। सैंकड़ों वर्षों की स्त्री विषयक धारणाओं, लोगों की स्त्री की तरफ देखने की दृष्टि, घर में तथा समाज में उसके स्थान तथा स्त्री विषयक अन्य बातों पर कहावतें काफी रोशनी डाल सकती

हैं। कहावतें यदि मानव के सदियों के अनुभवों का निचोड़ हैं तो कहावतों के स्त्री विषयक कथन पर गंभीरता से विचार करना होगा। विश्वभर की कहावतों में प्रदर्शित विचारों की छानबीन करने पर ऐसा दिखाई देता है कि नब्बे प्रतिशत कहावतें स्त्री का अधिक्षेप करनेवाली, उसके प्रति अनादर और अविश्वास प्रकट करनेवाली हैं। संस्कृत ने कहीं कहीं स्त्री का आदर किया है, परंतु भारत की सभी भाषाओं की कहावतों ने स्त्री को व्यंग्य का लक्ष्य बनाया है। एकाध बार कभी किसीने भावविवश होकर स्त्री के बारे में भूले चूके कुछ अच्छा, आदरार्थी वचन कहा हो, पर उसे अपवादात्मक ही समझना चाहिए। एक तरफ हमारे साधुसंतों ने भी स्त्री को केवल मोहमयी मानकर उससे परे रहने का उपदेश पुरुषों को दिया है तो दूसरी तरफ स्त्री को भोग की सबसे अच्छी सामग्री मानकर अपनी शारीरिक भूख को मिटाने के लिए पुरुषों ने उसका उपयोग किया है। उपभोग का एक साधन इतना ही भाव स्त्री के प्रति दिखाया गया है। हमारी अल्प मति में यह तो स्त्री के प्रति बड़ा अन्याय है। बहुसंख्यांक कहावतों में तो यही देखने को मिलता है कि सारी घटिया बातें और दुर्गुण स्त्री से चिपकाए गए हैं। स्त्री के प्रति, जो कि किसी भी समाज का अविभाज्य अंग है, सारी मानवजाति का देखने का यह अनुदार दृष्टिकोण देखकर दिल पसीज जाता है। दलितों, पीड़ितों में स्त्रीजाति का समावेश अनिवार्य दिखाई देता है। किन्तु वह करुणा का लक्ष्य बन जाए यह बात स्त्री को कभी पसंद नहीं आएगी। वास्तव में समाजजीवन में कोई भी, आर्थिक विषमता के कारण हो या किसी जाति विशेष में जन्म पाने के कारण हो, वर्णभेद के कारण हो या जन्मस्थान के कारण हो, उच्च नीच माना जाए, या शोषकों के द्वारा अपमानित किया जाए, यह बात सर्वथैव अनुचित है, सुसंस्कृत समाज के लिए लांछनीय है।

कहावतों में स्त्री के बारे में क्या कुछ नहीं कहा गया है। उसकी सीमित बुद्धि पर चोटें हैं, उसके झगड़ालूपन की आलोचना है, उसके चंचल, अस्थिर स्वभाव को ग्रहीत मानकर उसपर व्यंग्य किए गए हैं। कहावतों के आधार पर यदि स्त्री का चित्र प्रस्तुत किया जाए तो वह अतीव अभद्र, विद्रूप घृणास्पद दिखाई देता है।

स्त्री की बुद्धिहीनता

पुरुष की तुलना में स्त्री बुद्धिहीन होती है ऐसा आधुनिक विज्ञानयुग में मानना कहाँ तक उचित होगा, जब कि आज महिलाएँ ज्ञानविज्ञान के सभी क्षेत्रों में अपने बुद्धिवैभव का परिचय करा दे रही हैं। लेकिन स्त्रियों की बुद्धिहीनता के विषय में बहुत सारी कहावतें उपलब्ध हैं। "औरत की सलाह पै चले वह चूतिया" क्योंकि "औरत की अक़्ल एड़ी में होती है," और उसकी सलाह मानने से विनाश होगा। संस्कृत के वचनों में भी इसी विचार का प्रभाव दिखाई देता है "अकृतं मन्यते कृत्यं अगम्यं मन्यते सुगम्। अभक्ष्यं मन्यते भक्ष्यं स्त्रीवाक्यप्रेरितो नरः॥" स्त्री की बातों से प्रेरणा प्राप्त करनेवाला मनुष्य जो करना नहीं चाहिए, वह करने योग्य समझता है। जो खाना नहीं चाहिए, वह खाने योग्य समझता है, और जहाँ जाना नहीं चाहिए वहाँ जाता है। अज्ञानी और मूढ़ स्त्री की इच्छा पर चलने से ये परिणाम निकलते हैं। दूसरे एक वचन "स्त्रीबुद्धिः प्रलयावहा।" में यह बताया गया है कि नारी की बुद्धि विनाशकारिणी होती है। स्त्री की मूर्खता पर अंग्रेज़ी की एक कहावत ने तुलना के साथ गहरी चोट लगाई है – "A pig is more stupid than a goat,

but a woman surpasses all." यहाँ स्त्री की तुलना सूअर और बकरे से की है और यह बताया है कि स्त्री सर्वाधिक मूर्ख होती है। पंजाबियों ने भी इसी सिद्धांत को दोहराया है " तिवी दी मत खुरी विच "– औरत की बुद्धि एड़ी में। दूसरी एक द्विपदी में औरत की दोस्ती की निर्भर्त्सना उसकी बुद्धिहीनता के कारण की है।

" पठ रनां दी दोस्ती, खुरी जिनां दी मत। पहेलां लांदियां यारियाँ, पिच्छों रोके देदियाँ दस ॥ "– भाड़ में जाए औरत की दोस्ती, जिनकी अक्ल गिट्टों में सारी। पहले खुद करती है प्यार, बाद में रो रो कर करती है इज़हार। ऐसी औरत के प्यार से बचके रहो। सिंधी की कहावत इससे भी बढ़ा-चढ़ा कर कहती है कि औरत की बुद्धि का स्तर एड़ी जितना है, वह भी शाम तक। कहावत इस प्रकार है – " ज़ाल जो अकुलु डाईअ खुड़ीअ में, सांझीअ खां पोइ उहो बि गुम " – औरतों की अक्ल उनकी बायीं एड़ी में होती है और सायंकाल के बाद वह भी गुम हो जाती है। मराठी की कहावत कहती है " बायकांची अक्कल चुलींत "– औरतों की अक्ल चूल्हे में। इसमें भी उनकी बड़ी निर्भर्त्सना की गई है।

ओड़िआ कहावत ने – " तिरिला बुद्धि रे महाप्रभु खंडिआ " – स्त्रीबुद्धि के कारण जगन्नाथजी अधूरे रहे कहकर एक पुराण कथा की ओर संकेत किया है। तमिळ् कहावत का यही अभिप्राय है – " ॲण्णरकृ कट्रु ॲलुत्तर् वाशित्तालुम् पेण बुद्दिपिन् पुद्दिये "– कितनी ही पढ़ी लिखी क्यों न हो, स्त्रीबुद्धि निम्न श्रेणी की ही है। पढ़ने लिखने पर स्त्री को अपना बुद्धिविषयक प्रगति का रास्ता खोल देने के लिए तामिळ् भाषी भी तैयार नहीं हैं क्योंकि वे भी स्त्रीबुद्धि का स्तर अतीव निम्न ही मानते हैं।

मलयाळम् भाषा का उपदेश यही है कि अनर्थकारी, बुद्धिहीन स्त्री की बातों में नहीं आना चाहिए। मलयाळम् कहावत है – " पेण्चोल्लु केळ्क्कुन्नवनु पेरुवळि " – स्त्री की बात सुननेवाला भीख माँगेगा।

यूरोपीय भाषाओं ने भी स्त्री की बुद्धि के प्रति अविश्वास ही प्रकट किया है। हमारी नज़रों में जो बड़े प्रगत समाज हैं, उनकी भी स्त्रियों के बारे में बड़ी ही अनुदार धारणा है। उनका भी परामर्श हम यथावकाश ले लेंगे। फ्रेंच लोगों जैसे रसीले, रंगीले, आशिक़ी में मायर लोगों ने भी स्त्रियों को बुद्धिहीन ही माना है। फ्रेंच कहावत है – " Prends le premier conseil d'une femme, et non le second. " – औरत से पहली सलाह ले लो, दूसरी मत लो। पहली सलाह कुछ सोचे बिना दी जाती है, वह औरत फुर्ती से देती है। मगर दूसरी सलाह सोच विचार करके दी जाती है, और औरत बुद्धिहीन होने के कारण सोचने की क्षमता नहीं रखती, अतः दूसरी सलाह उससे नहीं लेनी चाहिए। घुमाफिराकर वही विचार प्रकट हुआ है। स्त्री की बुद्धिहीनता, बुद्धूपन के बारे में सारी दुनियाभर की कहावतों का एक ही विचार दिखाई देता है।

स्त्रियों का झगड़ालू स्वभाव

यह एक सार्वत्रिक धारणा है कि महिलाएँ स्वभावतः झगड़ालू होती हैं। इसलिए बहुत–सी कहावतों में उन्हें कर्कशा, राक्षसी इत्यादि उपाधियों से भूषित किया है। बहुत सारी भाषाओं की कहावतों में यह अनुभव ग्रथित किया हुआ है। पुरुष एकत्रित रह सकते हैं, औरतें नहीं – इस सिद्धांत

का आधार औरतों की लड़ाई – झगड़े करने की आदतों में पाया जाता है। इस सिद्धांत को प्रकट करने के लिए जो उपमाएँ और दृष्टांत प्रयुक्त हुए हैं, वे साहित्यिक अभिरुचि की दृष्टि से भी मनभावन हैं।

पंजाबी का वचन देखिए " इक बेहे तां धरति कंबे, दो बेहण आसमान; तीन बेहण तां परले आ जाय, कह गए चतुर सुजाण। "– एक स्त्री से धरती काँपती है, दो हों तो आसमान हिल उठता है और तीन औरतें इकट्ठा हुईं तो प्रलय हो जाता है, ऐसा चतुर और ज्ञानी लोगों का कहना है। गुजरातियों का अनुभव इससे निराला नहीं है। गुजरात में मर्दों ने किसी झगड़े का प्रारंभ किया-हो तो औरतें आगे बढ़कर, मर्दों को पीछे हटाकर, झगड़ा निपट लेती हैं। उनके इकट्ठा आने से वायुमंडल काँप उठता है– " चार मळे चोट्ला तो वाळी ऊठे ओटला " - चार वेणियाँ (औरतें) इकट्ठा होती हैं, तो सारे घर, मुहल्ले को उथल–पुथल कर देती हैं। गाँववाले अपना अनुभव कहकर इसी बात पर मुहर लगा देते हैं, " एक रंडा, बे रंडा, त्रण रंडा तोडे ब्रह्मांडा "– तीन औरतें मिलती हैं, तो ब्रह्मांड तोड़ देती हैं। बंगवासी अपनी बाङ्ला भाषा की कहावत में कहते हैं– " तिन मेये येथा, काजीर दरबार सेथा। " – तीन औरतें जहाँ जुटें, वहाँ क़ाज़ी का दरबार लगाना पड़ेगा, क्योंकि झगड़ाफसाद अवश्य होगा। औरतों की एकत्रित शक्ति का व्यंग्यपूर्ण परिचय कराते कराते बाङ्ला कहावत कहती है– " सात कुँदुली नड़े-चड़े, धुर्कांडे भ'रे बातास करे। " – सात लड़ाका औरतें जब झगड़ा करती हैं, तब तूफान उठता है, चारों ओर से ज़ोरों से हवा बहती है।

संस्कृत वचन के अनुसार " प्रायः स्त्रियो भवन्तीह निसर्ग विभ्रमाः शठाः। " औरतें निसर्गतः शठ होती हैं। तब तो आगेवाली बातें शठप्रकृति के स्वाभाविक परिणाम हैं। तेलुगु की कहावत है " मुग्गुरु आडवारु कूडिते, पट्टपगले चुक्कलु पोडुस्तायि " – तीन स्त्रियों का जमघट हो तो दिन दहाड़े सितारे चमकते हैं। तीनों महिलाओं की वाग्वैजयन्ती को जब बाढ़ आती होगी, तो तीनों चुनचुनकर शब्दों की बौछार करती होंगी और सुननेवालों की आँखों के सामने ज़रूर तारे चमकते होंगे। तेलुगु की दूसरी कहावत ने इसी संदर्भ में पुरुषों और औरतों में होनेवाले अंतर का उल्लेख किया है। – " मुन्नुरु शिखलैना कूड वच्चुनुगानि, मूडु कोप्पुलु कूडवु " – तीन सौ चोटियाँ (पुरुष) इकट्ठा आ सकती हैं, किन्तु तीन वेणियाँ (औरतें) नहीं आ सकतीं। अब देखिए इस सत्य को प्रकट करने के लिए मलयाळम् ने पुरुष और स्त्री के अवयवों को प्रतिनिधि के रूप में दृष्टान्त में लगाया है। मलयाळम् कहावत है– " नालु तल चेरुं; नालु मुल चेरुकयिल्ल " – चार सिर मिल सकते हैं, पर चार कुच (स्तन) इकट्ठा नहीं मिल सकते, रहना तो दूर की बात है। अंग्रेज़ों का भी यह ही अनुभव है, इसलिए वे कहते हैं – " Two women placed to-gether, make cold weather. " औरतें अगर इतनी झगड़ालू हैं, तो उनको काबू में रखने के लिए भी इलाज करने होंगे। एक बार इस धारणा से सहमत होने पर उनको काबू में रखने के लिए आदमी कठोर इलाज करता है और कहता है, " औरत और घोड़ा रान तले ही अच्छा। " जंघा में कसकर रखने से घोड़ा काबू में रहता है, और औरत भी। हम ऐसी आशा करते हैं कि पाठक इसका विपरीत अर्थ न ग्रहण करें। जिनको पीटकर वश में रखना चाहिए ऐसे ताड़न के अधिकारियों में तुलसीदासजी ने स्त्री को रखा है, और उनके इस कथन की काफी आलोचना भी हुई है। उनका वह वचन है– " ढोल गँवार शूद्र पशु नारी। सकल ताड़ना के अधिकारी। " गुजराती की कहावत है

" ऊसे जवार बाजरी, मुसे नार पाधरी " – फटकने से जवार बाजरी ठीक हो जाती है और मूसल से (पीटने से) औरत सीधी रहती है।

अंग्रेज़ी में कहावत है, " A spaniel, a woman and a walnut tree; more they are beaten, better they be " – कुत्ता और अखरोट के पेड़ के साथ स्त्री को भी जितना अधिक मारापीटा जाता है, वह उतनी ही अधिक सीधी बनती है।

चंचल स्त्री

वास्तव में एकनिष्ठता, पतिपरायणता भारतीय नारी के विशेष गुण माने जाते हैं। परंतु स्त्री विषयक कहावतें पढ़ने से निष्कर्ष कुछ अलग-सा ही निकलता है। नारी की चंचल मनोवृत्ति और अविश्वासार्हता ही प्रमुखता से दग्गोचर होती है। शेक्सपीयर ने अपने नाटक में एक विशेष संदर्भ में एक वैश्विक कथन कहा है – " Frailty ! Thy name is woman. " – चंचलता ! तेरा नाम ही स्त्री है। और आज विश्वभर में यह कथन अत्यधिक मात्रा में प्रचलित हुआ है। हिन्दी का वचन है, " छोटी मोटी कामनी, सब ही बिस की बेल; बैरी मारे दाँव से, यह मारे हँस खेल ! " नारी छोटी हो, या मोटी हो, सभी बड़ी ज़हरीली होती हैं। दुश्मन सीधी तरह दाँव करके मारेगा, पर यह अपने साथ हंसेगी और खिलवाड़ करते करते मार डालेगी। ऐसी औरतों को भाँपना बड़ा कठिन काम है। उनके मन में क्या है, इसका पता तक नहीं चलता। संस्कृत में वचन है " स्त्रियश्चरित्रं पुरुषस्य भाग्यं, देवो न जानाति कुतो मनुष्यः। " – स्त्री के चारित्र्य और पुरुष के भाग्य के बारे में भगवान भी कुछ कह नहीं सकते तो आदमी क्या कह सकता है ?

हिन्दी ने स्त्री के प्रति अविश्वास प्रकट करते हुए कहा है – " आज हमारी कल तुम्हारी, देखो लोगो फेराफेरी। " जो नारी आज हमारी है, वह कल तुम्हारी होगी, यह हेराफेरी चलती रहेगी। यही आशय एक फ्रेंच कहावत में भी सम्मिलित है – " Varium et mutabile est femina. " हिन्दी ने स्त्रियों की चरित्रहीनता पर और एक वाग्बाण चलाया है – " तिरिया चरित न जाने कोय, खसम मार के सत्ती होय। " – खुद ही पति को मार डालेगी और बाद में उसके साथ अग्निदाह कर लेगी। ऐसी स्त्री का चरित्र, स्वभाव या मन का भाव ताड़ना केवल असम्भव है। भोजपुरी क्षेत्र की कहावत ने स्त्री के प्रति जो अविश्वास दिखाया जाता है, उसी को दोहराया है। " अकेलवा गइल मैदान फिरे, लोग कहिल कि हेराय गेले। " – कोई स्त्री बाहर शौच फिरने गई, तो लोगों ने समझा भाग गई। स्त्री के विषय में मन में इतनी आशंका, ऐसा संदेह !

नारी के मन की अस्थिरता का वर्णन पंजाबी दोहे में इस प्रकार आता है – " रन्ना चंचलहारीआँ, चंचल कम्म करें। दिने डरन परछविआँ, राती नदी तरे॥ " – चंचल चित्त की नारियाँ, चंचल काम करें; दिन में परछाई से डरें और रात में नदी पार कर (अपने पिया के पास) जाएँ। बाङ्ला कहावत चेतावनी देती है, " नदी, नारी, शृंगधारी–एइ तिने ना बिश्वास करी। " – नदी, स्त्री और बैल का विश्वास न करो कहने के साथ बंगालियों ने स्त्री को बैल और नदी की पंक्ति में बिठा दिया है। तीनों इतने चंचल हैं कि किस समय क्या कर बैठेंगे, इसका कुछ अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

उपदेशक डाक ने चंचल, छिनाल स्त्री के लक्षण इस प्रकार बताए हैं – " नियड़ पोखरी दूर के

याय (जाय), याते (जाते) बेळे गीत गाय। पथिकरे चाहे आड़ दृष्टि, डाक बोले सेइ से नष्टि॥ " जो औरत पास का तालाब छोड़कर पानी लाने के लिए दूर जाएगी, जाते जाते गीत गुनगुनाएगी रास्ते में किसी पथिक की तरफ तिरछी नज़र से देखेगी, ऐसी नारी को छिनाल समझना चाहिए। मज़े की बात यह है कि यदि पुरुष ये ही सब बातें करे तो उसे रसीला, रंगीला कहेंगे और नारी को निर्भर्त्सना का शिकार बनाएँगे। यह दोहरा मापदण्ड सब जगह दिखाई देता है।

कन्नड़ ने ज़ाहिर किया है कि "हादरगित्तिग कालु हासिगेय मेले निल्लदु" – चंचल स्त्री का पाँव अपने बिस्तर पर नहीं ठहरता। इस प्रकार प्रायः सभी भारतीय भाषाओं ने यह अभिप्राय व्यक्त किया है कि नारी बड़ी चंचल होने के कारण उसपर भरोसा नहीं किया जा सकता।

अंग्रेज़ी तथा यूरोप की अन्य भाषाओं ने भी स्त्री को इसी प्रकार फटकारा है। जीवन में आनंद पैदा करनेवाली, परमोच्च ऐहिक और पारलौकिक सुख के द्वार खोल देनेवाली नारी इनकी दृष्टि में बिल्कुल विश्वास करने योग्य नहीं है। अंग्रेज़ी की कहावत है – " A whistling woman and a crowing hen,neither fit for God, nor for men. " स्त्री की तुलना हवा, और भाग्य की चंचलता तथा अनिश्चितता से करते हुए अंग्रेज़ कहते हैं – " Women, wind and fortune are ever changing. " स्त्री, हवा और भाग्य हमेशा बदलते रहते हैं। जर्मन कहावत के अनुसार " Weiber sind veranderlich wie April wetter. " – नारियाँ अप्रैल की हवा की तरह चंचल या धोखा देनेवाली होती हैं। पोर्तुगाली स्त्रियों का ज़रा भी विश्वास करना नहीं चाहते। उन्हें कोई भी स्त्री विश्वास रखने योग्य नहीं लगती। पोर्तुगाली कहावत है – " Da mal molher te guarda e da ba boa nao fies nada. " बुरी औरत से बचके रहें और अच्छी औरत का विश्वास न करें। डॅनिश भाषा ने भी ठीक यही उपदेश किया है। इसका मतलब यह है कि स्त्री अच्छी हो या बुरी, वह विश्वासपात्र नहीं हो सकती। चारों ओर लोग इसी मध्ययुगीन कल्पना से चिपके हुए देखकर मन दुःखी हो जाता है। स्पॅनिश कहावत का सार यही है – " El melon y la muger malos son de conocer. " – स्त्री और खरबूजे को (ऊपर से) पहचानना मुश्किल है। डचों ने भी स्त्री पर सख्त निगरानी रखने की आवश्यकता का प्रतिपादन किया है। डच कहावत है — " Wapenen, vrouwen, en boeken behoeven dagelijk sche behandeling. "– हथियारों, औरतों और किताबों पर हर रोज़ नज़र रखनी चाहिए। उनके अच्छे रहने के लिए नित्य प्रतिदिन ध्यान देना आवश्यक है। हतियार और किताबें खराब होने का डर होता है, यह बात समझ में आती है। लेकिन औरत भी उसी श्रेणी में ?

इतालियन लोगों के कथनानुसार औरत बड़ी ही ढोंगी होती है।" Donna si lagna donna si duole, donna. s'ammala quando la vuole. " – अर्थात स्त्री इतनी ढोंगी होती है कि जब उसकी इच्छा होती है स्त्री को दुःख होता है, दर्द होता है, और जब वह चाहती है बीमार भी हो जाती है। इस प्रकार वह चाहे जिस समय अपना रंग बदल सकती है। अपना काम निकालने के लिए वह बहुरूपी बनकर पुरुषों को आसानी से ठगाती है।

दुर्गुणों की खान

ऐसा दिखाई देता है कि औरत को हमने सब दुर्गुणों की खान माना है। " औरत के नाक न

होती तो वह गू खाती। " कटने के लिए नाक न होती तो वह पूरी बेशरम बनकर चाहे जहाँ भटकती और व्यभिचार करती। " तिरिया चलितर और चोर की घाट। पाई पड़े न कह गए नाथ। " संत कह गए हैं कि नारी का चरित्र और चोर की चालाकी की थाह नहीं मिलती। संस्कृत ने नारी को सर्वस्व हरण करनेवाली राक्षसी कहा है।

" दर्शनात् हरते चित्तं, स्पर्शनात् हरते बलम्। संभोगात् हरते वीर्यं, नारी प्रत्यक्ष राक्षसी ॥ "

दर्शनमात्र से नारी चित्त का हरण करती है, स्पर्श से बल का हरण करती है, संभोग के समय वीर्य हरण करनेवाली यह नारी साक्षात् राक्षसी है।

बाङ्ला की कहावत बेटी की बड़ी अवहेला करती है। – ' मेयेछेले कादार डेला, धपास करे जले पे.ला। " – बिटिया संतान मिट्टी की ढेली, झट से पोखरी में डाल दो। घर में बेटी पैदा होने पर अनेकों को दुःख होता है, यह बात आज भी सच है। स्त्री की ओर से कोई पाप हो भी गया तो उसके लिए कोई प्रायश्चित्त भी नहीं है। वह हमेशा के लिए कलंकिनी बनकर रहेगी। बाङ्ला की कहावत में यही भाव है–" यतइ करो शिबसाधना, नाम कलंकिनी जाबेना। " – चाहे जितनी शिवसाधना करो, स्त्री का कलंकिनी नाम नहीं जाएगा। यह कैसा जुल्म है! नारी को प्रायश्चित्त का अवसर ही प्राप्त नहीं है। वास्तव में पश्चात्ताप करने पर मन धुल जाता है, साफ होता है। किन्तु कलंक नहीं मिटता। पुरुष केवल पुरुष है इसलिए हमेशा सदैव पवित्र और कुलीन माना जाता है।

उर्दूवालों की कहावत में कातिल औरत के मर्द को मारने के कैसे हथकंडे होते हैं उनका वर्णन है – " आन से मारे, तान से मारे, फिर भी न मरे, तो रान से मारे। " – नैनों से मारेगी, गाने से मारेगी, फिर भी न मरे तो जंघा से मारेगी। मतलब है आखिर स्त्री शरीर के अंग दिखाकर पुरुष को वश में कर लेगी। यह वर्णन घरेलू औरत का नहीं दिखाई देता, यह तो बाज़ारू औरत की तरकीबें हैं।

स्त्री के बारे में पुरुष के मन में कितनी तुच्छता का भाव रहता है उसके दो तीन उदाहरण काफी होंगे। पंजाबी की कहावत है – " मझ्झी दा मूतरना ते तीवीं दा रोणा इक बराबर। " – भैंस का पेशाब और औरत के आँसू एक बराबर। नारी के आँसुओं की हम यह इज्ज़त करते हैं, उनको भैंस के मूत्र से तुच्छ मानते हैं। तीस वर्ष पूर्व हमारी लिखी हुई एक गीतपंक्ति की हमें आज तीव्रता से याद आ रही है – " आर्यनारी के अश्रुबिंदु में प्रलयकाल की आग छिपी। फूट पड़ी थी विप्लव लेकर हिला आसमाँ, धरती तपी। " उन्हीं आँसुओं की अवहेला कहावतों में देखने को मिल रही है। शायद ये वे आँसू हैं, जो क़यामत की ताक़त नहीं रखते। एक शायर ने अपने बयान में आँसू के बारे में लिखा है—

" एक ही आँसू हो, मगर हो जाने हयात, उससे क्या हासिल, अगर लाख दरिया बह चले। "

अंग्रेज़ी भाषा की एक कहावत नारी का क्या मूल्यांकन करती है यह भी देखने की बात है। " He that has lost a wife and six pence, has lost six pence. " किसी व्यक्ति ने उसकी बीवी और छः आने गँवाए, तो उसको केवल छः आने का घाटा हुआ। इसका मतलब यह हुआ कि औरत की कोई कीमत ही नहीं।

हमने अब तक के विवेचन में ऐसी कहावतों का परामर्श लिया जिनमें औरतों को सभी प्रकार से नीचा दिखाया गया है। यह तो साधारण औरतों के विषय में रहा किन्तु औरत अगर विधवा

या बाँझ हो, तो उसके अपमान की सीमा नहीं। पहली बात यह है कि विधवा या बाँझ को हमारे देश में असगुनी मानते हैं। आम तौर पर यह धारणा पाई जाती है कि प्रातः ही यदि उनके दर्शन होते हैं, तो सारा दिन बिगड़ जाता है। विधवा तो सारे स्त्रीसुलभ साजोशृंगार से दूर रहकर जीवन-यापन करती है। अपनी सारी कामनाओं को वह पति की चिता में ही मानो जला देती है और वह बेचारी किसी की आश्रित बनकर रहती है और सारे गाँववालों की टीका-टिप्पणी या मज़ाक का लक्ष्य बन जाती है। वे आभूषण आदि पहन नहीं सकतीं और व्रतस्थ रहती हैं। मगर एक कहावत के अनुसार "ट्रूम बिना बैयर है ऐसी, बिन पानी के खेती जैसी।" आभूषण के बिना स्त्री पानी बिना खेत जैसी लगती है। कम से कम भारतीय समाज–व्यवस्था में विधवा उपहास का साधन बनी हुई दिखाई देती है।

अपत्यहीन स्त्री को भी लोगों के ताने सहने पड़ते हैं। बाँझ प्रसूतिपीड़ा नहीं जानती, इसलिए क्या उसके और कोई दुःख ही नहीं होते। उसकी ओर कोई सहानुभूति से नहीं देखता। "बाँझ बजौटी, शैतान की लँगोटी।" – कहकर उसे अपमानित किया जाता है। विशेषतः महिलाओं के जमघट में उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। ओड़िआ की कहावत है – "बाँझ माइपर कि पाइटि, हळदि काठुआ काजळपाति।" – बाँझ स्त्री के पास क्या संपत्ति होगी ? – हल्दी की गाँठ, काजल की डिबिया, बस्स! जैसे कि उसके कोई संतान नहीं है, इसलिए उसकी कोई आवश्यकताएँ भी नहीं हैं। ओड़िआ भाषा ने बाँझ को 'कुळबुड़ेई' कहा है। यह कुलनाशक वहाँ उपहास का लक्ष्य बनी हुई है।

स्त्री के बारे में जो थोड़ी अच्छी कहावतें हैं, जो स्त्री का गौरव करती हैं, उनमें से चंद कहावतों का उल्लेख इस नारीपुराण में आवश्यक है ऐसा हम मानते हैं। स्त्रियों में केवल अवगुण ही होते हैं, ऐसा माननेवालों में से हम नहीं हैं। लज्जा और ममता की पुतली नारी हमेशा मोहक ही रही है। पुरुषों ने लज्जा, शरम वगैरह स्त्रियों को सौंप दिया ताकि वे स्वयं उससे मुक्त रह सकें। तमिळ की कहावत है "अडक्कैमे पेण्णुक्कु अळकु" – लज्जा स्त्री का आभूषण है। यह भाव सभी भाषाओं की कहावतों में प्रकट हुआ है। पतिपरायणता नारी का दूसरा अलौकिक गुण है। कैसे कैसे पतियों के साथ उन्हें निभाना पड़ता है, पर वे उफ तक नहीं करतीं। मर्द की डाँटडपट, मारपीट सब सहकर फिर उसके चरण छू लेती हैं। यह सब देखकर तो नारी सहनशीलता की मूर्ति लगती है। पंजाबी की कहावत है – "मियाँ जुतियाँ मारे ते बीबी पड़ दारूद शुकारे।" पति जूतियाँ मारे और पत्नी (उसके लिए) दुआएँ माँगे यह दृश्य भारत के गाँव गाँव में दिखाई देता है। सब भारतीय मर्द चाहते हैं कि औरतें सीता और सावित्री बनके रहें, पर खुद राम का उत्तरदायित्व निबाहने के लिए वे तैयार नहीं हैं। पतिनिधन के बाद लाखों महिलाएँ सती हुई हैं, उसकी चिता में जलकर खाक हुई हैं, परंतु अब तक किसी भी माँ के सपूत ने पत्नी की मृत्यु के बाद उसकी चिता में खुद को नहीं जलाया है, कोई पुरुष अब तक सती नहीं हुआ है। बेचारी स्त्री पति की सब ज्यादतियाँ सकौतुक सह लेती है और अपने को धन्य समझती है। एक सुंदर दृष्टान्त देखिए—

"तुमको हमसी अनेक हैं, हमको तुमसा एक। रवि को कँवल अनेक हैं, कँवलन को रवि एक।"

"ओ नार सुलखणी, जिस पहले जाई लछमी" – वह नार सुलक्षणी है, जिसने बेटी को जनम

दिया हो। इसमें जच्चा स्त्री को सुलक्षणा और बेटी को लक्ष्मी कहा है।

गुजराती ने अच्छी स्त्री को सुख का सागर माना है और बुरी स्त्री को नागफणी का काँटा माना है, जो गृहस्थी में बार बार चुभता रहेगा। बंगाली कहावत के अनुसार – "पुरुषेर बल टाका, नारीर बल शाँखा।" पुरुष का बल रुपया और नारी का बल सुहाग की चूड़ियाँ (सौभाग्य-कंकण)। नारी का, स्त्री का गौरव करनेवाली बाङ्ला कहावत कहती है – "मेयेरे के छोटो कय ? जार पेटे छाओ हय !" – लड़की को कौन तुच्छ माने, जिसके पेट में बच्चा होता है। इसका मतलब है जो माँ बनने की क्षमता रखती है, जो नवनिर्माण का साधन है, वह बुरी कैसे हो सकती है। परंतु एक अंग्रेज़ी कहावत में लड़कियों को सराहा है, और पत्नियां को कोसा है। – ' All are good lasses, but whence come the bad wives."

हमारे समाज में स्त्रीदाक्षिण्य विशेष है, इसलिए स्त्री की इच्छा आसानी से पूरी होती है। यह विचार व्यक्त करनेवाली पंजाबी की कहावत देखिए –

" ज़नानी मंगे पेंढे, उस नूं देणेवाले बथेरे। मर्द मँगे आटा, उस नूं आटीआं वी काटा ॥ "

स्त्री पेड़े माँगती है तो देनेवाले बहुत होते हैं। पुरुष आटा भी माँगता है तो कोई नहीं देता।

स्त्री की आंतरिक शक्ति के विषय में अंग्रेज़ी कहावत है – " One hair of a woman draws more than a team of oxen. " स्त्री का एक बाल बैलों के झुंड से भी अधिक (ज़ोर से) खींचता है।

इस प्रबंध में हमने स्त्री के संबंध में प्रचलित चंद कहावतों का परिशीलन किया है। विश्वभर की कहावतों का अध्ययन करके उसके अधार पर यह देखना अतीव रंजक सिद्ध होगा कि विविध कालखंडों में स्त्री का सामाजिक स्थान क्या था। इस विषय के संबंध में और कुछ वचन और कहावतें हमने ' भारतीय कहावत संग्रह ' के द्वितीय खंड में दी हैं।

जातिव्यवस्था

भारतीय कुटुम्बपद्धति जिस प्रकार अपना एक विशेष स्थान रखती है, उसी प्रकार जातिव्यवस्था भी भारतीय समाजव्यवस्था का एक अविभाज्य अंग है। भारतीय समाज में, विशेषतः हिन्दू समाज में प्राचीन काल से जातिव्यवस्था चली आ रही है। किसी एक कालखंड में वह व्यवस्था गुणकर्म विभागशः होने के कारण, समाज धारणा के लिए आवश्यक और उपयुक्त समझी गई हो, परंतु वर्तमान काल में मनुष्य की जाति उसके जन्म से पहचानी जाती है, चाहे उसका व्यवसाय कुछ भी हो। समाज की भावात्मक एकता की दृष्टि से हमारी जातिव्यवस्था आज शाप बन गई है। विशाल सामाजिक तथा राष्ट्रीय हित के लिए अपनी जन्मजात जातीय भावना से ऊपर उठकर हम सब एक हैं ऐसा अनुभव करा लेने में जातिव्यवस्था बाधक बन गई है।

हमें किस जाति या परिवार में जन्म लेना है, यह तो हमारी इच्छा पर निर्भर नहीं रहता। आज के विज्ञान-युग में भी जन्म और मृत्यु सर्वथा दैव अथवा ईश्वर के हाथों में है। ऐसा जब है तब एकाध व्यक्ति ने किसी एक जाति विशेष में जन्म पाया, इसलिए उसको उच्च या नीच मानना कहाँ तक उचित होगा ? हमारे सारे व्यवहार में यह जाति का विचार इतनी सहजता से आता है कि वह हमारे समाज-जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, छुड़ाए नहीं छूटता। इससे हमारा समाज-

जीवन आज अस्ताव्यस्त, ध्वस्त, दिखाई देता है। दुर्भाग्य से ग्रामस्तर से ऊपर तक हमारी राजनीति भी जातीयता या प्रान्तीयता का आधार लेकर चलती है। इस जातिव्यवस्था को तोड़ने के सारे प्रयास विफल हुए हैं। ओड़िआ की कहावत ठीक ही कहती है –" जाति आगरे हाती चालिपारे नाही।" जाति के सामने हाथी की भी एक नहीं चलती।

जाति जाति में बँटे हुए ऐसे समाज में एक दूसरे के प्रति अविश्वास, अप्रीति, मत्सर, ईर्ष्या न रहे तो आश्चर्य। रोज की बोली भाषा में इन सब भावों के प्रतिबिंब दिखाई देते हैं। एक जाति दूसरी जाति की निन्दा करने के लिए, ताने देने के लिए बहुत सारी कहावतें प्रयोग में लाती है। उन कहावतों से उस जाति के गुण-अवगुण स्पष्ट हो जाते हैं। अलबत्ता उनमें अतिशयोक्तिपूर्ण कथन अधिक होते हैं। व्यंग्य बरपाने के लिए बात थोड़ी बढ़ा-चढाकर कहने की आवश्यकता होती है।

यहाँ पर जाति के साथ बहुत से प्रसंगों में व्यवसाय भी सम्मिलित रहता है। कर्मों के आधार पर बनी हुई जातिव्यवस्था का यह अपरिहार्य परिणाम है। इसलिए आलोचना दोनों (caste and profession) की होती है। अनुभव के आधार पर जो निचोड़ निकलता है, वह उस पेशे में जो विशेषता होती है, उसका परिशीलन करने से निकलता है। जैसे सुनार एक पेशा है, पर पीढ़ी दर पीढ़ी यही उद्योग करनेवालों की जाति बन गई। इस पेशे की ओर संकेत करते हुए जो उक्तियाँ कही गईं, वे समस्त जातिबान्धवों को लागू हो गईं, चाहे वे नाम के ही सोनी रहे हों। " सुनार माँ की नथ से भी सोना चुराएगा।" सुनार के पास गहने गढ़ने आते हैं, उनमें से वह थोड़ा सा सोना अवश्य चुराएगा ऐसा अनुभव एक, दो नहीं तो सैंकडों लोग जब करते हैं तब यह बात उस पेशे के साथ चिपक गई। हर एक भाषा में यह अनुभव ग्रथित हुआ दिखाई देता है। मराठी की कहावत है –" आटता वाल, पिटता वाल, वाल वाल निसंतान " – सुनार सोना पिघलाएगा तो उसमें से एक वाल सोना निकाल लेगा, गहना बनाने के लिए ठोकपीट करेगा तो और एक वाल सोना निकाल लेगा। इस प्रकार गहना बनाने की पूरी क्रिया में सारा सोना हजम कर लेगा। यह तो उस पेशे पर ऐसा व्यंग्य किया गया है कि सुनार बड़ी मुश्किल से उससे अपने को सम्हल सकेगा। दरजी, मणियारी, भटियारा, कलाल, लुहार, कुम्हार लक्कड़हारा आदि सब पेशों पर कसके चोटें लगाई गई हैं।

प्रमुखतः समाज चार वर्णों में बँटा हुआ है : ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र। इन सबकी खिल्ली उड़ानेवाली कहावतें मौजूद हैं। हर एक प्रादेशिक बोली में इनके लिए भिन्न भिन्न संज्ञाएँ हैं, किन्तु आशय प्रायः वही होता है। विशेषतः उच्च वर्णियों का मज़ाक उडानेवाली और नीच जातियों का अधिक्षेप, निर्भर्त्सना करनेवाली कहावतें सब भाषाओं में प्रचुर मात्रा में मिलती हैं। एकाध स्तुति पर कहावत मिलती है। वह शायद उसी जाति के लोगों द्वारा बनाई गई होगी। " ब्राह्मण झाला ज़री भ्रष्ट, तरी तो तिन्ही लोकी श्रेष्ठ।" – ब्राह्मण भ्रष्ट भी हुआ तो भी वह दुनिया में श्रेष्ठ ही रहेगा। क्योंकि उसने केवल ब्राह्मण जाति में जन्म पाया है। अब यह बात ब्राह्मण ने ही कही होगी। अन्य कोई थोड़े ही दूसरे की प्रशंसा करेगा और इस प्रकार पतित ब्राह्मण को भी श्रेष्ठ मानेगा?

ब्राह्मणों का भोजनप्रेम सर्वमान्य है। वास्तव में ब्राह्मणों को विद्या-ज्ञान संपादन करके धर्मकृत्यों के साथ विद्यादान का महान कार्य करते रहना चाहिए। आज वैसा कोई संकेत नहीं रहा है, उन्होंने कारखानदारी, व्यापार, खेती आदि भिन्न भिन्न व्यवसायों के सभी अंगों में अपना हाथ बँटाया।

है, तब भी उनकी जन्मजात जाति के साथ जो गुणावगुण आए हैं, वे बने रहे हैं। यह सर्वसाधारण मान्यता है कि ब्राह्मण बड़ा पेटू होता है। "बामण का पेट मदार" – ब्राह्मण का पेट कूएँ जैसा होता है, कितना भी उसमें खाना डालो, पेट भरता ही नहीं। "आए कनागत फूला काँस बामन उछले नौ नौ बाँस।"– पितृपक्ष आ गया। श्राद्ध के दिनों में ब्राह्मणों की बन आती है। खाने पीने के दिन आए, अब रोज मिष्टान्न मिलेंगे यह सोचकर ब्राह्मण खुशी के मारे झूमता है।

कलियुग के ब्राह्मण के बारे में बाङ्ला भाषा कहती है, "कलिर बामुन ढोंड़ा साप, जे ना मारे तार पाप।" – कलजुग में ब्राह्मण साँप जैसा होता है, उसको अगर नहीं मारा तो पाप लगेगा। वही बाङ्ला भाषा ब्राह्मण की भोजनप्रियता का वर्णन इस प्रकार करती है –"बामुनेर मड़ा जले भासे, फलालेर नामे उठे बसे।" – ब्राह्मण का शव यदि पानी में डूबता हो, और उसे यदि खाने की बात सुनाई दे, तो वह झट ऊठ बैठेगा।

ब्राह्मण दान लेना जानता है, पर देने में बड़ा कंजूस होता है। नौकरों से खूब डटकर काम करा लेता है, लेकिन पैसे बहुत कम देता है। मराठी की कहावत है –"भटाची चाकरी नि शिळया भाकरी" ब्राह्मण की नौकरी में बासी रोटी ही मिलेगी। इसी प्रकार ओड़िआ की कहावत अपनी विशेष देहाती शैली में चुनौती देती है "आठ हगा षोळ मूता, तेबे करिबु ब्राह्मणर बुत्ता।"– आठ बार टट्टी करो और सोलह बार पेशाब करो, तब जाकर ब्राह्मण की नौकरी करो। ब्राह्मण कठोरता से काम करा लेगा। काम की धौंस में टट्टी मूतना बार बार उतर आएगा। तमिऴ का अभिप्राय है कि ब्राह्मण विश्वास रखने योग्य नहीं होता – "पत्तु विदत्तिलुम परॆयनै नंबलाम् पार् पानै नंबक्कडादु" दस विषयों में हरिजन का विश्वास करो, पर ब्राह्मण का कभी विश्वास न करो।

दक्षिण में शैवों और वैष्णवों में काफी मनमुटाव है। उन्होंने एक दूसरे की हँसी उड़ाने में, आलोचना करने में अपने अपने प्रतिभाविलास का काफी परिचय दिया है। दक्षिण की तीनों प्रमुख भाषाओं में शैवों और वैष्णवों का यह वाग्द्वंद्व दिखाई देता है। मलयाळम् में इन दोनों संप्रदायों की लड़ाई नहीं दिखाई देती।

निम्नलिखित तेलुगु कहावत से वैष्णवों और शैवों के बीच में जो द्वेष है, उसका परिचय मिलेगा, "ओक लिंगडु चच्चिना चच्चिनट्ले बागा नमलि म्रिंगुअन्नाडट" भोजन में पत्थर आया, चबा दो, अच्छा हुआ एक शिवलिंग का तो नाश हुआ। पत्थर को शिवलिंग का प्रतीक मानकर उसको चबा डालने की सलाह देनेवाले इस वैष्णव के हृदय में शैवों के प्रति कितनी घृणा है, यह देखकर आश्चर्य होगा। तमिऴ की कहावत में शैव कहते हैं कि "ऐयंगारुम् तोत्तुक् कोडुप्पार्" – वैष्णव ब्राह्मण भी छूत को फैलायेंगे। शैव ब्राह्मण वैष्णव ब्राह्मण को अछूत मानकर उसका उपहास करता है। तेलुगु की कहावत है "पामुललो मेलगवच्चु कानि, स्वामुललो मेलगरादु" – साँपों के साथ रह सकते हो, पर वैष्णव आचार्यों के साथ नहीं। यहाँ वैष्णव ब्राह्मण को साँप से भी खतरनाक माना हुआ है। ब्राह्मणों पर व्यंग करनेवाली कहावतें सभी भाषाओं में उपलब्ध हैं; उन सबको यहाँ उद्धृत करना असम्भव है। संस्कृत में भी उनकी खाद्यप्रियता पर व्यंग्य किया हुआ है।

अनाहूताः स्वयं यान्ति रसास्वादविलोलुपाः। निवारिता न गच्छन्तिं मक्षिका इव भिक्षुकाः ॥

– बड़े चाव से खानेवाले रसास्वादलोलुप ब्राह्मण (भिक्षुक) बिना बुलाए ही आते हैं और निकाल देने पर भी जाने का नाम नहीं लेते। जैसे मक्खी हटाने पर भी बार बार आकर खाद्यपदार्थों पर

बैठ जाती है।

मलयाळम की एक कहावत में भी ब्राह्मण के पेटूपन पर चोट है। – "वेरुतेयल्ल पट्टरॅ पुळयिल् चाटियर्तु" – पेटू ब्राह्मण बिना किसी लाभ के नदी में नहीं कूद पड़ा। ज़रूर उसने पानी में बहता हुआ पापड़ का टुकड़ा देखा होगा। दक्षिण की कुछ कहावतों में ब्राह्मण के मरने पर भी संतोष प्रकट किया गया है, क्योंकि हरिजन को उतना ही रास्ते से कम हटना पड़ेगा। पुराने जमाने में ब्राह्मण जब रास्ते से चलता था, तब हरिजनों को रास्ते से हटकर चलना पड़ता था, ताकि ब्राह्मण पर हरिजन की छाया तक न पड़े और उसे छूत न लग जाए। यह व्यवहार आजकल बंद हो गया है।

अन्यान्य जातियों तथा व्यवसायों से संबंधित बातों को व्यक्त करनेवाली कहावतों का भंडार भी विपुल है। भिन्न भिन्न भाषाओं ने अपने अपने क्षेत्रों की जातियों तथा व्यवसायों पर चोटें की हैं। हिंदी की एक कहावत बताती है –

"अम्बा नीबू बनिया, गर दाबे रस देय। कायथ कौआ करहटा, मुर्दा हू सो लेय॥"

आम, नीबू और बनिया गला दबाने से ही कुछ देते हैं। कायस्थ, कौआ और किलहटा तो मुर्दे से भी रस लेंगे (कुछ निकाल लेंगे)। बनिया और कायस्थ पर कैसा क्रूर भाष्य है।

कई प्रकार के लोगों की विचारशक्ति के बारे में हिंदी का वचन है – "आगम बुद्धि बनिया, पश्चिम बुद्धि जाट। तुरत बुद्धि तुरकड़ी, ब्राह्मन संपत पाट॥" बनिया सोचने में तेज़ है। वह पहले सोचता है, जाट पीछे पछताता है; मुसलमान फायदे की बात तुरन्त सोचता है, परंतु ब्राह्मण बिल्कुल सफाचट होता है। इसमें इन चारों का बौद्धिक स्तर वर्णित है। इसी अर्थ की गुजराती की भी कहावत है– "अगमबुधियो वाणियो, ने पछमबुधियो ब्रह्म, तरक वगरनो तरकडो, ने मुक्की मारे धम्म।" इसमें तुर्क को तर्क रहित कहा है।

गुजराती भाषा में ढेढ़ और नीच जातियों के बारे में प्रचुर मात्रा में कहावतें मिलती हैं। एक कहावत में जो अतीव निष्ठुर ऐसा भाव प्रकट हुआ है, उसे देखकर हमारी निम्नजाति के प्रति सहानुभूतिशून्य भावना के दर्शन होते हैं। "ढेड मुवे अभेखड ओछुं" – ढेढ़ मर गया अच्छा हुआ, छुवाछूत कम हो गई। यह कितना निर्दय भाष्य है। एक मनुष्य को दूसरा मनुष्य छूना तक नहीं चाहता और अछूत के मरने पर दूसरा आनंद व्यक्त करता है, यह कल्पना ही क्रूरता की पराकाष्ठा है।

पंजाबी में भी किसी जाति विशेष के गुणावगुणों का वर्णन करते हुए उनकी विशेष त्रुटियों को व्यंग्य का लक्ष्य बनाया गया है। "सूद होवे पर तां गंढ संबालिए उरार।"– सूद होवे उस पार तो गठरी संभालो इस पार। सूदों के उचक्केपन पर चोट है, जिससे सारी सूद जाति घायल हो जाएगी। "पठान दा पुत, कदे ओलिआ ते कदे कूत।" – पठान का बेटा कभी अवलिया तो कभी शैतान। पठानों की तुनकमिजाजी का यह वर्णन है। उनकी तबियत को आँकना मुश्किल होता है। जब भाट ने जाट के साथ खेती की तो गा-बजाकर उसे अपने कब्जे में कर लिया। बेचारा बुद्दू जाट भाट के गाने बजाने के झाँसे में आ गया और खेती हाथ से चली गई। "का, किराड, कुत्ते दा, विसा ना खाइये सुत्ते दा।" – कौआ, किराड़ और कुत्ता सोते होंगे तो भी उनका भरोसा नहीं करना चाहिए। नाई की पहुँच हर घर तक होती है और इसलिए उसके मुँह से बात गाँवभर फैल जाती है, इसको लेकर पंजाबी की कहावत है "गल सुणी नाई, पहोची पंज गराई।" – नाई ने

सुनी जो बात, पहुंची गाँव पाँच।

कश्मीर में हिन्दुओं में भी विशेष जातिभेद नहीं हैं। सभी कश्मीरी हिन्दू पंडित नाम से पहचाने जाते हैं। उन के बारे में कई कहावतें प्रचलित हैं जिनमें उनकी काफी आलोचना की गई है। "जहालि बटन ठोकुर् चलुँ रोवुमुत्।" – मूर्ख पंडित ने देवता को भी भगाया है। "बट्टुँ गव् ग्रट्टुँ।" कश्मीरी की इस कहावत में पंडित (हिन्दू) को चक्की माना गया है और वह औरों को चक्की की तरह पीसता है ऐसा अभिप्राय व्यक्त किया गया है।

सिंधी भी घोषित करती है – "जट हो न विस हो, विसहो त मुसहो।" – मुसलमान पर विश्वास न रखो, रखा तो मर गए। सिन्धी की कहावत का बरिडों के बारे में क्या अनुमान है वह भी देखने योग्य है। "ब्रिडे पवे न ब्राझ, भरि में थो भाउ मरे।" – बगल में रहनेवाले भाई को मरते देखकर भी बरिड़े (बलोंचों की एक जाति) को दया नहीं आती। इस कहावत में बलोचिस्तान की निर्दय जाति का परिचय हमें मिलता है। एक अशिष्ट-सी दिखाई देनेवाली सिंधी की कहावत में बनिया और मुसलमान का स्वभाव विशेष स्पष्ट होता है – "वाण्यो अड़े खुड् मथां खुडु, जटु अड़े चुड् मथां चुडु।" बनिया कमाने पर मकान के ऊपर मकान बनवाता जाता है, और मुसलमान के साहूकार होने पर वह चूत पर चूत लाता जाता है। (अर्थात एक के बाद दूसरी, तीसरी शादी करता जाता है।) बनिया स्थायी जायदाद बनाने पर तुला रहता है, तो मुसलमान अपनी कामुकत का शमन करने के पीछे पड़ जाता है। एक अपने पुत्रप्रपौत्रों के लिए सामग्री जुटाता है तो दूसरा ऐहिक उपभोग में मस्त रहना चाहता है।

बाङ्ला कहावत भी बंगाल की जातियों का परिचय करा देती है। "घोष बंश बड़ बंश, बोस बंश दाता; मित्तिर कुटिल अति, दत्त हरामजादा।" –घोष वंश के लोग महान वंश के, बोस वंश बड़ा ही दानी, लेकिन मित्र वंश के लोग अति कुटिल और लुच्चे होते हैं और दत्त वंशवाले चोटी के बदमाश होते हैं। अब ब्राह्मणों के बारे में कहावतों का अभिप्राय तो सब जगह एक-सा है – "बामुन घरे खाबे भात, गोबर देबे आड़ाइ हात।" ब्राह्मण खाने को भात देगा भी तो पहले ढाई हाथ ज़मीन गोबर से लिपा लेगा। जितना देगा उससे दुगना काम करा लेगा। किन-किनका विश्वास नहीं करना चाहिए इसके बारे में मार्गदर्शक बाङ्ला कहावत देखिए – "धोपा, नापित, कुमोर, कामार– जे बिश्वास करे से ओ चमार।" धोबी, नाई, कुम्हार और लुहार का जो विश्वास करे, वह भी एक चमार। वास्तव में स्वयंपूर्ण गाँव की कल्पना में सभी प्रकार के व्यवसाय अंतर्भूत हैं, किन्तु उन्होंने कभी किसी भी प्रकार के नियमों का पालन नहीं किया और वे बदनाम हो गए। आज यदि नए सिरे से यह सूची बनानी हो तो उसमें और व्यवसायों का अंतर्भाव करना पड़ेगा। मराठी की कहावत में तो सुनार, दरजी, करसंकलक (कुलकर्णी) को भी अविश्वासार्ह माना गया है और इनसे बचने का इशारा दिया गया है।

ओड़िआ की एक कहावत चेतावनी देती है– "कैंपा करण, छोट घोड़ा, खना ओकिल, हाकिम तेढा, सखिगो मंद।"– बाँके हाथवाला करण, छोटा टट्टू, हकलाता वकील और टेढ़ा अधिकारी, सखी ये सब बुरे हैं, इनसे सम्पर्क न आने दो। दूसरी एक ओड़िआ की कहावत में माहांति का परिचय मिलता है –" माहांति जाति, उधार पाइले किणंति हाती, शुझिले शुझिबे पुअंक नाती "– माहांती को उधार मिले तो हाथी भी खरीदेगा और कर्ज का निवारण करेगा बेटे का पपोता।

माहांति जाति के लोग उड़ीसा में ऐयाश समझे जाते हैं।

तमिळ की एक कहावत हमें वेळळाळन् जाति के पास जाने से रोकती है। "वेळ्ळिक्कु ॲदिरे पोनालुम् वेळ्ळाळनुक्कु ॲदिरे पोगलागादु" – दुष्ट ग्रह के सामने जा सकते हैं, किन्तु वेळ्ळाळन् के सामने नहीं जाना चाहिए।

तेलुगू ने अपनी एक कहावत में वैष्णवों का मज़ाक उड़ाने की सामग्री प्रस्तुत की है – "चुट्टूरा श्री वैष्णवुले चूस्ते कल्लु कुंड लेदु" – चारों ओर तो श्री वैष्णव ही हैं, फिर भी ताड़ी का मटका कहाँ गायब हो गया! यह सूचित करना है कि चुपके से वैष्णव ताड़ी पी गए।

यह सारा पढ़कर जी ऊब जाता है, परंतु आज संतोष की बात यह है कि ये जाति-बंधन नई समाज व्यवस्था में शिथिल होते जा रहे हैं। नई आर्थिक और औद्योगिक समाजव्यवस्था में इस जातिव्यवस्था को कोई स्थान नहीं रहेगा। कारखानों, दफ्तरों, सेना तथा अन्य स्थानों में कन्धे से कन्धा मिलाकर काम करनेवालों में यह जातीय अभिनिवेश नहीं रहेगा। समाज की पुनर्रचना करके एक नये जातिनिरपेक्ष समाज का निर्माण करने में लक्ष लक्ष मस्तिष्क और करोड़ों हाथ जुट जाएँगे। इस नव-निर्माण की पदचाप जिन्होंने पिछली शताब्दी में सुनी उन्होंने जो शिकायत की है वह गुजराती कहावत में सम्मिलित है – "देव गया डुंगरे, ने पीर गया मक्के, अंग्रेजना राज मां ढेड मारे धक्के" देव गया पर्वत पर और पीर गए मक्का की ओर, इस अंग्रेज़ी राज में ढेढ़ रास्ते में धक्के मारता है। अंग्रेज़ों के ज़माने में इस सामाजिक परिवर्तन के चिह्न दिखाई देने लगे। अपरिहार्य होने के कारण भी क्यों न हो, विज्ञान युग की ओर पुराने दृष्टिकोण से देखना उचित न था, न लाभदायक था। दो संस्कृतियों की टकराहट में जीवित रहने, जीतने या स्वयंपूर्ण सार्वभौम समाज के निर्माण के लिए हमारे समाजसुधारकों ने हमारी पुरानी धारणाओं को वैज्ञानिक कसौटी पर घिसना शुरू किया और जैसे जैसे नए संदर्भ में पुरानी व्यवस्था का खोखलापन दिखाई दिया, उन्होंने नवविचारों को प्रसृत करना प्रारंभ किया। हम कतिपय आगे बढ़े भी, किन्तु स्वार्थी राजनीतिज्ञों ने आज़ादी के बाद पुनः जाति के दायरे में अपना अभद्र खेल शुरू किया। हम जाति-निरपेक्ष समाजवाद के नारे बहुत लगाते रहे, लेकिन हमारे खून में ठूँस ठूँस कर भरी हुई जाति-विषयक धारणाओं को हम छोड़ न पाए। इसके विपरीत जाति जाति के दरमियान खड़ी दीवारें और मजबूत हो गईं, खाई और चौड़ी हो गई और आज हम भग्न समाज का अनुभव कर रहे हैं। आशा है निकट भविष्य में अपनी जातिभेद की कल्पनाओं को त्यागकर, हम विशाल मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाकर प्रगति की ओर बढ़ेंगे। इसमें ही हमारे व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान का मार्ग छिपा हुआ है।

अशिष्ट कहावतें

कोई भी आशय जैसे नागरी शब्दों में व्यक्त किया जा सकता है, वैसे ग्रामीण शब्दों में भी अधिक प्रभाव के साथ व्यक्त हो सकता है। ढोर, गँवारों से बातचीत करने का ढंग ही अलग होता है। बात बात पर गालियों की बौछार होती है। बीभत्स और अश्लील गालियों का प्रयोग सरे आम चलता है। उक्ति जितनी अधिक अश्लील उतनी ही वह गाँववालों में असरकारी मानी जाती है। इसलिए देहाती कहावतों में भी किसी अश्लील उपमा या दृष्टान्त के द्वारा काम चलाया जाता है,

और सुननेवाले की समझ में भी उसका भाव झट से आ जाता है। भारत की जनता के अस्सी प्रतिशत लोग गाँवों में रहते हैं, अतः उनकी कहावतों पर अश्लीलता की मुहर लगाकर इस संग्रह में उन्हें स्थान न देना बड़ा अनुचित होगा। यह एक प्रकार से उनपर अन्याय होगा। अशिष्ट मानी गई इन ग्रामीण कहावतों की नोंक पैनी होती है और वे लक्ष्य पर अचूक शरसंधान करती हैं। ऐसे भंडार से केवल नागरी संकोच के कारण हम यदि दूर रहें तो कहावतों के एक प्रमुखांग से हम वंचित ही रहेंगे। हकीम, वैद्य या डाक्टर को अध्ययन के समय या सेवा के समय रुग्ण के किसी भी अवयव से परे नहीं रहना चाहिए। उन्हें शरीर के सब अंगों उपांगों से परिचित रहना चाहिए, उसी प्रकार ग्रामीण साहित्य से संपर्क रखनेवालों को भी किसी अश्लील शब्द या अशिष्ट उक्ति से परहेज नहीं रखना चाहिए। मन में कोई पक्षपात न रखते हुए, या सुसंस्कृतता का खोखला अहंकार न करते हुए यदि हम इन कहावतों में समाए हुए साहित्यगुणों का रसास्वाद प्राप्त करें तो एक अपूर्व आनंद से वंचित रहने की बारी हमपर नहीं आएगी।

किसी चीज़ को प्रभावोत्पादक बनाने के लिए दिल को भिड़नेवाले दृष्टान्तों में विचित्रता आ गई, या अश्लीलता की ओट में छिपकर तीर चलाए गए, तो कुछ क्या बिगड़ेगा? वायुमंडल का प्रभाव कहावतों पर होता है, इस तथ्य को मान लेने के बाद यह सवाल ही नहीं खड़ा होता। कहावतों के संकलक को तो यह विचार कभी नहीं करना चाहिए।

एकाध आशय खास देहाती बोली में कितने प्रभाव के साथ कहा जाता है, उसके चंद नमूने तो हम देखें –

अधिक लाड़ प्यार से बचा बिगड़ जाता है और अंट शंट बातें करने लगता है। इस आशय को प्रकट करनेवाली मराठी की कहावत कितनी अर्थवाही है "लाडका लेक देवळी हगे, ढुंगण पुसायला महादेव मागे." – लाड़ला लड़का मंदिर में हगे, और गांड पोंछने को शिवलिंग माँगे। इसपर टीका-टिप्पणी या भाष्य की कोई आवश्यकता नहीं। बात सीधी है।

दूसरी एक कहावत में 'समेल जोडी' का निर्देशन ऐसी ही एक उपमा के साथ किया है। "खड़ा होकर पेशाब करनेवाले राजा का दौड़ते हुए पेशाब करनेवाला मंत्री।" राजा जैसा बरताव करेगा, लोग दो कदम आगे बढ़कर उसका अनुकरण करेंगे। मुख्य काम कम और आडम्बर बहुत इस अर्थ में एक कहावत मराठी में प्रयुक्त है "झंवणं थोडं, कुस्करणं फार." – चोदना कम, मसलना अधिक। इस संभोग के दृष्टान्त को उठाकर मराठी ने अपनी सर्वांगीण साहित्यिक गुणवत्ता का परिचय दिया है।

झूठा दिखावा करनेवालों पर आघात करनेवाली भिन्न भिन्न भाषाओं की कई कहावतें हमने प्रथम खंड में दी हैं। किन्तु तेलुगु ने जो तरीका अपनाया है, बहुत ही प्रभावशाली है- "तलकु दारि लेदु, बुड्डकु अटकली" – सिर के बालों को तेल नहीं और फोते को प्रसाधन चाहिए। तेलुगु की अन्य एक कहावत बड़ी मज़ेदार है – "एमिट्रा! मेन माम मुड्डेलो कट्टे पेडतावु अंटे, बाबायि अनुकुन्नानु अन्नाडट" – "क्यों बे, यह क्या मामा की गांड में जलती लकडी डाली?"– "नहीं नहीं, मैं उन्हें चाचा समझा।" मुख्य मुद्दे को टालकर बात को दूसरी ओर ले जाने का आशय लेकर यह कहावत तेलंगण में चलती है। "तालाब पर रूठकर गांड धोये बिना चले जाने" वाले की बात भी तेलुगु ने कही है। "चेडिन श्राद्धं चेण्णी, पित्तरा पीट पगला।" (अशगुन

हुआ) श्राद्धविधि तो बिगड़ गई, अब पीढ़ा फट जाने तक पादो। यह भी एक व्यंग्योक्ति है। नकली बातों से काम नहीं निकलता यह समझाने के लिए खास देहाती कहावत तेलुगु में है " बूटकानिकि बुड्ड दिगिते आविलिस्ते अविसि पोयिंदट " – झूठा फोता जंभाने पर फूट गया। मिट्टी के चूतड़ कब तक चिपके रहेंगे। मुख्य वस्तु से अन्य बातों को जब महत्व दिया जाता है तब गाँववाले कहेंगे " सेट्टि सेरू, बुड्ड सवा सेरू " – सेर का सेठ, सवा सेर का फोता (अंडकोष) इसी अर्थ की कन्नड की कहावत भी है। – " आळिगिंत तरडे भार " – आदमी से उसका लंड बड़ा।

बंगाल में भी तो देहात और देहाती है, ऐसा तो है नहीं कि हर बंगाली रवींद्रनाथ ठाकुर या विवेकानंद है। वह भी कभी चालू कहावतों का मज़ा लेता है। " गुरु मोते दाँड़िये, तो चेला मोते पाक दिये। " – गुरु मूते खड़े खड़े, चेला मूते चक्कर देकर। यदि आदर्श व्यक्ति घटिया बर्ताव करता हो तो अनुचर और भी घटिया व्यवहार दिखाएँगे। एक बात घुमा फिराकर कही है कि– दादार जतो मुरद, ता बड़ बउके छापा नेई। " – बड़े भय्या की ताकद भाबी को मालूम। कहते हैं कि भीम की शक्ति का पता सबसे अधिक द्रौपदी को था।

गुजराती के गामड़िया (देहाती) ने सबकी समझ में आ जाय इस प्रकार से एक व्यावहारिक सत्य प्रकट किया है। संस्कृत वचन " कामातुराणां न भयं न लज्जा। " – संभोग के लिए आतुर व्यक्ति को भय या लज्जा नहीं होती। इस कामातुर के साथ और एक को गुजराती ने जोड़ दिया है। " हगाणुं ने कामी बार गाम उज्जड देखे। " – जिसको जोरदार टट्टी लगी हो, और जो कामातुर हो, दोनों समझते हैं कि आसपास के बारह गाँव निर्जन हैं। अब जब कि उल्टा ही न्याय चलता है, तब तो " पादनारी सूंठ खाई जाय ने जणनारी जोया करे। " – पादनेवाली सोंठ खाय और जच्चा देखा करे। काम थोड़ा और आड़म्बर बहुत के लिए गुजराती कथन है– " हगवुं थोडुं ने पपडाट बहु " – हगना थोड़ा और पादना ज्यादा। "

गरीब के पास खाने के लिए अनाज नहीं होता, सर छुपाने के लिए मकान नहीं होता, पहनने के लिए कपड़े नहीं होते। बेचारा बुरी तरह दिन काटता है। सर्दी में भी कपडे नहीं होते, तो काहे का सहारा ले ? इस फटेहाल का वर्णन एक ही चोट से मराठी गाँववालों ने किया है, वह अतीव प्रभावकारी है। " गरिबाच्या लवड्याला शेटांचे पांघरुण. " गरीब के लंड के लिए झाँटों का ओढना। मुफ्त का माल मिला तो कैसा भी हो, उसे उड़ा ले जानेवालों पर देखिए कैसा आघात किया है " फुकटचा फोदा, झंव रे दादा. " – मुफ्त की चूत मिली है, चुदा ले।

सहवास का प्रभाव प्रकट करनेवाली हिन्दी की कहावत देखिए – " बाबाजी। कोपिन बासे है; तो कै, ' रह किसी जाग्यां है। " इस राजस्तानी कहावत ने भी तो अपना नमूना पेश किया है। " बाबाजी लंगोटी गंधाती है ", तो बाबाजी उत्तर देते हैं, " बेटा रहती किस जगह है ? " लंगोटी गांड में रहेगी तो उस में से ज़रूर बदबू आएगी।

ऐसी विशेष कहावतों में ओड़िआ क्यों पीछे रहे ? " हगिला बेळर तरतर, छअचिला बेळकु न थाए। " – टट्टी जाते समय की जल्दी (गांड) धोते समय न रहे।

भिन्न भिन्न व्यवसायों तथा व्यावसायिकों का वर्णन करनेवाली कहावतें सभी भाषाओं में हैं। एक दूसरे की निंदा करनेवाली, फबतियाँ कसनेवाली कई कहावतें विश्वभर की भाषाओं में मिलेंगी।

लेकिन बनिये का जितना वास्तविक वर्णन, उसके स्वभाव विशेष के साथ, संस्कृत में पढ़ने मिलता है, उसका मुकाबला नहीं। शृंगार के समय की इंद्रिय की अवस्थाओं के साथ बनिया की तुलना की है।

"आदौ नम्रः पुनर्वक्रः कार्यकाले च निष्ठुरः।
कार्यान्ते च पुनर्नम्रः शिश्नतुल्यो वणिग्जनः॥"

– प्रारंभ में नम्र किन्तु थोड़ासा टेढ़ा, काम के समय निष्ठुर, काम निपटने पर पुनः नम्र, ऐसा लंड के समान बनिया होता है।

इस वणिक्वृत्ति का अनुभव हमें प्रतिदिन प्राप्त होता है। ग्राहक के साथ सौदा पटाने के पहले वह बहुत नम्र होता है, मीठी मीठी बातें करता है। सौदे की शर्तें सम्मुख रखते समय निष्ठुरता से टालमटोल करता है, सारा काम निपट जाने के बाद फिर एकदम नम्र बन बैठता है। यह व्यवहार केवल बनिये का होता है, ऐसी बात नहीं, कारखानदार से लेकर छापखानेवाले तक और सुनार जौहरी से लेकर कोयलेवाले तक सब का यही हाल। पुजारी, पुरोहित और पंडे भी इसमें से नही छूटते।

स्थनाविषयक कहावतें

जहाँ हमारा निवास रहता है, उस गाँव, नगर या देश के बारे में हमारे मन में आत्मीयता रहना स्वाभाविक है। किन्तु मनुष्य यहाँ रुकता नहीं, वह दूसरों के निवासस्थानों के दोष देखता रहता है। इन दोषों को 'राई का पर्वत' या 'बात का बतंगड़' बनाकर उन स्थानों को अपने नगर या गाँव से नीचा दिखाने की कोशिश करता है। दूसरे प्रान्तवाले, नगरवाले उसकी नज़र में तुच्छ, त्याज्य लगते हैं। इस स्थानविषयक अभिनिवेश से दूसरे स्थानों पर टिप्पणी करनेवाली कहावतें जन्म लेतीं हैं।

कभी कभी कई कहावतों में उस स्थान का वस्तुनिष्ठ वर्णन रहता है, जिससे उस गाँव की विशेषताओं का परिचय हमें होता है। मनुष्य-स्वभाव के अनुसार उस स्थान का निखालस वर्णन तो वह करेगा नहीं। हल्की सी क्यों न हो, उसमें चोट अवश्य रहेगी। उदाहरणार्थ – "इक्का, वकील, गधा, पटणा शहर में सदा।" इस कहावत में पटना शहर के वर्णन में वकीलों के साथ गधे को जोड़ दिया। चित्तौड़ को महान दिखाते समय और गढ़ों को नीचा दिखाया है "गढ़ तो चितौड़ गढ़, बाकी सब गढ़ैया। ताल तो भोपाल ताल, बाकी सब तलैया।" वाकई भोपाल का तालाब बहुत बड़ा है, पर उसके साथ बाकी सब तालावों को नीचा दिखाया है। तुलना के साथ दिखाने पर ही किसी की महानता प्रकर्षेण प्रकट होती है।

भोजपुर को बदनाम करनेवालों ने निम्नलिखित कहावत कही है – "भोजपुर जइहा मत, जइहा तो खइहा मत, खइहा तो सोइहा मत, सोइहा तो टोइहा मत, टोइहा तो रोइहा मत" – पहली बात तो यह है कि आप भोजपुर मत जाइए। जाएंगे तो खाइए मत, खाएंगे तो सोइए मत, सोएंगे तो (गठरी) मत टटोलिए, गठरी टटोलिए तो फिर मत रोइए, क्योंकि वह उचक्के ले गए होंगे। भोजपुरवालों की हेराफेरी की आदत पर यह जोरदार तमाचा है।

धर्मक्षेत्र काशी का वास्तविक वर्णन हिन्दी की इस कहावत में पाया जाता है – "रांड, साँड़, सीढ़ी, संन्यासी, इनसे बचे तो सेवे काशी।" – काशी में जहाँ तहाँ विधवाएँ, भगवान के नाम छोड़े

हुए साँड़, चारों ओर घाट की सीढ़ियाँ और संन्यासी दिखाई देंगे। भला इनकी चक्कर से जो बचेगा, उसे काशी विश्वनाथ के दर्शन का पुण्य प्राप्त होगा।

हरएक प्रदेश में एकाध गाँव ऐसा होता है कि जिसके साथ मूर्खता, बुद्दूपन का नाता जोड़ा हुआ रहता है। – " ऐसे चूतिया शिकारपूर में रहते हैं। " – पता नहीं क्यों मौगांव और शिकारपुर मूर्खों के लिए प्रसिद्ध हैं। वास्तव में मूर्ख तो हर जगह होते हैं। बिहारवाले कहेंगे – " बलिया से तो नहीं आए हो ? " बलिया के सब लोग अनाड़ी होते हैं क्या ? मुंबईवाले कहेंगे – " बाणकोट से आए हो क्या ? " और पूनेवालों को ' पौड़ ' गाँव के लोग अनाड़ी, मूरख लगते हैं।

एक कहावत में पुरानी मुंबई का वर्णन इस प्रकार आता है। मराठी की कहावत है – " मुंबईचे पाणी नि हातपाय ताणी. " पिछली शताब्दि में जब की मुंबई सात टापूओं में बँटी हुई थी, सागर के सन्निध होने के कारण दलदल बहुत थी। पीने के लिए कूँओं का पानी इस्तेमाल किया जाता था। हवा भी ज्वर से भरी हुई रहती थी। जो कोई बाहर गाँव से मुंबई शहर में जाता था, उसे वहाँ का पानी पचता नहीं था, और वहाँ का पानी पीने पर मलेरिया का शिकार बनकर उसे हाथपाँव तानकर सोना पड़ता था। मराठी की एक कहावत में पूने की प्रतिष्ठा दिखाई है " पुण्याची पगडी, सर्वांना रगडी " – पुने की पगड़ी सब को रगड़ती है। यह कहावत शायद लोकमान्य तिलकजी के ज़माने की होगी, जब पुणे नगर शिक्षा का और राजनीति का केंद्र था।

गुजरात के लोग खानेपीने के बड़े शौकिन थे। तरह तरह के खाद्यपदार्थों से उनकी थालियाँ भरी रहती थी। उत्तमोत्तम मिठाइयाँ और चटपटे नमकीन पदार्थों के लिए सूरत शहर मशहूर था। तब सब की इच्छा गुजराती की कहावत के अनुसार एक ही रहती थी, " सूरतनुं जमण ने काशीनुं मरण " – सूरती भोजन मिले, और काशी में मृत्यू हो जाए। बस जीवन सफल हो गया।

कई गाँवों में जीवन की सारी आवश्यकताएँ आसानी से उपलब्ध नहीं होती। ऐसे गाँवों में जीवन बड़ा कष्टप्रद होता है और ऐसे गाँवों में अपनी बेटियाँ लोग शादी में नहीं देना चाहते। विशेषतः जिन गाँवों में पीने के पानी की अछत हो, कुँए गहरे हों तो उस गाँव में पानी खींचते खींचते बहू का दम निकल जाता है। गुजराती की कहावत है – " ओड उमरेठनां ऊंडा कुवा, दीकरी दे तेना बाप मुवा। " ओड और उमरेठ में गहरे कुँए, जो बेटी दे, उनके बाप मर गए समझो। इसी प्रकार एक कहावत तेलुगु में भी है – " पेनुगोंडकु पिल्ल निव्वरादु, रोद्दानिकि एद्दु निव्वरादु " – पेनुगोंडा गाँव में कन्या न दो, रोद्द गाँव में बैल न दो। पेनुगोंडा गाँव में कुँए गहरे होते हैं और रोद्द गाँव की अवस्था देखकर ये चेतावनियाँ दी हुई हैं।

बंगाल की विशेषता एक बाङ्ला कहावत में वर्णित है – " छाजा, बाजा, केश, तिने बाङ्ला देश " – छज्जा, बाजा और केश इन तीनों का बंगाल देश। वहाँ मकान में छज्जे, अटारियाँ अवश्य होती हैं, गानेबजाने का शौक बहुत है और वहाँ के लोगों के बाल घने और काले सुंदर होते हैं। किन्तु इन्ही बंगालियों के बारे में असमीया का कितना विषादपूर्ण कथन है वह भी सुनने लायक है। असमीया भाषा की कहावत है – " फस्तित बंगाल मरे, तिरुता बेचि कामकाज करे। " – घमंड में बंगाल मरे, औरत बेचकर कामकाज चलावे। बंगाल की अस्मिता पर गहरी चोट है।

अपने प्रदेश के दो नगरों पर तमिळ भाषिओं को बड़ा नाज़ है। तमिळ की कहावत है – " तेन् काशि आशारम्, तिरुनेल्वेलि उपशारम् " – तेन काशी (दक्षिण काशी) का आचार–व्यवहार

और तिरुनेलवेली की आवभगत, स्वागत सत्कार प्रसिद्ध है। इन्हीं तमिऴनाडु के लोगों का बोलने का तरीका और भाषा के ढंग पर तेलुगुवालों ने एक जोरदार व्यंग्य किया है। तेलुगु की कहावत है – " अवतल वीथिलो अल्लरि एमिटि अंटे, अरवल एकांतं अन्नट्लु " – किसीने पूछा कि परली गली में यह शोरोगुल काहे का? दूसरे ने जवाब दिया, ' भाई, वह तमिऴभाषी आपस में कानाफूसी कर रहे हैं। ' अब तमिऴ भाषा में कानाफूसी से इतनी गड़बड़ी मचती होगी, तो वे जब शोर करेंगे तो क्या होगा ?

तमिऴ भाषिओं का उत्तरभारतिओं के बारे में क्या विचार है यह एक तमिऴ कहावत में अंकित है – " वडकत्तियानैयुम् वयिट्र वलियैयुम् नंबल आगादु " – उत्तरवाले और पेट का दर्द, दोनोंपर विश्वास नहीं करना चाहिए।

पड़ोसवाले हमेशा टीका टिप्पणी करते हुए दिखाई देते हैं। " पुणे, काय तिथे उणे. " यह मराठी कहावत पुणे में किसी बात की कमी नहीं, पुणे में कोई दोष नहीं ऐसा प्रतिपादन करती है। लेकिन इसी पुणे नगरी के बारे में गुजरातिओं का क्या अभिप्राय है यह गुजराती की कहावत में देखिए– " पुणुं, ने दोजखनुं खुणुं " – पुणे नगर मूर्तिमंत नरक है। पुण्यपत्तन की गुजरात में क्या इज्ज़त है उसका पता इस कहावत से चलेगा। ऐसे ताने कसने में संस्कृत भी कम नहीं –

बालोऽपि चोरः स्थविरोऽपि चोरः, समागतः प्राधुणिकोऽपि चोरः।
दिल्ली प्रदेशे मथुराप्रदेशे चोरं विना न प्रसवन्ति भार्या ॥ –

दिल्ली और मथुरा के प्रदेश में बालक भी चोर होते हैं और वृद्ध भी चोर होते हैं। आए हुए मेहमान भी चोर होते हैं। दिल्ली और मथुरा के इलाके में माँएँ चोरों के बिना किसी को जन्म ही नहीं देती। दिल्लीवालों के चरित्र पर यह कितना निर्दय हमला है।

* * *

प्रायः सभी मानवीय व्यवहार कहावतों की प्रभाव-कक्षा में आते हैं। उनमें-से महत्त्व के कुछ वैश्विक विषयोंपर हमने इस प्रबंध में चर्चा की है। और भी कई विषयोंपर विवेचन किया जा सकता है, और हम यथावकाश करनेवाले भी हैं। यह यात्रा तो अक्षुण्ण चलती रहेगी। इस अभियान में हमने लाखों कहावतों से खिलवाड़ किए, भिन्न भिन्न भाषाओं की सहस्त्रों कहावतों को पुचकारा, दुलारा ताकि वे हमारी वश में रहे। किन्तु तितली के समान वे बड़ी चंचल ठहरी। कुछ हाथ में आईं, कुछ झाँसा देकर निकल गईं।

कितने भी अध्ययन, मनन, चिंतन के बाद पराई भाषाओं की कहावतों को कण्ठस्थ रखना, पूरी कि पूरी ज़बानी याद करना बहुत ही कठिन बात है। कभी उनका दृष्टान्त याद रहता है, परंतु शब्द याद नहीं रहते। कभी एकाध महत्त्वपूर्ण शब्द याद रहता है, तो बाकी शब्द छितर जाते हैं। तब आदमी बातचीत में इतना ही कहता है कि " हाँ ! किसीने खूब कहा है... ! " बस ! क्या कहा है यह तो विस्मृति के अंधःकार में गायब !

—विश्वनाथ नरवणे

१

अंधों में काना राजा।

आशय

गुणविहीन, धनविहीन ऐसे तुच्छ व्यक्तियों के समूह में यदि एकाध व्यक्ति साधारण गुणवाला हो, या उस के पास थोडे भी पैसे हों तो उसे अन्य लोग गुणों का अवतार और धनपति कुबेर ही मानते हैं। सर्वथा हीन व्यक्तियों में थोड़ी सी अच्छाई जिस में हो, वह बड़ी प्रतिष्ठा पा जाता है। देखिये हिन्दी कहावत, "अंधों में काना राजा।" यह कहावत अनेक भाषाओं में भिन्न भिन्न प्रतिमाओं के साथ पाई जाती है।

Subject

In a place where everything of a certain kind is bad, one amongst the whole lot that is slightly better, takes on a great deal of importance. This is what the following proverbs tell us; e. g. a Hindi proverb says —' A one-eyed man is the king amongst the blind. '

हिन्दी अंधों में काना राजा।

Eng. tr. A one-eyed man is a king among the blind.

ऊजड़ गाँव में एरँडियो रूँख। (राज.)
(ऊजड़ गाँव में एरंड ही पेड़ गिना जाता है।)

Eng. tr. The castor tree is vegetation in a barren village.

ऊजाड़ गाम में मुरार महतो। (मुज.)

Eng. tr. In a deserted village, Mr. Murar is all important.

ऊजार गाँव में सियार राजा। (शाहा.)

Eng. tr. Jackal is the king in a deserted village.

कोइरी के गाँव में धोबी पटवारी।

Eng. tr. In the village of koiris (uneducated agriculturists) the washerman is the accountant.

जहाँ रुख नहीं, तहाँ अरंड रुख।

Eng. tr. Where there are no trees, even the castor is a tree.

जहाँ रुख नहीं बिरिख, वहाँ रेंड ही महापुरुख।

Eng. tr. Where there is no vegetation, the castor tree is a great person.

सब साँप मरलात, ढोढ़वा के मिलहैंह टीका। (मुं.)

Eng. tr. When all the snakes are dead and gone, the insignificant reptile becomes prominent.

सौ कौओं में एक बगला नरेस।

Eng. tr. One heron amongst a thousand crows is a monarch.

ENGLISH
1. In the world of the blind a one-eyed man is king.
2. In the country of the blind one-eyed man is the king.
3. A heron among hundred crows is a king.

उर्दू अंधों में काना राजा।
Eng. tr. A one-eyed man is a king amongst the blind.

जहाँ रूख नहीं, वहाँ येरंडही रूख है।
Eng. tr. Where vegetation is lacking, the castor tree is the only vegetation.

सौ नकटों में एक नाकवाला नक्कू।
Eng. tr. Amongst a hundred snub-nosed ones, one person with a nose is considered beautiful.

पंजाबी अन्नियां विच काणा राजा।
हिन्दी अनु. अन्धों में काना राजा।
Eng. tr. Among the blind a one-eyed man is the king.

उजड़े पिंड पड़ोला महल।
हिन्दी अनु. उजड़े गाँव में झोपड़ी ही महल।
Eng. tr. In a ruined village the thatched hut is reckoned as a palace.

उजड़े बागां दे गाल्हड़ पटवारी।
हिन्दी अनु. उजड़े बाग में गिलहरी पटवारी।
Eng. tr. In a ruined garden the squirrel is the headman.

कश्मीरी अन्यन् मंज् कान्य स्वंदर।
हिन्दी अनु. अन्धी (स्त्रियों) में कानी सुंदरी।
Eng. tr. Amongst the blind (women) one-eyed is the beauty.

सिंधी अंधनिमें काणो राजा।
हिन्दी अनु. अंधों में काना राजा।
Eng. tr. One-eyed is a king among the blind.

जिते वणु नाहे तिते कांडेरो बि दर्ख़्तु।
हिन्दी अनु. जहाँ वृक्ष नहीं, वहाँ काँटेदार पौधा भी दरख़्त है।
Eng. tr. Where there is no tree, a prickly shrub is a lofty plant.

मराठी अंधळ्या गायींत लंगडी गाय प्रधान.
हिन्दी अनु. अंधी गायों में लंगड़ी गाय प्रधान।
Eng. tr. A lame cow is predominent among the blind cows.

ओसाड गावी एरंड बळी.
हिन्दी अनु. निर्जन (बेचिराग़) (ओछे) गाँव में रेंडी का वृक्ष बड़ा।
Eng. tr. In a deserted village the castor tree is mighty.
ओसाड गावी गाढवी सुवासिनी.
पाठभेद गावढ्या गावात गाढवी सवाशीण.

हिन्दी अनु. १. निर्जन गाँव में गधी सुहागन। (सुवासिनी)
२. गँवार गाँव में गधी सुहागन।
Eng. tr. In a deserted village she-ass is a respected woman.
In a rustic village she-ass is the most respected woman.

घोंगड्यांत पासोडा सरदार.
हिन्दी अनु. कंबलों में गुदड़ी सरदार।
Eng. tr. A quilt is the nobleman among rough blankets.

वासरांत लंगडी गाय शहाणी.
हिन्दी अनु. बछड़ों में लंगड़ी गाय सयानी (प्रधान)।
Eng. tr. A lame cow is the wisest amongst calves.

गुजराती आंधळामां काणो राजिओ.
हिन्दी अनु. अंधों में काना राजा।
Eng. tr. The one-eyed is the prince among the blind.

उज्जड गाममां एरंडो प्रधान.
हिन्दी अनु. उज्जड गाँव में एरंड मुख्य होता है।
Eng. tr. The castor-oil plant is the chief in a deserted (desolate, barren, waste) village.

ढेडवाडामां वलभी डाही.
हिन्दी अनु. ढेड़ की वस्ती में वलभी होशियार (चतुर)।
Eng. tr. Valabhi (an ordinary woman) is the wisest in the locality of scavengers.

नहीं झाड, त्यां राजा ताड.
हिन्दी अनु. जहाँ न हों पेड़, वहाँ राजा ताड़।
Eng. tr. The palm is the monarch where there are no other trees.

वाङ्ला अन्धेर देशे काना राजा।
हिन्दी अनु. अंधों के देश में काना राजा।
Eng. tr. In a country of blind men one-eyed man is a king.

उजाड बने शियाल राजा।
हिन्दी अनु. सुनसान वन में सियार राजा।
Eng. tr. Fox is the prince in a deserted jungle.

नेइ देशे एरण्ड गाछ, नेइ बने खटाश बाघ।
हिन्दी अनु. विना वृक्ष के गाँव में एरंड ही वृक्ष;
विना हिंस्र श्वापदों के वन में बिल्ली ही शेर।
Eng. tr. In a treeless country a castor shrub is considered a tree and in a deserted forest a pole-cat is a tiger.

भाँगा गाँयेर मोडल राजा।
हिन्दी अनु. खाली गाँव का मुखिया राजा।
Eng. tr. The headman is a prince in a deserted village.

असमीया गछ नोहोवा ठाइत् एराइ बिरिख ।
हिन्दी अनु. जहाँ वृक्ष ही नहीं, वहाँ रेंडी का पेड़ ही महावृक्ष ।
Eng. tr. Where there are no trees, the castor plant gets the recognition of a tree.

ओड़िआ अंध गाँकु एक आखिआ रजा.
हिन्दी अनु. अंधों के गाँव में एक आँखवाला राजा ।
Eng. tr. The one-eyed one is a king of the village of the blind.

अपाळक राइजरे बिजुळि लक्षे टंका.
हिन्दी अनु. वर्षाहीन राज्य में केवल बिजली का चमकना ही लाख रुपये की बात है ।
Eng. tr. In a kingdom where it doesn't rain, lightning itself is worth a lakh of rupees.

उजि गाँरे कुजि, जेऊँ गाँरे देवता नाहान्ति शिळपुआटाए पूजि.
हिन्दी अनु. कुरूपों के गाँव में कुबड़ा और बिना देवता के गाँव में बट्टा ही पूजा जाता है ।
Eng. tr. A hunchback in the village of the ugly, and a grinding stone in the village in which there are no deities, is worshipped.

कटक धोबणी देशरे राणी.
हिन्दी अनु. कटक की धोबन गाँव की रानी ।
Eng. tr. A washerwoman from Cuttack is a queen to the village.

कटक भंडारि देशकु रजा.
हिन्दी अनु. कटक का हजाम, गाँव का राजा ।
Eng. tr. A barber from Cuttack is a king to the village.

तंती साझिरे कटास महाबळ बाघ.
हिन्दी अनु. जुलाहों के गाँव में बिल्ली शेर ।
Eng. tr. In the village of weavers a wild cat is a tiger.

बण गाँरे बिलुआ रजा.
हिन्दी अनु. उज्जड़ गाँव में गीदड़ राजा ।
Eng. tr. In a deserted forest-village a jackal is the king.

तमिळ् आलै इल्लाद ऊरिले इलुप्पैप्पूच् सर्करै.
हिन्दी अनु. जिस गाँव में (शक्कर) कारखाना नहीं, उस गाँव में ' इलुप्पै ' फूल ही शक्कर ।
Eng. tr. In a village where there is no sugar factory, the 'Illuppu' flower is the sweetest.

ऊमैक्कु उळ्रुवायन् उर(ट्) पादपिण्डम्.
हिन्दी अनु. गूँगे के लिए हकला एक महान् आश्चर्य ।
Eng. tr. The dumb regards a babbler as a wonder.

ऊमैक्कु तोत्तुवायन् उयरन्द वाय्च्चालकन्.
हिन्दी अनु. गूँगे के सामने हकला वाचालक (=वाक्पटु) ।
Eng. tr. A lisper is talkative before a dumb man.

कुडि इल्ल ऊरुक्कु नरि इराजन्.

हिन्दी अनु. सूने गाँव में सियार ही राजा।

Eng. tr. A jackal is the king in a deserted village.

(च)शप्पणिक्कु नोण्डि शण्डप्पिरशण्डम्.

हिन्दी अनु. पंगु के सामने लंगड़ा बहादुर।

Eng. tr. A lame man is a hero before a cripple.

निनर् मरत्तिल नेडु मरम् पोनाल् निरकुम् मरमे नेडु मरम्.

हिन्दी अनु. ऊँचे ऊँचे पेड़ गिर जायेंगे तो शेष रहे पेड़ ही ऊँचे पेड़ हैं।

Eng. tr. When the lofty trees are felled, the remaining trees look tall.

पाळ उरुक्कु नरि राजा.

हिन्दी अनु. उजड़े गाँव में सियार राजा।

Eng. tr. The jackal is the king in a deserted village.

पिळ्ळै इल्ला वीट्टिल्, किळवन् तुळ्ळि विळैयाडुगिरानाम्.

हिन्दी अनु. जहाँ बच्चा नहीं है, वहाँ बूढ़ा उछल-कूदकर खेल रहा है।

Eng. tr. In a house where there are no children, an old man piays like a child.

पोट्टैक्कण्णन् राज्यत्तिले ओत्तैकण्णन् राजा.

हिन्दी अनु. अन्धों में काना राजा। अंधों के राज में काना राजा।

Eng. tr. A one-eyed man is the king in the kingdom of the blind.

मुडवनुक्कु नोण्डि शण्डप् पिरशण्डन.

हिन्दी अनु. पंगु के सामने लंगड़ा शूर।

Eng. tr. A lame man is very boisterous before a cripple.

तेलुगु अल्लुललो मल्लु पेद्द.

हिन्दी अनु. जुलाहों में मल्लु ही बड़ा।

Eng. tr. Mr. Mallu is great among the weavers.

ए चेट्टु लेनि चोट वेंपलि चेट्टु महावृक्षम्.

हिन्दी अनु. जहाँ कोई पेड़ न हो, वहाँ सरकंडा ही महावृक्ष।

Eng. tr. Where there are no trees, vempali plant is a big tree.

गुड्डि गेदेललो गूनु गेदे महालक्ष्मी.

हिन्दी अनु. अंधी भैंसों में कूबड़ भैंस ही महालक्ष्मी।

Eng. tr. Among the blind buffaloes one with a hunch-back is the goddess.

गोवु लेनि ऊळ्ळो गोड्डुगेदे श्री महालक्ष्मी.

हिन्दी अनु. जहाँ गाय न हो, उस गाँव में बाँझ भैंस ही श्री महालक्ष्मी।

Eng. tr. In a village where there are no cows, the barren buffalo is Shri Mahalaxmi.

चेट्टु लेनि ऊळ्ळो आमुदपु चेट्टे महावृक्षम्.

हिन्दी अनु. बिना पेड़ों के गाँव में एरंड ही महावृक्ष।

Eng. tr. In a village where there are no trees, the castor tree is a great tree.

तुरक लेनि ऊळ्ळो दूदेकुल वाडे मुल्ला.

हिन्दी अनु. जिस गाँव में तुर्क नहीं, वहाँ धुनिया ही मौला।

Eng. tr. A village where there is no Muslim, the carding man is the Mullah. (Mullah is the muslim school master or priest.)

तुरकलु लेनि ऊळ्ळो दूदेकुलवाडु सय्यद मियां.

हिन्दी अनु. जिस गाँव में मुसलमान नहीं, उस गाँव में धुनिया ही सय्यद मियाँ।

Eng. tr. In a village where there are no mussulmans, the cotton cleaner is Sayyad Miyan.

देवुडि लेनि ऊळ्ळो मंचपुकोडे पोतराजु.

हिन्दी अनु. जिस गाँव में देवता नहीं, वहाँ खाट की पाई ही पोतराजु।

Eng. tr. In a village where there is no God, a leg of the cot is Potaraja (name of a lower God).

दोड्डेड्डु गोड्लनु दोंगलु तोलुकुपोते गोड्डु गेदे श्री महालक्ष्मी.

हिन्दी अनु. गोसाल भर के ढोरों को चोर लूट गये, तो बची बाँझ भैंस ही महालक्ष्मी।

Eng. tr. When all the farm cattle were lifted by thieves, the dry buffalo left behind is Mahalaxmi.

रेड्डि करणं लेनि ऊळ्ळो चाकलिवाडु पिन्निपेद्द.

हिन्दी अनु. जिस गाँव में पटवारी न हो, उस गाँव में धोबी ही मुखिया।

Eng. tr. In the absence of a village officer in the village, the washerman is all in all.

रोट्टकट्टे देशंलो पुट्ट गोचिवाडे भाग्यवंतुडु.

हिन्दी अनु. जिस देश में लोग पत्ते पहनते हों. वहाँ कौपीन पहननेवाला ही भाग्यवान।

Eng. tr. Where people wear only leaves, a man that wears a loin cloth is the richest.

सालेल सभलो सातानि पंडितुडु.

हिन्दी अनु. जुलाहों की सभा में सातानि पंडित। (सातानि-बैरागी जाति के घुमक्कड़ लोग, जो भजन गाते फिरते है।)

Eng. tr. In an assembly of weavers Satani is a pandit. (Satani – People of backward Bairagi caste, who roam about singing devotional songs.)

कन्नड **अळिद ऊरिगे उळिदवने गौड.**

हिन्दी अनु. उजड़े गाँव में बचा हुआ ही पटवारी।

Eng. tr. The survivor becomes the chiefman in the ruined town.

एळेगरुविल्लद मनेलि मुदिगरुवे मुद्दु.

हिन्दी अनु. जिस घर में बछड़ा नहीं, वहाँ बूढ़ा बैल ही प्यारा।

Eng. tr. In the house where there is no young calf, the old bull is dear.

कुरुडरोळगे सेळळने श्रेष्ठ.

हिन्दी अनु. अंधों में काना श्रेष्ठ।
Eng. tr, One-eyed is the best among the blind.

कुरुडुगणिणगिन्तल्ल् मेळळगण्णु वासि।

हिन्दी अनु. अंधो में तिरपट राजा।
Eng. tr. Amongst the blind a squint-eyed is supreme.

मुद्दिल्लद् मनेयल्लि अज्ज अंबेगालिक्किद.

हिन्दी अनु. जिस घरमें बच्चा नहीं, वहाँ दादा ही घुटनों के बल रेंगता है।
Eng. tr. Grandfather crawls in a home without babies.

यारु इल्लद् ऊरिगे अगसर मालिये मुत्तैदे.

हिन्दी अनु. उज्जड़ गाँव में धोबिन सुहागन।
Eng. tr. In a deserted village the washer-woman is the respected lady.

हाळूरिगे उळिद्वने गौड.

हिन्दी अनु. उजड़े गाँव में बचा हुआ ही पटवारी।
Eng. tr. A person who stays behind in a deserted village is the village chief.

मलयाळम् आणिलात्त नाट्टिल् अम्पट्टन् राजावु.

हिन्दी अनु. जहाँ लायक व्यक्ति नहीं, वहाँ नाई ही राजा।
Eng. tr. In a place where there is no worthy man, the barber becomes the king.

ऊमरिल् कोञ्ञन् महावाग्मी.

हिन्दी अनु. गूँगो में हकला ही वाक्पटु।
Eng. tr. Among the dumb a lisper is an orator.

कुरुटन् नाट्टिल् कोंकण्णन् राजावु.

हिन्दी अनु. अंधों में काना राजा।
Eng. tr. A one-eyed man is the king in the land of the blind.

मरमिल्ला नाट्टिल् आवणक्कु महामरम्.

हिन्दी अनु. उजाड़ देश में एरंड प्रधान।
Eng. tr. In a country with no trees the castor tree is prominent.

मूक्किल्लाराज्यत्तु मुरिमूक्कन् राजावु.

हिन्दी अनु. बेनाकों के राज्य में नकटा राजा।
Eng. tr. In a land of the noseless, one with a snubbed nose becomes the king.

संस्कृत निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते।

हिन्दी अनु. जिस गाँव मे एक भी पेड़ नहीं है, उस गाँव में एरंड का पेड़ भी बहुत बड़ा माना जाता है।
EEng. tr. ven a castor-oil plant is valued highly in a treeless land.

२

अधजल गगरी छलकत जाय।

आशय

जिन के पास गुणवत्ता कम हो, धन का अभाव हो, शारीरिक क्षमता न हो, वैसे सर्वथा दुर्बल व्यक्ति अपना अस्तित्व उद्घोषित करने के लिये, अन्य लोगों की अपेक्षा हम भी कुछ कम नहीं यह सिद्ध करने के लिये, बड़ी धूमधाम शोरोगुल मचाकर झूठा दिखावा प्रस्तुत करते हुए दिखायी देते हैं। ऐसे व्यक्तियों की इस स्वभाव-विशेषता पर इन कहावतों में विभिन्न नित्यानुभव के दृष्टान्तों द्वारा पर्याप्त रोशनी डाली गयी है। तमिळ् भाषा की इस कहावत में यही सार है—"कच्चे ज्ञानवाले सदैव बड़बड़ाते रहेंगे।"

Subject

Those that have lesser worth are of meaner quality, make a greater noise and show off than those who are worthy and great. The Tamil proverb, therefore, tells us — ' Persons of little learning are always talkative. '

हिन्दी अधजल गगरी छलकत जाय।

Eng. tr. Half-filled pitcher overflows.

ओछा पात्र उबलता है।

Eng. tr. A shallow vessel bubbles up.

कड़ाकड़ बाजे थोथे बाँस।

Eng. tr. Hollow bamboos make a cracking noise.

कोठिला भर संडुआ में मुसहर बड़रायल हक। (पट.)

Eng. tr. The native was full of airs just over a corn-binfull of maize.

खाली वासन घणा खडखड़ावै। (राज.)
(खाली भाँड़े अधिक खड़खड़ाते हैं।)

Eng. tr. Empty vessels make greater noise.

गगरी अनाज भइल जोलहन के राज भइल। (चंपा.)

Eng. tr. A pitcher-full of corn and the weaver gives himself airs.

छुद्र नदी भरि चलि उतराई, जस थोरे धन खल बउराई॥ रामचरितमानस॥

Eng. tr. The insignificant river was proud when it was full of water, as a base man gives himself airs when he gets little money.

छूछी हांडी बाजे टन टन।

Eng, tr. An empty vessel makes a great noise.

थोथा चना बाजे घना।

Eng. tr. An empty pea makes a great noise.

बड़े बिखौ बिखधर, चलत सीस नवाए। थोड़े बिखौ बिच्छू, चलत दुम अलगाए॥

Eng. tr. The most venomous serpent goes with a bent head, the milder scorpion walks with his tail up.

English 1. Shallow streams make most din.
2. Empty vessel makes much noise.
3. Still waters run deep.

पंजाबी कहो कबीर छूछा घट बोले, भरिआ होवे सो कब न डोले।

हिन्दी अनु. कबीर कहे, खाली घट बोले, भरा हुआ कभी न डोले।

Eng. tr. Kabir says, " A half-filled vessel makes a great noise, a vessel full to the brim will remain steady. "

भरी भकुनी चुपचुपाती, खड़के बुचकी सखणी।

हिन्दी अनु. भरी गगरिया शांत सुभाय, अधजल गगरी छलकत जाय।

Eng, tr. A brimfull vessel remains still, an empty one makes noise.

सखणा भांडा बहु खडके।

हिन्दी अनु. खाली बरतन ज्यादा खड़के।

Eng. tr. An empty vessel makes much noise.

कश्मीरी छेनि मंद् छे वज़ान्।

हिन्दी अनु. खाली मटका बजता है।

Eng. tr. An empty vessel makes sound.

सिन्धी ठल्हो चड़ो वजे घणो।

हिन्दी अनु. घंटी पोली है तब ज्यादा बजती है।

Eng. tr. An empty bell makes greater sound.

सखिणी कुनी घणो उभामे।

हिन्दी अनु. खाली देगची (अर्थात् जिसमें धान कम पड़ा हुआ है) में पानी ज्यादा छलकता है।

Eng. tr. An empty vessel bubbles much.

मराठी अर्दकुडा कळसो हायसुळता. (गो.)

हिन्दी अनु. अधजल गगरी छलकत जाय।

Eng. tr. A half-filled metal pitcher makes a lot of noise.

अपुऱ्या घड्याला डबडब फार.

हिन्दी अनु. अधभरा घड़ा अधिक छलकता है।

Eng. tr. A half-filled pitcher spills a lot.

अल्प मनुष्य कोपे, लहान भांडे लवकर तापे.

हिन्दी अनु. नीच मनुष्य शीघ्रकोपी होता है, छोटा बरतन जल्दी ग़रम होता है।

Eng. tr. A low is highly irritable; a little pot becomes soon hot.

उथळ पाण्याला खळखळाट फार.

हिन्दी अनु. उथले पानी में खलबलाहट अधिक।

Eng. tr. Shallow waters make a lot of noise.

उथळ पाण्याला खळाळी फार व दुबळ्या माणसाला बढाई फार.

हिन्दी अनु. उथले पानी में खलबलाहट अधिक, और दुबले आदमी को घमंड अधिक।

Eng. tr. Shallow water makes a lot of noise, the weak person shows a lot of pride.

पोकळ वाशांचा आवाज़ मोठा.

हिन्दी अनु. पोले बाँसों की आवाज़ बड़ी होती है।

Eng. tr. Hollow rafters make much noise.

पोलॅ पण्साक् पांख चड. (गो.)

हिन्दी अनु. कच्चे कटहल में गोंद अधिक होता है।

Eng. tr. A raw jackfruit has a lot of latex.

विचाराची तूट, तेथे भाषणाला ऊत.

हिन्दी अनु. जहाँ विचारों की कमी वहाँ भाषणों की बहुतायता।

Eng. tr. Where there are dismantled thoughts, there are found zealous talks (speeches or lectures).

शब्दांचा सुकाळ, तेथे बुद्धीचा दुकाळ.

हिन्दी अनु. जहाँ शब्दों की बहुतायत वहाँ बुद्धि का अकाल।

Eng. tr. Where there is an abundance of words, there is scarcity of intelligence.

गुजराती अधूरो घडो छलकाय घणो.

पाठभेद– छालको घडो छलकाय, ने ओछी कुल्ही उभराय.

हिन्दी अनु. अधजल गगरी छलके बहुत (खूब छलकती है), और छोटी कुल्हड़ उभराय।

Eng. tr. A shallow jar overflows and a small pitcher flows over the brim.

कोरा वागा ककडे घणा.

हिन्दी अनु. नया कपड़ा चरमराता है बहुत।

Eng. tr. New (unused) clothes make much rustle.

खाली बरतन खखडे घणुं.

हिन्दी अनु. खाली बरतन ज्यादा बजते हैं।

Eng. tr. Empty vessels make much noise.

खाली चणो वागे घणो, ने चणापर दमाम घणो.

हिन्दी अनु. खाली चना बजे बहुत और चने पर दमक अधिक।

Eng. tr. An empty gram makes more noise and more of show (pomp) on empty gram.

खोखरां वासण खखडे घणा.

हिन्दी अनु. फूटे बरतन जादा बजते हैं।

Eng. tr. Broken vessels make more noise.

खोटो रुपयो चळके घणो, ने भुंडो भैयो भडके घणो.

हिन्दी अनु. खोटा रुपया ज्यादा चमकता है, और भूंडा भैय्या (सिर घुटा हुआ) ज्यादा भड़कता है।

Eng. tr. A counterfeit rupee (coin) glitters (shines) more and an evil (sinful, wicked) man is much startled.

ठालो चणो, ने वागे घणो.

हिन्दी अनु. खाली चना, बाजे घना।

Eng. tr. Empty gram makes much noise.

बाङ्ला अल्प जलेर तितो पुँटि, तार एत फट्फटि।

हिन्दी अनु. कम पानी में पूँटी मछली फड़फड़ाती है।
कड़वी मछली फिर भी कितना फडफडाती है।

Eng. tr. The tiny fish, so bitter to eat,
In shallow water shows many a feat.

आकाठा नायेर साज बेशी।

हिन्दी अनु. निकृष्ट काठ से बनी नौका में ऊपरी सजावट ज्यादा होती है।

Eng. tr. A boat made of bad wood is often decorated very good.

आधभरा कलसीर ढकढकानि बेशी।

हिन्दी अनु. अधभरी कलसी छलकाए बहुत।

Eng. tr. A half-filled vessel sounds a lot.

आधसेर चालेर फेनफेनि बेशी; खें कि कुकुरेर घेउ घेउ बेशी।

हिन्दी अनु. आधा सेर चावल का फेन ज्यादा। हल्के जाती का कुत्ता भोंकता है ज्यादा।

Eng. tr. Half a seer of rice gives out much froth (in boiling); a lowly dog barks loudest.

फोंपरा ढेंकिर शब्द बेशी।

हिन्दी अनु. पोले ढेंकी की आवाज ज्यादा।

Eng. tr. A hollow husking pedal makes much noise.

असमीया पुठि माछर फर्फरणिये सार।

हिन्दी अनु. पुठि (छोटी) मछली की उछल कूद अधिक।

Eng. tr. Small fishes make much frisking.

ओड़िआ तुच्छा माठिआर शब्द वेशि।

हिन्दी अनु. खाली मटके की आवाज अधिक।

Eng. tr. An empty vessel sounds much.

तमिऴ् अरै कुडम् तळुंबुम्.

हिन्दी अनु. अधभरा घड़ा छलकता है।

Eng. tr. Half-filled pitcher spills.

कुरै कुडम् तळुंबुम् निरै कुडम् तळंबादु.

हिन्दी अनु. अधजल गगरी छलकत जाय, भरी गगरीया चुप्पो जाय।

Eng. tr. A water-pot not full is agitated, a full pot is not.

(चि)शिट्रुणर्वोर् एनरुम् शिलुशिलुप्पर.

हिन्दी अनु. कच्चे ज्ञानवाले सदैव बड़बड़ायेंगे।

Eng. tr. Persons of little learning are always talkative.

पोर् कलम् ओलिक्कादु वेण् कलम् ओलिक्कुम्.

हिन्दी अनु. सोने का बरतन आवाज नहीं करता; पीतल का करता है।

Eng. tr. A gold vessel does not sound, a brass one does.

तेलुगु अन्नी उन्न विस्तरि अणगिभणगि उण्टुन्दि.

हिन्दी अनु. भरापूरा पत्ता उथलपुथल नहीं होता।

Eng. tr. A leaf full of food is not blown off.

कल्लपसिडिकि कान्ति मेण्डु.

हिन्दी अनु. नकली सोने की चमक ज़ियादा।

Eng. tr. False gold glitters more.

गङ्ग एपुडु पारु गंभीर गतितोड, मुरिकि कालव पारु स्रोत तोड.

हिन्दी अनु. गंगा बहती है गंभीर गतीसे, गंदी नाली बहती है जोर शोर से।

Eng. tr. The flow of the Ganga is always majestic, (but) the gutter water flows with great sound.

गोड्डालि मुंडकु गोंतु पेद्द.

हिन्दी अनु. बाँझ छिनाल की आवाज ऊँची।

Eng. tr. A barren vamp talks aloud.

निण्डुकुण्ड तोणकदु.

हिन्दी अनु. भरी गगरी छलकती नहीं।

Eng. tr. A full pot will not spill.

निण्डुटेरु निलिचि पारुनु.

हिन्दी अनु. भरी नदी धीर बहती है।

Eng. tr. A rising river runs still.

मोरिगे कुक्क करवदु.

हिन्दी अनु. भूँकनेवाला कुत्ता काटता नहीं।

Eng. tr. A barking dog seldom bites.

वट्टि गोड्डुकु अरुपुलेक्कुव, वान लेनि मब्बुकु उरुमुलेक्कुव.

हिन्दी अनु. बाँझ भैंस जोरसे गरजती है; जो बादल गरजता है, बरसता नहीं।

Eng. tr. A barren buffalo cries aloud; a cloud that thunders more does not rain.

कन्नड अरेकासिन पोरिगे आर्भट हेच्चु.

हिन्दी अनु. अधम स्त्री का शोर अधिक।

Eng. tr. A vulgar woman shouts much.

अरेकासिन हेण्णिगे आर्भट बहळ.

हिन्दी अनु. नीच स्त्री बहोत शोर मचाती है।

Eng. tr. A mean woman makes much noise.

तुंबिद कोड तुळकुवुदिल्ल.

हिन्दी अनु. भरी गगरिया छलकती नहीं।

Eng. tr. A full pitcher does not spill.

बोगळुव नाइ कच्चुवुदिल्ल.

हिन्दी अनु. भूँकनेवाला कुत्ता काटता नहीं।

Eng. tr. Barking dog does not bite.

मलयाळम् अरक्कुटं तुळुम्पुं, निर्कुटं तुळुम्पुकयिल्ल.

हिन्दी अनु. अधजल गगरी छलके, लबालब भरी न छलके।

Eng. tr. A pot which is half-full spills; but a pot full to the brim does not.

निरक्कुटम् तुळुम्बुक इल्लया.

हिन्दी अनु. भरा घड़ा छलकता नहीं।

Eng. tr. A full pitcher doesn't spill.

संस्कृत अङ्गुष्ठोदकमात्रेण शफरी फुर्फुरायते।

हिन्दी अनु. शफरी मछली थोड़े से पानी में भी उछलने लगती है।

Eng. tr. The Shaphari fish darts to and fro just in a thumb-deep water.

अल्पोदकश्चलत्कुम्भो ह्यल्पदुग्धाश्च धेनवः।
अल्पविद्यो महागर्वी कुरूपी बहुचेष्टितः ॥

हिन्दी अनु. जलसे आधी भरी हुई गगरी अधिक छलकती है, कम दूध देनेवाली गाय अधिक चपल होती है, अधूरे ज्ञानसेही मनुष्य गर्व करने लगता है, कुरूप मनुष्य अधिक अंगविक्षेप करता है।

Eng. tr. A pitcher that contains a little water moves about freely; a cow yielding a little milk is more smart; one who has learnt a little is much inflated; and an ugly fellow makes many movements.

विषभारसहस्रेण गर्वं नायाति वासुकिः।
वृश्चिको बिन्दुमात्रेण प्रोर्ध्वं वहति कण्टकम् ॥

हिन्दी अनु. सहस्रगुना विषभार वहन करनेपर भी वासुकी नाग (विष का) गर्व नहीं करता। केवल एक बिन्दु धारण करनेपर बिच्छू अपनी दुम उठाकर (अकड़कर) चलता है।

Eng. tr. The king cobra Vasuki has venom a thousand times more than (that of a scorpion) and yet is not proud of it, while the scorpion, only with a drop (of poison), walks with his tail up.

संपूर्णकुम्भो न करोति शब्दमर्धो घटो घोषमुपैति नूनम्।
विद्वान् कुलीनो न करोति गर्वं गुणैर्विहीना बहु जल्पयन्ति ॥

हिन्दी अनु. घड़ा जब पानीसे पूर्ण रूपसे भरा हुआ होता है, तब उससे आवाज नहीं होती, बल्कि आधे भरे हुए घड़ेसे आवाज होती है, वैसेही कुलवान् विद्वान को गर्व नहीं होता, गुणहीन मनुष्य ही अधिक बकवास करता है।

Eng. tr. A pitcher that is filled full never gives a sound, but a half-filled one makes much sound. A scholar of a good stock is never proud, while an empty fellow brags much.

२

अधिक लाड़ प्यार से आदमी बिगड़ता है।

आशय

अधिक प्यार दुलार से व्यक्ति बिगड़ जाता है, उद्दंड बनता है। इस नित्य प्राप्त होनेवाले अनुभव का निचोड़ निम्नलिखित कहावत-गुच्छ से मिलेगा।

Subject

This set of proverbs is used for those who are spoilt by over-fondling.

हिन्दी लाडला लड़का जुआरी, लाड़ली लड़की छिनाल।
Eng. tr. A fondled son becomes a gambler and a fondled girl a harlot.

हिलायांसूँ दाळ जाय, लड़ायांसूँ पूत जाय। (राज.)
(हिलाने से दाल बिगड़ती है, लाड़ करने से पुत्र बिगड़ता है।)
Eng. tr. The pulse doesn't cook well if stirred too often, the child gets spoilt if over-fondled.

English Jest with an ass, and he will flap you in the head with his tail.

उर्दू लाडला पोत कटोर से मौत।
Eng. tr. The over-fondled child dies.

कश्मीरी मारि-माज़् मेठि नुँ खानुँमाजि पठि नुँ।
हिन्दी अनु. सड़ा मांस स्वादिष्ट होगा नहीं, लाड़ली लड़की उन्नति करेगी नहीं।
Eng. tr. The rotten meat sweetens not, a much fondled girl prospers not.

मराठी आईची माया, अन् पोर ज़ाईल वाया.
हिन्दी अनु. माँ का लाड़ (दुलार) और संतान को देगा बिगाड़।
Eng. tr. A mother's love might spoil her child.

लाडका पूत, आणि करव्यात मूत.

हिन्दी अनु. लाड़ला पूत और करोटी में मूत।

Eng. tr. An over-fondled child urinates in a cocoanut shell.

लाडका लेक देवळी हगे, ढुंगण पुसायला महादेव मागे.

हिन्दी अनु. लाड़ला पूत मंदिर में हगे, गांड पोंछने को (शिव की) पिंडी माँगे।

Eng. tr. An over-fondled child leaves his faeces in the temple and asks for the idol of 'Mahadev' to clean his anus. (Mahadev — the great God.)

लाडे खाई हाडे.

हिन्दी अनु. संतान लाड़ली खाए हड्डी।

Eng. tr. A spoilt child troubles his mother.

लाडे लाडे झाले वेडे.

हिन्दी अनु. लाड़-प्यार से पागल होता है।

Eng. tr. An over-fondled child goes wild.

सुण्याक सलगी दिल्यारि सात्यारि चडता. (गो.)

हिन्दी अनु. कुत्ते से मैत्री करने पर वह सिर पर चढ़ता है।

Eng. tr. The dog, when showed affection, sits on one's head.

गुजराती खिचडीने चाख्ये नहीं, ने दीकरीने लाडव्ये नहीं.

हिन्दी अनु. खिचड़ी चखी नहीं जाती, बेटी लाड़ लड़ाई नहीं जाती। (अन्यथा दोनों बिगड़ते हैं।)

Eng. tr. Khichadi should not be tasted, daughter should not be over-fondled.

मानो मेहलो, खावामां पहेलो, काम करवामां छेल्लो. (मेहलो–महालवेलो)

हिन्दी अनु. मा का प्यारा, खाने में पहला और काम करने में अंतिम (आखरी)।

Eng. tr. Mother's favourite — first to eat and last to work.

मोढे चढाव्यां माथे चढे.

हिन्दी अनु. मुँह को लगाओ तो सिर पर चढ़ेगा।

Eng. tr. One who is over–fondled would become insolent.

मोढे चढाव्युं छोकरूं मोंमां मूतरे.

हिन्दी अनु. सिर पे चढ़ाया हुआ बालक मुँह में मूतता है।

Eng. tr. The chiid allowed to climb your face (i.e. one who is over–fondled) will make water in your mouth.

हलावी खिचडी ने महलावी दीकरी.

हिन्दी अनु. हिलाई खिचड़ी और दुलारी पुत्री। (दोनों बिगड़ते हैं।)

Eng. tr. Khichadi, if shaken, and a daughter, if overpraised, (are spoilt).

बाङ्ला अति आदरेर दुलाइ झि, तुरुके निले करबे कि ?

हिन्दी अनु. अधिक लाड़ दुलार से पली बेटी को यदि तुर्क (मुसलमान) भगा ले जाएँ तो क्या होगा ?

Eng. tr. What could be done if the Turks kidnap one's darling daughter fondly brought up ?

एक मायेर एक पूत, बेड़ाय जेन जमेर दूत।

हिन्दी अनु. एक माँ का अकेला पूत, घूमे जैसे यम का दूत।

Eng. tr. A single son of a mother is so much pampered that he moves about like a Yama's (God of death) emissary.

कुकुरके नाइ दिले माथाय ओठे।

हिन्दी अनु. कुत्ता मुँह लगानेसे सिर चढ़े।

Eng. tr. A pampered dog soon sits on your head.

यत करो पुतुपुतु, तत हय छोलार छातु।

हिन्दी अनु. अधिक प्यार दुलार से बच्चा आटे जैसा कमजोर होगा।

Eng. tr. The more a child is pampered, the more it becomes like a lump of flour. (छोलार छातु Means a ' meal of gram flour '— shapeless mass.)

असमीया कुकुरक निदिबा लाइ, चोताल एरि मजियाक जाय।

हिन्दी अनु. कुत्ते को ज्यादा प्यार मत जताओ, आँगन छोड़कर बैठक पहुँचेगा।

Eng. tr. Do not give indulgence to dogs, they will leave the yard and enter the house-floor.

पोहनीया शालिकाइ चकुत खुटियाय।

हिन्दी अनु. दुलारी मैना आँख नोचे।

Eng. tr. A petted ' maina ' pecks at your eyes.

लाइ पोवा कुकुरे, बुकुलै जपियाय।

हिन्दी अनु. कुत्ते से प्यार किया तो वह छातीपर उछलेगा।

Eng. tr. The dog that is fondled will jump at your breast.

ओड़िआ अत्यन्त प्रीति करे लण्डभण्ड; अत्यन्त प्रीति हगे बाबुमुण्ड।

हिन्दी अनु. अति प्रेम करे हैरान, अति प्रेम से पिता के सिरपर हगे।

Eng. tr. One is confused with excess of affection, and shits on his father's head with excess of love.

आउँ कुकुर मुँहरे बोल।

हिन्दी अनु. कुत्ते को सहलाने पर मुँह चाटता है।

Eng. tr. A petted dog kisses the mouth (face).

कुकुरकु मुँह देले उपरकु चढे।

हिन्दी अनु. कुत्ते को मुँह लगाने से वह ऊपर चढ़ता है।

Eng. tr. If you pet a dog, it climbs upto the face.

तमिळ् ओरु पेण् ओन्रु उट्टि वळर्त्ताल्, अट्टु ऊर् मेले पोच्चुदु.
हिन्दी अनु लाड़ली बेटी को लाड़ प्यार से पाला पोसा, वह किसी को लेकर भाग गई।
Eng. tr. The over-fondled girl brought up with care and affection eloped with somebody.

किट्ट वा नाये ओनूराल् मूंझियै नक्कुगिरदु.
हिन्दी अनु. कुत्ते को पास बुलाने पर मुँह चाटता है।
Eng. tr. When called, the dog licks the face.

नायैक् कोंजिनाल् वायै नक्कुम्.
हिन्दी अनु. कुत्ते को लाड़ प्यार करें तो वह मुँह चाटेगा।
Eng. tr. If you caress a dog, it will lick your mouth.

शेल्लप् पिळ्ळै शीलै उडाद्म्म् पिळ्ळै पेरुमट्टुम्.
हिन्दी अनु. बच्चे को जन्म देते तक लाड़ली बेटी साड़ी नहीं पहनेगी।
Eng. tr. A spoiled child will not put on clothes till it becomes a mother.

सेल्लत्तिल् ओरु पेण् पिरन्दु सेट्टित् तेरुवेल्लाम् तिरिन्दु विट्टु वन्ददु.
हिन्दी अनु. लाड़ली बेटी श्रेष्ठियों के यहाँ घूम फिर आई।
Eng. tr. The over-fondled daughter flirted with many a rich man of the town.

तेलुगु मुद्दु चेसिन कुक्क मूति करचिंदि, चनवु चेसिन भार्य चंक केक्किंदि.
हिन्दी अनु. चूमने पर कुत्तेने मुँह काट डाला, मुँह लगाने पर पत्नी गोद में आ बैठी।
Eng. tr. When fondled, the dog bit the mouth; when kissed, the wife came and sat on the lap.

कन्नड सलिगेय नायि तलॆ गेरितु.
हिन्दी अनु. दुलारा कुत्ता सर पे चढ़ा।
Eng. tr. The petted dog jumped on the head.

मलयाळम् अम्म पोट्टिय मकळुं उम्म पोट्टिय कोळियुं.
हिन्दी अनु. माँ की लाड़ली और मोपलन् की मुर्गी।
Eng. tr. Daughter fondled by mother and a fowl nurtured by a muslim woman (go astray).

४

अनधिकार चेष्टा ।

आशय

अच्छों अच्छों से जो काम नहीं बनते वे करने का प्रयास जब साधारण व्यक्ति करने जाता है, तब वह खुद को उपहास का लक्ष्य बनाता है । इन्हीं लोगों की खिल्ली निम्नलिखित कहावतों में उड़ायी गई है ।

Subject

The following proverbs ridicule the efforts of mean persons who attempt what is impossible even for the mighty.

हिन्दी ऊँट, घोडा, भस गपुल, गधा पूछे, " कितना पानी "।

Eng. tr. Camel and horse are drowned, and the ass asks if the water was deep.

ऊँट डूबे, खच्चर था माँगे ।

Eng. tr. The camel is drowned and the mule asks about the depth of water.

ऊँट बहे, गदहा थाह ले ।

Eng. tr. The camel is flown away (in the current) and the donkey wants to know the depth.

नोन के पुतरा चलल समुद्र थाहे । (सुं.)
(नमक का पुतला समुद्र की थाह लेने चला ।)

Eng. tr. An effigy of salt goes to fathom the depth of the sea. [It will dissolve in the sea-water.]

बड़ बड़ ऊँट बहाइल जासु, गदहा कहे कतेक पानी । (शाहा.)

Eng. tr. Big camels have been flown away and the ass inquires, " How much is the water over there ? "

बड़ बड़ घोड़ी टहने लँड़होरी कहे केतना पानी । [चंपा, मुँज, मुज.]
(बड़े बड़े घोड़ों की दाल गलती नहीं, और निकम्मा थाह पूछता है ।)

Eng. tr. Stout steeds cannot ford the river, while the worthless wretch asks, " How much deep is the water ? "

बड़े बड़े नाग पड़े, ढोंड़ माँगे पूजा । (भाग.)
(ढोंढ– छोटा विषहीन सर्प ।)

Eng. tr. Big cobras go unattended and the earthworm wants an offering. [wants to be worshipped.]

भूवा उघाडी फिरै, भतीजैनै खलको–टोपी जोयीजे। [राज.]
(फूफी नंगी फिरती है, भतीजे को कुर्ता–टोपी चाहिए।)

Eng. tr. The aunt roams about naked and the nephew wants a shirt and hat.

हाथी उडै जठे पुण्यांरा लेखा हुवै ? [राज.]
(जहाँ हाथी उड़े, वहां उनकी पूनियों के हिसाब होते हैं ?)

Eng, tr. Can one keep count of skeins of wool when the elephant is being blown away ?

हाथी घोड़ा बहा जाए, गधा कहे ' कितना पानी ' ?

Eng. tr. The elephant and horse are carried away and the ass asks, ' How much is water ? '

ENGLISH 1. He would bend the bow of Ulysses.
2. Fools rush in where angels fear to tread.

उर्दू ऊँट डूबे और भेडे था माँगे ।
The camel is drowning and the sheep wants to know the depth of water.

देवती अपने दिन भरे लोग माँगे परचार ।
(पीर खुद मुसीबत भरे और मरीद मुरादे माँगे ।)

Eng. tr. The God himself is in trouble and the worshippers ask for their wishes to be granted.

हाथी घोडे भाग गये, गधा पूछे पानी ।

Eng. tr. The elephants and horses ran away and the donkey asks about the depth of the water.

कश्मीरी हस्ति ड्रेयि नुँ वावुँ तुँ बुजि निथि कपस् कडिथ् ।
हिन्दी अनु. आँधी में हाथी (तक) नहीं टिके, (परन्तु) बुढ़िया कपास निकालती चली ।
Eng. tr. Even elephants could not stand the stormy winds, but the old woman harvested the cotton.

सिन्धी माड़्यूं महल किरी प्या छनो किर्योंत ला थ्यो ?
हिन्दी अनु. महल-बंगले गिर गए, अब बाकी रही हुई झोंपड़ी गिर गई तो इसका क्या दुख ?
Eng. tr. When palaces and bungalows have broken down what sorrow would a broken down small hut give ?

वाउ जबलु उड़ाए छडे तंहिं अगुया कपह छाहे ?
हिन्दी अनु. तूफान के आगे पहाड़ भी टूट जाए, फिर कपास की क्या बात ?
Eng. tr. Even the mountain gets shattered by the wind, then how can cotton-wool stand ?

मराठी उंट बुडतो आणि शेळी ठाव विचारते.
हिन्दी अनु. ऊँट डूबा, और बकरी पूछती है गहराई कितनी है ।

Eng. tr. The camel is drowned yet the goat asks the depth of the water.

पायलीची सामसूम, चिपट्याची धामधूम.

हिन्दी अनु. पंसेरी जाए चुपचाप, छँटाक मचाए हो-हल्ला।
Eng. tr. When a measure of a ton is empty, the measure of an ounce speaks loud.

भले भले गेले गोते खात, झिंझुरटे (घुंगुरटे) म्हणे माझी काय वाट ?

हिन्दी अनु. बड़े बड़े गए गोते खाते, झींगुर कहे मेरा क्या होगा ?
Eng. tr. When the big ones are being drowned the gnat wants to know its own fate.

सक्ख्या सासूला दिली लाथ, चुलत-सासूचा कापला कान, तिथे मामे-सासू मागते मान.

हिन्दी अनु. सगी सास को लात से मारा, चचेरी सास का कान काटा, और ममेरी सास को मान चाहिए।
Eng. tr. When the real mother-in-law is kicked and the cousin mother-in-law's ear is clipped, the indirect mother-in-law wants respect.

हज़ाराचा बसे घरी, दमडीचा येरझारा घाली.

हिन्दी. अनु. (अ) हज़ार का बैठे घर में, धेलो का उलझा चक्कर में।
(आ) हज़ार का बैठे चुप, धेले का करे दौड़धूप।
Eng. tr. Even when a man worth a thousand sits at home, the one worth a farthing goes up and down.

हत्ती बुडतो, अन् शेळी ठाव मागते.

हिन्दी अनु. हाथी डूबता है, और बकरी थाह लेना चाहती है।
Eng. tr. The elephant is drowned and the goat queries the depth of water.

गुजराती **उंट ना उंट घसडाई जाय, ने गधेडुं पार पूछे.**

हिन्दी अनु. ऊँट के ऊँट चले जावे, और गधा पार पूछे।
Eng. tr. When camels are carried away [by big flood] the donkey asks, " How much is the water ? "

ज्यां हाथी तणाई जाय, त्यां बकरी पार पूछे.

हिन्दी अनु. जहाँ हाथी बह जाए (खींच जाय), वहाँ बकरी पार पूछे [इजाजत माँगे]।
Eng. tr. The goat would seek permission where (even) an elephant is carried away.

भला भला खेंचाई जाय, ने नगारची के मारो डांडियो क्यां ?

हिन्दी अनु. अच्छे अच्छे खींच गये और नगारे बजानेवाला कहे मेरे डंडे [नगारा पीटने की लकड़ी] कहाँ ?

Eng. tr. The best among men are dragged away and the drummer says, "Where is my stick ?"

हाथी तणाई जाय, त्यां गाडरानुं कोण गजुं ?

हिन्दी अनु. हाथी डूब जाय (बह जाय) वहाँ भेड़ की क्या बिसात ?

Eng. tr. Of what account are sheep when even an elephant is carried away (in floods) ?

बाङ्ला एतो एतो महारथी; तारा पाया ना एक रति,
तुमी एमन भुँइया एके गामला लइया।

हिन्दी अनु. ऐसे ऐसे महारथी, जिन को न मिली एक रती,
तुम ही ऐसे ज़मींदार, जो ले आये हो बालटी।

Eng. tr. Such stalwarts and veterans could not obtain a drop, and you poor landlord come with a pail [hoping to fill it up].

कत शत गेल रथी, एखन शेओडातलार चक्रवर्ती।

हिन्दी अनु. सैंकडो बहादुर थक गए, अब आये है शेवड़ातला गाँव के चक्रवर्ती [ब्राह्मण]।

Eng. tr. Many a valient men have been already exhausted [in attempting this tough task], and now comes forth a mere Brahmin of a jungle-village !

बडो बडो हाती गेल तल, मशा बले कत जल ?

हिन्दी अनु. बड़े बड़े हाथी बह गये, मच्छर पूछे कितना जल।

Eng. tr. Mammoth elephants have been drowned deep, and yet a mere mosquito enquires about the depth of water.

असमीया बर बर घोराइ नापाय घाँह, टाटु घोंराइ बिचारे माह।

हिन्दी अनु. बड़े बड़े घोड़ों को घास भी नहीं मिलती, छोटे घोड़ों को चाहिए चने चबीने।

Eng, tr. The big horses cannot get grass, while the smaller ones desire ' Mah ' [horse grams].

भाल भाल घोंराइ नापाय घाँह, बटुआ घोंराइ बिचारे माह।

हिन्दी अनु. अच्छे अच्छे घोडों को मिलता नहीं घास, और टट्टू को चाह चने की।

Eng. tr. A good breed of horses doesn't get hay to eat and the pony desires gram.

हाती घोरा गल तल, छागे पुछे किमान हल।

हिन्दी अनु. हाथी घोड़े डूब गये, भेड़ा पूछे कितना पानी।

Eng. tr. Elephants and horses have gone under water, when the goat enquires, "How deep is it ?"

हाती-घोराइ नापाय ठाउनि, भेराई बोले किमान पानी।

हिन्दी अनु. हाथी घोड़ा न पावे थाह, भेड़ा पूछे कितना पानी।

Eng. tr. The elephant and the horse cannot reach the bottom of the water (course), and the sheep wants to know its depth.

ओड़िआ बड बड गले फसरफाटि, सान अइले बेसर बाटि।

हिन्दी अनु. बड़े बड़े गये फुस-फास, अब छोटे आये मसाले बाँटने।

Eng. tr. The big ones (more powerful ones) have failed, now the small come to prepare the spice.

शिळ शिळपुआ गगने उडुछन्ति, शिमिळि तुळा कहुछि मते रख।

हिन्दी अनु. शिला और सिलबटे आकाश में उड़ रहे हैं, सेमल रुई कहे मुझे बचाओ।

Eng. tr. The grinding stones are being carried into the sky (by storm) and the little cotton ball says ' Hold me '.

तमिळ आम्मियुम् कुळवियुम् आगायत्तिल परक्कच्चे, ऍच्चिट्ट कलै ऍनक्कु ऍन्न बुद्दी एन्राट्रपोलं.

हिन्दी अनु. सिल और पत्थर (बट्टा) आषाढ की हवा में उड रहे हैं, और केले का पन्ना पूछता है, ' मेरा क्या हाल होगा ? '

Eng. tr. A leaf-plate sought advice when the grindstone and its roller were flying in the air.

आळान् आट्कळुक्कु अविळ् अगप्पडाक् कालत्तिले काका पिशाशु कंझिक्कु अळुगिरदु.

हिन्दी अनु. समृद्ध लोगों को अनाज के लाले पड़े हैं तो काला पिशाच कंजि के लिये रो रहा है।

Eng. tr. The raven demon crying for kanji, when the well-to-do cannot obtain a grain of rice.

इरंबुक्कट्टियैक काट्रडिक्किर् पोदु भिलवंपंजु ऍनक्कु ऍन्न बुद्दि ऍन्किरदान्.

हिन्दी अनु. लोहा हवा में उड़ते समय कपास पूछता है कि अब मुझे क्या करना चाहिए ?

Eng. tr. It is said that when the wind was driving along a piece of iron, the silk-cotton asked what was best for him to do ?

ऍण्णप्पट्ट कुदिरै ऍल्लाम् मण्णैप् पोट्टुक् कोळ्ळ, तट्टुवाणिक् कुदिरै वंदु कोळ्ळुक्कु अळुगिरदाम्.

हिन्दी अनु. अच्छे नस्ल के घोड़े मिट्टी चाट रहे हैं, तब बदजात घोड़ा कुलुत्थ के लिये रो रहा है।

Eng. tr. Whilst horse of the first blood licks the ground, the miserable mule is neighing for gram.

ओन्रान पिरबु उरंगि किडैक्कैयिल् पिच्चैक्कु वंदवन् तत्तियोतनतिरकु अळुगिरानाम्.

हिन्दी अनु. धनपति भूखा, थका हुआ पड़ा है, और भिखारी चाहे चावल और दहीं।

Eng. tr. Whilst a peerless nobleman was lying hungry and exhausted, a beggar cries for rice and curds.

शडैत् तंबिरान् शाद्रुक्कु अळुगिरानाम्, लिंगम् पंज अमिर्ततिर्कु अळुगिरदाम्.

हिन्दी अनु. जटाधारी साधु कंजी के लिये रो रहा है, (उसका आराध्य) शिवलिंग पंचामृत के लिये रो रहा है।

Eng. tr. The religious mendicant with matted hair cries for pepper-water and the linga he worships cries for the five delicacies, viz. milk, curds, ghee, sugar, and honey.

पण्डारम् पिण्डत्तुक्कु अळुगिरान्, लिंगम् पाल् शोट्रूक्कु अळुगिरुदु.

हिन्दी. अनु. साधु भिक्षा के लिए रो रहा है, यहाँ लिंग क्षीरान्न के लिये ।

Eng. tr. The religious mendicant is crying for a mouthful of food, the linga he worships for rice and milk.

आडि कट्रिले अम्मि परक्कच्चे इलवम् पंजुक्कु एंगे गदि ?

हिन्दी अनु. आषाढ की हवा में सिल उड़ते समय कपास किस बात की ?

Eng. tr. How can the cotton stand the gale in rains, which carries away big rocks.

तेलुगु एनुगुलु एगिरी पोतूंटे दोमलो लेक्का ?

हिन्दी अनु. हाथी ही उड़ जा रहे हैं, तो मच्छरों की क्या गिनती ?

Eng. tr. Who cares for the mosquitoes, when elephants are carried away.

गड्डपलुगुलु गालिकि कोट्टुकोनि पोतु उण्टे, पुल्लाकु नागति एमि अन्नदट ?

हिन्दी अनु. रम्मे हवा में उड़े जा रहे हैं और जूठा पत्ता कहता है कि 'मेरा क्या हाल ?'

Eng. tr. When the crowbars are blown about by the winds, the leaf-platter says "what is to become of me ?"

गाडुपुकु गड्डपार कोट्टुकपोगा, उल्लिपोट्टु ना गति एमि अन्नाडट ?

हिन्दी अनु. तूफान में रंमा उड़ गयी तो प्याज की कराई ने कहा, 'मेरी क्या गति होगी ?'

Eng. tr. While the crowbar is blown off in the storm, the onion peel said, "What should become of me ?"

पीर्लु बिच्चानि केडिस्ते मुल्ला पंचदार केड्चिनाडट.

हिन्दी अनु. पीर भीख के लिए रोने लगा, तो मौला चीनी के लिए रोने लगा ।

Eng. tr. Her name is Food-Provider, but there is never any bread left in her basket.

नाव गंगाबाई, रांज़णात पाणी नाही.
हिन्दी अनु. नाम गंगामाई, मटके में पानी नहीं।
Eng. tr. Not a drop of water in her vessel, and she is called Mrs. Mother Ganga.

नाव महीपती, तिळभर ज़ागा नाही हाती.
हिन्दी अनु. नाम है जगत्पती, हाथ में भूमि नहीं एक भी रत्ती।
Eng. tr. His name is Lord of the World, but has not an inch of land with him.

नाव सोनुबाई हाती कथलाचा वाळा.
हिन्दी अनु. नाम स्वर्णलता हात मे पीतल के कंगन।
Eng. tr. Her name is Lady Gold, but she has a bracelet of brass on her wrist.

नाकाला नाही जागा, आणि नाव चंद्रभागा.
हिन्दी अनु. नाक का नहीं पता, और नाम है चन्द्रकान्ता।
Eng. tr. Has no nose to show on her face, and she is called Mrs. Moon.

नाम असे उदार कर्ण, कवडी देता जाई प्राण.
हिन्दी अनु. (अ) नाम तो उदार कर्ण, लेकिन कौड़ी देते हुए भी सूखे प्राण।
(आ) उदार कर्ण है नाम, प्राण सूखे देते दाम।
Eng. tr. His name is generous Karna, but he loses his life while giving away a single cowri (Referred to a person who is very stingy but has the name of the famous Karna who was known for his generosity in the Mahabharat.)

गुजराती आंखे अंधो, ने नाम नयनसुख.
हिन्दी अनु. आँख से अंधा, पर नाम नयनसुख।
Eng. tr. Blind of eyes, but named Nayansukh (Delight of the eyes).

अटक पारेखनी, जात हजामनी.
हिन्दी अनु. नाम पारेख, जात हजाम।

Eng. tr. Parekh by surname and barber by caste. (पारेख – Jeweller who tests jewels, dimonds etc.)

गांडने नहिं लंगोटी, ने नाम फत्तेखान.

हिन्दी अनु. गांड पर नहीं लंगोटी, पर नाम फत्तेहखाँ ।

Eng. tr. No loin cloth enough to cover the anus and yet his name is Mr. Victorious.

गांडमां छाण नहीं, ने मेरा नाम मीर.

हिन्दी अनु. गांड में नहीं गू, और मेरा नाम सरदार ।

Eng. tr. No dung in the anus, and ' My name is Mir. '

दळनारीनां दीकरा, ने नाम गुलाबराय.

हिन्दी अनु. पीसनेवाली का बेटा, और नाम गुलाबराय ।

Eng. tr. Son of a grinder-woman, and his name is Gulabrai (Rose).

नाम तेनो दाताराम, ने कोडी देता जाय प्राण.

हिन्दी अनु. नाम उस का दाताराम, और कौड़ी देने में जाय प्राण ।

Eng. tr. His name is Mr. Donor, but he would rather die than part with a cowrie (donate a cowrie).

नाम सुनाबाई, ने हाथे कथीरनां वाळा.

हिन्दी अनु. नाम सोनबाई (सुन्नाबाई), और हाथ में कथील की चूड़ी ।

Eng. tr. Sonabai (Madam Gold) by name, bangles of pewter (tin) on her wrist.

पीवा पूसडुं पाणी मळे नहीं, ने मारुं नाम दरियाखां.

हिन्दी अनु. एक पानी का कतरा भी पीने को नहीं मिले, और नाम दरियाखाँ ।

Eng. tr. Not a drop of water to drink and his name is Mr. Ocean .

पेट मां पूसडुं पाणी नहीं, अने नाम मारुं दरियावरखां.

हिन्दी अनु. पेटमें चुल्लूभर पानी नहीं, और नाम मेरा दरियावरखाँ ।

Eng. tr. The sromach has not a drop of water and yet my name is Mr. Ocean (Dariyawarkhan).

बाङ्ला काना छेलेर नाम पद्मलोचन ।

हिन्दी अनु. अंधा लड़का, नाम कमलनयन ।

Eng. tr. A blind boy and his name is Lotus-eyed.

गाये नेइ चाम, रामकृष्ण नाम ।

हिन्दी अनु. बदनपर नहीं चमडी, रामकृष्ण नाम ।

Eng. tr. There is not enough skin to the body and his name Ramkrishna.

गोंगा छेलेर नाम तर्कवागीश ।

हिन्दी अनु. 'गूँगा लडका, नाम वाक्पटु ।

Eng. tr. A dumb boy named Master-Debator.

ढाल नेइ, तलोयार नेइ, निधिराम सर्दार।

हिन्दी अनु. ढाल नहीं, नहीं तलवार, निधिराम कहलाए खुद को सरदार।

Eng. tr. With neither a sword nor a shield in his possession, Nidhiram calls himself a Gerneral.

तालपुकूर नाम, किन्तु घटि डेबे ना।

हिन्दी अनु. ताल–झील नाम, पर लुटिया भी न डूबे।

Eng. tr. Palm-lake is the name of the pond, but actually even a pot would not fully sink.

असमीया कणा पोर, नाम पद्मलोचन।

हिन्दी अनु. अंधा बेटा, नाम पद्मलोचन।

Eng. tr. The blind son's name is Lotus-eyed.

छालं छिगा ढेकुरार, बाघराय नाम।

हिन्दी अनु. रास्ते का कुत्ता, और नाम बाघराज।

Eng. tr. (1) A dog in the manger, and its name is Royal Tiger.
(2) A street dog named King of tigers.

दार नाम पखीराज, किछु काटे बाँह-गाँज।

हिन्दी अनु. दाव का नाम पखीराज, काटता कुछ बाँस के अंकुर।

Eng. tr. The name of the bird is Bird Royal, but plucks only the off-shoots of the bamboo.

लेखा पढ़ा बर्जित, हरमोहन पंडित।

हिन्दी अनु. लिखना पढ़ना नहीं जानता, और हरमोहन पण्डित कहलाता है।

Eng. tr. He does not know reading and writing and still Haramohan is a pundit.

हाल नाइ हलधर, लरु नाई गदाधर।

हिन्दी अनु. हल नहीं है, और नाम हलधर, छड़ी भी हाथ में नहीं, और नाम गदाधर।

Eng. tr. He has no plough, but his name is ' Haldhar ' (Wielder of the plough). He has no goading stick and his name is Gadadhar (Wielder of a cudgel).

ओड़िआ नाँ कटकिआणि, मुंड रे बाळ गोटिए नाहीं।

हिन्दी अनु. नाम कटकिआणि, (कटक की लड़की, जो बहुत सुंदर समझी जाती है।) सिर में एक भी बाल नहीं।

Eng. tr. In name she is a a Cuttock-lass (girls from Cuttock are supposed to be pretty), but has no hair on her head.

तमिऴ अण्ड निऴलिल्लामर् पोनालुम् पेर् आलमरम्.

हिन्दी अनु. आश्रय में आये व्यक्तियों के लिये छाया प्रदान करने में असमर्थ होने पर भी बरगद का पेड़ कहलाता है।

Eng. tr. He can't offer shelter to anybody, yet his name is Banyan Tree.

कळुत्तिले करिमणि इल्लै, पेयर् मुत्तुमालै.

हिन्दी अनु. गले में काला मणि तक नहीं, नाम उस का मोतीमाला।

Eng. tr. Her name is Pearl-necklace, yet on her neck she has not even a black bead.

तडविप् पिडिक्क मयिर् इल्लै अवळ् पेयर् कूंदलळगि.

हिन्दी अनु. हाथ फेरने के लिये भी केश नहीं, उसका नाम केशसुन्दरी।

Eng. tr. Not a hair to be felt, yet her name is Tressed Beauty.

तडविप् पिडिक्क कै इल्लै, अवन् पेयर् शौगारियम् पेरुमाळ्.

हिन्दी अनु. हाथ फेरने के लिये भी हाथ नहीं, नाम उसका शौर्यदेव।

Eng. tr. He has no hand to feel and seize (anything), his name is Lord Valiant.

तलैमुरै तलैमुरैयाय् मोट्टै अवळ् पेयर् कूंदलळगि.

हिन्दी अनु. पीढ़ी दर पीढ़ी गंजा सिर, नाम उसका केशसुन्दरी।

Eng. tr. Bald from generation to generation, and yet called matron of beautiful tresses.

पूकळ् मंगैयाम् पोरकोडियाम् पोन इडम् अेल्लाम शेरुप्पडियाम्.

हिन्दी अनु. कहा जाता है फूलों में लक्ष्मी, पर उसको जहाँ भी जावे तो जूते की मार मिलती है।

Eng. tr. It is said that she is Lakshmi residing in flowers, and she is a golden creeper, yet wherever she goes, she is slippered.

पेर गङ्गाभवानि, दाघ(ह) त्तिक्कुं तण्णीर् किडैयादु.

हिन्दी अनु. नाम गङ्गाभवानी, और प्यास बुझाने के लिए पानी भी नहीं।

Eng. tr. Her name is Gangabhavani (Goddess Ganga), but has no water to quench her thirst.

भूलोवुमुदलियार् पट्टम्, पुरुंदु पारत्ताल् पोट्टल्.

हिन्दी अनु. उस को पद है भूलोक मुदलियार, पर परीक्षा करने पर आदमी खोखला निकला।

Eng. tr. His title is Lord of the World, but when examined he is found empty (worthless).

तेलुगु आमे पेरु कुन्तनम्म, चूडबोते बट्टतल.

हिन्दी अनु. उस का नाम कुन्तलवती, पर सर गंजा।

Eng. tr. Her name is Kuntalamma (Lady of the hair), but her head is bald.

इंटिपेरु कस्तूरिवारु इल्लु गब्बिलाल गब्बु.

हिन्दी अनु. घराने का नाम कस्तूरी, घर में चमगादड़ की बू!

Eng tr. His house name is Kasturi (musk), but his house emits a bad smell of bats.

इंटिपेरु क्षीरसागरमूवारु ग्रोद्दुनलेस्ते मज्जिगकु सुष्टि.

हिन्दी अनु. घराने का नाम क्षीरसागर, हर सबेरे छाछ की भीख।

Eng. tr. His family name is 'Kshirasagar' (Ocean of milk), but every morning he begs for butter-milk.

जग विरुदु, मुंड मोर्.

हिन्दी अनु. नाम जगदेक-वीर, पर विधवा की तरह विलाप करता है।

Eng. tr. His name is Brave Jagadek, but weeps like a widow.

पेरु कमलाक्षि, कंडलेमु चीपिरिवि.

हिन्दी अनु. नाम कमलाक्षी, पर आँखें ऐंची।

Eng. tr. Her name is Lotus-eyed, but there is a squint in her eye.

पेरु गंगानम्म, तागबोते नीळ्ळु लेवु.

हिन्दी अनु. नाम गंगामाई, पीने के लिए पानी भी नहीं।

Eng. tr. Her name is Mother Ganga, but hasn't a drop of water to drink.

कन्नड ओप्पत्तिगे गतियिल्ल, अन्नदान सेट्टि.

हिन्दी अनु. एक जून का भोजन नहीं, नाम देखो तो अन्नदानी शेठ।

Eng. tr. (1) No food for even a season and his name is Lord Charitable. (2) Doesn't have enough for a single meal, but his name is Giver of food.

ओदलिल्ल, बरेयलिल्ल, मगन हेसरु माधव भट्ट.

हिन्दी अनु. पढ़ना-लिखना कुछ न जाने, बेटे का नाम पंडित माधवाचार्य।

Eng. tr. No reading and no writing, but the son's name is Pundit Madhav Bhatt.

दुड्डिल्ल कासिल्ल संपतयङ्गारि.

हिन्दी अनु. न दाम न दमड़ी, नाम संपतराय।

Eng. tr. No rupee, no copper, yet his name is Mr. Millionaire.

रेक्के इल्ल पुक्क इल्ल गरुडैयङ्गारि.

हिन्दी अनु. न पर न पंख, नाम है गरुड।

Eng. tr. Neither feathers nor wings, but his name is Mr. Eagle.

विद्यविल्ल, बुद्धियिल्ल, वर बुद्धिवंत.

हिन्दी अनु. विद्या नहीं, बुद्धि नहीं, दूल्हा बुद्धिवान् है।

Eng. tr. No learning, no brains, but the bride-groom is intelligent.

हेसरु पोन्न हेग्गडे, हेसरिगे बेळे इल्ल.

हिन्दी अनु. नाम दाल सेठ, पर उबालने के लिये दाल का दाना नहीं।

Eng. tr. His name is Mr. Cereal, but hasn't a grain to boil.

हेसरु मात्र गंगाभवानि, कुडियलु मात्र नीरिल्ल.

हिन्दी अनु. नाम गंगाभवानी, पीने को न है पानी।

Eng. tr. Her name is Ganga-Bhavani, but has no water to drink.

हेसरु क्षीरसागर भट्ट, मज्जिगे नीरिगे तत्वार.
हिन्दी अनु. नाम दूध-का-सागर, पर घर में छाछ भी नहीं।
Eng. tr. His name is Milk-Ocean-Bhatta, but short of even butter-milk.

मलयाळम् पेरुँ पोन्नसा कळुत्तिल् वाळनारुँ.
हिन्दी अनु. नाम तो सोनादेवी, मगर गले में केले का तन्तु।
Eng. tr. Though her name is Madam Gold, she is only wearing a plantain fibre as necklace.

१४

आँखों पे पलकों का बोज नहीं होता।

आशय

अपने निजी लोग, आप्तजन, मित्र आदि लोगों के लिये हम जो कुछ करते हैं, उस से हमें कोई तकलीफ़ नहीं होती। अपनेवालों के लिये जो कष्ट उठाये जाते हैं, उन का कोई बोझ महसूस नहीं होता। इस अपनत्व भावना को सुंदर सुंदर दृष्टान्तों द्वारा प्रदर्शित करने में निम्नलिखित कहावतें सफल निकली हैं। हिन्दी की यह कहावत देखिये — 'गाय को अपने सींग भारी नहीं होते।'

Subject

The following proverbs tell us how one's own things and relatives are not a burden to one. For instance, the Hindi proverb — 'The cow does not feel the burden of her horns.'

हिन्दी आँखों पे पलकों का बोज नहीं होता।
Eng. tr. The eyes do not feel the burden of eyelids.

गाय को अपने सींग भारी नहीं।
Eng. tr. The cow does not feel the burden of its horns.

ENGLISH The kick of the dam hurts not the colt.

उर्दू गाय को अपने सींग भारी नही होते।
Eng. tr. The cow doesn't consider its own horns heavy.

कश्मीरी क्कुरि हुॅन्ज़ि लति छिनुॅ पूति मरान्।
हिन्दी अनु. मुर्गी की लात से चूजे नहीं मरते।
Eng. tr. The chickens do not die of a hen's kick.

दांदस् छाह् ह्यंग् ग्वबान्?
हिन्दी अनु. बैल को सींगों का बोझ? (नहीं।)

Eng. tr. Are the horns too heavy for the bullock ? — (No.)

मराठी म्हशीची शिंगे म्हशीला ज़ड नाहीत.
हिन्दी अनु. भैंस के लिए अपने ही सींग बोझ नहीं बनते ।
Eng. tr. The horns of a buffalo are not a burden to her.

मांज़रीचे दात पिलांना लागत नाहीत.
हिन्दी अनु. बिल्ली के दाँत बच्चों को लगते नहीं ।
Eng. tr. Cat's teeth do not hurt her young ones.

गुजराती बिलाडीनां दांत कांई बिलाडीने वागे नहि.
हिन्दी अनु. बिल्ली के दाँत बिल्ली को लगते नहीं ।
Eng. tr. Cat's teeth do not hurt the cat itself.

भेंसना सींगडां भेंस ने भारी नहिं पडे.
हिन्दी अनु. भैंस के सींग भैंस को भारी नहीं होते ।
Eng. tr. Buffalo's own horns are never a burden to a buffalo.

बाङ्ला मायेर चापड़े हाड भांगे ना।
हिन्दी अनु. मां के चप्पत से हाड़ नहीं टूटता ।
Eng .tr. A slap by the mother does not break bones.

ओड़िआ फळ गछकु बोझ नुहें।
हिन्दी अनु. पेड़ के लिए फल का कोई बोझ नहीं ।
Eng. tr. Fruits are no burden to the tree.

तमिऴ कोडिक्कु काय्(ग) कनत्तिरुक्कुमा ?
हिन्दी अनु. लता के लिये फल भार है क्या ?
Eng. tr. Is its fruit burdensome to the creeper ?

कोऴि मिदित्तुक् कुंजु मुडम् आगुमा ?
हिन्दी अनु. मुर्गी के दबाने से बच्चा थोड़े ही पंगु होगा ?
Eng. tr. Will a chicken become lame if the mother hen treads on it ?

तेलुगु तीगकु काय बरुवा ?
हिन्दी अनु. लता को फल का बोझ होता है क्या ?
Eng. tr. Is the gourd too heavy for the creeper ?

कन्नड ईजाडुववनिगे मीसे भारवे ?
हिन्दी अनु. तैराक को मूछों का बोझ थोड़े ही होता है ?
Eng. tr. Is the moustach heavy for the swimmer ?

बळ्ळिगे कायि होरेये/भारवो ?
हिन्दी अनु. लता को क्या फल का बोझ होता है ?
Eng. tr. Is the fruit a burden to the creeper ?

मलयाळम् कोट्टिक्कु काय कनमो ?
हिन्दी अनु. लता को अपना फल बोझ है क्या ?
Eng. tr. Does the creeper feel the burden of the fruit ?
तळ्ळ चाविट्टियाल् पिळ्ळय्कुँ केटिल्ल.
हिन्दी अनु. माँ पाँव रक्खे तो भी बच्चे की कोई हानी न होगी।
Eng. tr. Even if the mother treads on it, the child will not be hurt.

१५

आप मरे, जग परलो।

आशय

जबतक जिये तबतक मौजमज़ाह लुटते रहो। मृत्यु के पश्चात् आनेवाले जीवन की क्यों चिन्ता करें। जबतक हम जीवित है, दुनिया में आनंद ही आनंद रहे, तत्पश्चात् चाहे दुनिया में प्रलय हो और सर्वनाश हो जाय, हमें उस से क्या लेना-देना ? इस प्रकार के फक्कड़ विचारों के व्यक्तियों के लिये ये कहावतें प्रयुक्त होती हैं।

Subject

There are some selfish souls who want the world wholesome and intact as long as they live. To them it doesn't matter what happens to the world after they are dead. These proverbs are used for such people.

हिन्दी आप मर्‍यां जग परलै। (राज.)
पाठभेद आप मरे जग परलो। आप मरे संसार नास।
Eng. tr. When one dies, the world suffers deluge.
मरला आगू डोम राजा। (मुज.)
पाठभेद मरला का पाछे डोम राजा। (चंपा. शाहा.)
(मरने के बाद चाहे डोम भी राजा हो, तो हमें क्या ?)
Eng. tr. Even if a scavenger becomes a king after our death (what's that to us ?)

ENGLISH 1. Death's day is doomsday.
2. When I die, the world dies with me.
3. Apres moi lə deluge.

उर्दू आप ज़िन्दा जहाँ ज़िन्दा, आप मुरदा जहाँ मुरदा।
Eng. tr. If I live, the world lives; if I die, the world is dead.

	आप डूबे, तो जग डूबा ।
Eng. tr.	If I sink, the whole world sinks.
पंजाबी	आई जो कबर विच जाल, की सोडी ते की मोकली ?
हिन्दी अनु.	आई जो कब्र में, क्या लम्बी क्या खुली ?
Eng. tr.	When you have come to lie in the tomb, what matters whether it be narrow or wide ?
	आप मोए, जग परलो ।
हिन्दी अनु.	आप मरे, जग परलो ।
Eng. tr.	For one who dies, it is a doomsday. (If one himself dies, there is deluge in the world.)
कश्मीरी	शाल् गव् क्वलि ज़ि आलम् गव् क्वलि ।
हिन्दी अनु.	गीदड़ नदी में डूबा, मानों जगत् ही डूबा ।
Eng. tr.	The jackal was drowned, as though the world was drowned.
सिंधी	पाण मुए खां पोइ सिजु उभिरे न उभिरे ।
हिन्दी अनु.	मर जाने के बाद सूर्योदय हो या न हो, उससे क्या मतलब ?
Eng. tr.	It matters not whether the Sun rises or not after one's death.
	मुए खां पोइ सिजु उभिरे न उभिरे ।
हिन्दी अनु.	खुद मर जाने के बाद सूर्योदय हो या न हो, इससे मृतक का क्या सारोकार ?
Eng. tr.	After death let the Sun rise if it likes, or never rise for both the worlds.
मराठी	आपण मेले आणि (नी) जग बुडाले.
हिन्दी अनु.	(अ) आप मुआ और संसार डूबा । (आ) आप मुआ और दुनिया डूबी ।
Eng. tr.	After my death, the world is drowned. (How does it affect me ?)
गुजराती	आप मुवे पछी डुबी जाय दुनिया ।
हिन्दी अनु.	आप मरे, जग डूबे ।
Eng. tr.	When I am dead, the world is drowned.
बाङ्ला	आमि म'ले रसातल ।
हिन्दी अनु.	आप मरे, जग डूबे ।
Eng. tr.	After my death, the world is drowned. (After me, the deluge.)
ओड़िआ	आखि बुजिले दुनिया अंधार ।
हिन्दी अनु.	आँख मिची और दुनिया में अंधेरा ही अंधेरा ।
Eng. tr.	When your eyes are closed, the world is dark.
	आपे मले जुगबुड, पर मले पाणि बुड ।
हिन्दी अनु.	खुद मरे तो संसार जाए, दूसरा मरे तो पानी में डुबकी ।
Eng. tr.	If one dies the era closes, if another dies one takes a dip.

आपे मले जुग जाए, पर मले कान्दुथाए।

हिन्दी अनु. खुद मरे तो संसार जाए, दूसरा मरे तो रोता रहे।

Eng. tr. When one dies, the era closes, when another dies, one mourns for ever after.

तमिळ् तान् शेत्तपिन् उलगम् कविळ्ंदु ॲन्न निमिरंदु ॲन्न ?

हिन्दी अनु. अपनी मृत्यू के बाद दुनिया उल्टी हो या सीधी हो इससे क्या ?

Eng. tr. When one is dead, what matters whether the world be overturned or not ?

तेलुगु चच्चिन वानि तल तूर्पुन नुंटेनेमि, पटमट नुंटेनेमि ?

हिन्दी अनु. मरे हुए आदमी का सिर चाहे पूरब में रहे, चाहे पश्चिम में।

Eng. tr. What matters if the dead man's head is to the east or to the west ?

कन्नड नरि मुळुगुवाग लोकवे मुळुगितु.

हिन्दी अनु. सियार डूबने लगा तो सोचने लगा कि सारी दुनिया ही गई।

Eng. tr. When the jackal was drowned, the whole world was drowned (for him).

मलयाळम् चत्ताल् तल तेक्कु पोलुं मटक्कु पोलुं.

हिन्दी अनु. मरने के बाद सिर दक्षिण में हो या उत्तर में।

Eng. tr. It is immaterial whether the head is to the south or north after the death.

१६

आप हारे, बहू को मारे।

आशय

जब कोई समर्थों के द्वारा खिजाया जाता है, अपमानित होता है, पीटा जाता है, और वह उस अत्याचारी का बाल तक बाँका नहीं कर सकता, तब वह अपना गुस्सा किसी असमर्थ व्यक्ति पर निकालता है। किसी निर्दोष व्यक्ति को अपने क्रोध का लक्ष्य बनाकर संतोष पाता है। निम्नलिखित विभिन्न भाषाओं की कहावतें इसी भाव को प्रदर्शित करती हैं। देखिये — " चोट लगी पहाड़ की, तोड़े घर की सील "।

Subject

Sometimes one is made angry by something and inflicts one's anger on helpless people around. The following proverbs imply this idea. A Hindi proverb expresses this very well — ' Hurt by the mountain, he breaks the grindstone at home. '

हिन्दी आप हारे, बहू को मारे।
पाठभेद अपने हरलन बहू के मरलन। (चंपा.)
Eng. tr. He loses and beats his wife.

इराक़ी पर ज़ोर न चला, गधे के कान उमेटे।
Eng. tr. When force did a little with the Arab steed, he pulled the ass's ears.

खसली पहाड़ सँ रुसली भतार सँ। (मुज.)
(पहाड़ से गिरी, और पति पर गुस्सा किया।)
Eng. tr. She fell down from the hill and got angry with her husband.

खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे।
Eng. tr. An angry cat scratches the pillar.
(Applied to one who shows impotent rage.)

चोट लगी पहाड़ की, और तोड़े घर की सील। (स्त्री.)
पाठभेद ठोकर लगी पहाड़ की, तोड़े घर की सील।
Eng. tr. Hurt by the hill, he goes home to break the grind-stone.

जाट जाटणीने बारी कोनी आवै जगाँ गधेड़ीरा कान मरोड़ै। (राज.)
(जाट जाटनी को नहीं पहुँच पाता, तब गधी के कान मरोड़ता है।)
Eng. tr. The Jat cannot overpower his wife, so he twists the donkey's ears.

झगरा भतार से, रुसली संसार से। (चंपा.)
(पति से झगड़ा हुआ, पर रूठ गई संसार के लोगों से।)
Eng. tr. She quarreled with her husband and got angry with the world. (People of the world.)

धोबी पर बस न चला, गधिया के कान मरोड़े।
Eng. tr. He could do nothing to the washerman, so he twisted his ass's ears.

बानर के खीस तबला के ऊपर।
(क्रुद्ध बन्दर का गुस्सा तबले पर।)
Eng. tr. The rage of a monkey is released on a drum.

यार का गुस्सा भतार के ऊपर।
Eng. tr. Angry with her lover, she shows it against her husband.

ENGLISH They whip the cat if the mistress does not spin.

उर्दू धोबी पर बस न चले गधीया के कान काटे।
Eng. tr. When no influence can be made on the washerman, he cuts off the donkey's ears.

पंजाबी डिग्गां खोते तो गुस्सा कुमिआर।
हिन्दी अनु. गिरा गधेसे, गुस्सा कुम्हार पर।

Eng. tr. He fell from the donkey and is angry with the potter.

कश्मीरी गुर्यन् नुॅ पोशान्, ल्यज़् फल्यन चोब्।
हिन्दी अनु. घोड़ों को कुछ नहीं कर सकता, तो मारता है उन की टट्टी को।
Eng. tr. He is not able to manage the horses, so beats the horse's excretion.

सिंधी उठ न पुजे, बोरनि हणे लतूं।
हिन्दी अनु. ऊँट तक पहुँच नहीं सकता, तो बोरों को लात मारता है। (सवार ऊँट के ऊपर बोरें आदि रख कर उन पर खुद बैठता है। ऊँट को तेज चलाने के लिए एड़ी मारता है, पर वह तो बोरों को ही लगती है।)
Eng. tr. When he cannot reach the camel, he kicks the gunny bags. (A camel rider sits on the camel's back with gunny bags under him. When he pokes his heel in the side of the camel to make it go faster, his foot hits the gunny bag. This proverb is said for one who gets angry with one and takes it out on another.)

पुजे न थी पइ सां, पिटे थी पेकनि खे।
हिन्दी अनु. उस की पति से बनती नहीं, और फिर कोसती है पीहर को।
Eng. tr. Cannot pull together with her husband, and blames her parents for it.

रुठी आहे घोट सां गाल्हाए न थी गोठ सां।
हिन्दी अनु. रूठी है पति से, बोलती नही गाँव से।
Eng. tr. She is offended with her husband, but doesn't speak to the whole village.

मराठी कुंभारणीने कुंभाराशी कज्जा केला आणि गाढवाचा कान पिळला.
हिन्दी अनु. कुम्हारिन का कुम्हार से झगड़ा, और गधे का कान उमेठा।
Eng. tr. A donkey (one who comes in the way) gets his ear twisted in the midst of a fight between a potter and his wife.

तेलिणीवर रुसली, अंधारात बसली.
हिन्दी अनु. तेलिन पर रूठी, अंधेरे में बैठी।
Eng. tr. Displeased with the oil-woman, she squatted in the dark.

वड्याचे तेल वांग्यावर.
हिन्दी अनु. बड़े का तेल बैंगन पर।
Eng. tr. To use the oil which fried a cake of ground pulse for brinjals.

गुजराती क्रोधी कुंभार गधेडानां कान आमले.
हिन्दी अनु. गुस्से में कुम्हार (क्रोधी कुम्हार) गधे के कान ऐंठता है।
Eng. tr. An irate (an angry) potter wrings the ears of his donkey.

दीवानी दाझे कोडियाने बचकां भरे.

हिन्दी अनु. लौ की जली दिये (मट्टी का) को काटे।

Eng. tr. Burnt with the flame, bites the earthen lamp.

रीसे बळतो कुम्भार गधेडीना कान आमले.

हिन्दी अनु. गुस्से में आगबबूला कुंभार गधे के कान उमेठता है।

Eng. tr. An irritated (vexed) potter twists (wrings) the ears of his donkey.

वाङ्ला अबाक् करले वेगुने,—फुँ दिते मुख पुड़े गेल तुषेर आगुने।

हिन्दी अनु. कमाल किया बैंगनने, आग फूँकते फूँकते मुँह ही झुलस गया।
(अपना जला मुँह तो बैंगन को कोसे।)

Eng. tr. Cursing the brinjal (egg-plant) in the fire, when the face is scorched while blowing the husk-fire.

ताँति रागे कापड छेंडे, आपनार क्षति आपनि करे।

हिन्दी अनु. गुस्से में जुलाहा कपड़ा फाड़े, अपनी हानि आप करे।

Eng. tr. The weaver in anger tears the cloth and causes his own loss.

दरबारे जामाइ हारे, घरे एसे बउके मारे।

हिन्दी अनु. दरबार में जमाई हारे, घर आकर बहू को मारे।

Eng. tr. Having lost his case at the royal court, the son-in-law comes home and beats his wife.

दरबारे ना सुख पाइ, घरे एसे बउ ठेंगाइ।

हिन्दी अनु. दरबार में (जमाई) हारे, घर आकर बहू को मारे। (मुँह नहीं रहा।)

Eng. tr. Having lost face at the royal court, the son-in-law beats his wife reaching home.

बउयेर राग बेरालेर ओपर, बेरालेर राग बेड़ार ओपर।

हिन्दी अनु. बहू का गुस्सा बिल्ली पर, बिल्ली का गुस्सा पेड़ पर।

Eng. tr. The daughter-in-law is angry at the cat, and the cat is angry at the fence.

असमीया ज्वरर दाहत बेरत लाठि।

हिन्दी अनु. बुखार की आग में दीवार पर लात।

Eng. tr. A high temperature making one kick at the wall.

ओड़िआ दाण्ड रे पथर झुण्टि घरे शिळ भांगुछि।

हिन्दी अनु. बाहर पत्थर से टकरा कर घर में शिला फोड़े।

Eng. tr. To stumble on a stone in the road and to have it out on the paste-making stone at home.

विलेइ पड़िला अकड़े, मूषा मारिला चापड़े।
हिन्दी अनु. बिल्ली आई गुस्से में, तो चूहा मारा चप्पड़ से। (मुश्किल में पड़ने पर दुर्बल पर गुस्सा निकालना।)
Eng. tr. When the cat is in a fix, it delivers a slap to the mouse.

तमिळ आण्डैमेट् कोपम् कडाविन्मेल् आरिनान्.
हिन्दी अनु. मालिक पर का गुस्सा भैंसे पर उतारा।
Eng. tr. He wreaked his anger against his master on the male buffalo.

तन् पणम् शेल्ला विट्टाल दादनैक् कट्टि अडिक्किरदु.
हिन्दी अनु. अपना पैसा काम का नहीं हो तो वैष्णव साधु को पकड़ कर मारता है।
Eng. tr. When his own coin will not pass, he ties up and beats the Vaishnava mendicant.

तेलुगु अत्तमीद कोपं दुत्तमीद चूपिनट्लु.
हिन्दी अनु. सास पर नाराज़, मटके को सजा।
Eng. tr. Angry with the mother-in-law, she hits the earthen pot.

पिल्लि तोक बर्रे तोक्किते ऎलुकमीद मीसालु दुव्विंदट.
हिन्दी अनु. बिल्ली की पूँछ पर भैंस ने पाँव दिया तो चूहे पर मूँछ मरोड़ ली (गुस्सा किया)।
Eng. tr. The cat was angry with the mouse because the buffalo trampled on its tail.

कन्नड अत्तेय मेलिन कोप कोत्तिय मेले.
हिन्दी अनु. सास पर का गुस्सा बिल्ली पर उतारे।
Eng. tr. Anger against the mother-in-law is turned against the poor cat.

मलयाळम् अङ्ङाडियिल् तोट्टतिन्नु अम्मयोटो ?
हिन्दी अनु. बाज़ार में हार गये तो माँ को क्यों पीटे ?
Eng. tr. Why beat your mother if you suffer reverses in the bargains in the market.

तन्टे मीटं कान्जिट्टु आरान्टे कण्णादि पोळिक्करुतु.
हिन्दी अनु. अपना चेहरा भद्दा रहे तो दूसरे का आयना क्यों तोड़े ?
Eng. tr. Why break other's looking glass, only because your face is ugly?

१७

आम फले नेओ चले, अरंड फले इतराए।

(अच्छे नम्र, ओछे उद्दंड।)

आशय

सयाने और महान् व्यक्ति स्वभावतः बड़े नम्र, विजयी और संयमी होते हैं, और नीच या मूर्ख व्यक्ति को दैववशात् महत्ता प्राप्त होने पर वे घमंडी और उद्दंड बनकर इतराते फिरते हैं।–आम फलता है तो नम्र हो जाता है, और एरंड फलता है तो ऐंठता है।

Subject

The wise and those who are naturally great are always humble, while the foolish and mean, when raised to a high position, strut about with pride. The following set of proverbs is used to express this idea.

हिन्दी अनौखे हाथ कटोरा आया, पाणी पी-पी आफरिया। (राज.)
(अनोखे व्यक्ति को कहींसे कटोरा मिल गया, तो बस लगा उस से पानी पर पानी पीने; पीते-पीते पेट फूल आया।)

Eng. tr. When a silly person came by a bowl, he drank so much water that his belley was swollen.

आम फले नेओ चले, अरंड फले इतराए।

Eng. tr. The mango tree in fruit bends down, the castor in fruit flourishes.

आम फलै नीचो लुळे, एरंड अकासां जाय। (राज.)

पाठभेद आम फलै नीचो चलै, एरँड फलै इतराय। (राज.)
(आम फलता है तो नीचे की ओर झुकता है, एरंड फलता है तो आकाश की ओर जाता है (इतराता है।)।

Eng. tr. The mango tree in fruit bends down, the castor in fruit goes up.

ईतर के घर तीतर, "बाहर बाँधूँ की भीतर ?"

Eng. tr. A partridge has walked into the house of a vain man and he thinks, "Shall I tie it up inside or outside ?"

उदधि रहे मरजाद में, बहै उमड़ि नद-नीर।

Eng. tr. Ocean remains within the bounds, while the river-water crosses the limits.

ओछी के हाथ लगी कटोरी, पानी पी पी मरी पदोड़ी। (स्त्री.)

Eng. tr. A mean women got a cup and drank till she burst.

कोठिला भर मंडुआ में मुहसर बउरायलहक । (पट.)
(एक कोठी मंडुआ से गँवार मत्त हुआ – इठलाया ।)

Eng. tr. The village boor becomes arrogant only with a bin-full of grains.

ताकपर बैठा उल्लू मॉंगे भर-भर चुल्लू ।
(जब कोई अयोग्य मनुष्य ऊँचे स्थानपर बैठ कर हुक्म चलाये ।)

Eng. tr. The exalted owl asks by handfuls.

बड़े बिखौ बिखधर, चलत सीस नवाए ।
थोड़े बिखौ बिच्छू, चलत दूम अलगाए ॥

Eng. tr. The deadly serpent creeps with bended head, the milder scorpion walks with his tail up.

बाँस बढ़े झुक जाए, अरंड बढ़े टूट जाए ।

Eng. tr. The bamboo grows and bends, the castor grows and breaks.

राजा दुआरी भोज भेल, कुतवा के जीव उमजा में गेल । (चंपा.)
(राजा के घर भोज हुआ, तो अवशिष्ट खाद्यपदार्थों को देखकर ही कुत्ते की जान खुशी में गई ।)

Eng. tr. After only seeing the leavings of the royal feast, the dog died of joy.

लवना भर धान में मुसहर नितराय । (पट.)
(लवना भर – थोड़ा सा, मुसहर – एक हरिजन जाती)

Eng. tr. The low born gives himself airs even with a small amount of paddy with him.

ENGLISH
1. The boughs that bear most hang lowest.
2. The more you court a mean man, the statelier he grows.

उर्दू आम फले नीव चले, एरंड फले इतराये ।

हिन्दी अनु. आम फलता है झुक जाता है, और एरंड फलता है तो खड़ा हो जाता है ।

Eng. tr. The mango tree in fruit, bends down; the castor in fruit flourishes.

पंजाबी ओछे हथ कटोरा आया, पाणी पी पी आफऱ्या ।

हिन्दी अनु. ओछे के हाथ कटोरा आया, पानी पी पी कर चढ़ा अफारा ।

Eng. tr. A cup fell into the hands of a conceited fellow, he drank so much water that his belly swelled.

गिद्दड़ दे गू दी लोड़ पेई यार पहाड़ा चढ़ गए ।

हिन्दी अनु. गीदड़ के गू की जब पड़ी जरूरत, वह पहाड़ पर चढ़ बैठा ।

Eng. tr. When the jackal's ordure was in demand, he conceitedly went away towards the mountain.

जट भाड़ ते खड़ा आ हाथी दे महावत नूं पुछ दै, 'खोता वेचदा ए ? '

हिन्दी अनु. जाट गेहूँ की फसल के ढेर पर खड़ा रहा और हाथी के महावत से पूछने लगा, 'तेरा गधा बेचोगे ? '

Eng. tr. The Jat stood on his heap of corn and said to the king's elephant driver, " Will you sell your little donkey ? "

जट वधे तां राह बधे ।

हिन्दी अनु. जब जाट धनी होता है, तो बाट रोक देता है ।

Eng. tr. When the Jat is prosperous he blocks the path.

निव जाण झट टहणियाँ, ज्या फल लगे आण।

हिन्दी अनु. झुक जाती है तुरन्त, फल के लगते डार ।

Eng. tr. When the branches bear fruit they bend low.

भुक्खे दी धी रज्जी ते खेह उड़ावण लग्गी।

हिन्दी अनु. भूखे की बेटी अमीर हुई, तो अपने पर ही धूल उड़ाने लगी।

Eng. tr. A poor man's daughter became wealthy and she began to throw dust on herself.

कश्मीरी फल् कुलय् छु नमिथ् ।

हिन्दी अनु. फल (से लदा) वृक्ष झुक गया।

Eng. tr. Tree (full of fruits) is bent. (The more knowledge or wealth there is in a man, the humbler he becomes.)

सिंधी आहिर जी वडाई कुने पाटि ते आई।

हिन्दी अनु. जंगल में रहनेवालों का बड़प्पन मिट्टी के बरतनों पर हुआ।

Eng tr. The pride of the jungle-dwellers is their earthen vessels.

गिदड़ जे गूंहं में कमु पवंदो आहे त वञी जबल ते विहंदो आहे।

हिन्दी अनु. गीदड़ की विष्ठा से काम पड़ता है तो वह जाकर पहाड़ पर बैठता है।

Eng. tr. When the jackal's shit comes of some use, he pulls himself in pride and sits on top of a hill.

ढउ झले हिकु भाभिरो, बी मेंहिं।

हिन्दी अनु. तृति के आनंद को एक तो भाभरा सहन करता हैं और दूसरी भैंस। (भाभरा – जैनों की एक जातिविशेष जो धनिक होने पर भी नम्र रहती है।)

Eng. tr. The happiness of fulfilment is experienced by a Bhabhara and a buffalo. (Bhabhra is a sub-caste among Jains, the people of which remain modest even if very rich.)

निमे सो ग़ीरो।

हिन्दी अनु. जो झुके, वह वजनदार। (तराजू का उदाहरण है।)

Eng. tr. The one that bends, is weighty (e. g. the scales).

बि्यो हर्को होर्यां हले, ढोकणु पाए डकूं।

हिन्दी अनु. और सभी तो धीरे चलते हैं, पर ढीकण (ओछा आदमी) दौड़ने लगता है।

Eng. tr. Everyone walks slowly, but the mean-minded runs.

माचे त नाचे ।

हिन्दी अनु. (ओछा व्यक्ति) जितना पाए, उतना नाचे ।

Eng. tr. A mean-minded person capers higher as he gets more things.

मेंहि मचे होयाँ हले, रिढ मचे टिपा डिए ।

हिन्दी अनु. भैंस खा पीकर धीरे चले, पर भेड़ उछलने कूदने लगे ।

Eng. tr. The buffalo walks slowly after it has grazed its full, while the sheep go capering.

रनपुट खे लगे भागु त डिए जुआरे अटे खे दागु ।

हिन्दी अनु. ओछे व्यक्ति का यदि भाग्योदय होता है, तो वह जुआर का आटा फेंक देता है ।

Eng. tr. If the son of a widow (a mean fellow) is favoured by fortune, he despises jawar flour (coarse food).

मराठी आधल्याचे आले राज, डोक्याला सुटली खाज़ ।

हिन्दी अनु. औचक मिला राज और सिर में होने लगी खाज ।

Eng. tr. One who gets a kingdom unexpectedly asks another to scratch his head. (shows the pride which swells his head to the extent that he will not even scratch his own head.)

दीड आणा, बाबू उताणा.

हिन्दी अनु. प्राप्ति डेढ़ आना, बाबू बना मस्ताना ।

Eng. tr. Babu struts with pride because he has a penny and a half (in his pocket).

दुष्टागाठी पैका झाला, उपद्रव करी लोकाला.

हिन्दी अनु. दुष्ट की गाँठ में पैसा, लोग सहे पीड़ा ।

Eng. tr. When a villain becomes rich, he troubles the people around.

द्रव्य येता मूर्खा हाती, मूर्खपणा वाढे अती.

हिन्दी अनु. मूर्ख बने धनी, मूर्खता बढ़े घनी ।

Eng. tr. Wealth in the hands of a foolish man makes him more foolish.

सातेरीक अभिषेकाचे मरण.

हिन्दी अनु. बाँबी के देवता को अभिषेक से मौत ।

Eng. tr. The God of the ant-hill drowns when holy water is poured over it. (The ant-hill being of mud gets washed away.)

गुजराती अणदीठानुं दीठुं, ते मार मूळा ने मीठुं.

हिन्दी अनु. कभी देखी नहीं सो सामने आई, खाओ मूली और नमक ।

Eng. tr. What was never seen has come forth, now eat up the radish with salt.

डगराने मळी दुकानी, डगरो चाल्यो उजाणी.

हिन्दी अनु. पगी को मिली गिन्नी, तो वह चला भोजन को।

Eng. tr. A police peon got two pice and lo ! he goes to feast.

रांकनां हाथमां रुवो, तो के 'वाव खोदाऊं के कुवो ?'

हिन्दी अनु. गरीब के हाथ में रुपया, तो (गरीब) पूछे 'क्या खुदाऊँ ? कुआँ की बावली ?'

Eng. tr. A poor man got a rupee and asked, "What should I dig–a well or a tank ?"

बाङ्ला गोलाम यदि बादशा हय, रात्रिकालेओ छाता बय।

हिन्दी अनु. गुलाम यदि बादशाह होवे, रात को भी छत्र लगावे।

Eng. tr. If a slave becomes a prince, he insists on a royal umbrella over his head even when he is sleeping in his bed. (An umbrella which is used for sun or rains is meaningless over a royal bed, yet this newly prince wants it that way.)

फलन्त गाछेर माथा नीचु।

हिन्दी अनु. फले पेड़ का सिर नीचा (झुकता है)।

Eng. tr. A tree full of fruits always bends. (A man full of learning and wisdom is always humble.)

छोटलोकेर कड़ि हले बुद्धि हय नष्ट;
गाधा यदि पाहाड़े ओठे, पाहाड़के देखे छोटो।

हिन्दी अनु. ओछे के (बच्चे के) हाथ कौड़ी लगे तो उस की बुद्धि नष्ट होगी; गधा अगर पहाड़पर चढ़े तो वह पहाड़ को छोटा मानने लगेगा।

Eng. tr. A cowry (penny) with a child is enough to spoil its head; an ass atop a mountain looks down upon it.

असमीया गुटि लगा गछ सदा तल मूर।

हिन्दी अनु. फलों से लदा हुआ वृक्ष सदा झुका हुआ रहे।

Eng. tr. A fruit-bearing tree is always bent-headed.

बाप कालत नाइ गाइ, चालनि लै दोब जाय।

हिन्दी अनु. बाप के समय न थी गाय, (बेटा) छलनी ले के दुहने जाय।

Eng. tr. His forefathers did not have a cow and he goes for milking with a sieve.

नीचे लोक उच्च पद पाय, टेरीयाकै पाग मारि घुरि घुरि जाय।

हिन्दी अनु. छोटे आदमी को बड़ा पद मिले, तो टेढ़ी पगड़ी बाँध के (बारबार) फिर फिर के देखे।

Eng. tr. If a low man is raised to a place of honour, he ties a turban and looks at himself (in the mirror) again and again.

नोपोवाइ पाइ छे, चपाइ धान दाइछे।

हिन्दी अनु. वंचित को (दरिद्र को) धान मिला, भर भर के ले लिया।

Eng. tr. When a have-not got paddy, he filled his bag with hand-fuls.

ओड़िआ उणा लोक पद पाए, हगिगले गीत गाए।
हिन्दी अनु. नीच आदमी जब ऊँचा पद पाता है, तो पैखाने जाते वक़्त भी गीत गाता है।
Eng. tr. When an inferior person gets a high status, he begins singing even in the lavatory.

एन्ता लोक केन्ता, खलिखिआ लोक थालिथिँ खाएले ँ लोक चिन्भा से केन्ता ? (संबलपुरी)
हिन्दी अनु. यह आदमी कैसा ? पत्तल में खानेवाला थाली में खाने लगे, तो औरों को पहचाने कैसा ?
Eng. tr. What sort of person is this ! If the man who was eating from leaf plates now eats in dish. How can he care for others ?

गोदरीकि श्रीमति कहिले से गोड़ कु बुलेइ पकाए।
हिन्दी अनु. हाथी पाँव-वाली को श्रीमति कहने से वह पैर को घुमाकर डालती है। (अपात्र को सम्मान मिले तो गर्व से फूले।)
Eng. tr. If you call a woman with elephantisis legs 'Shrimati' (i. e. one with good looks), she begins walking in an affected style.

निच पाईले अधिकार रुषिंकि बुहाइले भार।
हिन्दी अनु. नीचों ने पाया अधिकार, ऋषिओं ने ढोया भार।
Eng. tr. If the lowly ones get authority (power), they make the rishis carry loads.

पितल गुणाकु नाक टाउँ टाउँ, सुना गुणा थिले केते ?
हिन्दी अनु. पीतल के गहने से इतना इतरा गई, सोने का होता तो क्या होता ?
Eng. tr. Shows off her nose with only a brass ornament (nose-ring), what would she do if it were made of gold !

तमिऴ अऱ्पनुक्कु पविशु वन्दाल्, अर्धरात्रियिल् कुडै पिडिप्पान्.
हिन्दी अनु. रंक राजा बने तो रात में छत्री धारण करेगा।
Eng. tr. If a low-bred man obtains wealth, he will carry an umbrella at midnight.

आऴाक्कु अरिशि मूऴाक्कुप्पानै मुदलियार् वरुगिऱ् वीराप्पैप् पारुम्.
हिन्दी अनु. तीन छटाक चावल, दो छटांकवाला बरतन, मुदलियार (बस इतनी सी बातपर) क्या शान से ऐंठ रहे हैं।
Eng. tr. With an alak of rice in hand and a pot that will suffice to boil only three-fourths of it, look at the ostentation the Mudaliar displays.

कण्डरियादवन् पेण्डु पडैत्ताल् काडु मेडु अेल्लाम् इऴुत्तुत् तिरिवानाम्.
हिन्दी अनु. अव्यवहारी (नालायक) व्यक्ति की शादी होने पर, अपनी पत्नी को वन-पर्वतों में घुमाता फिरेगा।
Eng. tr. If a worthless man gets married, he would wander about dragging his wife through the woods and over the hills.

कायत्त मरम् वळैंदु निरकुम् नरकुणम् उडैयवर् तणिंदु निरपार.

हिन्दी अनु. फला वृक्ष झुक जायगा, गुणी व्यक्ति नम्र ही होंगे।

Eng. tr. A fruit bearing tree bends, the virtuous are polite.

नरिक्कुप् पेरियतनम् कोडुत्ताल् किडैक्कु इरण्डु आडु केक्कुम्.

हिन्दी अनु. सियार को यदि अधिकार दिया गया जाय, तो एक एक झुंड से दो दो बकरियाँ माँगेगा।

Eng. tr. If the jackal gains the mastery, it will demand two sheep from each flock.

तेलुगु अल्पुनकु ऐश्वर्यमु वस्ते, अर्धरात्रि गोडुगु तेम्मन्नाडट.

हिन्दी अनु. नीच पर भाग्य हँसने लगा, तो आधी रात उठ कर कहने लगा कि छाता ले आओ।

Eng. tr. Wheh fortune smiled on a mean person, he woke up at midnight and asked for an umbrella.

कोतिकि पेत्तनमिस्ते गोदावरि कडडंगा ईदिंदट.

हिन्दी अनु. बंदर को अधिकार देने पर गोदावरी प्रवाह के विरुद्ध तैरने लगा।

Eng. tr. Given the power, the monkey swam against the current in Godavari.

चिंतकायलु अम्मेदानिकि सिरिमानं वस्ते वंकिरि-बिंकिरि कायलु एकायलन्नदट.

हिन्दी अनु. इमली फल बेचनेवाली अमीर होने पर कहती है कि ये टेढ़े-मेढ़े फल कौनसे हैं ?

Eng. tr. When the tamarind-seller became rich, she began to ask' "What sort of zigzag fruits are these ? "

तेलुकु पेत्तनमिस्ते, तेल्लवार्लु अंटपोडिचिंदट.

हिन्दी अनु. बिच्छू को अधिकार दिया, वह तड़के तक डंसता रहा।

Eng. tr. The scorpion was given power, and it continued stinging till dawn. (Abuse of authority by evil persons.)

पेनुकु पेत्तन मिस्ते तलंगा तेग कोरिकि पेट्टिंदट.

हिन्दी अनु. जूँ को अधिकार दिया तो सारा सिर कुतर डाला। (ठूँक डाला।)

Eng. tr. If a louse is to lord, it bites off all the hair.

कन्नड अल्पगे ऐश्वर्य बंदरे अर्धरात्रियल्लि कोडे हिडिसिकोंड.

पाठभेद अल्पनिगे सिरिबन्दरे. अर्धरात्रियल्लि कोडे हिडिसिकोंड.

हिन्दी अनु. ओछे को ऐश्वर्य (दौलत) मिले तो आधी रात में छाता खोल के जाएगा।

Eng. tr. If wealth comes to a worthless person, he will have an umbrella held above him at midnight.

चेळिगे पारुपत्य कोट्टरे जावक्के मूरु सारि कुटुकितु.

हिन्दी अनु. बिच्छू को अधिकार मिले तो पहर में तीन बार डंक मारे।

Eng. tr. If the scorpion is given power, it stings thrice an hour.

मलयाळम् अल्पन्नु अर्थं किट्टियाल् अर्द्धरात्रि कुट पिटिक्कुं.
हिन्दी अनु. ओछे को धन मिले तो वह आधी रात में छत्री लगायेगा।
Eng. tr. If an up-start gets wealth, he will hold an umbrella even at mldnight.

संस्कृत भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्गमैर्नवाम्बुभिर्भूरिविलम्बिनो घनाः।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्॥
हिन्दी अनु. फलों के आगमन से तरुवर विनम्र हो जाते हैं। नवजलकणों से भरे हुए बादल धरतीपर झुक जाते हैं। वैसे ही समृद्धिकाल में सत्पुरुष अधिक ही विनयशील हो जाते हैं। परोपकारी सज्जनों का यही स्वभाव होता है।
Eng. tr. At the appearance of the fruit, trees bend low, and filled with the new waters the clouds hang down. High-souled people do not get inflated with opulence; such is the very nature of helping persons.

१८

आय के अनुसार खर्च।

आशय

अपनी आय के अनुसार ही खर्च करना चाहिये। अपनी बस के काम ही हाथ में लेने चाहिये अपनी शक्ति से अधिक करने का जो प्रयास करे, उसे हानि उठानी पड़ेगी। एक व्यावहारिक उपदेश इन कहावतों में पाया जाता है।

Subject

This set of proverbs tells us how it is necessary for everyone to stay within his limits. To go beyond the allotted bounds is to harm oneself.

हिन्दी जितनी चादर देखो, उतने ही पाँव पसारो।
Eng. tr. Stretch your legs according to your coverlet.
तेत्ते पाँव पसारिये, जेती लांबी सौर।
Eng. tr. Stretch your legs according to your coverlet.
दाली में जतना पचै ओतने नोन दै के चाही। (मु.)
(दाल में जितना खप सके उतना ही नमक डालना चाहिये।)
Eng. tr. (1) Put salt in the soup, as much as is necessary.
(2) Add salt to the soup according to the need.

ENGLISH
1. Everyone stretches his legs according to his coverlet.
2. Who soever stretcheth his foot beyond the blanket shall stretch it in the straw.
3. Cut your coat according to your cloth.

उर्दू जितनी चादर देखे, उतने पाँव फैलाये।
Eng. tr. To spread one's legs according to the bed-sheet.

पंजाबी चादर वेख के लत्तां पसारणियां चाहिदिआं।
हिन्दी अनु. चादर देख कर पाँव पसारने चाहिये।
Eng. tr. Stretch your legs according to your coverlet.

जितनी पोंछ बिचारिये, उतनी कीजे दोड़।
उतने पैर पसारिये, जितनी लम्बी सोड़॥
हिन्दी अनु. जितनी पहुँच हो, उतनी ही दौड़ करनी चाहिये।
जितनी लम्बी चादर, उतने ही पाँव पसारिये॥
Eng. tr. A man should undertake a race only as far as he can run, and so he should stretch his legs only to the length of his quilt.

कश्मीरी वुरुन् वुछिथ् गछ़ि रव्वर् वाह्रुन्।
हिन्दी अनु. बिस्तर देख कर पाँव पसारिए।
Eng. tr. Stretch your feet according to the bed.

सिंधी चेरीअ आहर पेरु डि घेरिजे।
हिन्दी अनु. चद्दर के अनुसार पाँव पसारने चाहिए।
Eng. tr. Stretch your feet according to the bed-cover.

जो कछे न फारे सो खा बारे।
हिन्दी अनु. जो कपड़ा नाप कर नहीं काटता है, वह नुकसान करता है।
Eng. tr. He repents who does not take measure before he cuts.

मराठी अंथरूण पाहून पाय पसरावे.
हिन्दी अनु. बिस्तर की लंबाई देख कर पाँव पसारिये।
Eng. tr. Stretch your legs acoording to (the length of) the bed.

गुजराती पग जोईने पाथरणुं ताणवुं.
हिन्दी अनु. पैर देख कर (चादर) बिछावन तानना।
Eng. tr. One should stretch one's bed according to one's legs.

पग प्रमाणे जोडो सीववो जोइये.
हिन्दी अनु. पैर के माप का जूता सीना चाहिये।
Eng. tr. One should stitch a shoe in proportion to the foot.

पाथरणुं जोइने पग ताणो.
हिन्दी अनु. बिछावन देख पैर फैलावो।
Eng. tr. Stretch your legs according to the bed.

बाङ्ला आयेर बेशी करे व्यय, तार लक्ष्मी क' दिन रय ?
हिन्दी अनु. आय से अधिक जो व्यय करे, उस की लक्ष्मी कब तक रहेगी ?
Eng. tr. How long would the Goddess of wealth remain with him who spends more than his income ?

असमीया आँठुवा चाइ ठें मेल ।
हिन्दी अनु. मच्छरदानी देख के पाँव पसारो ।
Eng. tr. Stretch your legs according to the mosquito-net.

ओड़िआ आय देखि व्यय कर ।
हिन्दी अनु. आय देख कर खर्च करो ।
Eng. tr. Spend within the limits of your income.

तेलुगु गन्तकु नगिन बोन्त.
हिन्दी अनु. जितनी थैली, उतना पालान ।
Eng. tr. Like pack saddle, like quilt.

पच्चडमुन्नंत काळ्ळु चापु.
हिन्दी अनु. जितनी चादर हो, उतने पैर पसारो ।
Eng. tr. Stretch your legs as much as the sheet (permits).

कन्नड हासिगे इद्दष्टु कालु चाचु.
हिन्दी अनु. जितनी चादर देखो उतने ही पैर पसारो ।
Eng. tr. Stretch your legs according to the bed.

अेण्णेगे बत्तिगे नेर.
हिन्दी अनु. जितना तेल, उतनी बाती ।
Eng. tr. As much oil so much wick.

मलयाळम् तन् बलं कण्टे अप्पलं केट्टावू.
हिन्दी अनु. अपनी शक्ति के अनुसार ही मंदिर बनवाने का प्रयास किया जाना चाहिये ।
Eng. tr. Try to construct the temple according to your might.

संस्कृत इदमेव सुबुद्धित्वं आयादल्पतरो व्ययः ।
हिन्दी अनु. मिलनेवाले पैसों की अपेक्षा खर्चा कम ही करना सुबुद्धि का लक्षण है ।
Eng. tr. This alone is very wise viz. maintaining the expenditure lower than the income.

१९

इधर के रहे न उधर के।

आशय

कभी ऐसा समय आता है कि आदमी न इधर का रहता है न उधर का। ऐसी त्रिशंकु अवस्था को लक्ष्य कर के इन कहावतों का प्रयोग किया जाता है। ऐसी विचित्र परिस्थिती में मनुष्य की अवस्था बड़ी दयनीय हो जाती है। वह कहीं भी गिना नहीं जाता। प्रसंगवशात् उसे दोनों ओर से हानि उठानी पड़ती है, सब तरफ से वह वंचित रहता है। उस की यह अवस्था इन कहावतों में कुशलता से वर्णित है। बाङ्ला की यह कहावत देखिये—"दो-दिल बान्दा कलमा-चोर, न पाए बहिश्त, न पाए गोर।"

Subject

There are times when people find themselves belonging to neither one place nor another. The following proverbs indicate this useless stage. For instance, the Bengali proverb — " A slave who is in two minds about the religion and does not observe customs would ultimately get neither heaven nor a burial. "

हिन्दी ऊँट का पाद, न ज़मीन का न आसमाँ का।

Eng. tr. When the camel breaks wind, it reaches neither the earth nor the sky. (Always having half-way.)

दुविधा में दोनों गये माया मिली न राम।

Eng. tr. In the hesitation whether he should accept this or that, he lost both—the wealth and Rama.

धोबी का कुत्ता, न घर का न घाट का।

Eng. tr. A washerman's dog belongs neither to the house nor to the washing place.

ENGLISH

1. Like wood's dog, he'll neither go to the church, nor stay at home.
2. Between two stools one comes to the ground.
3. From pillar to post.

उर्दू गूज़-इ-शुतर, न ज़मीन का, न आसमान का।

हिन्दी अनु. ऊँट का पादना, ज़मीन का न आकाश का।

Eng. tr. If a camel breaks wind, it goes neither to the earth, nor to the heaven.

धोबी का कुत्ता, न घर का न घाट का।

Eng. tr. The washerman's dog belongs neither to the house nor to the ghat.

न खुदा ही मिला, न विसाले सनम। न इधर के हुए, न उधर के हुए।
हिन्दी अनु. न ईश्वर मिला, न मिला प्रिया का मिलन। न इधर के रहे, न उधर के।
Eng. tr. I met neither God, nor my love; so I am fit neither for this nor for the next world.

पांडेजी दोनों से गये, हलवा न मिला न माँडे.
Eng. tr. Pandeji was deprived of both the pie and the pastry.

पंजाबी दो बेड़ियां विच लत रखणवाला डुब मरदा है।
हिन्दी अनु. दो नाव पर पैर रखनेवाला डूब मरता है।
Eng. tr. One who keeps his feet in two boats, always drowns.

धोबी दा कुत्ता न घर दा न घाट दा।
हिन्दी अनु. धोबी का कुत्ता, न घर का न घाट का।
Eng. tr. A washerman's dog belongs neither to the home nor to the washing quay.

कश्मीरी दोबि सुन्द् हून् न गरुक् तुॅ न गाठुक्।
हिन्दी अनु. धोबी का कुत्ता, न घर का न घाट का।
Eng. tr. The washerman's dog belongs neither to the house nor to the ghat.

न गर्युक् तुॅ न गाठुक्।
हिन्दी अनु. न घर का और न घाट का।
Eng. tr. Neither of the home nor of the river ghat.

न गर्युक् तुॅ न पर्युक्।
हिन्दी अनु. न घर का न बाहर का/दूसरों का।
Eng. tr. Neither of the home nor of others.

न दीनुक् तुॅ न दुनियुहूक्।
हिन्दी अनु. न धर्म का न दुनिया का।
Eng. tr. Neither of religion nor of the world.

न दिवुॅब्यू न प्यत्रॅब्यू।
हिन्दी अनु. न देवों का न पितरों का।
Eng. tr. Neither of the God's nor of the manes.

सिंधी धोबि जो कुतो, घर जो न घाट जो।
हिन्दी अनु. धोबी का कुत्ता, घर का न घाट का।
Eng. tr. The washerman's dog belongs neither to his house, nor to the ghat.

मराठी अरत्र ना परत्र.
हिन्दी अनु. न इधर न उधर।
Eng. tr. Neither here nor there.

घरचा न घाटचा.

हिन्दी अनु. न घर का न घाट का।

Eng. tr. Neither remains at home nor at the ghat. (The strip of land near a water course where the washerman washes the clothes. Referred to the washerman's dog which roams about doing nothing.)

धनगराचे कुत्रे लेंड्यापाशी ना मेंढ्यापाशी.

हिन्दी अनु. गड़रिया का कुत्ता, न लेंड के पास न भेड़ के पास।

Eng. tr. The shepherd's dog is neither near the manure heap nor near the sheep.

बेंबीखालील केस, ना केसांत ज़मा ना शष्पांत ज़मा।

हिन्दी अनु. ढोंढी के नीचे बाल, न केश में गिने जाते है न शष्पो में (झाँटों में)।

Eng. tr. The hair below the navel neither belong to the hair nor to the pubes.

गुजराती डूंटी उपरनो वाळ, तोड्यानो नहीं ने बोड्यानो नहीं।

हिन्दी अनु. नाभी पर बाल, न मूँड़ा जाय न तोड़ा जाय।

Eng. tr. The hair over the navel could neither be plucked nor shaved.

धोबी नो कूतरो, नहिं वाटनो, नहिं घाटनो.

हिन्दी अनु. धोबी का कुत्ता, नहीं बाट (रास्ता) का नहीं घाट का।

Eng. tr. A washerman's dog belongs to neither the road nor the ghat.

नहिं मिया मां, नहिं महादेव मां.

हिन्दी अनु. न मियाँ में न महादेव में (दोनों में न गिना जा सके।)

Eng. tr. Neither a Mohammedan nor a worshipper of Shiva (Hindu).

न रह्या घरनां के न रह्या घाटना.

हिन्दी अनु. न रहे घर के, न रहे घाट के।

Eng. tr. Belonged to neither the house nor the ghat.

बाङ्ला आम ओ गेल, छालाओ गेल।

हिन्दी अनु. आम तो गए ही, साथ टोकरी भी गयी।

Eng. tr. The mangoes have gone and along with them went the bag also.

ए कुल ओ गेल दुकुल गेल।

हिन्दी अनु. यह कुल भी गया, वह कुल भी गया। (जो महिला प्रेमी के लिये पति को छोडती है, वह दोनों घर से वंचित रहती है।)

Eng. tr. Lost this family and that family also. (Said of a woman who deserts her husband in favour of a paramour and is later cast away by him.)

एलतला, बेलतला, शेषकाले शेओड़ातला ।
हिन्दी अनु. इस वृक्ष तले, बेल तले, आखिर में सेवर तले ।
Eng. tr. This tree, that 'Bel' tree, and ultimately under 'Seora' tree.

दो-दिल् बान्दा कल्मा-चोर, ना पाय बेहस्त, ना पाय गोर।
हिन्दी अनु. जिस की मनस्थिति द्विधा है, और जो धर्माचरण नहीं करता, उसे न स्वर्ग में स्थान है, न कब्र में ।
Eng. tr. Slave who is in two minds about the religion and does not observe the religious customs would ultimately get neither heaven nor a burial.

असमीया ततो नाहिला खाइ, एखेला पाबलै नाइ ।
हिन्दी अनु. वहाँ भी न खाकर आये, यहाँ भी न मिलने का है ।
Eng. tr. Didn't take food there, nor he is going to get anything here.

ओड़िआ खडिकि नुहेँ कि पेडिकि नुहेँ ।
हिन्दी अनु. न इधर का न उधर का ।
Eng. tr. Belongs neither here nor there.

तमिळ तूक्कल्रिलुम् कलियाणम्, तुडियल्रिलुम् कलियाणम्, नाय् अंगे ओडियुम् केट्टु, इंगे ओडियुम् केट्टु.
हिन्दी अनु. तूक्कलूर में भी शादी, तुडियलूर में भी शादी। कुत्ता न इधर का रहा, न उधर का ।
Eng. tr. There was marriage ceremony in Tukkaloor and also in Tudiyalur, and the dog was neither here nor there.

तेलुगु रेंटिकि चेड्ड रेवडि बले.
हिन्दी अनु. दोनों तरफ से हारा धोबी। (न यह गटरी, न वह गटरी मिली।)
Eng. tr. Like the dhobi (washerman) who lost on both counts. (The wind carried away the clothes he had folded, while he ran to collect the clothes that were blown away.)

संन्यासि पेळ्ळां, विधवा कादु पुनिस्त्री कादु.
हिन्दी अनु. संन्यासी की पत्नी न विधवा न सुहागन।
Eng. tr. A sanyasi's wife is neither a wife nor a widow.

कन्नड इहक्के सुखविल्ल, परक्के गतियिल्ल.
हिन्दी अनु. इहलोग में सुख नहीं, परलोग में गति नहीं ।
Eng. tr. Of no use either for worldly enjoyment or for heavenly attainment.

मलयाळम् अतुमिल्ल इतुमिल्ल अम्मयुटे दीक्षयुमिल्ल.
हिन्दी अनु. न इधर का न उधर का, आखिर माँ का श्राद्ध कर्म भी बिगड़ा ।

Eng. tr. Lost what was in hand, what was aimed at, and consequently failed to perform even mother's obsequies lasting for a year.

कटिच्चतुमिल्ल, पिटिच्चतुमिल्ल.

हिन्दी अनु. न मुँह की चीज़ रह गयी, न हाथ की चीज़।

Eng. tr. Lost both–the bitten and the one in hand.

संस्कृत इतो भ्रष्टस्ततो भ्रष्टः परसेकान्तिवेषभाक्।
न संसारसुखं तस्य नैव मुक्तिसुखं भवेत्॥

हिन्दी अनु. जो यहाँ से भी भ्रष्ट है और वहाँ से भी (याने किसी स्थान पर उस की कीमत नहीं रही है), वह व्यक्ति न संसार सुख प्राप्त करता है न मुक्ति सुख।

Eng. tr. He does not have the joys of material life, nor does he enjoy a life of renunciation, who has fallen everywhere.

इदं च नास्ति परं न लभ्यते।

हिन्दी अनु. न यहाँ का कुछ मिलना न वहाँ की कुछ भी प्राप्ति। दोनों ओर से लाले पड़ना।

Eng. tr. Neither any certainty to achieve a distant goal, nor any confidence to succeed in a close-by matter.

न देवेभ्यो न पितरेभ्याः।

हिन्दी अनु. न देवों का न पितरों का।

Eng. tr. Neither of the God's nor of the manes.

२०

उँगली दी, तो पहोंचा पकड़ा।

आशय

किसी को थोडासा सहारा दो, सहानुभूति दिखाओ, मदद करो तो कभी कभी वह पूरा लाभ उठाता है और देनेवाले की हर चीज़ पर धीरे धीरे कब्जा कर लेता है। इसलिये किसी पर उपकार करते समय भी सावधान रहना चाहिए। यह गुजराती कहावत कहती है— "पैर रखने जगह दी तो मालिक बन बैठेगा।"

Subject

There are people who, when given a little advantage, want to take a lot of it. These proverbs indicate to the donors how it is necessary to be careful while one gives things away. For instance, the Gujrati proverb " May become the master of the house, if footing is given. "

हिन्दी एगो में आवा जाही दोसरे बिछौना चाहीं। (चंपा. मुज.)
(एक बार आने जाने की सुविधा दी, तो दूसरी बार बिछौना माँगने लगा।)

Eng. tr. Given free access (to my house), he asked for a bed next time.

कासा दीजे, बासा न दीजे ।

Eng. tr. Give food, but never give lodging.

चास दी, बास नहिं दी । (मुज.)

Eng. tr. Extend hospitality so far as food is concerned, but do not give a lodging place (to a stranger).

दिया हाथ, खाने लगा साथ ।

Eng. tr. I gave him food into his hands, but he began to eat out of my own dish. (Impudence.)

रोवतीनै राखी तो कै सागै ही ले चालो । (राज.)

(रोती हुई को आश्वासन देकर रोना बंद करवाया, तो कहती है कि साथ ही ले चलो ।)

Eng. tr. The one who was crying was pacified with hopes and now she asks to be taken along with me.

हम बैसलऊ बुढ़वा जानि, बुढ़वा सूतल सलगा तानि । (मुज.)

(बूढ़ा समझ कर मैंने बैठने के लिये थोड़ा स्थान दिया, और यह चादर तानकर सो गया ।)

Eng. tr. Thinking that he is old, I offered him a seat, but he is lying prostrate spreading his blanket.

ENGLISH

1. Give him an inch and he will take an ell.
2. Give bread to the poor, but bar the door.
3. Give the clown your finger, and he will take your hand.

पंजाबी अग लेण आइ ते घर दी मालक बण बैठी ।

हिन्दी अनु. आग माँगने आई और मालकिन बन बैठी ।

Eng. tr. She came to get some fire and has become the mistress of the house.

उंगल फड़ पोंचा फड़ा ।

हिन्दी अनु. ऊँगली पकड़ने दी, तो पहोंचा पकड़ा ।

Eng. tr. Allowed him to catch a finger and he caught the wrist.

खल्लोण नूं थां मिले, बेहणुं आपो कर लवांगे ।

हिन्दी अनु. खड़ा रहने जगह दो, बैठने की बना लेंगे ।

Eng. tr. I want room only for standing, I myself will make room for sitting.

हिन्दी अनु. लड़की एक और सौ दुल्हे, किस किस से वह ब्याह रचाये ?

Eng. tr. One bride and hundred bride-grooms, with whom shall she marry ?

इक चना हेड़ कबूतरां दी ।

हिन्दी अनु. एक चना और कबूतरों की भीड़ ।

Eng. tr. One gram and a flock of pigeons to eat.

इक बोटी सो कुत्ते ।

हिन्दी अनु. एक बोटी सौ कुत्ते ।

Eng. tr. One piece of flesh and hundred dogs.

इक अनार सो बीमार ।

हिन्दी अनु. एक अनार, सौ बीमार ।

Eng. tr. One pomegranate and hundred patients.

बारां खरबूजे तेरां लागदार ।

हिन्दी अनु. बारह खरबूजे, तेरह खरीदार ।

Eng. tr. Twelve melons and thirteen purchasers.

कश्मीरी यचन् ज़नानन् पोनि कासुँनि तुँ चर्यन् मर्दन् बतुँ कासुँनि ।

हिन्दी अनु. अनेक स्त्रियाँ कम पानी, अनेक पुरुष कम धानी ।

Eng. tr. Many women, little water, many men, little rice.

सिंधी राति थोड़ी, साठ घणा ।

हिन्दी अनु. रात छोटी, विवाह की पूजा-विधियाँ ज्यादा ।

Eng. tr. The night is short but the wedding rituals too many.

मराठी एक भाकरी, सोळा नारी.

हिन्दी अनु. एक रोटी और सोलह स्त्रियाँ ।

Eng. tr. One loaf to be distributed among sixteen women.

रात्र थोडी सोंगे फार.

हिन्दी अनु. रात तो थोड़ी है बहुत है स्वाँग ।

Eng. tr. The night is limited but the guises are too many, (Referred to a play which has too many characters in it. This play being staged at night. A reference to the limit of night is made.)

गुजराती एक ऊंदर पर बावन बिलाडा.

हिन्दी अनु. एक चूहे पर बावन बिल्ली ।

Eng. tr. Fifty-two cats after one mouse.

एक दम ने हजार उमेद, एक कोठे एकावन उमेद.

हिन्दी अनु. एक दम और हजार उम्मीदें, एक बदन (शरीर) एकावन उम्मीदें ।

Eng. tr. One life and thousand desires, one body and fifty one aspirations (desires).

दीकरो एक अने देशावर ज्यादा.

हिन्दी अनु. लड़का एक और देसावर ज्यादा ।

Eng. tr. Only one son and many foreign lands (to visit).

रात थोडी ने वेश घणा, ने जोवा आव्यां तेर जणा.

हिन्दी अनु. रात थोड़ी (है) और वेष अधिक (निकालना है) और दर्शक मात्र तेरह हैं ।

Eng. tr. It's a short night and there are many masks to wear (parts to play), and only thirteen persons have gathered to witness.

सात वार ने नव तहेवार.
हिन्दी अनु. सात दिन और नौ त्यौहार।
Eng. tr. Seven days and nine festivals.

बाङ्ला आड़ाइ कड़ार कासुन्दि, सहस्र काकेर मेला।
हिन्दी अनु. अढ़ाई कड़ाह आचार, कौए आये हजार।
Eng. tr. For two and half pots of pickles, a thousand crows crowd.

एक कड़ार शिन्नी, आशी हाजार पीर।
हिन्दी अनु. एक कड़ाही सिन्नी, अस्सी हजार पीर। (जिन में बाटती है।)
Eng. tr. A potful of sweets and eighty thousand 'Pirs' (to whom the offerings are to be made).

असमीया एक बामुणर लोटा, सात बामुणर जोटा पोटा।
हिन्दी अनु. एक ब्राह्मण का लोटा, सात ब्राह्मणों का झगड़ा।
Eng. tr. There's only one utensil, and seven Brahmins fight for it.

ओड़िआ घर गोटिए, कुणिआ कोटिए।
हिन्दी अनु. घर एक, मेहमान करोड़।
Eng. tr. One house and a million guests.

तमिऴ ऊरुक्कोरु तेवडियाळ् यारुक्केन्रु आडुवाळ्.
हिन्दी अनु. गाँव की एक नर्तकी किस किस के लिये नाचेगी ?
Eng. tr. Only one dancer for the whole village, for whom would she dance ?

ॲेट्टुक् किळवरुम् ओरु मोट्टैक् किळवियैक् कट्टिक् कोण्डार्कळ्.
हिन्दी अनु. आठ बुड्ढों ने एक सरमुड़ी स्त्री से विवाह कर लिया।
Eng. tr. Eight old men conjointly took to a wife a shaven-headed old woman.

तेलुगु ऊरिकि ओक बोगमुदि, यवरिवद्द आडुमु.
हिन्दी अनु. सारे गाँव में एक नचनी, नाचे किस किस के सामने ?
Eng. tr. There is but one dancing girl in the village, for whom would she dance ?

गिंजलु मुत्तुमु, पिट्टलु पन्निद्दमु.
हिन्दी अनु. अनाज तीन तूमु, चिडियाँ बारह तूमु।
तूमु = ३२ सेर (आधी बोरी) पन्निद्दमु = १२ तूमु।
Eng. tr. Grains one and half a bag, sparrows in millions.

वड्लु मुत्तुम् पिच्चिकलु आर्दुम्.
हिन्दी अनु. अनाज तिगुना और चिड़िया छगुना।
Eng. tr. Three times of paddy, and six times sparrows.

कन्नड आसे अति, आयुष्य मिति.
हिन्दी अनु. आकांक्षाएँ अमर्याद हैं, आयु है छोटी।
Eng. tr. Desire is great, life is short.

मलयाळम् ओरु मारानुं उण्टुं; ओम्पतु कोविलिल् कोट्टुकयुं वेणम्.
हिन्दी अनु. ढोलची एक, मगर उसने बजाना चाहिये नौ मन्दिरों में।
Eng. tr. There is only one drummer, but his services are wanted in nine temples.

२९

एक आवे के बरतन

आशय

जिन का जननस्थान एक ही हो, एक ही जाती के हो, एक ही देश के निवासी हो, उन के स्वभाव में सामंजस्य होगा, गुणों में समानता होगी, आहार, आचार, विचार, व्यवहार में मेलजोल होगा। इसी भाव को ले कर यह कहावतों का गुच्छा जुटाया है। पंजाब की यह कहावत देखिये — "एक ही आवे की ईंटे।" सब सरीखी।

Subject

These proverbs are said for those that belong to one kind. This idea implies that those of the same group will have the same qualities and will never differ in kind. Take for instance the Panjabi proverb —" Bricks of the same kiln. " All alike.

हिन्दी एक आवे के बरतन।
Eng. tr. Vessels of the same kiln.

एक तरकश के तीर।
Eng. tr. Arrows from one quiver.

एक तवे की रोटी, क्या छोटी क्या मोटी ?
Eng. tr. They are cakes of the same girdle, whether small or great. (Spoken in answer to one who endeavours to make distinction between persons of one family or common descent.)

कुत्ती जाया कूकरिया अेके डोरे ऊतरिया। (राज.)
(कुत्तिया ने पिल्लों को जन्म दिये जो सब एक डोरे पर उतरे।)
Eng. tr. The new born pups of the bitch all looked alike.

तुलसी के पत्ता, कवन छोट कवन बड़।

Eng. tr. All the leaves are of Basil tree, small or large.

ENGLISH
1. Birds of the same feather flock together.
2. A chip of the old block.
3. Like to like and Nan to Nicholas.
4. Like will to like.
5. Chips of the same block.

उर्दू एक तरकश के तीर।

Eng. tr. Arrows of the same quiver.

एक तोले की रोटी, क्या छोटी क्या मोटी।

Eng. tr. Loaves of tha same mould are all equal.

एक हमाम में सब रास भी नंगे।

Eng. tr. All bathers in one bath are naked.

मूँग मोठ में छोटा बड़ा कौन।

Eng. tr. Who is big or small in 'Moong' or 'Moth' (two varieties of small pulses).

पंजाबी इक तवे दी रोटी, की छोटी की मोटी।

हिन्दी अनु. एक तवे की रोटी, क्या छोटी क्या मोटी।

Eng. tr. Breads baked on the same hot-pan, how small or big can they be?

इको आवेदीआं इटां।

हिन्दी अनु. एक ही आवे की ईंटें।

Eng. tr. Bricks of the same kiln.

कश्मीरी अकी जंडुकि पय्वन्दुं।

हिन्दी अनु. एक ही फटे वस्त्र के पैवन्दे।

Eng. tr. Jointed tatters of the same rag.

शाल्युन् ब्योल् छु ह्युहुय्।

हिन्दी अनु. शाली का बीज एक सा।

Eng. tr. Shali seeds are all alike.

सिंधी आंधि बि काणी, मांधि बि काणी, काणी असांजी डगी, वञी चउ अबे खे, आउं बि घणनि गड्डी।

हिन्दी अनु. 'आंध' भी कानी है, 'मांध' भी कानी है, हमारी गाय भी कानी है। जा कर बाबा से कहना कि दूसरे भी मेरे समान ही हैं। (कानी लड़की का विवाह हो गया। पिता को चिन्ता थी कि ससुराल में न जाने उस के साथ कैसा व्यवहार होगा। लेकिन ससुराल में भी सभी काने थे। अतः लड़की के साथ कोई दुर्व्यवहार न हुआ। जब सभी एक जैसे मिलें तब कहते हैं।)

Eng. tr. 'Andh' is also one-eyed, 'Mandh' is too, and so is our cow. Go and tell my father that the others are like me too. (The one-eyed daughter got married. Her father was worried about how she would be treated in her 'in-laws', but it so turned out, that even in her 'in-laws', people were one-eyed and so she sends a word to her father to rest his mind.)

खोरीअ खे घुसिरो।

हिन्दी अनु. एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं।

Eng. tr. They are like the conjurer's implements from the same bag. (i. e. these people are of the same sort.)

रिढ़ं मिडेई बूथ कार्यूं।

हिन्दी अनु. भेड़ें सभी काले मुँह वाली।

Eng. tr. All the sheep have a black face.

मराठी एकाच लेंडाचे कुडके, एक घाणता नि एक परमाळता. (गो.)

हिन्दी अनु. एक लेंडी के दो टुकड़े, एक में बदबू, एक में दुर्गन्ध।

Eng. tr. Pieces of the same excreta, one emits a bad smell and the other stinks.

एका तागडीची पारडी.

हिन्दी अनु. एक ही तराजू के पलड़े।

Eng. tr. The pans of the same balance.

एका माळेचे मणी, एक सारखे गणी.

हिन्दी अनु. एक माला की मनियाँ एक जैसी गिनी जाती हैं।

Eng. tr. The beads of the same rosary are all alike.

गुजराती एक वांसना बोहिया, ने बधां सरीखा होइयां.

हिन्दी अनु. एक बाँस की पोर सब समान होती हैं।

Eng. tr. All sections of a bamboo are similar.

माळाना मणका बधा सरखा.

हिन्दी अनु. माला के मणी सब समान होते हैं।

Eng. tr. Beads of a rosary are all similar (equal).

सरखे माथा सुदामडा.

हिन्दी अनु. सुदामडा गाँव में सब लोग समान।

Eng. tr. Equal heads at Sudamda. (Sudamda, a name of a village in Kathiawar where distinction between old and young, great or small was not made.)

बाङ्ला एक गोयालेर गरु.

हिन्दी अनु. एक गौशाला की गायें।

Eng. tr. Cattle of the same cowshed.

एक लाउयेर बिचि, —केउ वा करे कचर मचर, केउ वा आछे कचि।

हिन्दी अनु. एक लौकी के बीज, कोई करे कचरमचर (बहुत पके हुए), और कोई एकदम कच्चे। (यह हो नहीं सकता।)

Eng. tr. The seeds in a gourd; some ripe and some raw. (An impossible thing — when it ripens, all the seeds in it ripen.)

तुइ खल्से, मुइ खलसे, एकइ बिलेर माछ ;
तोर मरणे मरबो आमि (आमार) कोमर धरे नाच।

हिन्दी अनु. तू भी 'खालसा' (मछली), मैं भी खालसा, एक ही पोखर की मछलियाँ; तू मरे तो मैं भी मरूँगी, मेरी कमर पकड़ कर नाच।

Eng. tr. You are a 'Khalasa' fish, so am I. We belong to same pond. Your death will also mean my death. Dance with me holding my waist.

रामा धोपा, श्यामा धोपा — सब बेटारइ एक चोपा।

हिन्दी अनु. रामा धोबी, श्यामा धोबी, सब बेटों का एक सा मुँह।

Eng. tr. Rama, the washerman, and Shyama, the washerman — all of them have the same (glib) mouth.

असमीया एके गछर पान, सि कि ह'ब आन।

हिन्दी अनु. एक ही पेड़ के पत्ते, क्या निराले होंगे? (सब समान होंगे।)

Eng. tr. Leaves of the same tree, what difference could there be?

नाच बगी नाच, घाटर चेलेकना माछ; तयो बगी,
मयो बगी एकेखन बिलेर माछ।

हिन्दी अनु. नाच गोरी नाच, घाट की "चेलेकना" मछली,
तू भी गोरी, मैं भी गोरी, एक झील की मछली।

Eng. tr. Dance my friend, oh, 'chelekana' fish! I am white and you are white, we belong to the same lake.

ओड़िआ एका चाहालिर पाठ, एका अवधान चाट।

हिन्दी अनु. एक पाठशाला की पढ़ाई, एक गुरु के चेले।

Eng. tr. Trained in the same school, students of the same teacher.

एका लाउर मंजि।

हिन्दी अनु. एक ही लौकी के बीज।

Eng. tr. The seeds of the same white gourd.

तुळसी पत्रे रे कि सान बड़।

हिन्दी अनु. तुलसी पत्र में क्या छोटा क्या बड़ा?

Eng. tr. What is there to fuss about the big and small in regard to basil leaves?

तेलुगु आतानुल्लो गुड्डे.
हिन्दी अनु. एक ही थान (ताने) का कपडा।
Eng. tr. Cloth of the same warp.

आ बुर्लो वित्तनाले.
हिन्दी अनु. उसी ढाँचे के बीज।
Eng. tr. They are the seeds of the same bowl. (coming from the same bad stock.)

कन्नड ओन्दे गरडि कट्टाळु.
हिन्दी अनु. एक ही अखाड़े के पट्ठे।
Eng. tr. Wrestlers of the same gymnasium.

मलयाळम् इनम् इनत्तिल् चेरुम् ओरण्ड वेळ्ळत्तिल् चेरुम्.
हिन्दी अनु प्रेमी से प्रेमी मिलेगा, जैसा मुर्गाबी पानी से।
Eng. tr. Mates join together, as a seagull with water.

ओरे अच्चिल् वार्त्तु.
हिन्दी अनु. एक ही साँचे में ढले हुए।
Eng. tr. Cast in the same mould.

संस्कृत समानशीलव्यसनेषु सख्यम्।
हिन्दी अनु. समान चारित्र्य वालों में मित्रता पनपती है।
Eng. tr. Friendship develops only with those who are of a similar character or with those who undergo similar kinds of difficulties.

३०

एक करे, सजा दूसरे को।

आशय

इस दुनिया में न्यायप्रिय, पापभीरु सज्जनों के लिये जगह कहाँ ! इस जगत में सब बातें न्याय से होती हैं, कायदे से होती हैं, ऐसी तो बात नहीं। पग पग पर अन्याय ही अन्याय दिखायी देता है। एक गुनाह करता है और भाग जाता है, दूसरा निरपराध व्यक्ति पकड़ा जाता है, सजा भुगतता है। एक के अपराध की सजा किसी और को भुगतनी पड़ती है। इसी भाव को ले कर निम्नलिखित कहावतें जोड़ी गयीं हैं। देखिये हिन्दी की यह कहावत – 'चुरावे नथवाली, नाम लगे चिरकुटवाली का।'

Subject

The world is not always a just place to be in. Injustice is seen everywhere. One does the deed while the other is punished. For example the Hindi proverb – ' A woman with a nose-ring steals and the ragged wench is charged with it. '

हिन्दी अगला करे पीछले पर आवे ।

Eng. tr. The former commits a fault and the latter suffers.

अड़ो दड़ो बऊड़ीरै सिर पड़ो । (राज.)

(सारा गड़बड़घोटाला बहू के सिर पड़ो ।)

Eng tr. Let all the mistakes be burdened on the daughter-in-law's head.

आप भूले, उस्ताद को लगाम ।

Eng. tr. For the mistake of the pupil, the master is blamed.

ऊँट खुड़ावै गधो डांभीजै । (राज.)

(ऊँट खुड़ाता है, गधा दागा जाता है ।)

Eng. tr. The camel limps and the donkey gets branded for it.

करे कल्लू, भरे लल्लू ।

Eng. tr. Kallu does the deed and Lallu pays for it.

करे दाढ़ीवाला, पकड़ा जाए मूछोंवाला ।

Eng. tr. The long beard did it and the moustaches suffered. (A man with long beard is respected, whereas one with a moustache only is distrusted.)

खसी मारि घरवैया खाय हत्या नेने पाहुन जाय । (मुज.)

(खस्सी मार कर खाया घरवालों ने और उसकी हत्या का दोष मढ़ा गया अतिथि के सिर ।)

Eng. tr. The goat was killed and devoured by the family members, but the sin of killing was borne by the guest.

खावै सूर कुटीजै पाडा । (राज.)

पाठभेद चरग्या सूर कुटीज्या पाडा । (राज.)

(खाते हैं सूअर, पीटते हैं पाड़े ।)

Eng. tr. The pigs eat and the bull-calves get beaten.

खेत चरै गदहा, मारा जाय जोलहा ।

पाठभेद गधा खेत खाय और जुलाहा पीटा जाय ।

Eng. tr. The donkey grazed in the field and the poor weaver was punished.

चुरावे नथवाली, नाम लगे चिरकुटवाली का । (स्त्री.)

Eng. tr. A nose-ringed woman steals, and a ragged wench is charged with it.

तबेले की बला बंदर के सिर ।

(किसी की आफत किसी अन्य असंबद्ध व्यक्ति के सिर ।)

Eng. tr. The trouble of the stable was diverted to the monkey.

नानी खसम करै दोहीतो डंड भरै । (राज.)

(नानी खसम करती हैं और नाती दंड भरता है ।)

Eng. tr. The grandmother gets married and the grandchild pays the fine.

पाड़ोसण छड़े खीच, धमको पड़े म्हारै सीस । (राज.)

(पड़ोसिन खिचड़ा छड़ती हैं, धमाका मेरे सिर पड़ता है ।)

Eng. tr. The neighbour-woman pounds the corn and the bump comes on my head.

सजा मारे गाजी मियां, मार खाय डफाली । (चंपा.)

(डफाली - तानपुरा बजा कर गानेवाला ।)

Eng. tr. Mr. Gazi enjoys and the musician gets a beating.

मांस भात घरवइया खइहेन हतेआ लेके पाहुन जइहें । (चंपा.)

(मांस-भात खायेगी घरवाली और हत्या का दोष अतिथी के सिर ।).

Eng. tr. The meat and rice will be eaten by the housewife, and the sin of killing will fall on the guest's head.

सौतिन में खटपट सास बदनाम ।

(अनबन है सौतों में, सास बदनाम हो रही है ।)

Eng. tr. The co-wives quarrel between themselves, and the mother-in-law is defamed.

ENGLISH The tongue talks at the head's cost.

उर्दू कर जाये दाढीवाला पकड़ा जाये मुँछोंवाला ।

Eng. tr. The one with a beard does the deed and the one with moustaches gets caught.

नानी खसम करे, नवासा चट्टी भरे ।

Eng. tr. The grandmother goes astray and the grandson pays the fine. (One is punished for the crime of other. Allusion to the custom of fining a family by the caste-panchayat when one of its female members goes astray.)

बिबि खता करे बाँदी पकडी जाय ।

Eng. tr. The wife makes a mistake and the maid-servant gets caught.

पंजाबी कोठे तों डिग्गी, वेड़ेनाल रुस्सी।
हिन्दी अनु. छत से गिरी, आँगन को दोष।
Eng. tr. She fell from the roof and was annoyed with the courtyard.

चटटी पेइ माहर ते, ते माहर घत्ती शेहर ते।
हिन्दी अनु. मुखिया को जुर्माना हुआ और सारे शहर ने भरा।
Eng. tr. The chief was fined and he made the village pay it.

कश्मीरी अपारिम्यव् मुन् दानि, य पोरिम्यन् गयि अथन् हठ्।
हिन्दी अनु. उस पारवालों ने चावल कूटे, इस पारवालों के हाथों में छाले पड़ गये।
Eng. tr. Men on the other side pestled the grain and blisters appeared on the hands of men on this side.

इस्लामाबादुँ खेयेयि वूँटन् कपस् बरुमुलि वंटुँख् दूनिसूनस्।
हिन्दी अनु. इस्लामाबाद में ऊँट ने कपास खाया तो बारामुला में जुलाहे की नाक काटी गयी।
Eng. tr. The camel ate up the cotton at Islamabad and the nose of the weaver of Baramullah was cut.

चूरस् फुट् ख्वर् तुँ पीरस् मोरुख मुरीद।
हिन्दी अनु. चोर का पैर जो टूटा, पीर का चेला पीटा गया।
Eng. tr. The thief broke his foot and the Pir's disciple was punished.

पिशि करि ग्वनाह् वगुँविस् चोब् वुछ्तव् लूकव् तमाशाह्।
हिन्दी अनु. पिसू ने पाप किया और मार पड़ी चटाई को। देखिए लोगों, यह तमाशा।
Eng. tr. The flea sinned and the matting got the beating. Behold O people, the fun.

ख्यव् चव् रंगुँचरि कांटुर् लोग् वालुँबरि।
हिन्दी अनु. खाया-पिया रंगीन चिड़िया ने, जाल में फँसा चरोटा।
Eng. tr. The colourful hen-sparrow ate and drank, while the cock-sparrow got caught in the net.

बुतिनि बलायि तुत।
हिन्दी अनु. एक की बला दूसरे को।
Eng. tr. Punish one for another.

सिंधी अटो खाधो कुए त मार पेई गाबे ते।
हिन्दी अनु. आटा खाया चूहे ने तो मार पड़ी बछड़े पर।
Eng. tr. The mouse ate the flour, but the beating fell on the calf.

खट्यो खाए खतेजा, धक जले धीणसि।
हिन्दी अनु. कमा कर खाता है खतेजा (नामविशेष), तो सजा मिलती है उसकी बेटी को।
Eng. tr. Khateja enjoys the earnings, his daughter bears the blows.

खट्यो खाए फ़क़ीरु, लठ्यूं झले भोलिड़ो।
हिन्दी अनु. कमा कर खाता है फ़क़ीर, लाठियां पडती है बंदर पर।

Eng. tr. The Fakir earns his own bread while the stick falls on the monkey's head.

ठाठु निएं हिकिड़ो ठिकरु डिए घणनि खे।

हिन्दी अनु. बरतन चुराए एक, लेकिन कलंक आए बहुतों पर।

Eng. tr. One carries away a pot and many are blamed.

बासणु हिकिड़ो खणे, ठिकरु घणनि खे अचे।

हिन्दी अनु. बरतन एक उठाए, कलंक बहुतों पर आए।

Eng. tr. The vessel is stolen by one, and a number of others get the blame.

वटो खणे हिकिड़ो, वाट बिजाए सभिनी जी।

हिन्दी अनु. कटोरा उठाए एक, और रास्ता सभी का बंद करे।

Eng. tr. One picks up metal bowl, but blocks the way of everyone.

मराठी अपराध केला शिष्याने आणि गुरुला आले धरणे.

हिन्दी अनु. अपराध किया शिष्य ने और भुगतना पड़ा गुरु को।

Eng. tr. The pupil commits crimes while the teacher gets caught.

आंकल्याकरानी पातक केल्यार कुमठेकराना दंड किल्याक? (गो.)

हिन्दी अनु. आंकलेवालों ने पाप किया तो कुमठेवालों को दण्ड क्यों?

Eng. tr. When Anklekar commits a crime, Kumthekar gets punished. (Ankle and Kumthe are names of villages.)

कोणाच्या गाई म्हशी आणि कोणाला उठा बशी.

हिन्दी अनु. किस की गाय भैंसे और किस को झंझट।

Eng. tr. Whose cattle are they and who runs about to care for them!

घोगत्या झवे गाव, तुरेवाल्याचे नाव.

हिन्दी अनु. चिल्लानेवाले को सारा गाँव चोदता है, लेकिन बदनाम होता है तुर्रेवाला।

Eng. tr. The whole village copulates the Innocent, but one with a crest is defamed.

चोर सोडून संन्याशाला सुळी.

हिन्दी अनु. चोर को छोड़ कर संन्यासी को फाँसी।

Eng. tr. The thief is let loose while 'sanyasi' is in the noose.

चोराची सुटका आणि सावाला फटका.

हिन्दी अनु. चोर की रिहाई और साधु की पिटाई।

Eng. tr. The thief is let loose while a gentleman (or sadhu) gets the blow.

ढोरानं ढोर मेलं, कुत्र्याच्या गळयात घाटरूं आलं.

हिन्दी अनु. जानवर से जानवर मरा, कुत्ते के गले में साँकल पड़ा।

Eng. tr. The animal was killed by another and the chain was clasped round the dog's neck.

न्हिद्लो न्हिदून गेलो, सोप्यावैल्याचो आंड कापलो.

हिन्दी अनु. (पलंग पर) सोने वाला सो कर गया और चौपाल में सोए का लंड़ काटा।

Eng. tr. One slept with the woman and the other one who was sleeping in the verandah got his testicles cut.

मुल्ला अपराधी काजीस दंड.

हिन्दी अनु. मुल्ला अपराधी, काज़ी को दंड।

Eng. tr. When the ' Mullah ' is a criminal, the ' Kazi ' gets punished.

मेमटा घेतो चिमटा, भडभड्याचा बोभाटा.

हिन्दी अनु. चुप्पा चुटकी काटता है और बकनेवाला बदनाम होता है।

Eng. tr. The sly and dumb one pinches and the talkative one is held responsible.

शेत खाल्लं लोधडीनं अन् मार खाल्ला गधडीनं.

हिन्दी अनु. खेत खाया नील गैया ने और मार पड़ी गदही पर।

Eng. tr. Fields are eaten by the white footed antelope, while the ass gets the beating.

सोनूबाईनं चोरली सरी आणि साळूबाईच्या गळ्यात बांधा दोरी.

हिन्दी अनु. सोनूबाई ने चुराई हँसली और साळूबाई के गले में डोरी।

Eng. tr. Sonubai robbed the necklace but Salubai finds the noose round her neck.

हिमटी घेई चिमटा न् भडभडीचा बोभाटा.

हिन्दी अनु. चतुर काटे चिँउटा और नटखट हो जाए बदनाम।

Eng. tr. A shy and mean person pinches but people talk about the one who jabbers most.

गुजराती **आईनो खार बाईपर.**

हिन्दी अनु. आई की खार बाई पर। (सासू की खार बाई पर।)

Eng. tr. Grudge (rancour) against the mother shown against the wife (or maid servant).

ओर खाय ने पाडोशी दंडाय.

हिन्दी अनु. और कोई खावे और पड़ौसी को दंड दिया जावे।

Eng. tr. Someone else eats away and the neighbour is punished.

एक गलीमां आवनजावन, ने वचमां मेली साकर
दाढीवाला खाई गया, ने मूछवालाने पकड्या.

हिन्दी अनु. एक गली में आना जाना, और बीच में रखी मिश्री; दाढ़ीवाले खा गये, और मूछवालों की धरपकड़।

Eng. tr. In the middle of a lane of busy trafic was kept sugar; the bearded ones ate it away and (those) with moustaches were arrested.

काछीयो मरे ने कुंभारने डामे.

हिन्दी अनु. कूँजड़ा मरे और कुम्हार जलाया जावे।

Eng. tr. The vegetable-seller dies and the potter is branded.

घोडो घोडी पासे जाय, ने चरबेदार खासडां खाय.

हिन्दी अनु. घोड़ा घोड़ी के पास जाय और चोबदार जूते खाय।

Eng. tr. The horse approaches the mare, and the groom is beaten with shoes.

छीपण छीनाल करे, ने घांचीनां बळद जाय.

हिन्दी अनु. रंगारी की औरत छिनाला करे और तेली का बैल जाय। (मारा जाय।)

Eng. tr. The cloth-printer's wife is adulterous and the oilman's bull is killed.

जिभली करे आल पंपाल, तो खांसडां खाय कपाल.

हिन्दी अनु. जीभ करे भूल तो जूते खाय कपाल।

Eng. tr. The tongue errs and the forehead is beaten with shoes (punished).

धावी जाय पाडो, ने आवी जाय पाडी ने माथे.

हिन्दी अनु. बछड़ा (भैंस के थन से) दूध पी जावे और (आरोप) बछिया के सिर पर आवे।

Eng. tr. The male young of the buffalo sucks the milk, but the female calf is blamed.

भेंसनुं पाप गायने नडे।

हिन्दी अनु. भैंस का पाप गाय को लगे।

Eng. tr. The sin of a buffalo comes in the way of a cow (embarasses or hinders a cow).

बाङ्ला काक खेले काँठाल आर बकेर मुखे आठा।

हिन्दी अनु. कौवे ने खाया कटहल और बगुले के मुँह में गुठली।

Eng. tr. The crow eats the jack-fruit and the crane (is charged) is having the fruit stones in his beak.

घोल खाबेन रामकृष्ण, कड़ि देबे कालु।

हिन्दी अनु मट्ठा पिएगा रामकृष्ण, दाम देगा कालू।

Eng. tr. Ramkrishna will drink the buttermilk, and Kalu will pay for it.

चोरा थुये निचोरारे धरे, चोरा नाचे आपन घरे।

हिन्दी अनु. चोर को छोड़ भले आदमी को पकड़े, और चोर मजे में नाचे अपने घर में।

Eng. tr. Catch a good person instead of the thief, the thief will dance with joy in his house.

धुकड़िते धान धरे ना, बेनेके धरे मारे।

हिन्दी अनु. झोली में धान नहीं रहता, तो बनिये को पकड़ कर मारते हैं।

Eng. tr. The bag is inadequate to hold the grains and the grocer is beaten.

घाँड़े धान खाय, ताँती बाँधा याय।

हिन्दी अनु. साँड़ धान खाय, जुलाहा बांधा जाय।

Eng. tr. The bulls eat the grains, poor weaver is arrested.

असमीया एक बराइ धान खाय, एक बराइ हान खाय।

हिन्दी अनु. एक सूअर धान खाता है, दूसरा बरछी से बिंधा जाता है।

Eng. tr. One hog eats rice, another hog is pierced by a javelin.

केर्केटुवाइ तामोल खाय, नेउलक बान्धि कोबाय।

हिन्दी अनु. गिलहरी सुपारी खाती है, नेवले को बांध कर पीटा जाता है।

Eng. tr. The squirrel eats the arecanut, the mongoose is tied up and beaten.

खाइ काँरशला डालत उठिल्, काठिचेलेकार मरण मिलिल।

हिन्दी अनु. साँप काट कर पेड़ पर चढ़ा, और मौत आयी छिपकली की।

Eng. tr. The snake bites and climbs the tree, but death is meted out to the lizard.

दुष्टर लट-पट सन्तर मरण।

हिन्दी अनु. दुष्ट लट-पट कर निकल जाए, मौत होवे साधु की।

Eng. tr. The wicked will get out of difficulties by fair or foul means, saints will suffer.

भुरुत करे गोपीनाथ, कल खाले जगन्नाथ।

हिन्दी अनु. गोपीनाथ भाग निकले, जगन्नाथ केला खाते पकड़े गए।

Eng. tr. Gopinath slipped away and the blame of eating plantain came to Jagannath.

ओड़िआ काउ हगि देइ चम्पट, बग बिचरा धरा पडिला।

हिन्दी अनु. कौआ हग कर (बीट कर) उड़ गया, बगुला बेचारा पकड़ा गया।

Eng. tr. Crow escapes after shitting, the poor crane gets caught.

देश लोके पणस खाइले, भण्डारि मुंडरे अठा।

हिन्दी अनु. गाँव वाले कटहल खाएँ और नाई के सिर पे गोंद पोत दे।

Eng. tr. Tha village folk ate the jack-fruit, but the sticky gum was placed on the barber's head.

पणस खाय किए? भण्डारी मुण्डरे अठा बोळा जाए।

हिन्दी अनु. कटहल खाए कौन? नाई के सिर पर पोछा जाए गोंद।

Eng. tr. Who eats the jack-fruit ? The poor barber gets the (as others eat the jack-fruit) gum on his head.

तमिळ अेय्तवन् इरुक्क अंबै नोवानेन?

हिन्दी. अनु. बाण चलानेवाले के रहते बाण को दोष क्यों दे?

Eng. tr. Why blame the arrow, letting the archer go free?

कत्तरिक्काय् शोत्तै अेन्राल् अरिवाळ् मणैक् कुट्म् अेन्किराळ्.

हिन्दी अनु. बैंगन बिगड़ गया है, वह कहती है कि चाकू में दोष है।

Eng. tr. When it is said that the brinjal is worm eaten, she imputes it to a defect in the knife.

तेंगाय् तिन्रवन् तिन्नक् कोंबै शूप्पिनवन् देण्डम् अिरुक्किरदा ?

हिन्दी अनु. नारियल को खानेवाले खाये और अधपके नारियल को चाटनेवाले जुरमाना दे। (यह कहाँ का न्याय है ?)

Eng. tr. While he who ate the kernel of the coconut escapes with impunity, is he who sucked the fibre to pay the fine.

पळिक्कु आनोर् शिलर् पळि पडुवोर् शिलर्.

हिन्दी अनु. पाप करे कोई, फल भोगे कोई।

Eng. tr. One commits the crime, and another suffers the penalty.

पावम् ओरु पक्कम् पकि ओरु पक्कम् .

हिन्दी अनु. पाप किया एक ने, कालीख लगी दूसरे पर।

Eng. tr. One committed the sin and the other suffered for it.

तेलुगु अेद्दु चेनु मेसिपोते, गाडिदकु चेवुलु कोसिनट्लु.

हिन्दी अनु. बैल खेत में चर कर चला गया, गधे के कान काटे गये।

Eng. tr. The bull grazed in the field, and the ears of the ass were cropped.

कूतरु कनलेक-पोते अल्लुडिमीद पडि एड्चिनट्लु.

हिन्दी अनु. बेटी जन न सकी तो दामाद पर गुस्सा।

Eng. tr. When the daghter didn't deliver, the son-in-law abused.

तिन्नकुक्क तिनिपोते, कन्नकुक्कनु काळ्ळुविरगकोट्टिनट्टु.

हिन्दी अनु. जिस ने खाया वह कुत्ता चला गया, दूसरे कुत्ते की टांग तोड़ दी।

Eng. tr. The dog that had eaten, ran off, and the leg of another dog was broken (by him).

कन्नड तन्न संकटक्के मक्कळ हेत्तु गाणिगन कुत्तिगेगे कट्टिदळु.

हिन्दी अनु. अपनी गरज से बच्चे जने और तेली के गले मढ़ाये।

Eng. tr. She gave birth to children for her own agony and tied them up to the oilman's neck.

बुद्धिवंत बेण्णे तिंदु अप्रबुद्धन बायिगे ओरसिद.

हिन्दी अनु. बुद्धिमान मक्खन खाता है, और मूर्ख के मुँह पर पोत देता है।

Eng. tr. The clever one eats the butter and smears with it the face of the dull one.

मंग बेण्णे तिंदु आडिन बायिगे ओरेसितु.

हिन्दी अनु. बंदर खुद मक्खन खावे और बकरी के मुँह पर पोत दे।

Eng. tr. The monkey itself eats the butter and smears it on the face of the goat.

हण्णुतिंदव नुनुचिकोंड, सिप्पे तिंदव सिक्किकोंड.

हिन्दी अनु. फल खानेवाला भाग गया, छिलका खानेवाला पकड़ा गया।

Eng. tr. The fellow who ate the fruit slipped away, the fellow who ate the skin of the fruit was caught.

मलयाळम् कट्टतु आरान्, कोमट्टिये केळुवेरिं.

हिन्दी अनु. किसी ने चोरी की, कोमट्टि को सजा मिली।

Eng. tr. One committed the theft and poor Komatti was punished.

संस्कृत शिष्यापराधे गुरोर्दण्डः।

हिन्दी अनु. शिष्य के अपराध के लिए गुरु को दंड।

Eng. tr. For the fault of a pupil his teacher has been punished.

३१

एक तो करेला, दूसरे नीम चढ़ा।

आशय

जब किसी में कोई दोष हो, और कोई विशेष अनुकूल परिस्थिती में जब वह दोष दुगना, चौगुना बढ़ता जाता है तब वह दोष और ही भयानक रूप धारण करता है। किसी की इस कमी को या दोष को या स्वभाव विशेष को बढ़ानेवाली परिस्थिती प्राप्त होती है, चाहे वह किसी वस्तु या हथियार के रूप में हो, या संगति के प्रभाव के कारन हो, या परिस्थिती की महिमा हो, इन कहावतों का प्रयोग किया जाता है। तेलुगु की यह कहावत देखिये — "एक तो बंदर, तिस पर शराब का नशा, और ऊपर बिच्छू का दंश।" यही कहावत संस्कृत तथा अन्य कई भारतीय भाषाओं में भी पायी जाती है।

Subject

When one has a particular fault or weakness and then one is given an instrument to increase it with, the following proverbs are said. For instance, the Telegu proverb — " Firstly a monkey, moreover drunk, and stung by a scorpion."

हिन्दी एक तो गड़रिन, दूसरे लहसुन खाये।

(एक तो गड़रिन भेड़ों के बीच में रह कर यों ही दुर्गंधीवाली होती है, उस पर लहसुन खा लेने पर तो कहना ही क्या?)

Eng. tr. Already a maid-cowherd and moreover she has swallowed the garlic.

कालमें इधकमासो। (राज.)
(अकाल में अधिक मास।)

Eng. tr. An extra month arrives at the time of famine.

जवानी और उस पर शराब, दूनी आग।

Eng. tr. Youth, and wine added to it ! O ! it's double fire.

एक तो करेला कड़वा, दूसरे नीम चढ़ा।

Eng. tr. Firstly bitter-gourd is bitter of itself and next it has been added to neem leaves. (Both karela and neem are exceedingly bitter. To express that a man naturally of a bad disposition has become worst by associating with evil companions.)

एक तो कानी बेटी ब्याही, दूसरे पूछनेवालोंने जान खाई।

Eng. tr. First I married my son to a one-eyed girl and now they worry me with questions (as to the looks of the bride).

एक तो कानी थी, दूसरे पड़ गया कुनक।

Eng. tr. Firstly she had only one eye, secondly (cataract) grit got into it.

एक तो डाइन, दूसरे हाथ लुआठ।

Eng .tr. A witch with a torch in her hand. (A very dangerous person.)

गंजी पनिहारी और गोखरु का हंडुवा (इंडुवा)।

Eng. tr. A bald water-bearer and a pad of thorns. (हंडुवा is a pad placed on the head for protecting it from the articles borne on it.)

एक तो बुढ़िया नाचनी, दूजे घर भा नाती।

Eng. tr. The old hag was already pompous, and she got a grand-daughter.

एक तऽ मियां बुरबक दोसर तोतराह। (दर.)

Eng. tr. Already a fool and a stammerer in addition.

तीन आँगळरो लिलाड़ जकेमें ही दो सळ। (राज.)
(तीन अंगुल का ललाट और फिर भी दो सलवाला।)

Eng. tr. The forehead is only three-fingers large, and there are two wrinkles on it besides.

पतळी छाछ, भळै पाणी पड्यो। (राज.)
(एक तो छाछ पतली थी, फिर पानी पड़ गया।)

Eng. tr. The butter milk was already thin, and besides water fell into it.

सोमोती अमावस अर सुकरवार। (राज.)
(सोमवती अमावस और शुक्रवार।)

Eng. tr. It is Somawati Amavas and Friday besides. (Both inauspicious.)

ENGLISH 1. To hold a candle to the devil.
2. Greasing the fat sows tail.

उर्दू एक तो कड़वा करेला दूसरे नीम चढ़ा।
Eng. tr. Already a bitter gourd and climbs the bitter neem, besides.

एक तो मियाँ उँघते उपरसे खाई भंग।
Eng. tr. He is a sleepy fellow and then eats the hemp.

एक तो था ही दीवाना, तिसपर आई बहार।
Eng. tr. He was already mad and spring has come upon him. (Lunacy is supposed to be at its height in spring.)

एक तो मियाँ थे ही थे, दूजे खाई भांग। (स्त्री.)
Eng. tr. The good man was already stupid enough and he took an intoxicant besides.

एक तो शेर, ऊपरसे बकतर पहने।
(पहले ही बहादूर ऊपर से कवच पहने।)
Eng. tr. He is a lion already and then wears an armour.

गँजी पनीहारी और गोखरु का यँड्डू।
Eng tr. A bald water-bearer and a pad of thorns.

रोने को थी ही इतने में आ गया भाई।
Eng. tr. She was about to weep and her brother has come at the time (to show her sympathy).

पंजाबी इक करेला दूजा निम चढ़्या।
हिन्दी अनु. एक तो करेला दूसरे नीम चढ़ा।
Eng. tr. First of all a bitter gourd and moreover crept over a neem tree.

इक विछोड़ा यार दा, दूजी रात काली।
हिन्दी अनु. एक पिया का बिरहा, दूजी काली रात।
Eng. tr. Firstly a separation from my love, and secondly a dark night. (calamity offers calamity.)

इक सप, दुजा उड़णा।
हिन्दी अनु. एक तो साँप, दूसरे उड़े भी।
Eng. tr. A viper and a flying one.

इक सी कंबली, फिर पे गई मढ़िआं दे राह।
हिन्दी अनु. एक तो थी पगली, ऊपर से शमशान की राह।
Eng. tr. Firstly she was a lunatic, secondly she was going to a burial ground.

सिरों गंजी ते भखड्यां विच कलाबाजी।
हिन्दी अनु. सिर से गंजी और काटों में खेल कूद।
Eng. tr. A bald head and she is juggling in the thorny bushes.

कश्मीरी अख् चूर बेयि चतरा़य्।
हिन्दी अनु. एक तो चोर और (ऊपर से) चतुराई।
Eng. tr. Already a thief and moreover cunning.

अख् वुकुर् बेयि त्रकुर्।
हिन्दी अनु. एक तो वक्र दूसरे सख्त।
Eng. tr. First a crooked and moreover hard.

खाम् तमाह् तुॅ अपज्योर्।
हिन्दी अनु. लोभी और झूठा भी।
Eng. tr. Greedy and a liar besides.

ख्वदाय् सुॅन्ज़् खेर् तुॅ नाविद् सुन्द् फश्।
हिन्दी अनु. १. खुदा की दी पपड़ी (सिर में खुजली, चर्म रोग) और नाई का दिया हुआ (उस्तरे का) फेरा।
२. पहले ही सिर में खुजली, तिस पर नाई के उस्तरे का फेरा।
Eng. tr. God's (given) scald head, and a barber's razor's itch (to trouble a man whom God has already afflicted. Kasmiris suffer very much from scald head (favus).

ख्वदायि सुॅन्ज़् खेर् तुॅ नाविद् सुॅज़् च्यफ्।
हिन्दी अनु. भगवान ने दिया गंजापन्, (उस पर) नाई का घाव।
Eng. tr. From God, the favus (bald), and from the barber a cut moreover.

सिंधी अगेई वेठी हुई रुठी, मथां आयुसि पेको माण्हू।
हिन्दी अनु. पहले ही रुठी हुई बैठी थी, ऊपर से बात यह हुई कि पीहर का आदमी उसे लेने आ गया। (जब कोई आदमी लड़ झगड़ कर बैठा हो फिर उसे उत्तेजित करने के लिए और कोई कारण बन जाए तब कहते हैं।)
Eng. tr. She was offended with everyone and then a person from her parents came along to take her.

कुतीअ खे पछ में सूर, वडे डे खे बछते ज़ोरु।
हिन्दी अनु. कुतिया को गांड में दर्द हो रहा है और ज़मीनदार उस के पीछे और जानवर लड़ने के लिए भेज रहा है।
Eng. tr. The behind of the bitch is aching and the landowner is sending more animals for her to fight.

हड़ बि गासो, लोक बि तमाशो।
हिन्दी अनु. गाँठ से पैसा भी खर्च हो, और लोक भी हँसे। (जब आपस में कोई लड़ें, अदालत वगैरह में जाएँ, तब कहते हैं।)

Eng. tr. The money is spent from one's pouch and the people laugh too.

हरिणी अग्रोई न चिणी, वेतरि प्यसि धिंडिणी।

हिन्दी अनु. हरिन पहले ही चंचल, उस पर तुर्रा यह कि उसे घंटी बाँधी गई है। (उस की आवाज पर और भी उछल कूद करती है। बुरे मनुष्य को प्रोत्साहन मिले तो वह और भी बुराई करेगा।)

Eng. tr. Deer are already very restless and besides bells were tied round their necks (i.e. they were given reason for more restlessness).

हिकिडा डुख, ब्यूं डुंगियूं।

हिन्दी अनु. एक तो पहले ही कष्ट हैं, ऊपर से दूसरे संकट आ पड़े।

Eng. tr. Already there is tough work, and besides troubles have poured in.

मराठी अगोदर असला त्यात बैलावर बसला.

हिन्दी अनु. पहले से ऐंठा (अब तो) बैल पर बैठा। (स्वभाव से ही घमंडी व्यक्ति बड़ा ओहदा पाने पर और घमंडी बन जाता है।)

Eng. tr. Showy by nature and here he rides a bullock.

आधीच आंधळी, तीवर झाली मांज़ोळी.

हिन्दी अनु. पहले अंधी तिस पर गुहांजनी।

Eng. tr. Already blind and now has a pig-stye.

आधीच (बोंबलण्याचा) उल्हास, त्यात (आला) फाल्गुन मास.

हिन्दी अनु. पहले ही (शंख बनाने में) उल्लास तिस पर (आया) फाल्गुन मास।

Eng. tr. Already has enthusiasm (to shout) and, to add to it, the month of Phalgun comes. (This month has the festival of Holi celebrated when shouting and hooliganism knows no bounds.)

आधीच गाढव त्यात उकिरड्याचा शेज़ार.

हिन्दी अनु. पहले ही गधा, उस पर ढेर पड़ोस में पड़ा। (पहले से ही बुरी आदत में फँसे व्यक्ति को अनुकूल अवसर प्राप्त हो जाना।)

Eng. tr. Already a donkey and has a rubbish heap in the neighbourhood.

आधीच तसले अन् घोड्यावर बसले.

हिन्दी अनु. पहले से ही वैसा और घोड़े पर बैठा।

Eng. tr. Already excitable by nature and now gets a horse to sit on.

आधीच तारे, त्यात गेले वारे.

हिन्दी अनु. पहले तो पतवार खुली, उस में हवा चली।

Eng. tr. Already a boat with a sail, and more over the wind blew with gusto. (Already crack-minded and now (he is) possessed.)

आधीच दुराचारी आणि स्त्री-राज्यात कारभारी.

हिन्दी अनु. पहले तो स्वैराचारी तिस पर स्त्री-राज्य में अधिकारी।

Eng. tr. 1. Already a debauch and (to crown it all) is a boss in the world of women.
2. Already a debauch and is given authority in the world of women.

आधीच (बाई) नाचरी, तिच्या पायी बांधली घागरी.

हिन्दी अनु. पहले से ही नाचनेवाली, उस के पैरों में बांधी पायल। (मनुष्य की सहजात वृत्ति अनुकूल परिस्थिती के प्राप्त होते ही उफन कर बाहर आती है।)

Eng. tr. Already a dancer and has bell-anklets tied round her ankles.

आधीच पिचके त्यात दात विचके.

हिन्दी अनु. पहले ही पींचपीची आँखें तिस पर दाँत निपोड़े। (कुरूपता को बढ़ाने वाली चेष्टाएँ कुरूप मनुष्य के द्वारा जब की जाती हों।)

Eng. tr. Already has slits for his eyes and also grins to show his teeth.

आधीच बंड तसला त्यात बैलावर बसला.

हिन्दी अनु. (अ) पहले से ही उद्दण्ड तिस पर बैठा बैल पर।
(आ) पहले से ही ऐसा तिस पर बैल पर बैठा।

Eng. tr. He is already a mischievous person and (to crown it all) now sits on an ox.

आधीच बहुबावळी अन् त्यात खाल्ली भांग.

हिन्दी अनु. पहले से ही पागल और उस में पी भंग।

Eng. tr. Already a very silly person, on top of which, she eats hemp.

आधीच मर्कट तशातही मद्य प्याला.

हिन्दी अनु. पहले तो बंदर, उस में किया सुरापान।

Eng. tr. A monkey already and to add to it all, drinks liquor.

आधीच हौस, त्यात पडला पाऊस.

हिन्दी अनु. पहले से ही हवास, उस में रही पावस। (यह कहावत अभावसूचक है। कोई व्यक्ति पहले से ही काम करना न चाहता हो और उस को अनुकूल स्थिति प्राप्त हो जाय तो इस कहावत का प्रयोग किया जाता है।)

Eng. tr. Already greatly interested, and (to wash it all) the rain comes down. (Said sarcastically to a person whose work done without interest is destroyed.)

उपाशाचे घरी ढेकणांचा सुकाळ.

हिन्दी अनु. भूखे के घर खटमलों की बहुतायत। (गरीब को सभी ओर से पीडाएँ सताती हैं।)

Eng. tr. Abundance of bed-bugs in the house of the hungry. (i.e. The man is already poor and has nothing to eat, and besides, the bed-bugs worry him too. Trouble along-with poverty.)

घरचे झाले थोडे आणि व्याह्याने धाडले घोडे, तेही तीन पायाने लंगडे.

हिन्दी अनु. घर का रहा थोड़ा और समधी ने भेजा घोड़ा, वह भी तीन पाँव से लंगड़ा।

Eng. tr. As though there were less trouble at home (feeding one's own cattle), the son's (or daughter's) father-in-law sends a horse as a gift that has three lame legs. (He cannot refuse the gift given by a relation made by marriage, and doesn't know how to take care of the horse, when his own cattle don't have enough to eat.)

माकडाच्या हाती कोलीत.

हिन्दी अनु. बंदर के हाथ में पलीता।

Eng. tr. A firebrand in the hands of a monkey.

गुजराती **आंगणे कूवो ने वहु उछाछळां.**

हिन्दी अनु. आँगन में कुआँ और बहू शरारती। (उच्छृंखल।) (लडाकू।)

Eng. tr. A well in the yard and impertinent (ungovernable) wife.

गांडी ने वळी भूते साही.

हिन्दी अनु. पागल और भूत की बाधा।

Eng. tr. Already a mad woman, and in addition, possessed (seized) by a ghost.

कारेला ने वळी नीम पर चडा.

हिन्दी अनु. करेला और नीम चढ़ा।

Eng. tr. A creeper of squirting cucumber (bitter gourd) and in addition, climbed a neem tree.

गधेडो ने बगाइओ वळगी.

हिन्दी अनु. गधे को लगी चमजूई।

Eng. tr. Already a donkey, and (in addition) troubled by ticks.

घेली ने वळी भूतनो वासो.

हिन्दी अनु. पागल और फिर भूत की बाधा। (भूत से पीड़ित।)

Eng. tr. Already she is mad, and in addition haunted by a ghost.

नकटी ने वळी सळेखम थयो.

हिन्दी अनु. नकटी और ऊपर से जुकाम हुआ।

Eng. tr. Already club-nosed, and in addition she caught cold.

भूतनां हाथमां मशाल.

हिन्दी अनु. भूत के हाथ में मशाल।

Eng. tr. A burning torch in the hand of a ghost. (doubly dreadful.)

मनमां उल्लास, ने वळी फाल्गुन मास.

हिन्दी अनु. मन में फुर्ती और फिर फाल्गुन मास।

Eng. tr. Already jubilant in mind, and in addition there is the month of Phalgun.

मरकट, ने वळी मदिरा पायो.

हिन्दी अनु. बंदर और ऊपर से शराब पिलाई।
Eng. tr. Already a monkey, and in addition made to drink wine (given wine).

मूळ मियां गांडा, ने वळी भांग पीधी.

हिन्दी अनु. एक तो मियाजी पागल और ऊपर से भंग पी ली।
Eng. tr. Miyan was already insane (mad), and in addition to that he took a preparation of hemp.

मूळ वाघरी, तेमां वळी लुटाया.

हिन्दी अनु. एक तो वाघरी और ऊपर से लुट गये।
(वाघरी – एक अत्यन्त गरीब और घुमक्कड़ कौम।)
Eng. tr. Already a vaghari, and in addition to it he was plundered (looted). वाघरी – nomad.

वांदरनां हाथमां छरी.

हिन्दी अनु. बंदर के हाथ में छुरी।
Eng. tr. 1. A knife (dagger) in the hand of an ape.
2. An ape with a dagger.

वांदरनां हाथमां नीसरणी.

हिन्दी अनु. बंदर के हाथ में सीढ़ी।
Eng. tr. An ape in possession of a ladder.

वा उपर वराध.

हिन्दी अनु. वात-व्याधि, तिस पर खांसी।
Eng. tr. Whooping cough in addition to rheumatism.
(वराध – Name of a disease of children; whooping cough.)

वायडो ने वळी वा दीधो.

हिन्दी अनु. बातूना और ऊपर से सन्निपात का असर।
Eng. tr. Already obstinate (self-willed), and in addition affected by epilepsy.

वाळंद ने वळी वहेलमां बेठो.

हिन्दी अनु. नाई और फिर बैलगाड़ी में बैठा। (राजपूत की दुल्हन को लिवाने खाली सजी हुई बैलगाड़ी जाती है और साथ में नाई भी जाता है।)
Eng. tr. Already a barber, and in addition sat in a carriage. (So he is bound to be pulled up with pride.)

सांकडी शेरी ने वच्चे साप.

हिन्दी अनु. सकरी गली और बीच में साँप।
Eng. tr. A narrow lane and in the middle of it a snake.

हीरो ने वळी कुंदने जड्यो.

हिन्दी अनु. हीरा और फिर सोने में जड़ा।

Eng. tr. A diamond and studded in gold.

बाङ्ला एका रामे रक्षा नाइ, सुग्रीव दोसर।

हिन्दी अनु. अकेले राम से छुटकारा नहीं था अब सुग्रीव साथ में है।

Eng. tr. Rama alone was quite formidable and now Sugreeva joins him.

एकेइ नाचुनी बुड़ी, तार उपर ढोलेर तुड़ि।

पाठभेद एके बउ नाचुनी, ताय खेमटार बाजनी।

हिन्दी अनु. एक तो बुढ़िया / बहू नाचनी, ऊपर से ढोल की आवाज।

Eng. tr. Already the old hag / wife was a dancer, and now she listens the beat of a drum.

एके गोरा गा, ताय पोयेर मा।

हिन्दी अनु. एक तो गौरी, ऊपर से पुत्रवती।

Eng. tr. Already she had a fair physique, and now mother of a son.

एके बेराल कालो, ताय पाँश-गादाते गेल।

हिन्दी अनु. एक तो बिल्ली काली, उस पर कूड़े से सनी।

Eng. tr. It's a black cat already, and now it has rolled on a dung-heap.

एके मनसा, ताय धुनोर गंध।

हिन्दी अनु. एक तो मनसा, उस पर धूप की गंध।

Eng. tr. Already 'Manasa' (dancer) and now incensed by the fragrance of resin.

गोदेर उपर विषफोड़ा।

हिन्दी अनु. फूले पर फोड़ा।

Eng. tr. A pimple on the swollen part.

ढाकेर उपर ढेंकि।

हिन्दी अनु. ढोल के ऊपर ओखली। (की आवाज।)

Eng. tr. To the sound of large drum is added the sound of husking pedal.

दुःखेर उपर टनकेर घा।

हिन्दी अनु. दुःख में फोड़े का दर्द।

Eng. tr. Agony added to the pains.

बानरेर हाते खन्ता।

हिन्दी अनु. बंदर के हाथ में कुदाल।

Eng. tr. A spade in the hands of a monkey.

असमीया एकै बुढ़ी नाचनी, ताते नातिर बिया।
हिन्दी अनु. एक तो बुढ़िया नाचनी, तिस पर नाती का ब्याह।
Eng. tr. The old lady is already restless with joy and now it is her grand-daughter's marriage.

एकै मरे शोके तापे, तार उपरि कुकुर जापे।
हिन्दी अनु. पहले ही दुःखाग्नि में जल रहा है, उस पर और कुत्ता पीछे लगा।
Eng. tr. A man is dreadfully afflicted with sorrow and the dog is also set on him.

एकै मरों ऋषिर शापत, ताते दिये धानर भापत।
हिन्दी अनु. ऋषि के शाप से यूँ ही मर रहा हूँ, उस पर अनाज का उत्ताप।
Eng. tr. I am dying of a curse of a sage, and in addition I am put in the pot of boiling paddy.

एकै रामे रक्षा नाइ सुग्रीब दोहार।
हिन्दी अनु. एक राम से ही बचना मुश्किल, तिस पर साथ है सुग्रीव।
Eng. tr. Rama alone is enough adversary, again Sugriva has come to his assistance.

एकै शालमाछ ताते बाहि गारे पोरा।
हिन्दी अनु. यों ही शाल मछली खाने योग्य नहीं, उपरान्त बिन नहाये भूनी हुई।
Eng. tr. Firstly it is only a shal fish moreover it has been fried by one who has not taken bath.

काटा घात कला खार।
हिन्दी अनु. कटे घांव में सज्जी-खार।
Eng. tr. Alkali in a cut wound.

काटा यि काटा रेपा किय ?
हिन्दी अनु. काटो, जितना चाहे काटो, पर तक़लीफ क्यों देते हो ?
Eng. tr. Cut, if you like, but why painfully ?

फुटा चकुतहे कुटा परे।
हिन्दी अनु. फूटी आँख में तिनका गिरे।
Eng. tr. A straw fell into an injured eye.

बोजार ओपरत शाकर आटि।
हिन्दी अनु. बोझ के ऊपर और सब्जी की गठरी।
Eng. tr. Bundle of leafy vegetable over a load.

भालुकक खन्टा दिया।
हिन्दी अनु. रींछ के हाथ में कुदाली।
Eng. tr. To give a spade to a bear.

ओड़िआ गोदर गोड़रे बिषफोटका।
हिन्दी अनु. हाथी पाँव से फूले पैर में विषस्फोट। (संकट में संकट।)
Eng. tr. A poisonous eruption on leg suffering from elephantasis.

बाया हातरे निआँ खपरा।
हिन्दी अनु. पगले के हाथ में आग का वर्तन।
Eng. tr. A vessel of fire in the hands of the mad one.

तमिऴ अऴ्ळादवन् वायिल् कळ्ळै वार्.
हिन्दी अनु. दुष्ट को शराब पिलाओ।
Eng. tr. Pour toddy in the mouth of the wicked.

एरुकवे मामि पेय्क्कोलम् अदिलुम् कोंजम् माक्कोलम्.
हिन्दी अनु. पहले ही सास पिशाचिनी जैसी है, तिस पर मुख पर रंगोली और पुता रहे तो।
Eng. tr. The mother-in-law is frightfully ugly already, and the flour on her face makes her so even more.

कुरंगिन् कैयिल् कोळ्ळि अगपट्ट.
हिन्दी अनु. बंदर के हाथ में लुआंठ।
Eng. tr. A fire-brand in the hand of a monkey.

कुरंगु कळ्ळुम् कुडित्तु, तेळुम् कोट्टिनाल् अन्न गदि आगुम्.
हिन्दी अनु. बन्दर नशे में भी हो, तिस पर बिच्छू उसे डंक भी मार दे, तो उस की क्या दशा हो ?
Eng. tr. What will happen if an intoxicated monkey gets stung by a scorpion ?

कुरंगु कळ्ळुम् कुडित्तु, पेयुम् पिडित्तु, तेळम् कोडिनाल् अन्न गदिआगुम्?
हिन्दी अनु. बन्दर नशा में रहे, मंत्रजाल में फँसे, और तिस पर बिच्छू डंक मारे तो क्या होगा ?
Eng. tr. What would happen if an intoxicated monkey gets under the spell of a charm and moreover gets stung by a scorpion?

केट्ट कुडिक्कु ओरु दुशटप् पिळ्ळै.
हिन्दी अनु. ग़रीब परिवार के लिये एक दुष्ट पुत्र।
Eng. tr. A vicious child in a poor family.

मुदले दुर्प्पलै अदिले कर्प्पिणि.
हिन्दी अनु. पहले ही वह कमजोर, उस पर गर्भिणी।
Eng. tr. Already weak and withal pregnant.

वीडु ऎल्लाम् कुरुडु, वाशल् ऎल्लाम् किणरु.
हिन्दी अनु. घर के सभी अंधे, और घर के चारो ओर कुएँ।
Eng. tr. The inmates of the house are all blind, and there are wells all over the yard.

तेलुगु असले अयोमयम् अंदुकु तोडु अंधकारम.
हिन्दी अनु. एक तो बुद्दू, तिस पर अंधेरे में फँसा हुआ।
Eng. tr. A block-head caught in darkness.

असले कुरच अंदुलो सुंति.
हिन्दी अनु. पहले तो (लंड) छोटा, तिस पर सुन्नत।

Eng. tr. He has already a short (penis), and besides it has been circumcised.

असले कोति अंदुलो कल्लु तागिंदि पैन तेलु कुट्टिंदि.

हिन्दी अनु. एक तो बंदर, तिस पर शराब का नशा, और बिच्छू का दंश।

Eng. tr. Firstly a monkey, moreover drunk, and stung by a scorpion.

इल्लु इरकटम्, आलि मरकटम्.

हिन्दी अनु. घर तंग है, घरवाली बन्दर है।

Eng. tr. The house is small and the wife like a monkey. (Double difficulty.)

करुवुलो अधिकमासं.

हिन्दी अनु. अकाल में अधिक मास आया।

Eng. tr. Extra month in famine time.

मोदले कुंटिकालु दानिकि तोड्डु पक्षवातं.

हिन्दी अनु. एक तो लंगड़ा, तिस पर हुआ लकवा।

Eng. tr. Originally he was lame, and he has now paralysis.

हास्यगानिकि तेलु कुट्टिनट्टु.

हिन्दी अनु. विदूषक को बिच्छू का डंक।

Eng. tr. Like a scorpion stinging a jester.

कन्नड अळुव अज्जि तलेय मेले ओरळु कल्लु ऎत्ति हाकिद.

हिन्दी अनु. पहले ही नानी रोती थी, उस के सिर पर बट्टा डाल दिया।

Eng. tr. Threw the muller on the head of the weeping grand-mother.

अट्टदिन्द बिद्दवनन्नु दडियिन्द चच्चिदरु.

हिन्दी अनु. अटारी से गिरे हुए पर लाठी की मार।

Eng. tr. They beat with a stick the person who fell down from the stairs.

अरे मरुळगे मरुळ नायि कच्चितन्ते.

हिन्दी अनु. जैसे दीवाने को पागल कुत्ते ने काट लिया हो।

Eng. tr. A mad dog bit an oldman, half out of his wits.

मंगनिगे भंगि तिन्निसिदन्ते.

हिन्दी अनु. है तो बंदर, तिस पर भंग का नशा।

Eng. tr. Already a monkey and moreover intoxicated.

मोदले कोळे, अदर मेले मळे.

हिन्दी अनु. पहले तो उकिरड़ा, उस पर बरसात।

Eng. tr. Already a heap of filth and a shower above.

मलयाळम् इटिवेट्टियवने पाम्पु कटिच्चु.

हिन्दी अनु. जिस पर बिजली गिरी, उस को साँप ने डस लिया।

Eng. tr. One who was thunder-struck, got bitten by the snake.

उळ्ळ कञ्जियिलुं पाट्टवीणु.

हिन्दी अनु. जो भी दालिया थी, उस में पड़ा तिलचट्टा।
Eng. tr. A cockroach fell in whatever gruel that was available.

कूनिन् मेल कुरु.

हिन्दी अनु. कूबड़पर फफोला।
Eng. tr. A boil on the hunch.

पण्टे दुब्बेला, पिन्नेयो गर्भिणी, पोराञ्ञिट्टुं बाधयुटे उपद्रववुं.

हिन्दी अनु. पहले से अबला, फिर गर्भिणी, तिस पर भूतबाधा।
Eng. tr. Firstly the woman was weak, now she was also in the family way, and to tower it all, she was haunted by an evil spirit.

संस्कृत मर्कटस्य सुरापानं तस्य वृश्चिकदंशनम्।
तन्मध्ये भूतसंचारो, यद्वा तद्वा भविष्यति।

हिन्दी अनु. एक तो बंदर, उस में उसे शराब पिलायी, उस पर उसे बिच्छू ने डंख मारा और तिस पर उस में भूत का संचार हुआ, तब वह क्या न करेगा सो थोड़ा।
Eng. tr. If a monkey is made to drink wine, then gets a sting from a scorpion, is further possessed by an evil spirit, you can expect the worst to result.

३२

एक पंथ दो काज।

आशय

एक ही कारण के दो अच्छे परिणाम कभी कभी निकल सकते हैं। उतनी ही मेहनत से दो विभिन्न काज जब संपन्न हो जाते हैं और दुगना लाभ होता है तब इन कहावतों का प्रयोग होता है। मराठी में कहते हैं — "एक पत्थर से दो पंछी (मारना)।"

Subject

At times, it is possible to follow one path and achieve two objectives at the same time. These proverbs are said at such times. For instance, the Marathi proverb—"To kill two birds in one stone."

हिन्दी एक पंथ दो काज।
Eng. tr. One road and two objects.

चलो सखी, वहाँ चले,, जहाँ बसे बृजराज।
गोरस बेचत हरि मिले, एक पंथ दो काज॥ (स्त्री.)

Eng. tr. Come friend, let us go to the place where the sovereign of Vrij lives, to sell our milk and meet Krishna, thus do two works in one action.

पीपल पूजन मैं चली, निगम बोध के घाट ।
पीपल पूजत पी मिले, एक पंथ दो काज ॥

Eng. tr. I went to worship at the Pipal tree on the banks of Nigambodha. I met my love at the Pipal tree and performed two objects at one time.

सुकठिक बनिज पसुपतिक दर्सन । (मुज.)
(मिथिला के लोग नेपाल जा कर सूखी मछली का व्यापार करते हैं, जिस से दो मतलब साधते हैं । पैसे मिलते हैं और पसुपति का दर्शन होता है ।)

Eng. tr. They trade in dried fish and worship Pashupatinath also.

ENGLISH 1. To kill two birds with one stone.
2. To kill two flies with one flap.

उर्दू दवा की दवा, गिज़ा की गिज़ा ।
Eng. tr. It is both food and medicine.

पंजाबी इक पंथ, दो काज ।
हिन्दी अनु. एक पंथ, दो काज ।
Eng. tr. To achieve two ends in one journey.

नाले देवी दे दर्शन नाले वंझा दा वपार ।
हिन्दी अनु. एक तो देवी के दर्शन, साथ साथ व्याज़ का व्यापार ।
Eng. tr. A visit to the temple of the Goddess and trade of onions in addition.

सिंधी एक पंथु दो काज ।
हिन्दी अनु. एक पंथ दो काज ।
Eng. tr. One trip and two duties (done).

मराठी अय्ये तेरावो मोणुयी ज़ालो, घारी खेळी मेणुया ज़ाली. (गो.)
हिन्दी अनु. दादी का बारहवाँ भी हुआ और लड्डू भी खाने को मिले ।
Eng. tr. Gets satisfaction by having done the religious rites for the dead grand-mother (on the 13th day from her death) and having eaten sweets on the same day. (Certain kinds of sweets are demanded by the rites.)

एका दगडाने दोन पक्षी मारणे.
हिन्दी अनु. एक पत्थर से दो पंछी मारना ।
Eng. tr. To kill two birds with one stone.

गुजराती एक कांकरे बे पक्षी मारे.
हिन्दी अनु. एक कंकर (पत्थर) से दो पक्षी मारे ।

Eng. tr. (So clever that) he would hit two birds with one stone.

एक पंथ बे काज.

हिन्दी अनु. एक पंथ दो काज ।

Eng. tr. One path with two aims (works).

दाढीनी दाढी, ने सावरणीनी सावरणी.

हिन्दी अनु. दाढ़ी की दाढ़ी और झाड़ू की झाड़ू ।

Eng. tr. A beard is a beard as well as a broom.

बाङ्ला एक कर्मे दुइ कर्म, ठाकुरझिर बिये आर नवान्न ।

हिन्दी अनु. एक ही साथ दो काम, इधर नवान्न आया, उधर ननद का विवाह हुआ ।

Eng. tr. To accomplish two tasks simultaneously; the daughter's marriage as well as the harvest feast.

एक ढिले दु' पाखी मारा।

हिन्दी अनु. एक ढेले से दो पक्षी मारना ।

Eng. tr. To kill two birds with one stone.

कपालओ चुलकानो, सेलामओ बाजानो ।

हिन्दी. अनु. माथा भी खुजलाया, सलाम भी बजाया ।

Eng. tr. (A forced reception) saluting a person in such a way that while he thinks it is a salute, you actually scratch your brow.

रथ देखा कला बेचा।

हिन्दी अनु. केला भी बेचा, रथ का मेला भी देखा ।

Eng. tr. Saw the chariot-procession and at the same time sold the bananas.

असमीया आइरो बार्ता, गङ्गारो यात्रा ।

हिन्दी अनु. माँ से बातचीत भी (हुई), गंगा की यात्रा भी।

Eng. tr. Going to enquire of mother and taking a dip in the Ganga.

एक बुरीर दुइ काम, धान बाने चोहे आम ।

हिन्दी अनु. एक बुढ़िया के एक साथ दो काम : आम भी खाये और धान भी कूटे।

Eng. tr. An old woman has two jobs : husking rice and eating mangoes simultaneously.

ओड़िआ कन्यादेखा बाइगण बिका एका हाटरे हेबा न्याय ।

हिन्दी अनु. एक ही बाजार में लडकी भी देखी और बैंगन भी बेचे।

Eng. tr. To be able to see a girl for a bride, as well as sell brinjals on the same trip to the market bazar.

गोटाए ढेलारे दुइटा आंब झाडिबा ।

हिन्दी अनु. एक पत्थर से दो आम गिराना।

Eng. tr. To bring down two mangoes with one stone.

जात्रा देखा, कदली बिका, एक बाटरे दुइ काज।

हिन्दी अनु. मेला भी देखा, केले भी बिके, एक साथ दो काम हुए।

हिन्दी अनु. आम के बाग़ में आम महंगा।
Eng. tr. The mangoes are costlier in a mango-grove.

मयरार छेले मण्डा खाय ना।
हिन्दी अनु. हलवाई का लड़का मिठाई नहीं खाता।
Eng. tr. Son of a confectioner would not eat the sweets (lest there be loss in the business or because familiarity breeds contempt).

मयरार छेले संदेश खाय ना।
हिन्दी अनु. हलवाई का लड़का संदेश (एक मिठाई) नहीं खाता।
Eng. tr. Son of the confectioner does not eat the sweets.

लक्ष्मीर मा भिक्षा मागे।
हिन्दी अनु. लक्ष्मी की मां भीख मांगे।
Eng. tr. Mother of Laxmi (Goddess of wealth) is herself begging.

असमीया कमारर घरर बुढ़ा दा, कुमारर घरर भगा चक।
हिन्दी अनु. लोहार के घर भोथरा दाव, कुम्हार के घर टूटा पात्र (मटका)।
Eng. tr. The black-smith has a blunt scraper, and the potter has a broken pot.

ओड़िआ तेली पुअ लुखुरा।
हिन्दी अनु. तेली का बेटा सूखे (बिना तेल लगाये) बालों का रहे।
Eng. tr. Oilman's son goes without oil for his hair.

धोति बुणे भुलिआ, पिंधे लेंकडा, केऊट धरे माछ खाए कंकडा।
हिन्दी अनु. धोती बुने बुनकर पहने चिथड़ा, मछुआ मछली पकड़े खुद खाए केंकड़ा।
Eng. tr. The weaver weaves 'dhoti' but wears a loin cloth (a small dhoti, towellike), the fisherman catches fish but eats (only) crabs.

तमिळ तीप्पट्ट वीट्टिले करिक्कै पंजमा ?
हिन्दी अनु. जले घर में कोयले की क्या कमी ?

Eng. tr. Is there a lack of charred wood in a house on fire?

तोट्टप् पाय् मुडैकिरवनुक्कुत् तूंगप् पाय् इल्लै.

हिन्दी अनु. बगीचे में टोकरी बुननेवाले को सोने के लिए चटाई नहीं।

Eng. tr. One who weaves mats in the garden has no mat for himself to sleep on.

पन्नकारन् पेण्डिल् पणियक् किडंदु शेत्ताळाम्.

हिन्दी अनु. चटाई बनानेवाले की स्त्री खाली जमीन पर पड़े पड़े मरी।

Eng. tr. The wife of the mat-maker died on the ground.

तेलुगु कम्मरिकि तेड्डु करवु.

हिन्दी अनु. लुहार के पास सीखचों की कमी।

Eng. tr. Scarcity of iron rods with a black-smith.

कुम्मरिवानिकि कुंड करवु.

हिन्दी अनु. कुम्हार के घर मटकों का अभाव।

Eng. tr. Scarcity of earthen pots at the potter's house.

मादिगकु चेप्पुलु करवु.

हिन्दी अनु. चमार के घर जूतों का अकाल।

Eng. tr. Scarcity of shoes in a cobbler's house.

मादिगवाडिभालु अयिना, माळे कालिकि चेप्पुलेदु.

हिन्दी अनु. चमार की जोरू, पर जलनेवाले पैरों में जूतें नहीं।

Eng. tr. Though a cobbler's wife, she has no sandals for her burning feet.

सालेकु बट्ट करवु.

हिन्दी अनु. जुलाहे के लिये कपड़ों की कमी।

Eng. tr. Shortage of cloth for a weaver.

कन्नड गुळद अंगडियल्लि नोणक्केनु हेगाळ?

हिन्दी अनु. मिठाई की दूकान में मक्खियों का क्या अभाव?

Eng. tr. Is there a scarcity of flies in the sweet-meat-shop?

गोल्लर अरसागि मज्जिगेगे दरिद्र.

हिन्दी अनु. गोवालों का राजा छाछ का मुँहताज।

Eng. tr. The king of cow-grazers in need of butter-milk.

गौरि हब्बदल्लि तेंगिन कायिगे अत्तरु; मदुवे मनेयल्लि तोव्विगे अत्तरु.

हिन्दी अनु. गौरी पूजा के त्यौहार में नारियल के लिये रोया, और ब्याह में लड्डू के लिये रोया।
(त्योहार में नारियल, और ब्याह में मिठाइयाँ विपुल होती हैं।)

Eng. tr. Wept for coconut in Gowri festival and for sweets in the marriage house. (Coconuts are in plenty in Gowri festival and sweets in marriage house. So he starved in plenty.)

	नेयगेयवन मे बत्तले.
हिन्दी अनु.	जुलाहे का तन नंगा।
Eng. tr.	The body of the weaver is naked.
मलयाळम्	वैद्यन्टे अम्म पुळुत्ते चावू.
हिन्दी अनु.	वैद्य की माँ सड़-गलकर ही मरेगी।
Eng. tr.	It is an irony of fate, that the physician's mother dies of putrefaction caused by germs.

४४

कैसी यह जोड़ी! [समेल]

आशय

कभी कभी स्वभावतः एक दूसरे से ठीक मिलनेवाले व्यक्तियों की जोड़ी बनती है। दोनों में कुछ ऐसी त्रुटियाँ रहती हैं, या दोनों में एक से गुण दिखायी देते हैं, कि ऐसा लगता है, मानो भगवान ने यह कैसी ठीक समेल जोड़ी बनायी है। कन्नड की यह कहावत देखिये – "बुद्दू कहता है और बहरा सुनता है।"

Subject

There are things and people almost made for each other. The following set expresses this idea. For example, a Kannada proverb tells us of pair well suited – "The dunce tells, and the deaf man hears."

हिन्दी	अंधा गुरु, बहरा चेला, मांगे हड़ दे बहेड़ा।
Eng. tr.	A blind teacher and a deaf disciple, when asked for myrobolans, brought gallnuts.
	अंधा सिपाही, कानी घोड़ी, विधना ने आप मिलाई जोड़ी।
Eng. tr.	Between the blind soldier and his one-eyed mare, providence hath created friendship.
	अकलँड कनिया चकलँड बर। (चम्पा.) (कन्या भी मूर्ख, वर भी मूर्ख।)
Eng. tr.	A foolish bride-groom to a stupid bride.
	उत से अंधा आय है, इत से अंधा जाय। अंधे से अंधा मिले, कौन बताये राय॥
Eng. tr.	A blind man starts from there, and a blind man starts from here; when the blind man meets the blind man, who shall show the onward way?

काठका घोड़ा, लोहे की जीन, जिस पर बैठे लंगड़-दीन।
(यह एक पहेली भी है। उत्तर है: 'बैसाखी।')

Eng. tr. A wooden horse and an iron saddle, on which sits lame jack. (It is also a riddle. Answer is: 'A crutch.')

चाचा चोर, भतीजा काज़ी।

Eng. tr. The uncle thief, and the nephew judge.

जइसन उदई ओइसन भान, उन्हुका चिरुकी न इन्हिका कान। (शाहा. चंपा.)
(जैसा उदइ है वैसा ही भान। इस को टीक नहीं, उसको कान नहीं। (उदई और भान, दोनों व्यक्तियों के नाम।)

Eng. tr. As is Udai, so is Bhan. One has no tuft of hair on the head, and other has no ear. (Udai and Bhan are proper names.)

धनि आन्हर पिया खोट, दुनू मिलला जोड़म जोड़। (मुज.)
(पत्नि अंधी और पति काना। दोनों की अच्छी जोड़ी लगी है।)

Eng. tr. What a couple! Blind wife and one-eyed husband.

बाप ओझा, माँ डायन।

Eng. tr. The father a wizard, the mother a witch.

बामन नाचे, धोबी देखे।

Eng. tr. A Brahmin dances and the washerman sees.

बामन मंत्री, भाट खवास, उस राजा का होवे नास।

Eng. tr. With a Brahmin for minister, and a bard for favourite, the Raja will be ruined.

बारह बरस की कन्या और छटी रात का बर, मन माने सो कर।

Eng. tr. The bride of twelve years and the bride-groom of six days old may do as they will. (An allusion to child marriage and its evil.)

बोळो पूछ् बोळीनै, कांई रांधां होळीनै। (राज.)
(बहरा बहरी से पूछता है कि होली के दिन क्या रांधें?)

Eng. tr. The deaf man asks the deaf woman what she will cook for the Holi-festival.

मां धोबन, पूत बजाज।

Eng. tr. The mother a laundress, and the son draper.

मां पिसन-हारी, पूत छैला, चूतड़पर बांधे बूर का थैला।

Eng. tr. The mother a grinder of corn and the son a fop, swaggering with a bag of chaff on his buttocks.

माटी के घोडा सूत के लगाम। (चंपा.)

Eng. tr. Bridle of yarn for a horse of mud.

मैं भाटिन और पिया जात चमार । (चंपा.)
(मैं भाटिन और पति चमार ।)

Eng. tr. I am a flatterer and my husband a cobbler.

राम मिलाई जोड़ी, एक अंधा एक कोढ़ी ।

Eng. tr. God has well matched them; the one is blind, and the other leprous.

राय मिळिया रे ! राय मिळिया ! हूंता जेहड़ा आय मिळिया । (राज.)
(राय मिले रे ! राय मिले ! जैसे थे वैसे आय मिले ।)

Eng. tr. Lord meets Lord; like always meets like.

लंगट पड़ले उधार के पाले ।

Eng. tr. The shameless has fallen into the power of the necked.

लापट गुरु, लापट चेला, लापट लापट भेंट भेला । (पट.)

Eng. tr. A foolish student of a stupid teacher, what a pair !

लोभी गुरु, लालची चेला, वह मांगे भेली, यह दे ढ़ेला ।

Eng tr. Avaricious teacher and a greedy pupil, he asks for a lump of molasses and the other gives a clod of mud.

ENGLISH 1. Lord like, like chaplain.
2. Such captain, such retinue.

उर्दू अंधा हादी, बहिरा मुर्शिदा ।

Eng. tr. A blind guide and a deaf follower.

अंधे हाफिज़, काने नवाब ।

Eng. tr. Blind is Hafij, one-eyed is Navab. (The Hafiz is one who knows the Quoran by heart, is given by courtesy commonly to a blind and like wise; Navab — Lord.)

खूब गुज़रेगी, जो मिल बैठेंगे दीवाने दो ।

Eng. tr. When mad man meets a mad man, they spend a jolly time.

शागिर्द कहर, उस्ताद ग़ज़ब ।

Eng. tr. The oppressive servant, a tyrant master.

पंजाबी चोर उचक्का चौधरी, गुंड़ी रन परधान ।

हिन्दी अनु. चोर उचक्के चौधरी बने और छिनाल बनी प्रधान ।

Eng. tr. Thieves, pickpockets and rascals are the headmen, and profligate women have become respectable.

रब मिलाई जोड़ी इक अन्ना ते इक कोढ़ी ।

हिन्दी अनु. राम मिलाई जोड़ी एक अन्धा एक कोढ़ी ।

Eng. tr. What a comradeship, O God, you have formed ! One is blind, the other is a leper.

सा नूं सज्जण सो मिले, गल लगीं बाहीं।
साडे उत्ते जुल्लीआं, उना ते ओ वी नाही।

हिन्दी अनु. हम को साजन वो मिले, जिन की गले में बांह,
अपने पास तो लिहाफ है, उस के पास वह भी नहीं।

Eng. tr. We got friends, who were worst than us. We have old quilts, but they have nothing.

कश्मीरी अनि रठ् कानि पिलव्।

हिन्दी अनु. अन्धे पकड़ और काने पकड़ाओ। .

Eng. tr. Catch O blindman, and pass on oh one-eyed one.

मत्यव् अनेथि न्वशाह् स्वति द्रायि मचुँय्।

हिन्दी अनु. पगलों ने वधूटी जो लाई, वह भी पगली निकली।

Eng. tr. The insane family brought a daughter-in-law, she too turned out to be insane.

यार्बाश् बायो, माल्ज़ाथ् बेनि लजियो।

हिन्दी अनु. मेरे जार भाई, तेरी वेश्या बहन बलि जाये।

Eng tr. O my vagabond brother, your whore sister is being sacrificed for you.

सिंधी अंधनि विहाईं मंडा न चनि, टुंडा पाईनि फेयूँ।

हिन्दी अनु. अंधों के विवाह में लंगड़े नाचते हैं और टुंडे झूम कर नाचते हैं।

Eng. tr. The lame dance and the cripple sway in the wedding of the blind.

न का घटि घोट में न का कमी क्वांरि।

हिन्दी अनु. न तो दूल्हे में कमी है, न दुलहन में ही कमी है।

Eng. tr. There is fault in neither the bride-groom nor the bride. (i.e. both the parties are equal if they want to fight.)

मराठी अंधळा गुरु बहिरा चेला.

हिन्दी अनु. अंधा गुरु बहरा चेला।

Eng. tr. The master is blind and the pupil deaf.

आई एली, बाय तेली, आणि मुलगा शेख चिली.

हिन्दी अनु. माँ नौकरानी, बाप तेली, और लड़का शेख चिल्ली।

Eng. tr. The mother is a maid-servant, the father is an oil-man, and the son is Sheikh-Chilli--(gives himself airs).

आई भेरी, बाप पडघम आणि संबळ भाऊ.

हिन्दी अनु. माँ भेरी, बाप नगाड़ा और भाई दुक्कड।

Eng. tr. Mother is a trumpet, father a drum, and brother a bongo.

आई वेडी, पोर पिसा, ज़ावई मिळाला तोही तसा.

हिन्दी अनु. माँ पागल, संतान पगली, जामात मिला सो भी पागल।

Eng. tr. The mother is mad, her child is mad, and her son-in-law also turned out to be mad.

उंट-गाढव भेटले, दोघेही हसले.

हिन्दी अनु. ऊँट-गधा एक दूसरे से मिले तो दोनों (एक दूसरे पर) हँसे ।

Eng. tr. A camel meets a donkey and both smile (or laugh) at each other. (The camel is ugly and the donkey has a bad voice, yet they laugh at each other's imperfections.)

उठवळ सासू , थोट ज़ावई.

हिन्दी अनु. छिनाल सास और चालाक (ठग) दामाद ।

Eng. tr. The mother-in-law a slut, and the son-in-law a rascal.

उब्बुन मुतुच्च रय्याक धांवुन मुतुच्चो मंत्री. (कों)

हिन्दी अनु. खड़ा हो कर पेशाब करनेवाले राजा का दौड़ते हुए पेशाब करनेवाला मंत्री ।

Eng. tr. A minister who urinates while he runs for a king who stands while he urinates.

खेकट्यास मेकटे महादेवा, ऊठ गो नकट्या लाव दिवा.

हिन्दी अनु. शठ के लिए महाशठ, महादेव उठ बे नकटे जलाओ दीपक ।

Eng. tr. When people of equal strength meet, no work is done, but when one commands — " Oh you snubbed nose, switch on the light — " the other listens quietly.

गुवाचा भाऊ पाद, पादाचा भाऊ गू.

हिन्दी अनु. गू का भाई पाद, पाद का भाई गू ।

Eng. tr. Fart as a brother of excreta, and excreta as a brother of fart.

गोसाव्याची जहागीर, मानभाव प्यादा.

हिन्दी अनु. गोसावी की जागीर, महानुभावी शागिर्द ।

Eng. tr. An ascetic of Gosavi sect is a land-lord, and he has a servant of Mahanubhava sect.

चांडाळ चौकडी आणि धश्चोट अध्यक्ष.

हिन्दी अनु. चांडालों की पंचायत और उज्जड़ अध्यक्ष ।

Eng. tr. (1) In a meeting of cunning men, a scoundrel is the chairman.
(2) A group of scoundrels has a ruffian for the leader.

दादा ब्राह्मण वहिनी सवाष्ण.

हिन्दी अनु. दादा ब्राह्मण भाबी सुवासिनी ।
(अपने घर में ही दान-कर्म करना । भाई और भाबी को ही व्रतपूर्ति के भोजन के लिए बुलाना । धर्म करने का गौरव प्राप्त हो, और पैसा घर के बाहर न जाय ।)

Eng. tr. My brother is the Brahmin and his wife the married Brahmin lady. (i.e. On certain days a Brahmin couple is invited for meals and given holy gifts. If this couple belongs to one's own family, then one's expenditure doesn't go waste. Referred to those who pretend to be religious and are selfish.)

बटीक बाईल, कडक दादला.

हिन्दी अनु. ग़रीब जोरू, शौहर मुँहजोर ।

Eng. tr. A meek wife and an over-strict husband (i.e. a husband becomes over-strict or even a bully if the wife is meek and listens to all his whims).

बायको येडी, पोर पिसे, ज़ावई मिळाले तेही तसे.

हिन्दी अनु. औरत पागल, बेटी पगली, दामाद आया सो भी वैसा ।

Eng. tr. His wife is insane, his daughter mad, and when the son-in-law comes, he's no better.

बुचे कारभारी आणि नकटे चौधरी.

हिन्दी अनु. बूचा कारभारी और नकटा चौधरी ।

Eng. tr. An ear-cropt manager and a snub-nosed village officer. (Both the ear-cropt and the snub-nosed are considered as ill omens.)

रूप दाविले उंटाने, गाढवाने गाईले गाणे.

हिन्दी अनु. ऊँट ने अपना रूप दिखाया और गधे ने गाना सुनाया ।

Eng. tr. The camel shows his beauty and the donkey sings a song.

विंचवीण नाचते आणि विंचू ताल धरतो.

हिन्दी अनु. बिच्छूआइन नाचती है और बिच्छुआ ताल पकड़ता है ।

Eng. tr. The she-scorpion dances and the he-scorpion beats time (rhythm). (Both praise each other.)

वेताळाला नाही बायको आणि धावगा देवीला नाही घोव.

हिन्दी अनु. वेताल के नहीं औरत और धावगा देवी के नहीं शौहर ।

Eng. tr. Vetal has no wife and Goddess Dhavga no husband. (Like meets like.)

हटाऊ गुरु आणि शिटाऊ चेला.

हिन्दी अनु. हठी गुरु और सीठी चेला ।

Eng. tr. A low-minded master and his disreputable pupil.

गुजराती कन्या जाणे कचकडो, ने वर मोतीनो दाणो.

हिन्दी अनु. वधु कचकडे की गुड़िया और वर मोती का दाना ।

Eng. tr. The bride as if of celluloid, and the groom a pearl.

कूंडुं कथरोटने हसे नही.

हिन्दी अनु. कुंडी कठौत को नहीं हँसती । (दोनों काठ के बने हुए ।)

Eng. tr. A bowl won't laugh at a wooden pan. (Both made of wood.)

कूतरानुं मों गधेडे चाटयुं.

हिन्दी अनु. कुत्ते का मुँह गधा चाटे ।

Eng. tr. The donkey licked the face of the dog.

चोरनी माने भांड परणे.

हिन्दी अनु. चोर की माँ के साथ भडुवा शादी करें।

Eng. tr. The pugnacious fellow shall marry the thief's mother.

जेवी लुच्ची लालबाई, तेवो भडवो भीम.

हिन्दी अनु. जैसी लुच्ची लालबाई, वैसा भडुआ भीम।

Eng. tr. As Lalbai is adulterous, so is Bhim a procurer. (Lalbai (feminine) and Bhim (masculine) are proper names.)

धूलनी वेहन राखोडी.

हिन्दी अनु. धूल की बहन राख।

Eng. tr. Ash is the sister of dust.

धूलनो धडो, ने ढेखाळानां काटला.

हिन्दी अनु. धूल का पासंग और ढेले का वजन।

Eng. tr. Dust used to equipoise the balance and brickbats as weights.

नकटीनो वर जोगी.

हिन्दी अनु. नकटी का दूल्हा जोगी।

Eng. tr. The husband of a shameless woman (becomes) ascetic. (नकटी – nose-cut; shameless.)

नफ्फट ससरा ने निर्लज्ज वहु, आवो ससरा कहाणी कहुं.

हिन्दी अनु. बेशर्म ससरा और निर्लज्ज बहू, आवो ससुरजी कहानी कहूँ।

Eng. tr. Disgraceful father-in-law and shameless daughter-in-law; " Come, father-in-law, I will tell you a story. "

पावलानी पोरी, ने अरधानो ठर, आंधळी पोरी ने काणो वर.

हिन्दी अनु. चवन्नी की छोरी (लड़की या कन्या) और अठन्नी की चूड़ियाँ; अंधी लड़की और काना वर।

Eng. tr. Four annas worth lassie and eight-anna worth set of bangles for her. Blind bride and one-eyed bride-groom for her.

भूंडी भेंस, चांदरो पाडो, आंधळी दोहनारी ने गोवाळ गांडो.

हिन्दी अनु. बुरी भैंस, टीकेवाली पड़िया, अंधी दोहनेवाली और पागल गड़रिया। (और क्या कहना !)

Eng. tr. A bad buffalo, her calf with white spots, a blind woman to milk her, and the milkman a madman. (What more can be said ! Or what else can be worse !)

भेंस पदमनी, ने चुवो आशक.

हिन्दी अनु. भैंस पद्मिनी और चूहा उस पर आशक।

Eng. tr. Buffalo as Padmini (the most beautiful woman), and mouse as her lover.

मा मोचण ने बाप मूंडो तेनो भाई मुष्टंडो.

हिन्दी अनु. मा मोची और बाप मूंडा (मुसलमान), उन के भाई मुसंडा (मुसलमान)।

Eng. tr. Mother a cobbler and father a Fakir, his brother is a mohammedan. (मूंडो – Fakir)

वगुती रांड ने अकर्मी छोकरां.

हिन्दी अनु. बदतमीज़ औरत और उस के बेटे अभागे ।

Eng. tr. The children of a slattern woman (a slut) are generally luckless boobies. (वगुती – a slut)

वरने वाई थाय, ने कन्याने फीफरुं आवे.

हिन्दी अनु. वर को अपस्मार और कन्या (दुल्हन) को उन्माद आवे ।

Eng. tr. The bride-groom is epileptic, and the bride hysterical.

वलवलती रांड ने वेवलां छोकरां.

हिन्दी अनु. चंचल रांड के मनमौजी बच्चे ।

Eng. tr. (As is) the restless wench, (so are) her whimsical (stupid) children.

वांढानुं वलोणुं, ने रांडीरांडनी खेड.

हिन्दी अनु. कुंवारे की मथनी और विधवा की खेती । (दोनों बेकार ।)

Eng. tr. A churning vessel of the unmarried and the tillage of the farm of a widow. (Both are useless, as who would do it ?)

स्त्री सावरणी, ने मरद बुतारो.

हिन्दी अनु. नारी झाड़ू और मर्द कूँचा ।

Eng. tr. Woman a broom, man a mop.
(बुतारो – a kind of mop; सावरणी – a broom.)

बाङ्ला आपनि पागल, पति पागल, पागल तार चेला,
एक पागले रक्षे नेइ, तिन पागलेर मेला ।

हिन्दी अनु. आप पागल, पति पागल, पागल उस का चेला,
एक पागल से छुटकारा नहीं, तीन पागलों का मेला ।

Eng. tr. Herself a mad woman, her husband too a madman, and mad also is his disciple; as if one lunatic was not enough is here a gathering of three.

काना राजा, तार कुँजो मंत्री ।

हिन्दी अनु. अंधा राजा, उस का कुबड़ा मंत्री ।

Eng .tr. A blind king and his hunch-back minister.

काला यजमान, तार तोतला पुरुत ।

हिन्दी अनु. बहरा यजमान, उस का हकला पुरोहित ।

Eng tr. A deaf master and his stammering priest.

पेत्नीर श्राद्धे आलेया मोडल ।

हिन्दी अनु. भूत के श्राद्ध में पिशाच मेहमान ।

Eng. tr. For the death anniversary of a ghost, will-o'-the-wisp is a chief guest.

समाने समान घर खोंडा मेयेर काना बर।

हिन्दी अनु. कैसी मिलायी जोड़ी, लंगडी वधू को अंधा वर।

Eng tr. A proper match indeed, a blind groom for a lame bride.

हबचंद्र राजार गबचंद्र मंत्री।

हिन्दी अनु. बेवकूफ राजा का मूर्ख मंत्री। (मूर्ख राजा का पागल मंत्री।)

Eng. tr. A half-wit minister for a half-mad king.

असमीया जोरो जोर पाभा जोर, ताइ हाड़ित खाइती, सिओ गरु चोर।

हिन्दी अनु. यह खाए हाँड़ी में, वह गाय चोरे, कैसी यह जोड़ी मिलायी राम मोरे।

Eng. tr. A wonderful combination! She eats in the cooking pot and he is cattle-lifter.

तइ कला, मइ कला, यो (जो) र पाइछो भाला भाला।

हिन्दी अनु. तू बहरा, मैं भी बहरा, क्या जोड़ी बनी है।

Eng tr. You are dumb, I am dumb; what a match!

बेङाइ कय कलाइ शुने।

हिन्दी अनु. गूँगा बोले बहरा सुने।

Eng. tr. A dumb speaks and a deaf hears.

योररो (जोररो) यो (जो) र, बिपरीत योर (जोर) एटि कान कटा, एटि चोर।

हिन्दी अनु. संजोग भी क्या, अच्छा मेल, एक कानकटा, एक चोर।

Eng. tr. What a chance! It is a good combination – one is with his ear cut, and the other is a thief.

ओड़िआ अरखूलाके अरसलि, दइब देइछे भेटकरि। (संबलपुरी)

हिन्दी अनु. ऐसे को वैसी, राम मिलाई जोड़ी।

Eng. tr. When like meets like, it is a God-made friendship.

क्षत्रुझामणा राजाकु पाळविण्डा मंत्री।

हिन्दी अनु. नासमझदार राजा का मूर्ख सचिव।

Eng. tr. A stupid minister (adviser) for a foolish king.

आ लो मुतूरी शोइबा, तुत मुतूरी मुँत मुतूरी, हंस काहिं पाइँ धोइबा।

हिन्दी अनु. आवो पेशाब करनेवाली, साथ सोयें; तूं भी मूतनी, मैं भी मूतनी, चटाई क्यों धोयें?

Eng. tr. Oh bed-wetting one, come, we shall sleep on the same bed! You are a bed-wetter, so am I; so why wash and clean the mattress!

तंती बळदकु माळी हळिआ।

हिन्दी अनु. बुनकर के बैल का माली हलवाहा।

Eng. tr. Like the weaver's bullock (i.e. idiotic bullock) and the temple-worshipper farmer (inexperienced).

फटा मृदंगकु जडा गाथक ।

हिन्दी अनु. फटे मृदंग के लिये गला बैठा गायक । (साधक और साधन उभय अकर्मण्य ।)

Eng. tr. Like a dumb singer to the accompaniment of a cracked drum.

बेहिआ घरे अलाजकु कुणिआ ।

हिन्दी अनु. बेशरम के घर निर्लज्ज मेहमान ।

Eng. tr. A super shameless guest in the house of a shameless.

लुहा कोचटकु कमार कोचट ।

हिन्दी अनु. नफ्फट लोहे को नफ्फट लुहार ।

Eng. tr. An un-yielding blacksmith to an un-yielding iron.

तमिऴ अडंगाद मणैवियुम् आंगार पुरुसनुम्.

हिन्दी अनु. अहंभावी पति, बेकाबू पत्नी ।

Eng. tr. A disobedient wife and a self-willed husband.

ऎट्टुक् किऴवरुम् ओरु मोट्टैक् किऴवियैक् कट्टिक् कोण्डार्कळ्.

हिन्दी अनु. आठों बूढ़ों ने एक सर मुड़ी स्त्री से विवाह कर लिया ।

Eng. tr. Eight old men conjointly took to a wife a shaven headed old woman.

कुरुडन् पेण्डाट्टि कूनोडु उर्वाडिनाळ्.

हिन्दी अनु. अंधे की पत्नी ने कुबड़े से प्रेमालाप किया ।

Eng. tr. The wife of a blind man became intimate with a hunch-backed man.

कुरुडनुम् सेविडनुम् कूत्तु पार्कप पोच्, कुरुडन् कूत्तैप् पऴित्तान्, सेविडन् पाटै पऴित्तान्.

हिन्दी अनु. अंधा और बहरा नाटक देखने गये, अंधे ने अभिनय पर दोष लगाया और बहरे ने संगीत पर ।

Eng. tr. A blind man and a deaf man went to see a stage performance. The blind man found faults with the acting, and the deaf man picked holes in the music.

तिरुट्टुप् पयल् कलियाणत्तिल् मुडिच्चु अविऴक्किर् पयल् पेरियतनम्.

हिन्दी अनु. चोर की शादी में गिरहकट प्रधान अतिथि है ।

Eng. tr. At the marriage of a thief, the pick-pocket is the chief guest.

पळ्ळिक् कुप्पत्तुक्कु अंबट्ट वाद्दियार्.

हिन्दी अनु. हरिजन वस्ती में नाई अध्यापक ।

Eng. tr. A barber school-master for a village inhabited by pallis.

बुद्दि केट्ट राजावुक्कु मदि केट्ट मंदिरि.

हिन्दी अनु. मूर्ख राजा और अज्ञानी मंत्री ।

Eng. tr. A foolish king and an ignorant minister.

मोट्टैच्चिक्कुत् तगुंद मूक्करैयन्.
हिन्दी अनु. गंजी सिरवाली स्त्री के लिये बिननाकवाला पति।
Eng. tr. A noseless man fit for a bald woman.

तेलुगु अकटविकटपु राजुकु अविवेकी प्रधानि, चादस्तकु परिवारमु.
हिन्दी अनु. जंगली राजा के अविवेकी मंत्री और मूर्ख अनुचर (हैं)।
Eng. tr. A perverse king has a foolish minister and a clumsy retinue.

काकि सोमाल कूतुरु, अंकम्म कळल अल्लुडु.
हिन्दी अनु. मिरगी की मारी बेटी (मूर्ख) और अंकम्मा जैसा रुखवाला दामाद (नटखट)।
Eng. tr. The daughter is stupid, the son-in-law is a crack.

गति लेनम्मकु मति लेनि मोगुडु.
हिन्दी अनु. गति-विहीना स्त्री का मति-विहीन पति। बेचारी औरत का बेवकुफ मर्द।
Eng. tr. A helpless woman has a brainless husband.

गतिलेनि ऊरिकि मतिलेनि गंगानम्म.
हिन्दी अनु. गति-हीन गाँव की मति-हीना गंगानम्मा (ग्राम-देवी)।
Eng. tr. A foolish Goddess has her temple in a deserted village.

धैर्यं लेनि राजु, योचन लेनि मंत्रि.
हिन्दी अनु. कायर राजा का मूर्ख मंत्री।
Eng. tr. A timid king and a stupid minister.

मलप सन्यासिकि माचकम्मकु जत.
हिन्दी अनु. बेकार संन्यासी की चपटी छातीवाली से जोड़ी।
Eng. tr. An indolent mendicant is coupled with a breast-less woman.

मोंडि गुरुवु, बंड शिष्युडु.
हिन्दी अनु. हठी गुरु, मूर्ख शिष्य।
Eng. tr. A headstrong teacher and a headless pupil.

शिष्या शिष्या ! ना काळ्ळकु चेप्पुलुन्नवा ? – अंटे नक्षत्र मडलं मध्य अेक्कडा कनपडलेदु अन्नाडट (विरुंगा तिनि तल वंचलेक).
हिन्दी अनु. गुरु ने पूछा —"रे शिष्य, क्या मेरे पाँव में जूते हैं ?" (पेट भर खाने से झुककर देख नहीं पाता था।) शिष्य ने कहा —"आकाश में तो कहीं दिखाई नहीं देते हैं।" (उस की भी वही अवस्था थी।)
Eng tr. "Have my shoes on?" asked the Guru. (Unable to bend his head after eating too much). The disciple replied - "I do not see them anywhere in the sky." (He also was fat with food.)

कन्नड आयुष्य विल्लद गंडनिगे ऐदेतनविल्लद हेंडति.
हिन्दी अनु. आयु-विहीन पति की सुहाग-विहीन पत्नी।
Eng. tr. The wife destined to be a widow to a husband without longivity.

अेट्टि गंडगॆ कोट्टि हॆंडति.

हिन्दी अनु. अंधे पति को कानी पत्नी।
Eng. tr. A squint eyed wife for a blind husband.

अेळॆयॆंब राजनिगॆ तुळियॆंब सचिव.

हिन्दी अनु. 'खींचो' कहनेवाले राजा का 'कुचल डालो' कहनेवाला मंत्री।
Eng. tr. To a king who says 'drag', there is a minister who says 'trample'.

ओडोन् बॆत्तलॆ, तरुबोनू बॆत्तलॆ.

हिन्दी अनु. भागनेवाला भी नंगा, पीछा करनेवाला भी नंगा।
Eng. tr. Both are nudes--one who runs and the other who follows.

कत्तॆ ओंट्टॆ होगळिकॆ अहोरूप, अहोगान.

हिन्दी अनु. गधे ने ऊँट की सुंदरता की प्रशंसा की और ऊँट ने गधे के गाने की।
Eng. tr. The donkey praised the camel's beauty, and the camel praised the donkey's music.

कुरुड हॆण्णिगॆ, कुट गंड.

हिन्दी अनु. अंधी दुल्हन, लंगड़ा दूल्हा।
Eng. tr. A lame bride-groom for a blind bride.

तुंडु देवरिगॆ पुंडु पुजारी.

हिन्दी अनु. टूटी मूर्ति का गुंडा पुजारी। (गुंडा – उपद्रवी)
Eng. tr. A rowdy priest for a broken idol.

दीप नुंगो अत्तॆगॆ दीवटिगॆ नुंगो सोसॆ.

हिन्दी अनु. दीया खानेवाली सास की मशाल खानेवाली बहू।
Eng. tr. For a mother-in-law who swallows a lamp, a daughter-in-law who swallows a torch.

मानगेडिगॆ बुद्धिगेडि गॆळॆय.

हिन्दी अनु. मानहीन का साथी बुद्धिहीन।
Eng. tr. The witless one is the friend of shameless one.

सुळ्ळु देवरिगॆ कळ्ळ पूजारी.

हिन्दी अनु. झूठा देवता, चोर पुजारी।
Eng. tr. Thief of a priest to a God of lies.

स्वल्पद राजनिगॆ अल्पद मंत्री.

हिन्दी अनु. ओछा राजा का नीच वज़ीर। (छोटा राजा, नाटा मंत्री।)
Eng. tr. A paltry minister to a petty king.

हण्णिल्लद मरक्कॆ कण्णिल्लद गिणि होद हागॆ.

हिन्दी अनु. फलहीन पेड़ पर नेत्रहीन तोता गया।
Eng. tr. A parrot without eyes went to a tree without fruits.

हेळोनु हेड्ड, केळोनु किवुडु.

हिन्दी अनु. कहनेवाला बुद्धू, सुननेवाला बहरा।

Eng. tr. The dunce tells, the deaf man hears.

मलयाळम् चेट्टन्टनियन् कोन्तकुरुप्पुॅ.

हिन्दी अनु. अग्रज का अनुज बुध्दू मियाँ।

Eng. tr. The elder brother is bad and the younger worst.

तल्लुन्न राजाविनु कोल्लुन्न मंत्री.

हिन्दी अनु. मारनेवाले राजा का हत्यारा मंत्री।

Eng. tr. A punishing king has murderous minister.

पोट्ट चक्किनुॅ ञोण्टन् काळ.

हिन्दी अनु. टूटे कोल्हू को लंगड़ा बैल।

Eng. tr. For a broken oil-press, a lame ox.

संस्कृत उष्ट्राणां लग्नवेलायां गीतं गायन्ति गर्दभाः।
परस्परं प्रशंसंति अहो रूपमहो ध्वनिः॥

हिन्दी अनु. ऊँटों के ब्याह में गधे गीत गाते हैं। ऊँट और गधे एक दूसरे की प्रशंसा करते हैं। "वाह क्या तुम्हारा रूप!" "वाह क्या तुम्हारी आवाज़!"

Eng. tr. The donkeys sing songs in the marriage ceremony of the camels. Both shower profuse praise on each other. The donkeys appreciate the beauty of the camels and the camels admire the voice of the donkeys.

४५

कैसी यह जोड़ी ! [बेमेल]

आशय

कभी कभी दो ऐसे व्यक्ति एक दूसरे के साथ रहते हैं कि जिन में थोड़ी भी समानता न हो, न स्वभाव में मेल खाते हो, न उद्देश्य में एकता हो। ऐसी बेमेल जोड़ियाँ भी कुदरत पैदा करती है जिन में जरा भी पटती नहीं। निम्नलिखित कहावतों में बडी सुंदर सुंदर प्रतिमाओं के द्वारा यह भाव प्रदर्शित हुआ है। तमिऴ की यह कहावत कितनी रोचक है। "आग की नदी पर बालों का पुल।"

Subject

At times two people or things are brought together that are ill-suited in all ways. This is expressed in the following proverbs. The Tamil proverb—" A river of fire, and a bridge of hair." expresses this very well.

हिन्दी बाप के गले में मोगरे, पूत के गले में रुद्राक्ष।
Eng. tr. Jasmine garland in the father's neck and a rosary in the son's neck. (Foppish father and a pious son.)

बाप कुँजड़ा, बेटा शेख।
Eng. tr. The father a green grocer and the son a priest.

बाप चुप चुप, पूत लप झप।
Eng. tr. The father so quiet and the son such a chatter-box.

बाप देवता, पूत राक्षस।
Eng. tr. Father so devine and the son a demon.

बाप नर-कटिया, पूत भगतिया।
Eng. tr. The father a cut throat, the son a saint.

बाप ने न मारी पीदड़ी बेटा बरकंदाज।
Eng. tr. Father never killed a tom-tit and the son an archer.

बाप पंडित, पूत छिनरा।
Eng. tr. The father a learned man and the son a rake.

बाप बनिया, पूत नवाब।
Eng. tr. Father a tradesman, and the son a lord.

माँ भटियारी, पूत फतेखान। (स्त्री.)
Eng. tr. The mother an innkeeper and the son ' Lord General '. (All trades and occupations are hereditary and hence the sting of the proverb.)

साधु के बेटा सवादू। (पट.)
(चरित्रवान पिता के चरित्रहीन पुत्र)
Eng. tr. A righteous father and his son a debauchee.

ENGLISH 1. The father to the plough and the son to the bow.
2. The king and the pope, the lion and the wolf.

उर्दू वली का बेटा शैतान।
हिन्दी अनु. साधु का लड़का सैतान।
Eng. tr. A devil born of a saint.

पंजाबी कागज़ दी बेड़ी अग मलाह्।
हिन्दी अनु. कागज़ की नाव, आग खेवैया।
Eng. tr. A boat of paper and fire as ferryman.

कागज़ दी बेड़ी बान्दर मलाह्।
हिन्दी अनु. कागज़ की नाव, बन्दर मल्लाह।
Eng. tr. A boat of paper and a monkey as ferryman.

जोडिआँ जग थोडिआँ गल नरड बथेरे ।

हिन्दी अनु. जोड़े जग में थोड़े, गला जकड़े बहुतेरे ।

Eng. tr. Here in this world a few are real couples, others are only with their necks tied to-gether.

बुढ्ढि घोड़ी लाल लगाम ।

हिन्दी अनु. बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम ।

Eng. tr. An old mare and a red bridle.

कश्मीरी

शुपि कानि वछस् ज़रीनाल् ।

हिन्दी अनु. सूप की सी छाती पर ज़र के कपड़े का गला ।

Eng. tr. A golden cloth collar for a fan-like bonny breast. (A gaudily dressed ugly person.)

सिंधी

उठां मेहां दा केहा मेला ? ओह चरनि पटि त ओहचरनि बेला ।

हिन्दी अनु. ऊँटों और भैंसों का क्या मिलाप ? वो (ऊँट) चरते हैं मैदानों में खड़े वृक्ष, तो वो (भैंसें) चरती हैं घने जंगलों की घास ।

Eng. tr. How can camels and buffaloes be grouped together ? The camels eat the leaves of trees of the plains and the buffaloes graze grass in the jungles.

डाडे जेडे डुघ सां, टंग जेडी कुंवारि ।

हिन्दी अनु. दादा जैसे वृद्ध की टांग जितनी छोटी बहू ।

Eng. tr. The old man as old as a grand-father marries a girl as high as the knee.

मिया गोर लाइकु, बीबी सेज लाइकु ।

हिन्दी अनु. मियां कब्र लायक, बीबी सेज लायक ।

Eng. tr. 'Miya' (the husband) is worth the grave and his wife worth the bed.

मुड्सु पोढो ज़ालजवानु, तंहिं खे ज़ाणु करव जो कानु ।

हिन्दी अनु. पति बूढ़ा, पत्नी जवान, उसे जानो तिनके का तीर ।

Eng. tr. An old husband for a young wife is like an arrow struk in her side.

मराठी

उसाच्या पोटीं काऊस.

हिन्दी अनु. ऊख की गोद में तुर्रा ।

Eng. tr. The (sweet) suger-cane gives birth to a (tasteless) off-shoot.

कानडीने केला मराठा भ्रतार.

हिन्दी अनु. कन्नड स्त्री ने किया मराठा पति ।

Eng. tr. A Kanarees girl married a Maharashtrian. (How can one think of happiness in such a situation ?)

नितांतल्या बायकोला बुरांडला दादल्या.

हिन्दी अनु. कामातुर नारी को हीजड़ा पति।

Eng. tr. An impotent husband for a lusty wife.

सूर्या पोटी शनैश्वर.

हिन्दी अनु सूर्य की गोद में शनैश्चर। (बड़े आदमी की अयोग्य-नालायक संतान।)

Eng. tr. 'Surya' (the sun) gives birth to 'Shani' (Saturn). (Saturn is considered a wicked planet. i.e. A wicked son of a benevolent father.)

हिऱ्या पोटी गारगोटी.

हिन्दी अनु हीरे की गोद में चकमक (पत्थर)।

Eng. tr. A diamond gives birth to a flint-stone.

गुजराती **करमनुं कजोडुं, एक गधेडुं ने बीजुं घोडुं.**

हिन्दी अनु. करम की कुजोड़ी, एक गधा तो दूसरी घोड़ी।

Eng. tr. An unfit match made by fate, one is donkey, the other a mare.

बाङ्ला **एकजना कीर्तुने आर सब बेतुने- गान हबे केमने ?**

हिन्दी अनु. एक कीर्तनकार, बाकी सब किराए के; उन के गाने में मेल कैसे ?

Eng. tr. One alone is the real singer (of devotional songs), the rest are all hirelings. How then would the concert succeed ?

सापेर बियेते बेंजि पुरुत।

हिन्दी अनु. साँप की शादी में नेवला पुरोहित।

Eng. tr. A mongoose priest at a serpent's wedding.

असमीया **षाठी बुढ़ीर नाति भतर।**

हिन्दी अनु. साठ वर्ष की बुढ़िया का नाति सा भ्रतार।

Eng. tr. An old woman of sixty marrying a grand-child. (grand-child's age)

ओड़िआ **अति सुकुमार राजदुहिता, करमरे जोगी घइता।**

हिन्दी अनु. (वह) सुकुमार राजकन्या सी, भाग्य से मिला पति संन्यासी।

Eng. tr. She is like a delicate princess, she is fated to get a sanyasi for a hubby (as her husband).

जडा तेल मेंढा बाळ।

हिन्दी अनु. एरण्ड का तेल और भेड़े का बाल (अजीब मेल)।

Eng. tr. Like (the combination of) castor oil and sheep's hair (wool).

ब्राह्मण घरे शूद्र कुणुआ।

हिन्दी अनु. ब्राह्मण के घर शूद्र मेहमान।

Eng. tr. A 'Sudra' (the lowest of the four main Hindu castes) as guest at a Brahmin's house (inconvenient things).

तमिळ ऐयर् कदिर्पोल अम्माळ् कुदिर्पोल.

हिन्दी अनु. पति अनाज के गुच्छे के समान और पत्नी अनाज मढ़ने के स्थान के समान है।

Eng. tr. The husband is like an ear of corn, the wife is like a rice bin or grain receptacle.

नेरुप्पु आरुम् मयिर्प् पालमुम्

हिन्दी अनु. आग की नदी और बालों का पुल।

Eng. tr. A river of fire, and a bridge of hair.

शात्तानि कुडुमिक्कुम् सन्नियासि पूणुलुक्कुम् मुडि पोडुगिराय.

हिन्दी अनु. तुम शैतान की चोटी और संन्यासी के जनेउ को बांध रहे हो।

Eng. tr. You are tying the knot of satan's hair to the sacred thread of the religious mendicant.

सण्डिक् कुदिरैक्कु नोण्डि सारदि.

हिन्दी अनु. हठी घोड़े के लिये लंगड़ा सारथी।

Eng. tr. A lame rider for an obstinate horse.

वडुगनुम् तमिळनुम् कूट्टुप् पयिर् इट्ट कदै.

हिन्दी अनु. कथा है कि तेलुगुवाला और तमिलवाला दोनों ने साथ मिलकर खेती की।

Eng. tr. The story of a Teulgu and Tamil man cultivating jointlyl (ironical.)

तेलुगु अय्य दासर्लकु पेट्टिते, अम्म ज़ङ्गालकु पेट्टिन्दि.

हिन्दी अनु. मालिक ने खिलाया 'दासरी' को तो मालकिन ने खिलाया जंगम को· (दासरी – विष्णुभक्त संत; जंगम – शिवभक्त संत।)

Eng. tr. When the master fed the Dasari, the mistress fed the Jangam. (contradiction.) (Dasari - A devotee of God Vishnu. Jangam - A devotee of God Shiva.)

अरयवारु अटिकन्त, अय्यवारि पेण्ड्लामु पुटिकन्त.

हिन्दी अनु. मालिक घड़ा सा, मालकिन झावे सी।

Eng. tr. The gentleman is like a small pot, and his wife is like a basket (no match).

कन्नड नरकद बागिलिगे स्वर्गद पालकने.

हिन्दी अनु. नरक के द्वार पर स्वर्ग का द्वारपाल।

Eng. tr. A doorkeeper from heaven for guarding hell.

मलयाळम् अच्चिरक्कुँ कोञ्चुपक्षं नायर्क्कुँ इञ्चिपक्षं.

हिन्दी अनु. पत्नी सामिष हो, तो पति निरामिष।

Eng. tr. If the wife js non-vegetarian, husband is vegetarian.

चण्टिक्कुतिरक्कुँ ञोण्टिक्कुतिरक्कारन् .

हिन्दी अनु. जंगली घोड़े का लंगड़ा घुड़स्वार।

Eng. tr. A lame horseman for a wild horse.

४६

कृतघ्न ।

आशय

अपने पर उपकार करनेवालों का बुरा चाहनेवाले दुनिया में बहुत होते हैं। भलाई का उत्तर बुराई से देनेवाले इन कृतघ्न लोगों का धिक्कार करनेवाली ये कहावतें मनुष्य की दुष्टता का परिचय करा देती हैं। इस भाव को स्पष्ट करनेवाली यह कहावत प्रायः सभी भाषाओं में है – "साँप को दूध पिलाइये, वह विष ही उगलेगा।"

Snbject

Ungrateful people are found everywhere. There are certain others that are ungrateful by nature. These proverbs express this idea. The Tamil proverb – "Though you feed a snake with milk, it will yield poison." finds an echo in almost every Indian language.

हिन्दी गोदी में बैठ के दाढ़ी नोचे।

Eng. tr. Sitting in my lap, he plucks my beard.

गोदी में बैठ के आँख में उँगली।

Eng. tr. Sitting in my lap, he puts his finger in my eyes.

जवना पत्ता पर खाये के वोही पत्ता पर छेरे के। (चंपा. शाहा.)
(जिस पत्तल पर खाया उसी पर पखाना किया।)

Eng. tr. He defecates on the same leaf-platter on which he has taken his food.

जवने रुख के छांह लीहीं ओकरे डाढ़ काटी। (शाहा.)
(जिस पेड़ की छाँव में आराम किया उसी की डाली काटी।)

Eng. tr. He cuts the branch of the tree under the shade of which he took rest.

जाट जंवाई भाणजा रेबारी सोनार।
इतरा हुवे न आपरा कर देखो उपगार। (राज.)
(जाट, जंवाई और भाणजों की अकृतज्ञता पर।)

Eng. tr. A jat, a son-in-law, a nephew, a 'rabari' and a goldsmith never show gratitude even when helped.

जिस टहनी पर बैठे, उसी को काटे।

Eng. tr. He cuts away the branch which supports him.

जिस बरतन में खाना, उसी में छेद करना।

Eng. tr. To make a hole in the vessel out of which one has eaten.

जेकरे घुड़वा बैठीं, तेकरे आंड डागीं ।

Eng. tr. He injures him whose horse he rides.

जेकरे मूरे मूर सेकरे मारब तीन हूर ? (चंपा.)

(जिस की बदौलत मूलधन बना, उसी को लाठी से मारते हो ?)

Eng. tr. Do you give him three blows who helped you with the capital money ?

जेकरे में सुत्ते ओकरे में मुत्ते । (चंपा.)

(जिस के बिस्तर पर सोए, उसी के बिछावन पर मूत दिया ।)

Eng. tr. He passed water in the bed in which he slept.

जे कहे बैसू तेकरे में पैसू । (मुज.)

(जिस ने बैठने को स्थान दिया, उसी घर में पैठना चाहते हो ?)

Eng. tr. Do you want to get hold of his house who gave you space to squat ?

मैं करूँ तेरी भलाई, तूं करे मेरी आँख में सलाई । (स्त्री.)

Eng. tr. I seek to do you good, and you would run a needle into my eye.

ENGLISH

1. Breed up a crow, and it will pluck out your eyes.
2. It is an ill bird that befouls its own nest.
3. If you save a rogue from the gallows, he will rob you the next night.
4. To do good to the ungrateful is to throw rose-water into the sea.
5. Put a snake to your bosom, and when it is warm, it will sting you.
6. I taught you to swim, and now you'd drown me.
7. Save a thief from the gallows, and he will be the first to do thee a mischief.
8. Do not bite the hand that feeds you.
9. Hounds and horses devour their masters.
10. As long as I live, I'll spit in my parlour.
11. Save a stranger from the sea, and he will become your enemy.

उर्दू

जिस की गोद में बैठे, उसी की दाढ़ी नोचे ।

Eng. tr. To pull the beard of him who carries you in his arms.

जिस दरख्त के साए में बैठे, उसी की जड़ काटे ।

Eng. tr. He cuts the roots of the tree which shelters him.

जिस बरतन में खाये उस में छेद करे ।

Eng. tr. He makes a hole in the very vessel from which he eats.

मेरी जूती मेरे ही सर ।
Eng. tr. My shoe on my head itself.

मेरी बिल्ली मुझसे म्याँव ।
Eng. tr. My own cat 'mews' at me.

पंजाबी जिस थाली विच खाणा उसी विच छेक करणा ।
हिन्दी अनु. जिस थाली में खाना उसी में छेद करना ।
Eng. tr. To make a hole in the platter in which you have taken food.

सज्जण बांह देवे तां निगल नहीं लेणी चाही दी ।
हिन्दी अनु. मित्र हाथ दे तो निगलना नहीं चाहिए ।
Eng. tr. When a friend lends his arm, it should not be devoured.

सप्पाँ दे पुत्तर कदे न मित्तर, भावें सो मण दुध पिलाइये ।
हिन्दी अनु. चाहे सौ मन दूध पिलाओ, सर्प का पुत्र कभी न मित्र ।
Eng, tr. You may feed a snake with hundreds of maunds of milk, it will never become your friend.

कश्मीरी अथि बानस् ख्योन् तुं अथि बानस् छरुन् ।
हिन्दी अनु. उसी बर्तन में खाना और उसी में टट्टी करना ।
Eng. tr. To eat out the same vessel and defile it.

मुरि बिहिथ् दार् खुँजुँनि ।
हिन्दी अनु. गोद में बैठ कर दाढ़ी नोचना ।
Eng. tr. To sit in the lap and pluck his beard.

युसुय् रोछुम् तसि निश् रछ्तम् ख्वदायो ।
हिन्दी अनु. जिस को मैं ने पाला, हे भगवन्, उसी से मुझे बचाओ ।
Eng. tr. O God ! Protect me from him, whom I reared up.

सिंधी किती जे काणि, ग़ऊं चार्यमि ग़ोठ जूं ।
हिन्दी अनु. किन के लिए मैं ने गाँव की गउएँ चराई ? (म ने जिन की सेवा की वे मेरे काम न आये ।)
Eng. tr. Those for whom I have worked by grazing their cattle, have been of no use to me in my need.

कुतो जंहिं हंडीअ में खाए तंहिं में मुटे ।
हिन्दी अनु. कुत्ता जिस देगची से खाता है फिर उस पर पेशाब करता है ।
Eng. tr. The dog pisses on the vessel from which he eats.

खट्यो खाए मुड़्स जो, चे जीएमि अबो ।
हिन्दी अनु. खाती है पति का और कहती है जीए मेरा बाप ।
Eng. tr. (She) eats from her husband's earnings, and asks blessings for her father.

जंहिं थाल्हीअ में खाए तंहिं में कढे ।

हिन्दी अनु. जिस थाली में खाता है उसी में कै करता है ।

Eng. tr. He vomits into the very dish out of which he eats.

जिनी काणि कयमि लाई चाई, से न थियमि सूरनि भाई ।

हिन्दी अनु. जिन के लिए बुराई, वे न बने दुख में भाई ।

Eng. tr. For those whom you suffer, they do not share your unhappiness.

जिनी काणि मुयासि, से कुल्हे कांधी न थ्या ।

हिन्दी अनु. जिन के लिए मैं मरी, वे मेरी लाश को कंधे पर उठा कर श्मशान तक ले चलने के लिए भी तैयार न हुए ।

Eng. tr. Those for whom I died, were not even prepared to carry me to the crematorium.

जिनी कातरि कूड़ कमायमि, कमि न साग्या सेई आयमि ।

हिन्दी अनु. जिन के कारण मैं झूठ बोला, वे ही मेरे काम न आये ।

Eng. tr. Those for whom I told a lie, haven't come of any use.

निड़ीअ खां लंघ्यो, नर्गु थ्यो ।

हिन्दी अनु. भोजन गले से नीचे उतरा, तो दोज़ख में गया ।

Eng .tr. The moment food goes down the throat, he curses the bebefactor to hell.

वातु चवे मिठो मिठो, निड़ी चवे मूं न डिठो ।

हिन्दी अनु. मुँह कहता है मीठा मीठा, गला कहता है कि मैं ने देखा तक नहीं ।

Eng. tr. The mouth says, ' It is sweet '. The throat says, ' I haven't even seen it. '

मराठी कुऱ्हाडीचा दांडा गोतास काळ.

हिन्दी अनु. कुल्हाड़ी का डंडा स्वजनों का काल बना ।

Eng. tr. The handle of an axe is ready to kill its own kind (i.e. the handle is made of wood and yet it chops wood).

खाईल तिथेच हगेल.

हिन्दी अनु. जहाँ खाय, वहीं हगे ।

Eng. tr. He would defecate where he would eat.

खाल्ल्या घरचे वासे मोजणे.

पाठभेद जेविल्या घरा वाशे मोज़चें. (गो.)

हिन्दी अनु. जिस घर में खाना खाया, उसी के बल्ले गिने ।

Eng. tr. He counts the rafters of the house where he has eaten.

हिन्दी अनु. जिस घर में खाए, उसी की लकड़ियाँ गिने ।

Eng. tr. To count the rafters of the house where one has eaten (i.e. to show ingratitude by calculating the worth of a house after having taken its hospitality).

नागीण पोसली आणि पोसणाराला डसली.

हिन्दी अनु. नागिन पाली-पोसी, फिर भी वह पालनेवाले को डसी।
Eng. tr. If a snake is nurtured, it stings the person who nurtures it.

पोशिल्लया पोरा काय करशीं? पोर्तुन माका हाय करशीं. (कों)

हिन्दी अनु. पाले हुए बच्चे, क्या करोगे? मेरे साथ उलट जाओगे।
Eng. tr. What will a child reared with care do? He will turn round and do me harm.

पोसल्या पोरा काय करशी? तर म्हातारीचे डोळे फोडशी.

हिन्दी अनु. लाडले बच्चे, क्या करोगे? बुढिया की आँखें फोड़ूँगा।
Eng. tr. On fondled child, what will you do? I will pierce the eyes of the old woman.

सर्पाला दूध पाजले तर विषच ओकणार.

हिन्दी अनु. सर्प को दूध पिलाया तो भी वह विष ही उगलता है।
Eng. tr. The serpent will always vomit poison even if given milk to drink.

गुजराती **खाईने खासडां मारे (एवो छे).**

हिन्दी अनु. खा कर जूते मारे (ऐसा व्यक्ती)।
Eng. tr. (He is one who) would eat your food and beat you with shoes.

खाती जाय पीती जाय ने घरना दांडा-वळा गणती जाय.

हिन्दी अनु. खाती जाय पीती जाय और घर की बाँस बल्ली गिनती जाय।
Eng. tr. She would go on eating and drinking, and would continue counting the beams of the house.

खाय त्यांज भाणुं भांजे.

हिन्दी अनु. जहाँ खाये वहीं बरतन तोड़े।
Eng. tr. Would break vessels (dishes) where he would eat.

जेनुं खाय तेनु खोदे.

हिन्दी अनु. जिस का खाये, उस का खोदे।
Eng. tr. Talks ill of him whose bread he eats. Censures him whose bread he eats.

जे डालीपर बेसे, तेज डाली कापे.

हिन्दी अनु. जिस डाली पर बैठे उसी डाली को काटे।
Eng. tr. Cuts the same branch which he occupies (on which he sits).

ज्यां खावुं त्यांज हगवुं.

हिन्दी अनु. जहाँ खाना वही हगना।
Eng. tr. To defecate there where one eats.

बाङ्ला दुध-कला दाओ यतो, सापेर विष बाड़े ततो ।
हिन्दी अनु. दूध केला दो जितना, साँप का जहर बढ़े उतना ।
Eng. tr. More you give the milk and bananas to a snake, more will its poison grow.

येखाने बसे सेखाने कि चषे ?
हिन्दी अनु. जहाँ रहे वहाँ क्या जोते ? जहाँ रहे वहाँ क्या खोदे ?
Eng. tr. One does not plough the place of one's residence.

ये पाते खाय सेइ पात छेंडे ।
हिन्दी अनु. जिस पत्ते में खाय उसी को चीरे ।
Eng. tr. To tear the leaf on which one is served the meals.

असमीया अतिथिर कि बिधान टोपा गणा ?
हिन्दी अनु. मेहमान को गृहस्थ के अनाज–बीज के बोरे नहीं गिनने चाहिए । मेहमान क्यों गिने ?
Eng. tr. Why should a guest count his host's seed stock ?

उपकारीक अजगरे खाय ।
हिन्दी अनु. उपकारी को साँप डसता है ।
Eng. tr. The snake bites its benefactor.

खाइ पात छिरा ।
हिन्दी अनु. जिस पत्तल में खाता है, उसी को फाड़ डालता है ।
Eng. tr. He tears the leaf on which he eats.

खोवा पातते हागा ।
हिन्दी अनु. जिस पत्तल में खाया, उसी में हग दिया ।
Eng. tr. To defecate in one's own dinner dish.

चुकत थाकि बुकत खोवा ।
हिन्दी अनु. घर के कोने में रह कर छाती पर घाव करे ।
Eng. tr. He lives in the corner of the house and bites the breast.

यार (जार) घरत पात पारिबा, ताक नोबोला शुदा।
यार (जार) पावत सेवा करा, ताक नोबोला गोधा।
हिन्दी अनु. जिस घर में पत्तल पसारना, उसे खाली न कहे।
जिस चरण को छूता है, उसे हस्तीरोगी न कहे।
Eng. tr. Do not call the house empty where you get your meals. Do not call him affected with elephantasis at whose feet you bow.

यारे (जारे) हन्ते शाखा सिन्दुर, ताके करे ओकोरा इन्दुर।
हिन्दी अनु. जिस के ही कारन चूड़ी-सिंदुर, उसी को ही चूहा कहे।
Eng. tr. He (husband) is called a rat from whom one gets bangles and vermillion.

खुवाइ-बुवाइ कोलात लम, तेओ बुलिब ' ताइ '।
मारि-धरि बाटत थम, तेओ बुलिब ' आइ '।

हिन्दी अनु. खिला-पिला कर गोद में लूँ, तो कहता है ' ताइ ' (तुच्छतादर्शक)।
मार पीट कर रास्ते पर रखूं तो कहता है ' माई ' (माँ)।

Eng. tr. If I feed and fondle him, he calls me 'aunt'; whereas If I beat him and leave him on the road, he calls me 'mother.'

चुकत थाकि बुकुत कामोर।

हिन्दी अनु. घर के कोने में रह कर छाती पर काटे।

Eng. tr. Stays in the corner of the house, but bites (stings) on the chest.

थि (जि) पातत खाय, सेइ पात के घिणाय।

हिन्दी अनु. जिस पत्तल पर खाए, उसी की घृणा करे।

Eng. tr. Hates the leaf-plate from which he has eaten.

ओड़िआ **आरे लण्डा, तोर खाई तोते खण्डा।**

हिन्दी अनु. अरे मूर्ख, तेरा खा कर तुझे ही तलवार दिखाये। (कृतघ्न।)

Eng. tr. O fool ! He eats what you give and shows his sword too

कोळरे रहि, कोळर माऊँस खाइ।

हिन्दी अनु. गोद में रहे और गोदी का मांस खाये।

Eng. tr. Stays in the lap and gnaws away the lap-flesh.

खाइ निन्दा पतर हगा।

हिन्दी अनु. जिस के घर खाना उसी की निंदा करना पत्तल में हगने समान है।

Eng. tr. To abuse the one who has fed you is as bad as shitting on your plate.

जेउँ पतररे खाइब सेहि पतररे हगिबा।

हिन्दी अनु. जिस पत्तल में खाये, उसी में हगे।

Eng. tr. To pass excreta at the same place where ane eats.

पोषिला बाघ गोसिआँ खाए।

हिन्दी अनु. पाल्तू बाघ मालिक को खाये। (आश्रित व्यक्ती विश्वासघात करे तब।)

Eng. tr. A pet tiger eats the master.

तमिळ् **अन्नम् इट्टार् वीट्टील् कन्नम् इडलामा ?**

हिन्दी अनु. जिस घर में खाना खाया उसी घर में छेद ?

Eng. tr. May we break through the wall of the house of those who fed us ?

उण्ण वा अेन्नराल् कुत्त वरुगिराय्.

हिन्दी अनु. खाने के लिये बुलाता हूँ तो मारने के लिये आते हो।

Eng. tr. When I call you to eat, you come to strike me.

कूडक् कुडि इरुंदुकोण्डु कोळ्ळि शोरुगलामा ?

हिन्दी अनु. साथ रह कर उस पर लुआठी फेंके ?

Eng. tr. Whilst residing with one shall we thrust a fire brand into his house ?

तेळ् नेरुप्पिल विळुंदाल्, अेडुत्तुविट्टकनैक् कोट्टुम्.

हिन्दी अनु. बिच्छू आग में गिरे तो उसे उठानेवाले के हाथ पर डंक मारेगा ।

Eng. tr. The scorpion stings him who helps it out of the fire.

तोळिल् इरुंदु शेवियैक् कडिक्किरदा ?

हिन्दी अनु. कंधे पर बैठ कर कान काटें ?

Eng. tr. What ! Seated on the shoulder is biting the ear ?

पांबुक्कुप् पाल् वार्त्तु वळर्त्तालुम् विशत्तैक कोडुक्कुम्.

हिन्दी अनु. सांप को दूध दे कर पालने पर भी वह विष ही वमन करेगा ।

Eng. tr. Though you feed a snake with milk, it will yield posion.

तेलुगु अन्नमु पेट्टिन वारि इलु कन्नमु पेट्ट वच्चुना.

हिन्दी अनु. अन्नदाता के घर में ही सेंध न लगाई जाय ।

Eng. tr. Break not the house of one who has fed you.

इंट कुडिचि इंदिवासालु लेक्किंचिनट्लु.

हिन्दी अनु. जिस घर में खाया उसी घर के बल्ले गिन लिये हो ।

Eng. tr. Like counting the rafters of the house where one has had his meals.

इलु चोरबडि इण्टिवासालु लेक्कपेट्टि नाडट.

हिन्दी अनु. घर में घुस कर घर के बाँसों को गिन रहा है ।

Eng. tr. He got into the house and counted rafters. (swindler – नमकहराम)

कुक्कनु पुंचिते गण्डाये, कूटिकुण्डकु चेटाये.

हिन्दी अनु. पाल पोस कर कुत्ते को बड़ा करो, वह तुम्हारे बरतन साफ करेगा ।

Eng. tr. If you rear up a dog, when it becomes big, it will empty all your dishes.

गुडिलो नुंडि गुडिराळ्ळु तीसिनट्लु.

हिन्दी अनु. मंदिर में रह कर मंदिर के पत्थर उखाड़ता है ।

Eng. tr. Living in the temple he takes away the temple stones.

चन्नु कुडिचि रोम्मु गुद्दिनट्लु.

हिन्दी अनु. स्तनपान कर के स्तनों पर प्रहार ।

Eng. tr. Beating the breast after sucking the milk.

पालकुडिचि रोम्मु गुद्दिनाडु.

हिन्दी अनु. स्तनपान कर के स्तनों पर प्रहार किया ।

Eng. tr. He sucked the milk and struck the breast. (Used for a man who misbehaves even with his own mother.)

पातरलो पड्ड कुक्क तीयबोते करवस्तुंदि.

हिन्दी अनु. गड्ढे में गिरे हुए कुत्ते को बाहर निकाला तो उस ने काट लिया।

Eng. tr. The dog bit the man who tried to save it from the pit.

पालुपोसि पेन्चिना, पामु करवकमानदु.

हिन्दी अनु. दूध पिला कर पालने पर भी साँप डँसता ही है।

Eng. tr. Even you feed a snake with milk, it will bite you.

विश्वासं तप्पिन पीनुगु मोसिनवाडिनि पट्टिंदट.

हिन्दी अनु. कृतघ्न लाश ने अपने ढोनेवालों को पकड़ा।

Eng. tr. The ungrateful corpse caught its own carriers.

कन्नड उप्पु उण्ड मनेगे एरडु बगेद.

हिन्दी अनु. जिस घर में नमक खाया उसी का अशुभ विचार।

Eng. tr. He wished ill to the house where he ate salt.

तोडे मेले साकिद नायि ओडेयनन्नु मरेयितु.

हिन्दी अनु. गोद में पला कुत्ता मालिक को भूल गया।

Eng. tr. The dog fondled on the lap forgot its master.

सलिगेय नायि तले गेरितु.

हिन्दी अनु. दुलारा कुत्ता सर पे चढ़ा।

Eng. tr. The pettled dog jumped on the head.

हालुंड मनेय करु सायलि अन्न बारदु.

हिन्दी अनु. जिस घर में दूध पीवे उस घर के बछड़े की मौत न मनावे।

Eng. tr. Never say the calf should die of a house where you have been fed with milk.

हाविगे हालेरेदरे तन्न विष बिड्डिते ?

हिन्दी अनु. दूध पिलाने से साँप अपना विष छोड़ता है क्या ?

Eng. tr. Does the snake give up its poison if it is fed with milk ?

मलयाळम् अच्छन् चत्तुं कट्टिलेरान् कोतिक्करुतुं.

हिन्दी अनु. खटिया पर सोने के लिये बाप की मौत न चाहो।

Eng. tr. Do not long for your father's death to climb into the cot. (A piece of advise to infilial progeny who feel that father has lived too long barring their direct accession to his property.)

अन्नमिट्ट वीट्टिल् कन्नं केट्टरुतुं.

हिन्दी अनु. खिलानेवालों के प्रति कृतघ्न न हो।

Eng. tr. Do not be ungrateful to those who feed you.

कुटिच्चमुल् कटिक्करुतुं.

हिन्दी अनु. दूध चूसा स्तन दाँत से न काटो।

Eng. tr. Do not bite the breast that you have sucked.

चोरि़ट्ट कैयिल् तिरिञ्ञु कटिय्क्कुरुतुॅ.

हिन्दी अनु. जिस हाथ ने खाना दिया उसी को काटो मत।

Eng. tr. Do not bite the hand that fed you.

तोळिल् इरुन्नु चेवि तिन्नरुतुॅ.

हिन्दी अनु. कन्धे पर बैठ कर कान मत खाओ।

Eng. tr. While sitting on somebody's shoulder, you should not eat up his ear.

पाम्पिनु पालु कोटुत्तालुं विषं तन्ने छर्दिय्क्कुम्.

हिन्दी अनु. साँप को दूध पिलाये तो भी वह विष ही उगलेगा।

Eng. tr. Even if a snake is reared up on milk, it will emit poison.

संस्कृत पयःपानम् भुजङ्गानाम् केवलम् विषवर्धनम्।

हिन्दी अनु. साँप को दूध पिलाये तो भी उस का विष ही बढ़ेगा।

Eng. tr. Even if a snake is reared up on milk, it will add to its poison.

४७

गधों से हल चले तो बैल कौन बिसाए ?

आशय

तुच्छ वस्तुओं से काम बनता तो अच्छी चीज़ों के पीछे कौन पड़ता। सभी जगह सब चीज़ें मिल पाती तो किसी उत्कृष्ट चीज़ के लिये किसी विशेष स्थान पर जाने की आवश्यकता भी न होती। बांग्ला की इस कहावत में यही भाव है—" खलिहान में माणिक पाऊँ, तो क्यों पर्वत पर जाऊँ!"

Subject

If meaner things could come of use, better things would not be utilized at all. The following proverbs express this idea. For instance the Bengali proverb - " If I discover rubies in my backyard (in the husking shed), why shall I (take the trouble, and) go to the mountains ! "

हिन्दी अगर भेंड़ी के लेंडी मीठ होइत,
तऽ गड़ेरिया दोसर आदमी के खेते ना हिराइत।
(यदि भेड़ की लेंडी मीठी होती तो गड़ेरिया भेड़ों को दूसरे आदमी के खेतों में नहीं बिठाता।)

Eng. tr. If the dung-globules of the sheep to be sweet, the shepherd would not have rested his sheep in another's fields.

काँकरा (काकड़िया) कँवला हुवै तो स्यालिया कद छोडै । (राज.)
(कंकर कोमल हो तो गीदड़ कब छोडें ? कभी के खा जायें ।)

Eng. tr. If the pebbles are soft, the jackals would eat them in no time.

कुत्ता घास खाए तो सभी पाल लें ।

Eng. tr. If dog could live on grass, everybody could keep one.

गधों से हल चले तो बैल कौन बिसाए ?

Eng. tr. If donkeys could draw plough, who would buy oxen (of higher price) ?

घर में जो शहद मिले, तो काहे बन को जावे ?

Eng. tr. If honey could be got in houses, who would search for it in the forest ?

छेरी भेरी हर चले तऽ बगोंधा रख के का होइ । (शाहा.)
(यदि बकरी और भेड़ से हल चलते, तो बड़े बड़े बैलों को रखने की क्या आवश्यकता ?)

Eng. tr. If goats and sheep could pull the plough, where is the necessity of keeping oxen ?

जो गधे जीते संग्राम, तो काहे को ताझी को खर्चें दाम ?

Eng. tr. If battles could be won by asses, who would spend to keep Arab steeds !

टाबरियाँ ही घर बसै तो बाबो बुढली क्यूँ लावै ? (राज.)
(बच्चों से ही घर बसे तो बाबा बुढ़िया क्यों लावे ? (ब्याह करे ?)

Eng. tr If a household could be run by children only, why would a man marry ?

बकरी से हल चलता तो बैल कौन रखता ?

Eng. tr. If goats could draw the plough, who would keep oxen ?

उर्दू गधों से हल चले तो बैल क्यों बिसाये ?

Eng. tr. Who would keep the oxen, if donkeys could plough fields ?

कश्मीरी ब्रारिसय् पखुँ यहान् सरन् रोज़हान् नुँ पछिन् ।

हिन्दी अनु. अगर बिल्ली के पंख (उग) आते तो सरोवरों में मुर्गाबीयाँ (शेष) न रहती ।

Eng. tr. Would a cat have wings, there would be no water-fowls in the lakes.

सिंधी खदिड़नि पुट जण्या त हूंद ज़ालुनि मुड्स ई कीन क्या ?

हिन्दी अनु. हीजड़े यदि बेटों को जन्म दे सकते तो फिर औरतें मर्दों से शादी क्यों करतीं ?

Eng. tr. If the eunuchs could give birth to sons, why would women marry men ?

तेलु सहांगो होत गिदड़नि बि हूंद चोट्यू मख्यूं।

हिन्दी अनु. तेल अगर सस्ता होता तो गीदड़ भी अपनी चोटी को लगाते।

Eng. tr. If oil were cheap, jackals would use it for their hair.

परावा पुट पंहिंजा थियनि हा त ज़ालूं सूरई न सहनि हा।

हिन्दी अनु. पराए बेटे अगर अपने बनते तो औरतें प्रसवपीड़ा क्यों सहती ?

Eng. tr. If others' sons would become one's own, why would women bear labour-pains?

पहण कूंअरा हुआ त हूंद गिदड़नि खाई छडिया।

हिन्दी अनु. पत्थर अगर नरम होते तो गीदड़ उन्हे खा लेते।

Eng. tr. If stones were soft, jackals would eat them all.

पिनंदे जे पड़े त मुड्सु छा लाइ कजे।

हिन्दी अनु. अगर मांग कर खाने से जीवन निर्वाह हो सकता तो औरतें विवाह कर घर किस लिए बसातीं ?

Eng. tr. If one could live by begging, why would women establish houses?

पिनिए मङिए घरु हलेत खुहि उधारी वाट।

हिन्दी अनु. भीख मांगने से अगर घर चलने लगे तो फिर लोग उधार लेना ही छोड़ दें।

Eng. tr. It is no use borrowing when the house can be managed by begging. (Used in respect of misers.)

वछ खीरु डिए त मेंहिं छो धार्जे।

हिन्दी अनु. बछड़ा अगर दूध दे तो फिर भैंस की क्या ज़रूरत ?

Eng. tr. If a calf could yield milk, who would keep a buffalo?

मराठी कुळीदना होय मांडा, तर रडत्या का रांडा.

हिन्दी अनु. कुलथी का होता (बनता) मॉंड तो रोती क्यों रांड।

Eng. tr. If pastries could have been made out of vetch, why would women have cried? (There would be no need for sorrow if the best things could be made out of small things.)

गाढव गूळ हगते तर डोंबारी-लोणारी-कुंभार का भीक मागतो ?

हिन्दी अनु. गधा यदि गुड़ हगता, तो मदारी-कोयलेवाले-कुम्हार क्यों भीख माँगते ?

Eng. tr. Had a donkey given jaggery for excreta, the potters and the gypsies would not need to beg.

गाढवाच्या लेंड्यांचे पापड बनते तर उडीद कशाला होते ?

हिन्दी अनु. गधे की विष्ठा के पापड़ बनते तो उड़द क्यों पैदा किये जाते (होते ?)

Eng. tr. If the wafers could be made with the donkey's dung-globules, who would need pulses?

शेज़ान्याने घरे आणि पाहुण्याच्याने पोरे होती तर मग काय ?
हिन्दी अनु. पड़ोसी से मकान और मेहमान से संतान होती तो क्या ?
Eng. tr. If the neighbours made houses and the guests made babies, what else would one want ?

गुजराती अक्कल वेचाती मळती होय, तो कोई मूरख न रहे.
हिन्दी अनु. अक्ल बिकती हो तो कोई मूरख (मूर्ख) न रहे ।
Eng. tr. None would remain foolish if intellect is available for sale.

खीलो दूझे तो भेंसनुं शुं काम ?
हिन्दी अनु. खूँटी दूध दे तो भैंस का क्या काम ?
Eng. tr. What is the need of a buffallo, if a peg gives milk ?

गधानी लींडे पापड थाय तो अडद मगनो भाव कोण पूछे ?
हिन्दी अनु. गधे की लीद से पापड़ बनते हो तो उड़द मूँग का भाव कौन पूछे ?
Eng. tr. If ' papad ' can be made of the globules of a donkey's dung, who would care for kidney-beans and green beans ?

जो गधडे मुलक लेवाय, तो घोडाने कोण पूछे ?
हिन्दी अनु. यदि गधों से मुल्क जीता जा सके तो घोड़ों को कौन पूछे ?
Eng. tr. Who would care for horses if the land can be conquered on donkeys ?

दोरा चीठीए दीकरा थाय तो परणशे कोण ?
हिन्दी अनु. दोरे-धागे और चिट्ठी (तावीज़) से बेटे हो तो शादी कौन करेगा ?
Eng. tr. Who would marry, if children can be got by (with the help of) enchanted threads and amulets ?

बाङ्ला आकन्दे जदि (यदि) मधु पाइ, तबे केन पर्वते जाइ ।
हिन्दी अनु. विषैले आकन्दा फल से यदि शहद मिले तो पहाड़ पर क्यों जाएँ ?
Eng. tr. If honey could be had from the ubiquitous ' Akanda ' fruit, (which is actually poisonous,) one would not venture in the mountains.

आमड़ातलाय आम पेले, आमतलाते के बा जाय ।
हिन्दी अनु. अमड़े के नीचे आम पाए, तो आमतले कौन जाए ।
Eng. tr. If one gets mangoes under an ordinary ' Amda ' tree, who will (take the trouble) go to a mango-grove.

छागलेर पाये यदि यव माड़े, तबे केन लोके बलद जोड़े ?
हिन्दी अनु. बकरी के पाँव से अगर धान मला जाए, तो लोग बैल क्यों लगाएँगे ।
(मला जाए-धुना जाए)
Eng. tr. If the sheep could thresh the barley with their feet, why would the people use bullocks ?

ढेंकिशाले यदि माणिक पाइ, तबे केन पर्वते याइ (जाइ) ?

हिन्दी अनु. खलिहान में माणिक पाऊँ, तो क्यों पर्वत जाऊँ ?

Eng. tr. If I discover rubies in my backyard (in the husking shed), why shall I (take the trouble, and) go to the mountains ?

ओड़िआ छेळि गोड़रे जदि धान मळि हुअन्ता, तेबे बळद किआ लोडा हुअन्ता ?

हिन्दी अनु. बकरी से अगर धान मले जाते, तो बैल को क्यों खरीदते ?

Eng. tr. If goats could help threshing corn, why would one need bullocks ?

तमिळ अत्तैक्कु मीशै मुळैत्ताल्, शिट्टप्पा अेनूकलाम् .

हिन्दी अनु. फूफी को मूँछ उग आएँ तो उसे चाचा कहेंगे।

Eng. tr. Should the moustache grow to one's aunt, we may call her uncle. (Referring to improbable contingencies.)

तेलुगु अत्तकु मीसालुण्टे मेनमामा वरस.

हिन्दी अनु. फूफी को मूँछें उग आती तो मामा कहलाती।

Eng. tr. If the aunt grows moustache, she becomes an uncle.

कुक्कलु एकुलु वडिकिते, गुर्रालु चीरलु कडतायि.

हिन्दी अनु. कुत्ते सूत कातते तो घोड़े साडी पहनते।

Eng. tr. If dogs spin, horses wear saries.

तायितुलके पिल्ललु पुडिते, तार्नेदुकु ?

हिन्दी अनु. ताबीज से बच्चे होते तो उन की (पति की) क्या ज़रूरत थी ?

Eng. tr. What for is he (husband) if a mere talisman is enough to beget children ?

रंकु सागिते पेळ्लें दुकु ?

हिन्दी अनु. व्यभिचार से काम चलेगा तो शादी की क्या ज़रूरत ?

Eng. tr. If adultery is in practice, why marry ?

कन्नड अत्तेगे मीसे बन्दरे चिक्कप्प.

हिन्दी अनु. बुवा को मूँछें होती तो चाचा कहते।

Eng. tr. If the aunt grows moustache, she would be called ' uncle '.

कत्तेगळेल्ला करावु करेदरे दोंबनिगे याके बडतन ?

हिन्दी अनु. यदि गधे दूध देने लगे तो डोम की गरीबी कहाँ रहेगी ?

Eng. tr. If all the donkeys begin to yield milk, will there be poverty for the low-caste ?

मलयाळम् अट्टयक्कु कण्णुं कुतिरयक्कुं कोम्पुं कोटुत्तिरुन्नेन्किलो ?

हिन्दी अनु. अगर जोंक को आँखे और घोड़े को सींग दिये होते तो ?

Eng. tr. What, if the leech had eyes, and the horse had horns ?

४८

ग़रज़ ख़त्म, हक़ीम जहान्नुम में।

आशय

आवश्यकता होने पर किसी को सम्मानित करते हैं और आवश्यकता समाप्त होने पर उसी को धुत्कारते हैं, अपमानित करते हैं। कई लोगों में इस प्रकार का व्यवहार पाया जाता है। इस व्यवहार पर निम्नलिखित कहावतों में व्यंग किया हुआ है। यह ओड़िआ कहावत देखिये—"संकट में मुर्गी की बली चढ़ाने का आश्वासन, संकट टलने पर कुछ नहीं।"

Subject

There are people who respect you when in need, but throw you out when their need is over. These proverbs tell of such people. For instance the Orissa proverb says—"To promise a fowl (to the deity) at the time of trouble, but give nothing when the trouble has passed."

हिन्दी **काम पड़े मउसी भोज परे लबार। (चंपा.)**
(काम हो तब मौसी का नाता, भोजन के वख्त उसे लुच्ची कहकर हकाल देता है।)

Eng. tr. When he is in need, he calls her aunt; at the time of meals, he calls her a cheat (and drives her away).

काम सन्या दुख वीसन्या वैरी हुयग्या वैद। (राज.)
(जब काम बन गया और दुख भूल गया तो वैद्य बैरी हो गया।)

Eng. tr. When the work was done and the pain forgotten, the doctor became an enemy.

गरज मिटी गूज़री नटी। (राज.)
(गरज मिटी और गूजरी ने इनकार किया।)

Eng. tr. When her work was done, the milkmaid refused to give.

गरज सरी'र वैद वैरी। (राज.)

Eng. tr. When the need was over, the doctor became an enemy.

गाया में गाय पैड़ा पर बाछी, घरे अयला पर एक ना बाक़ी। (चंपा.)
(गया में गाय दान करने को कहा, गया से घर आते समय बाछी देने को कहा, घर पहुँचा तो उस से भी इन्कार किया।)—अवसरवादी।

Eng. tr. At Gaya he promised to give away a cow as a gift, on his return he promised a calf, and on reaching home he refused to give anything.

बिपत पड़ी जब भेट मनाई, सुकर गया जब देनी आई।

Eng. tr. When the trouble was on him, he made a vow; when the trouble passed, he denied it.

भूखले गेलहुँ बहू बेचे अघैले कहलक बन्हकी।

(भूख लगने पर तो बहू बेचने गया, लेकिन पेट भर जाने पर कहने लगा कि बंधक रक्खूंगा।)

Eng. tr. He was out to sell his wife when he was hungry, but when the belly was full, he said I would only mortgage her.

भेल काम दुख विसरा ले परोसिन मुसरा। (पट.)

(काम हो गया तो दुख विसर गया, अब पड़ोसिन को मूसल दिखला रही हो।)

Eng. tr. She forgot the pangs when the work was done, then out you go oh neighbour.

ENGLISH

1. The nurse is valued till the child has done sucking.
2. The danger past, and God forgotten.
3. After you have mounted, you kick away the ladder.
4. As soon as you have drank, you turn your back upon the spring.
5. When the devil was sick, the devil a saint would be; when the devil got well, the devil a saint was he.
6. When I had thatched his house, he would have hurted me from the roof.
7. When the cow is old, she is soon sold.
8. A fig to the doctor when cured.
9. Vows in storms are forgotten in calms.
10. Once on shore we pray no more.
11. While the thunder lasted, two bad man were friends.
12. It is time to part with your guide when you have got your boots off.

उर्दू ग़रज़ ख़त्म, हक़ीम जहान्नुम में।

Eng. tr. Let the physician go to hell after the need is over.

पंजाबी काम रहे तां काजी ना रहे तां पाजी।

हिन्दी अनु. काम पड़े तब काजी, काम न रहे तो पाजी।

Eng. tr. When you need him, he is a wiseman; when you don't need him, he is a scoundrel.

कोठा उसन्या तरखाण विसन्या।

हिन्दी अनु मकान पूरा हुआ और बढ़ई को भुला दिया।

Eng. tr. When his house was built, he forgot the carpenter.

नैं लंघी ख्वाजा विसन्या।

हिन्दी अनु. नदी तरे, ख्वाजा को बिसरे।

Eng. tr. The river was crossed and the khwaja was forgotten.

पहाड़ी मीत किस दे, भत खा के खिसके।

हिन्दी अनु. पहाड़ी दोस्त किस के, भात खा के खिसके।

Eng. tr. With whom do the hill folk have friendship? When ever they finish rice eating, away they go.

कश्मीरी अथुँ छोल् तुँ स्यत्रुत् चोल्।

हिन्दी अनु. हाथ धोया और दोस्ती भागी।

Eng. tr. As soon as the hands were washed, the friendship ran away.

सिंधी कमु लथो, डखणु विसियों।

हिन्दी अनु. काम हो गया तो बढ़ई को भूल गये। (अर्थात उसे काम के पैसे भी न दिये।)

Eng. tr. After the business is done, the carpenter is forgotten.

लंघ्या पट, विसिर्या मिट।

हिन्दी अनु. रास्ता पार किया तो सगेसंबंधियों को भूल गया।

Eng. tr. Has forgotten his kith and kin after he has crossed the street.

मराठी कामापुरता मामा, ताकापुरती आजीबाई / आत्याबाई.

हिन्दी अनु. काम के लिए मामा, (और) छाछ के लिए नानीजी / फूफीजी।

Eng. tr. When some work is to be done, someone becomes a maternal uncle, and when butter-milk is required another becomes a grand-mother / aunt.

गणपति (गणेश) गेलो पाणया, इयाट (वाट) धर वाणया.

हिन्दी अनु. गणेश को डुबाया पानी में, अब राह पकड़ो बे बनिये]

Eng. tr. Lord Ganesh is immersed in water, and now he asks the shop-keeper to go his own way.

गरज़ सरो वैद्य मरो.

हिन्दी अनु. (अ) गरज़ ख़तम वैद्यराज मर जाए।

(आ) आवश्यकता न रहे तो चाहे वैद्यराज मरे।

Eng. tr. (a) When the need is fulfilled, let the doctor die.

(b) Now that the need is satisfied, it matters not if the doctor dies.

गुजराती काम वखत काकी, नीकर मूके हांकी.

हिन्दी अनु. काम पड़े काकी, नहीं तो हकाल दे।

Eng. tr. Called 'auntie' at the hour of need, otherwise is driven out.

गरज सरी के वैद वेरी.

पाठभेद **अर्थ सऱ्या पछी वैद वेरी.**

हिन्दी अनु. गरज़ समाप्त हो गई, और वैद्य वैरी (दुश्मन) सा लगता है।

Eng. tr. Doctor is a foe when the need is over.

गुमडुं फुटे ने वैद वेरी.

हिन्दी अनु. फोड़ा फूटे (आराम हो जावे) तो वैद्य वैरी (दुश्मन) ।

Eng. tr. The boil is burst and doctor is an enemy.

भणी गणीने ऊतर्या, गुरुजीना मोंमा मूतर्या.

हिन्दी अनु. पढ़ लिख कर पार भये और गुरुजी के मुँह में मूतने लगे ।

Eng. tr. Became educated, and made water in the mouth of the teacher.

विवाह वीत्यो ने मोड थांसले.

हिन्दी अनु. शादी समाप्त और सेहरा खंभे पर । (सेहरा — वर और कन्या के माँ के सिर या कपाल पर बाँधा जानेवाला गहना ।)

Eng. tr. The wedding is over and the chaplet is kept on the pillar. (मोड — chaplet worn by women on auspicious occasions.)

बाङ्ला काज फुराले बाडइ शाला ।

हिन्दी अनु. काम निकलने पर बढ़ई को गाली (साला) ।

Eng. tr. When the work is done, call names to a carpenter.

गाड पेरोले पाटनि शाला ।

हिन्दी अनु. नाँव किनारे लगने पर माझी को गालियाँ ।

Eng. tr. When the boat reaches the banks, the boatman is cursed.

पार हइले पाटनि शाला ।

हिन्दी अनु. नदी पार करने पर मल्लाह को गाली ।

Eng. tr. Once across the river, abusing the boatman.

बिपदे भगवानेर दोहाइ, संपदे ए कि बालाइ ।

हिन्दी अनु. बिपद में भगवान की दुहाई, संपद में यह क्या बला आई ?

Eng. tr. When in danger invoking the grace of God, when out of it neglect the vows made, as irksome.

बिपदे शिवेर गोंड़ा, संपदे शिव तो नोड़ा ।

हिन्दी अनु. बिपद में शिव की शरण, संपद में शिव तो मात्र बट्टा ।

Eng. tr. In times of danger and difficulty, be a blind devotee of Shiva; once out of a difficulty, call Shiva a mere stone muller.

बिये फुराले छाँदलाय लाथि ।

हिन्दी अनु. शादी के बाद मंडप को लात ।

Eng. tr. Kicking the auspicious canopy after the marriage is over.

असमीया पार पाले युगी, भुरत मारे लाथि।

हिन्दी अनु. किनारे पहुँच कर युगी नाव पर लाथ मारता है। (नाव — तराफा)

Eng. tr. Landing at the other shore the ' jugi ' kicks at the raft.

ओड़िआ आतंक काळे जाचंति कुकुडा, आतंक गले दिअंति लेफडा।

हिन्दी अनु. संकट में मुर्गे की बली चढ़ाने का आश्वासन, संकट टलने पर कुछ नहीं।

Eng. tr. To promise a fowl (to the deity) at the time of trouble, but give nothing when the trouble has passed.

काम सरिले मेरिमुहँ खोळा।

हिन्दी अनु. काम खतम होने पर खूँटा खराब।

Eng. tr. After the work is done the peg is considered bad.

पइड, बजिद, मदघडा, काम सरिले गडगडा।

हिन्दी अनु. डाब, वैद्य और शराब का घड़ा, काम हुआ फिर गड़गड़ा।

Eng. tr. A green coconut, a doctor, and a wine jar (liquour barrel), once done with, they are neglected.

बिभा सरिले वेदी मुँह पोडा।

हिन्दी अनु. विवाह समाप्त होने पर ऋत्विज का मुँह जलाना।

Eng. tr. The altar's/priest's face is burnt after the wedding.

मद घड़ा, काम सरिले गड़गड़ा।

हिन्दी अनु. शराब का घड़ा, काम खत्म होते ही गड़गड़ा दिया।

Eng. tr. A wine barrel is rolled away once work with it is over.

तमिऴ आट्रैक कडंदाल ओडक्कारनुक्कु ओरु शोट्टु.

हिन्दी अनु. नदी पार करने पर नाविक को चपत।

Eng. tr. After crossing the river the boatman gets a cuff.

आरु कडक्किर् वरैयिल् अण्णन् तम्बि, अप्पुरम् नी यार ? नानार् ?

हिन्दी अनु. नदी पार करते तक हम तुम भाई-भाई, बाद में तुम कौन मैं कौन ?

Eng. tr. To avow fraternal relationship until the river is crossed, and to ignore it on arriving at the opposite bank.

ओडम् विट्टु इरंगिनाल् ओडक्कारनुक्कु ओरु शोट्टु.

हिन्दी अनु. नदी पार नाव से उतरने पर मल्लाह को घूसा–मार–मुक्का।

Eng. tr. On landing, a cuff for the boatman.

कारियमाकुमट्टुम् कालैप् पिडि, कारियमान पिरगु कुडुमियैप् पिडि.

हिन्दी अनु. कार्य होने तक पैर पकड़, कार्य होने के बाद चोटी पकड़।

Eng. tr. Catch feet while in need, catch the tuft of his hair as soon as the need is fulfilled.

तेलुगु अक्कर उन्नंतवरकु आदिनारायण, अक्कर तीरिते गूदनारायण.

हिन्दी अनु. काम होने तक आदिनारायण, काम हो जाने पर गूदनारायण।

Eng. tr. While your need lasts, he is Adinarayan, once it is over he is Gudanarayan. ('Guda' is a vulgar word meaning rectum.)

अक्कर तीरिते अक्क मोड्डुगु कुक्कु.
हिन्दी अनु. काम (सुहाग रात का) पूरा होने पर बड़ी बहन का पति कुत्ता ।
Eng. tr. Once her need is over, her sister's husband is a dog.

आपद मुक्कुलु, संपद मरपुलु.
पाठभेद आपद म्रोक्कुलु, संपद मरपुलु.
हिन्दी अनु. विपत्ति में आराधना, संपत्ति में भूल जाना (भगवान को)।
आराधना = मनौती देना ।
Eng. tr. (1) Making vows in woe and forgetting them in weal.
(2) Vows in adversity and carpings in prosperity.

एरु दाटि तेप्प तगुल बेट्टिनट्लु.
हिन्दी अनु. नदी पार कर के बेडा जला देना ।
Eng. tr. Burning the raft after crossing the river.

एरु दाटे वरकु एंगन्न, एरु दाटगाने पिंगन्न.
हिन्दी अनु. नदी पार करने तक एंगन्ना (आदरसूचक), नदी पार हो जाने के बाद पिंगन्ना (अवहेलना सूचक — मल्लाह के लिये)।
Eng. tr. Till you cross the river, call him (boatman) Enganna, (respectable) when you finish it, call him Pinganna (condemned).

गट्टु चेरिन वेनुक पुट्टिवानितो पोट्लाडिनट्लु.
हिन्दी अनु. (नदी) पार करने के बाद खलासी से झगड़ा ।
Eng. tr. Fighting with the ferry-man after getting over the river.

पडव ओड्डु चेरिते पडव वानि मीद ओक सोड्डु.
हिन्दी अनु. नाव किनारे पर पहुँचते ही नाविक को अलविदा ।
Eng. tr. Bye-bye to the boat-man once the boat reaches the shore.

कन्नड उट आयितु, ओले कित्तु हाकु.
हिन्दी अनु. खाना हो गया तो चूल्हा फेंक दिया ।
Eng. tr. The meal is over, throw away the oven.

दोणि दाटिद मेले अंबिगन मिंड.
हिन्दी अनु. नदी पार करने पर माझी की क्या पूछ ?
Eng. tr. After the boat crosses the river, none cares for the rower.

पारु दाटुव वरेगे नारायण, मत्ते पलायन.
हिन्दी अनु. पार लगने तक नारायण नारायण, बाद में पलायन ।
Eng. tr. Chanting the holy name of God till the stream is crossed, then bid good bye.

होळे दाटिद मेले अंबिगन भिंड.
हिन्दी अनु. नदी पार करने पर माझी को कहे साला (गाली) ।
Eng. tr. Abuses to the boat-man after crossing the river.

मलयाळम् अन्तियावोळं वेळ्ळं कोरि अन्तियक्कु कुटमिट्टुटच्चु.

हिन्दी अनु. शाम तक पानी भर कर शाम को घड़ा फोड़ दिया।

Eng. tr. One pulled water till dusk and then broke the pitcher.

करयटुक्कुम्पोळ् तुळयिट्टुकळयोल्ल.

हिन्दी अनु. किनारे के पास आने पर डंडा न फेंक दो।

Eng. tr. Don't throw away the oar when you are about to reach the shore.

पालं कटक्कुवोळं नारायण, पालं कटन्नाल् कूरायण.

हिन्दी अनु. पुल पार होने तक नारायण, पार होने पर कूरायण।

Eng. tr. Until the bridge is crossed, one prays God, but soon after denounces him.

संस्कृत उपाध्यायश्च वैद्यश्च ऋतुकाले वराङ्गना।
सूतिका दूतिका चैव कार्यान्ते तृणवत्स्मृताः॥

हिन्दी अनु. उपाध्याय, वैद्य, ऋतुकालप्राप्त वनिता, सूतिका (जच्चा) तथा दूतिका, कार्य समाप्त होने के बाद इन सब की कीमत तृण के समान हो जाती है।

Eng. tr. A preceptor, a physician, a beautiful woman in her menses, a lying-in woman and a female go-between, when their service is over, are given the value of grass that is trampled upon.

कार्यार्थी भजते लोके यावत्कार्यं न सिध्यति।
उत्तीर्णे च परे पारे नौकायाः किं प्रयोजनम्॥

हिन्दी अनु. अपना कार्य सिद्ध होने तक लोग किसी का भी आदरसम्मान करते हैं। नदी के दूसरे तीर पर पहुँचने पर नौका का क्या प्रयोजन होता है?

Eng. tr. A man in need takes the help of the world only so long as he has still to achieve his end. When one reaches his last resort, whence is the need of the boat?

नौकां वै भजते तावद् यावत् पारं न गच्छति।
उत्तीर्णे तु नदीपारे नौकायाः किं प्रयोजनम्॥

हिन्दी अनु. जब तक नौका से नदी पार करनी है, तब तक नौका की पूजा की जाती है। नदी पार करने पर नौका को कौन पूछता है?

Eng. tr. A boat is resorted to till one reaches the other bank. When the river is crossed, what is the use of the boat?

४९

गरजते हैं, वो बरसते नहीं।

आशय

जो जादा बातें करते हैं, शोर मचाते हैं, वे काम बहुत कम करते हैं। ऐसे दिखावा बहुत और काम थोड़ा करनेवालों के प्रति इन कहावतों में व्यंग ताना है। हिन्दी की इस कहावत ने कैसा सुंदर प्राकृतिक दृष्टान्त प्रस्तुत किया है — "गरजते हैं, वोह बरसते नहीं।" (बादल)

Subject

These proverbs tell us how people who create a big noise, and talk a great deal, do very little; whereas the doers talk very little.

हिन्दी काली घटा डरावनी और धौली बरसन हार।

Eng. tr. The black cloud threatens, but the white cloud gives the rain.

गरज़ते हैं, वोह बरसते नहीं।

Eng. tr. The (cloud) which thunders seldom rains.

गरजै सो बरसै नहीं बरसै घोर अँधार। (राज.)

जो (बादल) गरजता है वह बरसता नहीं, जो घोर काला होता है और चुपचाप आता है वह बरसता है।

Eng. tr. The clouds that rumble, do not rain, the clouds that are dark and quiet, do.

जो कहते हैं, वोह करते नहीं।

Eng. tr. Great promisers are small performers.

ENGLISH

1, A long tongue has a short hand.
2. Great braggers, little doers.
3. Great talkers are great liars.
4. The worst wheel of a cart creaks most.
5. Much cry, little wool.
6. Barking dogs seldom bite.
7. Dogs that bark at distance never bite.
8. You often cackle but never lay an egg.
9. Great barkers are no biters.
10. The ass that brays most eats least.

उर्दू काली घटा डरावनी भूरी बरसन हार।

Eng. tr The dark clouds are frightening and the light ones rain.

गरजते हैं वो बरसते नहीं।

Eng. tr. Those that thunder do not rain.

पंजाबी जो गरजदे हन सो वरसदे नहीं।

हिन्दी अनु. जो गरजते हैं, वो बरसते नहीं।

Eng. tr. Clouds which thunder rarely rain.

कश्मीरी च़्र्‌यन्‌ कथन्‌ ॅबु सूद्‌, च़्र्‌यन्‌ गगॅुरायन्‌ ॅनु रूद्‌।

हिन्दी अनु. अधिक बातों से लाभ नहीं, अधिक गरजने से वर्षा नहीं।

Eng, tr, Too much talk is gainless, too many thunders rainless.

यंच़न्‌ गगरायन्‌ रूद्‌ ॅनु, च़्र्‌यन्‌ कथन्‌ सूद्‌ ॅनु।

हिन्दी अनु. (बादलों के) अधिक गरजने पर वर्षा नहीं, बहुत बातों से लाभ नहीं।

Eng. tr. No rains from much thundering, no gain from much speaking.

मराठी बोलेल तो करील काय, गरज़ेल तो पडेल काय?

हिन्दी अनु. बोलेगा सो करेगा क्या, गरजेगा सो बरसेगा क्या?

Eng. tr. Clouds that thunder won't rain, people who talk won't do (anything).

गुजराती गाजता मेह वरसे नहीं, ने भसतो कूतरो करडे नहीं.

हिन्दी अनु. गरजते बादल बरसते नहीं, और भौंकते कुत्ते काटते नहीं।

Eng. tr. A thundering cloud won't rain and a barking dog won't bite.

जे कहे ते करे नाहिं ने करे ते कहे नहिं.

हिन्दी अनु. जो कहता है वह करता नहीं, और जो करता है वह कहता नहीं।

Eng. tr. He who speaks does not act, he who acts does not speak.

भसता कूतरा करडे नहीं, गाज्या मेघ वरसे नहीं.

हिन्दी अनु. भौंकते कुत्ते काटते नहीं, गरजते बादल बरसते नहीं।

Eng. tr. Barking dogs do not bite, thundering clouds do not rain.

बाङ्ला अनेक गर्जने फोंटा वृष्टि।

हिन्दी अनु. ज्यादा गरजने पर बिन्दुमात्र वर्षा।

Eng. tr. Too much thunder, but a drop of rain.

असारेर तर्जन-गर्जन सार।

हिन्दी अनु. कमजोर का जोर गर्जन में।

Eng. tr. Raging and roaring is the only way of a weakling.

गर्जन आछे, वर्षण नेइ।

हिन्दी अनु. गरजता है, बरसता नहीं।

Eng. tr. Lot of thunder, yet no downpour.

फोंकाय साप टोकाय ना।

हिन्दी अनु. फूत्कारनेवाला साँप काटता नहीं।

Eng. tr. A hissing snake does not bite.

यत गर्जे तत वर्षे ना।
हिन्दी अनु. जितना गरजते हैं, बरसते नहीं।
Eng. tr. More rumbling does not mean more rains.

असमीया भुका कुकुरे नाकामोरे।
हिन्दी अनु. भूँकनेवाला कुत्ता काटता नहीं।
Eng. tr. Dog that barks does not bite.

यत (जत) गर्ज्जे, तत न बर्षे।
हिन्दी अनु. जितना गरजेगा, उतना बरसेगा नहीं।
Eng. tr. If there is more sound there is little rain.

ओड़िआ कहे जे करे नाहिं, करे जे कहे नाहिं।
हिन्दी अनु. जो कहता है वह करता नहीं, जो करता है सो बोलता नहीं।
Eng. tr. One who speaks does not do, one who does does not speak.

गरजिला मेघ बरषे नाहीं, कि भुकिला कुकुर कामुडे नाहीं।
हिन्दी अनु. गरजते मेघ बरसते नहीं, भूँकनेवाला कुत्ता काटता नहीं।
Eng. tr. A thundering cloud seldom rains, a barking dog seldom bites.

घुमुरिला बाघ माणिष न खाये।
हिन्दी अनु. चिंघाडनेवाला बाघ मनुष्य को नहीं खाता।
Eng. tr. A tiger that screams does not kill men.

तमिळ कुलैक्किर् नाय् कडिक्क अरियादु.
हिन्दी अनु. भूँकनेवाला कुत्ता कभी नहीं काटेगा।
Eng. tr. A barking dog does not bite.

पेच्चुक् कट्ट् नाय् वेट्टैक्कु आगादु.
हिन्दी अनु. भूँकनेवाला कुत्ता किसी काम का नहीं।
Eng. tr. A noisy dog is not fit for hunting.

तेलुगु अरपुल गोड्डु पितुकुना.
हिन्दी अनु. रंभानेवाली भैंस दुहने (दूध) नहीं देती।
Eng. tr. A yelling beast yields no milk.

अरिचेकुक्क करवदु.
पाठभेद मोरिगे कुक्क करवदु.
हिन्दी अनु. भूँकनेवाला कुत्ता काटता नहीं।
Eng. tr. A barking dog never bites.

अस्तमानं अरिचेपिल्लि ऎलुकल पट्टलेदु.
हिन्दी अनु. दिन-रात म्याऊँ म्याऊँ करनेवाली बिल्ली चूहे को पकड़ नहीं सकती।
Eng. tr. A mewing cat catches no mice.

वेसेवि पुलि गुरुकलु, मेसेवि गड्डि परकलु.

हिन्दी अनु. गरजता है बाघ की तरह, पर खाता है घास के पात।

Eng. tr. It makes the sound of a tiger, but grazes on grass blades.

कन्नड कच्चो नायि बोगळोदिल्ल, बोगळो नायि कच्चोदिल्ल.

हिन्दी अनु. काटनेवाला कुत्ता भूँकता नहीं, भूँकनेवाला कुत्ता काटता नहीं।

Eng. tr. The biting dog does not bark, and the barking dog does not bite.

मलयाळम् कुरय्क्कुं पट्टि कटिय्क्कुकयिल्ल.

हिन्दी अनु. भूँकता कुत्ता काटता नहीं।

Eng. tr. A barking dog seldom bites.

संस्कृत शरदि न वर्षति गर्जति वर्षति वर्षासु निःस्वनो मेघः।
नीचो वदति न कुरुते न वदति सुजनः करोत्येव॥

हिन्दी अनु. शरद ऋतु में बादल गरजता है पर बरसता नहीं। वर्षाकाल में बादल बरसता है पर गरजता नहीं। क्षुद्र व्यक्ति बोलता है, करता नहीं; परंतु सज्जन करता है, बोलता नहीं।

Eng. tr. The cloud in autumn does not send rain but only thunders, whereas the cloud in rainy season sends down rain without a sound. A low person only brags, does not act; but a good man never speaks, he only acts.

५०

गाँव का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध।

आशय

अपने गाँव की व्यक्ति आदरणीय नहीं लगती, दूसरे गाँव से आया व्यक्ति आदर पाता है। अपने घर का व्यक्ति या चीज़ के प्रति अत्यधिक परिचय के कारण आदर का भाव घट जाता है और वह चीज़ या व्यक्ति तुच्छ सी लगने लगती है। हिन्दी की यह कहावत इस भाव को बड़ी रोचकता से प्रदर्शित करती है — "गाँव का जोगी जोगड़ा, आन् गाँव का सिध।"

Subject

People do not honour or like things of their own house or village. Any thing that comes from outside, is respected most. The following proverbs illustrate this idea. The Hindi proverb — "An ascetic in his own village is just beggar, but in another village he is a great saint."

हिन्दी गांव के बेटी बटठगनी।
(गाँव की लड़की को लोग रास्ते में ठगनेवाली कहते हैं।)
Eng. tr. A girl in her own village is called a waylayer.

घर का जोगी जोगना, आन (अन्य) गाँव का सिद्ध।
पाठभेद गाँव का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध।
Eng. tr. A jogi in his own village is a beggar, but one from abroad is a saint.

घर की खाँड़ किरकिरी, बाहर का गुड़ मीठा।
(लोक अपनी वस्तु की कदर नहीं करते।)
Eng. tr. The sugar at home is tasteless, and the jaggery outside is sweet.

घर की मुर्गी दाल बराबर।
Eng. tr. The house fowls are no dearer than peas.

घर के दाल गोबराइन लागेला। (चंपा.)
(घर की दाल गोबर सी लगती है।)
Eng. tr. The pea-soup at home tastes like cowdung.

बारीक पटुआ तीत।
(अपनी बाड़ी का पटुआ तीता।)
Eng. tr. A gourd from one's own backyard is bitter.

ENGLISH A prophet is not without honour save in his own country and own house. (Mat XIII 5-7)

उर्दू घर की मुर्गी दाल बराबर।
Eng. tr. The hen in one's own house is worth the pulses.

पंजाबी घर दा जोगी जोगड़ा, बाहर दा जोगी सिध।
हिन्दी अनु. घर का जोगी जोगड़ा, बाहर का जोगी सिद्ध पुरुष।
Eng. tr. A saint in his own town is considered inferior, but one from outside is a perfect man.

घर दे पीर नूं तेल दा मरुंड़ा।
हिन्दी अनु. घर के पीर को तेल के मुरंड़े। (एक घटिया भूसी का लड्डू।)
Eng. tr. The 'marunda' of oil to his own holy man. (Marunda—An inferior type of wheat and gur preparation.)

कश्मीरी पनुॅन्यव् छि नुॅ पांगम्बर् मांनि मुॅति।
हिन्दी अनु. अपनों ने पैगम्बर को नहीं माना।
Eng. tr. The prophet was not followed by his own kinsmen.

सिंधी घर जो पीरु चुल्हि जो मारंगु ।
हिन्दी अनु. एक पीर की कीमत उसी के घर में चूल्हे की ईंटों के समान ।
Eng. tr. A pir (Muslim saint) in his own house is worth (only) bricks of hearth.

मराठी घर मोगऱ्याक पर्मळ ना.
हिन्दी अनु. घर के मोतिये की (में) खुशबू नहीं आती ।
Eng. tr. The jasmine at home has no fragrance.

घरचीचे ते मिठवणी, आणि बाहेरचीचे मिठ्ठा पाणी.
हिन्दी अनु. घर की स्त्री का खारा पानी और बाहर की स्त्री का मीठा पानी ।
Eng. tr. Everything is tasteless at home but tasty outside.

पिकते तेथे विकत नाही.
हिन्दी अनु. जहाँ पैदा होता है वहाँ बिकता नहीं ।
Eng. tr. The area in which a thing grows is not where it is sold. (Because a thing is popular in an area when it is rarely to be seen there.)

गुजराती गामनी छोकरी ते परगामनी लाडी.
हिन्दी अनु. गाँव की लड़की और परगाँव की (दूसरे गाँव की) लाडी (दुल्हन) ।
Eng. tr. Girl of the village, (dear) bride of some other village.

गामनो जोगी जोगटो, ने परगामनो सिद्ध.
हिन्दी अनु. गाँव का जोगी जोगटा और परगाँव का सिद्ध ।
Eng. tr. The yogi of the town is merely a religious mendicant, and the one of some other town is a seer (or prophet or demigod).

पासे वस्युं ने गांडमा धस्युं.
हिन्दी अनु. निकट बसे, गांड में धसे ।
Eng. tr. Stayed near and entered the anus.

रोज करे आवजाव, तेनो कोई न पूछे भाव.
हिन्दी अनु. रोज करे आनाजाना, उस का भाव कोई न जाना ।
Eng. tr. None respects him who visits every day.

बाङ्ला गाँयेर मधो तिन गाँयेर मधुसूदन ।
हिन्दी अनु. गाँव के माधो, तीन गाँव के मधुसूदन ।
Eng. tr. Madho in his own village, he is called Madhusudan (with respect) in the three other villages.

गेंयो युगी भिख पाय ना ।
हिन्दी अनु. गाँव के जोगी को भीख नहीं मिलती ।
Eng. tr. A local mendicant goes without alms.

दूर जामाइयेर माथाय छाति, घर-जामाइयेर मुखे लाथि।

हिन्दी अनु. दूर जमाई के सर पर छत्र, घर-जमाई के सर पर लाथ। (दूर का जँवई अच्छा, पास का बुरा।)

Eng. tr. The son-in-law who is afar is a solace, while son-in-law puttiug up with oneself gets only kicks.

दूरेर जामाइ मधुसूदन, घरेर जामाई मधो,
भात खाओ'से मधुसूदन, भात खे'से रे मधो।

हिन्दी अनु. दूर का जमाई मधुसूदन, घर का जमाई मधो; भात खाओ जी मधुसूदन, भात खा ले रे मधो। (दूर के जमाई का आदर, घर-जमाई के प्रति अनादर।)

Eng. tr. The son-in-law staying away is adressed respectfully as Madhusucan, while one in the house is curtly called Madho. One who stays away is asked. " Will you not have some rice, dear? " while the householder one will be asked to finish off the given plate.

असमीया ओचरर बामुनक सुरि येन देखे।

हिन्दी अनु. पड़ोसी ब्राह्मण कलाल ही लगता है।

Eng. tr. A Bhrahmin living nearby appears to be an apothecary.

ओड़िआ आपणा देशरे चाकिरि करि कुकुर, पर देशरे चाकिरि कले ठाकुर।

हिन्दी अनु. अपने देश में नौकरी करे सो कुत्ता, परदेश नौकरी करे सो देवता।

Eng. tr. To be a dog serving in one's own country, and a God serving in others.

गाँ कनिआँ शिंघाणिनाकी।

हिन्दी अनु. गाँव की कन्या सेढ़ा भरे नाकवाली।

Eng. tr. The bride from the same village has a running nose.

गाँ जोगी कु भिक न मिले।

हिन्दी अनु. गाँव के जोगी को भीख नहीं मिलती।

Eng. tr. The jogi (mendicant) of the village does not get any alms.

गाँ बळद बिका जाए नाहि।

हिन्दी अनु. गाँव का बैल (अपने) गाँव में नहीं बिकता।

Eng. tr. One's bullock cannot be sold in the same village.

तमिऴ उळ्ळुर् मरुमगनुम् उऴुगिर कूडावुम् शरि.

हिन्दी अनु. उसी गांव का दामाद और जोता हुआ सांड़ दोनों बराबर घसीटे जाते हैं।

Eng. tr. A son-in-law of the same village and a ploughing buffalo are over wrought.

तन्नैप् पेट्रवळ् कोडुम् पावि, पेण्णैप् पेट्रवळ् मगराजि.

हिन्दी अनु. अपनी मां महापापी जब कि पत्नी की माँ महादेवी है।

Eng. tr. Despising his own mother as worthless whilst holding his mother-in-law in high estimation.

नत्त वाळैयिलै नित्तम् काट्पणम्.

हिन्दी अनु. गांव के केले का पत्ता सदा तीन पैसे का है।

Eng. tr. A village plantain leaf always costs a quarter fanam.

तेलुगु इण्टिसोम्मु इप्पपिण्डि, पोरुगिण्टि सोम्मु पोडिबेल्लमु.

हिन्दी अनु. घर का माल महुए का आटा, पड़ोस का माल गुड़ का चूर।

Eng. tr. His own property is like the flour of maize, his neighbour's like fine molasses.

पेरटिचेट्टु मन्दुकु रादु.

हिन्दी अनु. पिछवाडे का पेड़ दवा के लिए लायक नहीं।

Eng. tr. The tree in the backyard wo'nt do for medicine. (That which is near is not valued.)

पोरुगिंटि पुल्ल कूर रुचि.

हिन्दी अनु. पड़ोस की अंबाडे की सब्जी (खट्टी) भी स्वादिष्ट है।

Eng, tr. Sour dishes are sweet if neighbours make them.

कन्नड हित्तल गिड मद्दल्ल.

हिन्दी अनु. (अपनी) बाड़ी की वनस्पति दवा नहीं।

Eng. tr. The plant in the backyard is no medicine.

मलयाळम् मुट्टत्ते मुल्लय्क्कुं मणमिल्ल.

पाठभेद मुरत्ते मुल्लय्क्कुं मणमिल्ल.

हिन्दी अनु. (अपने) आँगन की चम्बेली को सुगंध नहीं।

Eng. tr. A jasmine in one's own courtyard never smells pleasant.

संस्कृत निकटस्थं गरीयांसमपि लोको न मन्यते।
पवित्रामपि यन्मर्त्या न नमस्यंति जान्हवीम्॥

हिन्दी अनु. अपने पास के महान व्यक्ति का लोग आदर नहीं करते। जैसे (समीप रहनेवाले) लोग पवित्र गंगा को वंदन नहीं करते।

Eng. tr. Great men are not respected by their neighbours. People living in the vicinity, do not offer oblations to sacred Ganga.

निजाङ्गना यद्यपिरूपराशिस्तथापि लोकः परदारसक्तः।

हिन्दी अनु. अपनी पत्नी खूबसूरत होते हुए भी लोग परनारी पर लट्टू होते हैं।

Eng. tr. Even when one's own wife is charming, people are lured by others' wives.

लोकः प्रयागवासी कूपे स्नानं समाचरति।

हिन्दी अनु. प्रयाग के लोग कुएँ के पानी से नहाते हैं। (गंगा में नहीं नहाते।)

Eng. tr. People from Prayag wash themselves with well-water. (Prayag is a sacred place where people from all over India come for a holy dip in Ganga-Jamuna confluence.)

स्वदेशजातस्य नरस्य नूनं गुणाधिकस्यापि भवेदवज्ञा।

हिन्दी अनु. अत्यधिक गुणवालों की अपने देश में अवज्ञा होती है।

Eng. tr. A man in his home-country, even endowed with eminent qualities. is cheaply insulted.

५१

गाछ में कटहल, होठों में तेल।

आशय

कई उतावले लोग कोई घटना घटने के बहुत ही पूर्व उस के बारे में विचार करते हैं, उस का प्रतिवाद करते रहते हैं, उस का इलाज करते रहते हैं। बड़े दूर के लाभ के भरोसे अभी से उस के वितरण की चिंता में रहते हैं। कभी अनावश्यक झगड़ा भी कर बैठतें हैं। केवल कल्पना में किसी घटना की ओर संकेत कर के अन्य लोगों को सचेत करने के हेतु जो इशारे करते हैं उस से लोग घबड़ाते हैं। अब इस गुजराती कहावत में देखिये कितना उतावलापन समाया है। — "शादी के पहले गौना."

Subject

Some impatient people already settle matters, long before they are likely to happen. Sometimes these settled matters are precautions, sometimes preparations, sometimes demands, fights and so on, long before a thing actually happens, For instance, the Gujarati proverb— 'Performing the first pregnancy ceremony before marriage.'

हिन्दी आधी रात को जंभाई आवे, शाम से मुँह फैलावे।

Eng. tr. He sets his mouth ajar at sunset in order to gape at mid-night.

गाछ में कठल, होंठ में तेल।

पाठभेद गाछे कटहल, ओठे तेल।

Eng. tr. The jack fruit on the tree and oil on the lips. (This fruit has a very glutinous juice on which account those who pluck it previously rub their hands with oil, and because its adhesive juice remains on lips after eating, it is removed by the same means.

चार दिन की आइयाँ, और सौंठ बिसाइन जाइयाँ। (स्त्री.)

Eng. tr. But four days married and she is off to by dry-ginger (for her accouchment).

जल में मछली, नौ नौ कुटिआ बखरा।

Eng. tr. The fish is in the water and the people are dividing it into nine shares.

पानी में मछली, नौ नौ टुकड़ा हिस्सा।

Eng. tr. The fish is in the water, and is being devided into nine shares.

बर न बिआह, छठ्ठी बरे धान कूटैं।

(अभी विवाह हुआ ही नहीं, पर पुत्र होने की छठी के लिये धान कूटा जा रहा है।)

Eng. tr. Not yet married, he is pounding paddy for the sixth day celebration of his son.

बाप पेट में, पूत ब्याहे चला।

Eng. tr. The father in the stomach, and the son goes to the wedding (his own).

बेटा के ठिकान नै पहिने बेटा के डँड़ोरे। (मुं.)

पाठभेद बेटा नै ताव डाँडा डोरे। (भा.)

(पुत्र तो हुआ ही नहीं, अभी से उस के करधनी की चिंता।)

Eng. tr. The son is not yet born, and they are worried about his waist-thread.

ENGLISH

1. Sell not a bear's skin before you have caught him.
2. What! Who would bye a pig in poke!
3. The horse is in the stable, and you declare his price in the market.
4. Boil not the pap before the child is born.
5. Catch the bear before you sell his skins.
6. Count not your chickens before they are hatched.

उर्दू आब न दीदा, मोझा कशीदा।

हिन्दी अनु. पानी देखा तक नहीं और पहले ही मोजा उतार दिया।

Eng. tr. No water to be seen, and his stockings are pulled off.

घर घोडा भारी मोल।

Eng. tr. The horse inside the stable is very valuable.

पंजाबी कणक खेत कुड़ी पेट, आ जवैया मंडे खा।

हिन्दी अनु. गेहूं खेत में, बेटी पेट में, जमाई मंडे खाओ।

Eng. tr. The wheat is still in the field, the daughter yet to be born, "Come, O, son-in-law, and take sweet cake."

घोड़ा घर ते मुल बझार।

हिन्दी अनु. घोड़ा घर में और मोल करे बाजार में।

Eng. tr. The horse is at home and he is trying to strike a bargain in the bazar,

जम न मुकी, ते नानी दा मूहांन्द्रा।

हिन्दी अनु. अभी जन्मी भी नहीं, नानी से नैन-नक्श।

Eng. tr. She is not yet born, and (they say) she has the features of her grand-mother.

नो कोह दरिया तंबा मोढे ते।

हिन्दी अनु. नदी नौ कोस दूर है, और (अभी से) उस ने कपड़े उतार कर कंधे पे रक्खे हैं।

Eng. tr. The river is still nine 'kos' far off, but he has put off his trousers and hangs it on his shoulders. (Kos. = 2 miles.)

मच्छी रही दरिया, रन मिर्चां कुट्टे।

हिन्दी अनु. मछली अभी नदी में, और बीबी मिरची कूटे।

Eng. tr. The fish is still in the river, and the woman is pounding chillies.

मां जम्मे ना जम्मे, पुत्तर छत्ते नाल पलंमे।

हिन्दी अनु. माँ अभी जन्मी भी नहीं, छत से बेटा लटके।

Eng. tr. The mother is not yet born, but the son is climbing the roof.

हट्टी विच कपाह् ते मेरी ताणी दे लाह्।

हिन्दी अनु. रुई अभी दूकान में, मेरी तूही तान।

Eng, tr. The cotton is still in the shop, he says, "Set up my warp."

कश्मीरी ख्वजि सा बिदाद् गोम् नुँ तुँ वनिथ् थोवुम्।

हिन्दी अनु. ख्वाजा जी, फरयाद्! अभी तो अन्याय हुआ नहीं, परंतु पहले ही कह रखता हूँ।

Eng. tr. Khwajasahib, a complaint! No injustice done to me yet, yet I must cry in advance.

गांठ् नुँ कुनि तुँ गांटुँ ओल्।

हिन्दी अनु. चील कही भी नहीं, चील का घोंसला तैय्यार।

Eng. tr. No kite anywhere, but its nest is ready.

गुर् नुँ कुनि तुँ नखासस् म्वल् नालुँख्वर।

हिन्दी अनु. घोड़े का पता नहीं और बाज़ार में नाल की कीमत की पूछताछ।

Eng. tr. The horse is no-where, but in the market an enquiry for the price of its shoes.

ज़ायि नुँ प्यायि नाह्कय् रद् हुरि छायि।

हिन्दी अनु. न गर्भधारणा न प्रसूति, व्यर्थ ही प्रसवागार भूत ने पकड़ा।

Eng. tr. Neither conceived nor delivered, she has been possessed by the ghost of confinement.

तेलि तोश् येलि न्वश् गरुँ वाति।

हिन्दी अनु. तब तुष्ट होना चाहिए जब वधू घर पहुँचे।

Eng. tr. Rejoice only after the daughter-in-law enters the house.

सिंधी अजा मेहूं झंगमें, धोई धर्यांअं रछ।

हिन्दी अनु. भैंसें अभी जंगल में ही हैं कि मेहवालों ने बरतन धो कर तैय्यार कर रखे हैं।

Eng. tr. The buffaloes are still in the jungles, but the cowherds have already washed the vessels and kept them ready.

कपह कछ में पड़ी मुबारक।

हिन्दी अनु. बगल में अभी कपास ही है और बातें कर रही है दूसरों को लहँगे देने की।

Eng. tr. She has cotton under her armpit, and talks of giving skirts to others.

किंगिर में ककिड़ा, पड़ी मुबारक।

हिन्दी अनु. बिनौले अभी बरतन में भीग रहे हैं, तो वह उसे लहँगा पहनने की बधाई दे रहा है।

Eng. tr. The cotton-seeds are yet to soak in the vessel, and already he is congratulating her for her coming dress.

पाणीअ खां अगे थो कपिड़ा लाहे।

हिन्दी अनु. पानी आने से पहले ही कपड़े उतारने लगा है।

Eng. tr. He puts off his clothes before seeing water.

मोहनु मङ्योई कोन्हे चे खट का थे विझां।

हिन्दी अनु. मोहन की अभी सगाई भी नहीं हुई है कि उस की मां पूछ रही है कि खाट कहाँ रखूँ।

Eng. tr. Mohan is not even engaged yet, and his mother wants to know where she must keep the bed.

सले खां अगे थो संग गुणे।

हिन्दी अनु. अभी अंकुर ही नहीं निकले कि वह भुट्टों की गिनती कर रहा है।

Eng. tr. The seeds haven't sprouted yet, and he is already counting the maize-corn.

मराठी ठिकाण नाही लग्नाला, कोण घेईल मुलाला ?

हिन्दी अनु. शादी का पता नहीं, और बच्चे को कौन लेगा ?

Eng. tr. She is not even married yet, but worried about who will take care of her child ?

पाण्यात म्हैस व वर मोल.

हिन्दी अनु. पानी में भैंस और किनारे पर मोल।

Eng. tr. To settle the price of a buffalo while she is lying in the water.

बाज़ारात तुरी, भट भटणीला मारी.

हिन्दी अनु. बाज़ार में अरहर, ब्राह्मण ब्राह्मणी पर ढाए कहर।

Eng. tr. The pulse is still in the market, and already the brahmin is beating his wife. (They are fighting about how it is to be cooked.)

मुलीचा नाही ठिकाणा आणि वऱ्हाड्यांची घाई.

हिन्दी अनु. लड़की का नहीं पता और बारातियों की जल्दी।

Eng. tr. The bride is yet not known, but the bride-groom's party is hurrying about (is busy).

म्हईशि घेंवचे पुडे दाव्या खरेदी ईत्याक ? (कों)

हिन्दी अनु. भैंस लेने से पहले रस्सी क्यों खरीदी जाय ?

Eng. tr. Before buying a she-buffalo, why buy a rope to tie it ?

समुद्री मासे व घरी भरंवसा.

हिन्दी अनु. सागर में मछली और घर में गिनती।

Eng. tr. Calculating at home on the fish in the sea.

गुजराती गहू खेतमां, बच्चा पेटमां, ने लगन पांचमनां लीधां.

हिन्दी अनु. गेहूँ खेत में, बच्चा पेट में, और ब्याह पंचमी के दिन।

Eng. tr. Wheat in the farm and child (baby) in the womb, and yet the wedding is settled on the fifth of this month.

गामडे भेंस ने घेर झडका.

हिन्दी अनु. गाँव में भैंस और घर घर (दूध की) धारा।

Eng. tr. The buffalo in the village and the sound of milking in every house.

तावडी ताना करे ने बाजरी बजार मां.

पाठभेद बाजरी बजार मां, ने तावडी तानावानां करे.

हिन्दी अनु. तवा गरम हुआ है और बाजरी बाजार में।

Eng. tr. The pan burns hot, while bajri is yet in the market.

पड्या पहेला पोकार नव दिन करे.

हिन्दी अनु. गिरने के पहले ही नौ दिन से चिल्लाता है।

Eng. tr. Shouts for nine days even before falling down.

परण्या अगाऊ / पहेलां अघरणी.

हिन्दी अनु. शादी के पहले (गोद भरी) आठवाँ पूजन।

Eng. tr. Ceremony celebrating the first pregnancy performed before marriage. (Agharani — The ceremony performed in the seventh month of the first pregnancy.)

पादरे भेंस, ने घेर झडका.

हिन्दी अनु. गाँव की सीमा में भैंस (अभी आई है वहाँ) घर में झड़के। (दोहने की आवाज़।)

Eng. tr. The buffalo is yet at the outskirts of the village, while the sound of milking her is heard in the house.

पेटमां छोकरुं ने नाम पाडो हीरो.

हिन्दी अनु. पेट में बच्चा और नाम रखो हीरा। (हीरा नामकरण करना।)

Eng. tr. The child is yet in the womb, and already named Hiralal.

भैंस भागोळे ने घेर छाश छाकमछोळ.

हिन्दी अनु. भैंस अभी तो खरिक में है (गाँव के सीमा के बाहर), और घर में छाछ ही छाछ।

Eng. tr. The buffalo has hardly reached the outskirts of the village, and yet the house is overflowing with butter-milk.

भैंस भागोळे, छास छागोळे, ने घेर धमाधम.

हिन्दी अनु. भैंस अभी सीमा पर है (गाँव की सीमा), छाछ (मट्ठा) अभी अस्तित्व में ही नहीं, और घर में धमाधम (झगड़ा)।

Eng. tr. The buffalo has hardly reached the precincts (outskirts) of the village, the butter-milk is not yet seen, and there is a dispute over it.

बाङ्ला आसलेर सङ्गो खोज नेइ, तार सुदेर खबर।

हिन्दी अनु. असल का पता नहीं, सूद के लिए बेचैनी।

Eng. tr. When you know that the money loaned is itself difficult to get back, it's no use getting worried over the interest.

आसुक बा ना आसुक बर, सिंथि परे तो मर। (स्त्री.)

हिन्दी अनु. आए न आए वर, मांग में सिंदूर भर।

Eng. tr. The groom may or may not come, you wear the bride-mark and be ready.

कबे हबे पो, नेकड़ा-कानि तुले थो।

हिन्दी अनु. कब बच्चा होगा? फटे चीथड़े तो सम्हाल के रख।

Eng, tr. Saving the rags and torn clothes in advance for future use in case of birth of a baby.

गाछे काँठाल, गोंफे तेल।

हिन्दी अनु. पेड़ पर कटहल, मूछों में तेल।

Eng. tr. To oil the moustaches even while the jack-fruit is on the tree.

बर कने देखा नेइ, शुक्रवारे बिये।

हिन्दी अनु. अभी वर और कन्या निश्चित नहीं, और शुक्रवार को ब्याह।

Eng. tr. The bride and the groom are not yet decided, but the marriage is to take place on Friday.

असमीया आहक नाहक बर्, सेओंता फालि मर्।

हिन्दी अनु. वर के आने का पता नहीं, बालों में कंघी लगाते मरो।

Eng. tr. Dress up the hair whether the bride-groom turns up or not.

गछत कठाल ओठत तेल, ताक चाओंते बतर गेल।

हिन्दी अनु. पेड़ पर कटहल और होठों पर तेल लगा है, राह देखते देखते मौसम ही खतम है।

Eng. tr. The season passes away while waiting for the jack-fruit on the tree, smearing oil on the lips.

चतर बिहुलै छमाह आछे, हात मेलि मेलि नाचे।

हिन्दी अनु. चैंत के त्यौहार को अभी छः मास हैं, अभी से हाथ उठा उठा कर नाचता है।

Eng. tr. The spring festival is yet six months away, and he dances with raised hands right now.

नाकान्द छावाल रवि, बापेर गैछे कल रुब, थोक परिले खाबि।

हिन्दी अनु. मत रोओ, मेरे बच्चे, बापू गया है केले का पौधा लगाने, फलने से खाओगे।

Eng. tr. Stop crying, and wait, you child! Your father has gone to plant a plantain tree. You will eat the plaintains when it fruits.

नै नेदेखोंते लाङठ।

हिन्दी अनु. नदी के देखे बिना ही नंगा।

Eng. tr. He becomes naked without seeing a river. (He undresses himself much before he sees the river.)

हब छलि बुलिब बाप, तेहे गुछिब मनर ताप।

हिन्दी अनु. बच्चा पैदा होगा, फिर वह उसे बापू कहेगा, तब ही मन की वेदना समाप्त होगी।

Eng. tr. His mental agony will be removed when he will beget children who will call him father.

ओड़िआ आगत चढेइकि बेशरबटा।

हिन्दी अनु. आनेवाली (शिकार) चिड़िया के लिये मसाला पीसना।

Eng, tr. Preparing spices for the uncaught (unarrived) bird.

छेळि न बेउणु बोदा काढिआ।

हिन्दी अनु. बकरी ब्याने के पहेले ही मेमना मारने का विचार।

Eng. tr. To think of slaughtering the lamb even before the she-goat has delivered.

नई न देखुणु नंगळा।

हिन्दी अनु. नदी देखने के पहले ही नंगा।

Eng. tr. To undress before reaching the river.

मूळरु माइप नाहिं, पुअ नाँ गोपाळिआ।

हिन्दी अनु. असल में पत्नी का पता नहीं, और बेटे का नाम गोपाल।

Eng. tr. No wife in view, and son's name is Gopal.

तमिऴ् अक्काडु वेट्टिप् परुत्ति विदैक्किरेन् ॲनराल् अप्पा ॲनक्कोरु दुप्पट्टि ॲनृकिरान् पिळ्ळै.

हिन्दी अनु. मैं वन को कपास बोने के लिए साफ कर रहा हूँ कहते ही पुत्र ने कहा कि पिताजी मुझे एक कपड़ा दीजिये।

Eng. tr. If I say that I am to clear away the jungle to sow cotton seed, my child exclaims, O father! Give me a cloth!

आरु कादम् ॲनृकिरपोदे कोवणत्तै अविऴ्प्पानेन्?

हिन्दी अनु. नदी दस मील की दूरी पर है ऐसा कहने पर अभी से लंगोटी क्यों ढीली करें?

Eng. tr. Why loosen your waist-cloth on mentioning that the river is yet ten miles off ?

अेरुमै वांगुमुन् नेय्विलै कूरुगिराय्.

हिन्दी अनु. भैंस खरीदने के पहले ही घी का भाव जाहीर कर रहे हो।

Eng. tr. You publish the price of ghee before buying a buffalo.

काशियिल् इरुक्किरवन् कण्णैक् कुत्तक् कांझिपूरत्तिलिरुंदु कैयै नीट्टिक् कोण्डु पोगिरदा ?

हिन्दी अनु. काशी में रहनेवाले की आँख पर मारना है तो क्या कांजीवरम से मुक्का (मुट्ठी) बांध कर दौड़ें ?

Eng. tr. If you wish to strike the eyes of one at Kashi, do you go, for that purpose, with out stretched hand from Conjevaram ?

(सु) शुक्कुरु कण्ड इडत्तिल् पिळ्ळै पेट्टुच् सुरिय नारायणन् अेनरु पेयर् इडुवाळ्.

हिन्दी अनु. शुंठी को देख पुत्र को जन्म दे कर उसे सूर्यनारायण कह कर पुकारेगी।

Eng. tr. As soon as she sees the dried ginger, she will bring forth a child and call it Suryanarayan.

परुत्तिक्काडु उळुगिरतरकु मुन्ने पोम्मनुक्कु एलु मुळम् तिम्मनुक्कु एलु मुळम्.

हिन्दी अनु. कपास की भूमि को जोतने के पूर्व पोम्मन सात हाथ का कपड़ा मांगता है और तिम्मन सात हाथ का।

Eng. tr. Ere the cotton fields are ploughed, Pomman asks for a cloth of seven cubits, and Timman wants one of the same length.

विडियरकालम् कलियाणम् पिडि अडा तांबुलम्.

हिन्दी अनु. सवेरे विवाह होगा, रे अभी लो पान व नारियल का पुरस्कार।

Eng. tr. The marriage will take place at dawn, thou fellow, take betel leaf and coconut right now.

तेलुगु आलुलेदु चूलुलेदु, कोडुकुपेरु सोमलिङगम्.

हिन्दी अनु. न पत्नी है, न गर्भवती, बेटे का नाम सोमलिंगम्।

Eng. tr. There is neither wife, nor conception, but the son's name is to be Somalingam.

एरु एडामड उण्डगाने, चीर विप्पि चङ्क बेट्टु कोन्नट्लु.

हिन्दी अनु. नदी सात योजन दूर है और साड़ी (अभी से) उतारकर काँख में रखती है।

Eng. tr. While the river was still seventy miles away, she took off her garments and put them under her arms.

चेलोपत्ति चेलो उण्डगाने पोलिकि मूडुमूळ्लु, नाकु आरुमूळ्लु अन्नट्लु.

हिन्दी अनु. कपास है खेत में और कहता है, पोलि के तीन भाग और मेरे छः भाग हो। पोलि—ग्रामदेवता.

Eng. tr. While the cotton crop was still in the field, he said, " Three for Poli and six for me. " (Poli — Village deity.)

धर्मपुरिलो ड्रोगिलिंच् बोतु धारवाडनुंचि वङ्गुनि पोयाडट.

हिन्दी अनु. धर्मपुरी में चोरी करने गया धारवाड से झुक झुक कर।

Eng. tr. He went to steal in Dharmapuri crouching from Dharwar.

पुट्टनि बिड्डकु पूसलु कट्टिनट्टु.

हिन्दी अनु. अभी बच्चा पैदा नहीं हुआ (तुम) गुरिया पो रही हो।

Eng. tr. The child is not yet born, and (you are) threading the beads.

कन्नड होळे मूगावुद इरुवाग केर कळचुवुदेटे?

हिन्दी अनु. नदी तीन मील दूर है और अभी से जूतियाँ क्यों उतारें?

Eng. tr. Why remove the footwear when the stream is three miles away?

इप्पत्तु दिनद बसिरु, कदिरे देवर हेसरु.

हिन्दी अनु. बीस दिन की गर्भवती और बेटे का नाम कदिरदेव (रखने को उतावली)।

Eng. tr. Pregnant only for twenty days, but already in a hurry to name the child after Kadir God.

एनिल्ल, अेतिल्ल, मगन हेसरु सोमण्ण.

हिन्दी अनु. न बच्चा न ब्याह, बेटे का नाम सोमण्णा।

Eng. tr. Nothing having, nothing saying, and the son's name is Somanna.

हुट्टद मगुविगे तोट्टिलु कट्टिद.

हिन्दी अनु. बच्चे का जनम दूर और (अभी से) पालने की तैयारी।

Eng. tr. He prepared a cradle for a child to be born after many days.

होट्टेयागिन कूसु होट्टेलिरुवागले पुट्टप्प अंत हेसरिट्टरु.

हिन्दी अनु. बच्चा अभी पेट में है और नाम रखा पुट्टप्पा। (छोटा बाप)

Eng. tr. While the child was still in the womb, it was named Puttappa. (little father)

मलयाळम् अङ्ङुन्नेङ्ङान् वेळ्ळमोलुकुन्नतिनुँ इङ्ङुन्नेङ्ङान् चेरुप्पळिरक्कणो?

हिन्दी अनु. दूर कहीं झरना बहे तो यहीं से क्यों जूतें उतारें?

Eng. tr. Why should one take off his shoes because water is flowing somewhere at a distance?

नीरोलि केट्टुँ चेरुप्पळिरक्कणो?

हिन्दी अनु. जलप्रवाह की आवाज़ सुनते ही कोई जूतें क्यों उतारें?

Eng. tr. Is it necessary to untie one's shoes only on hearing the sound of the current?

संस्कृत आपणे विद्यते धान्यं दम्पत्योः कलहः गृहे।

हिन्दी अनु. धान अभी बाज़ार में है, और घर में पति-पत्नी की लड़ाई।

Eng. tr. The provisions are still in the market, and there is a big row over it between the wife and the husband at home.

५२

गाड़ी देख कर लाड़ी के पाँव फूले।

आशय

किसी चीज़ को देखते ही उस की आवश्यकता जब महसूस होने लगती है तब इन कहावतों का प्रयोग होता है। तेलुगु की यह कहावत देखिये—"कूली दिखायी दे तो कपास की टोकरी भी भारी हो जाती है।"

Subject

When one feels very much the want of a thing after seeing it, a free opportunity is always taken by even those who do not need it e. g. This Telugu proverb — 'When you see a coolie, you begin to feel the weight of a basket of cotton.'

हिन्दी गाड़ी देख कर लाड़ी के पाँव फूले।
Eng. tr. On seeing a cart the girlie found her feet swollen.

नउआ के देख के हजामत बढ़े। (चंपा.)
(हजाम को देख कर हजामत बढ़ जाती है।)
Eng. tr. The hair grow at the sight of a barber.

नउवा देख ले काँखे बार।
Eng. tr. On seeing the barber he finds hair under his armpit.

नौआ देखी नौ बाढ़े। (मुँ.)
(हजाम देख कर नाखून बढ़े।)
Eng. tr. His nails grew as soon as he saw a barber.

सुथारनै देख'र बैंवतेरी लाठी लाँबी हु ज्याय। (राज.)
(खाती को देख कर चलते हुए की लाठी लंबी हो जाती है।)
Eng. tr. At the sight of the carpenter, the way-farer's stick gets lengthened. (He wants to get it cut.)

हजाम देखे दाढ़ी बढ़े। (चंपा.)
Eng. tr. Beard grows at the sight of a barber.

पंजाबी येक्का वेखके ही पैर भारे होन्दे हन।
हिन्दी अनु. गाड़ी देख कर ही पैर भारी हुए।
Eng. tr. When one sees a tanga (cart), one feels fatigue.

सिंधी आहे ते आसिरो आहे।
हिन्दी अनु. 'है' का सहारा होता है। (कोई चीज़ है तब उस का सहारा चाहते हैं। अगर अपने पास वह चीज़ है ही नहीं तो फिर उस की आशा भी नहीं की जाती।)

Eng. tr. Whatever ' is ' becomes a great support. (i.e. Anything we have is a support to our lives; what we have not, we cannot pin our hopes on.)

मराठी केलस्याक पळेल्यारी गाडव खाको उकळता. (कों.)
हिन्दी अनु. हज्जाम को देख कर गधा भी बगलें खुली करता है।
Eng. tr. A donkey puts up his arms at the sight of a barber.

बाज़ले पाहून बाळंतीण व्हावेसे वाटते.
Eng. tr. Let one shower a neem tree with honey! Would it be sweet even then! It is its inherent quality to be bitter which it cannot abandon.

दुग्धधौतोऽपि किं याति वायसः कलहंसताम्।

हिन्दी अनु. दूध से धोने पर क्या काग हँस बनेगा ?

Eng. tr. Will a crow become a swan after bathing in milk ?

न व्यापारशतेनाऽपि शुकवत्पाठ्यते बकः।

हिन्दी अनु. चाहे जितना प्रयत्न करने पर भी बगुले को तोते के समान बोलना नहीं सिखाया जा सकता।

Eng. tr. Howsoever you may try, a heron cannot be taught (to talk) like a parrot.

स्नापितो हि बहुशो नदीजलैर्गर्दभः किमु हयो भवेत्क्वचित्।

हिन्दी अनु. गधे को चाहे जितना नदी में धुलाइये, वह घोड़ा नहीं बन सकता।

Eng. tr. Bathe a donkey, as many times, in a river, it will not become a horse.

सहसि प्लवगैरुपासितां न हि गुञ्जाफलमेति सोष्मताम्।

हिन्दी अनु. बन्दरों की टोली ने चाहे जितना घुँघचिओं को फूँका, आँच नहीं निकलेगी।

Eng. tr. Howsoever a troupe of monkeys blow over a cluster of crab's-eyes, no fire could be kindled.

६३

जात के दुश्मन जात ।

आशय

इन कहावतों में एक मौलिक विचार अंकित है — समान जाति के लोग ही एक दूसरे के बैरी होते हैं। बाहरी शत्रु से भी यही लोग आपस में लड़ कर एक दूसरे के विनाश पर तुल जाते हैं। ओड़िआ कहावत देखिये, "अपने वंश का नाश करनेवाली बिल्ली अपना बच्चा खाये।"

Subject

This set of proverbs tells of the fact that one's enemy is of one's own kind. For instance the Orissa proverb– "The family destroying male cat eats up its own child."

हिन्दी जात के दुश्मन जात, काठ के दुश्मन काठ। (चंपा.)
(अपना शत्रु अपनी ही जात का होता है, जैसे काठ का दुश्मन काठ। कुल्हाड़ी का मुठिया काठ ही का होता है और काठ ही को काटता है।)
Eng. tr. One's enemy is of the same caste, as the wood is the enemy of wood. (The handle of an axe is made of wood, and it helps the axe to cut the wood.)

ENGLISH
1. Set a thief to catch a thief.
2. Two of a trade seldom agree.
3. Diamond cuts diamond.

पंजाबी कुत्ते दा कुत्ता वैरी।
हिन्दी अनु. कुत्ते का कुत्ता बैरी।
Eng. tr. A dog is an enemy of a dog.

कश्मीरी दारस् फाटॅुवान् पनॅुनय् पोन्।
हिन्दी अनु. लट्ठे को उसी की पच्चड़ फोड़ती है।
Eng. tr. Wood is split into parts by its own wedge.

पनॅुनय् पोन् छु फाटॅुवान्।
हिन्दी अनु. अपनी ही पच्चड़ से लट्ठा टूटता है।
Eng. tr. The wedge of the same log splits it.

येमिकुय् दार् तुं तमिकुय् पोन्।
हिन्दी अनु. जिस (वृक्ष) की लकड़ी, उसी की पच्चड़ (खूँटा)।
Eng. tr. Whence the timber, thence the wedge.

शंस्थॅरु सॅति छु शंस्थॅरु फटान्।
हिन्दी अनु. लोहे से लोहा कटता है।
Eng. tr. Iron is curon biyt.

सिंधी कुतो कुडुम जो वेरी।
हिन्दी अनु. कुत्ता अपने कुटुंब का बैरी। (दूसरे कुत्ते को देखेगा तो उस पर भूँकेगा।)
Eng. tr. A dog is an enemy of his own kith and kin. (i.e. He barks at his own fellow-dogs.)

डेहु चवे, डेराणी न चवे।
हिन्दी अनु. देश कहे, देवरानी न कहे।
Eng. tr. The whole country says, but the sister-in-law (one's husband's brother's wife) doesn't.

पंहिंजनि सां वेरु, परावनि सां मेडु।
हिन्दी अनु. अपनों से बैर, परायों से मेल।
Eng. tr. Enemity with one's own kinsmen, and friendship with others.

शेरख़ान जो शकिरो घर जा कुकुड़ मारे।
हिन्दी अनु. शेरख़ान का बाज़ घर के मुर्गे मारे।
Eng. tr. Sherkhan's hawk kills the cocks of his own home.

मराठी कुऱ्हाडीचा दांडा गोतास काळ.
हिन्दी अनु. (अ) कुल्हाड़ी का डंडा स्वजनों के लिए काल।
(आ) कुल्हाड़ी की लकड़ी स्वजनों की मौत बनी।
Eng. tr. The handle of an axe is ready to kill its own kind (i.e. the handle is made of wood and yet it chops wood).

गुजराती एक कागडो बीजा कागडानो डोळो टुपे.
हिन्दी अनु. एक कौआ दूसरे कौवे की आँख फोड़ता है।
Eng. tr. One crow blinds the eye (breaks the eye) of another crow.

ठीकरी घडाने फोडे.
हिन्दी अनु. ठीकरी घड़े को फोड़ सकती है।
Eng. tr. A piece of the earthen vessel can break a vessel.

वैद वैद नो वेरी.
हिन्दी अनु. वैद्य वैद्य का दुश्मन है।
Eng. tr. One doctor is an enemy of another doctor.

हीरे हीरो वींधाय.
हिन्दी अनु. हीरे से ही हीरे में छेद होता है।
Eng. tr. A diamond can be pierced with a diamond.

बाङ्ला भेयेर शत्रु भेये, नेयेर शत्रु नेये।
हिन्दी अनु. भाई का शत्रु भाई, माझी का शत्रु माझी।
Eng. tr. A brother becomes an enemy of brother; a boatman becomes adversary of another boatman.

लोहाइ लोहा काटे।

हिन्दी अनु. लोहे को लोहा काटे।

Eng. tr. Iron cuts through iron.

असमीया माछर तेलेरे माछ भाज।

हिन्दी अनु. मछली के तेल में मछली भूने।

Eng. tr. Fish is fried in fish-fat.

ओड़िआ काठ कहिला मोते किये हाणुछि ? कुराड़ि कहिला तो भाइ मो–भितरे पशि तोते हाणुछि।

हिन्दी अनु. काठ ने कहा – "मुझे कौन काटता है ?" कुल्हाड़ी बोली – "तेरा भाई मुझ में घुस कर तुझे काटता है।"

Eng. tr. The wood asked, who is cutting me? The axe said, your brother having entered into me is cutting you.

जातिकु जाति काटे, पाणिकु पाणि काटे।

हिन्दी अनु. जाति को जाति काटे, पानी को पानी काटे।

Eng. tr. The caste cuts the caste, and the water cuts water.

बउँश खिआ भुआ बिराड़ि, पेटर पिलाकु दिएटि मोड़ि।

हिन्दी अनु. अपने वंश का नाश करनेवाली बिल्ली अपना बच्चा खाये।

Eng. tr. The family destroying male cat eats up its own child.

तमिऴ अरचै अरम् कोण्डुम् वयिरत्तै वयिरम् कोण्डुम् अरुक्क वेण्डुम्.

हिन्दी अनु. लोहे को लोहे से, वज्र को वज्र से काटना चाहिये।

Eng. tr. Iron should be cut with iron, and the thunderbolt with thunderbolt.

अरत्तै अरम् अरुक्कुम्, वयिरत्तै वयिरम अरुक्कुम्.

हिन्दी अनु. रेती से रेती कटे, हीरे से हीरा।

Eng. tr. A file will cut a file, diamond cuts diamond.

कुलत्तैक् केडुत्त कोडालिक्कांबु.

हिन्दी अनु. अपने कुल का विनाश करनेवाला कुल्हाड़ी का दस्ता।

Eng. tr. The handle of an axe that destroyed its own species.

कोडालिक्कांबु कुलत्तुक्कु ईनम्.

हिन्दी अनु. कुल्हाड़ी का डंडा / दस्ता कुल नाशक है।

Eng. tr. The handle of the axe is enemy of its kind.

तन् वायाले तान् केट्टदाम् आमै.

हिन्दी अनु. अपने मुँह से कछुए का नाश होता है।

Eng. tr. It is said that the tortoise perished by its own mouth.

वैरत्तै वैरम् कोण्डे अरुक्क वेण्डुम्.

हिन्दी अनु. हीरे को हीरे से काटना चाहिए।

Eng. tr. A diamond must be cut with a diamond.

तेलुगु	**मुल्लुनु मुले तीयालि, दोंगनु दोंगे पट्टालि.**
हिन्दी अनु.	काँटे से काटा निकलता है, चोर चोर को पकड़ता है।
Eng. tr.	A thorn takes out a thorn, a thief catches a thief.
कन्नड	**कुलक्के मृत्यु कोडलिकावु.**
हिन्दी अनु.	कुल्हाड़ी का डंडा अपना ही कुलनाशक।
Eng. tr.	The hilt of the axe is the doom of its family.
	जाति जातिगे वैरि, नीरिगे पाचि वैरि.
हिन्दी अनु.	जाति जाति में बैर, पानी और काई में बैर।
Eng. tr.	Caste is the enemy of caste, and the water is the enemy of scum.
	मरक्के मर वैरि, नीरिगे पाचि वैरि.
हिन्दी अनु.	पेड़ का शत्रु पेड़, पानी की शत्रु काई।
Eng. tr.	Tree is enemy to tree, scum is enemy to water.
मलयाळम्	**इरुम्पिनु इरुम्पु केट्टु.**
हिन्दी अनु.	लोहे का लोहा दुश्मन।
Eng. tr.	Iron is the enemy of iron.
	ओरु पट्टिय्क्कु ओरु पट्टिये कण्टुकूटा.
हिन्दी अनु.	एक कुत्ता दूसरे का दुश्मन।
Eng. tr.	One dog hates the other.
	कोटालिक्कै कुलत्तिनु केट्टु.
हिन्दी अनु.	कुल्हाड़ी की मूठ अपने वंश का नाश करेगी।
Eng. tr.	The handle of the axe brings ruin to its clan.
संस्कृत	**याचको याचकं दृष्ट्वा श्वानवद्गुर्गुरायते।**
हिन्दी अनु.	एक याचक दूसरे याचक को देखकर कुत्ते के जैसा गुर्राने लगता है।
Eng. tr.	If another beggar comes in sight of a beggar, he starts growling at him like a dog.

६४

जिस का काम उसी को साजे।

आशय

जो जिस काम का अभ्यस्त है वही उस काम को ठीक ढंग से कर सकता है। दूसरे किसी के हाथों में वह काम बिगड़ने की ही संभावना रहती है। इस लिये चाहिये कि हर कोई अपना अपना काम ठीक प्रकार से निबाह ले और ऐसे काम में दखल न दे, जिस को करने की क्षमता उस में न हो। हिन्दी की यह कहावत बनियों का दृष्टान्त दे कर उपरिनिर्दिष्ट तात्पर्य को ही दुहराती है —
" बनज करेंगे बनिये, और करेंगे रीस। बनज करा था भाट ने, सौ के रह गये तीस॥ "

Subject

Each one's job or profession can be managed only by himself, and suits only him and no other. The following set gives us this idea. It explains how when one does someone else's job, one ruins it. A Hindi proverb tells us — " The baniya only can handle commerce, others can only imitate. A bard once traded and his hundred became thirty. "

हिन्दी अहीर गाड़ी जात गाड़ी, नाई गाड़ी कुजात गाड़ी।

Eng. tr. The Ahir's cart is the proper cart, and the barber's cart is improper cart.

करघा छोड़ तमाशे जाय, नाहक मार जुलाहा खाय।

Eng. tr. Leaving his loom, the weaver gets mingled in the melee, and gets beaten.

जिस का काम उसी को साजे, और करे तो ठेंगा बाजे।

Eng. tr. Do your own work and it will suit you, do another's and you will be laughed at.

जौहर को जौहरी पहचाने।

Eng. tr. Only jewellers can test jems.

तेली का काम तंबोली करें, चूल्हें में आग उठे।

Eng. tr. If the betel vendor does the oilman's work, he will set the chimney on fire.

दागे के सांढ, तो दाग ले लोहार।

Eng. tr. If the bull is to be branded, let the blacksmith do it.

बनज करेंगे बनिये, और करेंगे रीस।
बनज करा था भाट ने सौ के रह गये तीस॥

Eng. tr. The baniya can trade, others can only imitate. A bard once traded and his hundred became thirty.

राजहंस बिन को करे क्षीर नीर को भेद।
(पारखी ही अच्छे बुरे की परख कर सकते हैं।)

Eng. tr. Who else but the swan can separate water from the milk ?

विणज करैला वणिया, और करैला रीस। (राज.)
(व्यापार बनिया कर सकता है; दूसरे नहीं, क्यों कि उस में सहनशीलता आवश्यक है।)

Eng. tr. Only a baniya can do business, the rest are all irritated (due to failure).

ENGLISH 1. Let the cobbler stick to his last.
2. Every cobbler to his last.

उर्दू करघा छोड़ तमाशे जाय, नाहक मार जुलाहा खाय।

Eng. tr. Leaving his loom, the weaver gets mingled in the fair, and gets beaten.

जिस का काम उसी को साजे और करे तो ठेंगा बाजे।

Eng. tr. A particular job must be done only by him who knows it. If another does it, he will spoil it.

शेख क्या जाने साबुन का भाव।

Eng. tr. What does Sheikh know of the price of soap.

पंजाबी जिस दा काम उसे नूं साजे, होर करे तां ठिंगा बाजे।

हिन्दी अनु. जिस का काम उसी को साजे, और कोई करे तो ठेंगा बाजे।

Eng. tr. A job is done properly by one who is familiar with it. If others do it, it is spoiled.

कश्मीरी गांठ् कॺु ज़ानि पांज़ सुन्द् शिकार्।

हिन्दी अनु. चील कैसे जाने बाज़ का शिकार।

Eng. tr. How can the kite know the preying of a hawk ?

फरिहांज़ छा गुरि खसान ?

हिन्दी अनु. क्या मछुआ घोड़े पर सवार होगा ?

Eng. tr. Will a fisherman ride a horse ?

बांगिस् छुह् बांग् दपुनि मंति कि नुं ने अन्यन्।

हिन्दी अनु. बांग देनेवाला बांग दे या लोगों को निमाज के लिए लाये ?

Eng. tr. Is the Bangi to call the bang or assemble people for prayers ?

मंछ् क्याह् ज़ानि पोंपुंरि गथ्।

हिन्दी अनु. मक्खी क्या जाने पतंगे की गति/नृत्य।

Eng. tr. What does a fly know of a moth's revolutions (around the light).

लाल शिनासॅुय् ज़ानि लालॅुच् कद्रॅुर् / म्वल् ।

हिन्दी अनु. रत्न का मूल्य जौहरी ही जाने।

Eng. tr. Only a jeweller knows the worth of a ruby / jewel.

वस् छि दोबि सॅुन्दि ठकॅु तलॅु साफ् गछ़ान्।

हिन्दी अनु. धोबी के धोने से ही कपड़ा साफ होता है।

Eng. tr. The clothes become clean only by the washerman's strikes.

सिंधी उठनि जा बार बि के गड़ह खणनि ?

हिन्दी अनु. ऊँटो का भार भी कभी गधों ने उठाया है ?

Eng. tr. Can a camel's load be borne by a donkey ?

कुकिड़ि बि कडहिं ॿांग डिनी ?

हिन्दी अनु. मुर्गी ने भी कभी बांग दी है ?

Eng. tr. Has a hen ever crowed ?

जंहिंजो कमु सोई करे, ॿियो करे त घाटो भरे।

हिन्दी अनु. जिस का काम वोही करे, और करे तो हानि करे।

Eng. tr. Let him do the work who knows it, if another does it, he suffers a loss.

जौहर पर्खे जौहरी।

हिन्दी अनु. जवाहर की परख जौहरी ही कर सकता है।

Eng. tr. A jeweller appreciates best the worth of a jewel.

बारी खणनि बारु, कोन्हे कमु कचनि जो।

हिन्दी अनु. जो बोझ उठा सकने का सामर्थ्य रखते हैं वे ही बोझ उठाते हैं, कच्चे लोगों का वहाँ काम नहीं।

Eng. tr. Those who have strength enough to carry load, carry it. A weakling is of no use there.

मोत्युनि जी पर्ख मां छा ज़ाणे शीशा गरु।

हिन्दी अनु. कांच का व्यापारी मोतियों की परख क्या करेगा ?

Eng. tr. How can a dealer of glass test pearls ?

हुनर वारे जो हुनरु, बेहुनर जी जिंदु।

हिन्दी अनु. हुनरमंद अपनी कारीगरी से काम कर लेगा, पर जो कारीगर नहीं उस का समय भी जाएगा और काम भी न होगा।

Eng. tr. The skillful one will do his job with skill; but one who is not a skilled worker will waste his time and also not get his work done.

मराठी तुका म्हणे तेथे पाहिजे ज़ातीचे, येरा गबाळाचे काम नोहे.

हिन्दी अनु. तुका कहे काम में असल जाति का आदमी चाहिए, ऐरे गैर से वह नहीं हो सकता।

Eng. tr. A particular job can be done only by one whose profession it is, any old person cannot do it, says Tukaram.

रंग ज़ाणे रंगारी आणि धुनक ज़ाणे पिंज़ारी.

हिन्दी अनु. रंग जाने रंगरेज और धुनना जाने धुनियाँ।

Eng. tr. A painter knows only his paints, and a carder of cotton only the sound of his bow.

सोनाराने कान टोचला म्हणजे कान दुखत नाही.

हिन्दी अनु. सुनार कान में छेद करता है तो कान में दर्द नहीं होता।

Eng. tr. Ears pierced by the goldsmith do not pain.

गुजराती जेनां काम तेथी थाय, ने गधेडां चढे ते डीफां खाय.

हिन्दी अनु. जिस का काम उसी से ही (सिद्ध हो) और गधा चढे तो डंडा खाय। (कुत्ते को प्यार करते देख यदि गधा मालिक की गोद में बैठने जाय तो शायद डंडे ही खायेगा।)

Eng. tr. One whose work it is, alone can do it, and an ass (who in imitation of dog) tries to climb up the lap, gets only the strokes of a stick.

जेनुं काम तेनुं थाय, बीजो करे तो गोता खाय.

हिन्दी अनु. जिस का काम (हो) उसी से ही होता है, दूसरा करे तो गोता खावे।

Eng. tr. One whose work it is, alone can do it; anyone else is bound to fail / (to make a mistake).

सोनी वगर कान नहिं वींधाय.

हिन्दी अनु. सोनी बिना कान नहीं छिदते।

Eng. tr. Ears can't be pierced without a goldsmith.

वाणियाभाईनी रंगभडी, वाणिया रमी जाणे.

हिन्दी अनु. बनिये का खेल बनिया ही खेल सकता है।

Eng. tr. The bania alone knows how to play his game.

बाङ्ला आगे जेले छिल भालो जाल-दड़ि बुने;
कि काल करिल जेले एँड़े गरु किने।

हिन्दी अनु. मछुआ जाल बुन कर मजे में खा-पी रहा था, लेकिन यह बैल खरीद कर उसने जैसे आफत बुला ली।

Eng. tr. How happy was the fisherman formerly when weaving his net ! Alas, he invited bad luck by buying a bullock.

आदार व्यापारीर जाहाजेर खबरे कि काज ?

हिन्दी अनु. अदरक के व्यापारी को जहाज की खबर (आने की) से क्या काम ?

Eng. tr. A trader in ginger need not bother about the news of (coming) ship.

खाच्छिल ताँति ताँत बुने, काल करले एँड़े गरु किने।

हिन्दी अनु. जुलाहा कपड़ा बुन कर मजे में खा-पी रहा था,
लेकिन यह खरीदा बैल उस के लिए काल हो गया।

Eng. tr. The weaver was happy when he earned his living by weaving alone; when he bought a bull, he bought his ruin (as the bull would constantly attack his loom and destroy his yarn).

चाषार चाष देखे चाष करे गोयाला;
धानेर संगे खोंज नेई, बोझा बोझा पोयाला।

हिन्दी अनु. किसान की खेती देख खेती करे ग्वाला, धान के बजाय घास ही बटोरे।
Eng. tr. Seeing the farmer's fields, the milkman (leaves his dairying, and) takes to farming; instead of gathering grains, he only accumulates heaps of straw.

जात-व्यवसा नरेर भूषा, आर सब फासा-फुसा।

हिन्दी अनु. जात-धंधा नर का भूषण, और सब बेकार।
Eng. tr. One's hereditary profession is one's ornament, the rest is all tinsel.

दाँड़िके माझि करा, माझ-दरियाय डुबे मरा।

हिन्दी अनु. डाँड चलानेवाले को अगर माझी बनाया तो बीच धार में डूब मरेंगे।
Eng. tr. If an oarsman is put at the helm, the boat will sink mid-ocean.

यार (जार) कर्म तारे साजे, अन्य लोके लाठि बाजे।

हिन्दी अनु. जिस का काम उसी को साजे, और के सिर पे लाठी पड़े।
Eng. tr. To every man, his avocation; anyone tampering with another's profession will receive a beating.

असमीया आदार बेपारीर कि जाहाजर खबर।

हिन्दी अनु. अदरक के व्यापारी को जहाज की खबर से क्या वास्ता।
Eng. tr. Why should a ginger-seller seek news of a ship's arrival !

सात पुरुष गल टिङत घर, एतिया बोले मोक ब'ठा धर।

हिन्दी अनु. सात पिढ़ियों से मेरा घर पहाड़ों में है, अब तुम चाहते हो कि मैं डाँड हाथ में लूँ।
Eng. tr. For seven generations my home is in the hills. now you want me to take the oar.

ओड़िआ अदा बेपारीर जाहाज मूल।

हिन्दी अनु. अदरक का व्यापारी जहाज का मोल करे।
Eng. tr. Ginger-merchant trying to price a ship, (which is not his business).

गुण चिन्हे गुणिआ, सुना चिन्हे बणिआ।

हिन्दी अनु. गुणवान गुण पहचानता है, सोनी सोना पहचानता है।
Eng. tr. The man of character recognises character, and the goldsmith recognises gold.

चषा कि जाणे पषार कथा ? पड़िले बोलेइ दश ।

हिन्दी अनु. किसान क्या जाने पासे की बात ? पासा पड़ते ही बोले दस ।

Eng. tr. What does the rustic know about dice? He says ten when the sticks roll.

जाहार काम ताकु साजे, अन्य लोकठेइ लाठि बाजे ।

हिन्दी अनु. जिस का काम उसे शोभा दे, अन्य करे तो ठोकर खाये ।

Eng. tr. Each one's profession suits him only, if another tries it out, he gets injured.

पतर गोटाइबा लोक तोटा मूल करिबा ।

हिन्दी अनु. पत्ते चुगनेवाला बगीचे का मोल करे ।

Eng. tr. Like the one collecting dead leaves, trying to price an orchard.

सुता अड़ुआ तंती काढे ।

हिन्दी अनु. सूत का उलझाव जुलाहा सुलझावे ।

Eng. tr. The weaver untangles the knots of yarn threads.

सुना चिन्हे बणिआ, गुण चिन्हे गुणिआ ।

हिन्दी अनु. सोना पहचाने सुनार, गुण को पहचाने गुणवान ।

Eng. tr. The goldsmith recognises gold, a man of quality recognises quality in men.

तमिऴ आडु अरियुमो अंगाडि वाणिपम्.

हिन्दी अनु. बकरी क्या जाने दूकान का ब्योपार ?

Eng. tr. Does the goat know about business transactions?

आमैयुडने मुयल् मुट्टैयिड्प पोयक् कणपिंदुगिच् सेत्तदाम्.

हिन्दी अनु. कछुए के साथ खरगोश अंडा देने गया, आँख दिखा कर मर गया ।

Eng. tr. It is said that when the hare went with the tortoise to lay eggs, it strained its eyes out and died.

उप्पु वाणिगन् अरिवाना कर्पूर् विलै ?

हिन्दी अनु. नमक का व्यापारी कपूर का दाम क्या जानेगा ?

Eng. tr. Does the salt-merchant know the price of camphor?

कोक्कुक्कुत् तेरियुमा कोऴिक्कुंजैक् कोण्डुपोग ?

हिन्दी अनु. बगुला क्या जाने मुर्गी का बच्चा उठा ले जाना ?

Eng. tr. Does the crane know how to carry away a chicken?

कोट्टिक्किऴंगु बेट्टुगिर्वळुक्कुक् कोयिलिल् वंदु आडत् तेरियुमा ?

हिन्दी अनु. मूली खोदनेवाली को मंदिर में आ कर नाचना आता है क्या ?

Eng. tr. Can the woman who digs up roots dance before a temple idol?

नुळैयन् अरिवाना रत्तिनत्तिन पेरुमै ?

हिन्दी अनु. मछुआ क्या जाने रत्न की महिमा ?

Eng. tr. Does a fisherman understand the value of gems ?

तेलुगु उडतकेलरा उळ्ळो पेत्तनमु.

हिन्दी अनु. गिलहरी को गाँव की निगरानी से क्या काम ?

Eng. tr. What has the squirrel to do with the village management ?

कन्नड अक्कसाले किवि चुच्चिदरे नोविल्ल.

हिन्दी अनु. सोनार कान छेदें तो दर्द नहीं होगा।

Eng. tr. The goldsmith's prick is no pain to the ear.

आडिगे गोत्तो अंगडि व्यापार ?

हिन्दी अनु. भेड़ क्या जाने बाजार-भाव ?

Eng. tr. Does the goat know about market rates ?

गरतिगे हादर सल्ल, सूळेगे व्रत सल्ल.

हिन्दी अनु. गृहिणी को छिनाला योग्य नहीं, वेश्या को व्रत नियम योग्य नहीं।

Eng. tr. Whoring not proper for a married woman, and austerities not suitable for a prostitute.

गुड्डद सुद्दि मीनु हेळदु, समुद्रद सुद्दि शले हेळदु.

हिन्दी अनु. न पहाड़ की बात मछली कहे, न समुद्र की चूहा।

Eng. tr. Fish will not give news about the hill, nor the mouse about the sea.

मलयाळम् आटार्युमो अङ्ङाटि वाणिमम्.

हिन्दी अनु. बकरा क्या जाने बाजार का व्यापार।

Eng. tr. Does the goat know the trade of the bazar?

इन्चिव्यापारिक्केन्तिनु कप्पल वर्तमानं ?

हिन्दी अनु. अदरक के व्यापारी को जहाज की खबर से क्या वास्ता ?

Eng. tr. Why should a ginger-trader enquire about the news of the ship ?

कळ्ळनु तोन्नुं कळ्ळबुद्धि.

हिन्दी अनु. चोर को ही सूझे चोरी की चाल।

Eng. tr. The thief knows the tricks of thieving.

६५

जिस का खाइये, उस का गाइये।

आशय

जग-रीति का सुंदर दर्शन इन कहावतों के द्वारा हुआ है। यह स्वाभाविक है कि जो रोजगार देता है, रोटी देता है, उसी की प्रशंसा की जाती है, और की जानी चाहिये। अन्यथा खिलानेवाले की निंदा करनेवाला व्यक्ति कृतघ्न माना जाएगा। दूसरी बात यह भी है कि मालिक सदा के लिये रोटी देता रहे इस लिये उस की खुशामद के गीत गाने पड़ते हैं। जो अपने साथ अच्छा व्यवहार करें उस की प्रशंसा तो हमने करनी ही चाहिये।

Subject

This set of proverbs tells us to sing in the praise of those who feed us and to serve well those who treat us well.

हिन्दी जहाँ देखे तवा परात, वहाँ गावे सारी सात। (स्त्री.)

Eng. tr. Wherever she sees plates and pans, she sings the whole night.

ज्याँरी खावै बाजरी बाँरी भरै हाजरी। (राज.)
(जिस की बाजरी (रोटी) खाय उसी की हाजिरी भरे।)

Eng. tr. Attend on those whose bread you eat.

जिस का खाइये, उस का गाइये।

Eng. tr. Sing his praise who feeds you.

जिस का मंडुआ, उस के गीत।

Eng. tr. The songs are in his praise whose is the marriage bower.

जैसी तेरी तिल चावली, वैसा मेरा गीत।

Eng. tr. As your fees, my song shall be.

जैसी बंदगी, वैसा इनाम।

Eng. tr. As the service, so the reward.

जैसे दाम वैसे काम।

Eng. tr. As the pay, so the work.

ENGLISH

1. Of whom you eat salt, him laud and exalt.
2. No longer pipe, no longer dance.
3. Laud him whose bread you eat.
4. Who pays the fees, hears the song.

उर्दू जाकी हँडी ताकी मँडी।
हिन्दी अनु. जिस का खाना, उस का गाना।
Eng. tr. The bazar is his who has the vessel.

जिस की देग उस की तेग।
हिन्दी अनु. जो खाना देगा उस के नाम की तलवार मारना।
Eng. tr. Wield the sword for him who has the cooking pot (i.e. a person who feeds you).

पंजाबी जित्थें वेखां तवा परात, उत्थें गाँवा दिन ते रात।
हिन्दी अनु. जहाँ देखूं तवा परात, वहाँ पर गाऊँ दिन और रात।
Eng. tr. Where I see the griddle and trough (food), I sing there day and night.

जिस दा अन्न खाइये, उसे दे गुण गाइये।
हिन्दी अनु. जिस का अन्न खाना, उस के गुण गाना।
Eng. tr. Praise him whose food you eat.

कश्मीरी आसस् कूटाह् चोय्यो आही वादाह् द्राय्यो।
हिन्दी अनु. मुँह में कुछ पड़ गया तभी आशीश निकला।
Eng. tr. Blessing came forth from your mouth only after something (food) fell in your mouth. (The guest flatters and blesses his host.)

सिंधी जांहिंजो खाइजे तंहिंजो गाइजे।
हिन्दी अनु. जिस का खाओ, उस का गाओ।
Eng. tr. Praise him whose (food) you eat.

मराठी ज्याची खावी पेज़, त्याची सज़वावी शेज.
हिन्दी अनु. जिस की माँड़ खायें, उस के साथ सोएँ।
Eng. tr. You must sleep with him whose gruel you drink.

ज्याची खावी पोळी, त्याची वाज़वावी टाळी.
हिन्दी अनु. (अ) जिस की खाए रोटी उसी की बजाए ताली।
(आ) जिस का खाना उस का गाना।
Eng. tr. Cheer the one who feeds you. (One must praise the man who shows hospitality.)

ज्याची खावी भाकरी, त्याची करावी चाकरी.
हिन्दी अनु. जिस का खाए खाना, उस का सेवक बना।
Eng. tr. Serve the person whose bread you eat.

दे बाय लोणचे, बोलेन तुझ्या हारचे.
हिन्दी अनु. दे माई अचार, कहूँगी तेरे अनुसार।
Eng. tr. "Please give me some pickle, I'll speak in your favour."

गुजराती खाइए तेनुं गाइए.

हिन्दी अनु. खाओ उस का गाओ ।

Eng. tr. Sing in praise of one whose food you eat.

जेनी खाइए भाखरी, तेनी करिए चाकरी.

हिन्दी अनु. जिस की खाओ भाखरी, उस की करो चाकरी ।

Eng. tr. Let us serve him alone whose bread we eat.

जेनी घंटीए दळिए, तेना गीत गाइए.

हिन्दी अनु. जिस की चक्की से पीसो, उस के गीत गाओ ।

Eng. tr. Sing songs in praise of him at whose grinding mill we grind.

जेनी हवेलीए बेसीए तेना ढ़ोल वगाडिए.

हिन्दी अनु. जिस की हवेली पर बैठो उस के ढ़ोल बजाओ ।

Eng. tr. Let us beat the drum of him whose mansion we occupy.

जेनुं खाइए, तेनुं गाइए.

हिन्दी अनु. जिस का खाओ, उस का गाओ ।

Eng. tr. We sing in praise of him whose food we eat.

जेने गाडे बेसीए तेनां गीत गाइए.

हिन्दी अनु. जिस की गाड़ी पे (बैलगाड़ी पर) बैठे उस के ही गीत गाना चाहिए ।

Eng. tr. Let us sing the praises of one whose carriage we ride.

जेनो खाइये कोळियो तेनो वाळीये धोळीयो.

हिन्दी अनु. जिस का खावे ग्रास (अनाज), उस के पलंग बिछा देवे ।

Eng. tr. Let us do good unto (do service to) him whose food we eat.

ज्यां मळ्युं खावा त्यां बावोजी बेठा बजाववा.

हिन्दी अनु. जहाँ मिला भोजन वहीं बाबाजी बैठ गये बजाने ।

Eng. tr. The monk sat playing music where he got meals (lunch).

वाङ्ला कि करिबे कीर्तनीया, लयेछे बेतन; कर्तार इच्छाय कर्म, उलुबने कीर्तन ।

हिन्दी अनु. क्या करे कीर्तनकार, जब लेता है वेतन; मालिक की इच्छा से करे उल्लूबन में कीर्तन ।

Eng. tr. What would the Kirtaniya (a carol singer) do once he has accepted the payment ? He has to obey the master and has to sing in an owl-infested jungle if asked to do so.

नुन खाइ यार (जार), गुण गाइ तार ।

हिन्दी अनु. जिस का नमक खायें, उसी के गुण गायें ।

Eng. tr. Whose salt sustains me, him shall I praise.

असमीया लोन खाले गुण गाबा।
हिन्दी अनु. (जिस का) खाओ लवण, (उस का) गाओ गुण।
Eng. tr. Sing in his praise whose salt you eat.

ओड़िआ खाइब जाहार गाइब तार।
हिन्दी अनु. जिस का खाएँ, उस का गाएँ।
Eng. tr. Sing in praise of those who feed you.

जाहार लुण खाइब, तार गुण गाइब।
हिन्दी अनु. जिस का नमक खाए, उस का गुण गाये!
Eng. tr. Sing in the praise of one whose salt you eat.

कन्नड अन्न हाकिदवरिगे अन्याय माडबारदु.
हिन्दी अनु. खिलानेवाले से कभी बिगाड़ नहीं करना चाहिए।
Eng. tr. Never be at cross-roads with one who has fed you.

उप्पिट्टवनन्नु मुप्पिनवरेगू नेनॆ.
हिन्दी अनु. नमक खिलानेवाले को बुढ़ापे में भी याद कर लो।
Eng. tr. Remember him even in oldage one who has given you salt.

गंजि कुडिद मेले अंजलु बाच बेकु.
हिन्दी अनु. लप्सी पीने के बाद जूठन साफ करने को भी तैयार रहना होगा।
Eng. tr. If you drink porridge, be ready to wash the utensils also.

मलयाळम् तिन्न उप्पिनु कूरु वेणम्.
हिन्दी अनु. जिस का नमक खाया, उस का गुन गाया।
Eng. tr. You must praise him whose salt you eat.

६६

जिस के सिर पर पड़ती है, वही जानता है।

आशय

जिस पर आ बीतती है, जिस को भुगतना पड़ता है, वह ही उस वेदना को, दुख को ठीक प्रकार से जानता है। बाकी के लोग उस दुख को क्या जाने?

Subject

The intensity of suffering is known only to the one who suffers. Others don't understand it.

हिन्दी जाके पाँव न फटे बिवाई सो क्या जाने पीर पराई।

Eng. tr. One who himself doesn't suffer from chilblain, does not imagine the pangs of others.

जानऽलन निहाई जब ऊपर से परला घन। (शाहा.)
(निहाई को ही मालूम घन की चोट कैसी होती है।)

Eng. tr. Only the anvil knows the stroke of the hammer.

जानेली चिलम जिन का पर चढेला अंगारी।

Eng. tr. The pipe knows what it is to bear the fire.

जिस के सिरपर पड़ती है, वोही जानता है।

Eng. tr. He knows who feels.

जिस तन लागे, वोही जाने।

Eng. tr. Who feels, knows.

जो पिआझ काटेगा, सो आप रोवेगा।

Eng. tr. Who cuts onion shall shed tears. (Allusion to the pungent juice of the onion bringing tears to the eyes.)

पराथी गांड में मूसळ देवै जरां सूई सो लागै। (राज.)
(परायी गांड़ में मूसल देता है तो सूई सा लगता है।)

Eng. tr. When he shoves the pestle in another's anus, he thinks it is like a needle.

ENGLISH
(1) No one ever cried but for something that pinched himself.
(2) He preacheth patience that never knew pain.
(3) None knows the weight of another's burden.
(4) He jests at scars that never felt a wound.
(5) It is the wearer who knows where the shoe pinches.

उर्दू घायल की गत घायल ही जाने।

Eng. tr. The condition of the one who is hurt is known only to his own kind.

जिस तन लगे वही तन जाने।

Eng. tr. One who gets hurt knows the pain.

मोजे का घाव, मियाँ जाने या पाँव।

Eng. tr. The foot or the owner of the foot knows where the shoe rubs.

मोजे का घाव रानी जाने या राव।

Eng. tr. The pinch of the shoe is known to the King or to the Queen.

पंजाबी जिस तन लगे सो तन जाणे।

हिन्दी अनु. जिस तन लागे सो तन जाने।

Eng. tr. Only the afflicted person knows the pain.

जिस तन लग्गे सो तन जाणे, कोण जाणे पीड़ पराई।

हिन्दी अनु. जिस तन को लागे सो तन जाने, और कौन जाने पीड़ पराई।

Eng. tr. Only one who is hurt knows the pangs, who else can know the pangs of others !

कश्मीरी गांठ् क्याह् ज़ानि बचि दोद तॅ हांठ् क्याह् ज़ानि पोत्रॅ दोद्।

हिन्दी अनु. चील क्या जाने शावक का दुःख? वन्ध्या क्या जाने पुत्र (प्रसूति) का दुःख !

Eng. tr. What does a kite know of the pain of young ones (his prey) ? What does a barren woman know the pain of the child-birth-pangs of maternity ?

बुम्सिनॅय् ज़ानि सतॅ तुति सॅन्ज़ दिग्।

हिन्दी अनु. केंचुआ ही हुदहुद की चोंच से काटे जाने की पीड़ा जानता है।

Eng. tr. Only the earthworm knows the bite of a lapwing.

मस् प्यव् मस् बानि यस् प्यव् सुय् ज़ानि।

हिन्दी अनु. कलाल की शराब गिरी, जिस की गिरी वही जाने।

Eng. tr. A wine-seller spilt wine, he alone knows who lost it. (Wine has fallen into the wine-vessel, that vessel knows (its strength, smell etc.) into which it has fallen — Knowles.)

सिंधी जांहिं तन लगे, सो तन जाने।

हिन्दी अनु. जिस तन लागे वो तन जाने।

Eng. tr. The body that suffers, knows.

जिते बाहि ब॒रे उते जाइ जले, पाड़ेवार नि कहिड़ो सेकु?

हिन्दी अनु. जहाँ आग लगे वहाँ मकान जले, पड़ोसियों को इस का क्या दुख होगा?

Eng. tr. Where there is fire, the house burns; what burns does the neighbour bear ?

जिते बाहि बरे उते सेकु अचे ।
हिन्दी अनु. जहाँ आग लगे वहाँ जलन हो । (औरों को क्या मालूम ?)
Eng. tr. The heat is felt where the fire burns.

मराठी अळवाची खाज़ अळवास ठाऊक.
हिन्दी अनु. अरवी की खुजली अरवी जाने ।
Eng. tr. Only the arum knows the itch of the arum.

खाई त्याला खवखवे.
हिन्दी अनु. जो खाएगा उस के गले में खुजली आएगी ।
Eng. tr. He who eats gets an itching sensation in the throat.

घरातला तिडा आणि ज़ोड्यातला खडा दुसऱ्यास समजत नाही.
हिन्दी अनु. घर का झंझट और जूते का कंकड़, दूसरा नहीं जानता ।
Eng. tr. The quarrels inside a house and a pebble inside a shoe is not understood by an outsider.

ज्याचा भार, त्याला ज़ोज़ार.
हिन्दी अनु. जिस पर (कार्य का) भार (दायित्व), उसी पर कष्टों (दुःखों) की बौछार ।
Eng. tr. One who has a load feels the burden.

ज्याचे असेल मढे त्याला येईल रडे.
हिन्दी अनु. जिस के सगे का मुर्दा होगा, वह रोवेगा ।
Eng. tr. He will cry who has a relative lying dead.

ज्याचे ज़ळे त्याला कळे.
हिन्दी अनु. जो जले सो जाने ।
Eng. tr. He who gets burnt, alone knows the pain.

ज्याचे पोट दुखेल तो ओवा मागेल.
हिन्दी अनु. जिस के पेट में दर्द होगा वह दवा (अजवायन) माँगेगा ।
Eng. tr. One who has a stomach-ache will ask for parsley (antidote against stomach-ache).

दळे तिला कळे, फुकटी गोंडा घोळे.
हिन्दी अनु. पीसे सो जाने, मुफ्त में खाए सो क्या जाने ?
(जो पीसती है वही कष्टों को समजती है, मुफ्त में खानेवाली क्या जाने ?)
Eng. tr. One who grinds the corn understands (the difficulties of that job), and the idler merely struts about (ignorant of those difficulties).

गुजराती जेनां पेटमां चमटो तुटे ते जाणे.
हिन्दी अनु. जिस के पेट में चिमटा टूटे (दर्द हो) वही जाने ।
Eng. tr. One whose stomach pinches knows (what pain it is).

जेनी ऊपर पडे ते जाणे.
हिन्दी अनु. जिस पर बीतती है वही जानता है ।

Eng. tr. One who suffers a misfortune (calamity), alone realises (what it is).

जेने माथे पडे ते जाणे.

हिन्दी अनु. जिस के सिर पड़े (बीते) वही जानता है।

Eng. tr. He who has to shoulder responsibility, alone knows (what it is).

दाझे ते बराडे.

हिन्दी अनु. जले वही चिल्लाये।

Eng. tr. He screams loudly, who is burnt.

दुख तेने वेण.

हिन्दी अनु. प्रसवकालीन दुख अनुभवी ही जान सकती है।

Eng tr. Labour-pain to one who has the pangs of birth (delivery).

पेट नी आग पेट जाणे.

हिन्दी अनु. पेट की अग्नि पेट जाने।

Eng. tr. The fire within the stomach is known only to the stomach.

पेटमां दुखे ते अजमो फाके.

हिन्दी अनु. जिस के पेट में दर्द वह अजवाइन फाँकता है।

Eng. tr. One who has stomach-ache swallows parsley (antidote against stomach-ache).

वाङ्ला उपर थेके पड़े गेल, जन पाँच-सात,
या'र येखाने मर्मव्यथा, तार सेखाने हात।

हिन्दी अनु. ऊपर से गिरे जन पाँच-सात, जिस के जहाँ व्यथा वहीं उस का हाथ।

Eng. tr. Some people fell down from high, each one placed his hand on the limb which he thought most vulnerable.

कत दुःखेर नीलमणि, जाने तो दिदि रोहिणी।

हिन्दी अनु. नीलमणी (कृष्ण) कितने दुखों और कष्टों की देन है यह तो सिर्फ देवकी ही बतला सकती है।

Eng. tr. Only the real mother of Neelmani (Krishna), i.e. Rohini, knows the pains of bringing him up. (Suffered by Yashoda who actually brought him up.)

देदोय जाने देदोर मर्म।

हिन्दी अनु. दाद का रोगी ही दाद की तकलीफ समझ सकता है।

Eng. tr. Only a person suffering from ringworm would know the pain of another sufferer.

यार (जार) ज्वाला सेइ जाने।

हिन्दी अनु. जिस का दर्द वही जाने।

Eng. tr. He alone knows the pains, who suffers.

यार (जार) माथा भांगे सेइ चुन खोंजे ।
हिन्दी अनु. जिस का सर फूटे, वही चूना ढूँढे ।
Eng. tr. He whose head is injured, would search for the lime.

लोहा जाने आर कामार जाने ।
हिन्दी अनु. लोहा जाने और लुहार जाने ।
Eng. tr. Iron knows and ironsmith knows (the hardness of the task).

असमीया पोवतीये हे जाने, पोवाली पाओते किमान दुख ।
हिन्दी अनु. प्रसूता ही जाने पुत्र पाने में क्या कष्ट हैं ।
Eng. tr. Only a woman who has delivered a child knows the pangs of a child-birth.

यार (जार) बुढ़ी गाइ खालत परे, सियेहे तार नेजत धरे ।
हिन्दी अनु. जिस की बूढ़ी गाय कीचड़ में फँसे, वही उस की पूँछ पकड़े ।
Eng. tr. He whose old cow will get into a ditch, will catch hold of its tail.

लुइते हे जाने ब'ठा किमानलै बहे ।
हिन्दी अनु. ब्रह्मपुत्र ही जाने डाँड कहाँ तक जाता है । (गहराइ में ।)
Eng. tr. The river Lohit knows how deep the oar sinks.

ओड़िआ घोडार चाबुक माड घोडा जाणे.
हिन्दी अनु. घोड़ा ही चाबुक की मार जाने ।
Eng. tr. The horse alone knows the beating of a horse-whip.

हडा वेदना कुआ न जाणे, ठकठक करि ठेंगुरे हाणे ।
हिन्दी अनु. बूढ़े बैल की वेदना कौआ न जाने, ठकठक कर चोंच मारे ।
Eng. tr. The crow does not realise the misery of the old bullock, but pecks continuously at its thigh bones.

तमिळ इरैच्चि तिन्किर्वर् कडुप्पुक्कु मरुंदु अरि्वार् .
हिन्दी अनु. मांस भोजी जानता है दांत-दर्द की दवा ।
Eng. tr. They who live on meat are acquainted with the medicine on tooth-ache.

उप्पुत् तिनर्वन् तण्णीरैक् कुडिप्पान्.
हिन्दी अनु. नमक खानेवाला पानी पिएगा ।
Eng. tr. He who has eaten salt will drink water.

अेरुदु नोय् काक्कैक्कु तेरियुमा ?
हिन्दी अनु. बैल की बीमारी कौए को क्या मालूम ?
Eng. tr. Is the crow aware of the pain (at occasions when picking the sore) of an ox ?

	कावडिप् बारम् सुमक्किरवनुक्कुत् तेरियुम्.
हिन्दी अनु.	कावडी का भार ढोनेवाला ही जाने।
Eng. tr.	The weight of the burden is felt by the bearer of 'kawadi.'.
	तलै इडियुम् कायच्चलुम् तनक्कु वंदाल् तेरियुम्.
हिन्दी अनु.	सिर दर्द और ज्वर की वेदना सहने पर ही मालूम होती है।
Eng. tr.	When overcome by them, one learns what head-ache and fever are.
	दिनवु अेडुत्तवन् शोरिंदु कोळ्ळवेण्डुम्.
पाठभेद	तिनवेडुत्तवन् सोरिन्दु कोळ्वान्.
हिन्दी अनु.	जिस को खुजली हुई है वह जरूर खुजलाएगा।
Eng. tr.	He whose skin itches will scratch.
	नोयाळिक्कुत् तेरियुम् नोयिन् वरुत्तम्.
हिन्दी अनु.	बीमार व्यक्ति जाने बीमारी का कष्ट।
Eng. tr.	The sick person knows the intensity of his suffering.
	पिळ्ळैवरुत्तम् पेट्रवळुक्कुत् तेरियुम् मट्रवळुक्कुत् तेरियुमा ?
हिन्दी अनु.	बच्चे का कष्ट बच्चे की मां जाने, और कोई क्या जाने ?
Eng. tr.	A mother knows the pain of travail, can it be known to others ?
	मलडिक्कुत् तेरियुमा पिळ्ळैयैप् पेट्र अरुमै ?
हिन्दी अनु.	वन्ध्या क्या जाने प्रसव पीड़ा ?
Eng. tr.	Does the barren woman understand the pains of parturition ?
	मुट्टै चिडुकिर कोलिक्कु वरुत्तम् तेरियुम्.
हिन्दी अनु.	अंडा देनेवाली मुर्गी जाने उस का कष्ट।
Eng. tr.	The hen, laying eggs, alone knows her pangs.
	मुलैक् कुत्तुच् शवलैप् पिळ्ळैक्कुत् तेरियुमा ?
हिन्दी अनु.	दाई की कुच-पीडा दूध पीनेवाला बच्चा क्या जाने ?
Eng. tr.	Is the pain in the breast of the nurse known to the suckling ?
तेलुगु	उप्पु तिन्नवाडु नीळ्ळु त्रागुताडु.
हिन्दी अनु.	जो नमक खाएगा, वह पानी मांगेगा।
Eng. tr.	He who eats salt, will ask for water.
	दुरद-चेसिनवाडु गोकु कोनड ?
हिन्दी अनु.	जिस को खुजली आवे वह क्या खुजलाएगा नहीं ?
Eng. tr.	Will he not scratch who has an itching sensation ?
	पेने मेरुगुनु पेडतल कंडूति.
हिन्दी अनु.	जूँ नहीं जानती सिर की खाज।
Eng. tr.	A louse does not feel the itch of the head.

मोसेवानिकि तेलुसुनु कावडि बरुवु.
हिन्दी अनु. ढोनेवाला ही जाने कावड़ी का बोझ।
Eng. tr. He who carries the 'kavadi' knows its weight.

कन्नड उप्पु तिन्दव नीरु कुडियुत्ताने.
हिन्दी अनु. नमक खाएगा सो पानी पिएगा ही।
Eng. tr. He who eats salt, drinks water.

तिमिरु बंदोनु तुरिसुत्ताने.
पाठभेद तिण्डि इद्दाग तुरिसुको.
हिन्दी अनु. जिसे खुजली हो वह खुजलाएगा]
Eng. tr. He who has the itch, scratches.

मलयाळम् उप्पु तिन्नवन् वेळ्ळं कुटिय्क्कुम.
हिन्दी अनु. नमक खाएगा तो पानी पिएगा।
Eng. tr. One who has taken in salt, is sure to drink water.

चुमक्कुन्नवने चुमटिन्टे भारमरि्यू.
हिन्दी अनु. ढोनेवाला ही बोझ जाने।
Eng. tr. One who carries only knows the real weight.

नथिच्चवने नष्टमरि्यू.
हिन्दी अनु. जिम्मेदार ही जाने हानि की मात्रा।
Eng. tr. He who takes the responsibility will know the extent of loss.

नोत्तवने नोवरि्यू.
हिन्दी अनु. पीड़ित ही पीड़ा जाने।
Eng. tr. The sufferer alone knows the pain.

पेट्टवळ्क्करि्यां प्रसववेदना.
हिन्दी अनु. प्रसूत स्त्री ही प्रसव-पीड़ा जानती है।
Eng. tr. Only a woman who has delivered knows the pangs of maternity.

संस्कृत परदुःखेनापि दुःखिता विरलाः।
हिन्दी अनु. दुसरों के दुःख से दुःखी होनेवाला मनुष्य दुर्लभ ही है।
Eng. tr. Few and far between are those pained with the sorrows of others.

विद्वानेव विजानाति विद्वज्जनपरिश्रमम्।
नहि वन्ध्या विजानाति गुर्वीं प्रसववेदनाम्॥
हिन्दी अनु. विद्वत्ता प्राप्त करने के लिए कितने कठिन से कठिन परिश्रम करने पड़ते हैं उसे विद्वान ही जानते हैं। जैसे, वन्ध्या नारी प्रसव-वेदना नहीं जान सकती।
Eng. tr. A scholar alone is able to realise the hardships put up by a scholar: as a barren lady cannot understand the deep pangs of delivery.

६७

जीते न पूछे, मुए धड़धड़ पीटे।

आशय

आवश्यकता होती है तब कुछ नहीं देना और बाद में बहुत कुछ देने से क्या लाभ? आदमी के जीवित रहते हुए उस की कोई सहायता नहीं करता और मरने के बाद उस के नाम धरमशालाएँ बाँधना या सहस्सर भोजन देना इस व्यवहार को क्या कहा जाय? प्रेम के इस दांभिक प्रदर्शन की कड़ी आलोचना निम्नलिखित कहावतों में की गई है। मराठी की यह कहावत बड़ी अन्वर्थक है— "खर्च नहीं किया कौड़ी का, लाश पर बौछार रेवडी की।"

Subject

The following proverbs tell us of the futility of a helping hand given after one's need is over. When no one cares for us while we are in need but piles it after it is over, these proverbs are used. The Marathi proverb says—"He didn't spend a kowri when the other was alive, but now floods his corpse with sweets."

हिन्दी जियत न देहीं कौरा, मरे उठै हों चौरा। (अवधी)
(कपूत जीते जी बाप को टुकड़ा तक नहीं देता, पर उस के मरने पर उस के नाम चबूतरा बनवाता है।)

Eng. tr. Never gave a handful (morsel) to the father when he was alive; after his death erects a memorial in his name.

जियत पिता से दंगम दंगा, मरे पिता पहुँचावहिं गंगा।

Eng. tr. So long as his father was alive, he fought with him; but after his death, took him to the holy Ganga (to perform cremation ceremony).

जियत पिता से पूछें न बात, मरे पिता को दूध औ भात।

Eng, tr. Never inquired of his father when the father was alive, but after his death, offered him milk and rice.

जीते न पूछे, मुए धड़ धड़ पीटे।

Eng. tr. Alive, they cared not for him; dead, they mourn him bitterly.

जीवे न माने पितर, मुए करे सिराध।

Eng. tr. He disregarded his father whilst alive, and mourns for him when dead.

पंजाबी जीन्देनूं डांगा मोएदीआं बांगा।

हिन्दी अनु. जीते जी डंडे से मारे, मरने पर पूजा करे।

Eng. tr. When living, he is struck with a rod; when dead, he is eulogized.

कश्मीरी क्रेयि खोतुं इन्साफ ।
हिन्दी अनु. उत्तरक्रिया की अपेक्षा न्याय देना अच्छा ।
Eng. tr. (It is better to) do justice rather than observe rites after death.

ज़िन्दं नुं सूर् नुं सास् तुं मरिथ् अतलास् ।
हिन्दी अनु. जीवित थे तब राख तक नहीं दी, परन्तु मरने पर ज़री की चादर (मृत देह पर बिछायी)।
Eng. tr. While alive, not even dust or ashes, but after the death satin (to cover the dead body).

मरिथ् बतुं मेचन टेकि ।
हिन्दी अनु. मरने के बाद पिण्डों पर तिलक/टीके।
Eng. tr. Sandal marks to the rice balls after the death.

मूडिस् नाबद् सुद क्याह ?
हिन्दी अनु. मुड़दे को शकर देने से क्या (लाभ)?
Eng. tr. What is the good of giving sugar to a dead?

सिंधी जीअरे ड्डिठा न सठा, मुए दब्र दब्र पिट्टया ।
हिन्दी अनु. जब वह जीवित था, तो उस का देखना भी सहन नहीं होता था, अब उस के मरने पर ज़ार ज़ार रोया जाता है ।
Eng. tr. When he was alive, he could not stand his sight; now that he is dead, he weeps bitterly for him.

मराठी खर्च केला नाही कवडीचा आणि प्रेतावर पूर रेवडीचा.
हिन्दी अनु. खर्च नहीं किया कौड़ी का और लाश पर बौछार रेवडियों की ।
Eng. tr. Hasn't spent a kowri for the live man, but floods his corpse with sweets.

जगा तुझी सारी तऱ्हा सदा उफराटी. एक तरी बागेतील, फूल कौतुके देशील, बागविली आशा फोल, त्याच पुष्पराशी माझ्या फुले मात्र ताटी. — यशवंत.
हिन्दी अनु. ऐ दुनिया, तेरी रीत सदा उल्टी रही। मै ने आशा की कि मुझे एक तो भी फूल प्यार से तुम देओगी, किन्तु मुझे कुछ न मिला। मेरी मृत्यू के बाद मेरी अर्थी फूलों से सजी हुई थी।
Eng. tr. One never knows the ways of this world. I had hoped to get atleast one flower from its garden, but in vain! Now flowers are heaped on my coffin.

जित्या नाही गोडी आणि मेल्या बंधने तोडी.
हिन्दी अनु. जीवित थे तब उन से एक न बनी, मरने पर चूड़ी और मंगलसूत्र तोड़ती है ।
Eng. tr. While he was alive, she was not affectionate; now that he is dead, she breaks her necklaces and bangles.

जित्या हुळहुळे आणि मेल्या कानवले.
हिन्दी अनु. जीते जी होले और मरने के बाद रसगुल्ले।
Eng. tr. Nothing to eat for a live man, but (given) sweets in his memory when dead.

जितेपणी देईना पाणी, मग बसला तर्पणी.
हिन्दी अनु. जीते जी पानी भी नहीं दिया, मरने के बाद तर्पण करने गया।
Eng. tr. Does not give his parents any water (to drink) when alive, but offers oblation after their deaths. (Referred to a showy person.)

सजीव तोवरी लत्ता देती, मरता घेती खांद्यावरती, उरफाटा सन्मान. — गोविंदाग्रज
हिन्दी अनु. जब जिन्दा थे, तब लातें मिली, मरने पर कंधे मिले।
Eng. tr. So long as I lived, I was kicked; after death (my corpse) was taken on shoulders (for cremation).

गुजराती छाजिया लेवा सौ आवे, पण ओडे हाथ देवा कोई न आवे.
हिन्दी अनु. मरने पर रोने सब आवे, पर जीते समय मदद कोई न करे।
Eng. tr. All would come to mourn and beat the breast (after death), but none would lend a helping hand (dnring life-time).

जीवतां कोईए जाण्या नहीं, मूआ पछी धडापीट.
हिन्दी अनु. जिन्दा थे तो किसी ने न जाना-पहचाना, मौत के बाद अफसोस का शोरगुल।
Eng. tr. None recognised him during life-time, and after death, continuous beating of the breasts in mourning.

जीवतां जीवत न जोयुं, मूआ पछी (धडाधड) छाजियानो शोर.
हिन्दी अनु. जीवित था तब कभी न मिले, मरने के बाद जोर शोर से छाती पीटे।
Eng. tr. Did not see him during his life-time, but after death, noisy beating of the breast in mourning.

जीवतां पूमडुं पाणी नहीं, ने मूए मसाणमां गाय.
हिन्दी अनु. जिंदा थे तो चुल्लू भर पानी नसीब नहीं, मरने पर मसान में गाय (दान देते हैं)।
Eng. tr. Not a drop of water during life; and after death, mourning songs in the cemetary (or after death, a cow donated in the cemetary.)

बाङ्ला तर्पणेइ गंगा शुखाय, आबार जलछत्र दिते बसेछे।
हिन्दी अनु. तर्पण करने में गंगा सुखाई, अब लगा बैठे प्याऊ।
Eng. tr. He exhausts the waters of the Ganga while offering ablutions to the forefathers (actually he does not do anything), and now he wants to run a charitable water-service for the passerby.

बाँचते पाय ना भात-कापड़, मरले हबे दानसागर।
हिन्दी अनु. जीवित माँ-बाप को खाना-कपड़ा नहीं, मरने पर अब दानधर्म कर रहा है।

Eng. tr. While living, the parents were hard pressed for food and clothing (the son never cared for them), but now after their death, he is the most generous scion (who dutifully celebrates their death anniversaries with great tom-toming).

असमीया जीयातनिदिये दहि कुटि, दानत दिब छिरि भाङ्गुठि।
हिन्दी अनु. जीवित थे तब (उन को) धागे का टुकड़ा तक न दिया, मरने के बाद श्री अंगुठी (श्राद्ध के दिन)।
Eng. tr. He would not give a bare thread while alive, but would give a bird-designed ring after death in the last rite.

जीबन्ते न करिले दया, मरिले कि करिब गंगा गया।
हिन्दी अनु. जीवित रहते न की दया, मरने पर क्या गंगा क्या गया ?
Eng. tr. He was never charitable when alive, what's the use of taking his ashes to Ganga or Gaya ?

तमिऴ उयिरोडु तिरुंबिप् पारादवर् शेत्ताल् मुत्तम् कोडुप्पारा ?
हिन्दी अनु. जिन्दा रहते समय मुड़ कर नहीं देखा, तो मरने पर चूमेंगे क्या ?
Eng. tr. Will he, who would not turn to look at me when alive, kiss me when dead ?

उयिरोडु ओरु मुत्तम् तरादवळ् शेत्ताल् उडनूकट्टै ॲरुवाळा ?
हिन्दी अनु. जीते जी जिस ने चुंबन तक नहीं दिया, वह क्या मरने पर सती होगी ?
Eng. tr. Will she, who would not kiss me when alive, ascend my funeral pyre when I am dead ?

नाट् शेनर् कोडै नडैकूलि आगुम्.
हिन्दी अनु. समय पर न दिया इनाम, इनाम लाने के लिये चलने की मजूरी मात्र है।
Eng. tr. A delayed gift becomes the hire for walking to receive it.

वालिपत्तिल् इल्लाद मँगैयै वयदु सेन्डूपिन् ॲन्न सेय्क्किरदु.
हिन्दी अनु. जवानी में काम न आयी लड़की का बुढ़ापे में क्या उपयोग ?
Eng. tr. What is the use of a damsel in oldage, when she was not available in youth ?

तेलुगु तल्लिकि तिंडि पेट्टक, तगलेसि तद्दिनं पेट्टाडु.
हिन्दी अनु. जीते जी माँ को पेट भर न खिलाया, जलाकर श्राद्ध दिन मनाया।
Eng. tr. Never fed his mother while she lived, but celebrated her anniversary with a bang.

कन्नड इद्दाग अय्यो अन्नलिल्ल, सत्ताग बिदुबिदु बडकोंडरु.
हिन्दी अनु. जिंदा रहते (सहानुभूति से) हाय भी न बोले, मरने पर घुनघुन कर रोवे।
Eng. tr. No sympathies when alive, alter the death, sobs profusely.

६८

जैसा देवता, वैसी पूजा ।

आशय

व्यक्ति की योग्यता के अनुसार उसे उपहार मिलेंगे, या गालियाँ मिलेंगी। देवता की जैसी योग्यता होगी उसी प्रकार की सामग्री पूजा के लिये एकत्रित होगी। जैसा समय होगा उसी प्रकार का व्यवहार होगा। राजा के ब्याह में मोतियों के हार बँटेंगे और हिन्दी कहावत के अनुसार— "गुडिया के ब्याह में चियों की बेल" होगी और तमिळ कहावत के अनुसार— "मिट्टी के दामाद के लिये उपले पकवान."

Subject

People treat us in accordance with our virtues and qualities. For instance the Hindi proverb — "Tamarind seeds are given for gifts at a doll's marriage" or the Tamil proverb — "Dried cow-dung is the proper form of wedding cake when the bride-groom is made of clay".

हिन्दी ईंट की देवी, झामे का परसाद।

Eng. tr. A Goddess of brick and brick-dust for offerings

गुड़िया के ब्याह में चियों की बेल। (स्त्री.)

Eng. tr. At a doll's marriage the gifts are tamarind seeds. (Said of the very poor.)

जैसा देवता, वैसी पूजा।

Eng. tr. As the God, so the worship.

जैसे साजन आए, वैसा बिछौना बिछाए।

Eng. tr. As the guest, so the seat / (so the bed).

नकटा देव सुरड़ा पुजारी। (राज.)
(नकटे देवता,परम नकटा पुजारी।)

Eng. tr. The snub-nosed God has an extra-snub-nosed priest.

नष्ट देवरी भ्रष्ट पूजा। (राज.)
(खराब देवता की खराब पूजा।)

Eng. tr. A bad God is worshipped badly.

मुँह देख के बीड़ा और चूतड़ देख के पीढ़ा।

Eng. tr. Look at the face and offer betel-leaf, look at the buttocks and offer a seat. (Be civil when you see a man, and be friendly when you know him.)

लतहस देवता के भरभट पूजा। (चंपा.)
(लात खानेवाले देवता की पूजा भी भ्रष्ट चढ़ाई जाती है।)

पाठभेद लात के देवता बात से ना बुझसु। (शाहा., चंपा, मुं.)
(लात खानेवाला देवता बातचीत से वश में नहीं आता।)

Eng. tr. The God of kicks (that gets kicked) needs to be worshipped with kicks.

लाकड़ाँरे खूँसड़ैरी पूजा। (राज.)
(लकड़ी के देवता को जूतों की पूजा।)

Eng. tr. The God of wood is worshipped with shoes.

लाताँरो देव बातांसूँ थोड़ो ही मानै ? (राज.)
(लातों का देव बातों से थोड़े ही मानता है ?)

Eng. tr. The God of kicks will not listen to mere talk.

लातों का देव बातों से नहीं मानता।

Eng. tr. A devil only fit for kicks, won't heed words. (Bad men must be beaten.)

लातों के देव / बुत बातों से नहीं मानते।
(दुष्ट आदमी बातों से सीधा नहीं होता।)

Eng. tr. God / a devil fit for kicks, dosen't heed words.

ENGLISH 1. Desperate cuts must have desperate cures.
2. Like saint, like offering.

उर्दू गुड़िया के बियाह में चीतों की बेल।

Eng. tr. In a doll's wedding decorations are made with creepers.

लातों का भूत बातों से नहीं मानता।

Eng. tr. The mean ones who are used to kicks, will not listen to mere words.

कश्मीरी कोबिस् लथ् दवा।

हिन्दी अनु. कुबड़े को लात औषध।

Eng. tr. A kick is the medicine for a hunch-back.

नगारस् चंड् तुँ स्वरँनयि फ्वख्।

हिन्दी अनु. ढोल को थप्पड़ और शहनाई को फूंक।

Eng. tr. A slap at the drum, and a puff to a pipe.

मारिमाज़स् वातल् वाज़ुँ।

हिन्दी अनु. सड़े मांस के लिए मेहतर रसोइया।

Eng. tr. A scavenger cook for the rotten meat.

हल्यन् बानन् वुकुँरि ठान् हिह्यन् हिह् समखान।

हिन्दी अनु. टेढ़े बरतनों के टेढ़े ढक्कन, समान को समान मिलता है।

Eng. tr. Crooked pots have crooked lids; like men for like men.

हूनि माज़स् वातल् वाज़ुँ।

हिन्दी अनु. कुत्ते का माँस (पकाने के लिए) भंगी ही रसोइया।

Eng. tr. The sweeper is the cook for (cooking) dog's flesh.

सिंधी छिते कुते जी दवा सितरु।

हिन्दी अनु. पागल कुत्ते के काटने पर उस का इलाज है कि कटी हुई जगह पर मिट्टी का ढेला मारा जाय।

Eng. tr. The remedy for a bite of a mad dog is to hit that place with a lump of earth.

जहिड़ा रूह तहिड़ा खत्मा।

हिन्दी अनु. जैसी रूहें, वैसे ख़त्में।

Eng. tr. As are the souls, so are the prayers.

जहिड़ो बूथु तहिड़ी चमाट।

हिन्दी अनु. जैसा मुँह, वैसा चाटा।

Eng. tr. As the face, so the slap.

जहिड़ो मुंहुं तहिड़ो मोचिड़ो।

हिन्दी अनु. जैसा मुँह, वैसा जूता।

Eng. tr. As the words, so the shoes/blows.

मराठी चांभाराच्या देवाला खेटराची पूजा.

हिन्दी अनु. (अ) चमारों के भगवान को जूतों की पूजा।
(आ) चमारों के देवता की जूतों से पूजा।

Eng. tr. A shoemakers' God gets an offering of shoes.

द्रेणे तसे घेणे, देव तसे धुपाटणे.

हिन्दी अनु. जैसा देना वैसा लेना, देवता के समान धूपदान।

Eng. tr. As one gives so one receives; the kind of the incense pan (for the prayer of God) depends on God himself.

देव तसे धुपाटणे, न्हावी तसे थापटणे.

हिन्दी अनु. जैसा भगवान वैसा पूजा का सामान, जैसा हज्जाम वैसा ही उस का काम।

Eng. tr. As the God so the incense pan, as the barber so his job.

महारांचे देवास फटकुरांची पूजा.

हिन्दी अनु. महारों (भंगियों) की देवता को चीथड़ों की पूजा।
(महार – महाराष्ट्र की एक अस्पृश्य जाति।)

Eng. tr. The God of a low-born is worshipped with rags.

मुख पाहून मुशाहिरा आणि घोडा पाहून खरारा.

हिन्दी अनु. मुँह देख कर मुशाहरा और घोड़ा देख कर खरहरा।

Eng. tr. A gift in accordance with the face (that inspires it) and a curry-comb in accordance with the horse.

लंड देवा, भंड पूजा. (गो.)

हिन्दी अनु. लंड देवता को भंड पूजा । (भंडना – तोड़ना, फोड़ना, हानि पहुँचाना ।)

Eng. tr. The penis-god must get a thrashing worship.

शेणाची सटवाई आघाड्याची काडवात.

हिन्दी अनु. गोबर की देवी को चिचड़े की बत्ती ।

Eng. tr. For the Goddess Satvai of dung, the wicks are of straw.

गुजराती कपाळ प्रमाणे टीलुं.

हिन्दी अनु. मस्तक के अनुसार तिलक (प्रमाण में) होना चाहिये ।

Eng. tr. 'Tilak' (to suit) according to the forehead.

गाम तेवा गोत्रज, ने देव तेवी पूजा.

हिन्दी अनु. जैसा गाँव वैसे लोग, जैसा देवता वैसी पूजा ।

Eng. tr. As is the village, so are its citizens; as is the God, so is the worship.

(गोत्रज — Born in the same family; kith and kin.)

चिथर्या देवने धूळनुं नवेद.

हिन्दी अनु. चिथड़ों के देव और धूल का नैवेद्य ।

Eng. tr. A God in rags has the offerings of dust.

छाणनां देवने कपास्यानी आँखो.

हिन्दी अनु. गोबर के देव को कपास की आँखें ।

Eng. tr. The God of dung (image of God made of cow-dung) has cotton seeds as eyes.

जेवो देव तेवी पात्री.

हिन्दी अनु. जैसे देव वैसे पत्र फूल आदि । (पूजा)

Eng. tr. As is the god, so is the offering of flowers.

थोरीआना देवने खासडानी पूजा.

हिन्दी अनु. थूहर के देवता को जूते की पूजा ।

Eng. tr. The God in cactus must be worshipped with shoes.

देखाळाना देवने खासडांनी पूजा.

हिन्दी अनु. रोड़े के देव को जूतों की पूजा ।

Eng. tr. Offering of shoes to a God of brickbats.

मों तेवी लपडाक, ने गाल तेवो तमाचो.

हिन्दी अनु. (जैसा) मुँह वैसी चपत और (जैसा) गाल वैसा तमाचा ।

Eng. tr. As is the face, so is the slap on the face, as is the cheek, so is the blow on the cheek.

मोचीना देवने खासडांनो हार.

हिन्दी अनु. चमार के देव को जूतों का हार ।

Eng. tr. A garland of shoes for the God of cobblers (shoemakers).

लाकडानां देवने खासडानी पूजा.

हिन्दी अनु. लकड़ी के देवता को जूतों की पूजा।

